श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम।

१ जैन-सिद्धान्त-भास्कर और जैनएन्टीक्वेरी, अङ्गरेजी-हिन्दी-मिश्रित त्रैमासिक पत्र है, जो वर्ष में जून, सितम्बर, दिसम्बर और मार्च में चार भागों में प्रकाशित होता है।

२ इसका वार्षिक चन्दा देशके लिये ४) रुपये और विदेश के लिये डाक व्यय लेकर ४॥) है, जो पेशगी लिया जाता है। १) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा होगी।

३ केवल साहित्यसंबन्धी तथा अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। मैनेजर जैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं, मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में हेर-फेर की सूचना भी तुरन्त उन्हीं को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि "भास्कर" नहीं प्राप्त हो, तो इसकी सूचना जल्द आफिस को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्तिविज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य दर्शन, प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना—यह सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक, श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकमण्डल को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ "भास्कर" आफिस, आरा के पते से भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन हैं जो अवैतनिक रूप से जैन-तत्व के केवल उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए., एल.एल.बी.

प्रोफेसर ए.एन उपाध्ये, एम. ए.

बाबू कामता प्रसाद, एम आर.ए.एस

पण्डित के भुजबली, शास्त्री

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व-सम्बन्धी त्रैमासिक पत्र

भाग ५ किरण १

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल बी

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम ए

बाबू कामता प्रसाद एम आर ए एस

पण्डित के० भुजबली शास्त्री

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ४) विदेश में ४॥) एक प्रति का १।)

विक्रम-सम्वत् १९९५

विषय-सूची

हिन्दी-विभाग—

पृष्ठ

१ श्रीपूज्यपाद और उनका 'समाधितंत्र'—[श्रीयुत पं० जुगलकिशोर मुख्तार ... १

२ गुरु और शिष्य—[श्रीकालीपद मित्र, एम० ए०, साहित्य-कौस्तुभ ... १७

३ वैराट अथवा विराटपुर—[श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस० २४

४ समन्तभद्र ही 'श्रीविजय' है?—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ... ३३

५ भूतकालीन जैन सामयिकपत्र—[श्रीयुत बाबू अगरचन्द नाहटा ... ३९

६ विविध-विषय (१) क्या उडुपि पहलेजैन क्षेत्र था?—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ४६

(२) हिन्दीके कुछ जैन कवि और उनकी रचनाये—[श्रीयुत कामता प्रसाद ४८

(३) जैनबद्री (श्रवणबेलगोल) मूलबद्री (मूडबिदुरे) की चिट्ठी ,, ,, ५१

(४) जैनएन्टीक्वेरी के लेख (भाग ३ अङ्क ४)—[श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद ५४

७ साहित्य समालोचना—(१) सहजानन्द सोपान—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ५५

(२) जैन बौद्ध तत्त्व-ज्ञान (२य भाग) ,, ,, ... ५६

(३) मरण-भोज—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ... ५६

(४) प्राप्ति-स्वीकार— ,, ,, ... ५७

ग्रन्थमाला-विभाग—

१ तिलोयपण्णत्ती [श्रीयुत प्रो० ए० एन० उपाध्ये] ... ... ४९ से ५६ तक

२ प्रशस्ति-संग्रह [,, पं० के० भुजबली शास्त्री] . ... ९७ से १०४ तक

३ वैद्यसार [,, पं० सत्यन्धर आयुर्वेदाचार्य] . ९७ से १०४ तक

अंग्रेजी-विभाग—

1. VADI VIDYANANDA-A RENOWNED JAINA GURU OF KARNATAKA [By Dr. B A. Saletore, M A, Ph. D (London) 1

2 THE XIIIth INDIAN PHILOSOPHICAL CONGRESS—[By H. M. Bhattacharya, M A 23

3. THE JAINA SIDDHANTA BHASKAR. (Gist of our Hindi portion Vol IV, Pt. IV)— By K. P. Jain 33

हाल में मथुरा में प्राप्त एक जैन मूर्ति

॥ श्रीजिनाय नमः ॥

THE JAINA ANTIQUARY
जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक त्रैमासिक पत्र

भाग ५ | जून १९३८। ज्येष्ठ, वीर नि० सं० २४६४ | किरण १

श्रीपूज्यपाद और उनका 'समाधितंत्र'

(लेखक—श्रीयुत पं० जुगलकिशोर मुख्तार)

जैनसमाजमें 'पूज्यपाद' नामक एक सुप्रसिद्ध आचार्य विक्रमकी छठी शताब्दीमें हो गये हैं, जिनका पहला अथवा दीक्षानाम 'देवनन्दी' था और जो बादको 'जिनेन्द्रबुद्धि' नामसे भी लोकमें प्रसिद्धिको प्राप्त हुए हैं। आपके इन नामोंका परिचय अनेक शिलालेखों तथा ग्रन्थों आदिपरसे भले प्रकार उपलब्ध होता है। नीचेके कुछ अवतरण इसके लिये पर्याप्त हैं—

> यो देवनन्दिप्रथमाभिधानो बुद्ध्या महत्या स जिनेन्द्रबुद्धिः।
> श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम्॥ ३॥
>
> —श्र० शि० नं० ४० (६४)

प्रागभ्यधायि गुरुणा किल देवनन्दी,
बुद्ध्या पुनर्विपुलया स जिनेन्द्रबुद्धिः ।
श्रीपूज्यपाद इति चैष बुधैः प्रचख्ये,
यत्पूजितः पदयुगे वनदेवताभिः ॥ २० ॥
—श्र० शि० नं १०५ (२५४)

श्रवणबेलोलके इन दोनों शिला-वाक्यों परसे, जिसका लेखनकाल क्रमशः शक सं० १०३७ व १३२० है, यह साफ जाना जाता है कि आचार्य महोदयका प्राथमिक नाम 'देवनन्दी' था, जिसे उनके गुरु ने रक्खा था और इसलिये वह उनका दीक्षानाम है; 'जिनेन्द्रबुद्धि' नाम बुद्धिकी प्रकर्षता एवं विपुलताके कारण उन्हें बादको प्राप्त हुआ था, और जबसे उनके चरण-युगल देवताओंसे पूजे गये थे तबसे वे बुधजनों द्वारा 'पूज्यपाद' नामसे विभूषित हुए है।

श्रीपूज्यपादोद्धृतधर्मराज्यस्ततः सुराधीश्वरपूज्यपादः ।
यदीयवैदुष्यगुणानिदानीं वदन्ति शास्त्राणि तदुद्धृतानि ॥ १५ ॥
धृतविश्वबुद्धिरयमत्र योगिभिः कृतकृत्यभावमनुबिभ्रदुच्चकैः ।
जिनवद्बभूव यदनङ्गचापहृत्स जिनेन्द्रबुद्धिरिति साधुवर्णित ॥ १६ ॥
—श्र० शि० नं० १०८ (२५८)

शक संवत् १३५५ मे उत्कीर्ण हुए इन शिला-वाक्योंसे स्पष्ट है कि 'श्रीपूज्यपादने धर्मराजका उद्धार किया था—लोकमे धर्मको पुन. प्रतिष्ठा की थी—इसीसे आप देवताताओंके अधिपति-द्वारा पूजे गये और 'पूज्यपाद' कहलाये। आपके विद्याविशिष्ट गुणोंको आज भी आपके द्वारा उद्धार पाये हुए—रचे हुए—शास्त्र बतला रहे है—उनका खुला गान कर रहे हैं। आप जिनेन्द्रकी तरह विश्वबुद्धिके धारक—समस्त शास्त्र-विषयोके पारंगत—थे और कामदेवको जीतनेवाले थे, इसीसे आपमे ऊँचे दर्जेके कृतकृत्य भावको धारण करनेवाले योगियोने आपको ठीक ही 'जिनेन्द्रबुद्धि' कहा है।' इसी शिलालेखमे पूज्यपाद-विषयक एक वाक्य और भी पाया जाता है, जो इस प्रकार है :—

श्रीपूज्यपादमुनिरप्रतिमौषधर्द्धिर्जीयाद्विदेहजिनदर्शनपूतगात्रः ।
यत्पादधौतजलसंस्पर्शप्रभावात् कालायसं किल तदा कनकीचकार ॥ १७ ॥

इसमे श्रीपूज्यपाद मुनिका जयघोष करते हुए उन्हे अद्वितीय औषध-ऋद्धिके धारक बतलाया है। साथ ही, यह भी प्रकट किया है कि विदेहक्षेत्र-स्थित जिनेन्द्रभगवान्के दर्शनसे उनका गात्र पवित्र हो गया था और उनके चरण-धोए जलके स्पर्शसे एक समय लोहा भी सोना बन गया था।

इस तरह आप के इन पवित्र नामोंके साथ कितना ही इतिहास लगा हुआ है और वह सब आपकी महती कीर्ति, अपार विद्वत्ता एवं सातिशय प्रतिष्ठाका द्योतक है। इसमें सदेह नहीं कि श्रीपूज्यपादस्वामी एक बहुत ही प्रतिभाशाली आचार्य, माननीय विद्वान, युगप्रधान और अच्छे समर्थ योगीन्द्र हुए हैं। आपके उपलब्ध ग्रंथ निश्चय ही आपकी असाधारण योग्यताके जीते-जागते प्रमाण हैं। भट्टाकलंकदेव और श्रीविद्यानन्द जैसे बडे बडे प्रतिष्ठित आचार्योंने अपने राजवार्तिकादि ग्रन्थोंमें आपके वाक्योंका—सर्वार्थसिद्धि आदिके पदोंका—खुला अनुसरण करते हुए बडी श्रद्धाके साथ उन्हें स्थान ही नहीं दिया बल्कि अपने ग्रन्थोंका अंग तक बनाया है। शब्दशास्त्रमें आप बहुत ही निष्णात थे। आपका 'जैनेन्द्र' व्याकरण लोकमें अच्छी ख्याति एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुका है—निपुण वैयाकरणोंकी दृष्टिमें सूत्रोंके लाघवादिके कारण इसका बड़ा ही महत्व है और इसीसे भारतके आठ प्रमुख शाब्दिकोंमें आपकी भी गणना है *। कितने ही विद्वानोंने किसी आचार्यादिकी प्रशंसामें उसके व्याकरण शास्त्रकी निपुणताको आपकी उपमा दी है, जैसा कि श्रवणबेल्गोलके निम्न दो शिला-वाक्योंसे प्रकट है —

"सर्वव्याकरणे विपश्चिदधिपः श्रीपूज्यपादः स्वयम्।" (शि० नं० ४७, ५०)
"जैनेन्द्रे पूज्यपादः।" (शि० नं० ५५)

पहला वाक्य मेघचन्द्र त्रैविद्यदेवकी और दूसरा जिनचन्द्राचार्यकी प्रशंसामें कहा गया है। पहलेमें, मेघचन्द्रको व्याकरण विषयमें स्वयं 'पूज्यपाद' बतलाते हुए, पूज्यपादको 'अखिल व्याकरण पण्डितशिरोमणि' सूचित किया है और दूसरेमें जिनचन्द्रके 'जैनेन्द्र' व्याकरण-विषयक ज्ञानको स्वयं पूज्यपादका ज्ञान बतलाया है, और इस तरह 'जैनेन्द्र' व्याकरणके अभ्यासमें उनकी दक्षताको घोषित किया है।

पूज्यपादके इस व्याकरणशास्त्रकी प्रशंसामें अथवा इस व्याकरणको लेकर पूज्यपादकी प्रशंसामें विद्वानोंके ढेरके ढेर वाक्य पाये जाते हैं। नमूनेके तौरपर यहाँ उनमेंसे दो-चार वाक्य उद्धृत किये जाते हैं —

कवीनां तीर्थकृद्देवः किंतरां तत्र वर्ण्यते।
विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम्॥ ५२॥
—आदिपुराणे, जिनसेनः।

---

* इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नापिशली शाकटायनः।
पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टौ च शाब्दिकाः॥
—धातुपाठ।

अचिन्त्यमहिमा देवः सोऽभिवद्यो हितैषिणा।
शब्दाश्च येन सिद्ध्यन्ति साधुत्वं प्रतिलम्भिताः ॥ १८ ॥

—पार्श्वनाथचरिते, वादिराजः।

पूज्यपादः सदा पूज्यपादः पूज्यैः पुनातु माम्।
व्याकरणार्णवो येन तीर्णो विस्तीर्णसद्गुणः ॥

—पांडवपुराणे, शुभचन्द्र.।

शब्दाब्धीन्दुं पूज्यपादं च वन्दे।

—नियमसारटीकायां, पद्मप्रभः।

प्रमाणमकलंकस्य पूज्यपादस्य लक्षणम्।
द्विसंधानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ॥

—नाममालायां, धनञ्जय।

नमः श्रीपूज्यपादाय लक्षणं यदुपक्रमम्।
यदेवात्र तदन्यत्र यन्नात्रास्ति न तत्क्वचित् ॥

—जैनेन्द्रप्रक्रियायां, गुणनन्दी।

अपाकुर्वन्ति यद्वाचः कायवाक्चित्तसंभवम्'
कलंकमंगिनां सोऽयं देवनन्दी नमस्यते ॥

—ज्ञानार्णवे, शुभचन्द्र.।

इनमेंसे प्रथमके दो वाक्योंमे पूज्यपादका 'देव' नामसे उल्लेख किया गया है, जो कि आपके 'देवनन्दी' नामका संक्षिप्त रूप है। पहले वाक्यमे श्रीजिनसेनाचार्य लिखते हैं कि 'जिनका वाङ्मय—शब्दशास्त्ररूपी व्याकरण-तीर्थ—विद्वज्जनोंके वचनमलको नष्ट करनेवाला है वे देवनन्दी कवियोंके तीर्थङ्कर हैं, उनके विषयमे और अधिक क्या कहा जाय ? दूसरे वाक्यमे वादिराजसूरिने बतलाया है कि 'जिनके द्वारा—जिनके व्याकरणशास्त्रको लेकर—शब्द भले प्रकार सिद्ध होते हैं वे देवनन्दी अचिन्त्य-महिमायुक्त देव हैं और अपना हित चाहनेवालोंके द्वारा सदा वन्दना किये जानेके योग्य हैं। तीसरे वाक्यमे, शुभचंद्र भट्टारकने. पूज्यपादको पूज्योंके द्वारा भी पूज्यपाद तथा विस्तृत सद्गुणोंके धारक प्रकट करते हुए उन्हे व्याकरण-समुद्रको तिरजानेवाले लिखा है और साथ ही यह प्रार्थना की है कि वे मुझे पवित्र करें। चौथे मे, पद्मप्रभमलधारी देवने पूज्यपादको 'शब्दसागरका चन्द्रमा' बतलाते हुए उनकी वन्दना की है। पाँचवेंमे, पूज्यपादके लक्षण (व्याकरण) शास्त्रको अपूर्व रत्न बतलाया गया है। छठेमें, पूज्यपादको नमस्कार करते हुए उनके लक्षणशास्त्र (जैनेन्द्र) के विषयमे यह घोषणा की

गई है कि जो बात इस व्याकरणमें है वह तो दूसरे व्याकरणोंमें पाइ जाती है परन्तु जो इसमें नहीं है वह अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं होती, और इस तरह आपके 'जैनेन्द्र' व्याकरणको सर्वाङ्गपूर्ण बतलाया गया है। अब रहा सातवाँ वाक्य, उसमें श्रीशुभचन्द्राचार्यने लिखा है कि 'जिनके वचन प्राणियोंके काय, वाक्य और मन सम्बन्धी दोषोंको दूर कर देते हैं उन देवनन्दीको नमस्कार है।' इसमें पूज्यपादके अनेक ग्रन्थोंका उल्लेख सन्निहित है— वाग्दोषोंको दूर करनेवाला तो आपका वही प्रसिद्ध 'जैनेन्द्र' व्याकरण है, जिसे जिनसेनने भी "विदुषां वाङ्मलध्वंसि" लिखा है, और चित्तदोषोंको दूर करनेवाला आपका मुख्य ग्रन्थ "समाधितंत्र" है, जिसे 'समाधिशतक' भी कहते हैं, और जिसका कुछ विशेष परिचय प्रस्तुत लेखमें आगे दिया जायगा। रहा कायदोषको दूर करनेवाला ग्रन्थ, वह कोई वैद्यकशास्त्र होना चाहिये, जो इस समय अनुपलब्ध है।

विक्रमकी १५वीं शताब्दीके विद्वान् कवि मंगराजने कनडी भाषामें 'खगेन्द्रमणिदर्पण' नामका एक चिकित्साग्रन्थ लिखा है और उसमें पूज्यपादके वैद्यक ग्रन्थकी भी आधाररूपसे उल्लेख किया है, जिससे मंगराजके समय तक उस वैद्यक ग्रन्थके अस्तित्वका पता चलता है। परन्तु सुहृद्वर प० नाथूराम जी प्रेमी उसे किसी दूसरे ही पूज्यपादका ग्रन्थ बतलाते हैं और इस नतीजे तक पहुँचे हैं कि 'जैनेन्द्र'के कर्ता पूज्यपादने वैद्यकका कोई शास्त्र बनाया ही नहीं— यों ही उनके नाम मढ़ा जाता है, जैसा कि उनके 'जैनेन्द्रव्याकरण और आचार्य देवनन्दी' नामक लेखके निम्नवाक्यसे प्रकट है* —

'इस (खगेन्द्रमणिदर्पण) में वह (मंगराज) अपने आपको पूज्यपादका शिष्य बतलाता है और यह भी लिखता है कि यह ग्रन्थ पूज्यपादके वैद्यक ग्रन्थसे संग्रहीत है। इससे मालूम होता है कि पूज्यपाद नामके एक विद्वान् विक्रमकी तेरहवीं (१५वीं?) शताब्दीमें भी हो गये हैं और लोग भ्रमवश इन्हींके वैद्यकग्रन्थको जैनेन्द्रके कर्ताका ही बनाया हुआ समझ कर उल्लेख कर दिया करते हैं।"

इस निर्णयमें प्रेमीजीका मुख्य हेतु 'मंगराजका अपनेको पूज्यपादका शिष्य बतलाना' है जो ठीक नहीं है। क्योंकि प्रथम तो ग्रन्थ परसे यह स्पष्ट नहीं कि मंगराजने उसमें *अपनेको किसी दूसरे पूज्यपादका शिष्य बतलाया है—वह तो पूज्यपादके विदेहगमनकी घटनाका उल्लेख करता है, जिसका सम्बन्ध किसी दूसरे पूज्यपादके साथ नहीं बतलाया जाता है, साथही, अपने इष्ट पूज्यपाद मुनीन्द्रको जिनेन्द्रोक्त सम्पूर्ण सिद्धान्तसागरका पारगामी बतलाता है और अपनेको उनके चरणकमलोंके गन्धगुणोंसे आनन्दितचित्त प्रकट करता है, जैसा कि उसके

* देखो, 'जैनसाहित्यसंशोधक' भाग १, अङ्क २, पृ० ८० और 'जैनहितैषी' भाग १४, अङ्क १-२, पृ ४७।

।नम्न अन्तिम वाक्योंमे प्रकट है :—

"इत्‌ु सकल-आदिम-जिनेन्द्रोक्तसिद्धान्तपयःपयोधिपारग-श्रीपूज्यपादमुनीन्द्र-चारु-चरणारविन्द-गन्धगुणानन्दितमानस-श्रीमदखिलकलागमोत्तुंग-मंगविभुविरचितमप्प खगेन्द्र-मणिदर्पणदोलु पोडशाधिकारं समाप्तम् ॥"—(आरा० सि० भ० प्रति)

इससे मंगराजका पूज्यपादके साथ साक्षात गुरु-शिष्यका कोई संबंध व्यक्त नहीं होता और न यही मालूम होता है कि मंगराजके समयमे कोई दूसरे 'पूज्यपाद' हुए है—यह तो अलंकृत भाषामे एक भक्तका शिष्य-परम्पराके रूपमे उल्लेख जान पड़ता है। शिष्यपरम्पराके रूपमे ऐसे बहुतसे उल्लेख देखनेमे आते है। उदाहरणके तौर पर 'नीतिसार'के निम्न प्रशस्ति-वाक्यको लीजिये, जिसमे ग्रन्थकार इन्द्रनन्दीने हज़ार वर्षसे भी अधिक पहलेके आचार्य कुन्दकुन्द स्वामीका अपनेको शिष्य (विनेय) सूचित किया है :—

"—स श्रीमानिन्द्रनन्दी जगति विजयतां भूरिभावानुभावी ।
दैवज्ञः कुन्दकुन्दप्रभुपदविनयः स्वागमाचारचंचुः ॥"

ऐसे वाक्योंमे पदो अथवा चरणोंकी भक्ति आदिका अर्थ शरीरके अंगरूप पैरोंकी पूजादिका नही, किन्तु उनके पदोकी—वाक्योंकी—सेवा-उपासनादिका होता है, जिससे ज्ञान-विशेषकी प्राप्ति होती है।

दूसरे, यदि यह मान भी लिया जाय कि मंगराजके सक्षात् गुरु दूसरे पूज्यपाद थे और उन्होंने वैद्यकका कोई ग्रन्थ भी बनाया है, तो भी उससे यह लाज़िमी नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि उन्हींके उस वैद्यकग्रन्थके भ्रममे पड़कर लोग 'जैनेन्द्र' के कर्त्ता पूज्यपादको वैद्यकशास्त्रका कर्त्ता कहने लगे है। क्योंकि ऐसी हालतमे वह भ्रम मंगराजके उत्तरवर्ती लेखकों-मे ही होना संभव था—पूर्ववर्तीमे नही। परन्तु पूर्ववर्ती लेखकोने भी पूज्यपादके वैद्यक-ग्रन्थका उल्लेख तथा संकेत किया है। सकेतके लिये तो शुभचन्द्राचार्यका उपर्युक्त श्लोक ही पर्याप्त है, जिसके विषयमे प्रेमीजीने भी अपने उक्त लेखमे यह स्वीकार किया है कि "श्लोकके 'काय' शब्दसे भी यह बात ध्वनित होती है कि पूज्यपाद स्वामीका कोई चिकित्सा-ग्रन्थ है।" वह चिकित्साग्रन्थ मंगराजके साक्षात् गुरुकी कृति नहीं हो सकता; क्योंकि उसके संकेत-कर्त्ता शुभचन्द्राचार्य मंगराजके गुरुसे कई शताब्दी पहले हुए हैं। रही पूर्ववर्ती उल्लेखकी बात, उसके लिये उग्रादित्य आचार्यके 'कल्याणकारक' वैद्यक ग्रन्थका उदाहरण पर्याप्त है, जिसमे पूज्यपादके वैद्यकग्रन्थका 'पूज्यपादेन भाषित' जैसे शब्दोंके द्वारा बहुत कुछ उल्लेख किया गया है और एक स्थानपर तो अपने ग्रन्थाधारको व्यक्त करते हुए 'शालाक्यं पूज्यपाद-प्रकटितमधिकं' इस वाक्यके द्वारा पूज्यपादके एक चिकित्साग्रन्थका स्पष्ट नाम भी दिया है और वह है 'शालाक्य' ग्रन्थ जोकि कर्ण, नेत्र, नासिका, मुख और शिरोरोगकी चिकित्साले सम्बन्ध रखता है। अतः प्रेमीजीने जो कल्पना की है वह निर्दोष मालूम नहीं होती।

यहाँ पर मैं इतना और भी प्रकट कर देना चाहता हूँ कि चित्रकवि सोमने एक 'कल्याणकारक' वैद्यक ग्रन्थ कन्नडी भाषामें लिखा है, जो कि मद्य मांस मधुके व्यवहारसे वर्जित है और जिसमें अनेक स्थानोंपर गद्य पद्य-रूपसे संस्कृत वाक्य भी उद्धृत किये गये हैं। यह ग्रन्थ पूज्यपाद मुनिके 'कल्याणकारकवाहडसिद्धान्तक' नामक ग्रन्थके आधार पर रचा गया है, जैसा कि उसके "पूज्यपादमुनिगल् पेल्द कल्याणकारकवाहडसिद्धान्तकदिष्ट' विशेषणसे प्रकट है। इससे पूज्यपादके एक दूसरे वैद्यक ग्रन्थका नाम उपलब्ध होता है। मालूम नहीं चित्रकवि सोम कब हुए हैं। उनका यह ग्रन्थ आराके जैनसिद्धान्त-भवनमें मौजूद है।

इसके सिवाय, शिवमोग्गा जिलान्तर्गत 'नगर' ताल्लुकेके ४६ वें शिलालेखमें, जो कि पद्मावती-मन्दिरके एक पत्थरपर खुदा हुआ है, पूज्यपाद विषयक जो हकीकत दी है वह कुछ कम महत्त्वकी नहीं है और इसलिये उसे भी यहाँ पर उद्धृत कर देना उचित जान पडता है। उसमें जैनेन्द्र जैसे पूज्यपाद द्वारा 'वैद्यशास्त्र'के रचे जानेका बहुत ही स्पष्ट उल्लेख मिलता है। यथा —

> "न्यासं जैनेन्द्रसंज्ञं सकलबुधनुतं पाणिनीयस्य भूयो—
> न्यासं शब्दावतारं मनुजततिहितं वैद्यशास्त्रं च कृत्वा
> यस्तत्त्वार्थस्य टीकां व्यरचयदिह तां भात्यसौ पूज्यपाद-
> स्वामी भूपालवंद्यः स्वपरहितवचः पूर्णदृग्बोधवृत्तः ॥

इसमें पूज्यपादके चार ग्रन्थोंका क्रमनिर्देशपूर्वक उल्लेख किया गया है, जिनमें से पहला ग्रन्थ है 'जैनेन्द्र' नामका न्यास (व्याकरण), जिसे सम्पूर्ण बुधजनोंसे स्तुत लिखा है, दूसरा पाणिनीय व्याकरणके ऊपर लिखा हुआ 'शब्दावतार' नामका न्यास है, तीसरा मानव समाजके लिये हितरूप 'वैद्यशास्त्र' और चौथा है तत्त्वार्थसूत्रकी टीका 'सर्वार्थसिद्धि'। यह टीका पहले तीन ग्रन्थोंके निर्माणके बाद लिखी गई है, ऐसी स्पष्ट सूचना भी इस शिलालेखमें की गई है। साथ ही, पूज्यपाद स्वामीके विषयमें लिखा है कि वे राजाओं* से वन्दनीय थे, स्वपरहितकारी वचनों (ग्रंथों) के प्रणेता थे और दर्शन ज्ञान चारित्रसे परिपूर्ण थे।

इस अवतरणसे पूज्यपादके 'शब्दावतार' नामक एक और अनुपलब्ध ग्रंथका पता चलता है, जो पाणिनीय व्याकरणका न्यास है और 'जैनेन्द्र' व्याकरणके बाद लिखा गया है। विक्रमकी १२वीं शताब्दीके विद्वान् कवि वृत्तविलासने भी अपने 'धर्मपरीक्षे' नामक कन्नडी ग्रन्थमें, जो कि अमितगतिकी 'धर्मपरीक्षा' को लेकर लिखा गया है, पाणिनीय व्याकरण पर पूज्यपादके एक टीकाग्रन्थका उल्लेख किया है, जो उक्त 'शब्दावतार' नामक न्यास ही जान

* यह गंगराजा 'दुर्विनीत' जान पड़ता है, जिसके पूज्यपाद शिक्षागुरु थे।

पड़ता है। साथ ही, पूज्यपादके द्वारा भूरक्षणार्थ (लोकोपकारके लिये) यंत्र-मंत्रादि-विषयक शास्त्रोंके रचे जानेको भी सूचित किया है—जिसके 'आदि' शब्दमें वैद्यशास्त्रका भी सहज हीमें ग्रहण हो सकता है—और पूज्यपादको 'विश्वविद्याभरण' जैसे महत्त्वपूर्ण विशेषणके साथ स्मरण किया है। यथा[1]—

> "भरदिं जैनेन्द्रं भासुरं एनल् ओरेदं पाणिणीयक्के टीकुं व—
> रेदं तत्त्वार्थमं टिप्पणदिम् आरपिदं यंत्रमंत्रादिशास्त्रोत्करमं।
> भूरक्षणार्थं विरचिसि जसमं तालिद्द विश्वविद्याभरणं।
> भव्यालियाराधितपद्कमल पूज्यपादं व्रतीन्द्रम् ॥"

पाणिनीयकी काशिकावृत्तिपर 'जिनेन्द्रबुद्धि' का एक न्यास है। पं० नाथूरामजी प्रेमीने अपने उक्त लेखमें प्रकट किया है कि 'इस न्यासकार 'जिनेन्द्रबुद्धि' के नामके साथ 'बोधिसत्वदेशीयाचार्य' नामकी बौद्ध पदवी लगी हुई है, इससे यह ग्रन्थ बौद्धभिक्षुका बनाया हुआ है। आश्चर्य नहीं जो वृत्त-विलास कविको पूज्यपादके 'जिनेन्द्रबुद्धि' इस नाम-साम्यके कारण भ्रम हुआ हो और इसीसे उसने उसे पूज्यपादका समझकर उल्लेख कर दिया हो।' परंतु ऊपरके शिलालेखमें न्यासका स्पष्ट नाम 'शब्दावतार' दिया है और उसे काशिकावृत्तिका नहीं बल्कि पाणिनीयका न्यास बतलाया है, ऐसी हालतमें जब तक यह सिद्ध न हो कि काशिकापर लिखे हुए न्यासका नाम 'शब्दावतार' है और उसके कर्त्ताके नामके साथ जो बौद्ध विशेषण लगा हुआ है वह किसीकी बादकी कृति नहीं है तब तक धर्म-परीक्षाके कर्ता वृत्तविलासको भ्रमका होना नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पूज्यपादस्वामी गंगराजा दुर्विनीतके शिक्षागुरु (Preceptor) थे, जिसका राज्यकाल ई० सन् ४८२ से ५२२ तक पाया जाता है और उन्हें हेब्बुर आदिके अनेक शिलालेखों (ताम्रपत्रादिकों) में 'शब्दावतार'के कर्तारूपसे दुर्विनीत राजाका गुरु उल्लेखित किया है*।

इन सब ग्रन्थोंके अतिरिक्त पूज्यपादने और कितने तथा किन किन ग्रन्थोंकी रचना की है इसका अनुमान लगाना कठिन है—'इष्टोपदेश' और 'सिद्धभक्ति' जैसे[2] प्रकरणग्रन्थ तो शिलालेखों आदिमें स्थान पाये बिना ही अपने अस्तित्व एवं महत्त्वको स्वतः ख्यापित कर रहे

[1] देखो, 'कुर्गइन्स्क्रिप्शन्स' भू० ३, 'मैसूर एण्ड कुर्ग' जिल्द १, पृ ३७३, 'कर्णाटकभाषाभूषणम्' भू० पृ० १२, 'हिस्टरी ऑफ कनडीज़ लिटरेचर' पृ० २५ और 'कर्णाटककविचरिते'।

[2] सिद्धभक्तिके साथ श्रुतभक्ति, चारित्रभक्ति, योगभक्ति, आचार्यभक्ति, निर्वाणभक्ति तथा नन्दीश्वरभक्ति नामके संस्कृत प्रकरण भी पूज्यपादके प्रसिद्ध हैं। क्रियाकलापके टीकाकार प्रभाचन्द्रने अपनी सिद्ध-भक्ति-टीकामें, "संस्कृताः सर्वा भक्तय पूज्यपादस्वामिकृताः प्राकृतास्तु कुन्दकुन्दाचार्यकृताः" इस वाक्यके द्वारा उन्हें पूज्यपाद-कृत बतलाया है।

हैं। हाँ, लुप्तप्राय ग्रन्थोंमें छंद और काव्यशास्त्र विषयक आपके दो ग्रन्थोंका पता और भी श्रवणबेल्गोलके शिलालेख नं० ४० के निम्न वाक्यसे चलता है —

"जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं सर्वार्थसिद्धिः परा
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्धकविता जैनाभिषेकः स्वकः ।
छन्दः सूक्ष्मधियं समाधिशतकं स्वास्थ्यं यदीयं विदा
माख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः ॥ ४॥"

इस वाक्यमें, ऊँचे दर्जेकी कुछ रचनाओंका उल्लेख करते हुए, बड़े ही अच्छे ढगसे यह प्रतिपादित किया है कि 'जिनका "जैनेन्द्र" शब्दशास्त्रमें अपने अतुलित भागको, 'सर्वार्थसिद्धि' (तत्त्वार्थटीका) सिद्धांतमें परम निपुणताको, 'जैनाभिषेक' ऊँचे दर्जेकी कविताको, 'छन्द शास्त्र' बुद्धिकी सूक्ष्मता (रचनाचातुर्य)को और 'समाधिशतक' जिनकी स्वात्मस्थिति (स्थितप्रज्ञता)को संसारमें विद्वानों पर प्रकट करता है वे 'पूज्यपाद' मुनीन्द्र मुनियोंके गणोंसे पूजनीय हैं।

'एकान्तखण्डन' मे लक्ष्मीधरने, पूज्यपाद स्वामीका 'षड्दर्शनरहस्य-संवेदन सम्पादित निस्सीमपाण्डित्य मण्डिता' विशेषणके साथ स्मरण करते हुए, उनके विषयमें एक खास प्रसिद्धिका उल्लेख किया है—अर्थात् यह प्रकट किया है कि उन्होंने नित्यादि सर्वथा एकान्त पक्षकी सिद्धिमे प्रयुक्त हुए साधनोंको दूषित करनेके लिये उन्हें 'विरुद्ध' हेत्वाभास बतलाया है, जब कि सिद्धसेनाचार्यने 'असिद्ध' हेत्वाभास प्रतिपादन करनेमें ही संतोष धारण किया है और स्वामी समन्तभद्रने 'असिद्ध विरुद्ध' दोनों ही रूपसे उन्हें दूषित किया है। साथ ही, इसकी पुष्टिमें निम्नवाक्य 'तदुक्तं' रूपसे दिया है —

असिद्धं सिद्धसेनस्य विरुद्धं देवनन्दिनः ।
द्वयं समन्तभद्रस्य सर्वथैकान्तसाधनमिति ॥

एकान्त साधनको दूषित करनेमें तीन विद्वानोंकी प्रसिद्धिका यह श्लोक सिद्धिविनिश्चय टीका और न्याय विनिश्चय विवरणमें निम्न प्रकारसे पाया जाता है —

असिद्धः सिद्धसेनस्य विरुद्धो देवनन्दिनः ।
द्वेधा समन्तभद्रस्य हेतुरेकान्तसाधने ॥

न्यायविनिश्चय विवरणमें वादिराजने इसे 'तदुक्तं' पदके साथ दिया है और सिद्धिविनिश्चय टीकामें अनन्तवीर्य आचार्यने इस श्लोकको एकबार पाँचवें प्रस्तावमें "यदद्व्यत्यसिद्धः सिद्धसेनस्य" इत्यादि रूपसे उद्धृत किया है, फिर छठे प्रस्तावमें इसे पुनः पूरा दिया है और वहाँ पर इसकी पूरी व्याख्या भी की है। इससे यह श्लोक अकलंकदेवके सिद्धिविनिश्चय ग्रन्थके 'हेतुलक्षणसिद्धि' नामक छठे प्रस्तावका है। जब अकलंकदेव जैसे प्राचीन—विक्रमकी सातवीं शताब्दी के—महान आचार्योंतकने पूज्यपादकी ऐसी प्रसिद्धिका उल्लेख किया है तब

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पूज्यपाद एक बहुत बड़े तार्किक विद्वान् ही नहीं थे बल्कि उन्होंने स्वतंत्ररूपसे किसी न्यायशास्त्रकी रचना भी की है, जिसमें नित्यादि-एकान्तवादोंको दूषित ठहराया गया है और जो इस समय अनुपलब्ध है अथवा जिसे हम अपने प्रमाद एवं अनोखी श्रुतभक्तिके वश खो चुके है!

ऊपरके सब अवतरणों एवं उपलब्ध ग्रन्थोंपरसे पूज्यपादस्वामीकी चतुर्मुखी प्रतिभाका स्पष्ट पता चलता है और इस विषयमें कोई संदेह नहीं रहता कि आपने उस समयके प्रायः सभी महत्त्वके विषयोंमें ग्रन्थोंकी रचना की है। आप असाधारण विद्वत्ताके धनी थे, सेवा-परायणोंमें अग्रगण्य थे, महान् दार्शनिक थे. अद्वितीय वैयाकरण थे, अपूर्व वैद्य थे, धुरंधर कवि थे, बहुत बड़े तपस्वी थे, सातिशय योगी थे और पूज्य महात्मा थे। इसीसे कर्णाटकके प्रायः सभी प्राचीन कवियोंने—ईसाकी ८वीं, ९वीं, १०वीं शताब्दियोंके विद्वानोंने—अपने ग्रन्थोंमें बड़ी श्रद्धा-भक्तिके साथ आपका स्मरण किया है और आपकी मुक्तकंठसे खूब प्रशंसा की है।

आपके जीवनकी अनेक घटनाएँ हैं—जैसे १ विदेहगमन. घोर तपश्चर्याके कारण आँखोंकी ज्योतिका नष्ट हो जाना तथा 'शान्त्यष्टक'* के एकनिष्ठा एवं एकाग्रतापूर्वक पाठसे उसकी पुनः सम्प्राप्ति, ३ देवताओंसे चरणोंका पूजा जाना. ४ औषधि-ऋद्धिकी उपलब्धि, ५ और पादस्पृष्ट जलके प्रभावसे लोहेका सुवर्णमें परिणत हो जाना। इनपर विशेष विचार करने तथा ऐतिहासिक प्रकाश डालनेका इस समय अवसर नहीं है। ये सब विशेष ऊहापोह के लिये यथेष्ट समय और सामग्री की अपेक्षा रखती हैं। परंतु इनमें असंभवता कुछ भी नहीं है—महायोगियोंके लिये ये सब कुछ शक्य है।

पितृकुल और गुरुकुलके विचारको भी इस समय छोड़ा जाता है। हाँ, इतना ज़रूर कह देना होगा कि आप मूलसंघान्तर्गत नन्दिसंघके प्रधान आचार्य थे, स्वामी समन्तभद्रके बाद हुए हैं—श्रवणबेल्गोलके शिलालेखों (नं० ४०,१०८) में समन्तभद्रके उल्लेखानन्तर 'ततः' पद देकर आपका उल्लेख किया गया है और आपके एक शिष्य वज्रनंदीने विक्रम सं० ५२६ में द्राविड़संघकी स्थापना की थी, जिसका उल्लेख देवसेनके 'दर्शनसार' ग्रन्थमें पाया जाता है। आप कर्णाटक देशके निवासी थे। कन्नड भाषामें लिखे हुए 'पूज्यपादचरिते' तथा 'राजावलीकथे' नामक ग्रन्थोंमें आपके पिताका नाम 'माधवभट्ट' तथा माता का 'श्रीदेवी' दिया है और आपको ब्राह्मणकुलोद्भव लिखा है। इसके सिवाय, प्रसिद्ध व्याकरणकार 'पाणिनि' ऋषिको आपका मातुल (मामा) भी बतलाया है, जो समयादिककी दृष्टिसे विश्वास किये जाने के योग्य नहीं है।

* यह शान्त्यष्टक 'न स्नेहाच्छरण प्रयान्ति भगवन्' इत्यादि पद्यसे प्रारम्भ होता है और 'दशभक्ति' आदि में प्रकाशित भी हो चुका है।

समाधितंत्र

अब मैं पूज्यपादके ग्रन्थोंमेंसे 'समाधितंत्र' ग्रन्थका कुछ परिचय अपने पाठकोंको देना चाहता हूँ। यह ग्रन्थ आध्यात्मिक है और जहाँ तक मैंने अनुभव किया है आपके अंतिम जीवनकी कृति है—उस समयके करीबकी रचना है जब कि आचार्य महोदयकी प्रवृत्ति बाह्य विषयोंसे हटकर बहुत ज्यादा अन्तर्मुखी हो गई थी और आप स्थितप्रज्ञ जैसी स्थितिको पहुँच गये थे। यद्यपि जैनसमाजमें अध्यात्म विषयके कितने ही ग्रन्थ उपलब्ध हैं और प्राकृतभाषाके 'समयसार' जैसे महान् एवं गूढ ग्रंथ भी मौजूद हैं परंतु यह छोटा सा संस्कृत ग्रंथ अपनी खास विशेषता रखता है। इसमें थोडे ही शब्दों द्वारा सूत्ररूपसे अपने विषयका अच्छा प्रतिपादन किया गया है, प्रतिपादन-शैली बडी ही सरल, सुन्दर एवं हृदय ग्राहिणी है, भाषा-सौष्ठव देखते ही बनता है और पद्य रचना प्रसादादि गुणोंसे विशिष्ट है। इसीसे पढना प्रारम्भ करके छोड़नेको मन नहीं होता—ऐसा मालूम होता है कि समस्त अध्यात्म वाणीका दोहन करके अथवा शास्त्र समुद्रका मन्थन करके जो नवनीताऽमृत (मक्खन) निकाला गया है वह सब इसमें भरा हुआ है और अपनी सुगन्धसे पाठक हृदयको मोहित कर रहा है। इस ग्रंथके पढनेसे चित्त बडा ही प्रफुल्लित होता है, पद पद पर अपनी भूलका बोध होता चला जाता है, अज्ञान दूर भागता रहता है और दुःख शोकादि आत्माको सन्तप्त करनेमें समर्थ नहीं होते।

यह ग्रंथ १०५ पद्योंका है, जिनमेंसे दूसरा पद्य 'वंशस्थ' वृत्तमें, तीसरा 'उपेन्द्रवज्रा'में, अन्तिम पद्य 'वसंततिलक' छंदमें और शेष सब 'अनुष्टुप' छंद में हैं। अन्तिम पद्यमें ग्रन्थका उपसंहार करते हुए, ग्रंथ का नाम 'समाधितंत्र' दिया है और उसे उस ज्योतिर्मय कैवल्यसुखकी प्राप्तिका उपायभूत मार्ग बतलाया है जिसके अभिलाषियोंको लक्ष्य करके ही यह ग्रंथ लिखा गया है। साथही, ग्रंथ प्रतिपादित उपायका संक्षिप्त रूपमें दिग्दर्शन कराते हुए ग्रंथके अध्ययन एवं अनुकूल वर्तनका फल भी प्रकट किया गया है। वह अन्तिम सूत्रवाक्य इस प्रकार है—

> "मुक्त्वा परत्र परबुद्धिमहंधियं च संसारदुःखजननीं जननाद्विमुक्तः।
> ज्योतिर्मयं सुखमुपैति परात्मनिष्ठस्तन्मार्गमेतदधिगम्य समाधितन्त्रम्॥ १०५॥

प्रायः १०० श्लोकोंका होनेके कारण टीकाकार प्रभाचन्द्रने इस ग्रन्थको अपनी टीकामें 'समाधिशतक' नाम दिया है और तबसे यह 'समाधिशतक' नामसे भी अधिकतर उल्लेखित किया जाता है अथवा लोकपरिचयमें आ रहा है।

इस ग्रंथमें शुद्धात्माके वर्णनकी मुख्यता है और वह वर्णन पूज्यपादने आगम, युक्ति तथा अपने अन्तःकरणकी एकाग्रता द्वारा सम्पन्न स्वानुभवके बलपर भले प्रकार जाँच पड़तालके

वाद किया है, जैसा कि ग्रन्थके निम्न प्रतिज्ञा-वाक्यसे प्रकट है :—

श्रुतेन लिङ्गेन यथात्मशक्ति
समाहितान्तःकरणेन सम्यक् ।
समीक्ष्य कैवल्यसुखस्पृहाणां
विविक्तमात्मानमथाभिधास्ये ॥ ३ ॥

शुद्धात्मा को समझनेके लिये अशुद्धात्माको जाननेकी भी जरूरत होती है, इसीसे ग्रन्थमें आत्माके वहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा ऐसे तीन भेद करके उनका स्वरूप समझाया है। साथ ही, परमात्माको उपादेय (आराध्य), अन्तरात्माको उपायरूप आराधक और वहिरात्माको हेय (त्याज्य) ठहराया है। इन तीनों आत्म-भेदोंका स्वरूप समझानेके लिये ग्रन्थमें जो कलापूर्ण तरीका अख्तियार किया गया है वह बड़ा ही सुन्दर एवं स्तुत्य है और उसके लिये ग्रन्थको देखते ही बनता है। यहां पर मैं अपने पाठकोंको सिर्फ उन पदोंको ही परिचय करा देना चाहता हूँ जो वहिरात्मादिका नामोल्लेख अथवा निर्देश करनेके लिये ग्रन्थमें प्रयुक्त किये गये हैं और जिनसे विभिन्न आत्माओंके स्वरूप पर अच्छा प्रकाश पड़ता है और वह नयविवक्षाके साथ अर्थपर दृष्टि रखते हुए उनका पाठ करनेमें सहज हीमें अवगत हो जाता है। इन पदोंमेंसे कुछ पद ऐसे भी हैं जिनका मूल प्रयोग द्वितीयादि विभक्तियों तथा वहुवचनादिके रूपमें हुआ है परन्तु अर्थाववोधकी सुविधा एवं एकरूपताकी दृष्टिसे उन्हें यहाँ प्रथमाके एकवचनमें ही रख दिया गया है। अस्तु' वहिरात्मादि-निदर्शक वे पद्य क्रमशः निम्न प्रकार हैं। उनके स्थान-सूचक-पद्याङ्क भी साथमें दिये जाते हैं :—

(१) वहिरात्म-निदर्शक पद—

वहिः ४ ; वहिरात्मा ५, ७, २७ ; शरीरादौ जातात्मभ्रान्ति ५ ; आत्मज्ञानपराङ्मुखः ७ ; अविद्वान् ८ ; मूढः १०,४४,४७, अविदितात्मा ११, देहे स्वबुद्धिः १३. मूढात्मा २९,५६,५८, ६० ; उत्पन्नात्ममतिर्देहे ४२ ; परत्राहम्मतिः ४३ : देहात्मदृष्टि ४९,९४ : अविद्यामयरूपः ५३ ; वाक्शरीरयो' भ्रान्त' ५४, वालः ५५, पिहितज्योतिः ६० ; अवुद्धि ६१, ६९, शरीरकंचुकेन संवृतज्ञानविग्रहः ६८ ; अनात्मदर्शी ७३, ९३ ; दृढात्मवुद्धिर्देहादौ ७६. आत्मगोचरे सुषुप्तः ७८ ; मोही ९० ; अनन्तरज्ञः ९१, अक्षीणदोषः-सर्वावस्थाऽऽत्मदर्शी ९३ ' जड़' १०४।

(२) अन्तरात्म-निदर्शक पद—

अन्त ४,१५,६०, आन्तरः ५, चित्तदोषाऽऽत्मविभ्रान्तिः ५, स्वात्मन्येवात्मधीः १३ ; वहिरव्यापृतेन्द्रियः १५ ; देहादौ विनिवृत्तात्मविभ्रमः २२ ; अन्तरात्मा २७,३०, तत्वज्ञानी ४२ ; स्वस्मिन्नहम्मतिः ४३ ; वुधः ४३. ६३-६६ ; आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृत' ३४ ; अववुद्धः ४४ ; आत्मवित् ४७ ; स्वात्मन्येवात्मदृष्टिः ४९ ; नियतेंद्रियः ५१ ; आरब्धयोगः-भावितात्मा ५२ ;

वाक्शरीरयोरभ्रान्त ५४, आत्मतत्त्वे व्यवस्थित ५७, प्रबुद्धात्मा ६०, बहिर्व्यावृत्तकौतुक ६०, दृढात्मा ७३, ९२, आत्मन्येवात्मधी ७७, व्यवहारे सुषुप्त ७८, दृष्टात्मतत्त्व —स्वभ्यस्तात्मधी ८०, मोक्षार्थी ८३, योगी ८६, १००, दृष्टभेद ९२, आत्मदर्शी ९३, ज्ञातात्मा ९४, मुनि १०२, विद्वान् १०४, परात्मनिष्ठ १०५।

(३) परमात्म निदर्शक पद—

अक्षयानन्तबोध १, सिद्धात्मा १, अनीहिता तीर्थकृत् २, शिव -धाता सुगत विष्णु २, जिन २, ६, विविक्तात्मा ३, ७३, पर ४, ८६, ९७, परम ४, ३१, ९८, परमात्मा ५, ६, १७, २७, ३०, अतिनिर्मल ५, निर्मल -केवल -शुद्ध विविक्त प्रभु परमेष्ठी परात्मा ईश्वर ६, अव्यय ६, ३३, अनन्तानन्तधीशक्ति अचलस्थिति ९, स्वसंवेद्य ९, २०, २४, निर्विकल्पक १९, अतीन्द्रिय अनिर्देश्य २२, बोधात्मा २५, ३२, सर्वसंकल्पवर्जित २७, परमानंदनिर्वृत ३२, स्वस्थात्मा ३९, उत्तम काय ४०, निष्ठितात्मा ४७, सानंदज्योतिरुत्तम ५१, निरामयरूप ५३, केवलज्ञप्तिविग्रह ७०, अच्युत ७९, परम पदमात्मन ८४, ८९, १०४, पर पद ८५, परात्म ज्ञानसम्पन्न ८६, अवाचा गोचर पद ९९।

यह त्रिधात्मक पदावली त्रिधात्माके स्वरूपको व्यक्त करनेके लिये कितनी सुन्दर एवं भावपूर्ण है उसे बतलानेकी जरूरत नहीं—सहृदय पाठक सहज हीमें उसका अनुभव कर सकते हैं। हाँ, इतना जरूर कहना होगा कि एक छोटेसे ग्रंथमें एक ही आत्मविषयको स्पष्ट करनेके लिये इतने अधिक विभिन्न शब्दोंका ऐसे अच्छे ढंगसे प्रयोग किया जाना, निःसंदेह साहित्यकी दृष्टिसे भी कुछ कम महत्त्वकी चीज नहीं है। इससे ग्रंथकार महोदयके रचना चातुर्य अथवा शब्द प्रयोग-कौशल्यका भी कितना ही पता चल जाता है।

ग्रन्थके अमृतवाक्योंमेंसे कुछ सूक्तियाँ भी, स्वकीय अनुवादके साथ, नमूनेके तौर पर नीचे उद्धृत की जाती हैं, जिनके रसास्वादनसे पाठक इस ग्रन्थके गौरव एवं ग्रन्थकारकी महत्ताका कितना ही अनुभव कर सकते हैं —

> बहिरात्मा शरीरादौ जातात्मभ्रान्तिरान्तरः।
> चित्तदोषात्मविभ्रान्तिः परमात्माऽतिनिर्मलः ॥५॥

शरीरादिकमें जिसे आत्माकी भ्रान्ति हो रही है—जो काय, वचन और सविकल्प मनको आत्मा समझता है, उनकी प्रवृत्तिको आत्माकी प्रवृत्ति मानता है अथवा अपने शरीर-को अपना आत्मा और तत्सम्बंधी स्त्री पुत्र धनादिकको 'ये मेरे हैं' इस प्रकार आत्मीय समझता है—वह बहिरात्मा है। चित्त, दोष और आत्माके विषयमें जिसकी भ्रान्ति मिट

गई है—जो चित्तको चित्तरूपसे, रागादिक दोषोंको दोषरूपसे और शुद्धात्माको शुद्धात्मरूपसे अनुभव करता है—एकमें दूसरेकी कल्पना नहीं करता—उसे अन्तरात्मा कहते है। और जो अति निर्मल है—अशेषकर्ममल अथवा घाति-कर्ममलसे रहित है अर्थात् आत्माकी परम विशुद्ध अवस्थाको प्राप्त है—वह परमात्मा पदका वाच्य है।

देहे स्वबुद्धिरात्मान युनक्त्येतेन निश्चयात्।
स्वात्मन्येवात्मधीस्तस्माद्वियोजयति देहिनम ॥१३॥

देहमे जो आत्मबुद्धि धारण करता है वह निश्चयसे आत्माको देहके साथ जोड़ता है—उसे भवभ्रमणके योग्य दीर्घ संसारी बनाता है—. और जो अपने आत्मामे ही आत्मबुद्धि धारण करता है वह निश्चयसे निजात्माको शरीरके बन्धनसे छुड़ा लेता है—मुक्त हो जाता है।

मूलं संसारदुःखस्य, देह एवात्मधीस्ततः।
त्यक्त्वैनां प्रविशेदन्तर्वहिरव्यापृतेन्द्रियः ॥१५॥

संसारके दु ख-समूहका मूल कारण देहमे आत्मबुद्धिका होना है—यदि यह न हो तो इस जीवको संसारमे कोई दु ख भी न हो। अतः इस देहात्मबुद्धिको छोड़ कर, बाह्य-विषयोमे इन्द्रिय-व्यापारको हटाते हुए, अन्तरंगमे प्रवेश करना चाहिये—आत्मामे ही आत्मबुद्धि को धारण करके अन्तरात्मा बनना चाहिये, जिससे इन सांसारिक दु खोंसे छुटकारा मिले और आत्मा अपने वास्तविक सुखस्वभावका अनुभव करनेमे समर्थ हो सके।

क्षीयन्तेऽत्रैव रागाद्यास्तत्त्वतो मां प्रपश्यतः।
बोधात्मानं तत कश्चिन्न मे शत्रुर्न च प्रिय ॥२५॥

ज्ञानस्वरूप आत्माका वास्तवमे दर्शन—अनुभवन—करनेवालेके इसी जन्ममे रागादिक—राग-द्वेष काम क्रोध-मोहादिक—नाशको प्राप्त हो जाते है। अतः मेरा—मुझ आत्मानुभवीका—न कोई शत्रु है और न मित्र है—किसीके भी प्रति शत्रु-मित्रका भाव नही है।

मामपश्यन्नयं लोको न मे शत्रुर्न च प्रियः।
मां प्रपश्यन्नयं लोको न मे शत्रुर्न च प्रियः ॥२६॥

यह अज्ञ जगत् जो मुझे—मेरे शुद्धस्वरूपको—देखता-जानता ही नही मेरा शत्रु नही है और न मित्र है—अपरिचित व्यक्तिके साथ शत्रुता-मित्रता बन नही सकती। और यह ज्ञानी लोक जो मुझे—मेरे आत्मस्वरूपको—भले प्रकार देखता जानता है मेरा शत्रु नही है और न मित्र है—हो नही सकता, क्योंकि आत्माका दर्शन होने पर रागद्वेषादिका नाश हो जाता है और रागद्वेषादिके अभावमे शत्रुता—मित्रता बनती नही। इस तरह न मैं किसीका शत्रु-मित्र हू, और न मेरा कोई शत्रु-मित्र है।

आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृत ।
तपसा दुष्कृतं घोरं भुञ्जानोऽपि न खिद्यते ॥३४॥

आत्मा और देहके भेदविज्ञान जन्य आल्हादमें जो सुखी है वह तपश्चर्याके अवसर पर घोर उपसर्गादिक कष्टोंको भोगता हुआ भी खेदखिन्न नहीं होता।

अपमानादयस्तस्य विक्षेपो यस्य चेतस ।
नापमानादयस्तस्य न क्षेपो यस्य चेतस ॥३८॥

जिसका चित्त विक्षिप्त है—रागद्वेषादिसे आकुलित है—उसीको अपमानादिक सताते हैं, जिसके चित्तमें विक्षेप नहीं—जो रागादिसे आक्रान्त नहीं—वह अपने अपमानादिकको महसूस नहीं करता—और इसलिये तज्जन्य कष्ट भी नहीं उठाता।

अचेतनमिदं दृश्यमदृश्यं चेतनं ततः ।
क रुष्यामि क तुष्यामि मध्यस्थोऽहं भवाम्यतः ॥४६॥

यह जो कुछ दृश्य दिखाई देता है—इन्द्रियोंके द्वारा प्रतीतिमें आनेवाला शरीरादिकका व्यापार है—वह सब अचेतन है, जड है—कुछ समझता ही नहीं—और जो चेतन है—बोध स्वरूप आत्मसमूह है—वह अदृश्य है—इन्द्रियगोचर ही नहीं, तब मैं किस पर रोष करूँ और किस पर अपना संतोष व्यक्त करूँ।—जड और अदृश्य दोनोंमेंसे कोई भी रोष तोषका विषय नहीं। अतः मैं तो मध्यस्थ होकर रहता हूँ—रोष तोषको छोड़कर उदासीन भाव धारण करता हूँ।

यदन्तर्जल्पसम्पृक्तमुत्प्रेक्षाजालमात्मन ।
मूलं दुःखस्य तन्नाशे शिष्टमिष्टं परं पदम् ॥८५॥

यह जो अन्तर्जल्पको लिये हुए आत्माका उत्प्रेक्षा जाल है—चित्तमें बैठे बिठाए नाना प्रकारके विकल्प उठा करते हैं और कोई समक्ष न होते हुए भी भीतर ही भीतर बातचीत चला करती है अथवा हवासे बातें की जाती हैं—वह सब दुःखका मूल कारण है। उस उत्प्रेक्षा जाल अथवा अन्तर्वचन-व्यापारमय कल्पनाचक्रके नाश हो जाने पर जो अवशिष्ट शुद्ध चैतन्य रह जाता है वही अपना इष्ट परमपद है। अथवा इस उत्प्रेक्षाजालके विनष्ट होने पर ही अपने इष्ट परमपदकी सम्प्राप्ति कही गई है।

लिङ्गं देहाश्रितं दृष्टं देह एवात्मनो भव ।
न मुच्यन्ते भवात्तस्मात्ते ये लिङ्गकृताग्रहा ॥८७॥
जातिर्देहाश्रिता दृष्टा देह एवात्मनो भव ।
न मुच्यन्ते भवात्तस्मात्ते ये जातिकृताग्रहा ॥८८॥

लिंग अथवा जटाधारण-नग्नत्वादिरूप वेष देहाश्रित देखा जाता है—शरीरका धर्म होनेसे—, इसी प्रकार ब्राह्मणादिरूप जाति भी देहाश्रित दीख पड़ती है, और देह ही इस आत्माका संसार है, अतः वे लोग संसारसे मुक्त नहीं हो सकते जो लिंग अथवा जातिका ही आग्रह पकडे हुए हैं—लिंगविशेष अथवा जातिविशेषको ही मुक्तिका कारण मान रहे हैं।

अदुःखभावितं ज्ञानं क्षीयते दुःखसन्निधौ।
तस्माद्यथाबलं दुःखैरात्मानं भावयेन्मुनिः ॥१०२॥

जो ज्ञान—शरीरादिसे भेदरूप आत्मस्वरूपका परिज्ञान—दुःखोंकी भावनासे रहित है—कायक्लेशादि कष्टोंके बिना ही सुकुमार उपाय-द्वारा ज्ञानाभ्यास करनेसे उत्पन्न हुआ है—वह दुःखोंके उपस्थित होने पर क्षीण हो जाता है—स्थिर नहीं रहता—, अतः मुनिको—अन्तरात्मा योगीको—चाहिये कि वह दुःखोंके साथ आत्माकी भावना करे—कष्टसहिष्णु हुए आत्माका चिन्तन किया करे, जिससे उत्पन्न हुए ज्ञानके विनाशकी संभावना ही न रहे।

इस प्रकारकी सूक्तियोंसे यह सारा ग्रंथ भरा हुआ है। पूर्ण रसास्वादनके लिये पूरे ही ग्रंथको देखनेकी ज़रूरत है॥*

---

*यह लेख उस प्रस्तावनाका एक अंश है जो संस्कृत-हिन्दी-टीकाओंके साथ प्रकाशित होने वाले 'समाधितंत्र' के लिये लिखी जा रही है। लेखक.

गुरु और शिष्य

(श्रीकालीपद मित्र, एम० ए०, साहित्य-कौस्तुभ)

जैनशास्त्रों में अच्छे और बुरे गुरु और शिष्यों को पहचानने का वर्णन मिलता है। उनमें यह भी बतलाया गया है कि किस प्रकार के गुरु शिक्षा देने के अधिकारी हैं और किस प्रकार के शिष्यगण शिक्षा-ग्रहण करने के पात्र हैं। इन विषयों के सुंदर उदाहरण भी उनमें मिलते हैं। आजकल के गुरु और शिष्यों के लिये शायद वह रुचिकर हो।

कौन सा गुरु और कौन सा शिष्य योग्य अथवा अयोग्य है, इस बात का निर्णय करने के लिये निम्नलिखित उदाहरण दिये गये हैं —

(१) गोणी (गौ)—एक गाव में किसी मनुष्य ने एक रोगी गाय खरीदी, जो उठने में भी लाचार थी। उसने गाय के बैठे रहने पर भी खरीद लिया। अब उसे गाय को बेंचने की फिक्र सवार हुई। ग्राहकों ने कहा "अच्छा देखें गाय कैसे चलती है और कितना दूध देती है?" उस मनुष्य ने कहा कि "भाई, मुझ पर विश्वास करो मैंने इसे ऐसे बैठे ही बैठे खरीदा है—तुम भी ऐसे ही खरीद लो।" ग्राहकों ने कहा कि "भाई तुम बेवकूफ बने, तो तुम्हारे साथ हम क्यों बनें? हम नहीं खरीदते।" इसी तरह वह आचार्य जो प्रश्न पूछने पर ठीक उत्तर नहीं दे सकता है और कहता है कि "मैंने ऐसा ही सुना है और ऐसा ही तुम सुन लो" शिक्षा देने के अयोग्य है, क्योंकि वह शङ्का की निवृत्ति न कर सकने के कारण शिष्य को पथभ्रष्ट कर सकता है। इसके विपरीत वह आचार्य जो ग्राहकों की तरह वस्तु का ठीक निर्णय करता है, शिक्षा देने का अधिकारी है। इसी प्रकार एक शिष्य जो रोगी गाय के पहले खरीददार की तरह है जिसने आँख मीच कर उसे खरीद लिया था, वह अविवेकी और अयोग्य है, एवं जो शिष्य दूसरे ग्राहकों के समान है योग्य है।

(२) चन्दन कंथा—द्वारिका में वसुदेव के यहां तीन बाजे (drum) थे, जिनके नाम क्रमशः संगमिया, अब्भुइया, और कौमुइया थे। पहला संग्राम के समय बजता था, दूसरा किसी संकट के समय और तीसरा कौमुदीमहोत्सव के अवसर पर बजाया जाता था। तीनों ही गोशीर्षनामक चन्दन के बने हुये थे। उनका चौथा बाजा असुमनाशक (अमित्रप्रसमन।) कहलाता था। उसकी उत्पत्ति के विषय में कहा जाता था कि उस समय देवेन्द्र शक्र वसुदेव की प्रशंसा कर रहे थे कि वह सर्वश्रेष्ठ पुरुष हैं—दूसरों के अपराधों का बुरा नहीं मानते और नीच युद्धिकर्म में संग्राम नहीं करते। एक देव यह सुनकर उनकी परीक्षा

लेने चला। इस समय वसुदेव जिनदेव की पूजा करने जा रहे थे। देवने विक्रियामे काले कुत्ते की सड़ी लाश रास्ते मे डाल दी। लोग नाकसिकोड़ कर भागने लगे। वसुदेव भगे नहीं। उन्होने उसे देखा और कहा कि "देखो, इस काले कुत्ते के मुंह मे पीले दांत ऐसे चमकते है मानो मरकतमणि को नविका में(?)मोती लगे हों।" देवने सोचा—"ठीक तो है, वसुदेव गुणग्राहक है।" फिर वह देव वसुदेव का बढ़िया घोड़ा ले भागा, सईस ने ढूंढ़ कर उसका पता सरदारो और उमरावों को दिया। किन्तु देव ने उन्हें मार भगाया। तब वसुदेव स्वयं आये और देव से पूछने लगे कि "भाई, तुमने मेरा घोड़ा क्यों चुराया? यह तो मेरा है।" देव बोला—"संग्राम मे मुझे हराओ और तुम्हारा घोड़ा है तो ले जाओ।" वसुदेव ने उत्तर मे कहा कि "अच्छी बात है, पर लड़ोगे कैसे? तुम तो धरती पर हो और मे रथ मे हू। लो तुम रथ ले लो।" देव ने कहा—'मुझे रथ नहीं चाहिये।" हठात् संग्राम हुआ, जिसमे वसुदेव ने धमयुद्ध का परिचय दिया। देव प्रसन्न हुआ और बोला कि 'कोई वर लीजिये।' वसुदेव ने कहा—'तो भाई, मुझे अशुभनाशक बाजा दो।" देव ने वह उन्हे दिया। इस प्रकार इस बाजे की कथा थी। उसे छठे महीने बजाया जाता और जो कोई उसकी आवाज सुनता वह रोगमुक्त हो जाता और आगे छ महीने तक उस पर रोग का आक्रमण नहा होता। एक दिन एक विदेशी व्यापारी वहां आया। वह तीव्र ज्वर से पीड़ित था। उसने बाजा के रखवाले से कहा, "ले भाई, यह हजार मुद्रा ले और कुछ क्षणो के लिये यह बाजा मुझे दे दे।" रखवाले ने लालच मे फंसकर वह बाजा उसे दे दिया। व्यापारी ने उसे लौटाया तो परन्तु उसमे चिथड़ा लगा हुआ और चंदन लिपटा हुआ था। रखवाला उसे और लोगों को भी देने लगा, जिसका नतीजा यह हुआ कि बाजा चिथड़ो से भर गया और उस पर खूब ही चन्दन का लेप हुआ। एकदा वसुदेव को उसके बजाने को आवश्यकता हुई। बाजे मे से एक अजीब आवाज हुई। परीक्षा कराई तो बाजे मे चिथड़े लगे हुये पाये गये। इस अपराध मे रखवाले को प्राणदण्ड मिला। वसुदेव ने आठ दिन का उपवास किया और देव को प्रसन्न कर के एक नया बाजा प्राप्त किया। वह बाजा एक दूसरे रखवाले के सुपुर्द किया गया, जिसने उसे सावधानी से रक्खा। उसका सम्मान हुआ। इसी प्रकार एक शिष्य जो सूत्र और उसके अर्थ मे अन्य पाखंड की मान्यताओं को मिला कर गड़बड़ (कंथमृकरोति) करता अथवा सूत्र और उसके अर्थ को भूल जाने पर अन्य आचार्य से घमण्ड के वश हो नहीं पूछता, बल्कि अंट-शंट मिला देता, वह अयोग्य है—अपात्र है। इसी तरह एक आचार्य जो अन्य सूत्रों को यथार्थ सूत्रो मे मिलाता है शिक्षा देने का अधिकारी नहीं है।

(३) चेदिय ो—वसन्तपुरमे एक वृद्ध श्रेष्ठी की कन्या रहती थी और वहीं एक नये

श्रेष्ठी की कन्या का आवास था। उन दोनों में परस्पर मैत्री थी। एकदा दोनों एक तालाब में नहाने गई। नये श्रेष्ठी की कन्या १४ प्रकार के गहने पहने हुये थी। उसने उन्हें उतार कर तालाब किनारे रख दिया और आप नहाने लगी। वृद्ध श्रेष्ठी की कन्या उन्हें लेकर चम्पत हुई। पहली ने समझा कि उसकी सखी दिल्लगी कर रही है। उसने अपनी सखी के माता पिता से जा कहा, परन्तु उन्होंने उलटा उसे ही झिड़का। तब उसने जाकर अपने माता-पिता से जा कहा। उन्होंने वृद्ध श्रेष्ठी से गहने मांगे, परन्तु वह झट से बोला कि 'हमारे ही बहुत गहने हैं—हम तुम्हारे गहनों को क्यों लेते?' मामला अदालत में पहुंचा, पर गवाह कोई भी न था। तब न्यायाधीश ने दोनों कन्याओं को बुलाकर गहने पहनने के लिये कहा। जिसके गहने थे उसने तो ठीक ठीक पहने, पर दूसरी पहनने में गड़बड़ा गई। उसे सजा मिली। इसी प्रकार जो आचार्य यथार्थ बात को बताने में गड़बड़ा जाता है उसे अनन्त संसार की सजा मिलती है। इसके विपरीत जो यथार्थ बात बताता और अर्हत् आज्ञा मानता है वह शिक्षा देने का अधिकारी है।

(४) श्रावक—एक श्रावक ने अपनी पत्नी की सखी को सुंदर वस्त्राभूषण पहने देखा। उसके ध्यान में वह दुबला होने लगा। पत्नी के आग्रह पर उसे दिल की बात बतानी पड़ी। पत्नी ने सखी को उससे मिला देने का वायदा किया। शाम को पत्नी ने वही वस्त्राभूषण पहने जो उसकी सखी पहने थी और अंधेरे में जा खड़ी हुई। दूसरे दिन श्रावक ने आतुर होकर कहा कि 'तुमने आज अपना वचन पूरा नहीं किया।' वह बोली—'नहीं, मैंने तो अपना वचन पूरा कर दिया क्योंकि कल भी मैं ही थी।' श्रावक लज्जित हो चुप रहा। वह व्यक्ति शिष्य होने के अयोग्य है जो श्रावक की तरह पूर्व परिचित होने पर भी सूत्रार्थ को याद नहीं रखता है।

(५) बधिर मनुष्य—एक ग्राम में एक बहरा कुटुम्ब रहता था। बुड्ढा बुड्ढी और उनका लड़का-बहू, सब बहरे थे। लड़का हल जोता करता था। एक दिन जब वह बैल लिये खेत को जा रहा था तो रास्ते में राह भूले हुये पथिकों ने उससे मार्ग पूछा। उत्तर में वह बोला—'मेरे बैल घर जाना चाहते हैं' और वह खेत को चला गया। जब खेत पर उसकी पत्नी खाने को भात लाई तो उसने कहा—'देखो, इन बैलों के सींग हैं।' पत्नी ने कहा—'नमक, मिरच—मैं कुछ नहीं जानती, खाना तुम्हारी मा ने बनाया है।' उसने लौटकर यही बात अपनी सास से जा कही। वह सूत कात रही थी। उसने कहा—"मोटा पतला, कैसा भी मेरा सूत हो, पर इससे तिहारे बुड्ढे के कपड़े बन जायगे।" बुड्ढा सरसों के खेत का रखवाला था। बुढ़िया ने उससे कहा कि 'तुम्हारी बहू ऐसे ऐसे कहती थी।' बुड्ढे ने उत्तर दिया—"तुम्हारी कसम, मैंने सरसों का एक दाना भी नहीं खाया

है।" इसी प्रकार वह आचार्य जो वधिरों का तरह एक बात के पूछे जाने पर दूसरी बात कहता है, आचार्य ही नहीं कहा जा सकता और न वह योग्य शिष्य है जो एक बात को छोड़कर उसके स्थान पर दूसरी ग्रहण करता है।

(६) टन्कन-व्यवहार—उत्तरापथ में म्लेच्छ रहते थे, जो टन्कन नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने दक्षिणापथ के व्यापार में खूब सोना और हाथी-दांत लिया। वे वहां के व्यापारियों की बोली नहीं जानते थे। इसलिये उन्होंने स्वयं अपने हाथों से इच्छित वस्तुओं को अपने मन-भर के इकट्ठा किया। इसी प्रकार आचार्य को चाहिये कि वह शिष्य को तब तक समझावे जब तक उसकी तृप्ति न हो। शिष्य को भी तब तक प्रश्न करते रहना चाहिये जब तक कि वह विषय को अच्छी-तरह समझ न ले।

आगे जैन शास्त्रोंमे शिष्योंके गुणों और अवगुणों का खास तौर पर वर्णन किया गया है। शिष्यों की परीक्षा के लिये उनमे निम्नलिखित उदाहरण मिलते हैं :—

(१) शैलघन—शैल मूंग बराबर पत्थर का छोटा टुकड़ा था और घन बड़ा-सा बादल था। कल्पना करिये उनमे परस्पर लडाई हुई। बादल ने मूसलधार पानी बरसा कर पत्थर को तहस-नहस कर डालने का प्रयत्न किया। पत्थर ने कहा—'ऐसे पानी से उसका कुछ भी नहीं बिगड़ेगा।' बादल ने सात दिनों तक अहर्निश वर्षा की और सोचा कि अब तो पत्थर का नामोनिशान भी मिट गया होगा। उसने बरसना बन्द कर दिया। उधर पत्थर धुल-धुलकर खूब चमकने लगा और बादल का उपहास करने लगा। बादल अपना-सा मुंह लेकर भाग गया। इसी प्रकार एक शिष्य जो मुग्गसेल बराबर भी विषय को नहीं समझता और आचार्य के क्रोध करने पर उल्टा कहता है कि शिष्य नहीं समझता तो इसमे गुरु का आलस्य कारण है। ऐसे शिष्य को शिक्षा देना उचित नहीं है। क्योंकि ठंठ गाय को कितना भी सहलाओ वह दूध नहीं देगी, वैसे ही वह शिष्य भी एक पद भी नहीं सीखेगा। इसमे यही नहीं कि शिष्य को कुछ लाभ न होता हो, बल्कि हानि भी है, क्योंकि लोग कहेंगे कि गुरु मे पढ़ाने की पर्याप्त क्षमता की कमी है और वह शिक्षा भी ठीक नहीं जिसे शिष्य समझ न पाये, वरन् क्या बात थी जो शिष्य उसे न समझ पाता? इसके साथ ही योग्य शिष्यों का पढ़ाई मे विलम्ब होगा। इसके विपरीत काली मिट्टी का उदाहरण है, जो कितना भी पानी बरसे सब को पी जाती है। जो शिष्य सूत्रार्थ को खूब ग्रहण करता है वह काली मिट्टी के समान है और योग्य है।

(२) कूट (घट)—घड़े दो प्रकार के होते है (१) नये (२) पुराने। पुराने दो तरह के हैं (१) गंधसहित (२) और गंधरहित। गंधसहित (१) अच्छे, जैसे कपूर-अगरु-चंदन की धसहित और (२) बुरे जैसे प्याज, शराब, तेल आदि की दुर्गन्ध वाले। गंधरहित

घड़ों में न सुगन्ध है और न दुर्गंध, वे कोरे हैं। इसी प्रकार शिष्य भी दो तरह के होते हैं (१) नये (२) पुराने। वह जो जवान हैं मूर्ख हैं, अब जिन्होंने कुछ सीखना प्रारंभ किया है नये हैं। पुराने शिष्य दो प्रकार के होते हैं अभवित अर्थात् जिन पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा है और भवित अर्थात् जिन पर प्रभाव पड़ चुका है। अभवित व्यक्ति ही शिष्य होने के योग्य हैं।

दूसरी तरह से घडे चार प्रकार के हो सकते हैं (१) छिद्रकूट अर्थात् जिसकी तली में छेद हो (२) खडकूट अर्थात् एक भाग खंडित हो, (३) कठहीनकूट अर्थात् टुटनी रहित और (४) सम्पूर्ण कूट। इसी तरह शिष्य भी चार तरह के होते हैं (१) वह जो सभा में सब कुछ समझता है, परन्तु बाहर जाते ही सब भूल जाता है, छिद्रसहित घडे के समान है। वह घड़ा भी जमा रहने पर पानी को नहीं बहाता। (२) वह शिष्य जो सूत्रार्थ का आधा, पौना, चौथाई या और भी कमती समझता है, उतना दृढता से याद रखता, वह खण्डकूट के सदृश है। (३) वह शिष्य जो सूत्रार्थ को कुछ कम समझता है और बाद में उसे भी भूल जाता है, वह टुटनी हीन घडे के तुल्य है। (४) वह शिष्य जो सूत्रार्थ को पूरा समझता है और उसे वैसे ही याद रखता है, सम्पूर्ण घडे के समान है। पहले प्रकार का शिष्य योग्य है—उपरान्त वह क्रमश अधिक-अधिक योग्य समझना चाहिए।

(३) चलनी—पानी यदि चलनी में डाला जाय तो वह उसमें नहीं ठहरता और धरती पर जा पड़ता है इसी तरह वह शिष्य जो सूत्रार्थ के सुनाई पडते रहने पर भी उन्हें भूलता जाता है चलनी के सदृश है और अयोग्य है।

(४) परिपुनग—यया अथवा वैसी ही चिड़ियों का घोंसला होता है, जिसे आभीर [गण (ग्वाला) घी छानने के लिये ले जाते हैं। उस घोंसले में से घी तो छन जाता है और फूक रह जाता है। वैसे ही जो छात्र उपदेश के समय अच्छी बातों को छोडकर बुरी बातों को ग्रहण करता है उस घोंसले के तुल्य अयोग्य है।

(५) हस—पानी मिले दूध में से दूध ही ग्रहण करता है। इसी प्रकार जो शिष्य आचार्य के उपदेश में कमजोरियों का ध्यान न कर के केवल सदुपदेश को ही ग्रहण करता है, वह हस के समान और सर्वथा योग्य है। हस की जिह्वा में कुछ तिक्त-क्षार रहता है, जिससे वह केवल दूध ही ग्रहण करता है।

(६) महिष—जैसे एक भैंस तालाब में घुमकर सींगों से उछाल उछाल कर पानी को गन्दा कर देता है, वैसे ही वह शिष्य जो अनुपयुक्त प्रश्नों की झडी लगाकर विषयान्तर को उपस्थित करता है अथवा झगड़ा करता है, भैंसे के समान है और सर्वथा अयोग्य है।

(७) मेष—जैसे एक मेष अपने छोटे-से मुंह से गाय के खुर इतने गड्ढे में से पानी को बिना मैला किये पी लेता है, वैसे ही वह शिष्य जो विनय-द्वारा गुरु के मन को प्रसन्न कर के सूत्रार्थ को स्पष्ट कर लेता है, मेष के तुल्य है और सर्वथा योग्य है।

(८) मशक—वह शिष्य जो गुरु की जाति-कुल आदि बातों को छेड़कर उसके मन को दुखाता है, मशक के समान, सर्वथा अयोग्य है।

(९) जोंक—जिस प्रकार जोंक देह से चिपटते ही खून चूसती है वैसे ही जो छात्र खूब ही शास्त्र-ज्ञान पीते हैं जलौक-तुल्य योग्य है।

(१०) बिल्ली—एक बिल्ली अपनी चंचलता के वश हो कड़ाई से गिरा कर के दूध पीती है। ठीक वैसे ही वह छात्र जो स्वभावगत संकोच के वश हो स्वयं तो गुरु के पास नहीं जाता परन्तु दूसरों से सुन लेता है, बिल्ली के समान है और अयोग्य है।

(११) जहक—सेही धीरे-धीरे दूध पीता है और बरतन भी चाटता है। वैसे ही एक शिष्य जो सूत्रार्थ को धीरे धीरे ग्रहण करता है—पहले पाठ को याद कर के तब दूसरा पाठ लेता है, सेही के समान है और योग्य है।

(१२) गाय—एक गृहस्थ ने गुरु पर्व पर चार चतुर्वेदी ब्राह्मणों को एक गाय भेंट की उन्होंने सोचा:—'यह एक गाय हम चारों को दी गई—अब क्या करें?' एक ने कहा "इसे क्रम से दुहा करिये।" सब ने यह बात पसन्द की। पहले दिन जिस ब्राह्मण ने उसे दुहा उसने यह सोचकर कि दूध तो दुही लिया—अब कल दूसरा दुहेगा—मैं क्यों व्यर्थ ही इसे खिलाऊं'—उसे चारा नहीं खिलाया। शेष ब्राह्मणों ने भी यही सोचा और किया। बेचारी गाय भूखों मरी। लोगों ने उन ब्राह्मणों को धिक्कारा। ठीक ऐसे ही जो शिष्य यह सोचते है कि गुरु जी हम अकेले को ही थोड़े पढ़ाते है—हम ही क्यों उनकी सेवा-विनय करें। अन्य शिष्य सोचते है कि इनके खास शिष्य जब उनकी विनय नहीं करते तो हम क्यों करें? बिचारे गुरु जो विनय से वञ्चित रहे। यह शिष्य उपर्युक्त ब्राह्मणो के सदृश हैं और अयोग्य है। इसके विपरीत उन चार ब्राह्मणों का उदाहरण है जिन्होंने दक्षिणा में मिली गाय को बारी-बारी से दुहा और खूब खिलाया। इन ब्राह्मणों के समान वे शिष्य बताये गए हैं जो अपने-पराये का भेद न कर के गुरु की खूब ही विनय और सुश्रूषा करते हैं—वे सर्वथा योग्य है।

(१३) अभेरी—एक अभीर (अहीर) ने घी की गाड़ी भरी और अहीरनी को साथ लेकर शहर मे घी बेचने गया। बाज़ार मे पहुंचकर एक दूकान के आगे गाड़ी खड़ी कर के वह घी-भरे घड़े उतार-उतार कर के अहीरनी को देने लगा। इत्तफाक से अहीरनी के हाथ से एक घड़ा गिर गया। अहीर यह देखकर झल्ला गया और अहीरनी से लड़ने लगा।

पति पत्नी में खूब झगडा हुआ। ऐंचातानी में गाड़ी का भी घी खूब ही खिडा। कुछ कुत्तों ने खाया, कुछ यार लोगों ने आख बचा दुबकाया। जब लड झगड़ कर व चुप हुए तो बचे खुचे घी को बेंचा और उन दामों से कुछ खरीद कर के घर चले। रात हो चली थी—मार्ग मे वे लूट लिये गये और बड़े दु खी हुए। इस दृष्टान्त का यह भाव है कि गुरु शिष्य को परस्पर शान्तभाव रखना चाहिये इन्हें तीक्ष्ण शब्द कह कर अहीर अहीरनी की तरह लड़ना नहीं चाहिए, ऐसा करने से उन दोनों को ससार के दु ख उठाने पडते हैं। उपर्युक्त उदाहरण के विपरीत यह दृष्टान्त है कि जब घडा फूटा तो समझदार अहीर-अहीरनी उसे बटोरने के लिये जुट पडे, जिससे थोड़ा सा घी खराब हुआ और दोनों ही अपनी अपनी गलती कहने लगे। उन्होंने अच्छे दामा में घी बेचा और मनचाही चीजें खरीद कर दिन म ही मजे म घर पहुच गए। इसी तरह यदि कदाचित गुरु किसी तरह स कोई गलत बात बता जाय तो मीठे शब्दों मे उसे छात्र को बताकर ठीक कर दे। छात्र ऐसे अवसर पर यही कहे कि महाराज आपने तो ठीक बताया होगा—मैंने ही गलत याद कर लिया—अब ठीक याद किये लेता हू। ऐसे गुरु और शिष्य सर्वथा योग्य और प्रशसनीय हैं।

('माडर्न रिव्यू' म अनुवादित—ला० प्र०)

वैराट अथवा विराटपुर

(ले० श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन, एम०,आर०,ए०,एम०, साहित्य-मनीषी)

मत्स्यदेश की प्राचीन राजधानी का नाम वैराट अथवा विराटपुर था, जो मथुरा से दक्षिण-पश्चिम की ओर अवस्थित थी। वर्तमानकाल में जयपुर राज्य के अन्तर्गत वैराट नाम का एक कस्बा है। वह जयपुर से दिल्ली को जानेवाली सड़क पर जयपुर शहर से करीब ५२ मील दूरी पर विद्यमान है। जयपुर राज्य में इसी नाम की तहसील का वह केन्द्रस्थान (Headquarters of a Tehsil) है। अपनी आकृति और भग्नावशेषों से वह प्राचीन विराटपुर होने का दावा करता है। सन् १८७१—७२ में कनिंघम साहब ने वैराट को देखकर उसका वर्णन अपनी रिपोर्ट में लिखा था। उपरान्त सन् १९०९—१० में डॉ० डी० आर० भाण्डारकर भी वहाँ गये थे। किन्तु हाल में श्रीमान् रा० ब० दयाराम जी साहनी सा० ने वैराट नगर की खुदाई की है और वहाँ अत्यन्त प्राचीन मौर्य्यकालीन कीर्तियाँ उपलब्ध हुई हैं। साहनी सा० को वहाँ कुछ ऐसी चीजें भी मिली हैं जिनसे वैराट का सम्बन्ध सिन्धु उपत्यका के मोहन जोदड़ों से होना अनुमानित है।* साहनी सा० जयपुर-राज्य के पुरातत्त्व-विभाग के अध्यक्षपद पर नियुक्त हैं और यह आशा की जाती है कि जयपुर राज्य ऐसे विज्ञ पुरातत्त्वज्ञ-द्वारा वहाँ पुरान्वेषणकार्य को प्रगतिशील बनाये रखकर भारत की अमरकीर्ति को प्रकाश में लाने के लिये कुछ उठा न रक्खेगा। प्रस्तुत लेख में साहित्य और शिलालेखीय साक्षी के आधार से विराटपुर अथवा वैराट का दिग्दर्शन कराना अभीष्ट है।

भारतीय साहित्य में विराट का अच्छा वर्णन मिलता है। 'महाभारत' से यह स्पष्ट है कि युधिष्ठिरादि पांचों पांडवों के समय में यहाँ पर विराट नाम का राजा राज्य करता था। संभवतः राजा विराट के नामानुकूल ही यह नगर विराटपुर अथवा वैराट नाम से प्रसिद्ध हुआ था। अपने वनवास के तेरहवें वर्ष में पाँचों पाण्डव वीर और द्रौपदी वैराट में आकर रहे थे। मनु महाराज ने अपनी 'संहिता' में वैराट का उल्लेख किया है। वहाँ लिखा हुआ बताया जाता है कि 'सेना में कुरुक्षेत्र, मत्स्य अथवा विराट, पाञ्चाल अथवा कान्यकुब्ज और शूरसेन देशों में जन्मे हुये मनुष्यों को भरती करना चाहिये।'† इस उल्लेख से स्पष्ट है कि विराट के अधिवासी अपने शौर्य और वीरता के लिये प्रसिद्ध थे।

---

* Archaeol Remains & Excavations at Bairat Intro · pp 2—4

† Cnnn ngham's Ancient Geography of India, p 390—392.

श्रीजिनसेनाचार्य (शक स० ७०५) ने अपने 'हरिवंशपुराण' में विराट नगर का वर्णन निम्न प्रकार किया है —

'अविज्ञातसुसच्छेदा स्वेच्छया विहृतिं श्रिता
निन्युरेकादशाब्दानि धन्यास्ते मान्यचेष्टिता ॥२२॥
अत पर पुन प्राप्ता विराटपुटभेदन ।
विराटो यत्र राजासो भार्या यस्य सुदर्शना ॥२३॥
अव्यक्ता पाडवास्तत्र द्रौपदी च विचक्षणा ।
विराटनगरे तस्थुर्विराटस्यातिपूजिता ॥२४॥
यथायथ विनोदेन तत्र सवसता सतां ।
प्रयाति सुखिना काले प्रमादरहितात्मना ॥२५॥४६॥'

भावार्थ—"अपनी इच्छानुसार जहाँ तहाँ पृथ्वी पर विहार करते हुए उत्तम चेष्टा के धारक पाण्डवों के ग्यारह वर्ष गुप्तरीति से कट गये। तब वे विराटनगर आये। विराटपुर म उस समय राजा विराट राज्यशासन करता था और उसकी रानी सुदर्शना नाम की थी। पाडव वहां गुप्तरूप से रहने लगे। चतुर द्रौपदी ने भी अपने को किसी पर व्यक्त नहीं किया। इस प्रकार राजा विराट द्वारा सत्कृत हुए वे पाडव विराट म सानन्द रहते थे।"[1] रानी सुदर्शना चूलिका नगरी के राजकुमार कीचक की बहन थी। कीचक अपनी बहन से मिलने के लिये विराटनगर आया और वहाँ उसने द्रौपदी को देखा। वह उसकी रूपराशि पर दिवाना हो गया। महाबली भीम ने कीचक को उसके किये के लिये खूब छकाया। कीचक ऐसे शरमाये कि वह दुनिया को ही छोड़ गये—साधु हो गये और कर्मों का नाश करके सिद्ध परमात्मा बन गये। लोक उनकी वन्दना करता है। महानुभाव पांडवों का सम्पर्क उनके लिये मुक्तिदाता हुआ। पांडव विराट में रहते रहे। दुर्योधनादि कौरवों को आशङ्का हुई कि हो न हो पाडव विराट म छिपे हुए हैं। वे झट म विराट पर चढ़ आये और वहाँ का गोधन छीन कर ले चले। पाडव इस अत्याचार को चुपचाप कैसे देखते? उनके वनवास के बारह वर्ष भी समाप्त हो रहे थ। उन्होंने प्रकट होकर कौरवों पर आक्रमण किया और विराट के अधिवासियों को उनके त्रास से मुक्त किया[2]। जिस समय मगध के राजा जरासिंधु ने यादवों पर आक्रमण किया और कुरुक्षेत्र म घमासान युद्ध हुआ तो उस समय राजा विराट यादवों की ओर स लड़े थे।[3]

---

१ हरिवंश पुराण सटीका (कलकत्ता) पृष्ठ ४४०—४४१।

२ हरि०, पृ० ४६१।

श्रीगुणभद्राचार्य ने अपने 'उत्तर पुराण' में भी विराट-विषयक उपर्युक्त वर्णन का सामान्य उल्लेख निम्न प्रकार किया है --

'द्यूत युधिष्ठिरस्यात्र दुर्योधनमहीभुजा। भुजंगशैलपुर्यां स्वकीचकानां विनाशनं।
विराड्भूपतेर्भूरिगोमण्डलनिवर्तनं। अनुयातेन भूपस्य विराटस्य सुशर्मणः॥'

अर्थात्—"किसी एक दिन राजा युधिष्ठिर ने दुर्योधन के साथ जूआ खेला। जूआ में वे सब हार गये और नगर छोड़कर छिपकर विराट के राजा के यहां सेवक बन कर रह गये। वहां पर भीम ने भुजङ्गशैल नगर में कीचक को मारा और राजा विराट का गो-मंडल शत्रुओं से छुड़ाया। इस प्रकार उन्होंने राजा विराट को सुखी किया।"[1]

किंतु पांडवों के विराट-आगमन का विस्तृत विवरण श्रीशुभचंद्राचार्य ने अपने 'पांडव-पुराण' में दिया है। कवि बुलाकीदास जी ने उसका हिंदीरूपांतर छंदोबद्ध किया है। उससे प्रकट है कि पांडव विराट में आकर गुप्तरूप में रहकर आजीविकोपार्जन करते थे। सती द्रौपदी रनवास में टहल करती सुरक्षित थी। कवि महोदय ने लिखा है —

'भूतल मांहि भ्रमते बहु ठांउ। छिपत विराट सो पहुंचे जाइ॥
तहां विराटपुर उत्तम बसै। इंद्र-नगर-सम शोभा लसै॥४२॥

इससे प्रकट है कि उस समय विराट खूब ही समृद्धशाली था। उपरांत कवि ने कीचक वध की सब कथा लिखी है। 'हरिवंशपुराण' से उसमें यह विलक्षणता है कि कीचक का साधु होना उसके अनुसार असंभव है, क्योंकि वहां भीम के हाथों से कीचक का मरण हुआ बताया गया है। कीचक के शेष भाइयों का मरण भी भीमराज की कोपाग्नि में हुआ था। दुर्योधनादि इन समाचारों को सुनकर तथा पांडवों को ढूँढने के लिये विराट पर चढ़ आये थे। पहले कौरवों की आज्ञा से जालंधर-पुराधीश ने विराट का गोधन छीना था। राजा विराट गोधन छुड़ाने के लिये उनसे लड़ा, परंतु वह स्वयं उसमें बन्दी हुआ। इस संकट के अवसर पर पांडवों ने उसकी सहायता की थी। कौरव हार कर भाग गये। राजा विराट पांडवों को पाकर बहुत ही प्रसन्न हुआ और कृतज्ञता ज्ञापन हेतु उसने अपनी राजकुमारी पांडवों को भेंट करना विचारा। अर्जुन के संकेत पर उस विराट राजकुमारी का विवाह अभिमन्यु के साथ बड़े समारोह के साथ किया गया। इस विवाह में सम्मिलित होने के लिये द्वारिका से नारायण कृष्ण और यादवगण आये थे। आखिर उन्हीं के साथ पांडव-कुटुम्ब द्वारिका चला गया था।*

---

१ उत्तर पुराण (इन्दौर) पृष्ठ ५५६—५५७।
भुजंगशैलपुर सम्भवतः वही स्थान है जहां पर आज भीम की तोप बताई जाती है।

* श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैनमंदिर अलीगंज की प्रति (सं० १८४७) के पृष्ठ ६०—६५।
'चलत भयो जालंधर तबै नृप विराट को गोकुल हर्यो।'

इस प्रकार जैनशास्त्र भी 'महाभारत' के समान ही पाण्डवोंका विराट में रहना बताते हैं। आगे कवि राजमल्लजी ने विराट नगर का आँखो देखा वर्णन लिखा है। उस समय सुगल सम्राट अकबर का राज्य था। कवि राजमल्ल ने उनका भी प्रशंसनीय वर्णन लिखा है। कवि महोदय ने विराट के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन मन्दिर में आकर 'लाटीसंहिता' नामक ग्रन्थ की रचना की थी। इस ग्रन्थ में उन्होंने विराट की शोभा खूब ही वर्णन की है। विराट को उन्होंने 'वैराट' लिखा है और उसे बड़ा ही समृद्धशाली बताया है। उन्होंने लिखा है कि 'यहां कोई दरिद्र नजर नहीं आता था, प्रजा में परस्पर असूया अथवा ईर्षा द्वेषादि के वशवर्ती होकर छिद्रान्वेषण का भाव नहीं था, वह परचक्र के भय से रहित थी, सब लोग खुशहाल तथा धर्मात्मा थे, चोरी वगैरह के अपराध नहीं होते थे और इससे नगर के लोग दण्ड का नाम भी नहीं जानते थे। नगर कोट खाई से युक्त और उसकी पर्वतमाला में कितनी ही तांबे की खानें था, जिन में उस वक्त तांबा निकाला जाता था और उसे गलागुला कर निकालने का एक बड़ाभारी कारखाना भी कोट के बाहर पासमें ही, दक्षिण दिशा की ओर स्थित था। नगर में ऊंचे स्थान पर एक सुन्दर प्रोत्तुंग जिनालय – दिगम्बर जैनमन्दिर था, जिसमें मानस्तम्भ और समृद्ध कोष्टा (कोठा) को लिये हुए चार शालायें थीं, उनके मध्य में वेदी और वेदी के ऊपर उत्तम शिखर था। कवि ने इस जिनालय को वेराट नगर के सिरका मुकुट

'धेनु छुड़ावन कारणै, माडो रण वैराट।'

'धनुषधार जालंधर शर छोडत चल्यो। नृप विराट को बांध्यो बंधन जकर ही।'

'नृप विराट को बांधो रण में जानि कै। कह्यो धर्मसुत भीमहि क्रोध सुठानि कै॥

नृप विराट को सकल विघन छुड़ाय्रै। सो मनाय तुम पूरो जन्म हजार पै॥'

× × ×

'तहाँ वीर जालंधर नृप को बंधु हुवै। पुनि विराट छुड़ाय गयो रन ही चढ़ै॥'

× × × ×

"यह वतन सुन दुरजोधनाके कोपियो। पुर विराट सो पहुंचो कौरव सैन सों।

ल्यो जुध की उत्तर हारह चैन सों।'

× × × ×

'तब विराट वादित्र बजाय गीत के। कर सन्मान भट कौरव पांडव मीत के।'

'सो घर तनुजा सुरूप गहा। जरासिंधु के पुत्रो नाह। याव अनेकहि जानी सोइ।

ताहि वियाही पाथव सुवा। सो सुन अरजुन बोल्यो तवा।

सो नन्दन अभिमन्यु कुमार। उपजो कृष्ण सुभद्रा नार। तिन तनुजा तुम ताको देहु।'

—इत्यादि

बतलाया है, साथ ही यह सूचित किया है कि वह नानाप्रकार की रङ्गबिरंगी चित्रावली से सुशोभित था और उसमें निर्ग्रन्थ जैनसाधु भी रहते थे। यह मंदिर साधु दूदा के ज्येष्ठ पुत्र और फामन के बड़े भाई 'न्योता' ने निर्माण कराया था।' कवि ने पांडवों के अस्तित्वसूचक परंपरागत चिह्नों का होना भी वैराट में बताया है।' उन्होंने यह भी लिखा है कि वैराट में उस समय श्रीकाष्ठासंघ माथुरगच्छ पुष्करगण लोहाचार्यान्वय के प्रकाण्ड विद्वान भट्टारक हेमचंद्रजी की प्रसिद्ध आम्नाय के ताल्हू नामक विद्वान थे. जिन्होंने धनिक श्रेष्ठी फामन को धर्मज्ञान का बोध कराया था। अग्रवाल जैनियों में उस समय फामनश्रेष्ठी और उनके वंशज प्रमुख थे।[१]

अबुलफज़ल ने अपने ग्रन्थ 'आईन-इ अकबरी' में वैराट का उल्लेख किया है और बताया है कि वहां पर तांबे की बड़ी-बड़ी खानें थीं। परन्तु इनसे पहले वैराट का वर्णन चीनी यात्री ह्यु नसांग के भारतभ्रमण से मिलता है। ह्युनसांग ने लिखा है कि मथुरा से ५०० ली (८३ $\frac{1}{3}$ मील) की दूरी पर वैराट अवस्थित था। और उस समय उसका विस्तार १४ या १५ ली (करीब २ $\frac{1}{2}$ मील) था। वैराट के निवासी वीर और साहसी थे और उनका राजा जो फै-शे (Fei-she) जाति (वैश्य अथवा बैस राजपूत) का था, अपनी शूर वीरता और संग्रामनैपुण्य के लिये प्रसिद्ध था। ह्युनसाग को वैराट में तब आठ बौद्ध-संघाराम मिले थे, परंतु वे जीर्णदशा में थे और उनमें बौद्धभिक्षु भी बहुत थोड़े थे। बौद्धेतर अनेक मतावलम्बी अधिक संख्या में थे, जिनके बारह मंदिर थे। देश में फल-फूल कम होते थे परंतु यहां की भेड़ें और बैल प्रसिद्ध थे।[४]

सन् १००९ ई० में महमूद गजनवी ने वैराट पर आक्रमण किया था और उससे तत्का-लीन राजाने संधि कर ली थी, परंतु वह संधि कुछ कार आमद न हुई क्योंकि सन् १०१४

· लाटी संहिता (बम्बई में ग्रथकर्ता का परिचय (पृष्ट १९—२१) और प्रथम सर्ग में 'कथा-मुख-वर्णन' देखना चाहिये। वैराट के महिमाने कवि को मोह लिया था.—

'इत्याद्यनेकैर्महिमोपमानै वैराटनाम्ना नगरं विलोक्य।
स्तोतुं मनाग्गमतया प्रवृत्त. सानंदमास्ते कविराजमल्लः ॥४८॥'

१ 'श्रीमति काष्ठासंघे माथुरगच्छेऽथ पुष्करे च गणे। लोहाचार्यप्रभृतौ ममन्वये वर्तमाने च ॥६४॥
आसीत् सूरिकुमारसेनविदित पट्टस्थभट्टारक। स्याद्वादैरनवद्यवादनदरैर्वादीभकुम्भेभमित्।
येनेदं युगयोगिभि परिभृते सम्यग्दृगादित्रयी। नाना लाचिते वृष प्रवहण जिनेन्द्रस्य पारपरम् ॥६५॥
तत्पट्टेऽजनि हेमचन्द्रगणभृद्भट्टारकोर्वीपति। काष्ठासंघनभोऽङ्गणे दिनमणिर्मिथ्यान्धकारारिजित्।
यन्नामस्मृतिमात्रतोन्यगणिनो विच्छायतामागता। खद्योता इव पार्थिवाप्युडुगणा भान्तीव भास्वत्पुर.
॥६६॥ इत्यादि

ई० म महमूद ने वैराट पर फिर धावा बोला और इस बार अबूरिहा बताता है कि उसने नगर को नष्ट कर डाला था, जिसके कारण लोग अपने प्राण लेकर इधर-उधर भाग गए थे।[1] /

कवि राजमल्लजी के उल्लेखानुसार यह पहले ही लिखा जाचुका है कि वैराट क निकट पाडवा के अस्ति वसूचक प्राचीन चिह्न मौजूद थे। वह चिह्न आज भी वैराट के पुरातत्त्वम मिलते हैं। बीजक की पहाडी, महादेवजी-की डुगरी, भीमजी की-डुगरी आदि स्थाना पर प्राचीन कीर्तिया उपलब्ध होती हैं। बीजा की पहाडी पर सम्राट् अशोक का एक धर्मलेख मिला था, जो वैराट कलकत्ता (अथवा भाबरु) शासनलेख के नाम से प्रसिद्ध है। श्रीसाहनी महोदय ने इसी स्थान पर खुदाई का काम कराया था। इस पहाडी स सारे वैराट का दृश्य देखने में बडा ही मनोरम प्रतीत होता है और यहीं पर पाषाण की एक ७३ फीट लम्बी शिला है, जिसे लोग 'भीम की तोप' कहते हैं। खुदाई म जो इटें यहा निकली हैं वह २ फीट ७ इञ्च लम्बी और १ फोट ४ इञ्च चौडी तथा ३ इञ्च मोटा हैं। प्रकट हुये भग्ना वशेषो स जाना जाता है कि यहा पर पहले एक बौद्ध सघाराम (Monastery) था। इस सघाराम की कई कोठरियों के निशानात मिले हैं जिनमें मिट्टी के बरतनों, लोहे की कीलों तावीजों आदि के अतिरिक्त चान्दी के २६ सिक्के मिले हैं, जिनम स २८ यवन और भारतीय यवन (Greek & Indo Greek) राजाओं के हैं। इन सिक्कों में बधा हुआ कपडा भी मिला है, जो ईस्वी पहली शताब्दी के भारतीय कपडे का नमूना है। यहा स एक नर्तकी अथवा यक्षी की भग्न मूर्ति भी मिली है जो प्राय नग्न है। मथुरा क पुरातत्त्व में भी ऐसी मूर्तिया मिली हैं। इसी स्थान पर एक गोलाकार मदिर मिला है जिसक चारो ओर परकोटा भी है और जिसे साहनी सा० सम्राट अशोक के जमाने का बताते हैं। उसी के पास अशोक-स्तम्भो के टूटे हुये अश भी प्राप्त हुए हैं। साहनी सा० का अनुमान है कि इन्हें श्वेत हूण मिहिर-कुल ने नष्ट किया था। स्तम्भ अशों के अतिरिक्त वहां से उपलब्ध हुई चीजों मे एक धूपदान और सर्पफण भी है।[2]

'भीमजी-की डुगरी' नामक स्थान पर कोई खास प्राचीन कीर्ति नहीं है। वहा माघ

---

१ कनिंघम, एंशियन्ट ज्योगरफी ऑव इण्डिया, पृष्ठ ३३० — ३३१।

२ साहनी सा० के वर्णनानुसार यह लिखा गया है, जिसके लिये हम उनके आभारी हैं। विशेष के लिये उनको पुस्तक Archaeological Remains & Excavat at Bairat देखना चाहिये। सर्पफण पार्श्वनाथ तीर्थंकर की प्रतिमाओं पर होता है। मालूम नहीं कि क्या यह किसी मूर्ति का टूटा हुआ भाग है?

और भादों मे मेला भरता है। इस पहाडी के नीचे ही 'बीजक-की-पहाड़ी' पर अशोक का धर्म-लेख कारलाइल सा० को मिला था। इसी के पास एक अर्वाचीन ईंटो का बनाहुआ मंदिर है। इस स्थान के आगे पूर्व दिशा मे वैराट की श्मशान भूमि है, जहां सैकड़ों छत्रियां बनी हुई है। उनपर के लेखो से विदित है कि मध्यकाल मे सती होने का रिवाज खूब प्रचलित था। वहो एक ईदगाह है जिसमें बादशाह जहांगीर के समय का एक शिलालेख है। पास ही एक 'जैनबाग' है जिस मे भो कई छत्रियां बनी हुई हैं। उनमें से एक मे काष्ठासंघी पुष्कर-गण और माथुरगच्छ के भट्टारक ललितकीर्ति की चरणपादुकायें है, जिनका स्वर्गवास विक्रम स० १८५१ को हुआ था। इसी छत्री के बगल मे एक दूसरी छत्री भ० ललित कीर्ति के शिष्य और पट्टधर पण्डित सदासुख की है, जिनका देहान्त सं० १५,३७ मे हुआ था। इस लेख से यह भी स्पष्ट है कि जैनबाग को किसी ऋषभदासजी ने बनवाया था।'[1]

जिस टीले पर वर्तमान वैराट नगर अवस्थित है, यदि उसकी खुदाई हो तो कई प्राचीन प्रस्तरो का निकलना अनुमान किया जाता है। इस टीले पर ऊपर दो प्राचीन इमारते हैं, जिनमे एक सम्राट् अकबर के समय का बना हुआ जैनमंदिर बताया जाता है। यह मंदिर तहसील के नजदीक है और वेदी, सभामण्डप आदि से युक्त अच्छी हालत मे है। इस मंदिर के अहाते की दक्षिणवर्ती दीवाल मे एक पत्थर का टुकड़ा लगा हुआ है, जिस पर सम्राट् अकबर के समय का एक शिलालेख ४० पंक्तियो का है। डा० भाण्डारकर ने इस शिलालेख को देखा था और साहनी सा० इसके आधार पर लिखते हैं कि 'श्रीमाली जाति और राकमाण गोत्र के इन्द्रराज ने भ० पार्श्वनाथ की एक पाषाण-मूर्ति, भ० चन्द्रप्रभ की एक धातुमयी प्रतिमा और श्रीऋषभदेव तथा विमलनाथ तीर्थंकरो की प्रतिमायें निर्माण कराई थीं, जिनमें मूलनायक प्रतिमा विमलनाथ जी की थी। उन्होंने वैराट मे एक इन्द्र-विहार अथवा महोदय-प्रासाद नामक जिनालय भी निर्माण कराया था, जिसकी प्रतिष्ठा शक सं० १५०९ फाल्गुण शुक्ल २ रविवार को श्रीहीरविजयसूरि और उनके शिष्य कल्याणविजय गणि-द्वारा हुई थी। इस लेख मे अकबर बादशाह की बड़ी प्रशंसा की गई है और यह भी उल्लेख है कि उन्होंने वर्ष मे १०६ दिनो के लिये अपने राज्य मे हिंसा-बन्दी का फरमान निकाल दिया था।'[2] इस शिलालेख को देखकर विद्वज्जन उपर्युक्त तहसीलवाले दिगम्बर जैनमंदिर को ही

१ Arch Rem Exc at Bairat, pp 14 15. इस शिलालेख के यह प० सदासुखजी जयपुर वासी प्रसिद्ध टीकाकार प० सदासुखजी ही प्रतीत होते हैं, जिन्होंने 'भगवती आराधना टीका' संवत् १९०८ में समाप्त की थी। अन्तिम जीवन में वह शायद वैराट में उत्तम शैली देखकर वहाँ चले आए थे।

२ Ibid. p. 16

'इन्द्रविहार' समझने की गलती करते हैं। किन्तु इस विषय में कई साल पहले जैन विद्वान् प० जुगलकिशोर जी मुख्तार ने निम्न पंक्तियाँ लिखी थीं, वे हम यहाँ उद्धृत करते हैं —

"पार्श्वनाथ का यह मंदिर दिगम्बर जैन है, और दिगम्बर जैनों के ही अधिकार में है। इस मंदिर के पास के कम्पाउण्ड की दीवार में एक लेखवाली शिला चुनी हुई है और उस पर शक सवत् १५०९—वि० स० १६४४—में 'इन्द्रविहार' अपर नाम 'महोदय प्रासाद' नाम के श्वेताम्बर मन्दिर के निर्मापित तथा प्रतिष्ठित होने का उल्लेख है। इस परसे डॉ० भाडारकर ने 'आर्कियो० सर्वे वेस्टर्न सर्किल, प्रोग्रेस रिपोर्ट सन १९१०' में यह अनुमान किया है कि उक्त मंदिर पहले श्वेताम्बरों की मिलकियत था (देखो 'प्राचीन लेख सग्रह' द्वितीय भाग) परन्तु भांडारकर महोदय का यह अनुमान, लाटीसंहिता के उक्त कथन को देखते हुये समुचित प्रतीत नहीं होता और इसके कई कारण हैं—एक तो यह कि लाटीसंहिता उक्त शिलालेख से साढे तीन वर्ष के करीब पहले की लिखी हुई है और उसमें वैराट जिनालय को, जो कितने ही वर्ष पहले बन चुका था, एक दिगम्बर जैनद्वारा निर्मापित लिखा है। दूसरे यह कि शिलालेख में जिस मंदिर का उल्लेख है उसमें मूलनायक प्रतिमा विमलनाथ की बतलाई गई है। ऐसी हालत में मंदिर विमलनाथ के नाम से प्रसिद्ध होना चाहिये था, पार्श्वनाथ के नाम से नहीं, और तीसरे यह कि शिलालेख एक कम्पाउण्ड की दीवार में पाया जाता है जिससे यह बहुत कुछ सम्भव है कि यह दूसरे मन्दिर का शिलालेख हो, उसके गिर जाने पर कम्पाउण्ड की नई रचना अथवा मरम्मत के समय वह उसमें चुन दिया गया हो। इसके सिवाय दोनों मन्दिरों का पास पास तथा एक ही अहाते में होना भी कुछ असमंजित नहीं है। पहले कितने ही मंदिर दोनों सम्प्रदायों के संयुक्त रहे हैं, उस वक्त आजकल जैसी वेहूदा कशाकशी नहीं थी।"[1]

इस प्रकार विराट के उपर्युक्त वर्णन से यह स्पष्ट है कि विराटनगर का अस्तित्व महाभारतकालीन है। विराटनगर का पहला राजा विराट था और उसी के वंशधर विराट के शासनाधिकारी रहे। उपरान्त अशोक के शासन लेख से पता चलता है कि उस समय विराट मौर्यराज्य के अन्तर्गत था। विराट के शासक मौर्य नृपराज रहे। मौर्यों के पश्चात् उत्तर—पश्चिमीय भारत और राजपूताना में इण्डोग्रीक राजाओं ने अपना अधिकार जमा लिया था। विराटनगर में कई इण्डोग्रीक राजाओं के सिक्के मिले हैं, जिनसे अनुमान होता है कि इन राजाओं का भी विराट पर राज्याधिकार था। यह सिक्के हेलियोक्लीज, अपोलोडटस, मेनान्डर, एन्टियल्कीडस, स्ट्रेटो प्रथम, एन्टिमकस निकेफोरस, हर्मेउस और हर्मेउस रानी सहित के हैं। पातञ्जलि के भाष्य से स्पष्ट है कि मनान्डर का अधिकार

१ लाटी संहिता की भूमिका, पृष्ठ, ११-१२।

राजपूताना की माध्यमिका नामक नगरी पर हो गया था।[१] वहाँ से उस बादशाह की प्राचीन कीर्त्तियाँ भी मिली हैं। अतः उनका विराटपर शासन करना संभव है। ईस्वी सातवीं शताब्दी में विराट का शासनसूत्र वैसराजपूत वंश के राजाओं के हाथों में पहुंचा था; जैसे कि ह्युन्सॉंग के उल्लेख से स्पष्ट है। मुसलमानों के आक्रमणों के समय में भी यहां सम्भवतः इसी वंश के राजाओं का राज्य था। उपरान्त विराट मुगल साम्राज्य में सम्मिलित कर लिया गया और मुगलों के बाद जयपुर के प्रसिद्ध हिन्दूराज्यवंश के अधिकार में आया। यह विराट के भाग्य की रूपरेखा है। उसका शृङ्खलाबद्ध इतिहास तभी लिखा जा सकेगा जब विराट के पुराने टीले के गर्भ में सुरक्षित कीर्त्तियां प्रकाश में आवेंगी! देखिये, वह दिन कब नसीब होता है?

---

१ राजपूताने का इतिहास, भाग १, पृष्ठ ६६।

समन्तभद्र ही 'श्रीविजय' हैं ?

(एक तर्क)

(श्रीयुत प० के० भुजबली शास्त्री)

महाकवि पप ने अपने काव्य के आदि में समन्तभद्र, कविपरमेष्ठी एवं पूज्यपाद की वन्दना की है। इसी प्रकार अन्य कन्नड कवियो ने भी आप की इस वन्दना पद्धति का अनुसरण किया है। 'कर्णाटक कविचरिते' के मान्य लेखक ने भी लिखा है कि "इन तीनों कवियो ने कन्नड में ग्रन्थ रचना की है कि नहीं, यह ज्ञात नही होता। फिर भी अनेक कर्णाटक कवियो ने इनकी स्तुति की है।" साथ ही साथ समन्तभद्र के सम्बन्ध में लिखते हुए 'कविचरिते' के लेखक ने लिखा है कि "इन की संस्कृत एवं प्राकृत ग्रंथो पर पुराने कन्नड की व्याख्यायें मिली हैं।" इसी प्रकार कविपरमेष्ठी के विचार की आलोचना करते हुए इन्होने कहा है कि "मालूम होता है कि नृपतुगने प्राचीन कन्नड कवियो के नामोल्लेख करते हुए 'परम श्रीविजय, कवीश्वर, पण्डित लोकपालादिगल' इस पद्यभाग मे 'कवीश्वर' नामक एक कवि का नाम अङ्कित किया है। सभव है कि वह इन्हीं कविपरमेष्ठी का नाम हो।" पूज्यपाद के विषय में लिखते हुए उल्लिखित 'कविचरिते' के लेखक लिखते हैं कि "इन्होंने जैनेन्द्रव्याकरण एव कल्याणकारक नामक वैद्यक ग्रंथ लिखा है। यह (पूज्यपाद) गगराज दुर्विनीत के गुरु थे।" फिर दुर्विनीत के सम्बन्ध में विचार करते हुए आप यों कहते हैं कि "नृपतुग ने कर्णाटक गद्य ग्रन्थकर्त्ताओं के नामों में (विमलोदय नागार्जुन समेत जयबन्धु दुर्विनीतादिगल्) इस प्रकार इनका भी नाम लिया है। साथ ही साथ 'कविचरिते' के लेखक ने यह भी लिखा है कि "इससे सिद्ध होता है कि लगभग ५वी शताब्दी में ही कन्नडगद्य ग्रंथ विशेष मात्रा मे मौजूद थे।"

समन्तभद्र की तपोभूमि मणुवकहल्लि थी, पूज्यपाद का जन्म-स्थान कर्णाटकान्तगत कोलगाल पुर था। इन के मामा का वासस्थान मुडिगुड था, इन्होंने पदिनाडि मे तप किया था आदि चरित्र-सम्बन्धी ये बातें 'राजावलिकथे' से ज्ञात होती हैं। साथ ही साथ इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इन दोनो आचार्यों का कर्णाटक से सम्बन्ध था। हां, कविपरमेष्ठी के स्थान का पता नहीं लगता। इन उल्लिखित बातो से नृपतुग के द्वारा प्रतिपादित पाँच पूर्व कवियों मे "परम श्रीविजय, कवीश्वर, पण्डित" प्रारम्भ के ये तीन कवि क्रमश समन्तभद्र, कविपरमेष्ठी और पूज्यपाद ही क्यों नहीं हैं ? यहाँ यह विचार उठ खड़ा होता है। समन्तभद्र ही श्रीविजय रहे होंगे इस तर्क को स्थान देनेवाले प्रमाणों का उल्लेख करने के पहले शेष

दो नामों के कवीश्वर—कविपरमेष्ठी, पण्डित—पूज्यपाद इस समीकरण के सामञ्जस्य को थोड़ा स्पष्ट कर देना मै उचित समझता हूं।

'कविचरिते' के लेखक ने ही 'कवीश्वर' को कविपरमेष्ठी अनुमान किया है। "कर्णाटक-कविराजमार्गम्" ग्रन्थ के सम्पादक स्वर्गीय श्रीमान् ए० वेङ्कटराय और श्रीमान् पण्डित एच० शेष अय्यङ्गार ने अपनी अवतरणिका मे 'कवीश्वर' नाम के एक कवि का अनुमान करके सूचित किया है कि वह श्रीविजय का शिष्य रहा होगा। (पृष्ठ VIII—IX इनके सूचनानुसार 'कवीश्वर' अथवा 'कविचरिते' के संकेतानुसार 'श्रीविजय' का नृपतुंग के सभासदो मे रहना संभवपरक नही है। श्रीविजय और कवीश्वर इन दोनों को जब नृपतुंग ने स्पष्ट ही पूर्व कवि लिखा है तब फिर इन्हीं को उनके (नृपतुंग के) सभासद कहना वदतो व्याघात है। 'कविराजमार्गम्' ग्रन्थ के सम्पादको के द्वारा 'आद्य' शब्द के लिये किया गया भाष्य (पृष्ठ X) इस उलझन को हल नही कर सकता है।

अब पूज्यपाद के लिये पण्डित' यह उपाधि सर्वथा उचित है। क्योकि वह वैद्य एवं वैयाकरण थे। साराशत विदित होता है कि समन्तभद्र, कविपरमेष्ठी (ये भी उपाधि ही होनी चाहिये*), पूज्यपाद ये तीनों उपाधिभूत 'श्रीविजय', 'कवीश्वर', पण्डित इन नामों से ही नृपतुंग के द्वारा उल्लिखित किये गये है। प्रस्तुत विषय है—समन्तभद्र ही श्रीविजय है ?।

समन्तभद्र के सम्बन्ध मे अन्योन्य ग्रन्थकर्ताओं के कथनानुसार निम्न लिखित बातें ज्ञात होती है :—(१) कविपरमेष्ठी और पूज्यपाद के पहले आपका नामोल्लेख (२) आप बड़े वादी थे (३) आप संस्कृत एवं प्राकृत ग्रन्थो के निर्माता थे (४ मन्त्रशक्ति के द्वारा चन्द्रप्रभ भगवान् को आह्वान करके आपने कलियुग मे जिनधर्म का प्राशस्त्य प्रकट किया था। (समन्त्रवचन-व्याहूतचन्द्रप्रभ.) (५) आप की आप्तमीमांसा, रत्नकरण्ड, श्रावकाचारादि† ग्रन्थो से दक्षिण देश के जैनधर्म की एक नवीन नीव पड़ी (६) आपका जन्म भीमरथी श्रीकृष्णवेणी के मध्यवर्त्ती उत्कलिका ग्राम मे हुआ था (७) अनेक नामरूपों को धारण कर आपने अनेक देशों का पर्यटन किया था (८) आपने तत्त्वार्थभाष्य एवं तर्कशास्त्र की रचना की है (९) आप स्याद्वाद-मार्ग के प्रमुख थे (यशः समन्तभद्रीयं मूर्ध्नि चूडामणीयते)।

अब श्रीविजय-सम्बन्धी उल्लेखो को लीजिये—(१) नृपतुंग के द्वारा उल्लेख किये गये पाँच कवियो मे इन का नाम प्रथम आया है (२) यह मंगरस (सन् १५०९) के द्वारा देवचंद्र से स्तुत और चम्पूकाव्य के निर्माता तथा दोड्डय्य (सन् १६वीं शताब्दी) के द्वारा 'चन्द्रप्रभ-पुराण' के रचयिता कहे गये हैं। दुर्गसिंह के पञ्चतन्त्र (कन्नड) (सन् ११वी शताब्दी का

* इसके लिये प्रमाण अपेक्षणीय है। —के० बी० शास्त्री

† रत्नकरण्ड एवं श्रावकाचार एक ही ग्रन्थ हैं, दो नही। —के० बी० शास्त्री

आदिम भाग) में 'कविमार्ग' नामक अलकार-ग्रन्थ के आप प्रणेता बताये गये हैं। साथ ही साथ श्रीमान् बी० एम० श्रीकण्ठय्य आदि विद्वानों का मत है कि नृपतुग के नाम से प्रख्यात या नृपतुग प्रणीत कहे जानेवाले 'कविराजमार्गम्' ग्रन्थ को पहले श्रीविजय ने ही बनाया होगा। मद्रास विश्वविद्यालय से प्रकाशित 'कविराजमार्गम्' के सम्पादकों का अभिप्राय है कि नृपतुग के 'कविराजमार्गम्' में श्रीविजय का 'कविमार्ग' गर्भित हुआ होगा ४) केशिराज के उल्लेखानुसार भी श्रीविजय ने व्याकरण शास्त्र या किसी उत्तम काव्य की रचना की होगी (५) श्रीविजय को सभी ने बहुवचन—'श्रीविजयर' से उल्लेख किया है। दुर्गसिंहसदृश ब्राह्मण कवि ने भी बहुत ही आदर के साथ आप का उल्लेख किया है। नृपतुग 'परम श्रीविजय' एवं चावुंड राय 'समन्तभद्र देव के समान' इन शब्दों से आपका स्मरण करते हैं।

समन्तभद्र और श्रीविजय इन दोनों में जो समानता पायी जाती है वह निम्न प्रकार है—(१) दोनों बहुवचनों से एवं 'देवर्' इस गौरवास्पद शब्द में उल्लिखित हुए हैं (३) काव्य, व्याकरण और अलंकार ग्रन्थों से दोनों का सम्बन्ध है (४) समन्तभद्र कविपरमेष्ठी से बड़े हैं, श्रीविजय कवीश्वर के गुरु हैं (५) श्रीविजय का उल्लेख कवीश्वर एवं पण्डित के साथ है, समन्तभद्र का उल्लेख कविपरमेष्ठी और पूज्यपाद के साथ है (६) समन्तभद्र अपने देश में जन्म ले एवं वृद्धिंगत होकर कन्नड कवियों के काव्य के प्रारम्भ में वन्दनीय हुए हैं, श्रीविजय कविसमुदाय के मनका दर्पण, 'देवर्', साथ ही उनका 'सुमार्ग' वैयाकरणों के लिए निदर्शनभूत हैं। इन्होंने कन्नड में कविता लिखी है।

अब देखना है कि समन्तभद्र और श्रीविजय इन दोनों का इसमें भी कोई निकट सम्बन्ध है या नहीं ? कुछ है जरूर।

समन्तभद्र के समय में एक ही व्यक्ति अनेक नामों से प्रसिद्ध होते थे। कोण्डकुन्द, उमास्वाति, पूज्यपाद आदि आचार्यों के अनेक नाम थे। समन्तभद्र के भी अनेक नाम थे।* बहुत से कवियों के काव्य नाम अथवा संकेत भिन्न भिन्न थे। माघ का संकेत 'श्री', भारवि का 'लक्ष्मी', प्रवरसेन का 'अनुराग', पञ्चशिख का 'आनन्द'—इस प्रकार इन संकेतों को ये कवि अपने काव्य या सर्ग के आदि एवं अन्त के पद्यों में जोड़ देते थे। समन्तभद्र को 'श्रीविजय', 'विजय', 'जय' इन शब्दों को जोड़ना अभीष्ट था। इसलिये कवियों में श्रीविजय नाम से इनका ख्यात होना समुचित है।

"तव जिनशासनविभवो जयति ॥ १३५ ॥

"जयति जगति क्लेशावेशप्रपञ्चहिमांशुमान्।

विहतविषमैकान्तध्वान्तप्रमाणनयांशुमान् ॥ ११५ ॥ —'आप्तमीमांसा'

* वे कौन से नाम हैं ? —के० पी० शास्त्री।

"दातारो जयिनो भवन्तु वरदा देवेश्वरास्ते सदा"

—'जिनशतक'

इस से भी स्पष्ट 'युक्त्यनुशासन' के आदि और अन्त में इस प्रकार यह संकेत उपलब्ध होता है—

"श्रीमद्वीरजिनेश्वरामलगुणस्तोत्रं परीक्षेक्षणैः ।

× × ×

प्रोक्तं युक्त्यनुशासनं विजयिभिः स्याद्वादमार्गानुगैः" ॥ १ ॥

"महावीरो वीरो दुरितपरसेनाभिविजये ।

विधेया मे भक्तिः पथि भवत एवाप्रतिविधौ" ॥ ६५ ॥

इसी प्रकार 'कविराजमार्गम्' के अन्त के प्रतिपद्य मे 'श्रीविजय' पद मिलता है ।

अब 'श्रीविजय' के साथ के 'परम' शब्द पर कुछ विचार करना भी परमावश्यक है। 'कविराजमार्गम्' मे इस 'परम' शब्द की दुहाई विशेष मात्रा मे दी गयी है ।

"परमालंकारोचित । विरचनेगल् नेगल्गुमार वदनोदारदोल् ॥

नेरमक्का परमकवी । श्वरंरमगी कृतियोलकृतकाचारपरर ॥"

—'कविराजमार्गम्' १—३

यहीं पर 'नमः समन्तभद्राय महते कविवेधसे' इस आदिम पुराणोक्ति और सरस्वती स्वैरविहारभूमयः । समन्तभद्रप्रमुखा मुनीश्वराः' वादिराज की इस स्तुति को मिलान कर देखना चाहिये । 'कविराजमार्गम' मे परमाचार्य अनेकत्र सादर स्मरण किये गये है । इसलिये श्रीविजय का कविमार्ग (सद्य कविराजमार्गम् मे गर्भित) कन्नड मे कन्नड-कवियो को करदीपक एवं दर्पण तो था ही, साथ ही साथ भट्टाकलंक के कुछ वाक्यो से यह भी विचार उठ खड़ा होता है कि 'परमागमसूत्र' रच कन्नड भाषाकी नीव देकर समन्तभद्र स्वयं श्रीविजय हुए हों ।

ज्ञात होता है कि समन्तभद्रजी ने एक प्राकृत व्याकरण का भी प्रणयन किया है। किन्तु उसमे उन्होने कन्नड-भाषा के सम्बन्ध मे विचार नहीं किया होगा । भट्टाकलंक के शब्दानुशासन मे (सन् १९२३ का संस्करण) ४४३ के सूत्र के 'कमणि' की व्याख्या करते हुए उन्होंने लिखा है कि—सर्वेऽपि करोत्यर्थव्याप्त्या . . सर्वेऽपि भवत्यर्थव्याप्त्या...... . . सर्वत्र विधिरेव वाक्यार्थ. . "भावनैव वाक्यार्थ इति च महान्विचारोऽस्ति । तत्सर्वं आप्तमीमांसादिमहाशास्त्रपरिश्रमशालिना विदुषामेव विषयो नान्येषामविदुषाम्" (पृष्ठ सं० ३८१) आप्तमीमांसा के रचयिता समन्तभद्र है—यह बात

सुप्रसिद्ध है। सकर्मकक्रियापद भी अकर्मक ही हैं और अकर्मक क्रियापद भी सकर्मक ही हैं। इस गूढ सिद्धान्त को जानने के लिए समन्तभद्र के आप्तमीमांसादि ग्रंथों को अध्ययन करने के लिये भट्टाकलंकजी फरमाते हैं। शब्दानुशासन के ६ ठे पृष्ठ में समन्तभद्र के और एक वाक्य को भट्टाकलंक ने उद्धृत किया है। साथ ही साथ भट्टाकलंक ने समन्तभद्र के तात्त्विक विचारों का अपने शब्दशास्त्र की मूलभित्ति में उपयोग किया है। आगे 'सत्तावीसा तहा सरा भणिया' इति वचनात् 'चौसट्ठिमूलवण्णाहु' इति वचनात् (पृष्ठ १७) ये किनके वचन हैं इस बातका पता नहीं लगता*। किन्तु 'चत्तारि जोगवाहा' इति प्रवचनकारा (पृष्ठ २०) यों और एक प्राकृत सूत्र (?) आदरपूर्वक उद्धृत किया गया है। ये तीनों वचन प्रवचनकार के ही विदित होते हैं। प्रवचनकार का यह मत परमागम का अनुकरण करता है। पृष्ठ १७ में 'परमागमे मध्यम विवक्षया मूलवर्णाश्चतुःषष्टि' ऐसा प्रमाण मिलता है। उसी पृष्ठ में योगवाह विषयक विचार करते हुए भट्टाकलंक कहते हैं कि मैंने परमागम के अनुकूल ही मूलवर्णों को स्वर, व्यञ्जन और योगवाह के भेदसे त्रिविध निर्दिष्ट किया है। परमागम व्याकरण विषय को भी विचार करता है—यह बात स्पष्ट है। परन्तु इसे किसने बनाया है यह बात मालूम नहीं होती है।† 'कविराजमार्गम्' में 'अरिदाद कन्नडदोल्'—(पृ० ९,१—४२) इस पद्य में परमाचार्य की प्रशंसा की गयी है। नागवर्म ने 'काव्यावलोकन' की 'शब्दस्मृति' नामक अधिकरण में सरस्वती की स्तुति करते हुए इन्हें परमागम की प्रतिमा बता कर परमागम के महत्त्व को दरसाया है। कविराज ने परमागका नाम नहीं लिया है अवश्य, फिर भी उन्होंने 'श्रीविजयर' या बहुवचन से 'परम श्रीविजय' को सादर स्मरण किया है। साराशतः 'परमागम' सरस्वती के साक्षात् मूर्ति स्वरूप हो वाङ्मय के मस्तक को सुशोभित करता था। भट्टाकलंक "कर्णाटक मूलवर्णा चतुःषष्टिरित्यवगन्तम्" (पृ० १८) ऐसा परमागम ने कर्णाटक-भाषा के मूलवर्णों के सम्बन्ध में विचार किया है या बतलाते हैं। श्रीविजय का कविमार्ग परमाग के कारण ही कन्नड का दर्पण एवं करदीपक सिद्ध हुआ होगा। इस कविमार्ग को कविराजमार्गम् के रूप में विस्तृत कर नृपतुंग ने 'परमसरस्वती तीर्थावतार' अर्थात् परमागम रूपी सरस्वती तीर्थ में प्रविष्ट हो उसे उपयोग में लाने के लिये सुन्दर

* ये दोनों गाथाएं और आगे उद्धृत 'चत्तारि जोगवाहा' यह सिद्धांतचक्रवर्ती आचार्य नेमिचन्द्र कृत 'गोम्मटसार' के जीवकाण्ड गाथा नं० ३२१ का गाथा के हैं। इसका शुद्ध एवं अविकल रूप इस प्रकार है—'तेत्तीसवेंजणाइं सत्तावीसा सरा तहा भणिया। चत्तारि य जोगवहा चउसट्ठी मूलवण्णाओ" ॥ ३२१ ॥—के० भी शास्त्री।

† मूल लेखक की इन सब शंकाओं का उत्तर मेरी उल्लिखित टिप्पणी दी देगी।

—के० भो० शास्त्री।

सोढ़ियों को बनवा दिया है। ब्रह्मशिव ने (लगभग सन् ११२५) अपनी कविचक्रवर्ती इस उपाधि प्राप्ति का कारण बतलाते हुए 'त्रैलोक्य-चूड़ामणि-स्तोत्र' मे 'एडेयाडुत्तुमनूनजैन-भवनक्कानन्ददिन्द'तल' '(कविचरिते' नूतनसंस्करण, भाग १, पृष्ठ १३२) इस पद्य में यों परमागम की उत्कृष्टता सूचित की है। 'भावे तन' इस ४३०वें सूत्र की व्याख्या करते हुए भट्टाकलंक ने शाब्दिक समय एवं न्यासकारों का वचन उद्धृत कर अन्त मे सब से उत्कृष्ट प्रमाण घोषित करते हुए "यदाह भगवान् परमागमसूत्रकारोऽपि 'सद्द्व्यलक्षणम्' इति" इस सूत्र को अंकित किया है। परमागमसूत्रकार का भट्टाकलंक 'भगवान्' इस गौरवसूचक शब्द से उल्लेख करते हैं और केशिराज सरस्वती को परमागम की प्रतिमा कह रहे हैं। ऐसी अवस्था मे समन्तभद्र ने ही परमागम सूत्र को संस्कृत मे लिख कर और उसी के आशय को 'परम-श्रीविजय' इस उपाधि से कविराजमार्ग मे कन्नडभाषा-द्वारा अनुवाद किया होगा यों अनुमान करना अनुचित नही होगा।❀

समन्तभद्रने परमागम को रचा है यह बात अभीतक ज्ञात नहीं हुई है। साथ ही साथ 'श्रीविजय' यह नाम है या उपाधि यह भी अन्य प्रमाणों से साबित नही होता है। फिर भी यह तर्क सामंजस्य एवं तथ्य सिद्ध होनेपर नवीन अन्वेपको के लिये लक्ष्य मिल जायगा।†

नोट—यह लेख मैसूर विश्वविद्यालय के मुखपत्र 'प्रबुद्धकर्णाटक' के संपुट १९, संचिके १ मे प्रकाशित श्रीयुत द० रा० वेन्द्रे के कन्नड लेख का अनुवाद है।

— के० वी० शास्त्री

❀ पर उपर्युक्त 'सद्द्रव्यलक्षणम्' यह द्रव्यलक्षण-प्रतिपादक सूत्र आचार्य उमास्वाति के 'तत्त्वार्थ-सूत्र' गत ५ वे अध्याय का २९ वाँ सूत्र है। अत भट्टाकलंक ने उमास्वाति को ही परमागम-सूत्रकार के रूप में स्मरण किया होगा, न कि समन्तभद्र को।

—के० बी शास्त्री।

† इस लेख की कतिपय बातों पर विद्वानों में मतभेद हो सकता है। फिर भी लेख गंभीर, गवेषणापूर्ण एवं विचारणीय है। अत अन्वेषक विद्वानों को इस ओर लक्ष्य देकर इस नवीन तर्क पर अपना खण्डनात्मक या मण्डनात्मक विचार प्रकट करना चाहिये। खास कर आचार्य समन्तभद्रजी के परमोपासक एवं उनकी कृतियों के एकान्त अध्ययन और मननशील मित्रवर पण्डित जुगलकिशोर जी मुख्तार इस नवीन तर्क पर अवश्य प्रकाश डालेंगे ऐसी मेरी दृढ़ आशा है।

—के० बी० शास्त्री।

भूतकालीन जैन सामयिकपत्र

(ले०—श्रीयुत बाबू अगरचन्द नाहटा)

ओसवाल नवयुवक वर्ष ८, संख्या १, तदनुसार मई १९३७ के अङ्क में मैंने "जैन समाज के वर्त्तमान सामयिक पत्र" शीर्षक लेख प्रकाशित किया था और उसमें ५९* जैन पत्र पत्रिकाओं का विवरण दिया गया था। मैंने उक्त लेख के अन्त में "पाठकों को यह प्रयास उपयोगी और रुचिकर हुआ तो बन्द हुए पत्रों का परिचय भी फिर कभी दिया जायगा" इन शब्दों द्वारा भूतकालीन जैनपत्रों के विषय में प्रकाश डालने की मनोभावना व्यक्त की थी और तभी से एतत्सम्बन्धी खोज शोध भी आरम्भ कर दी, फलत १०५ भूतकालीन जैनपत्रों का विवरण संगृहीत हो गया है, फिर भी विशेष सामग्री मिलने की आशा है। अत एव इस लेख द्वारा मेरे कार्य की संक्षिप्त रूपरेखा अङ्कित करनेका प्रयास किया जाता है। आशा है, इतिहास प्रेमी सज्जनगण आवश्यक एव उपयोगी विशेष सूचनाएँ मुझे सूचित या प्रकाशित कर इस परमावश्यक कार्य में विशेष सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

भारतीय सामयिक पत्र सम्बन्धी खोज अभी तक नगण्य सी ही हुई है, फिर भी एतत्सम्बन्धी जो कुछ सामग्री मेरे अवलोकन में आई है उनकी संक्षिप्त सूची नीचे दी जाती है, जिससे इस विशाल कार्य की खोज शोध कितनी अल्प हुई है, पाठकों को स्वत ज्ञात हो जायगी।

बंगला

१—देशीय सामयिक पत्रेर इतिहास (खण्ड १)—ले० श्रीब्रजेन्द्रनाथ बन्द्योपाध्याय, पृ० १२४। इसमें बंगाल प्रांतसे प्रकाशित सन् १८१८ से १८३९ तक के पत्रोंका इतिहास है। प्रस्तुत ग्रन्थ बड़े परिश्रम एव खोज शोध से लिखा गया है। इसका द्वितीय खण्ड भी शीघ्र ही प्रकाशित होगा, उसमें सन् १८४० से १८६७ के पत्रों का विवरण रहेगा। प्रस्तुत ग्रन्थ बंगीय साहित्य

---

* इनमें धर्मदिवाकर, पुण्यभूमि आदि कई अब बन्द हो गये हैं और १ जैन होस्टल मैगजीन २ मस्तक का पाछे से पता लगा एव ३ जनहितैच्छु ४ महाराष्ट्रीय और ५ धीरवाणी ६ जैनविकास के निकलने की सूचना उक्त लेख के पश्चात् मिली है।

परिषत् पत्रिका बंगीय सं० १३३८ मे लेखरूप से प्रकाशित हुआ था। ग्रन्थरूप से प्रकाशन का पता इस प्रकार है :—

"रंजन पब्लिसिंग हाउस", नं० २५।२, मोहन बागान रोड, कलकत्ता, मूल्य २)

सामयिक पत्रो का ऐसा विशद इतिहास शायद भारत के अन्य किसी भाषा मे प्रकाशित नही हुआ है, पर प्रस्तुत इतिहास केवल बंगाल प्रान्त से प्रकाशित पत्रों का ही है। अतः हम अन्य प्रान्त के खोजशोध-प्रेमी विद्वानों से यह अनुरोध करेंगे कि वे भी इसी प्रकार समस्त भारत के सामयिक पत्रों का इतिहास संकलन कर शीघ्र ही प्रकाशित करें।

२—बंगला संवादपत्रेर इतिहास, लेखक कविवर ईश्वरचन्द गुप्त

(प्र० साहित्य प्रभाकर १२ एप्रिल, १८५२)

३—बंगला संवादपत्रेर इतिहास—सं० गोपालचंद्रो मुखोपाध्याय

(प्र० नवजीवन १२९३, आपाढ़)

४—संक्षिप्त इतिवृत्तसह बंगभाषार पत्रिकार प्रयोजनीयता

(प्र० ऐतिहासिक चित्र १३१६, पृ० ५१० से ५२८)

५—आसामेर पत्र-पत्रिका—ले० पद्मनाथ भट्टाचार्य

(प्र० साहित्य परिषत्पत्रिका, भाग २४, पृ० ६९)

हिन्दी

१—हिन्दी-समाचार पत्रो का इतिहास—स० राधाकृष्णदास, काशी।

बहुत वर्षों पूर्व प्रस्तुत लघु ग्रंथ प्रकाशित हुआ था, शायद हिन्दीपत्रों का इतिहास यह सर्वप्रथम ही हो, पत्र-पत्रिकाओं की संख्या इसके बाद बहुत अधिक बढ़ गई है, अत अब पुनः पूरी खोज-शोध से एक विशाल इतिहास-प्रकाशन की नितान्त आवश्यकता है। आशा है हिन्दी-साहित्य महारथी-गण इस ओर समुचित ध्यान देंगे।

२—गुप्त-निबंधावली—ले० बालमुकुन्द गुप्त।

इस निबंधावली मे हिन्दी एवं उर्दू पत्रों का अच्छा विवरण है।

३—हिन्दीसमाचार पत्रों का इतिहास—ले० रुद्रदत्त शर्मा सम्पादकाचार्य।

उक्त निबंध का कुछ अंश "हिन्दीसमाचार पत्र और मेरे अनुभव" शीर्षक लेख विशालभारत, वर्ष १, खंड १, सं० २, सं० १९८४ मे प्रकाशित हुआ था।

४—कलकत्ते के प्राचीन हिन्दी-पत्र—ले० पं० विष्णुदत्त शुक्ल

(माधुरी वर्ष ११, खंड २, संख्या ३)

५—पत्रकार-कला की प्राचीन सामग्री—ले० विष्णुदत्त शुक्ल (विशालभारत में प्रकाशित)

६-७—पं० नंदकुमार देव शर्मा लिखित 'पत्र सम्पादन कला' और पं० विष्णुदत्तजी शुक्ल-

लिखित 'पत्रकार-कला' ग्रन्थ में भी कुछ उपयोगी सामग्री है। पर जैसा चाहिये अभी तक शृङ्खलाबद्ध विस्तृत इतिहास कोई नहीं निकला, तभी तो श्रीव्रजेन्द्र बाबू हिन्दी भाषा भाषियों को उलाहना देते हुए लिखते हैं— 'दु खेर विषय हिन्दी भाषा भाषीरा ताहादेर मातृभाषाय प्रकाशित मयाद पत्रेर आदि इतिहास जानेना"।

निष्कर्ष

श्रीव्रजेन्द्र बाबू लिखित "देशीय सामयिक पत्रों का इतिहास" द्वारा एतद्विषयक जो विशेष ज्ञातव्य जाना जाता है, पाठकों को उपयोगी होने से उसका निष्कर्ष यहाँ लिखा जाता है —

मुद्रणायन्त्र और सर्व प्रथम पत्र—

भारतवर्ष में ई० १८वीं शताब्दी के शेष भाग में मुद्रणयन्त्र सर्वप्रथम स्थापित हुआ। इस सुयोग से सर्व प्रकार की साहित्य समृद्धि की सृष्टि और वृद्धि हुई, उनमें सवादपत्र भी एक है। भारत में सब से प्रथम सवादपत्र ई० १७८० के २९ जनवरी से बगाल गजट" नामक अगरेजी पत्र निकला। इस हिकि साहब ने निकाला, पर यह साप्ताहिक पत्र दो वर्ष के भीतर ही बद हो गया। इसके बाद इण्डिया-गजट, कलकत्ता गजट आदि कई पत्र निकले।

बगला भाषा का सर्व प्रथम पत्र

ई० १८१८ के एप्रिल में श्रीरामपुर से मिशरी द्वारा "दिग्दर्शन' नामक बगला मासिक पत्र सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ। इसके कुछ दिन पश्चात् ही सन् १८१८ के २३ मई को "समाचार-दर्पण' नामक साप्ताहिक पत्र भी उक्त मिशन ने प्रकाशित किया और इसके कई दिन बाद "बगला गजट" पत्र निकला।

उर्दू का सर्व प्रथम पत्र

सन् १८२२ के २८ मार्च को कलकत्ते से "जामई जाहान नूमा" नामक उर्दू पत्र निकला।

फार्सी का सर्व प्रथम पत्र

सन् १८२२ के १२ एप्रिल को "मीरात् उल अखबार" पत्र भी कलकत्ते से निकला।

सर्व प्रथम हिन्दी पत्र

सन् १८२६ के ३० मई को कलकत्ते से प० जुगल किशोर शुक्ल के सपादन म "उदन्त मार्तण्ड" नामक पत्र निकला। यह पत्र प्रति-मगलवार को न० ३७ आमडातला गली कोलूटोले से प्रकाशित होता था। मू० २) था।

संवाद-पत्रों के प्रकाशन मे पहले गवर्नमेण्ट प्रसन्न नहीं थी, उसके समक्ष अधिकांश संवादपत्रों की रचना तथा भाषा अयोग्य ज्ञात होती थी, अतः सन् १७९९ के मई में लार्ड वेलेस्ली ने सर्वप्रथम संवाद-पत्रों का स्वाधीनता को रोक यह नियम बनाया कि अब से कोई भी पत्र सरकारी सेक्रेटरी के द्वारा परीक्षित किये बिना प्रकाशित न हो सकेगा, नियम भंग करने से संपादक को योरोप निर्वासित होना पड़ेगा। स्मरण रहे कि इस समय तक सभी संवादपत्र अंग्रेजी भाषा और योरोपीयन संपादकों के संपादकत्व मे ही प्रकाशित होते थे। इस कठोर नियमानुसार संवाद तो क्या विज्ञापन तक भी प्रकाशन से पूर्व सेक्रेटरी के पास मंजूर कराने के लिये भेजने पड़ते थे।

इसके १८ वर्ष बाद सन् १८१८ के १९ अगस्त को बड़े लाट लार्ड हेस्टिंग्स ने संपादकों का यह बंधन हटाया। उन्होंने परीक्षक को हटा कर संपादकों को निर्देश कर कई साधारण नियम बना डाले और इन नियमों के द्वारा सरकार एवं लोकहित की हानिकर आलोचना प्रकट नहीं हो पाती थी। पर अंग्रेजी संवादपत्रों—विशेषतः कलकत्ता जनरल आदि मे सरकार की दृष्टि मे कई आपत्तिजनक लेख प्रकाशित होने लगे, तब सन् १८२२ के ७ अक्तूबर को फिर से संवादपत्रों को कठिन शृङ्खला मे बांधने का प्रयत्न हुआ। १८२३ के ४ मार्च को एक कड़ी "प्रेस आईन" बनाई गई। तब से सभी संवादपत्र सरकार की अनुमतिपूर्वक निकलने लगे। सन् १८३५ मे यह स्वतंत्रता-विरोधी आइन उठा दी गई, पर १८५७ से पुन जारी की गई।

सर्व-प्रथम जैनपत्र

जैन सामयिक-पत्र-सम्बन्धी अभी तक कोई खोज हुई ज्ञात नही होती, अत सर्वप्रथम जैनपत्र कौन सा और कब निकला निश्चितरूप से नही कहा जा सकता, फिर भी मेरे अन्वेषण मे जितने पत्र-पत्रिकाओं का पता चला है उनमे शायद "जैनदिवाकर" सब से प्राचीन है। यद्यपि इसकी फाइल व अङ्क अवलोकन मे नहीं आने से प्रकाशन की निश्चित तारीख ज्ञात नही हुई, फिर भी "मुद्रित जैन श्वेताम्बरग्रन्थगाईड" और "जैनसाहित्य नो संक्षिप्त इतिहास" से ज्ञात होता है कि प्रस्तुत मासिक पत्र वि० सं० १९३२ मे अहमदाबाद से छगनलाल उमेदचंद-द्वारा प्रकाशित हुआ था, भाषा संभवत गुजराती होगी और पत्र करीब १० वर्ष निकला होगा।

इसके बाद सं० १९३३ मे रा० केशवलाल शिवराम-द्वारा "जैनसुधारस" नामक पत्र निकला, पर वह संभवत वर्ष भर ही चला होगा। उपर्युक्त दोनो पत्र श्वेतांबर समाज-द्वारा गुजरात से गुजराती में निकले थे। इनके बाद ८ वर्ष तक किसी अन्य पत्र का जन्म हुआ या नहीं अज्ञात है। सं० १९४१ के माघ से जैन नाटककार डाह्याभाई धोलशाजी के निरीक्षण मे श्रीजैनधर्म-प्रवर्त्तक सभा, अहमदाबाद-द्वारा "स्याद्वाद-सुधा" नामक पत्र निकला, और

जैनहितेच्छु (भावनगर) †	भारतभानु	श्रावक †
,, (वा० मो०)	महावीर (पूना)	श्राविकासुबोध
जैनज्ञानप्रकाश	,, (सिरोही)	श्वेताम्बर जैन
जैनोदय †	महिलाभूषण †	श्वे० स्था० कॉं० प्रकाश
जैसवाल जैन	मारवाड़ी ओसवाल	सत्यवादी
दशा श्रीमालीहितेच्छु	मारवाड़ी जैनसुधारक	सत्योदय
धर्मध्वज (हस्तलि०) †	मुनि (जाति प्रबोधक)	सद्धर्मभास्कर
धर्मदिवाकर †	रतलाम टाइम्स †	सनातन जैन
धर्माभ्युदय	रंगीला	समालोचक †
प्रजाबन्धु †	वन्दे जिनवरम्	स्याद्वादसुधा †
पद्मावतीपुरवाल	विजयधर्मप्रकाश † (हस्तलि०)	स्याद्वादी †
प्रभात	विनोद (जैनसिद्धांत प्रचारक)	श्रीसुखदपण (श्राविका)
प्रवचन-वचनामृत †	विविध-विचारमाला †	हिन्दी जैन †
परवारबन्धु	विश्वबन्धु †	ज्ञानप्रकाश
पुण्यभूमि †	वीरवाणि	
पोलपत्रिका †	वीरसन्देश	
बुद्धिप्रभा	वीशा श्रीमाली हितेच्छु †	

अब वर्त्तमान जैन सामयिक पत्रों की अकारादिक्रम से सूची नीचे दी जाती हैं, इन में कोई बन्द हो गया हो या सूची से अतिरिक्त कोई पत्र निकलता हो तो सूचित करने का अनुरोध है।

आत्मानन्द प्रकाश	जैन	जनप्रवचन
ओसवाल नवयुवक	जैनज्योति	जैनप्रकाश
ओसवाल	जैनदर्शन	जैनबन्धु (हिन्दी)
कच्छीदशा ओशवाल प्रकाश †	जैनध्वज	,, (बम्बई)
खंडेलवाल-हितेच्छु	जैनधर्मप्रकाश	जैनबोधक
गोग्रास †	जैनपथप्रदर्शक	जैन महिलादर्श
चन्द्रसागर	जैन प्रचारक †	जैनमित्र
जैनगजट (अंग्रेजी)	जैनप्रभात †	जैनयुग
जैनगजट (हिन्दी)	जैनप्रदीप †	जैनविकाश

† इस चिन्हवाले पत्रों का केवल उल्लेख ही पाया गया है; अङ्क नहीं अत जहां, इन पत्रों की फाइलें हों सूचित करें।

जैनशिक्षण-सन्देश
जैनसंदेश
जैनसत्यप्रकाश
जैनसिद्धान्त
जैनसिद्धान्त भास्कर
जैनहैरल्ड †
जैन होस्टल मेगजीन
जैसवाल जैन †
जिनविजय (कन्नड)
जीवनज्योति
जीवनसुधा
झांकार
तरुणजैन

तरुणकच्छ †
तरुणा †
तारणपंथ दि० जैन †
दिगम्बर जैन
धर्मरत्न
प्रगति †
प्रगतिआणि जिनविजय †
परिवर्तन †
परिचयपत्रिका †
बुद्धिसागर
महाराष्ट्रीय जैन †
रत्नाकर
विवेकाभ्युदय (कन्नड)
वीरशासन

वीरसन्देश
वीरवाणी †
वीर
वैद्य
शान्तिसिंधु †
शिक्षणपत्रिका
शान्तिवैभव †
सनातन जैन
सिद्धचक्र
समयधर्म
सत्यप्रकाश अने स्वदेश
स्थानकवासी जैन

हाल ही में और भी कई नये पत्रों के निकलने की सूचना मिली है पर वे निकले या नहीं ज्ञात नहीं। भूतकालीन पत्रों का इतिहास विशेष मनोरञ्जक होगा। जैनसमाज में थोड़े ही वर्षों में अनेक पत्र निकल कर सभी बन्द होगये या हो रहे हैं, इसके कारणों पर विशेष रूप से आलोचना होकर भविष्य के मार्ग का निर्णय करना परमावश्यक है, अन्यथा न तो पत्रों का हित है न समाज का ही आशा है, सम्पादक गण विशेष ध्यान देंगे।

हमारे समाज में पत्रों की फाइलें संगृहीत कर रखने की प्रवृत्ति अत्यल्प है, इससे भूतकालीन पत्रों का इतिहास जैसा चाहिये लिखा जाना सम्भव परक नहीं। मैंने इस लेख में भूतकालीन जैन पत्रों की जो सूची दी है उनमें से करीब आधे पत्रों की फाइलें बा० पूर्णचन्दजी नाहर के संग्रह एवं चतुर्थांश पत्रों के अङ्क हमारे संग्रह में हैं। कई पत्रों के तो केवल नामोल्लेख ही प्राप्त है अतः जिन जिन ग्रन्थालयों में भूतकालीन पत्रों की फाइलें हों कृपया मुझे सूचित करने की कृपा करें।

पत्रों का विवरण मैंने १ पत्रनाम २ सम्पादक ३ प्रकाशन पता ४ भाषा ५ सम्प्रदाय ६ वार्षिक चन्दा ७ प्रकाशन समय ८ प्रथमांक प्रारम्भ समय ९ बन्द होने का समय आदि विषयक संग्रह किया है। मेरा विचार है कि महत्त्वपूर्ण उपयोगी पत्रों का एवं उनमें प्रकाशित विशिष्ट लेखों का संक्षिप्त परिचय दिया जाय, पर यह पत्रों की फाइलें मिलने पर ही हो सकता है, अतः सभी अनुभवी सहयोगियों से विशेष सूचना एवं सहायता देनेका नम्र निवेदन है।

† इन पत्रों के एक अभी तक अवलोकन में नहीं आये, अतः सम्पादकगण एक भिजवावें।

विविध विषय

क्या उडुपि पहले जैन क्षेत्र था ?

[१]

'उडुपि' हिन्दुओं के दक्षिण भारत के प्रसिद्ध पुण्य क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र मद्रास प्रान्तान्तर्गत दक्षिण कन्नड जिला में अवस्थित है। उडुपि इस जिला के प्रमुख शहर मंगलूर से ४५ मील दूर पर वर्तमान है और वह दक्षिण कन्नड़ जिला का दूसरा शहर है। यह नगर समुद्र-तट पर वसा हुआ है। इसलिये स्वास्थ्य एवं व्यापार की दृष्टि से भी यह एक उल्लेखनीय स्थान है। वंबई से मंगलूर जाने-आने वाले जहाज उडुपि होकर ही आते जाते है। इधर यहाँ के मणिपाल नाम के मैदान में क्षयरोगियों के लिये एक अस्पताल भी वन गया है। यह अस्पताल ही यहाँ का जल-वायु की उत्तमता को प्रमाणित करता है। विद्या का भी यहाँ अच्छा प्रचार है। लौकिक एवं पारलौकिक दोनो प्रकार की शिक्षा का उडुपि मे पर्याप्त प्रवन्ध है। इसके लिये यहाँ का हाई स्कूल एव संस्कृत-महाविद्यालय आदि ही भव्य निदर्शन है। यहाँ से कुछ पत्र भी निकलते हैं। कई प्रेस एवं प्रकाशन-संस्थाएँ भी मौजूद हैं। धर्म का तो यह केन्द्र ही है। यहाँ पर हिन्दुओं के एक-दो नही, आठ मठ है। ये 'अष्टमठ' नाम से प्रख्यात है। इन मठों के संस्थापक श्रीमध्वाचार्य है। आप परम वैष्णव एवं द्वैतसिद्धान्त के एकान्त प्रचारक थे। आप के मत के अनुयायी 'माध्व' कहलाते है। मध्वाचार्य ने अपने जमाने मे समग्र भारत मे घूम कर अपने माध्व मत का प्रचार किया था। आज भी आपकी एक मूर्त्ति उडुपि कृष्णदेव स्थानके गर्भगृह की उत्तर दिशा मे स्थित दरवाजे के भीतर वर्तमान है।

उडुपि के हिन्दू देवालयों मे अनन्तेश्वर और चन्द्रमौलि देवालय ही प्रधान है। इन देवालयों के आकार-प्रकार बिल्कुल जैन देवालयों से मिलते है। वल्कि अनन्तेश्वर देवस्थान के सामने आज भी एक छोटा सा सुन्दर शिलामय मानस्तम्भ मौजूद है। स्तम्भ इस बात को प्रमाणित करता है कि यह देवालय मूल में जैनियों का ही रहा होगा। क्योंकि मानस्तंभ जैनदेवालयों का एकांत चिह्न है। हिन्दू देवालयों में यह कही भी नही पाया जाता। प्रत्युत इस बात को हिन्दू विद्वान् भी मानते है। पूर्वोक्त दोनों देवालय पूर्व मे जैनियों के ही थे इस बात को श्रीयुत एस० यु० पणियाडि, एम० गणपतिराव, के० के० शेट्टि आदि मान्य हिन्दू विद्वान् भी स्वीकार करते हैं। वल्कि श्रीयुत पणियाडि जी का कहना है कि यहाँ पर अवस्थित 'शास्ता' नामक मूर्ति भी जैनियों की ही होनी चाहिये। पर कारणवश परसाल (नवम्बर,

१९३७) उस यात्रा में उस मूर्ति को मैं नहीं देख सका। इसलिये इस विषयमें इस समय कुछ भी अपना मत नहीं दे सकता। साथ ही साथ उडुपि पूर्व में जैनियों के हाथ में था यह बात निम्न लिखित हेतुओं से भी पुष्ट होती है—

'कट्पाडि' बल्लालों की गद्दी पहले जैनियों की रही। आजकल हिन्दुओं के हस्तगत है, फिर भी पट्टाभिषिक्त होने के बाद वहाँ के वर्तमान बल्लाल उपनयन के अनधिकारी होते हुए भी जनेऊ पहनते हैं, ब्राह्मण के ही हाथ का भोजन करते हैं। मांस मदिरादि अभक्ष्य पदार्थों का आजीवन उपयोग नहीं करते। मरने पर उनका दाह संस्कार आदि भी स्थानीय ब्राह्मण क्षत्रियादि उच्चवर्ण वालों के द्वारा ही सम्पन्न किया जाता है। कहने का आशय यह है कि ये प्रायः जैनानुकूल रीति रिवाजों को ही अपनाये हुए हैं। यहाँ तक सुना जाता है कि जहाँ पर उनकी गद्दी रहती है, वहाँ पर मद्यमांसादि भक्षक जाने ही नहीं पाते। 'पडुबिदुरे' बल्लालों की गद्दी पूर्ववत् आज भी जैनियों के ही हाथ में है और इन दोनों बल्लालों में सम्मान का आदान प्रदान यथावत् आज भी प्रचलित है। यह बात कट्पाडि गद्दी को जैन सिद्ध करने में मुख्य सहायक होती है।

एक बात यहाँ उल्लेख कर देना परमावश्यक है। वह यह है कि बल्लालों की कुल गद्दियाँ पूर्व में जैनियों की ही थीं और वे ही इस समग्र जिले के शासक रहे। उन्हीं के महल (आवासस्थान) 'बीडु' के नाम से आज भी प्रख्यात है। उडुपि के आस पास के 'निडम्बूरु' एवं 'चित्पाडि' बल्लालों की गद्दी इस वक्त भले ही ब्राह्मणों के हाथ में हों, किन्तु पहले जैनियों के ही हाथ में थी—जैसा कि मैं ऊपर लिख चुका हूँ। आस पास के इन बल्लालों का अधिकार उडुपि मठों और मन्दिरों पर कुछ पहले विशेषरूप से था, पर आज भी इन बल्लालों को यथायोग्य सम्मान इन मठों एवं मन्दिरों से प्राप्त है। यह उडुपि को पूर्व में जैनक्षेत्र सिद्ध करने में काफी सहायक है।

इस जिले के अन्तर्गत बारकूर जैनियों की एक सुप्राचीन राजधानी है। बल्कि इस बारकूर के सम्बन्ध में भास्कर भाग ४, किरण ४ में मेरा एक विस्तृत लेख प्रकाशित हो भी चुका है। जिस समय बारकूरु समृद्धशाली रहा उस समय उसके आस पास जैनियों की संख्या बहुत बड़ी चढ़ी रही होगी। उडुपि बारकूर से केवल ९ मील पर है, अतः वहाँ पर उस जमाने में जैनियों की सत्ता विशिष्टरूप से रहना स्वाभाविक है। यही उडुपि को जैनक्षेत्र सिद्ध करने का तीसरा कारण है।

मैं आशा करता हूँ कि अन्वेषक विद्वान् इस पर विशेष प्रकाश डालने की कृपा करेंगे।

—के० भुजबली शास्त्री

हिन्दी के कुछ जैन कवि और उनकी रचनायें

[२]

हिन्दी जैनसाहित्य विशाल है और उसका अपना गौरवपूर्ण व्यक्तित्व है : किन्तु खेद है कि उसके विषय मे जितनी उपेक्षा जैनियों ने की है, वैसी शायद ही किसी और समाज ने की हो। श्री पं० नाथूराम जी प्रेमी के अतिरिक्त हिन्दी जैनसाहित्य की सार-संभाल, अध्ययन और अन्वेषण करनेवाला और कोई दिखाई ही नहीं दिया। यह बात भी नहीं है कि जैनियों मे हिन्दी-प्रेमी विद्वानो का अभाव हो—अभाव है तो मात्र रुचि, परिश्रम उठाने के भाव और अन्वेषण के साधनों का। क्या ही अच्छा हो कि क्षमताशील विद्वज्जन संगठित हो कर इस दिशा मे अग्रसर हो। प्रेमीजी ने अपने 'हिन्दी जैनसाहित्य के इतिहास' मे अनेकों जैन-कवियो का परिचय और उल्लेख किया है, परन्तु फिर भी ढूंढ़ने से और भी अनेक कविया का पता चल सकता है। निम्न पंक्तियो मे हम कुछ ऐसे ही अश्रुतपूर्व कवियों का उल्लेख उनकी रचनाओं के नमूनों सहित करते हैं —

(१) हंसराय—लेखक (का० प्र०) के ताऊजी पं० तेजराम के संग्रह मे उसे एक गुटका संवत् १८०० अश्विनसुदी ६ का किन्ही निहचत राइ का लिखा हुआ मिला है। उस में कवि विनोदी लालजी एवं अन्य कवियों की रचनाओ के अतिरिक्त निम्नलिखित कवित्त किन्ही हंसरायजी महोदय के रचे हुए दिये गये है:—

"देय गुरु जानै नहि, प्रभु पहचानै नहिं, करत कनास (?) काम कस कस कै ;
नतनमै सहमी कि निद्र करै (?) पापै नहि नैक डरै, ऐसे तो जगत जीव जननी ने जनमै।
आप समझै नहि और को अनिष्ट करै, ऐसे महामूढ़ प्राणी देखे भववन में ;
कहत है 'हसराइ' सुनो भवि चितलाइ. जगत के वासी देखे हंसी आवै मन में ॥"

× × × × ×

'परम पुनीत अहो सूत्र को सुनै नहि, उज्जलसी देह करै तन लटकत है ;
सुरत है माया माँहि, सुबुध सौं नेह नहि, धरम को नहिं सुनै, और दपटत है।
अरे जीव, दैयरा के मारै तो को आवै काल फेटि गहि जम भटकत है ;
कहत हैं 'हंसराइ' सुनो भवि चितलाइ, करम के मोलन भव भटकत है।"(?)

(२) पारस—उपर्युक्त संग्रह मे एक अन्य गुटका पालीनगर मे हरषचन्द का लिखा हुआ है। उसमे पारस एवं अन्य कवियों की रचनायें लिखी हुई हैं। पारसजी का केवल एक

यही पद्य है —

'हीर्द झले ये तो जीव करम घसेरे ॥ टेक ॥
मोह करम को वृक्ष घडो छ, कुमता न जल्गाइरें,
मिथ्या मतकी पाट कडी मैं चेतन बेंध्योरे, ॥ १ ॥
कुगुरन का झांदा जब लाग्या, दुरगति जाय पड्योछेरे,
दुख ही दुख भुगतैछे, सुख को नाम न जानैरे ॥ २ ॥
कबहुक तिरजच गतिमाहि पड्या छे आप ही आप मरै छे रे,
किंचित् पुरण पायके (?) मनुष्य देह धरे छे रे,॥ ३ ॥
कोऊ कहै म्हारे त्रिया नाही, कोऊ सुत को झूरे रे,
पारस तो जिन सुमरन सेती चतुर्विधि चूरे रे ॥ ४ ॥'

(३) चैनविजय या चन्द्रविजय—के निम्न लिखित पद उक्त गुटके में मिलते हैं —

"कथा समझाइ, वनिता वन आइ ॥ टेक ॥
कहत मन्दोदरि सुनि पिय रावण, कुमति कहाँ ते आइ,
मति के हीन बुद्धि के आन्धे, त्रिया हरन पराई ॥ १ ॥
× × ×
"समझायो समझे नहिं प्राणा, अशुभ उदे जो आई ।
चैनविजै और भाइ भभीषण, धर्मसू प्रीत लगाइ ॥ ३ ॥"
× × ×
"जिन-पूजा रचाऊँ, कब मैं औसर पाऊँ ॥ टेक ॥
रतन जडत कचन की झाडी, गगाजल भर लाऊ ;
केसर अगर कपूर घसाऊँ, तदुल धवल धुवाऊ,
माल पाकन की गुथाऊ ॥ जिन पूजा० ॥
× × ×
नाचन चन्द्रविजै प्रभू आगे, बार बार सिर नाऊ ।
नव रावन दरसन पाऊ ॥ जिनपूजा० ॥"

(४) जिनदास—उक्त गुटके में इनका रचा हुआ 'सुगुरुशतक' है, जिसके आदि अन्त के पद्य निम्न प्रकार हैं —

"नमू साधु निग्रन्थ गुरु, परम धरम हित देन ।
सुगति करन भवि जान कु, आनन्द रूप सुयेन ॥ १ ॥"
× × ×

पढं सुनै इस शतक कूं, मन में धारै ज्ञान।
होय दिगंवर पंथ को, ताही के सरधान ॥ ९५ ॥
अलपकाल में शिव लहै, यामैं संशै नाहि।
सुगुरू दिगंवर पंथ के, इत उत भटकें कांहि ॥ ९६ ॥
मद्धि देश में देश यह, नाम ढुढाहड सोइ।
जयपुर नगर सुहावनो, तामैं कहिए सोइ ॥ ९७ ॥
तहाँ जैनमत को वड़ो सदा रहै परभाव।
जैन जैन में हो रहै, भेदाभेद लखाव ॥ ९८ ॥
भेदभाव अति (?) होतही, सुदिढ़ भई परतीत।
पितामह पितातैं हमैं, तजी कुलिगनी प्रीति ॥ ९९ ॥
गोधा जाको गोत है. श्रावग कुल है जास।
अध्यात्म शैली विषै नाम है जिनदास ॥ १०० ॥
अठारासै वावनें चैतमास तमलीन।
सोमवार आठें तहाँ शतकै संपूरण कीन ॥ १०१ ॥"

(५) पं० अचलकीर्ति—मिती अश्विन वदी ७ संवत् १९२३ का लिखो हुआ आप का 'विषापहार स्तोत्र भाषा' मिला है। उसका आरम्भ और अन्त इन पद्यों मे है—

"विश्वनाथ विमल गुण ईश, विरहमान वंदों जिन वीस।
गनधर गौतम शारद माइ, वर दीजै मोहि वुद्धि सहाइ ॥ १ ॥"

× × ×

"पढे सुने जे परमानन्द, कल्पवृक्ष महा सुखकन्द।
अष्टसिद्धि नवनिधि सो लहै, अचल कीर्ति पंडित इम कहै ॥"

(६) हरिचन्द—मिति अश्विन शुक्ला ६ संवत् १९३४ के लिखे हुए गुटका मे कवि हरिचन्दजी की रचनाएँ लिखी हुई हैं। पहले ही 'पंचकल्याणक प्राकृत छन्द' लिखे हुए है। यह श्री रूपचन्दकृत 'पंचमङ्गलपाठ' के सदृश है। इसकी भाषा हिन्दी से मिलती जुलती अपभ्रंश है। नमूना इस प्रकार है:—

"शक्र चक्र मणि मुकट॰वसु, चुंवित चरण जिरोश।
गब्भादिक-कल्लाण पुण, वराणउ भत्ति-विशेष ॥ १ ॥
गब्भ-जन्म-तप णाण-पुण, महा अमिय कल्लाण।
चउविय-शक्र आयकिय, मण वकाय महाण ॥ २ ॥"

"सौधम्मिंद्रास अवधिधारा। कल्लाणगब्भ जिण अवधारा।
णयरी रचना अगाविंयणी। कुबेर सिक्ख सिर धर लिण्णी॥३॥"

× × ×

"अस्सणिमासे अस्सिअरकाए। दशामय दिवसे गुण अरकाए॥
संवस्सर वसुदश तप्पाये। पटतिंश अधिक मङ्गल गाये॥१५७॥
कल्लाणक णिव्वाण यह। थिर सव पढि दातार।
दीजै जण हरिचन्द को लीजै अपणे सार॥१५८॥"

इस रचना के पश्चात् हिन्दी भाषा में इन्हीं कवि का रचा हुआ 'पञ्चकल्याण महोत्सव' लिखा हुआ है, जिसके आदि अन्त के छन्द निम्न प्रकार हैं—

'कल्यानक नायक नमौ। कल्प कुरुह कुल्कन्द (?)।
कलमपहर कल्याणकर। वुध-कुल-कमल-दिनद॥१॥"
मगलनायक वदि के। मगल पच प्रकार॥
वर मगल मुझ दीजिये मगल वरणान सार॥२॥"

× × ×

"मो मति अति हीनी, नहीं प्रवीनी, जिन-गुण महा महत।
अति भक्तिभाव त, हिये चावते, नहि यश हेत कहत॥
सवक मानन का, गुण जानन कौं, मो मन सदा रहत।
जिनधर्म प्रभावन, भव-भव-पावन, जण हरिचन्द चहत॥११८॥"

× × ×

"तीन तीन वसु चद्र ये। सवत्सर के अङ्क।
जेष्ट सुक्ल सप्तमि सुभग। पूरन पढा निसङ्क॥१२१॥"

—का० प्र०

जैनबद्री (श्रवण बेल्गोल) मूलबद्री 'मूडविद्रे' की चिट्ठी

(३)

उक्त पण्डितजी के सग्रह के उपर्युल्लिखित पानी स्थान मे लिखे हुए गुटके में एक रचना 'जैनबद्री मूलबद्री की चिट्ठी' शीर्षक दी हुई है, जिसे स० १८२० म पानीपत निवासी अग्रवाल श्रावक श्रीमजलसराय जी ने हैदराबाद दक्षिण से पानीपत के भाई उग्रसेनजी को लिखा था। उस चिट्ठी की यह प्रतिलिपि संवत् १८५९ चैतसुदी ४ को हुई प्रतिलिपि से ला० जोधराजजी

दिल्लीवाले ने सं० १८९८ को पाली में कराई थी। चिट्ठी से दक्षिण भारतीय प्रसिद्ध दिगम्बर जैन-तीर्थ क्षेत्रों का अच्छा परिचय मिलता है। इस यात्रा में उनको ढेढ़ वर्ष लगा था। गोम्मट स्वामी के दर्शन करके उन्हों ने लिखा कि मूर्ति की महिमा बरणी न जाय। वह भागनगर (?) से दो कोस है। वहाँ से कोस ५० की दूरी पर एक सुरगनगर पट्टण को करणाटक देश में अवस्थित बताया है, जहाँ नगर और पर्वत २५ चैत्यालय तथा ५००-७०० प्रतिमायें थीं। यहाँ जैनधर्म की विशेष प्रधानता थी। इस नगर से १०-१५ कोस दूर असनी नगर लिखा है, जहाँ के मनोज्ञ चैत्यालय में १६ हाथ ऊँची कसौटी की प्रतिमा श्रीशांतिनाथजी की थी और कसौटी पाषाण की ३ हाथ ऊंची श्रीपार्श्वनाथ जी की भी प्रतिमा थी। इनके अतिरिक्त और भी छोटी-छोटी प्रतिमायें थीं। मन्दिर के खंभे भी कसौटी के लिखे हैं। लिखा है कि "ऐसा चैत्यालय कहीं देखने में आया नहीं।" आगे कंकरपटण नगर के दो चैत्यालयों का उल्लेख है। इनके अतिरिक्त ७२ छोटे चैत्यालय वहाँ और थे। वहाँ से ५० कोस दूर हमनी नगर है, जहाँ १२ चैत्यालय धातु रत्न और पाषाण प्रतिमाओं सहित थे। शास्त्रानुसार चौथे काल का सा व्यवहार प्रचलित बताया है। वहीं निकट वन में 'शास्त्र के पाठी जती' (निर्ग्रन्थ मुनि ?) रहते बताये हैं। आगे बदनपुर लिखा है, जहां के निवासी भी धर्मात्मा थे। फिर उन्होंने अमननगर में मूलनायक अजितनाथ की पद्मासनप्रतिमा-सहित चैत्यालय के दर्शन किये थे। वहाँ से ४० कोस दूर उत्तर नगर गये।' तलघट का मुलक है—समुद्रके किनारे वन है'—१००-२०० कोस तक चंदन, दालचीनी, इलायची आदि के पेड़ हैं। उस वन से १० कोस दूर उगर नगर है जो वनमें बसता बताया है। एक बड़े से तालाब के बीच में लिखा है कि 'सिखिरबंध देवर' (मन्दिर) है। कोटचार दरवाजा १६ है। तामें प्रतिमा सिखरबंध खड़ी जोग है। प्रतिमा बहुत है। यात्रा निमत्त नाव में बैठ कर गये थे सो यात्रा करो।' वहाँ नगर के चैत्यालय में श्रीनेमिनाथ जी की मूलनायक-प्रतिमा एवं अन्य सोने-चाँदी, हीरा-पन्ना आदि की रत्नमयी प्रतिमायें थीं। लिखा है कि 'उस जगह की महिमा बरणी न जाय।' वहाँ से आठ कोस दूर कारकाल नगर लिखा है, जहाँ श्रीगोम्मट स्वामी की प्रतिमा के दर्शन उन्होंने किये थे। वहाँ नगर व वन में अठारह चैतालय और लगभग १००० प्रतिमायें स्फटिक और रत्नमयी थीं। पर्वत तथा छोटी गुफा में भी उन्हों ने जिन प्रतिमा के दर्शन किये थे। गुफा में मुनि महाराज भी आते और ध्यान करते लिखे हैं। यहाँ चौथा काल समान वरतता लिखा है। आगे जैन-बद्री (?) मूलबद्री नगर के ४० चैत्यालयों के दर्शन किये लिखा है। जिनमें सात हजार प्रतिमा विराजमान थीं। श्रीचंद्रप्रभूजी का चैत्यालय बहुत बड़ा था, जो समवशरण की तरह था तथा जिसके ४ कोट, १६ दरवाजे व १००८ खंभे थे। छत तांबे की है। 'वर्णन लिखने में

आवै नहीं' ऐसा अपूर्व वह चैत्यालय था। चैत्यालयों में प्रतिमायें सुवर्ण और रत्नमयी बताई हैं। जिनकी आराधना देवता करते हैं। इस चैत्यालय में निम्नलिखित रत्नमयी प्रतिमा विराजमान थी—

१	प्रतिमा लहसनिया की	अगुल	११	प्रमाण।	
१	„ हीरा की	„	३	„	
१	„ पन्ना की	„	११	„	
१	„ फिरोजा की	„	११	„	
१	„ माणिक्य की	„	४	„	
१	„ पुखराज की	„	५	„	
१	„ गोमेद	„	५	„	
१	„ मूगा	„	११	„	
१*	„ विषमणि	„	×	„	(इसका गधोदक लगानेसे सर्वविष दूर होता है।)

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि "भास्कर" नहीं प्राप्त हो, तो इसकी सूचना जल्द आफिस को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्तिविज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन, प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना—यह सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक, श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकमण्डल को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ "भास्कर" आफिस, आरा के पते से भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन है जो अवैतनिक रूप से जैन-तत्व के केवल उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल बी.

प्रोफेसर ए एन उपाध्ये, एम. ए

बाबू कामता प्रसाद, एम आर ए एस.

पण्डित के भुजबली. शास्त्री

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व-सम्बन्धी त्रैमासिक पत्र

भाग ५ भाद्रपद किरण २

सम्पादक

प्रोफ़ेसर हीरालाल, एम ए , एल एल बी
प्रोफ़ेसर ए० एन० उपाध्ये, एम ए
बाबू कामता प्रसाद, एम आर ए एस
पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ४) विदेश में ४॥) एक प्रति का १।)

विक्रम-सम्वत् १९९५

विषय-सूची

हिन्दी-विभाग —

पृष्ठ

१ भ्रामक सूचनाएं—[श्रीयुत पं० जुगलकिशोर मुख्तार ५९
२ मंत्रिप्रवर भरत—[श्रीयुत प्रो० डा० परशुराम एल० वैद्य, एम० ए० डी० लिट् ... ६५
३ जैन-तत्वज्ञान और अरिष्टाटिल का सिद्धान्त—[श्रीयुत ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद ... ६७
४ 'धम्मपद' मे जैन-आदर्श—[श्रीयुत बावू त्रिवेणी प्रसाद, बी० ए० .. ७३
५ मुस्लिम कालीन भारत—[श्रीयुत बा० अयोध्या प्रसाद गोयलीय ... ७८
६ काम्पिल्य—[श्रीयुत बावू कामता प्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस० ... ८४
७ कार्कलद गोम्मटेश्वरचरिते—[श्रीयुत पं० के० भुजवली शास्त्री ... ९२
८ सित्तन्नवासल—[श्रीयुत बावू सुरेशचन्द्र जैन, बी०ए० डिप० एड० ... १०१
९ विविध-विषय (१) उदयगिरि-खंडगिरि, गुफाओ के अन्य शिलालेख—[का० प्र०] १०६
(२) पूज्यपाद-चरित्र—[श्रीयुत बावू कामता प्रसाद जैन .. १०८
(३) वैजनाथ की जिन-प्रतिमा का लेख—,, ,, .. ११०
(४) सवत् १०११ के जैनमन्दिर का एक लेख — ,, १११
(५) दिल्ली का 'उर्दू-मन्दिर'—[श्रीयुत बावू कामता प्रसाद जैन १११
(६) "जैन-एन्टीक्वेरी" के लेख (भाग ४ कि० १) ११२
७ साहित्यसमालोचना - (१) अहिंसा और कायरता-[श्रीयुत पं० के० भुजवली शास्त्री ११३
(२) हमारी कायरता के कारण ,, पं० के० भुजवली शास्त्री ११३
(३) क्या जैनसमाज जिन्दा है? ,, पं० के० भुजवली शास्त्री ११४
(४) सचित्र विजयनगर-साम्राज्य- ,, ,, ११४
(५) जैन सिद्धान्तभवन आरा की संक्षिप्त रिपोर्ट . ११५

ग्रन्थमाला-विभाग —

१ तिलोयपण्णत्ती [श्रीयुत प्रो० ए० एन० उपाध्ये] ... ... ५७ से ६४ तक
२ प्रशस्ति-संग्रह [,, पं० के० भुजवली शास्त्री] .. ... १०५ से ११२ तक
३ वैद्यसार [,, पं० सत्यन्धर आयुर्वेदाचार्य] ... १०५ से ११२ तक

अंग्रेजी-विभाग —

1. JAINA LITERATURE IN TAMIL, By Prof A Chakravarti M A, I.E S 35
2. THE PREVIOUS BIRTHS OF SEJJAMSA, By Kalipada Mitra M A., B L 45
3. THE JAINA CHRONOLOGY, By Kamta Prasad Jain, M R A.S 57
4. THE JĀNGALU INSCRIPTION OF V. S 1176, By Dasharatha Sharma 63
5. THE JAINA BIBLIOGRAPHY 64
6 REVIEW 65
7. SELECT CONTENTS OF ORIENTAL JOURNALS 66
8 THE JAIN SIDDHANTA BHASKARA 67

कार्कल की गोम्मटेश्वर-प्रतिमा

जैनपुरातत्त्व और इतिहास विषयक त्रैमासिक पत्र

भाग ५ | सितम्बर १९३८ । भाद्रपद, वीर नि० सं० २४६४ | किरण २

भ्रामक सूचनाएं

(लेखक—श्रीयुत पं० जुगलकिशोर मुख्तार)

'जैनसिद्धान्त भास्कर'की गत चतुर्थ भागान्तर्गत ४ थी किरणमें 'भगवान् पुष्पदन्त और पूज्यपाद स्वामी' नामसे एक लेख प्रकाशित हुआ है, जिसके लेखक हैं पं० हीरालालजी शास्त्री उज्जैन, जो कि एक अर्सेसे—तीन वर्षसे भी अधिक समयसे—प्रो० हीरालालजीकी देखरेखमें धवलादि सिद्धान्त ग्रन्थोंपर उनके प्रकाशनार्थ कार्य कर रहे हैं। इस लेखमें 'धवल सिद्धान्त'के अङ्गभूत 'जीवट्ठाण' खण्डके सत्प्ररूपणा सूत्रोंके साथ तत्त्वार्थसूत्रकी अष्टमसूत्रस्थित 'सर्वार्थसिद्धि' टीकाके वाक्योंकी तुलनाका जो परिश्रम किया गया है वह प्रशंसनीय है। इस तुलनाके सम्बन्धमें विशेष रूपसे मैं इस समय कुछ भी कहना नहीं चाहता। हाँ, इतना जरूर कह देना होगा कि सत्प्ररूपणा-सूत्रोंके इनमें कहीं-कहीं कुछ

ग़लतियाँ ज़रूर हुई है—जैसे कि ७वां सूत्र 'अत्थि मिच्छाइट्ठी' दिया है जब कि वह 'ओघेण अत्थि मिच्छाइट्ठी' है और टीकामे 'ओघ'शब्दके जोड़ने पर बहस तक की गई है; १४५ और १४६ नम्बरसे जो सूत्र दिये है वे क्रमभंगको लिये हुए हैं—'सासन सम्माइट्ठी०, नामका सूत्र पहले नं० १४५ पर और सम्मामिच्छाइट्ठी०' नामका सूत्र बादको नं० १४६ पर दिया जाना चाहिये था। इसी प्रकारकी और भी कुछ भूलें है। परन्तु इस लेखमें सिद्धान्त-शास्त्रादि-विषयक दूसरी कुछ ग़लत सूचनाएँ भी की गई हैं, जिनसे भ्रमका फैलना सम्भव है। और इसलिये आज इस लेख द्वारा उन्हींकी ओर मैं अपने पाठकोंका ध्यान आकृष्ट करना चहता हूँ।

लेखके प्रथम पैरेग्राफ़मे छह वाक्य है और छहो ही थोड़ी बहुत भ्रामक सूचनाओंको लिये हुए है। पहला वाक्य इस प्रकार है :—

"वर्तमानमे उपलब्ध होने वाले श्रुतज्ञानके सर्वप्रथम लिपिबद्धकर्ता या उद्धारक भगवान् पुष्पदन्त और भगवान् भूतवलि हुए है।"

वर्तमानमे उपलब्ध होने वाले श्रुतज्ञानका विषय बहुत विस्तृत है—वह अनेक शाखा-प्रशाखाओंसे गहन है, और उस सबका समावेश पुष्पदन्त-भूतवलिके सिद्धान्त-ग्रन्थ (षट्खंडागम) मे नहीं हो सकता—वह सारा उसका विषय ही नहीं, और इसलिये वर्तमानमे जितना भी श्रुतज्ञान संसारमे उपलब्ध है उस सब के सर्व-प्रथम लिपिबद्धकर्ता या उद्धारक भ० पुष्पदन्त तथा भूतवलि नहीं हो सकते। यदि श्रुतज्ञानका अभिप्राय जैनागम अथवा जैनवाङ्मय ही लिया जावे तब भी वह बात नहीं बनती, क्योंकि उपलब्ध दिगम्बर-श्वेताम्बर जैनशास्त्रोंमे जिन जिन विषयोंका वर्णन है वे सब पुष्पदन्त-भूतवलिके प्रस्तुत सिद्धान्त-ग्रन्थके विषय नहीं है—प्रस्तुत सिद्धान्त-ग्रन्थका विषय बहुत कुछ परिमित है और वह जैनागमकी एक प्रशाखारूप ही है।

इसके सिवाय भूतवलि-पुष्पदन्तसे पहले श्रीगुणधराचार्यके 'कसायपाहुड'की रचना हो चुकी थी। भूतवलिने अपने 'वेदना' खण्डमे कसायपाहुड'का उल्लेख किया है, इतना ही नहीं बल्कि कसायपाहुडकी गाथाओंके सर्वार्थको अवधारण करनेवाले 'आर्यमंक्षु' और 'नागहस्ति' नामके उत्तरवर्ती महान् आचार्यों तकका उल्लेख किया है, जैसा कि वेदना-खण्डके क्रमशः २२ वें और २४ वें अनुयोग-द्वारोंके निम्नसूत्र वाक्योमे प्रकट है :—

"कम्मट्ठिदि-अणियोगद्दारे हि भण्णमाणे वे उवदेसा होंति जहण्णुक्कस्सट्ठिदीणं पमाणपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणे त्ति णागहत्थिखमासमणा भणंति ; अज्जमंखुखमासमणा पुण कम्मट्ठिदिसंचिदसंतकम्मपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणे त्ति भणंति।"

"अप्पाबहुग-अणियोगद्दारे णागहत्थिभडारओ संतकम्ममग्गणं करेदि एसो च उवदेसो पवाइज्जदि।"*

इसमें स्पष्ट है कि वर्तमानमें उपलब्ध होनेवाले समस्त श्रुतज्ञानके, जिसमें कसायपाहुड भी शामिल है, सर्वप्रथम उद्धारक अथवा लिपिबद्धकर्त्ता भ० भूतबलि तथा पुष्पदन्त नहीं हुए हैं— पुष्पदन्त तो प्रथम खण्ड 'जीवट्ठाण'के भी मात्र प्रथम अनुयोगद्वारके रचयिता हैं। और इसलिये शास्त्रीजीका उक्त वाक्य भ्रममूलक तथा भ्रम प्रसारक है। आपका दूसरा वाक्य इस प्रकार है —

"इनका समय भ० महावीरके निर्वाणके लगभग ६०० वर्ष बाद का है।"

इसमें ६०० के स्थान पर ७०० होना चाहिये था, क्योंकि जिस धवल सिद्धान्तके आधार पर आप लिख रहे हैं उसमें वीरनिर्वाणसे ६८३ वर्षके बाद धरसेनाचार्यका होना लिखा है और उनका अन्तिम अवस्थामें भूतबलि पुष्पदन्तको उनका शिष्य बतलाया है। अन्यथा, किसी दूसरे प्रमाणका साथम स्पष्ट उल्लेख करना चाहिये था। आपका तीसरा वाक्य निम्न प्रकार है—

"भ० पुष्पदन्तने सर्वप्रथम जिस रचनाको लिपिबद्ध किया, वह सूत्रात्मक जीवट्ठाण' है।"

पुष्पदन्तने पूरे 'जीवट्ठाण' खण्ड की रचना नहीं की और न उसे सर्वप्रथम लिपिबद्ध ही किया है। उन्होंने 'वीसदिसुत्त' रूपसे 'सतपरूवणा' नामके एक ही अनुयोगद्वारकी रचना की थी जोकि 'जीवट्ठाण' के आठ अनुयोग द्वारोंमें पहला अनुयोगद्वार है और उसे ही लिपिबद्ध करके जिनपालितके हाथ भूतबलि आचार्यके पास भेजा था। भूतबलिने उस साथमें लेकर पूरे 'जीवट्ठाण' खण्डकी रचना की जिसका दूसरा अनुयोगद्वार है 'दव्वपमाणाणुगम'। साथही, खुद्दाबंध, बंधसामित्त, वेदणा, वग्गणा और महाबंध नामके पाँच खण्ड और बनाए थे, और इस तरह षट्खण्डागमकी रचना करके उसे सर्वप्रथम खुद ही लिपिबद्ध कराया था। ये सब बातें धवलसिद्धान्तसे बिल्कुल स्पष्ट हैं। उसके ग्रन्थकर्तृ-निरूपणावसर और द्वितीय अनुयोगद्वारका प्रारंभ करते समयके निम्न दो वाक्य ही इसके लिये पर्याप्त हैं।

"भूदबलिभयवदा जिणपालिदपासे दिट्ठवीसदिसुत्तेण अप्पाउओ त्ति समुप्पण्ण बुद्धिणा पुणो दव्वपमाणाणुगमादि काऊण गंथरचणा कदा।"

"संपदि चोद्दसण्हं जीवसमासाणमत्थित्तमवगदाणं सिस्साणं तेसिं चेव परिमाण-पडिबोहणट्ठं भूदबलियाइरियो सुत्तमाह।"

इससे पुष्पदन्तको 'जीवट्ठाण' का सर्वप्रथम लिपिबद्धकर्त्ता बतलाना भ्रमपूर्ण है। शास्त्रीजीका चौथा वाक्य इस प्रकार है —

* देखो, 'धवल सिद्धान्त', आरा प्रति, पत्र ११०६, १११०।

"इसके ऊपर आचार्य वीरसेनने 'धवला' नामकी टीका साठ हजार श्लोकों प्रमाण बनायी।"

समग्र 'धवला' टीका 'जीवट्ठाण' की टीका नहीं है, और न 'जीवट्ठाण' की टीकाका परिमाण साठ हज़ार श्लोकों जितना है और न सम्पूर्ण 'धवला' का परिमाण ही साठ हज़ार श्लोकोंका है*। 'धवला' का परिमाण प्राय ७० हज़ार श्लोकोंसे कम नहीं है, वह षट्खण्डागमके प्रथम चार खण्डोंकी टीका है और उसके 'जीवट्ठाण'-विषयक अंशका परिमाण २४ हज़ार श्लोकोंके लगभग जान पड़ता है। इससे शास्त्रीजीका उक्त वाक्य तीनों दृष्टियोंसे सदोष है—अर्थात् त्रिदोषसे दूषित है। आपके प्रथम पैरेग्राफके शेष दो वाक्य निम्न प्रकार है :—

"आज इस सिद्धान्त-शास्त्रकी 'धवल' इस नामसे प्रसिद्धि है।"

"लोक-प्रसिद्धिवश मैं इस लेखमें 'जीवट्ठाण-सिद्धान्त' को 'धवल-सिद्धान्त' नामसे उल्लेख करूँगा।"

जीवट्ठाण-सिद्धान्तकी 'धवल' नामसे कोई प्रसिद्धि नहीं—अधिकांश जनता तो ग्रन्थके "जीवट्ठाण" नामसे ही अपरिचित है। हां 'पट्खण्डागम' सिद्धान्तकी 'धवल' नामसे प्रसिद्धि ज़रूर है और वह भी कुछ गलत प्रचारपर अवलम्बित है, क्योंकि 'धवला' टीका वास्तवमें समूचे पट्खण्डागमकी टीका नहीं है बल्कि उसके प्रथम चार खण्डोकी टीका है—अन्तके दो खण्डोका मूल परिमाण तो, इन्द्रनन्दि-श्रुतावतारके कथनानुसार, प्रथम चार खण्डोंके परिमाणसे पंचगुनेसे भी अधिक है। जब लोक-प्रसिद्धि वैसी नहीं है तब लोक-प्रसिद्धिके आधारपर 'जीवट्ठाण' को 'धवल' नाममें उल्लेखित करना भी ठीक नहीं है।

इन वाक्योंको देखकर मुझे बड़ा खेद हुआ और वह महज़ इसलिये नहीं कि ये वाक्य एक अच्छे शास्त्रीके द्वारा लिखे होने पर भी गलत सूचनाओंको लिये हुए है; बल्कि अधिकतर इसलिये कि वे एक ऐसे विद्वान्की कलमसे लिखे गये है जो तीन वर्षसे भी अधिक समयसे उस धवल-सिद्धान्त पर काम कर रहे है जिससे इन सूचनाओंका सम्बन्ध है। ऐसे ज़िम्मेदार शख्सोंकी लेखनी इतनी असावधान न होनी चाहिये। यदि ऐसी ही असावधान लेखनीसे धवल-ग्रन्थका सम्पादन हुआ तो वह निःसन्देह बहुत कुछ त्रुटिपूर्ण एवं आपत्तिके योग्य होगा। मैं नही चाहता कि इन सिद्धान्त ग्रन्थोके विषयमे, जो अभी तक विशेष रूपसे लोक-परिचय मे नही आ रहे है, नई-नई गलत सूचनाएँ प्रचार पाकर रूढ़ होवें, और इसीसे मुझे इतना लिखनेकी ज़रूरत पड़ी है। आशा है शास्त्रीजी भविष्यमे विशेष सावधानीसे काम लेंगे और इन धवलादि सिद्धान्त-ग्रन्थोंके सम्बन्धमे इस प्रकारकी भ्रामक सूचनाएँ नही निकालेंगे।

* यह परिमाण 'जयधवला' का है जो कि 'कसायपाहुड' की टीका है।

लेखके दूसरे पैरेमाफोंमे भी कुछ वाक्य आपत्तिके योग्य हैं, परन्तु वे प्राय दूसरे ही प्रकारकी आपत्तियों अथवा गलत सूचनाओंको लिये हुए हैं। नमूनेके तौर पर उनमेंसे दो तीन वाक्य नीचे उद्धृत किये जाते हैं —

(१) "यह तो निश्चित ही है कि तत्त्वार्थसूत्रपर जितनी भी दि० या श्वे० टीकायें उपलब्ध हैं, उन सबमें 'सर्वार्थसिद्धि' ही सबसे प्राचीन मौलिक एवं प्रामाणिक मानी जाती है।"

(२) "पूज्यपादका समय विक्रमकी पाँचवी छठी शताब्दी माना जाता है और इस प्रकारसे भ० पुष्पदन्तके लगभग पाँच सौ वर्ष बाद उनका समय ठहरता है।"

(३) पूज्यपाद स्वामीके समयमें संस्कृत भाषाका सर्वत्र प्राबल्य था। उसमें ही सर्व मतमतान्तरोंके विद्वान् अपने अपने धार्मिक, दार्शनिक, साहित्यिक ग्रन्थोंकी रचना कर रहे थे और उस समय ब्राह्मणोंका संस्कृतभाषा पाण्डित्य सर्वत्र बिचर रहा था, इसलिये जैनाचार्योंको भी यह उचित प्रतीत हुआ कि जैनवाङ्मय सम्बन्धी साहित्यकी रचना भी संस्कृत भाषामें ही की जाय जिससे हमारा साहित्य जैनेतर साहित्यके मुकाबिलेमें किसी प्रकार हीन न समझा जाय। इसके पूर्व तक सारा जैन साहित्य प्राकृत भाषामय था।"

पहले वाक्यमें 'मानी जाती है' यह पद खास तौरसे आपत्तिके योग्य है, क्योंकि माने जानेकी दृष्टिसे देखा जाय तो श्वेताम्बरोंकी वैसी मान्यता नहीं है—वे 'तत्त्वार्थाधिगमभाष्य'को उमास्वातिका स्वोपज्ञभाष्य बतलाते हैं और इसलिये 'सर्वार्थसिद्धि'को सबसे प्राचीन मौलिक आदि नहीं मानते। ऐसी हालतमें शुरूका 'यह तो निश्चित ही है' पद और भी खटकता हुआ है। शास्त्रीजीको मानेजानेकी बातको छोड़ कर या तो अपनी विचार दृष्टिसे ही कथन करना चाहिये था और या उसे स्पष्ट रूपमें दिगम्बर समाजकी मान्यता बतलाना चाहिये था— यह नहीं हो सकता कि उल्लेख तो करें आप दिगम्बर श्वेताम्बर दोनों प्रकारकी टीकाओंका और वह मान्यता समझी जाय एक सम्प्रदाय की। यह लिखनेका दोष है और इससे अनभिज्ञोंको गलत सूचना मिलती है।

दूसरे वाक्यमें पूज्यपादके समयको पुष्पदन्तसे लगभग पाँच सौ वर्ष बादका बतलाना भी आपत्तिसे खाली नहीं है, क्योंकि ऊपर बतलाया जा चुका है कि धवला सिद्धान्तके अनुसार पुष्पदन्तका समय लगभग ७०० वर्ष बादका होता है, उसमें यदि ५०० वर्षको जोड़ा जाय तो पूज्यपादका समय वीर निर्वाणसे लगभग १२०० वर्ष बादका अर्थात् विक्रम संवत ७३०के करीबका ठहरता है और इससे पूज्यपादके निश्चित समय छठी शताब्दी तथा लेखकके पूर्वोक्त पाँचवी-छठी शताब्दीके उल्लेखमें भी बाधा पड़ती है। अतः यह वाक्य विन्यास भी सदोष है।

तीसरे वाक्य-समूहमे कही हुई यह बात इतिहासादि किसी प्रमाणसे सिद्ध नहीं है कि पूज्यपादके समयमे जैनेतर सभी मतमतान्तरोंके विद्वान् एकमात्र संस्कृत भाषामे ही ग्रंथरचना कर रहे थे—दूसरी प्रांतिक भाषाओं अथवा पाली-प्राकृत आदिमें ग्रंथोंकी रचना नही हो रही थी। इसी तरह यह भी सिद्ध नहीं है कि उसी समयसे जैनाचार्योंको यह उचित प्रतीत हुआ कि जैनवाङ्मय-सम्बन्धी साहित्यकी रचना संस्कृत भाषामे ही की जाय—उससे पूर्व तक सारा जैन साहित्य प्राकृत-भाषा में था। क्योंकि पूज्यपादसे पहले स्वामी समन्तभद्रादिके द्वारा संस्कृतभाषामे कितने ही महत्त्वपूर्ण जैन साहित्यका निर्माण हो चुका था—खुद पूज्यपादने जिस तत्त्वार्थसूत्र पर 'सर्वार्थसिद्धि' नामकी टीका लिखी वह भी बहुत पहलेसे संस्कृतमे रचा जा चुका था। और पूज्यपादके समयमे भी जैनाचार्योंका ऐसा कोई निर्धार नहीं हुआ कि अबसे जैनसाहित्यकी रचना संस्कृत भाषामे ही की जाय—श्वेताम्बरोंमे तो बराबर प्राकृत भाषामे ही अधिकतर ग्रंथोका निर्माण होता रहा है, दिगम्बरोने भी उसे छोड़ा नहीं है। कितने ही प्राकृत ग्रंथ उसके बादके उपलब्ध हैं—सर्वनन्दी आचार्यने तो प्राय पूज्यपादके समयमे ही 'लोयविभाग' ग्रंथकी प्राकृतमे रचना की थी, जिसके रचनाकालका उल्लेख संस्कृत 'लोकविभाग'मे पाया जाता है और वह शक संवत् ३८० (वि० सं० ५१५) है। ऐसी हालतमे शास्त्रीजीका उक्त लिखना बहुत ही अविचारित, अननुभूत एवं त्रुटिपूर्ण है।

आशा है सत्यके अनुरोध और भ्रामक सूचनाओंके प्रचारको रोकनेकी सद्भावनासे लिखे हुए इस लेखसे बहुतोंका समाधान होगा और वे सब इस बातका प्रयत्न करेंगे कि भविष्यमे इस प्रकारकी गलत सूचनाओका अवरोध होवे, वे फैलने न पाएँ और हमारी लेखनी अधिकाधिक सावधान हो कर उन्नत, पुष्ट एवं निर्भ्रान्त साहित्य तय्यार करने मे समर्थ हो सके।

वीरसेवामन्दिर, सरसावा, ता० १० जून सन् १९३८

मंत्रिप्रवर भरत

[लेखक—प्रो० डा० परशुराम एल० वैद्य, एम०ए० डी०लिट्]

इस निबन्ध में मेरी इच्छा महा कवि पुष्पदन्त के आश्रयदाता मन्त्रिवर भरत का चरित्र सकलित करने की है। उनका चरित्र महाकवि पुष्पदन्त के ग्रन्थों जैसे 'महापुराण' और 'नाग कुमार चरित' से ही जाना जा सकता है।

भरत को मन्त्रीपद अपने पूर्वजों से प्राप्त हुआ था—ऐसा मालूम होता है कि भरत के पहले मन्त्रीपद की परिपाटी इस वंश ने खो दी थी, भरत ने अपने गुणों द्वारा उसे पुन प्राप्त किया था। पुष्पदन्त उनके पितामह का नाम अनय्या अथवा अनैया प्रकट करते हैं। उनके पिता का नाम कवि ने ऐयण अथवा ऐरण और माता का देवी या देवियव्वा लिखा है। उनकी धर्मपत्नी कुन्दव्वा नामक थीं। उनके सात पुत्र थे जिनके नाम इस प्रकार थे — देवल, भोगल, नण्ण, सोहण, गुणवम्म, दन्तैया और सन्तैया। ये सब सन् ९६४-६५ ई० में जीवित थे। 'महापुराण' में उनका उल्लेख हुआ है। यह विदित नहीं कि इनमें से पहले दो पुत्रों का स्वर्गवास कब हुआ था अथवा यदि वे जीवित थे तो सन् ९६७-६८ ई० के लग भग नण्ण को मन्त्री पद पर क्यों आसीन किया गया, यह स्पष्ट नहीं। उस समय राष्ट्रकूट (राठौर) राजा कृष्ण तृतीय का राज्य था। 'नागकुमार चरित'की प्रशस्ति में नण्ण को शुभतुङ्ग अपरनाम तुडिग का मन्त्री लिखा है। यह नाम कृष्ण तृतीय के ही थे। भरत भी उनके ही मन्त्री रहे थे।

महा कवि पुष्पदन्त की रचनाओं से स्पष्ट है कि भरत का सुन्दर शरीर, प्रिय आकृति और विनम्र शिष्टाचार था। उनके शरीर का वर्ण कृष्ण था (श्यामरुचि , श्याम प्रधान)। वह स्वय एक विद्वान थे और कवियों के महान सरक्षक थे। कवियों को वे अपने गृह में आश्रय देते थे। राजघराने में उसका पद दान धर्म अमात्य (Minister of charities) था। वह स्वय ही त्यागवृत्ति को लिये हुए थे। उनका वैयक्तिक चरित्र निर्मल और सन्देह रहित था। वह श्रद्धा और कर्मणा दोनों तरह से एक सच्चे जैनी थे, यद्यपि एक समय उनके अम्बिका और चण्डीशका भक्त होने का उल्लेख मिलता है। सम्भवत वह अपने प्रारम्भिक जीवन में अम्बिका भक्त थे। पुष्पदन्त भी अपने पितृजन के साथ वैष्णवमतानुयायी थे, परन्तु उपरात वे सब के सब जैनी हो गये थे।

पुष्पदन्त का भरत से समागम होने का वर्णन मनोरंजक है और उससे भरत की शिष्टता और उदारता का पता चलता है। पुष्पदन्त एक समय वीरराज के दरबार में थे, किन्तु वहा अपमानित होने पर वह अन्यत्र को चल दिये। घूमते घामते वह राठौरों की राजधानी

मान्यखेट (मालखेड) मे आये और थके-मांदे-धूल-धूसरित वह बाहर एक वाग मे पड़ गये। भाग्यवशात् वहां मान्यखेट निवासी अम्मैय और इन्द्राय नामक दो महानुभाव आ निकले, जो भरत के मित्र थे और जिन्होंने महा कवि पुष्पदन्त की कीर्ति पहले ही सुन रक्खी थी। परस्पर परिचय होने पर उन्होंने पुष्पदन्त से नगरमे प्रवेश करने की प्रार्थना की। पहले तो कविने राजदरबार के कटु अनुभव का स्मरण करके जाने से इनकार कर दिया, परन्तु जब उपरोक्त दोनो महानुभावों ने भरत की उदारता का आश्वासन दिया तो कवि महोदय ने नगर मे जाना स्वीकार किया। वह नगर मे गये और भरत के घर पर भी पहुंचे। भरतने उनका खूब ही स्वागत और आदर सत्कार किया। समय पाकर भरतने कवि से 'महापुराण' रचने और उनका संरक्षण स्वीकार करने की प्रार्थना की। पुष्पदन्तने भरत की यह प्रार्थना स्वीकार की और भरत के घरमे रह कर उन्होने 'महापुराण' की रचना की। ऐसा मालूम होता है कि प्रति दिन जितना अंश वह 'महापुराण' का रच लेते थे उतना ही भरत को सुना दिया करते थे। भरतने इस महाकाव्य की प्रतिलिपियां करा कर सर्वत्र वितरण की थीं। इस ढङ्ग से 'महापुराण' की प्रारंभिक ३७ संधियां ' आदिपुराण रची गयी थीं।

किन्तु इस बीच मे पुष्पदन्त के लिये कोई अरुचिकर प्रसंग उपस्थित हो गया और उन्होंने 'महापुराण' का रचना ही बन्द कर दिया। अन्त मे एक दिन स्वप्न द्वारा सरस्वती देवीने उन्हे इस रचना को पूर्ण करने का आदेश दिया। उधर कविके संरक्षक भरत भी उनके पास आये और विनयपूर्वक ग्रन्थको पूर्ण करने की प्रार्थना करने लगे। कविने स्पष्ट कहा कि उनकी अरुचि मे कारणभूत भरतका दोष जरा भी नही है। अब उन्होंने महापुराणको रचना पुनः प्रारम्भ किया और उसे सन् ९६५ ई० मे रचकर सम्पूर्ण कर दिया। इस घटना के थोड़े समय पश्चात् भरत स्वर्गवासी हो गये और नएण को उनका मन्त्रीपद प्राप्त हुआ। नएण की प्रार्थना पर कविने अन्य दो ग्रन्थों की रचना की थी। सन् ९७२ ई० मे धारा के राजा हर्षदेव ने मान्याखेट को लूटा और नष्ट किया था, जिससे राठौरवंश का अन्त-सा हो गया था। परिणामत: पुष्पदन्त भी नएण के संरक्षण से वञ्चित हुये थे। उस समय कवि के पास जो प्रति 'महापुराण' की थी, उसमे उन्होने निम्नलिखित पद्य लिखे थे —

'दीनानाथधनं सदा बहुजनं प्रोत्फुल्लवल्लीवनं
मान्याखेटपुरं पुरंदरपुरी लीलाहर सुन्दरम्।
धारानाथ नरेन्द्र कोप शिखिना दग्धं विदग्धप्रियं
क्वेदानीं वसति करिष्यति पुनः श्रीपुष्पदन्तः कविः॥'†

---

†'प्रोसीडिंग्स ऑव दी आलइण्डिया ओरियण्टल कान्फ्रेन्स, मैसूर' से अनुवादित।

— का० प्र०

जैन-तत्वज्ञान और अरिष्टाटिल का सिद्धान्त

[लेखक—श्रीयुत ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद]

अरिष्टाटिल Aristotle ग्रीक देश का तत्वज्ञ अलेक्जेंडर दी ग्रेट ग्रीक बादशाह का गुरु था। इसका जन्म ई० सन् से ३८४ वर्ष पूर्व हुआ—इसका देहांत ६२ वर्ष की आयु में हुआ। Aristotle-the metaphysics, translated by Hugh Tredemick M A नाम की पुस्तक पढ़ने से ऐसा ज्ञात हुआ कि उसका मत जैनमत से बहुत मिलता है। या तो यह उसका स्वतन्त्र सत्य विचार हो या उसको जैनमत का उपदेश किसी तरह प्राप्त हुआ हो, क्योंकि उस काल में भारत और ग्रीक देश का सम्बन्ध था—इसी बात का कुछ दिग्दर्शन कराया जाता है।

(१) जैनमतका मुख्य सिद्धांत है कि यह जगत् छः द्रव्यों का समुदाय है—द्रव्य का लक्षण सत् है और सत् का लक्षण उत्पाद व्यय ध्रौव्यरूप है। देखो श्रीउमास्वामि कृत पंचम अध्याय जिसका भाव यह है कि द्रव्य सदा से है व सदा बना रहेगा, तौभी उसमें पर्याय से पर्यायान्तर होना रहेगा—पर्याय या अवस्था का जब उदय होगा तब पूर्व पर्याय का व्यय होगा—अर्थात् मूल द्रव्य के बने रहने पर भी उसमें क्षण-क्षण में अवस्थाएं पलटती रहती हैं, जिसका मतलब यह है कि जगत् में जो कुछ बनता है वह किसी को बिगाड कर बनता है व जो बिगड़ता है वह किसी को बना कर बिगड़ता है। इसी सिद्धांत को अरिष्टाटिल ने प्रकट किया है—

Substance is the only one which has a separate existence it is evidently being in the sense of substance द्रव्य वह है जो भिन्न भिन्न सत्ता रखता है। प्रकटरूप से सत्ता को ही द्रव्य कहते हैं।

Universe has no separate existence apart from its particulars—this is the point upon which Aristotle repeatedly insists विश्व अपने भीतर पानेवाले द्रव्यों से भिन्न कुछ नहीं है, इस बात पर पुनः पुनः अरिष्टाटिल ने जोर दिया है।

Matter passes through successive stages of differentiation, to each of which there is a corresponding form until it emerges as the proximate matter of the individual substance The analysis of the individual substance into the single antethesis of form and matter are confirmed by the parallel analysis into potentiality and actuality If a thing comes to be X it was not X before But change or generation cannot proceed from that which absolutely does not exist.

There must always have been something what was capable of being determined as X. This something, then, although it was not X, was potentially X.

पुद्गल या जड़ द्रव्य क्रम से भिन्न भिन्न अवस्थाओं में गुजरता है। हर एक अवस्था का कुछ आकार होता है; तब यह किसी खास वस्तुरूप से प्रकट होता है। यदि किसी वस्तु की खोज की जावे तो विदित होगा कि उसमें शक्ति और व्यक्ति का भेद है शक्तिरूप में वह था केवल व्यक्ति हो गई है। यदि किसी वननेवाली चीज का नाम एक्स रक्खा, यह एक्स पहले प्रकट न था परंतु इसका जन्म उससे कभी नहीं हो सका जो शक्तिरूप से नहीं हो। जिसको हमने एक्स कहा है वह कुछ पहले ही सदा था, यद्यपि एक्स प्रकट न था किंतु शक्तिरूप से था।

जैनतत्वज्ञान कहता है कि द्रव्य गुण व पर्यायों का समुदाय है—गुण तो सदा द्रव्य के साथ रहते हैं, पर्याय क्रम से प्रकट होती है। यद्यपि सर्व ही संभवित पर्यायों के होने की शक्ति उसमें हैं—व्यक्ति क्रम -क्रम से होती है यही वात अरिष्टाटिल ने कही है।

Book II—The first cause being eternal cannot be destroyed, matter has to be conceived under the form of something which changes वस्तु का प्रथम उपादान कारण नित्य है— कभी नहीं नाश हो सकता—परिणमनशील ही वस्तु को माना जा सकता है।

Book III.—If nothing is eternal, even generation is impossible, for there must be something which becomes something that is out of which something is generated He does not represent somethings to be perishable and others imperishable, but makes everything perishable except the elements.

यदि कोई द्रव्य नित्य न हो तो किसी वस्तु को उत्पत्ति भी असंभव है, क्योंकि जिससे जो वस्तु वनती है वह कुछ होनी चाहिये। अरिष्टाटिल ऐसा नहीं मानता है कि कुछ वस्तु नाशवान है व दूसरी कुछ वस्तु अविनाशी है, किंतु वह समझता है कि हरएक वस्तु विनशनशील है,परंतु उसका मूलउपादान नाशवान् नहीं है।

Book VI.—All causes must be eternal सब उपादानकारण अविनाशी होते हैं।

Book VII.—Substance is thought to be present most obviously in bodies-the visible universe and its parts, the stars and moon and sun. Essence belongs to all things, the account of which is definition. Each individual thing is one and the same with its essence. Of things which are generated, some are generated naturally, others

artificially, others spontaneously but every thing which is generated is generated by something and from something and becomes some thing Natural generation is the generation of things where generation is nature That from which they are generated is what we call matter Generation would be impossible if nothing would already exist It is matter which pre-exists in the product and becomes some thing Process of generation will continue to infinity In everything that is generated matter is present and one part is matter and other form seed contains the form potentially, and that from which the seed comes has in some sense the same name as the product

भावार्थ—दृश्य विश्व के सब पदार्थों में व उस के भागों मे, तारों में, चन्द्र और सूर्य में द्रव्य प्रकटरूपसे मौजूद है। सर्व ही वस्तुओं में मूलतत्त्व है—इसी का वर्णन होता है। हरएक व्यक्तिरूप पदार्थ एक है व उसका तत्त्व उसमें वैसा ही है। जितने पदार्थ बनते हैं, कुछ स्वभाव से बनते हैं, कुछ बनाने से बनते हैं, कुछ परस्पर मिलने से बनते हैं, किंतु जो कुछ बनता है वह किसी वस्तु के द्वारा व किसी से बनता है और कुछ वस्तु हो जाता है। जहा स्वाभाविक उत्पत्ति सभव है वहाँ स्वाभाविक उत्पाद होता है। जिस मे जो पैदा होता है उसे द्रव्य कहते हैं—यदि कोई द्रव्य अस्तित्व में न हो तो उत्पाद बिल्कुल असभव है—यह द्रव्य ही है जो उत्पाद के पहले होता है और वही कोई पदार्थ बन जाता है। यह उत्पाद होने की विधि अनतकाल तक चलती रहती है—जो कोई पदार्थ बनता है उसमे द्रव्य मौजूद है—एक तरफ द्रव्य है दूसरी तरफ उसकी अवस्था या शक्ति है—बीज में वृक्ष की पर्याय शक्ति-रूप से है, जिस वृक्ष का बीज होता है वही नाम बीज को दिया जाता है। जैसे बीज से वृक्ष का नाम होता है।

(२) जैनसिद्धात बताता है जब द्रव्यों का समुदाय सब जगत् मूल में नित्य है तब इसका कोइ कर्ता इश्वर नहीं हो सकता है—जैन सिद्धात में ईश्वर न कर्ता है न पुण्य या पाप का फल देता है, अरिष्टाटिल का भी यही मत है—

It is to be noted that Aristotle denies to God the joy of the artist in creation यह बात समझ लेनी चाहिये कि अरिष्टाटिल का मत है कि ईश्वर एक कारीगर के समान जगत् को बनाता नहीं है।

Book II—If we attribute these gifts to God we shall make him either an incompetent judge or an unjust one and this is alien to his nature. यदि हम माने कि ईश्वर पाप-पुण्य का फल देता है तो हमें उसे अयोग्य जज या अन्यायी जज मानना पड़ेगा—यह उस ईश्वर का स्वभाव नहीं है।

नोट—यदि सर्वशक्तिमान् ईश्वर फल देवे तो वह किसी को पाप करने से पहले रोक भी सकता है। यदि रोके नहीं और फल दे तो वह अयोग्य शासक ठहरता है।

(३) परमात्मा का स्वरूप ज्ञाता, दाता व आनन्दमय अविनाशी है, ऐसा जैन सिद्धांत मानता है; अरिष्टाटिल का भी ऐसा ही मत है।

Book XI.—It is actuality rather than potentiality that is held to be the divine possession of rational thought, and its active contemplation is that which is most pleasant and best. If, then, the happiness which God always enjoys is as great as that which we enjoy some time, it is marvellous, and if it is greater, this is still more marvellous, Nevertheless, it is so, moreover Life belongs to God For the actuality of thought is Life and God is that actuality, and the essential actuality of God is life most good and eternal. Absolute self thought is throughout all eternity. परमात्मा मे व्यक्तिरूप से ईश्वरीय भाव प्रकट होता है। उसका ध्यान सर्वोत्तम व सर्वश्रेष्ठ सुखमय है। जिस आनन्द को परमात्मा सदा अनुभव करता है वह महान् है; उसे कभी हम भी अनुभव करतेहैं। वह अद्भुत है, जितना वह महान् है उतना ही आश्चर्यजनक है—वह ऐसा ही है। ईश्वर जीवन है। भाव की प्रकटता जीवन है। ईश्वर में वह व्यक्तिपना है—ईश्वर का आवश्यक प्रकाश यही है कि उसका जीवन सर्वोत्तम व अविनाशी है—केवल आत्मिक भाव का प्रकाश सदा बना रहता है।

(४) जैनसिद्धांत का एक सिद्धांत स्याद्वाद या अनेकांत है या अपेक्षावाद है। हर एक कथन किसी अपेक्षा से हो वह उसी अपेक्षा से समझना चाहिये—अरिष्टाटिल का भी यही सिद्धांत था।

Book III—Contradictory statement cannot be predicated at the same time For being has two meanings, so that there is a sense in which some thing can be generated from not being, and a sense in which it cannot, and a sense in which the same thing can at once be and not be, but not in the same respect. To say that what is is not, or that what is not is is false; but to say that what is is, and what is not is not is true. It is obvious from this analysis that one sided and sweeping statement which some people make cannot be substantially true It must be that which is that changes, for change is from something into something

भावार्थ—विरोधी वर्णन एक समय मे नहीं किया जा सकता, क्योंकि किसी वस्तु के होने के दो अर्थ हैं—एक अपेक्षा से कोई वस्तु ऐसी उत्पन्न हुई है जो पहले नही थी। दूसरी अपेक्षा से ऐसा नहीं हो सकता (वह किसी से हुई है)। एक अपेक्षा से वही वस्तु एक साथ वही है

व वही नहीं है परन्तु एक ही अपेक्षा से नहीं। यह कहना कि जो है वह नहीं है या जो नहीं है वह है यह असत्य है। परन्तु यह कहना कि जो है वह है व जो वह नहीं है वह नहीं है यह सत्य है। इस विवेक से यह प्रकट है कि एकांत कथन जैसा कुछ लोग करते हैं बिल्कुल सत्य नहीं हो सकता है—यह हो सकता है कि जो बदता है वह वही है क्योंकि परिवर्तन किसी वस्तु में किसी वस्तु में हुआ है। नोट—इसका भावार्थ यही है कि जब सुवर्ण के कड़े को तोड़ कर कुंडल बना तब सुवर्ण की अपेक्षा वही है परन्तु कड़े की अपेक्षा वह नहीं है—कुंडल है।

(५) जैनसिद्धान्त कहता है कि परमात्मा को सर्व ज्ञेय वस्तु का ज्ञान है। इन्द्रियों के द्वारा कुछ ज्ञान होता है। अतीन्द्रिय ज्ञान ही सब जान सकता है। अरिष्टाटिल यही कहता है।

Book I—All men naturally desire knowledge Senses are indeed our chief sources of knowledge about particulars but they donot tell us the reason for everything as for example why fire is hot but only that it is hot The knowledge of everything must necessarily belong to him who in the highest degree possesses knowledge of the universal because he knows in a sense all the particulars which it comprises God is the sole possessor of this sort of knowledge.

सर्व मानव प्रकृतिरूप से ज्ञान को चाहते हैं—हमारे पास ज्ञान के द्वार इन्द्रियें हैं जो खास-खास बातें जान सकती हैं, ये हरएक वस्तु के कारण को नहीं बता सकतीं। जैसे अग्नि गर्म क्यों है? ये यही बतायगीं कि आग गर्म है—जिसको श्रेष्ठतम विश्व का ज्ञान होगा वही हरएक बात को अवश्य जानेगा, क्योंकि उसको सर्वविशेषों का ज्ञान होगा—इस प्रकार के ज्ञान का धारी सर्वज्ञ परमात्मा है।

(६) हरएक आत्मा भिन्न द्रव्य है ऐसा जैनसिद्धान्त है। अरिष्टाटिल का भी यही मत है Substance means simple bodies substance is the cause of their being Soul is the cause of being for animal Things are called like which have the same attributes in all respects or whose quality is one. द्रव्य एक सादा अमिश्र पदार्थ है। वस्तुओं का उपादान कारण द्रव्य है। पशु के जीवन का उपादान कारण आत्मा है। जिनमें एक से गुण होते हैं उनको एक सदृश पदार्थ कहते हैं।

(७) आत्मा के गुण, ज्ञान, आनन्द, शांति आदि हैं। अरिष्टाटिल कहता है—Soul has been classified under three headings of wisdom virtue and pleasure Soul gives us life wherefore it is through the excellence and virtue of the soul that we shall live well Happiness is the end Happiness is the activity of the complete excellence or virtue of the

soul. आत्मा मे तीन विशेष गुण हैं ज्ञान, शांति और आनंद—आत्मा ही से जीवन है—आत्मा को सुंदरता व शांति से ही हम अच्छा जीवन बिता सकते हैं। आनन्द हमारा ध्येय है। जब आत्मा पूर्ण सुन्दर, शांत और निर्दोष हो जाता है तब आनन्दमय रहता है।

(८) कर्मों के फल को भाग्य व आत्मिक गुण के कार्य को पुरुषार्थ कहते हैं, ऐसा जैन-सिद्धांत है। अरिष्टाटिल का भी ऐसा ही मत है—

Riches, and authority and all things else that come under the heading of potentialities are the gift of fortune. Among feelings we have anger, fear, hatred, longing, envy, pity and the like—these are all accompanied by pain or pleasure Faculties are the potentiallities of anger, grief, pity and the like. To do well and to do ill are alike within our power. Every natural growth whether plant or animal has the power of producing its like. It is who has the power of originating actions, our changes of action are under control of our will धन, अधिकार व वे सर्व वस्तु जो अदृष्ट हैं—भाग्य का फल है। क्रोध, भय, घृणा, इच्छा, ईर्ष्या, दया आदि भाव दुःख या सुख देते हैं। इन सब के होने का कारण अदृष्ट शक्तियां हैं; अच्छा या बुरा करना हमारा पुरुषार्थ है। वृक्ष या पशु अपनी प्रकृति के अनुसार बनने की शक्ति रखते है। मानव अपने पुरुषार्थ से अनेक विचित्र कामो को अदल-बदल के कर सकता है।

(९) संयम से आत्मा की श्रेष्ठता होती है, अरिष्टाटिल कहता है—Tempsrence is the best state of the soul संयम आत्मा की उत्तम दशा है। Temperate man is he who lacks desire and passions of any kind. Passion has overcome his reasoning powei and reduced it to inaction, but when, like intoxication, the passion has passed away, he is himself once more संयमी आदमी वह है जिसमें इच्छा व कोई कषाय न हो—कषाय ज्ञान-शक्ति को दबा कर उसे बेकाम कर देता है। जब मदिरा के समान कषाय चली जाती है आदमी स्वयं आपे में हो जाता है।

(१०) ज्ञान को रोकनेवाला कोई आवरण कर्म है, यही बात अरिष्टाटिल कहते हैं—

When there is most of intelligence and rationality, there is least of fortune or luck and most of the latter when there is least intelligence जब ज्ञान व विचार बहुत अधिक हो तब भाग्य कम है जब भाग्य का जोर अधिक हो तब ज्ञान कम प्रकट होता है।

नोट—विद्वानो को विशेष अध्ययन कर के जैनधर्म अरिष्टाटिल के मत मे जान लेना चाहिये।

'धम्मपद' में जैन-आदर्श

[श्रीयुत बाबू त्रिवेणी प्रसाद, बी० ए०]

'धम्मपद' एक प्राचीन ग्रन्थ है। इसमें गौतम की उक्तियों का संग्रह है। इसके सातवें 'वग्ग' का नाम 'अर्हन्तवग्ग' है, अर्थात् इस 'वग्ग' में अर्हतों के सम्बन्ध में विचार किया गया है। मुझे तो ऐसा जान पड़ता है कि इस 'वग्ग' के प्रत्येक श्लोक में जैन अर्हतों या तीर्थंकरों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चर्चा की गई है।

यह याद रखना चाहिए कि जैनधर्म बुद्ध के पहले भी वर्त्तमान था। इसके जन्मदाता‡ श्रीपार्श्वनाथ का समय ई० पू० आठवीं शताब्दी माना जाता है। महावीर—जो गौतम बुद्ध के समकालीन थे—के समय में जैनधर्म उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहा था। बुद्ध कितने उदार थे और 'सत्य तथा 'सुन्दर' के प्रति उनका कितना आकर्षण था, इसका पता हमें जगह-जगह मिलता है। यद्यपि उन्होंने ब्राह्मणों के धर्म से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया था, तोभी एक आदर्श ब्राह्मण को और अत्यन्त श्लाघा की दृष्टि से देखते थे। ऐसे उदारचरित महात्मा ने सत्यसिद्धान्तों को ग्रहण करने में कभी आनाकानी न की होगी—चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय के क्यों न हों। जिस प्रकार आदर्श ब्राह्मण की ओर उनके हृदय में आदर भाव था, उसी प्रकार 'धम्मपद' का सातवाँ 'वग्ग' इसका प्रमाण है कि जैन आदर्शों के प्रति भी उनके विचार अत्यन्त उदार तथा आदरपूर्ण थे।

मैं पहले 'अर्हत्' शब्द को ही लेता हूँ। अर्हत् 'अर्घ' का विकृत रूप है। 'अर्घ' ऋग्वेद* में भी आया है। वहाँ इसका अर्थ है—योग्य, उच्च, श्रद्धास्पद इत्यादि। इस प्रकार ऋग्वेद के समय में भी इस शब्द से एक आदर्श सूचित होता था। शायद जब जैनधर्म में पार्श्वनाथ और महावीर जैसे आदर्श पुरुषरत्न उत्पन्न हुए तो जैनधर्म ने इस वैदिक शब्द को अपना लिया और उन पुरुष रत्नों के सम्बन्ध में इसे प्रयुक्त किया, क्योंकि इस शब्द से आदर्श में निहित पूरा पूरा भाव प्रकट होता था। इस प्रकार अर्हत् जैन-तीर्थकरों के लिए प्रयुक्त होने लगा,† और इसके द्वारा जैनधर्म के सर्वश्रेष्ठ, आदर्श पुरुष का

---

‡ जैनी श्रीपार्श्वनाथ को जैन धर्म के जन्मदाता नहीं मानते किन्तु इसके अन्यतम प्रचारक।
—संपादक

* ऋग्वेद—२ ३ १; २ ३ ३ इत्यादि। यह शब्द 'अवेस्ता' में भी आया है, वहाँ इसका रूप 'अरजह' है। इसी से बोध होता है यह शब्द कितना पुराना है।

† इसमें प्रमाण अपेक्षणीय है।—संपादक

बोध होने लगा। जैन कोपकार हेमचन्द्र ने (बारहवीं शताब्दी) जैनतीर्थङ्करों के पर्य्यायवाची शब्दों को इस प्रकार दिया है—

अर्हञ्जिनः पारगतस्त्रिकालवित्त्क्षीणाष्टकर्मा परमेष्ठ्यधीश्वरः।
शंभुः स्वयंभूभर्गवाञ्जगत्प्रभुस्तीर्थकरस्तीर्थकरो जिनेश्वरः॥ †

हेमचन्द्र ने बुद्ध के भी पर्यायवाची शब्द दिये हैं। यह सूची तीर्थङ्कर के पर्य्यायवाली सूची से बहुत लम्बी है, पर इसमें 'अर्हत्' शब्द का पता नहीं है। बौद्धकोपकार अमरसिंह (छठीं शताब्दी) ने भी अपने अमरकोप में 'बुद्ध' के पर्य्यायवाची शब्द देते हुए 'अर्हत्' का कोई उल्लेख नहीं किया है। किन्तु हेमचन्द्र और अमरसिंह—दोनों ने ही बुद्ध के नामों में 'जिन' शब्द का उल्लेख किया है। 'जिन' और 'अर्हत् से श्रेष्ठ तथा आदर्श पुरुष का बोध होता है, अत ये जैनों तथा बौद्धों—दोनों के आदर्श पुरुषों के सम्बन्ध में लागू हो सकते हैं। पर यहाँ यह भी याद रखना चाहिए कि 'जैनाः' और 'आर्हताः' से जैनधर्मानुयायियों का बोध होता है, और इस प्रकार 'जिन' और 'अर्हत्' भी जैन आदर्श पुरुषों के लिए विशेषतः प्रयुक्त हुआ है। तब यह निस्संकोच कहा जा सकता है बौद्धों ने जैनों से ही इन दोनों शब्दों को ग्रहण किया होगा। इसमें संदेह नहीं कि 'अर्हत्' शब्द बौद्ध ग्रन्थों के आदि में लिखा मिलता है, यथा 'नमोतस्स भगवतो अरहतो सम्मासंबुद्धस्स'। पर यह उसी प्रकार है जैसे, ब्राह्मणों के ग्रन्थों में 'श्रीगणेशाय नम' या जैनग्रन्थों में—'नमो अरिहंताणं', किन्तु यह ध्यान में रखना चाहिए कि यहाँ 'अरहत' षष्ठी विभक्ति में है और विशेषण के समान व्यवहृत किया गया है। यहाँ पर यह शब्द 'श्रद्धेय' या आदरणीय के अर्थ में आया है। अत यहाँ अर्हत्' से वह अर्थ नहीं निकल सकता जो 'नमो अरिहंताणं के 'अरिहंताणं' से निकलता है। 'अर्हत्' शब्द का ऐसा ही प्रयोग 'धम्मपद' के १६४ वें पद्य में किया गया है--

'यो सासनं अरहतं अरियानं धम्मजीविनं।'

'धम्मपद' के टीकाकार आचार्य बुद्धघोप ने यहाँ 'अरहतं' को विशेषण और 'सासनं' को विशेष्य बताया है, और यही ठीक भी है। इस प्रकार यहाँ 'अरहतं' का अर्थ सम्मानास्पद समझना चाहिए, ऐसा ही प्रयोग 'पूजार्ह' 'महार्ह' आदि शब्दों में भी किया गया है।

अब यह विचार करना चाहिए कि बौद्धोंके अनुसार 'अर्हत्' का क्या अर्थ है? 'खुद्दकपाठ' में इसका अर्थ इस प्रकार दिया हुआ है—'दसहंगेहि समन्नागतो अरहातिवुच्चति'—अर्थात्, जिसमें दस लक्षण वर्त्तमान हो, वह अर्हत् है। इससे बोध होता है कि बौद्धों की दृष्टि में

†—अभिधान-चिन्तामणि १ २४-२५।

'अर्हत्' का बहुत ऊँचा किन्तु एक निश्चित स्थान था, और ऐसा जान पड़ता है कि वह स्थान केवल 'बुद्धत्व' के नीचे था। ७९ वें श्लोक में आये हुए 'जुतीमन्तो' शब्द की व्याख्या करते हुए अश्वघोष ने लिखा है—"अरहत्तमग्गञ्जाण जुति', इसका भाव है—"अर्हत्त्व की अनुभूति में उत्पन्न होनेवाला ज्ञान प्रकाश'। आचार्य्य की इस व्याख्या से भी हम देखते हैं कि 'अर्हत्त्व' 'बुद्धत्व' के कितना समीप था। 'यसपन्नज्ज' के अनुसार बुद्ध स्वय सात अर्हतों में स एक थे, किन्तु 'बुद्धत्व' केवल उन्होंने ही प्राप्त किया था। इससे सिद्ध है कि बौद्धों ने अर्हत् का पद बुद्धत्व से नीचे माना है। किन्तु साथ ही यह भी ख्याल रखना चाहिए कि कोई भी सम्प्रदाय किसी दूसरे सम्प्रदाय के सवश्रेष्ठ आदर्श को भी अपने सर्वोच्च आदर्श के नीचे ही स्थान दे सकता है। अत जान पडता है कि बौद्धधर्म में 'अर्हत्त्व' की भावना किसी दूसरे सम्प्रदाय से ग्रहण की गई है और वह सम्प्रदाय निस्सन्देह जैनसम्प्रदाय है। अब आइए 'अहतवग्ग' के प्रत्येक श्लोक का परीक्षा करते चलें—

(१) श्लोक स० ९०—गतद्धि—बुद्धघोष ने इसका अथ 'गतमग्ग' दिया है। इसका अर्थ है—'वह जिसने अपना मार्ग तै कर लिया हो'। अब इसकी तुलना 'पारगत' के साथ कीजिए। हेमचन्द्र ने 'पारगत' को जैनियों के 'अर्हत्' या 'जिन' का पर्यायवाची बतलाया है। 'पारगत' का अर्थ है—'वह जो दूसरे किनारे चला गया हो'। इस प्रकार 'गतद्धि' और 'पारगत' का भाव एक ही है।

सब्बगन्थप्पहीन—वह जो सभी बधनों से मुक्त हो गया हो। इसकी तुलना 'निग्गन्थ' से कीजिए, बुद्ध के समय मे या पहले भी जैन साधु 'निग्गन्थसमन' कहे जाते थे। अशोक के एक स्तम्भ म भी उनका ऐसा ही वर्णन है। हेमचन्द्र ने अपने कोष म इसका सस्कृत रूप 'निर्ग्रंथ' दिया है और इसे जैन साधु का पर्यायवाची बताया है।

(२) श्लोक ९१—न निकते रमन्ति ते—वे गृहों म वास नहीं करते। यह जैन तीर्थङ्करों तथा जैन साधुओं के सम्बन्ध मे सर्वथा लागू है। बुद्ध के सम्बन्ध में भी यह सत्य है। पूज्यपाद के 'इष्टोपदेश' के इस श्लोक से उसकी तुलना कीजिए।

अभवच्चित्तविक्षेप एकान्ते तत्त्वसस्थिति ।
अभ्यसेदभियोगेन योगी तत्त्व निजात्मन ॥

अर्थात् गृहत्याग कर एकान्तवास करना जैन साधुओं का अनिवार्य्य कर्त्तव्य है।

(३) श्लोक ९२ ९३—परिञ्जातभोजन—जो अपने भोजन के विषय में सावधान रहे, आहारे अनिस्सित—जो भोजन पर निर्भर न करे। ये उक्तियाँ सब स अधिक जैनों—विशेष कर जैन साधुओं के सम्बन्ध में लागू होती हैं।

विमोक्ख—बुद्धघोष के अनुसार यह निर्वाण का ही दूसरा नाम है। किन्तु वास्तव मे 'मोक्ष' या 'विमोक्ष' का व्यवहार जैनों के सम्बन्ध में और 'निर्वाण' का व्यवहार बौद्धों के सम्बन्ध मे होता है।

(४) श्लोक ९४-९५—तादिनो (तादि का षष्ठी एकवचनरूप)—उसके समान; तथा तादि। इनमे से प्रथम शब्द ९४ वें और द्वितीय ९५ वें श्लोक मे आया है। आश्चर्य है, इन शब्दों की ओर 'धम्मपद' के अनुवादको या टीकाकारों का ध्यान नहीं गया है। किसी ने उनका अर्थ नहीं दिया है। पर मेरा विश्वास है कि इन शब्दों का एक अलग महत्त्व है। ९४ वें श्लोक मे जहाँ तस्स (जो यस्स से सम्बन्धित है) आ चुका है, 'तादिनो' की आवश्यकता नही थी, यदि वह एक विशेष अर्थ मे प्रयुक्त न किया गया होता। मैं समझता हूं कि उस पंक्ति का अर्थ यह होना चाहिये—"जो उसके समान है, देवता भी उससे ईर्ष्या करते है।" अ ंडरसन का मत है कि 'तादि' का व्यवहार बहुधा बुद्ध के शिष्यों या स्वयं बुद्ध के सम्बन्ध मे भी किया जाता है। अतः मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि उक्त श्लोकों मे तादिनों से यह भाव निकलता है—'अर्हत्'—जिसके सम्बन्ध मे इस वर्ग का प्रत्येक श्लोक कहा गया है—उसके समान है, अर्थात् बुद्ध के समान है पर वह बुद्ध नही है। इस से स्पष्ट बोध होता है कि अर्हत्-आदर्श को बौद्धों ने अपने अनुकूल बना कर अपना लिया है।

(५) श्लोक ९७—यह एक कठिन श्लोक है। इसके बाहरी और भीतरी अर्थ मे आसमान-ज़मीन का फर्क है। इसका साधारण अर्थ यह है—"मनुष्यों मे श्रेष्ठ वह है जो विश्वासहीन, कृतघ्न और डाकू है तथा जिसने सभी आशाओ का परित्याग कर दिया है"। पर इसका वास्तविक अर्थ यह है—मनुष्यों मे श्रेष्ठ वह है, जो सोच समझ कर किसी बात पर विश्वास करता है, जो निर्वाण को समझता है, जिसने सभी बन्धनों को काट दिया है, जिसे पुनर्जन्म से छुटकारा मिल गया है और जिसने सभी इच्छाओ का त्याग कर दिया है"। कहा जाता है बुद्ध ने यह श्लोक ३० संन्यासियो के प्रति कहा था जिन्होंने सारिपुत्त पर श्लोक से साधारण अर्थ मे व्यक्त होनेवाले दोष लगाये थे। सारिपुत्त ने अपने गुरुसे यह प्रार्थना की थी कि सत्य का उपदेश उसे नही, बलिक उन लोगों को दिया जाय, जिन्हें उसकी अत्यन्त आवश्यकता है। बुद्ध ने इस एक ही श्लोक के द्वारा सारिपुत्त के दृढ़ विश्वास के प्रति अपना और उन संन्यासियो का भी मत प्रकट किया। किन्तु मुझे जान पड़ता है कि संन्यासियों ने सारिपुत्त के प्रति नहीं बल्कि जैनों के प्रति यह अभियोग उपस्थित किया होगा। या यह भी संभव है कि स्वयं महावीर पर यह दोषारोपण किया गया हो, जो संभवतः उस समय जीवित थे और धर्मप्रचार कर रहे थे। श्री के० पी० जैन का कहना है कि इस प्रकार के विरोधाभास जैन तीर्थङ्करों के सम्बन्ध में बहुधा पाये जाते है। उपर्युक्त श्लोक पर तीर्थंकरों

की विरोधाभास पूर्ण उक्तियों की यह छाप विचार विनिमय या अनुकरण का स्पष्ट प्रमाण तो नहीं है ? यहाँ यह भी कह देना आवश्यक है कि उपर्युक्त श्लोक में आया हुआ 'सब्बगन्थप्पहीन' शब्द का अर्थ 'सन्तगन्थप्पहीन' के समान ही है।

(६) श्लोक ९९—वीतराग—यह भी जैनतीर्थङ्कर का एक प्रसिद्ध नाम है। हेमचन्द्र ने तीथङ्करों के पर्य्यायों में इसका भी उल्लेख किया है। पर बौद्ध के पर्य्यायों में न तो हेमचन्द्र ने और न अमरसिंह ने ही इसका उल्लेख किया है, यद्यपि बुद्ध के सम्बन्ध में भी यह लागू है। जैनियों में 'श्रीवीतरागाय नमः' का पत्रादि में लिखा जाना एक साधारण बात है पर बौद्धों के यहाँ इसका उदाहरण बहुत ही कम मिलता है। मैं समझता हूँ कि यह जैनों के सर्वोच्चादर्श के प्रति प्रत्यक्ष निर्देश है और यह आदर तथा प्रशंसा की प्रेरणा का सूचक है। मेरा यह भी विश्वास है कि इस शब्द का प्रयोग इस बात का एक निश्चित प्रमाण है कि उस समय तक जैनों का यह आदर्श बौद्धधर्म में ग्रहण किया जा चुका था और उसमें मिल भी चुका था।

'धम्मपद' का एक दूसरा श्लोक भी, यद्यपि वह ७ वें 'वग्ग' का नहीं है, ध्यान देने योग्य है। वह यह है—

उसभं पवरं वीरं महेसिं विजिताविनं। अनेजं नहातकं बुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं॥

इस श्लोक में 'उसभ' और 'वीर' शब्द बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं। बुद्धघोष ने इनके साधारण अर्थ को ही लेकर श्लोक की व्याख्या की है। ये शब्द बौद्ध तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में अनेकशः व्यवहृत हुए हैं। फिर भी मेरी धारणा है यहाँ 'उसभ' (सं० ऋषभ) से जैनियों के प्रथम तीथङ्कर ऋषभदेव तथा 'वीर' से अन्तिम तीथङ्कर महावीर की ओर संकेत किया गया है। ये महेसि (महर्षि), अनेज (वासना से रहित), तथा नहातक (वह जिसने अपने पापों को धो दिया है) कहे गये हैं। पवर (सं० प्रवरं) का अर्थ है श्रेष्ठ, और महा का भी अर्थ है श्रेष्ठ। इस प्रकार 'पवर वीर' से 'महावीर' का संकेत मिलता है। इस प्रकार इस श्लोक से यह भाव निकलता है कि केवल वैदिक धर्म में ही आदर्श ब्राह्मण नहीं पाये जाते हैं। बल्कि ऋषभदेव, महावीर तथा स्वयं बुद्ध भी ब्राह्मण हैं। बुद्ध के अनुसार आदर्श ब्राह्मण होने के लिये जाति, कुल या बाह्य स्वरूप की आवश्यकता नहीं थी। किन्तु 'सब्बवोसितवोसानं' (सभी पूर्णताओं से पूर्ण) होने से ही कोई भी आदर्श ब्राह्मण कहा जा सकता था। जब हम यह ख्याल करते हैं कि बुद्ध ने ब्राह्मणों के धर्म से सम्बन्ध विच्छेद कर एक अलग सम्प्रदाय की स्थापना की थी तो यह बहुत ही स्वाभाविक जँचता है कि उन्होंने वैदिक धर्म से अलग होनेवाले तथा समान आदर्श वाले दूसरे महापुरुषों के प्रति सहानुभूति दिखाई हो। यह उस समय और भी युक्तिपूर्ण जँचता है, जब हम यह ख्याल करते हैं कि दोनों सम्प्रदाय एक ही सम्प्रदाय की शाखाएँ हैं।*

(इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टरली, भाग ३ संख्या ३ में प्रकाशित
श्री एम० गोविन्द पै के निबन्ध का भाव)

*—जैनी अपने धर्म को एक स्वतन्त्र एवं सुप्राचीन धर्म मानते हैं।—संपादक

मुस्लिम कालीन भारत (ई० सन् १२०६) से पहिले अर्थात् महाभारत से ई० सन् १२०० तक भारत की धार्मिक और राजनीतिक स्थिति जानने के लिये लेखक की "आर्य-कालीन भारत" नामक पुस्तक देखनी चाहिये। उस प्रथम खण्ड में जैनियों और हिन्दुओंके शासनकाल के भारत के उत्थान-पतन वर्णित हैं। प्रस्तुत निबन्ध में मुस्लिम कालीन भारत के उत्थान-पतन का वर्णन होगा जो कि धारावाही-रूप से भास्कर मे प्रकाशित होगा।

मुस्लिम कालीन भारत*

[लेखक—श्रीयुत बा० अयोध्याप्रसाद गोयलीय]

प्रथम प्रकरण

भारत के प्रथम गुलाम-वंशीय शासक

[ई० स० १२०६ से ई० स० १२९० तक]

विधि का विधान विचित्र है। भारत गुलामी की ज़ंजीरों में गुलामों द्वारा ही जकड़ा गया। योग्यता, वीरता, सभ्यता आदि गुण किसी विशेष जाति, देश अथवा वर्ण की मीरास नही हैं। इन पर मनुष्य जाति का समानाधिकार है। प्रत्येक प्राणी मे मानवोचित उत्तम गुण-बीज मे वृक्ष के अस्तित्व समान छुपे रहते है, और अनुकूल साधन मिलते ही प्रस्फुटित हो जाते है। किसी मनुष्य अथवा वर्ग-विशेष की आत्मा को विकास न होने देना—उसे समाज अथवा धर्म-बन्धन से जकड़े रहना—अन्याय है। सभी जातियों और देशो मे उत्तमोत्तम गुणवाले मनुष्य पाये जाते है। जिन्हे उभरने के साधन मिल जाते है, वह उभर जाते है, बाक़ी सीप मे मोती के समान पड़े हुए समुद्र के उदर-गह्वर मे जन्तुओं के भोज्य पदार्थ बने रहते है। भारत के प्रथम १० मुसलमान बादशाह अच्छे वातावरण मे उत्पन्न न होकर गुलाम-वंश से उत्पन्न हुये थे। यह वह समय था, जब ईसाई और मुस्लिम-देशों मे खरीदे हुए मनुष्य गुलाम कहलाते थे और उनके साथ पशु जैसा घृणित व्यवहार किया जाता था। उनके बीबी-बच्चे और दिलो-दिमाग पर भी मालिकों का अधिकार होता था। फिर भी यह गुलाम भारत के उस कण्टकाकीर्ण समय मे शासक हुए, जब हारे हुए राजपूत गोली खाये हुए शेर की भांति अपने गये हुए राज्य को पुनः हस्तगत करने की ताक में घात लगाये हुए बैठे थे।

साधारण गुलाम से एक विदेशीय और विजातीय का शासक होना खेल नहीं, ये बातें इन बादशाहों की लगन अथक परिश्रम और शूरवीरता का परिचय देती हैं। इस्लाम का समानाधिकार वाला सिद्धान्त भी इनके उत्थान मे बहुत कुछ सहायक हुआ। इस वंश मे

---

* यद्यपि इस लेख का जैनधर्म से कोई सम्बन्ध नही है। यह एक सार्वजनिक ऐतिहासिक लेख है। फिर भी इससे—मुस्लिम क्यों विजयी हुए, किस तरह उठे और किस तरह गिरे एव उस समय भारत की स्थिति क्या थी आदि बातों की जानकारी अवश्य हो जाती है। इसी लिये इसको भास्कर में स्थान दिया जा रहा है। —सम्पादक

९ बादशाह और एक मलका हुईं, इन सब ने ई० स० १२०६ से ई० स० १२९० तक कुल ८४ वर्ष राज्य किया। इस वंश का सबसे प्रथम कुतुबुद्दीन ही भारत में पहले पहल मुस्लिम साम्राज्य का संस्थापक हुआ।

कुतुबुद्दीन ऐबक*
(१२०६-१०)

मुहम्मद शहाबुद्दीन गौरी देहली और कन्नौज विजय करके लौट गया और यहाँ कुतुब को अपना प्रतिनिधि नियत कर गया। १५ वर्ष तक इसने प्रतिनिधि का कार्य करते हुए भारत के दूरस्थ देशों को जीता और १२०६ ई० में गौरी के मारे जाने पर स्वयं देहली का सम्राट् बन बैठा और इस प्रकार अनायास ही भारत में मुस्लिम साम्राज्य की स्थापना गुलाम वंशी कुतुबुद्दीन द्वारा हुई। मुस्लिम साम्राज्य और धर्म फैलाने के लिये इसके हृदय में अदम्य उत्साह था, साथ ही असहिष्णुता का दानव भी बहुत कुछ मात्रा में इस के मस्तिष्क में प्रवेश कर चुका था। अतः इसने धार्मिक और राजनीतिक परिस्थिति के चक्र में पड़ कर लाखों हिन्दुओं को मृत्यु के सुपुर्द कर दिया और जजिया कर भी हिन्दुओं पर लगाया। किन्तु यह अधिक दिन जीवित न रह सका और ४ वर्ष शासन करने के बाद एक रोज चौगान (पोलो) खेलते हुए घोड़े से गिर कर मर गया।

आरामशाह

कुतुब के बाद उसका पुत्र आरामशाह राज्यारूढ़ हुआ, किन्तु इसके अयोग्य और अशक्त होने के कारण जीते हुए प्रदेशों में विद्रोह हो गया। अतः उसे गद्दी से उतार कर बदाऊँ के सूबेदार अल्तमिश ने देहली के शासन की बागडोर अपने हाथ में ली।

शमसुद्दीन‡
अल्तमिश
(१२११-२६)

यह कुतुब का जर खरीद गुलाम था। अपने पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा के कारण उत्तरोत्तर उन्नति करता हुआ सूबेदार और अन्त में बादशाह बन बैठा। यह बादशाह क्या हुआ मानो भिड़ों के छत्ते में हाथ डाल दिया। उसकी इस उन्नति से लोग ईर्ष्या करने लगे, और कहने लगे कि बादशाह के जर खरीद गुलाम को बादशाह बन जाने का क्या हक है? जबकि खलीफा ने इसे बादशाह चुना ही नहीं है। इन सब विरोधों की परवा न करके पहिले उसने शक्ति सञ्चय की और जब वह शक्तिशाली हो गया तो खलीफा ने भी खिलअत भेज कर उस

*ऐबक—तुर्की भाषा में यह अमीरों की एक उपाधि है। फरिश्ता का यह अनुमान कि हाथ की उँगलियाँ टूटी होने के कारण ही यह ऐबक कहलाया, गलत है।

—इब्नबतूता की भारत यात्रा पृ० ६१

‡ फरिश्ता लिखता है कि कुतुबुद्दीन ने इस दास का नाम खरीदने के पश्चात् अल्तमश (चन्द्र को लज्जित करनेवाला) नाम रक्खा। बहुत सम्भव है अत्यन्त रूपवान होने के कारण ही यह नाम रक्खा गया हो।

—इब्नबतूता की भारत यात्रा, पृ० ६१

बादशाह की पदवी प्रदान कर दी *। खलीफा की स्वीकृति पाकर अल्तमिश की शक्ति और भी बढ़ गयी। जो स्वार्थवश धर्म की आड़ लेकर उसे बादशाह स्वीकार नहीं करते थे, अब उनके मुंह बन्द हो गये। अब मुसलमानों के लिये अल्तमिश का विरोध करना मानों खलीफा का विरोध करना था। अलतमिश जीवन भर अपनी सत्ता स्थापित करने में लगा रहा। उसने बंगाल और सिन्ध के विद्रोही सूबेदारों को दबा कर मालवा, गुजरात, ग्वालियर, उज्जैन विजय किये और मेवाड़ प्रान्त के रणथम्भोर और माण्डलगढ़ दुर्ग हस्तगत किये। इस प्रकार जब अलतमिश मुस्लिम साम्राज्य का विस्तार कर रहा था, तब तातार का प्रसिद्ध चंगेज़खां अपने भयानक और कुरूप सिपाहियों को लेकर मंगोलिया से आंधी की भांति उठा और बहुत से मुसलमानी राज्यों को विध्वंस करता हुआ, भारत पर आक्रमण करने के लिये सिन्धु तक आ पहुंचा। किन्तु अलतमिश की दूरन्देशी से वह आक्रमण न कर सका, चंगेज़खां लौट गया और इस प्रकार अनायास ही एक बहुत बड़े तूफान से भारत बच गया। किन्तु कई मंगोल अफगानिस्तान आदि प्रदेशों मे बस गये। जब एक बार उन्हे भारत के मार्ग का पता लग गया, तब वे समय-समय पर अवसर पाते ही आक्रमण करने लगे। इब्नबतूता लिखता है कि—"यह सम्राट् स्वयं विद्वान् था। इसका चरित्र अच्छा और प्रवृत्ति सदा न्याय की ओर रहती थी। न्याय करने के लिये विशेष उत्सुक होनेके कारण, इसने आदेश दे दिया था, कि जिस पुरुष के साथ अन्याय हो, उसे रञ्जित वस्त्र पहन कर बाहर निकलना चाहिये, जिससे सम्राट् उस पुरुष को देखते ही पहचान लें, क्योंकि भारतवर्ष मे लोग साधारणतया श्वेत वस्त्र ही धारण करते है। रात्रि के लिये एक दूसरा ही नियम था। द्वार-स्थित बुर्जों के स्फटिक के बने हुए सिंहों के गले में शृङ्खलायें डाल कर उनमे घड़ियाल (बड़े घण्टे) बंधवा दिये थे। अन्याय-पीड़ित के ज़ंजीर हिलाते ही सम्राट् को सूचना हो जाती थी और उसका न्याय तुरन्त किया जाता था। इतना करने पर भी इस सम्राट् को सन्तोष न था। वह कहा करता था कि लोगों पर रात्रि को अवश्य अन्याय होता होगा। प्रातःकाल तक तो बहुत विलम्ब हो जाता है। अतः दूसरा आदेश निकाला गया कि न्यायार्थियों का फ़ैसला तुरन्त हो जाना चाहिये। ई० स० १२३५ मे अलतमिश की मृत्यु हुई। गुलाम सम्राटो मे यही सबसे महान् था।

---

* मृगेन्द्रस्य मृगेन्द्रत्वं वितीर्णं केन कानने !

—वादीभसिंह सूरि

"वनमें मृगेन्द्र को मृगेन्द्रता-स्वाधीनता किसने अर्पण की ? किसी ने भी नहीं।" इस से मालूम होता है कि स्वाधीनता कभी किसी को उपहार में नहीं मिलती वह स्वयं अपने बलके आधार पर प्राप्त की जाती है और तभी टिकती है।

अल्तमिश का पुत्र रुक्नुद्दीन सात माह राज्य करने पर, जब राज्य के अयोग्य समझा गया, तब अल्तमिश की पुत्री रजिया सिंहासनारूढ हुई। यह अल्तमिश के शासन काल में राज्य कार्य्य में बहुत कुछ सहयोग देती थी। इसने साढ़े तीन वर्ष बड़ी सजगता और तत्परता से राज्य किया। रजिया मर्दाने वस्त्र पहन कर दरबार में बैठती थी। यह अत्यन्त वीर साहसी और चतुर स्त्री थी। एक हब्शी गुलाम पर प्रेम करने के सन्देह में कुछ सरदारों ने इसे विद्रोह कर के मार डाला।

रजिया बेगम
(१२३६-३९)

रजिया बेगम की मृत्यु के उपरान्त उसका भाई गद्दी पर बैठा, इसने केवल दो वर्ष राज्य किया और यह विद्रोही दरबारियों द्वारा कैद कर लिया गया इसके बाद अल्तमिश का पौत्र राज्यारूढ हुआ और यह भी पांच बरस राज्य करने पर कैद कर लिया गया। इन दोनो के पीछे अल्तमिश का सब से छोटा पुत्र नासिरुद्दीन राज्याभिषिक्त हुआ। यह बादशाह अत्यन्त सच्चरित्र और ईश्वर भक्त था। आजीवन इसने राजकोष से एक भी पैसा न लेकर अपने हाथों से पुस्तकें लिख कर जीवन निर्वाह किया। इसकी एक ही पत्नी थी। सब घरेलू कार्य्यों के अलावा रसोई भी उसे स्वयं बनानी पड़ती थी। एक बार भोजन बनाते समय बेगम का हाथ जल गया, तो उसने बादशाह से कुछ दिन के लिये रसोई बनाने वाली नौकर रख लेने की प्रार्थना की, किन्तु बादशाह ने यह कह कर बेगम की प्रार्थना अस्वीकार कर दी, कि "राज्यकोष पर मेरा कोई अधिकार नहीं है, वह तो प्रजा की ओरसे मेरे पास केवल धरोहर मात्र है और धरोहर को अपने कार्यमें व्यय करना पाप है। बादशाह तो क्या प्रत्येक व्यक्ति को स्वावलम्बी होना चाहिये—अपने कुटुम्ब के भरण पोषण को खुद कमाना चाहिये। जो बादशाह स्वावलम्बी न होगा, उसकी प्रजा भी अकर्मण्य हो जायगी। अब मैं राज-कोष से एक पैसा ले नहीं सकता और मेरी हाथ की कमाई सीमित है, उससे तुम ही बताओ नौकरानी कैसे रखी जा सकती है* ?"

नासिरुद्दीन महमूद
(१२४६-६६)

---

* एक ऐसी ही इसलाम के इतिहास में करीब १३०० वर्ष की घटना इस प्रकार है —

हज़रत उमर (द्वितीय खलीफ़ा) बहुत सादगी पसन्द थे। इन्हों ने बाहुबल से अरब, फ़लस्तीन रूम, बैतुल मुक़द्दस (शाम का एक स्थान) आदि में केवल दस वर्ष में ही ३६००० किले और शहर फतह किये और शान्ति स्थापित की। यह त्यागी खलीफ़ा सादगी के नमूने थे। केवल राजकोष से अपने परिवार के पालन के लिये २०) माहवार लेते थे। तंगदस्ती इतनी रहती थी कि कपड़ों पर आठ का चमड़े की थकरी (पैवन्द) लगानी पड़ती थी। ताकि उस जगह से कपड़ा दुबारा न फटे जाय। जूते भी खुद गांठ लेते थे, सिरहाने तकिये के स्थान पर ईंटें लगाते थे। उनके बच्चे भी फटेहाल रहते थे, उन्हें उनके साथी अपने नये कपड़े दिखा कर चिढ़ाते थे। एक दिन उमर के पुत्र

राजर्षि नासिरुद्दीन की मृत्यु के पीछे गयासुद्दीन बलबन राज्यारूढ़ हुआ। करीब ४० वर्ष बलबन के हाथों में देहली-साम्राज्य की डोर रही। प्रारम्भ में २० वर्ष तक नाम मात्र के बादशाह साधु-स्वभाव नासिरुद्दीन का प्रधान मन्त्री और सम्राट् की मृत्यु के बाद २०वर्ष तक शासक रहा। इन ४० वर्षों में मुस्लिम-साम्राज्य की नींव जमाने में इसने काफी प्रयत्न किया। मंत्रित्वकाल में उसने विद्रोहियों को दबाने और आक्रमणकारी मंगोलों को हराकर भगाने में सफलता प्राप्त की। बादशाह होने पर उसने राज्य-सभा का वैभव बढ़ाया, राज-नीति में परिवर्तन किया और शासन को सुदृढ़ और चिरस्थायी बनाया। उसने एक जासूस विभाग खोला। ये जासूस बलबन के पुत्र तक की कार्यवाही का विवरण बलबन को गुप्त रीति से लिखकर भेजते थे। बलबन न्याय करने में बड़ा कट्टर था। वह अपने भाइयों, पुत्रों, मित्रों और सम्बन्धियों तकको दोषी होने पर दण्ड दिये बिना नहीं छोड़ता था। बलबन ने हिन्दू मेवातियों को विद्रोही होने के कारण लाखों की संख्या में नष्ट कर दिया, उनके गांवो में आग लगवादी, जब यह हिन्दू मेवाती बिलकुल शान्त और मुसलमान हो गये, तभी उनका पीछा छोड़ा। इसने अन्य मुसलमान विद्रोहियो को भी बड़ी सजगता से दबाया। इसकी राज्य-सभा के नियम बड़े कठिन थे। न तो किसी को हँसने की आज्ञा थी और न बलबन स्वयं हँसता था। दिल्लगी और मजाक का तो कहना क्या? प्रारम्भिक जीवन में बलबन शराब पीता था, किन्तु राज्यासीन होते ही उसने अपनी इस कुटेव को छोड़ दिया।

गयासुद्दीन बलबन *
(१२६६—८७)

अब्दुलरहमान ने अपने लिये नये कपडे बनवाने के लिये रो-रोकर ख़लीफा से बहुत मिन्नतें कीं। ख़लीफा का हृदय पसीजा और उन्होंने अपने अगले वेतन में काट लेने के लिए संकेत करके दो रुपये पेशगी देने को लिखा। किन्तु कोषाध्यक्ष तो ख़लीफा का पक्का अनुयायी था अत: उसने यह लिख कर रुपया देने से इनकार कर दिया कि "काश आप इन्तकाल फरमा गये तो यह रुपये किस हिसाब में डाले जायेंगे"? हज़रत उमर इस पर्चे को पढ़ कर रो पड़े और कोषाध्यक्ष की इस दूरन्देशी के लिये बारबार धन्यवाद दिया और बच्चे को प्यार करके कहा, बेटा! अगले माह में तनख्वाह मिलने पर तुम्हारे कपडे ज़रूर बनवा दूंगा।" इन्हीं ख़लीफा साहब ने अपने पुत्र अब्दुलरहमान को एक अनाथ लड़की से ज़िन्हा (बलात्कार) करने पर बेत लगवाने का हुक्म दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी।

*—तबकाते नासिरी के लेखक के अनुसार बलबन और अल्तमश दोनों ही राजपुत्र थे। 'चंगेज़ खा' के आक्रमण के समय यह बन्दी बनाये गये और फिर बादशाहों के हाथ बेंचे गये। अल्तमश जितना सुन्दर था उतना ही बलबन कुरूप था।

इब्नबतूताकी भारत-यात्रा पृष्ठ ६५।

ससार के नियम भी कैसे विचित्र हैं, जिस गुलाम-वशी बलबन ने साम्राज्य की नींव रसातल तक पहुचाने में कोई कसर न छोडी, उसी बलबन के मरते ही गुलाम-वश का अन्त हो गया—मुस्लिम साम्राज्य की नागडोर इनके हाथ से छूट कर खिलजी वश के हाथ मे आ गयी। बलबन ने शम्सी गुलामों का अन्त क्या किया—गुलाम वश की बादशाहत का ही अन्त कर डाला। ८० वष की अवस्था मे जवान पुत्र की मृत्यु के समाचार सुनकर उसे बहुत दु ख हुआ और अन्त में वह मर गया।

बङ्गाल का हाकिम तोगरलखा विद्रोही हो गया था, बलबन ने उसे पराजित कर के मार डाला और अपने बेटे बुगराखाँ को उसके स्थान पर बगाल का हाकिम नियुक्त किया। बुगराखाँ बगाल की सूबेदारी पाकर ही सन्तुष्ट हो गया। बलबन की मृत्यु होने पर उसे अपने बाप के राजासन पर बैठने की इच्छा ही न हुई अत इसका पुत्र कैकुबाद एक अमीर की साजिश* स राज्यासीन हुआ। वह राज्य-प्राप्त करते ही विलासिता में डूब गया। मुगल इस ताक म लगे ही हुये थे, उन्हें इससे अच्छा अवसर और कौन सा मिलता? आक्रमण कर दिया, किन्तु कैकुबाद विजयी हुआ। उसे मुगलों की इस करतूत से बड़ा गुस्सा आया और क्रोधित होकर अपनी फौज में जितने मुगल थे, सब को मरवा दिया और उस वक्त अधिकतर फौज न मुगल ही मुगल थे। कैकुबाद के इस आचरण स बुगराखाँ (जो बगाल का हाकिम और इसका बाप था) को भी अत्यन्त दु ख हुआ और वह इसे समझाने को दिल्ली भी आया। बाप क कहने से कुछ रोज तो यह ठीक रहा किन्तु फिर वही बल्कि उससे भी अधिक रग रलियाँ होने लगीं। जिसका परिणाम यह हुआ कि समाने का गवर्नर और वजीर शाइस्ताखाँ, जो तुर्की सरदार खिलज का रहने वाला था, दिल्ली पर चढ आया और किलोखरी में स्थित कैकुबाद को कत्ल कर के उसकी लाश को खिड़की से नीचे रेती म फेंक दिया और सन् १२९० में स्वय राज्यारूढ़ हुआ।

मुअज्जुद्दीन कैकुबाद (१२८७—९०)

(क्रमश)

* क्योंकि बलबन न कैखुसरो को जो बलबन के पुत्र सुलतान मुहम्मद खाँ का पुत्र था, अपने रिक्त स्थान के लिये चुना था।

काम्पिल्य

[ले०—श्रीयुत बाबू कामताप्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस०, साहित्य-मनीषी]

काम्पिल्य प्राचीन भारत का एक प्रधान नगर था। जनसमूह में उसकी प्रसिद्धि राजा द्रुपद की राजकुमारी द्रौपदी के कारण-विशेष है। प्रस्तुत लेख में प्राचीन काम्पिल्य का परिचय कराना इष्ट है। किन्तु परिचय कराने के पहले यह देख लेना उचित है कि वर्तमान में इस नगर को पता कहाँ है? किस स्थान पर उसके ध्वंसावशेष खोज करने से मिल सकते हैं? जेनरल कनिंघम सा० और डा० फुहरर सा० ने अपने-अपने पुरातत्त्वान्वेषण-सम्बन्धी स्तुत्य कार्य द्वारा हमारी इस जिज्ञासा को हल कर दिया है। उन्होंने प्राचीन काम्पिल्य वह स्थान बताया है जो आजकल संयुक्त प्रान्त के फतहगढ़ ज़िले मे कायमगंज तहसील से पश्चिम दिशा की ओर अवस्थित और कम्पिल नाम से प्रसिद्ध है[1]। फतहगढ़ से वह लगभग २८ मील की दूरी पर है। अपने खण्डहरों और खेडों के कारण साम्प्रत कम्पिल निस्सन्देह प्राचीन काम्पिल्य की प्रतिच्छाया प्रतीत होता है।

काम्पिल्य=कम्पिल

प्राचीन भारत मे काम्पिल्य नाम का नगर पांचाल देश की एक राजधानी था। पाञ्चाल देश दो भागों मे विभक्त था। गंगा से उस पार वाला देश 'उत्तर पाञ्चाल' कहलाता था। और इस ओर का देश 'दक्षिण पाञ्चाल' के नामसे प्रसिद्ध था। उत्तर पाञ्चाल को राजधानी अहिच्छत्र थी और दक्षिण पाञ्चाल की राजधानी होने का गौरव काम्पिल्य को प्राप्त था[2] 'महापुराण' से स्पष्ट है कि इस देश की रचना प्रथम तीर्थङ्कर के समय मे इन्द्र-द्वारा हुई थी और यहाँ तीर्थङ्कर ऋषभदेव ने आकर धर्मोपदेश दिया था[3]। 'हरिवंशपुराण' मे इसकी गणना मध्यप्रदेश के जनपदों मे की गई है और इसे भ० ऋषभ एवं महावीर के धर्मोपदेश से पवित्र हुआ बताया है। उसमे यह भी लिखा है कि ऋषभदेव के पुत्र बाहुबली जब राज्य त्याग कर मुनि हुए तो पाञ्चाल के राजकुमार भी मुनि हो गये थे। एक समय पाञ्चाल देश की स्वादिष्ट मसालेदार मूंग की दाल प्रख्यात थी[4]।

पाञ्चाल देश की राजधानी

काम्पिल्य केवल एक जनपद-विशेष की राजधानी ही हो, यह बात नहीं है, बल्कि उसे

---

1. Arch. S. Rep, I, p 255 & Geog Dic· of Ancient & Med India, p. 88
2. Cunningham, Anc: Geog of India, Notes pp. 704 705
३ महापुराण (इन्दौर) पृष्ठ ५६८ व ५८१.
४ हरिवंशपुराण ३।३-७; ११।६४ व १८।१६०।

हिन्दुओं और जैनियों का तीर्थस्थान होने का महत्त्व प्राप्त है। हिन्दुओं के निकट वह कपिल ऋषि की तपोभूमि, राजा द्रुपद का राजनगर और गङ्गा नदी में पर्व स्नान करने के लिये पवित्र स्थान रहा है। आज भी हजारों हिन्दू पुरुष स्त्री गङ्गा स्नान करने के लिये सोमवती अमावस आदि पर्व के अवसरों पर कम्पिल जाते हुए दिखाई पड़ते हैं। जैनियों के निकट काम्पिल्य उनके तेरहवें तीर्थङ्कर भ० विमलनाथ का गर्भ-जन्म-तप ज्ञान कल्याणक स्थान होनेके कारण अत्यधिक पूज्य पुण्य स्थान है। भारत के कोने-कोने से जैनी यात्री आकर इस तीर्थस्थान की यात्रा वन्दना करते हैं।

एक तीर्थ

जैन साहित्य में काम्पिल्य का जो वर्णन मिलता है उससे वह एक अत्यन्त प्राचीन नगर प्रतीत होता है। राजा द्रुपद से बहुत पहले वहां इक्ष्वाकु वंशी राजा कृतवर्मा राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम जयश्यामा था। रानी जयश्यामा की कोख से तीर्थङ्कर विमलनाथ का जन्म हुआ था[1]। युवावस्था को प्राप्त होने पर उनका राज्याभिषेक हुआ था और उन्होंने दीर्घ काल तक न्यायपूर्वक राज्य किया था। अपने अद्वितीय प्रताप से विमलनाथ ने समस्त जगत को वश कर लिया था। उनकी पट्टरानी पद्मा नामक एक महागुणवती राजकुमारी थीं, जो साक्षात् सरस्वती देवी सरीखी जान पड़ती थीं। भ० विमलनाथ ने उनके साथ आनन्दपूर्वक दाम्पत्य-जीवन व्यतीत किया था। एक समय शरद् ऋतु के अवसर पर राजा विमलनाथ अपनी सेना को सजा कर क्रीड़ा-यात्रा के लिये गये। वह एक विशाल वन में पहुंच कर एक तालाब के किनारे जा पहुंचे। वहाँ उन्होंने उस तालाब में बरफ का सचित हुआ एक ढेर देखा। देखने में वह बड़ा सुन्दर और सुहावना प्रतीत होता था, परन्तु देखते ही देखते वह पिघल गया। विमल राजेन्द्र को यह दृश्य देख कर आश्चर्य नहीं बल्कि ज्ञान प्राप्त हुआ—वह विलक्षण बुद्धि के धारक थे। उन्होंने विवेक-नेत्र से पिघलती हुई बरफ में जगत् की वस्तुओं की क्षणभंगुरता के दर्शन किये। वैराग्य उनके दिल पर जम गया, वह मुनि हो गये। विशाल राज्य को उन्हों ने तृणवत् त्याग दिया। मुनि होते ही उन्होंने बेला उपवास और मौनव्रत धारण किया। तपोवन से चल कर वह नन्दन नामक ग्राम में पहुंचे और वहाँ विजय नामक राजा के घर पर उन्होंने आहार लिया। उपरान्त वह तपस्या में लीन हो गये। तीन वर्ष लगातार तपश्चरण करने के पश्चात् उन्होंने घातिया कर्मों का नाश करके कैवल्यपद प्राप्त किया। वह लोक-पूज्य हुये और लोक-कल्याण के लिये उन्होंने समस्त आर्यखण्ड में विहार करके धर्मोपदेश दिया। अन्ततः सम्मेद शिखर से वह मुक्त हुए[2]।

जैन साहित्य में कम्पिल

---

१ तिलोय पण्णत्ति, अ० २

२ पद्मपुराण, पर्व २१ श्लोक १४ १५, हरिवंशपुराण, सर्ग ६०, विमलनाथपुराण, पृ० १२७-१८१। "तत्रैव कंपिला नाम्ना विपुले परमा पुरी। दीर्घैर्मुक्त गुणैर्युक्ता धनाढ्या स्वर्गसन्निभा ॥ १ ॥

जैन शास्त्रों में इसके अतिरिक्त राजा द्रुपद के सम्बन्ध मे भी काम्पिल्य का वर्णन मिलता है। 'उत्तरपुराण' मे लिखा है कि कंपिला नगरी में राजा द्रुपद राज्य करता था। उसकी

द्रुपद व द्रौपदी

दृढ़रथा देवी से द्रौपदी नामकी पुत्री हुई थी, जो सौन्दर्य और गुणों मे अपूर्व थी। यौवना होने पर द्रौपदी का स्वयम्बर रचा गया। स्वयम्बर में अन्य राजाओं के साथ पांचों पांडव भी आये। द्रौपदी ने वरमाला अर्जुन के गले में डाली और अर्जुन ही उनके पति हुए। कालान्तर में द्रौपदी के अनुक्रम से पंचाल आदि पाच पुत्र हुए'। 'हरिवंशपुराण' मे द्रौपदी का वर्णन कुछ अधिक मिलता है। वहां राजा द्रुपद को माकंदी नगर का राजा लिखा है और बताया है कि वह स्थान स्वर्ग-तुल्य प्रतीत होता था। इस उल्लेख से अनुमान होता है कि काम्पिल्य का अपर नाम माकंदी नगरी भी था। 'हरिवंश' में राजा द्रुपद की रानी का नाम भोगवती लिखा है। सुरेन्द्रवर्द्धन-नामक विद्याधर ने स्वयंवर मे यह शर्त रक्खी थी कि जो महापुरुष गांडीव धनुष चढ़ावेगा और राधावेध को वेधेगा वही द्रौपदी का पति होगा। वीरवर अर्जुन ने इस शर्त को पूरी करके द्रौपदी को वरा था। कदाचित् जिस समय द्रौपदी अर्जुन के गले मे वरमाला डाल रही थी, उस समय हवा के झोंके से वरमाला टूट गयी और उसके फूल उड़ कर पांचों पांडवों पर जा गिरे। दम मूर्ख पुरुषों ने यह घोषित कर दिया कि द्रौपदी ने पांचो भाइयों को वरा है। किन्तु वास्तव में द्रौपदी के पति अर्जुन थे। वनवास मे वह निरन्तर अर्जुन के साथ रही थीं। विराटपुर मे जब कीचक ने उनका अपमान किया था, तो भीम ने कीचक को उसकी करनी का मजा चखाया था। जिस समय युधिष्ठिरादि पांचों पांडव दक्षिण मथुरा में थे, उस समय उन्होंने कृष्णादि यादवों के वियोग-समाचार सुने थे। वह दुःखी हो कर भ० नेमिनाथ के निकट जाकर मुनि हो गये थे। रानी द्रौपदी अन्य महिलाओं के साथ आर्यिका राजमती के निकट साध्वी हो गयी थी।[२]

पुरुदेवान्वये राजा जातो राजमुखो बली। कृतकर्माभिवस्तस्य प्रतापाक्रान्त भूतल ॥ २ ॥
राजतेस्म महादेवी जयश्यामाऽभिधारति.। पद्मा पद्मावती रम्भा रोहिणी वा रविप्रिया ॥
पद्मा सहचरी जाता सहोपद्मा सरस्वती। प्रनाराधीरवीरस्त्वं तस्याभूतपुण्यतोऽखिलं ॥ इत्यादि

१ 'कंपिल्यायां धराधीशो नगरे द्रुपदाह्वय.। देवी दृढरथा तस्य द्रौपदी तनया तयो.॥
स्त्रीगुणै रुकलैः शस्या वभूव भुवनप्रिया। तत्पूर्णयौवनं वीक्ष्य पित्रा कस्मै समर्प्यतां॥
× × ×
बसंतेऽचीकरद्राजा स स्वयंवरमंडपं। तेऽत्र सर्वे महीपाला संप्रापन् पांडवेषु च ॥ इत्यादि'—
उत्तरपुराण, पर्व ७२ श्लोक १९८-२१४

२ 'हरिवंशपुराण' पृष्ठ ४२६–४३३; ४४३–४४५ व ४८१-६०१ श्वेताम्बरीय जैन शास्त्रों में भी द्रौपदी को पंच भरतारी लिखा है।

इसके अतिरिक्त प्राचीन जैनग्रन्थ 'भगवती आराधना' में भी दो स्थलों पर काम्पिल्य का उल्लेख हुआ मिलता है। एक स्थल पर परिग्रह की अधिकता का दुष्परिणाम दिखाते हुए आचार्य ने निम्नलिखित गाथा लिखा है —

'गथणिमित्त घोरं, परितावं पाविदूण कपिल्ले।
ल्लक सपत्तो, णिरय पिण्णगागधो सु ॥ ११४० ॥'

भाव यह है कि कपिला में घोर परिग्रह रखने व परिताप से मरकर एक पिण्याकगन्ध नामक व्यक्ति लल्लक-नरक को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थल पर मांस भक्षण निषेध के प्रकरण में लिखा है कि —

'माणुसमसपसत्तो, कपिल्लवदीतधेव भीमो वि।
रज्जमनट्ठो णट्ठो, मदो य पच्छागदो णिरयं ॥ १३५८ ॥'

काम्पिल्य में भीम नाम का राजा राज्य करता था। कदाचित् उसे मनुष्य का मांस खाने की चाट पड गयी, जिसके कारण उसे राजभ्रष्ट हो नरक में जाना पडा। 'आराधना कथाकोष' में यह कथा विस्तार से दी हुई है। इसके अतिरिक्त जैनसाहित्य में काम्पिल्य का वर्णन खोजने से और भी मिल सकता है। 'अष्टाह्निकापूजा' में इस नगरी का विधान विशेष रीत्या मिलता है।

श्वेताम्बरीय 'उत्तराध्ययन' टीका में भी काम्पिल्य का उल्लेख ब्रह्मदत्त के आख्यान में हुआ है। ब्रह्मदत्त के पिता नृप ब्रह्म कम्पिल के राजा थे और उनकी रानी का नाम चुलनी था। (कम्पिल्लपुरे बम्भो नाम राया, तस्स चुलनी नाम देवी—तीए अन्नदा चोद्दस महा सुमिण सूइओ उप्पन्नो जाओ य कमेण। कय च स नाम बम्भदत्तो त्ति)

यह हम पहले लिख चुके हैं कि कम्पिल हिन्दुओं का भी एक पवित्र स्थान है अत एव हिन्दू शास्त्रों में भी उसका उल्लेख हुआ है।'यजुर्वेद' में कम्पिल का नाम मिलता है।[1] वैदिक टीकाकार उव्वट और महीधर ने यजुर्वेदीय 'कम्पिल' को कम्पिला नगर ही बताया है।[2] पुराणों से प्रकट है कि शंकरजी के शाप से पार्वतीजी कम्पिल में 'कम्पिल वासिनी-देवी' के नाम से आकर रही थीं। उनसे यह भी स्पष्ट है कि कम्पिल राजा द्रुपद से प्राचीन है। राजा भर्म्यश्विके पुत्र काम्पिल्य थे—उन्हीं के नाम पर

हिन्दू-शास्त्रों में कम्पिल

१ अम्बेऽम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन। स सस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम् ॥(?)

२ 'काम्पीलवासिनीम् काम्पीलनगरे हि सुभगाः सुरूपा विदग्धाः स्त्रियो भवन्ति।' उव्वट —यजुर्वेदे अ० २३। म० १८।

' किंभूतां सुभद्रिकां काम्पिलवासिनीम्, काम्पील नगरे वसनाति काम्पीलवासिनी, ताम्। तत्र हि सुरूपा विदग्धा कामिन्यो भवन्तीति।'—महीधर

इस नगर का नाम 'काम्पिल्य' पड़ा था। इस राजा के पाँच पुत्रों ने कम्पिल के आस-पास जिस प्रदेश को जीता था उसका नाम उनकी अपेक्षा 'पञ्चाल' रक्खा गया[1]। परन्तु आधुनिक इतिहास प्रकट करता है कि क्रिवि, तुरुवसस्, केशिन्, स्रिजयस आदि पाँच कुलों के राजसंघ की अपेक्षा वह देश पञ्चाल नाम से प्रसिद्ध था[2]। 'रामायण' (अ० ३३) और 'महाभारत' (आदि पर्व अ० १३८) में भी काम्पिल्य का उल्लेख मिलता है। पुराणानुसार कम्पिल में रामचन्द्रजी ने लंका से लाकर शिवलिंग स्थापित किया था, जो रामेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ था।

संस्कृत साहित्य में कम्पिल्य

संस्कृत साहित्य में भी काम्पिल्य का वर्णन मिलता है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रन्थ चरक-संहिता मे कम्पिल का प्रसग आया है। एकदा ज्येष्ठ मास में आत्रेय पुनर्वसु अपनी शिष्य-मण्डली-सहित पञ्चाल देश में विचर रहे थे कि प्रकृति को विक्रिय होती देख कर उन्हों ने वहाँ प्रबल महामारी होने का संकेत किया था[3]। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध वैयाकरण पाणिनि ने भी कम्पिल का उल्लेख किया है। 'काशिकावृत्ति' मे स्पष्ट है कि काम्पिल्य और संकाश्य (सकिसा), एक ही नगर के दो नाम थे[4]। 'बृहज्जातक' की महीधर-टीका मे काम्पिल्य का सन्निवेश कपित्थिक बताया है[5]। चीनी यात्री फाहियान ने जिस स्थान को 'संकाश्य' लिखा था[6], उसी को उपरान्त हुएनसाँग ने 'कपित्थिक' लिखा था[7]। इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि यह तीनों नाम काम्पिल्य से सम्बद्ध थे और उसके सन्निवेश ही थे। इससे प्राचीन काम्पिल्य का विस्तार भी स्पष्ट होता है। आज वर्तमान कम्पिल से संकाश्य (संकिसा) और कापित्थिक (कैंथिया) लगभग बीस बाइस मील की दूरी पर अवस्थित है। कहते हैं, प्रसिद्ध ज्योतिषी वाराहमिहर का जन्म भी कम्पिल मे हुआ था[8]।

फाह्यान ने यह भी लिखा था कि जिस समय वह संकाश्य (संकिसा) पहुंचा, उस समय

१ भागवत। विशेष के लिये 'सरस्वती' (जनवरी १९२८) में 'पञ्चाल के संस्मरण' नामक लेख देखो जिसके आधार से यह उल्लेख सधन्यवाद किया है।

२ कनिंघम ऐंशयेंट जागरफी आव इण्डिया, (Notes) पृ० ७०४।

३ 'जनपदमण्डले पांचालक्षेत्रे . . . काम्पिल्यराजधान्यां . . ' चरक वि०। अ० ३। सू०२

४ पाणिनि काशिका-वृत्ति (४।२।१२१)

५ 'कापित्थिके काम्पिल्याख्ये ग्रामे।'—महीधर.

६ फाह्यान (इण्डियन प्रेस) पृ० ३८-३९

७ कंनिंघम, ऐंशियेंट जागरफी आव इण्डिया, पृ० ४२३

८ Geog Dictionary of Ancient and Med. India, p 239.

वहाँ पर उस स्थान के सम्बन्ध में बौद्धों और निर्ग्रन्थों (जैनियों) में परस्पर झगड़ा हो रहा था। जैनी कहते थे कि यह हमारा तीर्थ है और बौद्धों का कहना था कि म० गौतम बुद्ध स्वर्ग से लौटने पर यहीं अवतीर्ण हुए थे, इसलिये यह हमारा पूज्य स्थान है। इस उल्लेख से प्राचीन काल में यह स्थान जैनियों का तीर्थ रहा प्रमाणित होता है। आज वहाँ जैनों का तो कुछ नाम निशान बाकी भी है, परन्तु बौद्ध वहाँ नाम को भी नहीं हैं। उनके ध्वंसावशेष जरूर मिलते हैं। अन्यत्र इस उल्लेख के आधार से हम यह सिद्ध कर चुके हैं कि चूँकि सङ्कास्य काम्पिल्य का ही एक भाग था, इसलिये तीर्थङ्कर विमलनाथ की तपोभूमि और केवल ज्ञान स्थान यही था[1]। इस ग्राम के निकट सराय में जैनियों का आज भी एक मन्दिर और उनके कतिपय घर मौजूद हैं। तथा वहां 'अगतिया' नामक स्थान के टीले में से कई वर्ष हुए गुप्तकालीन एक चतुर्मुख जिन प्रतिमा उपलब्ध हुई थी, जो खड्गासन दिगम्बर थी और लखनऊ के अजायबघर में भेज दी गई थी। 'अगतिया' सम्भवतः 'अघ-हत' स्थान का अपभ्रंश है।

केवल ज्ञान स्थान

वर्तमान कम्पिला ग्राम में बहुत से प्राचीन स्थान देखने को मिलते हैं। गंगा तट पर 'रामेश्वर मन्दिर' 'कपिलकुटी'—'द्रौपदीकुण्ड'—'कालेश्वर मन्दिर'—'राजा द्रुपद का कोट' आदि हिन्दुओं के पुराने स्मारक हैं। जब हमने इनको जाकर देखा था तब इनमें से बहुतेरों की दीवालों में चुनी हुई एक परकोटे में रक्खी हुई जिन मूर्तियां थीं। एक खड्गासन दिग० जैन मूर्ति, जो एक पीपल के पेड़ के सहारे रक्खी हुई थी, उसको लोग सिंदूर लगाकर पूजते थे। यह सब मूर्तियां प्राय खण्डित थीं। मालूम ऐसा होता है कि किसी मुसलमान आततायी की कोपदृष्टि उन पर हुई थी। इनके अतिरिक्त जैनियों के दो मन्दिर दर्शनीय हैं। इनमें से एक मन्दिर श्वेताम्बर जैनियों का है, जो नया बना है और उसमें संगमरमर बहुत काम में लाया गया है। उस मन्दिर से लगा हुआ श्वेताम्बरी धर्मशाला भी है। इस धर्मशाला के पास ही फर्रुखाबादवालों की पुरानी दिगम्बर जैन धर्मशाला है। चैत्र के मेले में इसी धर्मशाला में फर्रुखाबाद और कायमगंज से रथ आकर ठहरते और जिनेन्द्र देव की मूर्तियाँ विराजमान की जाती हैं। खेद है कि इस साल पिछले चैत्री मेले में यहाँ एक जिन मूर्ति चोरी गई, किन्तु सौभाग्यवश हाल में ही वह मूर्ति एक खेत में दबी हुई पायी गयी है। इस धर्मशाला से पश्चिम की ओर बस्ती के बीच में दिगम्बर जैनियों का मंदिर है। यही यहाँ का प्राचीन मन्दिर है। 'सम्मती' में प्रकाशित हुए एक लेख में इस मंदिर की निर्माण तिथि ५५५ विक्रमी लिखी है और इस मन्दिर को १८०० वर्ष पुराना बताया है[2]।

वर्तमान कम्पिल

1 इंडियन हिस्टारिकल क्वारटर्ली, भा० ६ पृ० १४२-१४३।

2 सम्मती अक्तूबर १९१८, पृष्ठ १०

संभव है मूल में यह मन्दिर इससे भी प्राचीन हो, क्योंकि इस मन्दिर में सबसे पुराना स्थान ज़मीन के अन्दर था, जहाँ पर पहले मूलनायक विमलनाथ स्वामी की मूर्ति और चरण-चिह्न विराजमान थे। वह भौंहरा (चावन्चे) की शक्ल को न होकर इमारत की सूरत का था। खेद है कि अब वह प्राचीन स्थान मिट्टी भरवा कर बन्द करा दिया गया है। मालूम होता है कि पुराना मन्दिर वही था। उपरान्त मध्यकाल में उसीको बढ़ा कर वर्तमान मंदिर बनाया गया था। तब से बराबर इसकी इमारत बढ़ती चली आती है। अलीगंज और मैनपुरी के दिगम्बर जैनियों के हाथ में इस तीर्थ का प्रबन्ध है, जिन्होंने प्रयत्न करके एक नयी धर्मशाला बस्ती से बाहर बनवाई है। इस धर्मशाला से जनता को बहुत आराम हो गया है। इस मन्दिर मे भीतर दो वेदिकाओं पर अनेक जिन-प्रतिमायें विराजमान हैं, जिनमें से मुख्य का परिचय निम्न प्रकार है:—

१ श्री विमलनाथ—खाकीभोर पाषाण की बिना लेख को प्राचीन प्रतिमा है। यही मूलनायक हैं।

२ श्रीविमलनाथ—बिना चिह्न की प्रतिमा संवत् ११२२ की है।

३ श्रीमहावीर—पाषाण—'सं० १२११ जेठ सुदी दसमी साहु ...... तस्य पुत्र सालिदत्त भार्या दोसा प्रणमंति।'

४ श्रीचन्द्रप्रभू—पाषाण—'सं० १४४० वर्षे वैसाख सुदि ३ श्रीमूलसंघ भट्टारकजी।'

५ श्रीपार्श्वनाथ—'सं० १४७९ वर्षे वैसाख सुदि १० चंद्रवासरे श्रीमूलसंघे।'

६ श्रीपार्श्वनाथ—'सम्वत् १५२२ वैसाख सुदी ३।'

६ श्रीआदिनाथ—'सं० १५४५ वर्षे वैसाख सुदि १० चन्द्रदिने श्रीमूलसंघ सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे कुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक श्रीजिनचन्द्र देवा वरहियोकुलोद्भवो सा० लखे भार्या कुसुमा तयो पुत्र साहु मुन् तेषाम् मध्ये सुहु अरजुन तसभार्या मडतन। अरजुनेदं आदिपुरुषबिंब सतपूज्य तीर्थकरापिता।'

८ श्रीअरहंत—बिना चिह्न—'सं० १५४९ वर्षे वैसाख सुदि ३ श्रीमूलसंघे भट्टारक जिनचंद्र अच्छपुर पलीवाल विंदा प्रणमता।'

९ श्रीपार्श्वनाथ—"सं० १९५७ वैशाख कृष्ण २ चन्द्रवासरे दिगम्बरमुनि कुंद-कुंद चरणोपदेशात् भोगामनगरे दरबारी लाल बनारसीदास प्रतिष्ठापितं।"

१० श्रीविमलनाथ—"सं० १९६० वैशाख कृष्ण २ सुवर्णप्रस्तनगरे श्रीमुनिकुन्दकुंद गुरूपदेशात् पालीवाल इदं बिंब विमलनाथ।'

कहते हैं कि पहले कम्पिल में जैनियों के साढे उन्नीस सौ घर थे, जिनमें अधिक सख्या लमेचू (लम्बकचुक) दिगम्बर जैनिया की थी, परतु आज यहाँ एक भी जैनी का घर नहीं है। लमेचू जैनियो की एक श्रेणी 'कपिलावाला' क नाम स अब भी प्रसिद्ध है। अब वहाँ मन्दिर का एक पुजारी अवश्य जैनी है। कम्पिल में वर्ष में दो मरतबा दिगम्बर जैनियों का मेला भरता है—एक चैत्री अमावस्या से प्रारम होकर ३ ४ दिन रहता है और दूसरा कुआर वदी दोज पर होता है। इस मेले पर बाहर से रथ नहीं आते। केवल चैत्री मेले के अवसर पर मैनपुरी, कायमगञ्ज और फर्रुखाबाद से रथ आते हैं और खासा धर्मोत्सव होता है। पहले कन्नौज, कुरावली से भी रथ आया करते थे। इस तीर्थ की उन्नति के लिये उसके प्रबन्ध की त्रुटियों को दूर किये जाने की आवश्यकता है। तीर्थ के प्रबन्धक साहु लालादीनजी अलीगंज को वहाँ के धर्मादाना की रिपोर्ट तथा हिसाब प्रकाशित करना उचित है।

कार्कलद गोम्मटेश्वरचरिते

[लेखक—श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री]

यह ग्रन्थ सांगत्य-छन्द में कन्नड भाषा में है। इसमें १७ सन्धियाँ (प्रकरण) एवं २२२५ पद्य हैं*। प्रस्तुत रचना में गोम्मटेश्वर† या बाहुबली की जीवनी और शक १३५३ सन् १४३२ में कार्कल में राजा वीरपाण्ड्य के द्वारा स्थापित उनकी प्रतिमा का इतिवृत्त अंकित है। ग्रन्थ में ग्रन्थकर्त्ता ने अपने पोषक के बारे में यों लिखा है—'पाण्ड्यवंश में वीरनरसिंह बंगराजेन्द्र हुए। इनकी पट्टरानी गुम्मटाम्बा थी। इनका पुत्र इम्मडि भैरव राय हुए। इनकी महिषी का नाम मल्लिदेवी था। भुवनैकवीर पाण्ड्येन्द्र, चन्द्रशेखर और इम्मडि भैरव राय ये तीनों उनके सुपुत्र थे। इम्मडि भैरव राय ने अपने शासन-काल में—सन् १६४६ में—उक्त गोम्मटेश्वर-मूर्त्ति की प्रतिष्ठा, पूजा, अभिषेक आदि कराये थे।

ग्रन्थावतार में नेमिजिनस्तुति के बाद कवि बाहुबली, चन्द्रनाथ, सिद्ध, यक्ष-यक्षी, पद्मावती, सरस्वती-प्रभृति की प्रशंसापरक स्तुति की गयी है। साथ ही साथ अन्त में महेन्द्रकीर्त्ति से लेकर श्रुतसागर तक की गुरुपरम्परा भी दी गयी है। जैसे—महेन्द्रकीर्त्ति, पनसोगे सिंहासनाधीश देवकीर्त्ति, शिष्य मलधारी ललितकीर्त्ति, तद्वंशज अभिनव ललितकीर्त्ति, विद्यानन्द, श्रुतसागर, काणूरगण के भानुकीर्त्ति, बल्लालराय-जीव-रक्षक चारुकीर्त्ति, वीरसेन एवं ललितवर्णी। अब ग्रंथ-रचयिता को लीजिये। इनका नाम चन्द्रम है। इन्होंने श्रुतसागर को अपना विद्यागुरु तथा महेन्द्रकीर्त्ति को व्रतगुरु बतलाया है। यह तौलव देश अर्थात् वर्तमान दक्षिण कन्नड जिला के निवासी थे। दावणि इम्मडि भैरवराय ही इन के आश्रयदाता थे। कवि का कहना है कि ललितकीर्त्ति जी की आज्ञानुसार ही यह ग्रन्थ रचा गया है। ललितकीर्त्ति जी को कार्कलमठ के तत्कालीन स्थानापन्न मठाधीश होना चाहिये। कवि चन्द्रम ने अपने को 'जिनमतवार्धिवर्द्धनचन्द्रम', 'भव्यहृत्कुवलयचन्द्रम' एवं 'अनुपमविबुधचकोरचन्द्रम' इन विशेषणों द्वारा अभिव्यक्त किया है।

मैं ऊपर लिख चुका हूं कि इस 'चरिते' में १७ सन्धियां हैं। पर ऐतिहासिक दृष्टि से इनमें प्रारंभ की चार एवं अन्त की २ कुल ६ सन्धियाँ ही उल्लेखनीय तथा विचारणीय हैं।

---

* परन्तु उपलब्ध सभी प्रतियों में पद्यसंख्या एक सी नहीं मिलती।

† बाहुबली का गोम्मटेश्वर नाम कैसे पड़ा इस बात को जानने के लिये भास्कर भाग ४, पृष्ठ १०२ देखें।

शेष सन्धियों में आदीश्वर स्वामी का उदय (जन्म) विवाह, दीक्षा, भिक्षा, मुक्ति, चक्ररत्न की उत्पत्ति भरत का दिग्विजय, भरत बाहुबली का युद्ध आदि पौराणिक बातों का ही विवरण है। प्रस्तुत इस लेख में कार्कल में भैरवराय वीरपाण्ड्य के द्वारा स्थापित बाहुबली स्वामी की उल्लिखित प्रतिमा सम्बन्धी ऐतिहासिक बातों पर प्रकाश डालने की ही चेष्टा की जाती है। क्योंकि इस लेख का एकमात्र उद्देश्य यही है।

ग्रंथावतार में गुरुपरम्परा तक का उल्लेख ऊपर में कर चुका हूं। इसके बाद कवि चन्द्रमजी ने कवि समयानुसार मध्यलोक, तदन्तर्गत जम्बूद्वीप एवं इस द्वीपान्तर्गत भारतवर्ष आदि का उल्लेख करते हुए तौलवदेश (वर्तमान दक्षिण कन्नड जिला) का वर्णन किया है। यह वर्णन प्रायः काव्यपरिपाटी के अनुसार ही अत्युक्तिपूर्ण है। अतः इसमें ऐतिहासिक बातों के लिये गुंजायश नहीं दृष्टिगत होती है। हाँ, नारियल, केला आदि वृक्षों का जो सजीव तथा स्वाभाविक वर्णन किया गया है, वह आज भी वहाँ यथावत् उपलब्ध होता है। बल्कि चन्द्रमजी के द्वारा किये गये तौलवदेशीय स्त्रियों के रूप लावण्य का वर्णन पढ़ कर मुझे सहसा "निर्गत्य गौडे शिवश्रोत्र मत्र पान्तु करले। कर्णाटेष्वगनाभाग्य सव काश्मीरमण्डले।" यह पद्य याद आ जाता है। वास्तव में यह कवि की कल्पना नहीं, प्रत्युत एक भारतीय विद्वान कवि के अनुभव का जीता जागता नमूना है। अब आगे इस लेख में ऐतिहासिक बातों पर प्रकाश डालना ही मेरा निश्चित लक्ष्य होगा, जिसे मैं पहले ही स्पष्ट कर चुका हूं। अतः पाठकों से भी अनुरोध है कि इसी उद्देश्य को सामने रख कर इस लेख को पढ़ने की कृपा करेंगे। प्रस्तुत ग्रन्थ के ऐतिहासिक वर्णन का अंश यह है —

"इसी तौलव देश में कारकल नाम का नगर है। यह नगर धन, सम्पत्ति, समृद्धि आदि से सम्पन्न है। उक्त कार्कल हिरियगडि, बेट्टदगडि और केरेयतोडि इन नामों से तीन भागों में विभक्त है। इनमें हिरियगडि और बेट्टदगडि में अधिकतर जैनियों का ही निवास है। करेयतोटि में सभी सम्प्रदाय की प्रजायें हैं। बेट्टदगडि पाण्ड्यनगरी के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसी में मन्त्री, पुरोहित आदि उच्च राजकर्मचारियों के गगनचुम्बी महल बने हुए हैं। इसमें कंचुगारकेरि, मणिगारकेरि आदि भिन्न भिन्न बहुत सी केरियाँ (सड़कें) मौजूद हैं"। आगे कवि ने क्रमशः रायसमुद्र, (रामसमुद्र) नेमिजिन चैत्यालय, उसके सामने के मानस्तंभ, केरेबस्ति (तालाब के मध्यवर्ती मन्दिर, चतुर्मुख या त्रिभुवनतिलकचैत्यालय की पर्याप्त प्रशंसा की है। "इस नगरी के बीचोबीच रत्नजटित सुन्दर राजमहल विद्यमान है, जिसमें भोजनशाला, आयुधशाला, नाट्यशाला, स्नानागार, जिनागारादि राजोचित प्रासाद विनिर्मित हैं। सिंहासन मण्डप बड़ा ही सुन्दर एवं चित्ताकर्षक बना हुआ है। इसी राजमहल के चारों ओर रानियों

एवं राजकुमारों के लिये भव्य भवन निर्मित हैं। इनमें प्राचीन काल में सोम-सूर्य-वंशज उत्तर मथुरा के राजवंशीय कुलदीपक श्रीवीरपाण्ड्य न्यायपूर्वक राज्यशासन करते रहे। वह शौर्य, औदार्य एवं गाम्भीर्यादि आवश्यक सभी राजसद्गुणों से अलंकृत थे। साथ ही साथ इन्हें 'अरिराय गजगण्डभेरुण्ड' एवं 'गर्वितपरगिरिवज्रदण्ड' ये उपाधियाँ भी प्राप्त थीं। एक दिन इस राजा वीरपाण्ड्य ने दर्बार में बैठे बैठे अपने पुरोहित आदि हितचिन्तकों से यह प्रश्न किया कि धर्म, अर्थ और काम इन तीन पुरुषार्थों में कौन सा उत्तम अथ च ग्राह्य है। इसका उत्तर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों ने भिन्न भिन्न रूप में दिया। अर्थात् किसी ने काम को श्रेष्ठ बतलाया तो किसी ने अर्थ को। पर इससे राजा सहमत नहीं हुए। बाद जब एक अन्यतम मन्त्री ने उल्लिखित दोनों मतों को खण्डन करते हुए धर्म की प्रधानता एवं उपयोगिता स्पष्ट सिद्ध कर दिखाई तो पाण्ड्यराज को बड़ी प्रसन्नता हुई। इसी के फलस्वरूप बहुमूल्य पारितोषिक उस मंत्री को प्रदान कर इन्होंने उसे सम्मानित किया। साथ ही साथ दर्बार से महल को लौटने के बाद उनके हृदय में यह विचार उठ खड़ा हो गया कि धर्म तो दान, पूजा, शील, उपवासादि भेदों से विविध प्रकार का है। इन में से मेरे लिये कौन सा उपयुक्त होगा। अब वे इसी उधेड़बुन में पड़े। उत्तर क्षण में ही उन्हें उसका यह समुचित उत्तर सूझ पड़ा कि मैं एक सुन्दर और विशाल देवमूर्त्ति तैयार करवा लूं।* पर इस कलिकाल में रत्न, सुवर्ण, रजत, ताम्र एवं पित्तल आदि की देव-प्रतिमा निर्माण कराना सुरक्षित एवं कुशल नहीं है। अतः विशालकाय शिलामयी मूर्त्ति बनवा एवं स्थापित कर अपनी कीर्त्ति को अमर तथा स्थायी रखने का अच्छा उपाय है। यही उनका अन्तिम विचार स्थिर हुआ। अपने महल के दक्षिण भाग में अवस्थित उन्नत पर्वत ही इस नूतन निर्माप्य विशालकाय जिनबिम्ब की स्थापना के लिये योग्यस्थान है, यों सोचकर राजा वीरपाण्ड्य ने गुरु ललितकीर्त्ति के पास जाकर अपने हृद्गत इस शुभ विचार को निवेदन किया। भट्टारक ललितकीर्त्ति जी और वीरपाण्ड्य अपने कर्मचारियों के साथ तत्क्षण ही उक्त पर्वत को गये। भाग्यवशात् उसी समय गुरु ललितकीर्त्ति जी की नज़र एक विशाल शिला पर पड़ी और अभीष्ट जिनबिंब-निर्माण करने के लिये भट्टारक जी ने इस शिला को ही उपयुक्त बतलाया। इस गुरूपदेश को राजा वीरपाण्ड्य ने सहर्ष स्वीकार कर तुरत जलगन्धादि अष्टद्रव्यों को मंगा कर उस शिला की प्रारंभिक पूजा की। बाद भट्टारक जी को मठ पर पहुंच एवं मंत्री, पुरोहितादि को विदा कर राजा वीरपाण्ड्य अपने महल को चले आये। नित्यहोम, सिद्धचक्राराधना आदि दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो वीरपाण्ड्य अतिथि-सत्कार के लिये सन्नद्ध हुए। यथा-समय तथा

* किसी किसी का मत है कि यह शुभ विचार राजा वीरपाण्ड्य के मन में पहले से ही सञ्चित था जो कि श्रवणबेलगोल की लोकविख्यात बाहुबली की मूर्त्ति के दर्शन से आविर्भूत हो गया था।

यथाविधि नवधाभक्ति पूर्वक आहारदान देकर सपरिवार स्वय भी भोजन से निवृत्त हुए। बाद एक रोज राजा वीरपाण्ड्य ने शिल्पशास्त्र के ममज्ञ सुचतुर कई शिल्पियों को बुलवा एव उन्हे वस्त्राभूषणादि स यथायोग्य सम्मान कर बाहुबली स्वामी की एक विशालकाय भव्य प्रतिमा तैयार कर देने के लिये आज्ञा दी।"

मालूम होता है कि दाक्षिणात्य जैन क्षत्रिय वीरा ने महाबाहु, ससार विजयी श्रीबाहुबली को ही अपना आदर्श मान रक्खा था। यही कारण है कि दक्षिण के भिन्न भिन्न तीन स्थानों में वीर जैनक्षत्रियों से स्थापित इन्हीं बाहुबली स्वामी की विशाल मूर्त्तियाँ उपलब्ध होती हैं। वास्तव म इस युग में जैनक्षत्रिय वीरों के लिये इनसे बढकर कोई दूसरा आदर्श मिल भी नहीं सकता है। जिस समय ये तीनों प्रतिमायें विराजमान हुई हैं वह काल ऐतिहासिक दृष्टि से भी क्षात्रयुग था।

"वीर पाण्ड्य एव शिल्पियों के मूर्त्ति निर्माण सम्बन्धी सूक्ष्म परामश तथा विचार विनिमय के बाद इस मूर्त्ति निर्माण कार्य की देख रेख राजा वीरपाण्ड्य ने अपने सुयोग्य पुत्र युवराज कुमार के हाथ सौंपा। साथ ही साथ इन्होंने ज्योतिष शास्त्र के एकान्त मर्मज्ञ अपने दरबारी पण्डितों को बुलवा इस सदनुष्ठान के प्रारम्भ के लिये शुभमुहूर्त गिनवाया और कार्य सम्पन्न होने पर उन्हें उचित सत्कार कर विदा किया। बाद वीरपाण्ड्य गुरु ललितकीर्ति जी के पास जा उन के साथ जिनमन्दिर गये और पूजा, अभिषेकादि के अनन्तर प्रारब्ध मूर्त्ति निर्माण कायको निर्विघ्न सम्पन्न होने के लिये अनेक व्रत नियमादि स्वीकार किये। बल्कि आपने गुरु भट्टारक ललितकीर्ति जी को अग्रसर बना वह मन्त्री, पुरोहितादि राज परिवार के साथ पर्वत पर गये और निर्दिष्ट शुभ मुहूर्त म अभिषेक, पूजादि-पूर्वक मूर्तिनिर्माण का कार्यारम्भ करवाया। दीर्घकाल तक लगातार मूर्ति निर्माण का काय राजकुमार की देखरेख में निर्विघ्न सुविधापूर्वक चलता रहा। बीच-बीच में राजा वीर पाण्ड्य जा जा कर योग्य परामर्श दिया करते थे। दीर्घकालीन परिश्रम एव प्रचुर अर्थव्यय से जब मूर्ति तैयार हुई तब राजा को उसे पर्वत ले जाने की तीव्र चिन्ता जागरित हुई। फलस्वरूप इसके लिये इन्होंने बीस पहियों की एक बढिया, मजबूत एव विशाल गाड़ी तैयार करवायी। गाड़ी तैयार होते ही दस हजार मनुष्यों ने इकट्ठे होकर उस प्रतिमा को गाड़ी पर चढाया। बडी-बडी मजबूत रस्सियों को बाँध कर राजा, मत्री, पुरोहित, सेनानायक तथा समवेत जन समुदाय मिलकर वाद्य एव तुमुल जयघोषपूर्वक उपर की ओर गाड़ी खींचने लगे। पर दिनभर खींचते रहने पर भी गाड़ी उस रोज थोड़ी ही दूर उपर बढ सकी।

कविने अपनी इस कृति म उस समय के समारोह का चित्र सजीव अङ्कित किया है

इसमे कोई शक नहीं। जैसे—गाड़ी खींचनेवालों का अविरत जयघोष, पहियों का भयानक चीत्कार, धूलि उड़ कर गगन-व्याप्त हो जाना आदि।

"सायंकाल होते ही हजारों आधार स्तंभों को गाड़ कर गाड़ी वहीं बाँध दी गयी। पुनः दूसरे रोज प्रातःकाल होते ही फिर कार्य शुरू हुआ। हाँ, उस रोज गाड़ी कुछ अधिक दूरतक खींची गयी। इसी प्रकार लगातार क्रमश अधिकाधिक खींच-खींच कर एक महीने मे मूर्ति पर्वत के शिखर पर पहुंचायी गयी। राजा वीरपाण्ड्य आदि से अन्त तक उपस्थित जनता का यथायोग्य फल, अन्न, मोदक, पान, सुपारी तथा इलायची आदि द्रव्यों से यथेष्ट सत्कार करते रहे। बल्कि इनकी इस धार्मिक उदारता को देख कर जनता मुक्त कण्ठ से आपकी प्रशंसा करती रही। पहाड़ के ऊपर मूर्ति बाईस खंभों से बने हुए एक विशाल एवं सुन्दर अस्थायी मण्डप मे पधारायी गयी और पूर्ववत् राजकुमार के निरीक्षण मे लगातार एक साल तक मूर्तिनिर्माण का अवशिष्ट कार्य सम्पन्न होता रहा। मूर्ति पर लता, नासाग्रदृष्टि आदि रचना की पूर्ति पहाड़ पर ही हुई।" यहाँ पर कवि चन्द्रमजी ने मूर्ति के अङ्गो एवं उपाङ्गो का वर्णन सुन्दर ढंग से सयुक्तिक किया है। "मूर्ति का कार्य समाप्त होते ही वीरपाण्ड्य ने उन सुदक्ष शिल्पियों को भरपूर भेंट दे तथा सन्तुष्ट कर घर भेजा। इसके बाद पहाड़ पर समुचित स्थान मे सुयोग्य, सुदृढ़ और सुन्दर शिलामय मण्डप-निर्माण कर शालिवाहन शक १३५३ विरोधिकृत् संवत्सर, फाल्गुन शुक्ल द्वादशी* बुधवार (सन् १४३२, फरवरी, ता० १३) के स्थिर लग्न† मे जिनभक्त राजा वीरपाण्ड्य ने इस नूतन निर्मापित श्रीबाहुबली स्वामी की मूर्ति की स्थापना बड़ी धूमधाम से करायी। इस बिम्बप्रतिष्ठोत्सव मे विजयनगर के तत्कालीन शासक राजा देवराय (द्वितीय) भी वीरपाण्ड्य के द्वारा सादर आमन्त्रित होकर सम्मिलित हुए थे।" सचमुच वहाँ के तत्कालीन इस धार्मिक दृश्य ने उपस्थित भव्य जनता को पूर्व मे देवों के द्वारा किये गये पञ्चकल्याणक का स्मरण

---

* "दक्षिण कन्नड जिल्लेय प्राचीन इतिहास" में एकादशी लिखी मिलती है। पता नहीं कि यह किस आधार पर लिखा है। क्योंकि निम्न शिलालेख में द्वादशी साफ लिखी हुई है।

"श्रीमद्देशीगणे ख्याते पनसोगेवलीश्वर। योऽभूल्ललितकीर्त्याख्यस्तन्मुनीन्द्रोपदेशत.॥
स्वस्तिश्रीशकभूपतेस्त्रिशरवह्नौ दोर्विरोधयादिकृद्वर्षे फाल्गुणसौम्यवारधवलश्री द्वादशीम् त्तगे।
श्रीसोमान्वयभैरवेन्द्रतनुजश्रीवीरपाण्ड्येशिना निर्माप्य प्रतिमात्र बाहुबलिनो जीयात्प्रतिष्ठापिता।"

(मूर्ति की बगल का शिलालेखांश)

† मित्रवर श्रीयुत गोविन्द पै का मत है कि यह स्थिरलग्न उस दिन पूर्वाह्न १० बज कर ५२ मिट के उपरांत ,२ बज कर ४६ मिंट के पहले मध्यवर्ती वृष लग्न होना चाहिये। यह समय है भी प्रतिष्ठा के लिये उत्तम मुहूर्त।

दिनायो होगा। क्या ऐसा सुवर्णावसर इस अभागे कार्कल को फिर कभी मिल सकता है? सहृदय पाठक इस समय कार्कल में स्थित उन प्राचीन स्मारकों को देखते हुए यदि वहां के उस विलुप्तप्राय वैभव को स्मरण करेंगे तो अवश्य उनका हृदय दहल जायगा। धनाढ्य कहलानेवाला यह जैनसमाज कभी अपने उस गत वैभव को महसूस करता है। उसको इतना अवकाश ही कहाँ है कि वह इस धार्मिक पचड़े में पड़कर अपने द्रव्योपार्जनादि भौतिक उन्नति साधन के मार्ग में काँटा बोये। इसी से यह जैनसमाज आज निर्जीव सा बना हुआ है। न इसकी कहीं पूछ है और न कद्र ही।

अस्तु ग्रन्थकार का कहना है कि इस विशाल मूर्ति को २० हजार मनुष्यों ने उठा कर उक्त शुभ मुहूर्त में ठीक समय पर खड़ी कर दी थी। साथ ही साथ उनका यह भी कहना है कि राजा वीरपाण्ड्य ने मूर्ति के ऊपर छत्र आदि आच्छादक साधन की योजना इसलिये नहीं करायी कि सब कोई दूर से भी इस मूर्ति का दर्शन आसानी से कर सकें। कवि के वर्णन क्रम से ज्ञात होता है कि नान्दिमङ्गल, वास्तुपूजा, अङ्कुरारोपण आदि प्रतिष्ठा-सम्बन्धी सब विधान मूर्ति स्थापित या खड़ी करने के बाद ही सम्पन्न किये गये थे।

हाँ, धामशुद्धि एवं गर्भ और जन्मकल्याणक की विधियाँ नहीं की गयी थीं। इसका कारण यह है कि धामशुद्धि के लिये तो धाम था ही नहीं। गर्भ और जन्मकल्याणक के विधान इसलिये नहीं हुए कि श्रीबाहुबली स्वामी को ये दोनों कल्याणक हुए ही नहीं थे। पर दर्भशयन आदि क्रियायें अवश्य हुई हैं। साथ ही साथ परिनिष्क्रमणादि तीनों कल्याणक यथावत् संपन्न हुए हैं। इससे ज्ञात होता है कि बाहुबली स्वामी की प्रतिमा का जो अभिषेक किया जाता है वह जन्माभिषेक के स्मारकरूप में नहीं, किन्तु धार्मिकानुष्ठान, प्रभावना मूर्तिरक्षा आदि के ख्याल से ही। वीरपाण्ड्य ने भी अन्त में एक हजार आठ कलशों की धारा धूमधाम से कराई थी। कवि चन्द्रमजी लिखते हैं कि इस प्रतिष्ठोत्सव में मुनि, आर्यिका श्रावक एवं श्राविका आदि की लाखों लोग उपस्थित हुए थे। प्रतिष्ठाकार्य समाप्त होनेपर धर्मवत्सल वीरपाण्ड्यने क्षुल्लक, चारित्री, ब्रह्मचारी, प्रतिष्ठाचार्य, कवि, वाग्मी, वादी आदि बड़े बड़े विद्वानों एवं शासक प्रभृतियों को बहुमूल्य भेंट देकर विदा किया। बल्कि इसी समय उक्त मूर्ति के दैनिक एवं वार्षिक पूजोत्सवादि के लिये योग्य चल अचल संपत्ति का शासनलेख पूर्वक वीरपाण्ड्य ने दान भी दिया। बस, यहां पर बाहुबली विम्बस्थापना सम्बन्धी उल्लेख की इतिश्री हो जाती है। आगे वीरपाण्ड्य के प्रार्थनानुसार गुरु ललितकीर्ति जी के मुख से कवि चन्द्रम ने उक्त श्रद्धेय पिता आदीश्वर स्वामी एवं पुत्र भरत तथा बाहुबली का जीवन सुनाया है, जो कि आदिपुराण आदि ग्रन्थों में विस्तार से अङ्कित है।

कवि चन्द्रमजी ने अन्त की दो सन्धियों में अर्थात् १६वीं और १७वीं में अपने आश्रय-दाता इम्मडि भैरवराय का कुछ वंश-परिचय दिया है; पर यह वंश-परिचय केवल कविके आश्रयदाता इम्मडि भैरवराय के पितामह से ही प्रारंभ होता है। जैसे—वीरनरसिंह काम-राय वंग,* इनकी पट्ट महिषी गुम्मटांबा, इन के पुत्र इम्मडि भैरवराय और रानी मल्लि देवी। इनके तीन पुत्र थे—(१) भुवनैकवीर पाण्ड्य (२) चन्द्रशेखर (३) इम्मडि भैरवराय (अन्यत्र इनका नाम सबसे पहले लिखा मिलता है)। यही इम्मडि भैरवराय कवि चन्द्रम के आश्रय-दाता हैं। इन्हे अरिरायरगंड, दावणि ये उपाधियों प्राप्त थीं। इन्होंने अपने शासनकालमें अपने पिता की स्मृति मे शालिवाहन शक १५६८—सन् १६४६ मे कार्कल मे अपने पूर्वज वीरपाण्ड्य द्वारा स्थापित उक्त बाहुबली स्वामी की प्रतिमा की पुनः प्रतिष्ठा, पूजा एवं अभिषेक आदि बड़े समारोह के साथ कराया था। बल्कि इन सब बातों का उल्लेख मैं ऊपर कर भी चुका हूं।

कवि चन्द्रम ने पूर्वोक्त अन्तिम दो सधियों मे इसी धार्मिक समारोह का वर्णन विशेपरूप से किया है। आश्रयदाता राजवंश का परिचय तो नाममात्र का है। साथ ही साथ प्रतिष्ठा-महोत्सव का यह वर्णन भी काव्य के ढग से ही किया गया है। इसमे विशेप उल्लेखनीय बात नज़र नही आती। हॉ, कवि का कहना है कि यह द्वितीय प्रतिष्ठा भी प्रथम प्रतिष्ठा के उसी मास, तिथि, वार एवं लग्न मे हो हुई थी और इसमें तीन लाख जनसमुदाय इकट्ठे हुए थे। इस प्रतिष्ठा के प्रधानाचार्य नागचन्द्र थे, जो कि वहां के तत्कालीन इन्द्र अर्थात् जैन ब्राह्मण पुरोहितो मे प्रमुख थे। अन्त मे अभिषेक तथा रथ-यात्रा भी हुई थी। रथ हिरियंगडि तक गया था। कवि लिखते है कि इस प्रतिष्ठा मे मूडबिद्री के मठ के शिष्यों ने भी यथेष्ट सहायता की थी। खास कर अजिलवंश के तत्कालीन शासक ने विशेष सहयोग दिया था। इन्हीं इम्मडि भैरवराय की जीवनी 'दक्षिण कन्नड जिल्लेय प्राचीन इतिहास' में कुछ अधिक दो गयी है। परन्तु मेरी दृष्टि से इस लेख मे उन बातो का उल्लेख करना अनुपयुक्त है।

अस्तु, अब मै इस लेख की अधिक कलेवरवृद्धि करना नही चाहता। हां, मैं यहां एक बात का खुलासा कर देना चाहता हूं। वह यह है कि इस 'चरिते' की उल्लिखित सन्धियों का यदि अक्षरश अनुवाद किया जाय तो एक पोथी ही बन जायगी इसमे कोई शक नहीं। पर मै ऊपर लिख ही चुका हूॅ कि इसमे वर्णनांश अधिक मात्रा मे है। और वह है भी काव्य-ढंग से। इसलिये मै ने उनमे से चुन-चुन कर मुख्य मुख्य बातों को ही पाठकों के सामने रख दिया है। मेरी दृष्टि इस समय इतिवृत्तपरक है और यह पत्र है भी ऐतिहासिक। एक बात और है। वीरपाण्ड्य के द्वारा मूर्ति-स्थापित होने का काल सन् १४३२

* यह वीरनरसिंह बंगराय कार्कल के भैररसवंशज नहीं हैं। किन्तु बंगवाडि के बंगरस-वंशज है। भैररस वंशज हिरिय भैरवदेव को कोई सन्तान नही थी। अत अपनी छोटी बहन गुम्मटांबा एवं इस वीर नरसिंहबंग राय के पुत्र इम्मडि भैरवराय को कार्कल को गद्दी मिली।

है और चन्द्रम के द्वारा ग्रन्थरचना काल सन् १६८६ है। इन दोनों कालों में २१४ साल का अन्तर पड़ता है। अतः वीरपाण्ड्य के द्वारा स्थापित बाहुबली की प्रथम बिम्ब प्रतिष्ठा का वर्णन केवल कवि के द्वारा श्रुतिगोचर किया हुआ ज्ञात होता है। हाँ, अपने आश्रयदाता इम्मडि भैरवराय के द्वारा सन् १६४९ में की गयी द्वितीय प्रतिष्ठा का वर्णन कवि का अनुभूत विषय है। अब मैं अन्त में कारकल की वर्तमान अवस्था का दिग्दर्शन कराना भी समुचित समझता हूं। वह इस प्रकार है—

चतुर्मुखबस्ति—यह मन्दिर यहाँ के सभी मन्दिरों में दर्शनीय है और कला की दृष्टि से भी उल्लेखनीय है। इसे इम्मडि भैरवराय ने शालिवाहन शक १५०८—सन १५८६ में बनवाया है। इसका असली नाम त्रिभुवनतिलक चैत्यालय है। यह सारा मन्दिर शिलानिर्मित है। इसके चारों तरफ एक एक द्वार है, इसीलिये यह चतुर्मुखबस्ति कहलाता है। प्रत्येक द्वार में अर, मल्लि एवं मुनिसुव्रत इन तीर्थङ्करों की तीन प्रतिमायें विराजमान हैं। पश्चिम तरफ चौबीस तीर्थङ्करों की २४ मूर्त्तियाँ भी स्थापित हैं। इनके अतिरिक्त उभय मण्डपों के भीतर भी कई जिनबिम्ब विराजमान हैं। दक्षिण और वाम भाग में वर्तमान ब्रह्म यक्ष और पद्मावती यक्षी की मूर्त्तियाँ विशेष चित्ताकर्षक हैं। मन्दिर के खम्भे एवं दीवालों में खुदे हुए पुष्प, लतायें और भिन्न भिन्न चित्र इम्मडि भैरवराय कालीन सम्बन्धी शिल्पकला के कौशल व्यक्त कर रहे हैं। सुनने में आया है कि राजा को इसे बारह मंजिला बनवाने की लालसा थी। पर वृद्धावस्था के कारण इस शुभ सङ्कल्प का इन्हें संवरण करना पड़ा। बल्कि यह बात मन्दिर की बनावट से भी सत्य सिद्ध होता है। भैरव राय ने इस मन्दिर के लिये तोनार ग्राम दान में दे दिया था, यह बात इसकी पश्चिम दिशा के दरवाजे में स्थित शिला-लेख से प्रमाणित होती है। इस मन्दिर निर्माण का इतिहास बड़ा ही रोचक है।

सन् १५८४ में एक रोज शृंगेरी शङ्कराचार्य मठ के तत्कालीन पाठाधीश श्रीनरसिंह भारती कारकल के मार्ग से अन्यत्र जा रहे थे। यह बात भैरवराय को विदित होकर राजा ने सम्मानपूर्वक उनकी भेंट की और नव निर्मापित अप्रतिष्ठित सुन्दर जिनमन्दिर में राजा ने उन्हें ठहराया। साथ ही साथ स्वामीजी को अपनी राजधानी में कुछ काल तक ठहरने के लिये भैरवराय ने आग्रह किया। इस पर भारतीजी ने उत्तर दिया कि जहाँ पर अपने नित्य कर्मानुष्ठान के लिये देव मन्दिर नहीं है वहाँ पर मैं नहीं ठहर सकता। इस उत्तर से राजा को मार्मिक चोट लगी। फलस्वरूप जिस नूतन निर्मित जिन मन्दिर में भारतीजी ठहराये गये थे उसी में तत्क्षण शेषशायी अनन्तेश्वर विष्णु भगवान की एक सुन्दर प्राचीन प्रतिमा स्थापित करा दी। यह मन्दिर कारकल में आज भी मौजूद है। इसकी राजकोष से आठ सौ रुपए की वार्षिक सहायता आज भी मिल रही है। कला की दृष्टि से यह मूर्त्ति बहुत सुन्दर है। खैर, यह समाचार जब गुरु ललितकीर्तिजी को ज्ञात हुआ, राजा भैरवराय पर बहुत

रंज हुए। दूसरे रोज भैरवराय प्रतिदिन के समान जब ललितकीर्तिजी के दर्शन को गये और उन्हें साष्टांग नमस्कार करने लगे तब असन्तुष्ट भट्टारकजी ने निर्भय हो खड़ाऊ-सहित-पैरों से ठुकरा दिया। साथ ही साथ कहने लगे कि तुम जैनधर्म-द्रोही हो। राजा ने हाथ जोड़ कर नम्रता से प्रार्थना की कि सभी धर्मों को एक दृष्टि से देखना राजा का धर्म है। इसीलिये जैन मन्दिर हिन्दूमन्दिर को दे दिया; मेरे अपराधों को क्षमा करें। एक ही साल के भीतर मैं दूसरा इससे भी प्रशस्त जिनमन्दिर तैयार करवा दूंगा, जिससे मुझे अभ्युदय एवं निःश्रेयस की प्राप्ति हो। इसी प्रतिज्ञा से बद्ध होकर राज इम्मडि भैरवराय ने एक साल के अन्दर इस त्रिभुवन-तिलक जिनचैत्यालय का निर्माण कराया था। यह भैरवराय बड़े प्रतापी शासक रहे। चतुर्मुखबस्ति जैनमठ के ठीक आमने-सामने उत्तर दिशा में है। मठ की पूर्व दिशा में थोड़ी दूर पर एक पार्श्वनाथबस्ति है, जिसे बोम्मराज-बस्ति भी कहते हैं। इसकी दशा शोचनीय है। बाहुबली पर्वतपर चढ़ते हुए बीच में एक छोटा सा मन्दिर मिलता है। इसका भी नाम पार्श्वनाथ-बस्ति है। इसकी भी स्थिति अच्छी नहीं है। पर्वत पर बाहुबली स्वामी के सामने दाहिनी और बायीं तरफ शीतल एवं पार्श्वनाथ तीर्थंकर-सम्बन्धी और दो मन्दिर हैं। हिरियंगडि जाते समय मार्ग में क्रमशः श्रमण या चन्द्रनाथबस्ति, आनेकेरेबस्ति एवं अरमनेबस्ति ये तीन मन्दिर मिलते हैं। आनेकेरेबस्ति (तालाब के बीच का मन्दिर) में चन्द्रनाथ, शान्तिनाथ और वर्द्धमान तीर्थङ्करों की प्रतिमायें तथा अरमनेबस्ति (राजमहल का मन्दिर) में आदिनाथ तीर्थङ्कर की प्रतिमा विराजमान है। हिरियंगडि में वाम पार्श्व में दक्षिण दिशा में आदिनाथ एवं पार्श्वनाथ-मंदिर और दक्षिण-पार्श्व में उत्तर दिशा में पार्श्वनाथ और आदिनाथ जिनालय वर्तमान है। इसी हिरियंगडि के हाते के भीतर बायी ओर दक्षिण दिशा में आदिनाथ, अनन्तनाथ तथा धर्म-शान्ति-कुन्थुतीर्थङ्करों के तीन मंदिर हैं। इस अन्तिम मंदिर (गुरुबस्ति) की बगल में एक निषीदिका बनी हुई है, जिसमें क्रमशः निम्नलिखित आचार्यों की मूर्तियाँ और नाम अङ्कित हैं:—(१) कुमुदचन्द्र भ० (२) हेमचन्द्र भ० (३) श्रीचारुकीर्ति पण्डितदेव (४) श्रुतमुनि (५) धर्मभूषण भ० (६) पूज्य-पाद स्वामी। नीचे की पंक्ति में क्रमशः (१) विमलसूरि भ० (२) श्रीकीर्ति भ० (३) सिद्धान्त-देव (४) चारुकीर्ति देव (५) महाकीर्ति (६) महेन्द्रकीर्ति। इस प्रकार उक्त इन मुनियों की मूर्तियाँ छः छः के हिसाब से तीन-तीन युगलरूप में बारह मूर्तियाँ खुदी हैं। संभव है कि अन्त में उत्कीर्ण महेन्द्रकीर्ति ही इस 'चरिते' के रचयिता कवि चन्द्रम के व्रतगुरु हों। खास कर हिरियंगडि का विशाल एवं उन्नत मानस्तंभ बहुत ही सुन्दर है। यह मानस्तंभ नेमिनाथ भगवान् के विशाल एवं भव्य मन्दिर के सामने वर्तमान है।

अन्त में मैं मित्रवर श्रीयुत गोविंद पै मंजेश्वर को धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता हूं। क्योंकि इन्हीं के प्रोत्साहन, प्रेरणा एवं प्रदत्त 'गोम्मटेश्वरचरिते' की हस्तलिखित प्रति के आधार से ही इस लेख को 'भास्कर' के विज्ञ पाठकों के समक्ष में रख सका।

सित्तन्नवासल

[ले०—श्रीयुत सुरेशचन्द्र जैन, बी० ए० (का० हि० वि०) डिप० एड० (पटना)]

पर्वतमालाओं से सुसज्जित, सुन्दर, सुहावना और पवित्र सित्तन्नवासल दक्षिण भारत में स्थित पुदुकोट्टा राज्यके अन्तर्गत अन्नावसाल नगरी के समीप छोटा सा एक प्राचीन ग्राम है। यह पुदुकोट्टा से दस मील उत्तर-पश्चिम की ओर है। यह ग्राम बहुत दिनों तक अपने पहाडी साथियों मे लुका छिपा, दबा दबाया चुपचाप पडा था, परन्तु इधर कुछ दिनों से कतिपय अन्वेषकों की कृपासे वह वर्तमान सभ्य संसार के समक्ष आया है—भारत के अतीत गौरवकी फटी चादर ओढकर, पुरातन चित्रकला की झलक लेकर, प्राचीन जैन कला एवं शिल्प का संदेश लेकर।

स्थान परिचय

"दक्षिण भारत में जैनधर्म का इतिहास और वहां के जनसमाज के जीवन के ऊपर उसका प्रभाव, यह विषय इतिहास प्रेमियों के लिये जितना चित्ताकर्षक है उतनाही गहन और रहस्यपूर्ण भी है। साहित्य और शिलालेखादि में इस विषय से सम्बन्ध रखनेवाली अनेक घटनायें विच्छिन्नरूप से इधर उधर पायी जाती हैं, पर ज्योंही इतिहासकार उन्हें धारावद्ध करने का प्रयत्न करता है त्योंही उसे प्रमाणों का अभाव पद पद पर खटकने लगता है, और उसे अपनी शृङ्खला पूरी करने के हेतु अनुमान और तर्क से काम लेना पडता है। अनुमान और तर्क यद्यपि इतिहास क्षेत्र में आवश्यक हैं किन्तु जबतक उनकी नींव अचल प्रमाणों पर न जमाई जावे तबतक वे सच्चे पथप्रदर्शक नहीं कहे जा सकते। मद्रास प्रान्त में जैनधर्म के इतिहास से सम्बन्ध रखनेवाली कई ऐसी बातों का पता लग चुका है जिनसे आगामी अन्वेषण में बहुत सहायता मिलने की आशा है।"

दक्षिण भारत में जैनधर्म

कुछ इतिहास प्रेमियों और अन्वेषकों ने सित्तन्नवासल को खोज निकाला है। प्राचीन चित्रकला की दृष्टि से यह स्थान छोटा होते हुए भी किसी प्रकार नगण्य नहीं है। जैनियों की प्राचीन चित्रकला तथा मूर्तिनिर्माण कला का इतिहास अभी बहुत ही तिमिराच्छन्न है। यद्यपि अनेक विद्वानों ने अपूर्व परिश्रम के साथ इनके पुराने इतिहास का पता चलाया है तथापि कितनी ऐतिहासिक बातें, जिनका सम्बन्ध मुख्यतः कला और शिल्प से ही है, अभी अनिर्णीत ही पड़ी हैं और इनके मूल तत्त्व अभीतक पूर्ण रीति से सुस्थापित नहीं हो सके हैं। अभी तक जो कुछ खोज हुई है उससे

जैनियों की प्राचीन चित्रकला

यह प्रत्यक्ष है कि संसार के इतिहास में जैन-कला का भी एक स्थान है और वह स्थान उच्च है। भाग्यवश जैन कला अब भी सजीव है और उसके इतिहास मे सजीवता विद्यमान है। इतिहासों मे इस कला का उज्वल वृत्तांत मिलता है। इस सजीवता में इतिहासज्ञों के मनोरंजनार्थ विपुल सामग्री उपस्थित है। ये सामग्रियो ग्रन्थों, स्मारकों, शिलालेखों आदि के रूप मे भारत के भिन्न-भिन्न कोनों मे वर्तमान हैं। जो स्थान पूर्व काल में चित्रकला और मूर्तिनिर्माण कला की दृष्टि से केन्द्र रहे हैं, उनके इतिहास यदि ध्यानपूर्वक क्रमवद्ध लिखे जायें तो जैनकला के प्राचीन इतिहास को वड़ी सहायता मिले।

सित्तन्नवासल की महत्ता

सित्तन्नवासल एक ऐसा स्थान है कि यदि हम एक कलाकार की दृष्टि से उसकी ऐतिहासिक महत्ता पर थोड़ा सा भी विचार करें तो हमें यह एक अत्यन्त ही कलापूर्ण स्थान ज्ञात होगा। किन्तु खेद है कि अभी तक इस सम्बन्ध में जैनियों की ओर से यथोचित रूपसे अन्वेषण-कार्य नहीं किया गया है, यद्यपि ई० वी० हैवेल और एच० लौंगहर्स्ट साहब ने यह सिद्ध कर दिया है कि सित्तन्नवासल एक प्राचीन स्थान है और यहाँ पर जैनकला के अत्यन्त ही प्रशंसनीय नमूने पाये जाते हैं। जैनकला का यह रत्न सदियो तक अन्धकूप मे पड़ा रहने के पश्चात् अब अन्वेषकों के तीक्ष्ण अन्वेषणों की प्रखर रश्मियो से किंचित् प्रकाश मे आकर झिलमिला रहा है—अपनी प्राचीनता स्थापित करने, अपने प्रभुत्व का परिचय देने एवं अपने जीवन-काल को निर्धारित कराने के लिए।

इस लेख का आशय

हमारे इस लेख-द्वारा सित्तन्नवासल का पूरा ज्ञान होना असंभव है; इस लेख का अभिप्राय केवल इतना ही दिग्दर्शन करना है कि यह स्थान कलाकारों के लिए एक शिल्प-निधि है और इतिहास प्रेमियों तथा विद्वानों को इस ओर अधिक ध्यान देना चाहिए।

सित्तन्नवासल और पुदुकोट्टा राज्य

सित्तन्नवासल के चरवाहों को इस शिल्पनिधि का पता तो अवश्य था किन्तु वे वेचारे क्या जानें कि पहाड़ी सित्तन्नवासल और गुफाओं की छतों, दीवारों और स्तम्भों पर जहाँ-तहाँ वने हुए हाथी-घोड़े, राजा-मंत्री, मोर-मुकुट, प्राचीन-जैन कला और साहस के जीते जागते निदर्शन हैं। इस रत्न को खोज निकालने का श्रेय मि० हैवेल और मि० लौंगहर्स्ट जैसे पुरातत्त्ववेत्ताओं को ही मिला। इस रत्न को जनता के समक्ष उपस्थित कर इन लोगो ने कार्य तो अवश्य ही वड़प्पन का किया परंतु जवतक जनता की निगाह इस पर नहीं पड़ी थी, जवतक चरवाहों का ही इस पर राज्य था तव तक सदियो से संचित यह धन वहुत सुरक्षित रहा, किसी ने इसके साथ छेड़-छाड़ न की; किन्तु जव से पुरातत्त्ववेत्ताओं की प्रखर अन्वेषक रश्मियां इस पर पड़ी है तव से विचारा यह शिल्पनिधि वहुतेरे उद्दण्ड

दर्शकों, यात्रियों, अन्वेषकों और परिव्राजकों का शिकार बन बैठा—जिसके फलस्वरूप २य सदी ई० पू० के बने हुए मडोत्क चित्र (Fresco Paintings) केवल लकीरों के रूप में अपना रोना रो रहे हैं। अज्ञानियों ने इन चित्रों के अस्थिपंजर को भी धुंधला बना दिया है और यदि पुदुकोट्टा राज्य के अजायब घर के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित न होता तो सम्भवतः इस निधि का एक एक रत्न दर्शकों की अंगुलियों की रगड़ से ही साफ हो जाता और जैन-कला का एक वैभवशाली स्मारक सदैव के लिये लुप्त हो जाता। राज्य के पुरातत्त्व-विभाग के अधिकारियों ने इन चित्रों के एक दम बिगड़ जाने के पूर्व ही इनकी नक्ल कर ली थी और कुछ चतुर चित्रकारों ने इनका फोटो (Photo) भी ले लिया था। इन नक्ली चित्रों से मौलिक मण्डोदक चित्रों के रङ्ग का भी बहुत कुछ ज्ञान होता है। मि० हैवेल-द्वारा लिखित 'Studies in Indian Painting' नामकी पुस्तक में इन चित्रों का नमूना मिलता है।

सित्तन्नवासल की पहाड़ी गुफाओं में इन मडोदक चित्रों के अवशेष अभी भी पाए जाते हैं। वहाँ का सबसे बड़ा चित्र एक गुफा के चबूतरे की छत पर है। अन्यान्य चित्र स्तम्भों पर ही हैं। छत परका चित्र हाथों की पहुंच से बाहर होने के कारण बहुत कुछ सुरक्षित है। गुफा के चित्र नाना प्रकार के रंगों से रंगे गये हैं और इनकी शोभा देखने लायक है। इन चित्रों को दीर्घायु बनाने के लिए रंगों की कितनी ही तह दी गयी हैं। इनकी तुलना इटली के 'Fresco Buons' से की जाती है।

सित्तन्नवासल की पहाड़ी गुफाएं

छत के चित्र में एक तालाब का दृश्य है। तालाब बहुत बड़ा है, उसमें हाथियों, जल विहगमों, मछलियों, कुमुदिनी और कमल के फूलों की शोभा देखतेही बन पड़ती है। तालाब में स्नान करते हुए दो मनुष्य के चित्र हैं—एक गौरवर्ण और दूसरा श्यामल। सभवतः ये चित्र जैनियों के ही हैं।

उसी गुफा के एक स्तम्भ पर एक नर्तकी का जो मडोदक चित्र है उसकी सराहना बड़े बड़े कलाविदों और चित्रकारों ने की है। चित्र में चित्रित नर्तकी की भावभंगिमा देख कर लोगों को दंग रह जाना पड़ता है। जिस खूबी और बारीकी के साथ उस नर्तकी के अङ्गों को अङ्कित किया गया है उस को देख कर आलोचकों का ध्यान रंगों के चमत्कार से हट कर अङ्गों की कमनीयता पर ही केन्द्रित हो जाता है। एक दूसरे स्तम्भ पर एक राजा का चित्र है। यह चित्र भी सत्यता से भरा है। प्रत्येक चित्र में एक नवीन प्रकार की सजीवता है। अजंता के चित्रों के विषय में प्रोफेसर विलियम रोथेनस्टेइन ने लिखा है कि "मनोवैज्ञानिक चित्रण के विचार से इन चित्रों में इतनी सत्यता है, यहाँ के मनुष्यों और पशुओं का चित्रण

इतना अद्भुत है और भारतीय जीवन के आध्यात्मिक चित्रण में इतनी गम्भीरता है कि आज इस शीघ्र परिवर्तनशील युग में भी तत्कालीन चित्रकला की अनुपस्थिति में ये चित्र भारतीय जनता की सभ्यता और चरित्र के प्रतिनिधि हैं।' सित्तन्नवासल के चित्रों के विषय में भी यदि ये ही बातें लिखी जायें तो विशेष अत्युक्ति न होगी। कलाकारों ने यहां के चित्रों को अजंता के चित्रों के समान ही सुन्दर और अपूर्व बताया है। इनके अतिरिक्त मंडोदक चित्रों से विभूषित उस गुफा में और भी अनेक चित्ताकर्षक चित्र हैं। इसकी दीवारों पर जैन तीर्थङ्करों के पाँच मनुष्याकार चित्र खुदे हुए हैं। इनमें से तीन भीतरी उपासना-स्थली के अन्दर और दो चबूतरे के दोनों तरफ हैं। उपासनास्थलों के दक्षिण की ओर जिन चार छोटे-छोटे उत्कीर्ण लेखों का पता लगा है वे प्राचीन ग्रन्थाक्षरों में लिखे गये हैं, पल्लवों के राज्यवंश के प्रथम महेन्द्र वर्म्मन् का संगीत-सम्बन्धी एक उत्कीर्ण लेख भी समीप के एक गांव में पाया गया है।

ऊपर जिस गुफा का परिचय दिया गया है वह मनुष्यों द्वारा ही पहाड़ काट कर बनाया गया है और वह पहाड़ के उत्तरी किनारे पर है। इसके अतिरिक्त वहां और दूसरी गुफायें भी है। पहाड़ के दक्षिण भाग में जो गुफा है वह प्राकृतिक है। उसे किसी मनुष्य ने नहीं बनाया है और जैन आचार्य उसे एक दूसरे ही कार्य में लाते थे। बहुतों का विश्वास है कि कुछ जैन मुनियों ने उस दुर्गम पर्वत की गुफा में जाकर शान्तिपूर्वक जीवन की अन्तिम घड़ियों को व्यतीत किया था। परन्तु कतिपय विद्वानों की यह धारणा है कि वे लोग निर्विघ्नरूप से धर्म-ध्यान करने को ही वहां जाया करते थे।

जैन मुनियों की समाधि-शिलायें

इस गुफा में सात समाधि-शिलायें है, प्रत्येक की लम्बाई ६ फीट और चौड़ाई प्रायः ४ फीट है। यह बताना बहुत कठिन है कि इन समाधिशिलाओं का क्या उपयोग किया जाता रहा होगा। जैन मुनियों ने या तो इन पर बैठ कर ध्यान लगाया होगा, आराधना की होगी या उन पर लेट कर अपनी थकान दूर की होगी। कुछ भी हो पर इतना अवश्य है कि इतने ऊँचे पर्वत पर जहां से तनिक भी पैर फिसलने पर हड्डियाँ चूर-चूर हो जायँगी, खेल तमाशा के लिये कोई भी जाने का साहस न करता रहा होगा। आज भी जब कि राज्य के पुरातत्त्व-विभाग की ओर से वहां जाने की बहुत सुविधायें है, उस गुफा तक जाने के लिए हिम्मत की आवश्यकता है और गुफा का मार्ग खतरे से खाली नहीं है, फिर उस जमाने की तो बात ही क्या है जब वहां जाने के लिए कोई निर्धारित पथ तक नहीं था, सुगमता की तो बात ही अलग रही। प्राचीन जैन साहस का यह नमूना जैनियों का गौरव-स्तम्भ है। गुफा की ज़मीन पर तृतीय सदी ई० पू० का एक उत्कीर्ण लेख है जिससे अनुमान किया जाता है कि उस

प्राचीन समय में भी यह गुफा एक जैनविहार था। यह गुफा १०० फीट लम्बी और ५० फीट चौडी है। इसमे प्रवेश करने का केवल एक ही मार्ग है जिसके द्वारा कोई भी मनुष्य सुगमतापूर्वक अन्दर जा सकता है। प्रभात सूर्य की किरणे इसके चौडे मुख मे अच्छी तरह प्रवेश कर जाती हैं और उस समय गुफा के भीतर बहुत दूर तक अन्धकार का नाम तक नहीं रहता। गुफा का दूसरा किनारा दो चट्टानों के प्राकृतिक मिलाप से बन्द हो गया है और इसका भीतरी भाग जितना सुरक्षित है बाहरी हिस्सा उतना नहीं है। सामने का भाग ढालुआ होने के कारण भयानक और विपत्तिजनक है।

गुफा का विस्तार

पुदुकोट्ट राज्य के अधिकारियों ने गुफा तक जाने का अच्छा प्रबन्ध कर दिया है। करीब करीब गुफा के द्वार तक मोटर जानेके लिये सडक बना दी गई है। गुफा का द्वार भी अब बराबर खुला नहीं रहता। राज्य की ओर से इसकी देख-रेख का प्रबन्ध है। हरएक मनुष्य स्वच्छन्दतापूर्वक अब इसके भीतर नहीं जा सकता। ऐसा करने से चित्रों का बचा-बचाया अस्थि पञ्जर सुरक्षित है। राज्य के अधिकारियों ने प्राचीन जैनकला और साहस के इस नमूने को बचा कर जैनधर्म की जो सेवा की है उसके लिये वे हमारे धन्यवाद के पात्र हैं और हम उनकी सराहना करते हैं।

राज्य की ओरसे प्रबन्ध

सहायक पुस्तकें —

(१) 'मद्रास व मसूर प्रान्त के प्राचीन जैन स्मारक' ब्र० सीतलप्रसादजी।

(२) 'Indian State Railway Magazine' VolVIII, No 9

विविध-विषय

उदयगिरि- खंडगिरि-गुफाओं के अन्य शिलालेख

[१]

ओड़ीसा प्रान्त में जैनियों के लिये खास और पवित्र स्थान उदयगिरि-खंडगिरि की पहाड़ियां है। दिगम्बर जेनी इस स्थान की गणना अपने तीर्थों में करते हैं और हर-समय यहाँ की पूजा-वन्दना करने आते हैं। इस क्षेत्र का प्रबन्ध भी दिगम्बर जैनियों के अधीन है। परन्तु शिक्षित-समुदाय मे उदयगिरि-खंडगिरि की गुफायें प्रसिद्ध कलिंग-सम्राट् खारवेल के हाथीगुफावाले शिलालेख के कारण प्रख्यात है। यह सम्राट् ईस्वी-पूर्व दूसरी शताब्दी मे हुये थे और जैनधर्म के एक महान् स्तम्भ थे। इन्हीं सम्राट् के पुत्र एवं अन्य परिजनो ने उपर्युक्त पहाड़ियो पर कई गुफायें वनवायी थीं। उन इमारतों में इन लोगों ने अपने-अपने शिलालेख भी अङ्कित कराये थे। उन शिलालेखों को सन् १८३७ ई० मे सब से पहले प्रो० जेम्स प्रिंसिप सा० ने पढ़ कर छपाया था। उसके पश्चात् कितने ही दूसरे विद्वानों ने भी उनको पढ़ा और प्रकाशित किया। किन्तु हाल में उन लेखों को डा० वेनीमाधव बारूआ ने संशोधित-रूप मे 'इण्डियन हिस्टॉरिकल क्वार्टर्ली' (भा० १४ अङ्क २) मे प्रकाशित कराया है। पाठको के परिचय के लिये हम उन्हे यहाँ अपने हिंदी-अनुवाद-सहित सधन्यवाद प्रकट करते हैं।

१. उदयगिरि-पर्वत पर एक गुफा 'वैकुण्ठपुर' नामक है, जिसमे एक शिलालेख सम्राट् खारवेल की अग्रमहषी-द्वारा अङ्कित विद्यमान है। कुछ समय पहले यही गुफा 'स्वर्गपुर' नाम से प्रसिद्ध थी! इस गुफा की सामनेवाली दीवाल पर निम्नलिखित शिलालेख अङ्कित है, जिस मे केवल तीन पक्तियां है। प्रारम्भ मे एक शुभ चिह है। यह लेख भी हाथी गुफावाले लेख के साथ ही खुदवाया गया था—इसलिये उतना ही प्राचीन है—

"अरहंत—पसादानं कलिगानं समनानं लेणं कारितं [,—] राजिनो ललाकस हथिस (ि)हसंपनात सधुतुना कलिग-च (कनतिनो सिर-खार) वेलस अगमहसिना कारितं।"

अर्थात् आर्हतमतानुयायी कलिग के श्रमणों के लिये यह गुफा कलिंग चक्रवर्ती श्रीखारवेल की अग्रमहषी ने वनवाई, जो महानुभाव नृपललाक हत्थिसिह की कन्या थी।

२ दूसरा शिलालेख पातालपुर नामक गुफामे है, जो मंचपुरी गुफा का निम्नतल है। इस शिलालेख को खारवेल के पुत्र और उत्तराधिकारी ने अङ्कित कराया था, जिनका नाम कूदेप था। शिलालेख निम्नप्रकार है:—

अर्थात् पादमूलिक (राजकर्मचारी) कुसुम (द्वारा निर्मापित) गुफायें।

१०, अनन्त गुफा मे निम्न लिखित लेख है:—

,'दोहद समणनं लेणं।"

अथोत्—श्रमणों की गुफायें।

११. तत्त्वगुफा नं० १ मे निम्नाङ्कित लेख है, जिसके नीचे ब्राह्मी लिपि की वर्णमाला लिखी है:—"······रीपुतस कयान।"

'अन्य शीलालेख मध्यकालीन हैं। —का० प्र०

पूज्यपाद-चरित्र

[२]

कन्नड भाषा मे चन्द्रय्य नामक कविका रचा हुआ एक 'पूज्यपाद-चरित्र' है। उसमें आचार्य-प्रवर देवनन्दि—पूज्यपाद का सच्चिप्त जीवन-चरित्र लिखा हुआ है। 'जैनहितैषी' भा० १५ पृष्ठ १०५-१०६ पर उसका सार पं० नाथूरामजी प्रेमी ने निम्न प्रकार दिया है। "कर्णाटक देश के कोले नामक ग्राम के माधवभट्ट नामक ब्राह्मण और श्रीदेवी ब्राह्मणी से पूज्यपाद का जन्म हुआ। ज्योतिषियों ने बालक को त्रिलोक-पूज्य वतलाया, इस कारण उसका नाम पूज्यपाद रखा गया। माधवभट्ट ने अपनी स्त्री के कहने से जैनधर्म स्वीकार कर लिया। भट्टजी के साले का नाम पाणिनि था। उसे भी उन्हों ने जैनी वनने को कहा, परन्तु प्रतिष्ठा के खयाल से वह जैनी न हो कर मुडीगुंड ग्राम मे वैष्णव संन्यासी हो गया। पूज्यपाद का कमलिनी नामक छोटी वहिन हुई, वह गुणभट्ट को व्याही गयी। गुणभट्ट को उससे नागार्जुन नामक पुत्र हुआ। पूज्यपाद ने एक वगीचे में एक सॉप के मुंह मे फॅसे हुए मेढक को देखा। इससे उन्हें वैराग्य हो गया और वे जैनसाधु वन गये। पाणिनि अपना व्याकरण रच रहे थे। वह पूरा न होने पाया था कि उन्हों ने अपना मरणकाल निकट आया जान लिया। इससे उन्होंने पूज्यपाद से जाकर कहा कि इसे आप पूरा कर दीजिये। उन्होंने पूरा करना स्वीकार कर लिया। पाणिनि दुर्भाग्यवश मरकर सर्प हुए। एक वार उन्होंने पूज्यपाद को देख कर फूत्कार किया, इस पर पूज्यपाद ने कहा, विश्वास रखो, मैं तुम्हारे व्याकरण को पूरा कर दूंगा। इसके वाद उन्हों ने पाणिनि-व्याकरण को पूरा कर दिया। इसके पहले वे जैनेन्द्र व्याकरण, अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण और वैद्यक, ज्योतिष आदि के कई ग्रन्थ रच चुके थे। गुणभट्ट के मर जाने से नागार्जुन अतिशय दरिद्र हो गया। पूज्यपाद ने उसे पाद्मवती का एक मन्त्र दिया और सिद्ध करने की विधि वतला दी। पद्मावती ने नागार्जुन के निकट प्रकट हो कर उसे सिद्धरस की वनस्पति वतला दी। इस सिद्धरस से नागार्जुन सोना बनाने लगा। उसके गर्व का परिहार करने के लिये पूज्यपाद ने एक मामूली वनस्पति

मे कई बडे सिद्धरस बना दिये। नागार्जुन जब पर्वतों को सुवर्णमय बनाने लगा, तब धरणेन्द्र पद्मावती ने उसे रोका और जिनालय बनाने को कहा। तदनुसार उसने एक जिनालय बनवाया और पार्श्वनाथ की प्रतिमा स्थापित की। पूज्यपाद पैरों में गगनगामी लेप लगा कर विदेह क्षेत्र को जाया करते थे। उस समय उनके शिष्य वज्रनन्दि ने अपने साथियों से झगडा करके द्राविडसघ की स्थापना की। नागार्जुन अनेक मन्त्र, तन्त्र तथा रसादि सिद्ध करके बहुत प्रसिद्ध हो गया। एक बार दो सुन्दरी स्त्रियां आईं जो गाने नाचने में कुशल थीं। नागार्जुन उन पर मोहित हो गया। वे वहीं रहने लगीं और एक दिन अवसर पाकर उसे मार कर और उसकी रसगुटिका लेकर चलती बनीं। पूज्यपाद मुनि बहुत समय तक योगाभ्यास करते रहे। फिर एक देव के विमान में बैठ कर उन्होंने अनेक तीर्थों की यात्रा की। मार्ग में एक जगह उनकी दृष्टि नष्ट हो गयी थी, सो उन्होंने एक शान्त्यष्टक बनाकर ज्यों की त्यों करली। इसके बाद उन्होंने अपने ग्राम मे आकर समाधि पूर्वक मरण किया।" प्रेमीजी ने इस कथा साराश को अपने निम्न वाक्यों सहित प्रकट किया था कि 'विद्वान् पाठक इससे यह समझ सकेंगे कि सत्यता की जरा भी परवा न करने वाले और साम्प्रदायिकता के मोह में बहनेवाले लेखक किस तरह तिल का ताड़ बनाते हैं।' परन्तु विद्वान् लेखक के इस मत से हम सहमत होने में असमर्थ हैं, क्योंकि उपर्युक्त कथा भाग में ऐसी कोई बात नहीं दिखती जो सम्प्रदायिकता को लिये हुये हो। प्रत्युत जो कुछ उसमें लिखा है उसका समर्थन अन्य स्रोत से भी होता है। कथा से निम्न लिखित बात प्रकट होती हैं —

(१) देवनन्दि—पूज्यपाद कर्णाटक देश के निवासी थे ,

(२) उन्होंने जैनमुनि होकर अनेक ग्रन्थ रचे थे, जिनमें एक पाणिनि व्याकरण भी था।

(३) पूज्यपाद ऋद्धिधारी योगी थे, सामान्य वनस्पति से उन्होंने स्वर्णोत्पादक सिद्धरस बनाया था ,

(४) वह विदेह क्षेत्र की यात्रा को गये थे ,

व्याकरण रचने की बात भी असत्य नहीं ठहरती ; क्योंकि शिलालेखीय एवं साहित्यिक साक्षी से स्पष्ट है कि पूज्यपाद ने पाणिनि-व्याकरण पर 'शब्दावतार' नामक न्यास (टीका) ग्रन्थ रचा था।* कथाकार ने टीका न लिख कर पाणिनि-व्याकरण ही लिख दिया और पाणिनि को पूज्यपाद का मामा बताया। परंतु उन्होंने यह नहीं लिखा कि यह पाणिनि संस्कृत-साहित्य के प्रसिद्ध वैयाकरण है। हो सकता है कि पूज्यपाद के मामा का नाम पाणिनि हो और उन्होने पाणिनि के प्रसिद्ध व्याकरण पर टीका रचना विचारा हो और वैसा न कर सकने पर पूज्यपादजी ने उनके विचार को पूरा किया हो। इससे तो 'शब्दावतार-टीका' रचे जाने का हेतु भी विदित हो जाता है। अत एव चरित्रगत इस उल्लेख को एकदम असत्य नही कहा जा सकता। श्रवणबेलगोल के शिलालेख नं० १०८ (२५८) में पूज्यपाद के विषय मे यह लिखा हुआ मिलता है:—

श्रीपूज्यपादमुनिरप्रतिमौषधर्द्धिर्जीयाद्विदेहजिनदर्शनपूतगात्रः।
यत्पादधौतजलसंस्पर्शप्रभावात् कालायसं किल तदा कनकीचकार ॥१७॥

इसका अभिप्राय यही है कि श्रीपूज्यपाद मुनि अद्वितीय औषधि-ऋद्धि के धारक और विदेहक्षेत्र-स्थित जिनेन्द्र भगवान् के दर्शन-द्वारा पवित्र-गात्र हुए थे। एक समय उनके चरणोदक के स्पर्श से लोहा भी सोना हो गया था। चरित्रग्रंथ मे भी इन्ही बातों का उल्लेख है। श्रीदेवसेनकृत 'दर्शनसार' ग्रंथ के देखने से यह बात भी ठीक जंचती है कि पूज्यपादजी के शिष्य वज्रनंदि थे, जिन्होंने द्राविड़संघ को स्थापना की थी। इस प्रकार 'पूज्यपाद-चरित्र' में यह वर्णित आचार्य पूज्यपाद की जीवनवार्ता का समर्थन स्वाधीन साक्षि-द्वारा होता है। इस अवस्था मे उसे एकदम 'असत्य' कह देना अति साहस होगा। कथा-वार्ता तब तक विश्वसनीय होना चाहिये जब तक उसके विरुद्ध पुष्ट प्रमाण उपलब्ध न हो।

—का० प्र०

वैजनाथ की जिन-प्रतिमा का लेख।

[३]

"भास्कर" भा० ४ कि० ३ पृ० १४९ पर वैजनाथ के शिवालय मे पार्श्वजिनेन्द्र की एक प्रतिमा होने का उल्लेख हुआ है। हाल मे हमे स्व० श्रीकुमार देवेन्द्रप्रसादजी के कागज़ों मे इपीग्रेफिया इंडिका भा० १ की प्रतिलिपि मिली है, जिससे प्रकट है कि उक्त जरनल के पृष्ठ ११८-११९ पर वैजनाथ के मन्दिर मे विराजमान एक जैनमूर्ति का लेख छपा है। उस जैन-

* नगर ताल्लुक (शिवमोग्गा) के शिलालेख न० ४६ मे एवं वृत्तविलास कविकृत 'धर्मपरीक्षे' नामक ग्रन्थ मे पूज्यपाद के 'शब्दावतार' नामक पाणिनि-व्याकरण की टीका का उल्लेख है।

मूर्ति का जो परिचय वहाँ दिया है उससे स्पष्ट है कि यह मूर्ति वह नहीं थी, जिसके दर्शन मैंनपुरी के जैनसघ ने किये थे, क्योंकि यह मूर्ति भ० पार्श्वनाथ की न हो कर भ० महावीर की बताई गई है और जो लेख उस पर अङ्कित है उसमे यह मूर्ति श्वेताम्बराम्नाय की प्रतीत होती है। बुल्हर सा० ने इस लेख को पढ़ा था और उन्हें बताया गया था कि निकटस्थ कीरग्राम में महावीर स्वामी का एक जैनमन्दिर था—उसके नष्ट होने पर इस प्रतिमा को यहाँ लोग ले आये। मूर्ति पर के लेख का भाव यह है कि सम्वत् १२९६ फाल्गुन कृष्ण ५ रविवार को जिनेन्द्र महावीर के मूलबिम्ब को श्रेष्ठी दोल्हण और अल्हण ने निर्मापित कराया। यह दोनों सेठ ब्रह्मक्षत्रवंशी मानू के पुत्र थे। उन्होंने कीरग्राम में जिनमन्दिर भी बनवाया जिसमें इस प्रतिमा को रुद्रपल्लीय जिन वल्लभ सूरि की आम्नाय में हुये अभयदेव सूरि के शिष्य देवभद्र सूरि से प्रतिष्ठित करा कर विराजमान किया। इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि मध्यकाल में कीरग्राम (वैजनाथ) जैनधर्म का एक केन्द्र था।

—का० प्र०

संवत् १०११ के जैनमन्दिर का एक लेख

[४]

उल्लिखित जनरल के पृ० १३५ पर खजुराहो के जिननाथ मन्दिर के द्वार पर अङ्कित लेख का परिचय भी दिया है। प्रिय वर्नेन्द्र ने उसकी भी नकल करके रख छोड़ी थी। उसमे प्रकट है कि संवत् १०११ में परम धर्मात्मा पाहिल ने कई वाटिकाओं का दान किया था। पाहिल के गुणों के साथ साथ उन्हें महाराज धङ्ग द्वारा सम्मानित किया है। इन्हीं महाराज धङ्गदेव का उल्लेख यशोवर्मन् के लेख में हुआ है। महाराज-गुरु श्रीवासवचन्द्र थे।

—का० प्र०

दिल्ली का 'उर्दू-मन्दिर'

[५]

'लिस्ट आव मुहमडन एण्ड हिन्दू मानूमेण्ट्स' नामक पुस्तक में प्रकट है कि दिल्ली में यह जैनमन्दिर जो लाल किले के पास अवस्थित है और जिसे 'उर्दू मंदिर' कहते हैं, सम्राट् शाहजहाँ के समय का है। 'उर्दू-मंदिर' वह इसलिये कहा गया था कि उसका निर्माण उन जैनियों के लिये किया गया था जो सम्राट् शाहजहाँ की सेना में थे। एक दफा सम्राट् औरङ्गजेब ने हुक्म निकाला था कि इस मंदिर में बाजे न बजाये जायँ, परन्तु उनके हुक्म की पाबन्दी

न हो सकी—बाजे बराबर बजते रहे—यह जरूर था कि बजाने वाला कोई न दिखता था। सम्राट् स्वयं यह देखने आये और संतोषित होकर उन्होंने अपना हुक्म वापस ले लिया। कहा जाता है कि जिस स्थान पर यह मन्दिर है पहले वहाँ पर शाही छावनी थी और एक जैनी सैनिक की छोलदारी वहाँ पर लगी थी, जिन्होंने अपने लिये दर्शन करने के वास्ते एक जिन-प्रतिमा उसमें विराजमान कर रखी थी। उपरान्त उसी स्थान पर यह विशाल मन्दिर बनाया गया। इस में प्रतिमायें संवत १५४८ की प्रतिष्ठित हुई विराजमान हैं। क्या ही अच्छा हो, यदि इस मन्दिर में विराजमान मूर्तियों और यंत्रों के लेखों को नकल करके प्रकट की जाय।

—का० प्र०

"जैन-ऐंटीक्वेरी" के लेख

(भाग ४ कि० १)

[६]

१—श्रीभास्कर आनन्द सालेतुरु महोदय ने कर्णाटक देश के प्रसिद्ध जैनाचार्य वादी विद्यानन्द का प्रामाणिक परिचय लिखा है, जिससे स्पष्ट है कि वह नन्दिसंघ और कुन्द-कुन्दान्वय से सम्बन्धित थे। गेरुसोप्पे के दिग० जैनसंघ के प्रधान गुरु थे। कोपण, श्रवण बेलगोल आदि दक्षिणवर्ती जैन तीर्थों में आपने धर्मप्रभावना के अनेक कार्य किये थे। अनेक राजदरबारों में जाकर उन्होंने परवादियों से वाद किये थे, जिनसे उनकी कीर्ति चारों ओर फैली थी। श्रीरङ्गनगर में ईसाई धर्माचार्य से भी उन्होंने वाद करके विजय पाई थी। सालेतुरु महाशय ने उन सब राजाओं का भी ऐतिहासिक परिचय कराया है, जिनके समक्ष विद्यानन्दजी ने वाद किये थे। इन आचार्य का कार्य-काल सन् १५०२ से १५३० ई० तक सिद्ध किया है।

२—श्री एच० एम० भट्टाचार्य महोदय ने जैनसिद्धान्तानुसार 'ज्ञान' विषय पर मार्मिक लेख लिखा है। आपका यह लिखना ठीक है कि जैनसिद्धान्त और संस्कृति का अध्ययन जैसा चाहिये वैसा अभी तक विद्वानों ने नहीं किया है। जैनेतर विद्वान् जैनसिद्धान्त का निरू-पण शायद ही ठीक-ठीक कर पाते हों। जैनमान्यतायें पाश्चात्य जगत् की आधुनिक मान्यताओं से टक्कर लेती हैं।

साहित्य-समालोचना

अहिंसा और कायरता

[१]

लेखक—अयोध्या प्रसाद गोयलीय, प्रकाशक—हिन्दीविद्या मन्दिर पहाड़ी धीरज देहली,
वितरक—लाला तनसुख राय जैन, भाषा—हिन्दी, पृष्ठसंख्या ३१, नवम्बर १९३७।
साईज—डबलक्राउन सोलहपेजी, कागज मुद्रण आदि सुन्दर

इसमें अहिंसा धर्म की उत्तमता एवं सर्वमान्यता, जैनधर्म में उसकी सर्वाङ्ग पूर्णता व्यक्त कर आगे हिंसा का लक्षण और हिंसा के भेद की समीक्षा करते हुए गोयलीय जी ने अहिंसा पर कायरता का कलंक लगाना भूल है इस बात को सयुक्तिक साबित किया है। इसमें सन्देह नहीं कि गोयलीयजी की लेखनी में ओज और प्रतिभा का सुन्दर सम्मिश्रण है। इनको साहित्यिक क्षेत्र में उतर कर अपनी लौकिक शक्ति का पूर्ण परिचय देना चाहिये। अब तो इन्हें सुयोग्य समाज शुभचिन्तक लाला तनसुख रायजी मैनेजिंग डाइरेक्टर 'तिलक बीमा कम्पनी' देहली का पृष्ठपोषण भी मिल गया है।

—के० बी० शास्त्री

हमारी कायरता के कारण

[२]

लेखक—अयोध्याप्रसाद गोयलीय प्रकाशक—जैन संगठन सभा, पहाड़ी धीरज देहली,
भाषा—हिन्दी, पृष्ठ-संख्या ३०, नवम्बर १९३७, मूल्य एक आना, साइज—
डबलक्राउन सोलहपेजी, कागज मुद्रण आदि समीचीन।

इसमें लेखक ने समाज की वर्तमानकालीन विलासिता का सजीव चित्र खींचा है और उसका सारा दायित्व माता पिता के ऊपर निर्भर बतलाया है। इनका कहना है कि माता पिता ही इसलिये इसके उत्तरदायी हैं, क्योंकि सन्तान को योग्य या अयोग्य बनाना उन्हीं के हाथ में है। वास्तव में यह बात है भी ठीक। गोयलीयजी ने इसमें आधुनिक स्त्रियों के फैशन का खाका बड़े अच्छे ढंग से खींचा है। बल्कि इन्होंने सिद्ध किया है कि गरीब और साधारण स्थितिवाले परिवार इसी फैशन से तबाह हैं। अन्तमें गोयलीयजी ने वर्तमान-कालीन शिक्षा और संस्कार भी हमारी कायरता में कारण हैं—इस बात को अनेक उदाहरणों से अभिव्यक्त किया है। यह पुस्तक मुझे बहुत पसन्द आयी। समाज में घुसी हुई कुरीतियों को अन्त करने के लिये ऐसी ही पुस्तकों की आवश्यकता है। जैन समाज इससे अवश्य लाभ उठायेगा।

—के० बी० शास्त्री

क्या जैनसमाज जिन्दा है ?

[३]

लेखक—अयोध्याप्रसाद गोयलीय; प्रकाशक—हिन्दीविद्या-मन्दिर न्यू देहली; द्रव्यदाता—लाला तनसुख राय; भाषा—हिन्दी; पृष्ठसंख्या—३२; एप्रिल १९३८; मूल्य—एक आना; साइज—डवलक्राउन सोलहपेजी; कागज, मुद्रणादि सुन्दर।

गोयलीयजी ने इस छोटी पुस्तिका मे वर्तमान जैनसमाज का चित्र बड़े सुन्दर ढङ्ग से अङ्कित किया है। जैनसमाज मे संगठन के अभाव को सोदाहरण सिद्धकरते हुए समाज में घर किये हुई प्राय सभी कुरीतियों पर आपने अच्छा प्रकाश डाला है। वास्तव मे जिन्हें जैनसमाज की उन्नति की चिन्ता रात-दिन सता रही है, उन्हें इस पुस्तिका का अवलोकन अवश्य करना चाहिये। यथार्थ में सगठन के अभाव ने ही जैनसमाज निर्जीव-सा बना हुआ है। अपने नगण्य भेद-भावों को भूल कर कमसे कम अब इसे संगठित हो जाना चाहिये। इस विषय मे जैनियों को पारसी-सिक्ख आदि अल्पसंख्यक जातियों से शिक्षा लेनी चाहिये। लेखक का मत है कि शिक्षा-संस्थाओं, सभाओं एवं पत्र-पत्रिकाओं आदि की वृद्धिंगत संख्या को सीमित कर उन सीमित संस्थाओं को सुदृढ़ तथा समुन्नत बनाने की बड़ी आवश्यकता है। तभी जैन समाज को इन परिष्कृत संस्थाओं से वास्तविक एवं पर्याप्त लाभ मिल सकता है। समाज मे घुसी हुई बुराइयों का मूलोच्छेद करने के लिये ऐसी पुस्तको की बड़ी आवश्यकता है। कुछ व्यक्तियो को गोयलीयजी की लेखनी कटुतापूर्ण ज्ञात हो सकती है, पर मरणोन्मुख रोगी को मकरध्वज जैसे तीव्र रस ही काम दे सकता है, न कि साधारण काष्ठौषधी। इसके लेखक गोयलीयजी एवं प्रकाशक लाला तनसुख रायजी धन्यवाद के पात्र है।

—के बी शास्त्री

सचित्र विजयनगर-साम्राज्य

[४]

लेखक एवं प्रकाशक—पोतदार श्रीनिवासराय, स्वामी—श्रीनिवास ऐण्ड कम्पनी धारवाड़; भाषा—कन्नड, पृष्ठसंख्या—३०; मूल्य बारह आना, सन् १९३६।

इसमे निम्नलिखित विषय गर्भित है —(१) प्रकाशकीय वक्तव्य (२) श्रीआलूरु वेंकटराय का प्राक्कथन (३) स्थलवर्णन (सचित्र) (४) इतिहास (५) क्षेत्र-माहात्म्य।

यह विशाल विजयनगर साम्राज्य के ध्वंसावशेष-स्मारक सम्बन्धी चित्रों का संग्रह है। विजयनगर साम्राज्य सन् १३३६ मे स्थापित हुआ और सन् १५६५ मे यवनो के द्वारा नष्ट किय

गया। यह नगर लगभग एक सौ एक वर्गमील से अधिक विस्तृत रहा। आज भी इसकी मुख्य मुख्य इमारतें बुरी हालत में नौ वर्गमील तक व्याप्त हैं। शेप स्थानों में केवल उसके चिह्न नजर आते हैं।

यह निर्विवाद बात है कि विजयनगर साम्राज्य हिन्दुओं का एक चमकता हुआ आदर्श भूत साम्राज्य रहा। इसकी ख्याति केवल भारत तक ही सीमित नहीं थी, किन्तु बाहर भी थी। इसने काफी प्रसिद्धि उपार्जित की था। विदेशों से यात्रा निमित्त भारत में आये हुए पर्यटकों की विजयनगर साम्राज्य विषयक शुभ सम्मतियों को इकट्ठी की जाय तो एक गवेषणापूर्ण सुन्दर इतिहास तयार हो सकता है। इस साम्राज्य के शासनकाल में जैनी भी बड़े अमन चमन से रहते थे, इसमें कोई शक नहा। शासक हिन्दू होते हुए भी जैनधर्म एवं तदनुयायी जैनियों से उनका प्रेम था। इसके एक दो नहीं बल्कि अनेकों प्रमाण मौजूद हैं। इस सम्बन्ध में मेरा एक लेख इस 'भास्कर' एवं बेंगलोर से प्रकाशित होनेवाले 'अरुणोदय' के विजय नगर साम्राज्य के स्मारकोत्सव के उपलक्ष में प्रकट हुए विशेषांक में प्रकाशित हो चुका है।

अन्तमें मैं 'सचित्र विजयनगर साम्राज्य' को प्रकाशित करनेवाले कलाविशारद पोतदार श्रीश्रीनिवास रायजी को धन्यवाद दिये बिना नहा रह सकता। वास्तव में इनका यह परिश्रम सराहनीय एवं अनुकरणीय है। इसमें जितने चित्र दिये गये हैं वे सबके सब दर्शनीय हैं। जैन मन्दिरों के भी चित्र इसमें सम्मिलित हैं। यह केवल चित्रसंग्रह की दृष्टि से ही महत्त्वशाली नहीं है, किन्तु दर्शकों का एक पथप्रदर्शक भी है। —के० बी० शास्त्री

जैन सिद्धान्तभवन आरा की संक्षिप्त रिपोर्ट

(वीर नि स० २४६३ से २४६४ तक)

[६]

वीर नि० स० २४६३ ज्येष्ठ शुक्ल पचमी स वीर नि० स० २४६४ ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तक लगभग ५००० पाठकों ने भवन से लाभ उठाया है। विशिष्ट दर्शकों में से निम्नलिखित धनी मानी एव विद्वानों के नाम विशेष उल्लेखनीय है —

(१) राज्यभूषण रावराजा सर सेठ हुकुमचन्द नाइट इन्दौर (२) श्रीयुत बा० वि० पराडकर, सम्पादक 'आज' काशी (३) श्रीमती शिवरानी देवी, सम्पादिका 'हस' काशी (४) श्रीयुत बा० मुरलीधरप्रसाद, सम्पादक 'सर्चलाइट' पटना (५) श्रीयुत पं० रामनरेश त्रिपाठी, सम्पादक 'कविताकौमुदी' प्रयाग (६) श्रीयुत पं० रामदहिन मिश्र काव्यतीर्थ, सम्पादक 'किशोर' पटना (७) श्रीयुत प्रधानमन्त्री इण्डियन सेक्सन 'थियोसोफिकल सोसाइटी' काशी (८) श्रीयुत बा० आर० के० शरण, असिस्ट० कमिश्नर आफ इनकम टैक्स पटना (९) श्रीयुत बा० नन्दकिशोर लाल रिटायर्ड डिप्टी कलक्टर, गया

(१०) श्रीयुत बा० बलवन्त सहाय, प्लीडर पटना, (११) श्रीयुत बा० जगतनारायण लाल, पटना (१२) श्रीयुत बा० रूपचंद गार्गीय, पानीपत (१३) श्रीयुत पं० मुनिसुव्रतदास जैन, प्रबन्धक जैन हाइस्कूल पानीपत (१४ श्रीयुत बा० कौशलप्रसाद जैन, तिलक बीमा कम्पनी दिल्ली (१५) श्रीयुत पं० गोविन्दराय जैन न्यायतीर्थ, अध्यापक शिक्षा-मंदिर कोडरमा (१६) पं० राधारमण शर्मा शास्त्री काव्यतीर्थ, साहित्याचार्य, आयुर्वेदरत्नाकर गया। इन विद्वानों ने अपनी बहुमूल्य सम्मतियों द्वारा भवन की सुव्यवस्था एवं संग्रह आदि की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है।

इस वर्ष भवन मे मुद्रित प्राकृत, संस्कृत, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती आदि भारतीय भिन्न-भिन्न भाषाओं की चुनी हुई ८० तथा अंग्रेजी की २५, कुल १०५ पुस्तकें संगृहीत हुई हैं।

भवन के नियमानुसार भवन मे ही आकर अध्ययन करनेवालों के अतिरिक्त विशेष नियम से बाहर भी २२५ ग्रन्थ स्वाध्यायार्थ दिये गये हैं। ग्रन्थ काशी, अलीगंज, कोल्हापुर, पटना, बम्बई, सरसावा, मद्रास, प्रयाग, मूड़बिद्रे आदि शहरों मे गये हैं।

पुस्तक भेंट करनेवाले दाताओं मे 'नागरीप्रचारिणी सभा' काशी, 'नागरी प्रचारिणी सभा' आरा, के० जी० कुन्दनगार कोल्हापुर, राजकीय प्राच्यपुस्तकालय मैसूर और आर्चिओलोजिकल रिसर्च मैसूरु आदि सहृदय सज्जनों और संस्थाओं के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

इस 'भास्कर' के अतिरिक्त इसी मे धारावाहिक रूपसे प्रशस्तिसंग्रह, तिलोयपण्णत्ती एवं वैद्यसार जो निकल रहे हैं,वे ही इस वर्ष भवन के प्रकाशन-विभाग के उल्लेखनीय तीन ग्रन्थ है।

इस वर्ष अंग्रेजी के—(1) Indian Culture (2) Indian Historical quarterly, (3) Annual of the Bhandarkar oriental research institute (4) Karnatka Historical review (5) The Adyar Library Bulletin (6) Oriental Literary Digest (7) Quarterly Journal of the Mythic Society (8) Jaina Hostel Magazine (9) Jaina Gazette और हिन्दी के (१) नागरीप्रचारिणीपत्रिका (२) विशाल-भारत (३) सरस्वती (४) किशोर (५) जीवनसुधा (६) जैनदर्शन (७ वैद्य (८) जैनमहिलादर्श (९) दिगम्बर जैन (१०, धर्मदूत (११) शान्तिसिंधु (१२) जैनबोधक (१३) खण्डेलवाल जैन-हितेच्छु (१४) जैनप्रचारक (१५) जैनबन्धु (१६) जैनसंदेश (१७) जैनमित्र (१८) जैनगजट (१९) नवशक्ति (२०) स्वाधीनभारत (२१) वीर (२२) विश्वमित्र (२३) साहित्यसन्देश (२४) हितैषी। संस्कृत के—(१) उद्यान-पत्रिका (२) सूर्योदय और कन्नड के—(१) प्रबुद्ध कर्णाटक (२) कर्णाटक-साहित्यपरिषत्पत्रिका (३) अध्यात्मप्रकाश (४) सुबोध (५) शरण-साहित्य (६) विवेकाभ्युदय (७) वीरवाणि (८) सर्वार्थसिद्धि ये कुल ४१ पत्र-पत्रिकायें भवन में बराबर आये है। इनमे से दो तीन को छोड़ कर शेष सभी परिवर्तन या भेंटरूप में आते रहे हैं, इसलिये इनके संचालक एवं सम्पादक धन्यवाद के पात्र है।

ज्येष्ठ-श्रुत-पंचमी
गुरुवार-वीर नि सं० २४६४

मन्त्री
श्रीजैन सिद्धान्त-भवन, आरा।

तिलोयपण्णत्ती

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये.

१
१०

सायरउवमा इगिदुतिचउपणछसत्तअट्ठणवदसया ।
दसभजिदारयणप्पह तुरिमिंदयपहुडि जेट्ठाऊ ॥२०८॥

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०

उवरिमखिदिजेट्ठाउ सोहसहेट्ठिमखिदीयजेट्ठ मि ।
मेस णियणियइंदयसखाभजिदम्मि हाणिवड्ढीउ ॥२०९॥
तरहउवहीपढमे दोद्दोजुत्ता य जाव तेत्तीस ।
एक्करसेहि भजिदा बिदियखिदीयदयाण जेट्ठाऊ ॥२१०॥

१३	१५	१७	१९	२२	२३	२५	२७	२९	३१	३३
११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११

इगतीसउवहिउवमापभउ चउवड्ढिदा य पत्तेक्क ।
जा तेसट्ठि णवभजिद पन तदियावणिम्मि जेट्ठाऊ ॥२११॥

३१	३५	३२	४३	४७	५१	५५	५९	६३
९	९	९	९	९	९	९	९	९

बावएणुवहीउवमापभउ तियवड्ढिदा य पत्तेक्क ।
सत्तरिपरियंतते सत्तहिदा तुरिमपुढविजेट्ठाऊ ॥२१२॥

५२	५५	५८	६१	६४	६७	७०
७	७	७	७	७	७	७

सगवएणोवहिउवमाआदी सत्ताधिया य पत्तेक्क ।
पणसीदीपरिअंत पचहिदा पचमीय जेट्ठाऊ ॥२१३॥

५७	६४	७१	७८	८५
५	५	५	५	५

छप्पएणा इगिसट्ठी छासट्ठी हाति उवहिउवमाणा ।
तियभजिदा मघवीए णारयजीवाण जेट्ठाऊ ॥२१४॥

५६	६१	६६
३	३	३

सत्तमखिदिजीवाण आऊ तेत्तीसउवहिउवमाणा ।
उवरिमउक्कस्साऊ समउजुदो हेट्ठिमे जहएण तु ॥२१५॥

२२ | ३३ |

एवं सत्तखिदीणं पत्तेक्कं इंदयाण जो आऊ।
सेढिविसेढिगदाणं सो चेय पइण्णयाणं पि ॥२१६॥

। एवं आउ सम्मत्ता।

सत्ततिछ्दंडहत्थंगुलाणि कमसो हवंति घम्माए।
चरिमिंदयम्मि उदउ दुगुणा दुगुणो य सेसपरिमाणं ॥२१७॥

दं ७, ह ३, अं ६ । दं ह अं । दं ह । दं ह दं ह ½ । दं ५०० ।

रयणप्पहपुत्थीए उदउ सीमंतणामपडलम्मि।
जीवाणं हत्थतियं सेसेसुं हाणिवड्ढीउ ॥२१८॥

ह ३ ।

आदीअंते सोहिय रूऊणिदाहिदम्मि हाणिचया।
मुहसहिदे खिदिसुद्धे णियणियपदरेसु उच्छेहो ॥२१९॥

हाणिचयाण पमाणं घम्माए होंति दोण्णि हत्थाइं।
अट्ठंगुलाणि अंगुलभागो दोहिं विहत्तो य ॥२२०॥

ह २ । अं ८ । भा १/२

पढमधणुमेकहत्थो सत्तरसंगुलदलं छ णिरयम्मि।
इगिदंडो तियहत्थो सत्तरस अंगुलाणि रोरुगए ॥२२१॥

दं १, ह १, अं १७ । दं १, ह ३, अं १७ ।

दो दंडा दो हत्था भत्तम्मि दिवड्ढमंगुलं होदि।
उज्झंते दंडतियं दहंगुलाणि च उच्छेहो ॥२२२॥[2]

दं २, ह २, अ ३/२ | दं ३, अंगु १० ।

तिय दंडा दो हत्था अट्ठारह अंगुलाणि पव्वट्टं।
सव्वत्थणामइंदयउच्छेहो पढमपुढवीए ॥२२३॥

दं ३, ह २, अं १८ । भा १/२

चत्तारो चावाणि सत्तावीसं च अंगुलाणि पि।
होदि असब्भंतिंदियउदउ पढमाइ पुढवीए ॥२२४॥

दं ४, अं २७ ।

1 Below these some numbers are put, but they are not legible

2 This vers is missing in A and B.

चत्तारो कोदंडा तिय हत्था अंगुलाणि तेवीस ।
वलिदाणि होदि उदऊ निमतयणामि पडलम्मि ॥२२५॥

द ४, ह ३, अ २३ ।

पच च्चिय कोदंडा एक्को हत्थो य वीस पव्वाणो ।
तत्तिदयम्मि उदऊ पणत्तो पढमखोणीए ॥२२६॥

द ५, ह १, अ २० ।

छ च्चिय कोदंडाणि चत्तारो अंगुलाणि पव्वद्ध ।
उच्छेहो णादव्वो पडलम्मि य तसिदणामम्मि ॥२२७॥

द ६, अ ४, भा १
२

धणुसयाणि छ च्चिय दो हत्था तेरसंगुलाणि पि ।
वक्कतणामपडले उच्छेहो पढमपुढवीए ॥२२८॥

द ६, ह २, अ १३ ।

सत्त य सरासणाणि अंगुलया एक्कवीसपव्वद्ध ।
पडलम्मि य उच्छेहो होदि अवक्कतणामम्मि ॥२२९॥

द ७, अ २१, भा १/२

सत्त वि सिखासणाणि हत्थाइं तिण्णि छच्च अंगुलय ।
चरमिंदयम्मि उदऊ विक्कते पढमपुढवीए ॥२३०॥

द ७, ह ३, अ ६ ।

दो हत्थो वीसंगुल एक्कारसभजिद दो वि पव्वाइं ।
पयाइ वड्ढीऊ मुहसहिदे होंति उच्छेहो ॥२३१॥

ह २, अ २० भा २/११

अट्ठ वि सिहासणाणि दो हत्था अंगुलाणि चउवीस ।
एक्कारसभजिदाइ उदवो पुण विदियवसुहाए ॥२३२॥

द ८, ह २, अ २४ ।

णव दंडा बावीसंगुलाणि एक्कारसम्मि चउपव्वं ।
भजिदाउ सो भागो विदिए वसुहाय उच्छेहो ॥२३३॥

द ९, अ २२, भा ४/११

णव दंडा तियहत्थं चउरुत्तरदोसयाणि पव्वाणि ।
एक्कारसभजिदाइं उदऊ मणइंदयम्मि जीवाणं ॥२३४॥

दं ९, ह ३, अं १८ भा $\frac{६}{११}$ |

दस दंडा दो हत्था चोद्दस पव्वाणि अट्ठभागा य ।
एक्कारसेहिं भजिदा उदऊ तणगिंदयम्मि विदियाए ॥२३५॥

दं १०, ह २, अं १४ भा $\frac{८}{११}$ |

एक्कारस चावाणि एक्को हत्थो दसंगुलाणिं पि ।
एक्कारसहिददसंसा उदऊ घादिंदियम्मि विदियाए ॥२३६॥

दं ११, ह १, अं १० भा $\frac{१०}{११}$ |

वारस सरासणाणिं पव्वाणि अट्ठहत्थरी होंति ।
एक्कारसभजिदाणि संघादे णारयाण उच्छेहो ॥२३७॥

दं १२, अं $\frac{७८}{११}$ |[1]

वारस सरासणाणि तिय हत्था तिण्णि अंगुलाणिं च ।
एक्कारसहियतिभाया उदऊ जिब्भिदअम्मि विदियाए ॥२३८॥

दं १२, ह ३, अं ३ भा $\frac{३}{११}$ |

तेवण्णाण य हत्था तेवीसा अंगुलाणि पणभागा ।
एक्कारसेहि भजिदा जिब्भगपडलम्मि उच्छेहो ॥२३९॥

ह ५३, अं २३, भा $\frac{५}{११}$ |

चोद्दस दंडा सोलसजुत्ताणि दोसयाणि पव्वाणि ।
एक्कारसभजिदाहि लोलयणामम्मि उच्छेहो ॥२४०॥

दं १४, अं $\frac{२१६}{११}$ |

एक्कोणसट्ठिहत्था पणरस अंगुलाणि णव भागा ।
एक्कारसेहिं भजिदा लोलयणामम्मि उच्छेहो ॥२४१॥

ह ५९, अं १५ भा $\frac{९}{११}$ |

---

[1] his and the following verse are missing in A and B.

पण्णरसकोदडा दो हत्था बारसगुलाणि च।
आतमपडले थणलोलगाम्म धदियाय उच्छेहो ॥२४२॥

द १५, ह २, अ १२ |

पक्क धण दो हत्था बावीस अगुलाणि दो भागा।
तियभजिद णायव्वो। मेघाप हाणिचुक्कोओ ॥२४३॥

ध १, ह २, अ २२, भा २
३।

सत्तरस चावाणि चोत्तीस अगुलाणि दो भागा।
तियभनिदा मैघाप उदओ तत्तिदयम्मि जीवाण ॥२४४॥

ध १७। अ ३७। भा २
३।

पक्कोणवीस दडा अट्ठावीसगुलाणि तिहिदाणि।
तसिदिदयम्मि तदियक्खोणीप णारयाण उच्छेहो ॥२४५॥

ध १९ अ २८
३।

वीसस्स दडसहिय सीदीप अगुलाणि होदि तत्थ।
तदिय चयपुढवीप तवणिदयणारयम्मि उच्छेहो ॥२४६॥

ध २०, अ ८०।

णउदिपमाणा हत्था तदियिहत्ताणि वीस पव्वाणि।
मैघाप तवणिदयटिदाण जीवाण उच्छेहो ॥२४७॥

ह ९०, अ २०
३।

सत्ताणऊदी हत्था सोलस पव्वाणि तियविहत्ताणि।
उदओ णिदाघणामाप पडले णारण जीवा ॥२४८॥

ह ९७, अ १६ •
३।

छव्वीस चावाणि चत्तारी अगुलाणि मैघाप।
पज्जलिदणामपडले ठिदाण जीवाण उच्छहो ॥२४९॥

ध २६, अ ४।

सत्तावीसं दंडा [1]तियहत्थो अट्ठ अंगुलाणि च।
तियभजिदाइं उदओ उज्जलिदे णारयाण णादव्वो ॥२५०॥

ध २७, ह ३, भा $\frac{८}{३}$

एक्कोणतीस दंडा दो हत्था अंगुलाणि चत्तारिं।
तियभजिदाइं उदओ संजलिदिदियपुढवीए ॥२५१॥

ध २९, ह २, अं $\frac{४}{३}$।

एकतीसं दंडाए एक्को हत्थो अ तदिह[2]पुढवीए।
संजलिदे चरिमिंदयणारइया होदि उच्छाहो ॥२५२॥

ध ३१, ह १

चउ दंडा इगि हत्थो पव्वाणि वीस सत्त पडिहत्ता।
चउ भागा तुरिमाए पुढवीए हाणिवड्ढीउ ॥२५३॥

ध ४, ह १, अं २०, भा $\frac{४}{७}$।

पणतीसं दंडाए हत्थाइं दोण्णि वीस पव्वाणिं।
सत्तहिदा चउभागा उदओ आरट्ठिदाण जीवाणं ॥२५४॥

ध ३५, ह २, अं २०, भा $\frac{४}{७}$।

चालीसं कोदंडा वीसब्भहिअं सयं च पव्वाणिं।
सत्तहिदं उच्छेहो पंचाए मारपडलजीवाणं ॥२५५॥

ध ४०, अं $\frac{१२०}{७}$।

चउदालं चावाणिं दो हत्था अंगुलाणि छण्णउदी।
सत्तहिदो उच्छेहो तारिंदयसंठिदाण जीवाणं ॥२५६॥

ध ४४, ह २, अं $\frac{९६}{७}$।

एक्कोणवण्ण दंडा वाहत्तरि अंगुला य सत्तहिदा।
तत्तिंदयम्मि तुरिक्खोणीए णारयाण उच्छेहो ॥२५७॥

---

1 A तिहत्थो; 2 A अत्तदिय।

ध ४९, अ ७२

७।

तेरसण्णा चावाणि दो हत्था अट्ठाल पव्वाणि।
सत्तहिदाणि उदओ दसमिंदयसंठियाण जीवाण ॥२५८॥

ध ५३, ह २, अ ४८

७।

अट्ठावण्णा दंडा सत्तहिदा अंगुला य चउवीस।
थणिदयमि तुरिमाखोणीए णारयाण उच्छेहो ।२५९॥

ध ५८, अ २४

७।

बासट्ठी कोदंडा हत्थाइ दोण्णि तुरिमपुढवीए।
चरिमिंदयमि खलखलणामाए णारयाण उच्छेहो ।२६०।

द ६२, ह २।

बारस सरासणाणि दो हत्था पंचमीए पुढवीए।
तमयइंदए पमाणं णिदिट्ठं वीयरायेहिं ॥२६१॥

द १२, ह २।

पणुवीसरिपरिमाणा कोदंडा पंचमीए पुढवीए।
पढमिंदयमि उदओ तमणामे संठिदाण जीवाण ॥२६२॥

द ७५।

सत्तासीदी दंडा दो हत्था पंचमीए खोणीए।
पडलमि य भमणामे णारयजीवाण उच्छेहो ॥२६३॥

द ८७, ह २।

एक्कं कोदंडसयं झसणामे णारयाण उच्छेहो।
चावाणि बारसुत्तरसयमेक्कं अंधयमि दो हत्थो ॥२६४॥

द १००। द ११२, ह २।

एक्कं कोदंडसयं अब्भहियं पंचवीसरूवेहिं।
धूमप्पहाए चरिमिंदयमि तिमिसयमि उच्छेहो ॥२६५॥

द १२५।

पण्णासं दंडा हत्थाइ दोणि गोरसगुण्णा।
छट्ठीए वसुहाए परिमाणं हाणिरहिदाए ॥२६६॥

दं ४१, ह २, अं स १६ ।

छासट्ठीअधियसयं कोदंडा दोण्णि होंति हत्था य ।
सोलस पव्वा य पुढं हिमपडलगदाण उच्छेहो ॥२६७॥

दं ११६६ (?), ह २, अं १६ ।

दोण्णि सयाणिं अट्ठाउत्तरदंडाणि अंगुलाणं च ।
बत्तीसं छट्ठाए वंद्लट्ठिदजीवउच्छेहो ॥२६८॥

दं २०८३२ ।

पण्णासब्भहियाणिं दोण्णि सयाणिं सरासणाणिं च ।
लल्लंकणामइंदयठिदाण जीवाण उच्छेहो ॥२६९॥

२५० ।

पंचसयाइं धणूणि सत्तमअवणीइ अवधिठाणंमि ।
सव्वेसिं णिरयाणं काउच्छेहो जिणादेसो ॥२७०॥

दं ५०० ।

एवं रयणादीणं पत्तेक्कं इंदयाण जो उदओ ।
सेढिविसेढिगदाणं पइण्णयाणं च सोच्चेअ ॥२७१॥

। इदि णारयाण उच्छेहो सम्मत्तो ।

रयणप्पहावणीए कोसा चत्तारि ओहिणाणखिदी ।
तं परदो पत्तेक्कं परिहाणी गाउदद्धेण ॥२७२॥

को ४ । ७ । ३ । ५ । २ । ३ । १
२ २ २

ओहि[1] सम्मत्ता ॥

गुणजीवापज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणा कमसो ।
उवजोगा कहिदव्वा णारइयाण जहाजोग्गं ॥२७३॥
चत्तारो गुणठाणा णारयजीवाण होंति सव्वाणं ।
मिच्छाइट्ठी सासणमिस्सो य तहा य अविरदासम्मो ॥२७४॥
ताण य पच्चक्खाणावरणोदयसहिदसव्वजीवाणं ।
हिंसाणंदजुदाणं णाणाविहसंकिलेस उप्पण्णा ॥२७५॥

1 ओही (?)

प्रशस्ति-संग्रह

प० के० भुजबली शास्त्री

नाथूराम जी प्रेमी हैं। इस पाण्डित्यपूर्ण भूमिका में प्रतिपादित दो-एक बातों पर जो मेरा मतभेद है—यहां पर सिर्फ उसी का खुलासा कर देना मेरा ध्येय है।

(१) प्रेमी जी ने इस भूमिका में लिखा है कि कवि ने अपने पूज्य पिता के नाम के आगे 'स्वामी' तथा 'भट्टार' पद को जोड़ा है, इससे ज्ञात होता है कि इनके पिता साधु अथवा भट्टारक रहे होंगे। पर मुझे यह बात अखरती है। क्योंकि अगर इनके पिता गोविन्द भट्ट साधु या भट्टारक होते तो कवि उनके दीक्षानाम का उल्लेख अवश्य करता। बल्कि वह अपने पूज्य पिता के उस दीक्षानाम का ही उद्धरण सगर्व करता। किन्तु हस्तिमल्ल अपनी कृतियों में "भट्टारगोविन्दस्वामिसूनुना" इतना ही लिखकर चुप हो बैठते हैं। गोविन्द स्वामी या गोविन्द भट्ट यह नाम बहुधा दाक्षिणात्य जैनतर ब्राह्मणों में आज भी प्रचलित है। इस बात को प्रेमी जी भी मानते हैं कि गोविन्द भट्ट जैन होने के पहले वत्सगोत्रीय हिन्दू ब्राह्मण थे। अब रहा 'भट्टार' शब्द। यह शब्द पूज्य अर्थ में प्रयुक्त होता कोषों में बहुलता से पाया जाता है। कवि हस्तिमल्ल के लिये अपने श्रद्धेय पिता के नाम के आदि में ऐसे आदरसूचक शब्द का प्रयोग करना सर्वथा स्वाभाविक है। प्रेमी जी ने अपने उक्त पक्ष को प्रमाणित करने के लिये एक और प्रमाण उपस्थित किया है। आप का कहना है कि विक्रान्तकौरवीय प्रशस्ति में वीरसेन, जिनसेन, गुणभद्र आदि आचार्यपरम्परा में गोविन्द भट्ट का उल्लेख मिलता है। मगर प्रेमी जी के इस प्रमाण के उत्तर में भी मेरी पहली दलील ही काफी मालूम पड़ती है। क्योंकि यहाँ भी उनका पूर्व नाम अर्थात् जैन होने के पहले का गोविन्द भट्ट नाम ही दिया गया है, न कि जैन आगमानुसार परिवर्तित दीक्षानाम। हां, यहां पर यह प्रश्न उठ खड़ा हो सकता है कि गुणभद्रान्त उक्त गुरुपरम्परा में गोविन्द भट्ट का उल्लेख कैसे हुआ? मेरे जानते इसमें कोई विशेष विचित्रता नहीं है। क्योंकि एक गृहस्थ जैनी भी किसी गुरुपरम्परा का अपने को अनुयायी बतला सकता है। इसके लिये कोई रुकावट नहीं है। इस सम्बन्ध में एक नहीं, अनेक उदाहरण उपस्थित किये जा सकते हैं। उन दिनों दक्षिण प्रान्त में सेनगणीय आचार्यों की बड़ी प्रतिष्ठा थी। अतः गृहस्थ गोविन्द भट्ट ने भी इस आदर्शभूत गुरुपरम्परा को ही अपनी गुरुपरम्परा मान लिया। अब यह भी एक शंका उठ सकती है कि जैनी होने के बाद गोविन्द भट्ट ने अपना नाम क्यों नहीं बदल लिया। पर यह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि आज भी जैनियों में बहुत से लोग कट्टर जैनी होते हुए भी हिंदू नाम ही धारण किये हुए हैं। इतना ही नहीं, खास कर दक्षिण में आज भी बहुत से जैन ब्राह्मणों में वत्स, धनिष्ठादि हिंदू गोत्र-सूत्र ही चले आ रहे हैं। जैनधर्म में दीक्षित होने के बाद भी उन्होंने अपने पूर्व गोत्र सूत्रों का परित्याग नहीं

किया। इसके अतिरिक्त "तच्छिष्यानुक्रमे यातेऽसंख्येये विश्रुतो भुवि। गोविन्दभट्ट इत्यासीद्विद्वान् मिथ्यात्ववर्जित ॥" प्रेमी जी के जिनसेनगुरुपरम्परा को पुष्ट करने वाले इस श्लोक में गोविन्द भट्ट को साधु या भट्टारक सिद्ध करने वाला कोई शब्द नहीं है।

प्रेमी जी ने उक्त हस्तिमल्ल के द्वारा रचित विक्रांतकौरवीय नाटक के प्रथमाङ्क के अन्त में प्रतिपादित—"श्रीवत्सगोत्रजनभूषणगोपभट्टप्रेमैकधामतनुजो भुवि हस्तियुद्धात्। नानाकलाम्बुनिधिपाण्ड्यमहेश्वरेण श्लोकै शतैः सदसि सत्कृतवान् बभूव ॥४०॥" और इन्हीं के अञ्जनापवनञ्जय नाटक में अङ्कित—"श्रीमत्पाण्ड्यमहेश्वरे निजभुजादण्डावलम्बीकृते कर्णाटावनिमण्डलं पदनतानेकावनीशेऽवति। तत्प्रीत्यानुसरन् स्वबन्धुनिवहैर्विद्वद्भिराप्तैः समं जैनागारसमेतसंतरनमे (?) श्रीहस्तिमल्लोऽवसत् ॥" इन श्लोकों में उद्धृत पाण्ड्यनरेश को मधुरा के निकटस्थ पाण्ड्यदेशका शासक बतलाकर उल्लिखित हस्तिमल्लकविको इस पाण्ड्य नरेश-द्वारा सम्मानित बताया है। पर 'राजावलिकथे' में देवचन्द्र ने लिखा है कि 'यह कवि हस्तिमल्ल उभयभाषाकविचक्रवर्त्ती थे'। बल्कि इसी के आधार पर प्रेमी जी का भी कहना है कि यह कवि हस्तिमल्ल कन्नड के भी कवि प्रमाणित होते हैं एवं इस भाषा में भी इनकी कोई रचना होनी चाहिये। किन्तु यह तो सर्वविदित बात है कि मधुरा की प्रान्तीय भाषा सदा से तमिळु चली आती है। ऐसी अवस्था में कवि हस्तिमल को मधुरा के पाण्ड्यनरेश के आश्रित मानना ठीक नहीं जचता। अगर देवचन्द्र प्रतिपादित उभयभाषाकविचक्रवती का अर्थ संस्कृत एवं कन्नड भाषा ही माना जाय तो मेरा अनुमान है कि हस्तिमल्ल के आश्रयदाता उक्त पाण्ड्यनरेश पाण्ड्यदेश के न होकर वर्तमान दक्षिण कन्नडान्तर्गत कार्कल के माने जा सकते हैं। यह राजपरम्परा भी पाण्ड्यवंशीय ही था। बल्कि यह राजवंश शुरू से अन्त तक कट्टर जैनमतानुयायी ही रहा। इस वंश में कई विद्वान् राजा भी हुए हैं तथा इन्होंने अनेक ग्रन्थकर्त्ताओं को आश्रय भी दिया है।

दूसरी बात यह है कि प्रेमी जी जिस पाण्ड्यनरेश को हस्तिमल्ल कवि के सम्मानयिता बतला रहे हैं, वह सुन्दर पाण्ड्य प्रथम के उत्तराधिकारी है। मुझे जहां तक ज्ञात है कि यह सुन्दर पाण्ड्य जैन धर्म का एकान्त शत्रु था। ऐसी दशा में उसका उत्तराधिकारी एक कट्टर जैन विद्वान् को आश्रय दे यह बात जरा खटकती है। 'कन्नडकविचरिते' के मान्य लेखक श्रीमान् स्वर्गीय नरसिंहाचार्य ने भी हस्तिमल्ल कवि को कन्नडकवि माना है। इतना ही नहीं, इन्होंने इस कवि के प्रणीत 'आदिपुराण' नामक एक कन्नड ग्रन्थ का उल्लेख भी किया है। उल्लिखित बातों पर विचार करते हुए इस कवि को कार्कल पाण्ड्य

नरेश का आश्रित मानना अधिक समुचित ज्ञात होता है। इसके अतिरिक्त ऊपर उद्धृत 'श्रीमत्पाण्ड्यमहीश्वरे' इस श्लोक के द्वितीय चरण में अंकित—"कर्णाटराजनिमण्डल* पदानतानेकावनीशेऽवति" से भी मेरा कथन मनतो भाव से पुष्ट हो जाता है कि यह पाण्ड्यनरेश कर्णाटक देश के ही शासक थे न कि तमिलु प्रान्त के। यह बात प्रत्यक्ष सिद्ध है कि कार्कल आज भी कर्णाटक प्रान्त के अन्तभुक्त है।

प्रेमी जी ने उक्त नाटका की भूमिकाओं में हस्तिमल्ल कवि के परिचय में उद्धृत—"सम्यक्त्व सुपरीक्षितु मदगजे मुक्ते सरण्यापुरे " "श्लोकनापि मदेभमल्ल इति य प्रख्यातवान् सूरिभि " इन श्लोकों को अय्यपार्य कृत 'जिनेन्द्रकल्याणाभ्युदय' के बतलाया है। पर मुझे तो उक्त ग्रन्थ में ये श्लोक नहीं मिले। हां, इन्हीं हस्तिमल्ल के रचित अमुद्रित सुभद्रानाटिका के अन्त में ये दोनों श्लोक अङ्कित अवश्य हैं।

इसी 'प्रतिष्ठाविधान' के प्रारम्भिक भागान्तर्गत यह २य श्लोक विशेष विचारणीय है—"नत्वेन्द्रनन्दिमुकटोप्मरप्रतिष्ठा प्राग्भाविकृत्यमजित जिनदिव्यमूर्ते। तोयैर्भुव शुभतमैरभितो विशोध्य पात्राणि तत्र सलिलाद्यपि शोधयित्वा॥" खास कर इस पद्य के प्रारम्भ में आये हुए इन्द्रनन्दि शब्द अत्यधिक द्रष्टव्य है। श्लोक कुछ अशुद्ध जान पड़ता है, इसी से ठीक सम्बन्ध नहीं बैठता। मैं इस बात की ओर संकेत करना चाहता हूँ वह यह है कि इस प्रतिष्ठाविधान को इन्द्रादिरचित प्रतिष्ठा-पाठ से अवश्य मिला लेना चाहिये। सम्भव है कि उसी की छाया लेकर इस प्रतिष्ठा-ग्रन्थ का प्रणयन किया गया हो। अय्यपार्य ने भी अपने जिनेंद्रकल्याणाभ्युदय नामक प्रतिष्ठाग्रन्थ में इन्द्रनन्दि को प्रतिष्ठाग्रन्थ का प्रणेता बतलाया है। बल्कि वह श्लोक ऊपर उद्धृत भी कर दिया गया है। अस्तु कवि हस्तिमल्ल १३वीं शताब्दी के अन्त में हुए हैं।

---

*इससे तमिलु एवं कर्णाटक दो अर्थ नहीं निकल सकते हैं।

(३६) ग्रन्थ नं० $\frac{२४९}{ख}$

श्रीकल्याण-मन्दिर

कर्त्ता—कुमुदचन्द्राचार्य

विषय—स्तोत्र और यन्त्र-मन्त्र
भाषा—संस्कृत (मंत्र तथा यन्त्र के विवरण में प्राकृत एवं हिन्दी भी है)

लम्बाई ७ इञ्च चौड़ाई ५ इञ्च पत्रसंख्या ४४

प्रारम्भिक भाग—

कल्याणमन्दिरमुदारमवद्यभेदि भीताभयप्रदमनिन्दितमंघ्रिपद्मम् ।
संसारसागरनिमज्जदशेषजन्तुपोतायमानमभिनम्य जिनेश्वरस्य ॥ १ ॥
यस्य स्वयं सुरगुरुर्गरिमाम्बुराशेः स्तोत्रं सुविस्तृतमतिर्न विभुर्विधातुम् ।
तीर्थेश्वरस्य कमठस्मयधूमकेतोस्तस्याहमेष किल संस्तवनं करिष्ये ॥ २ ॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो पासं पासं पराणाणं । ॐ ह्रीं अर्हं णमो दव्वं कराए । मंत्र—ॐ नमो भगवते मम ईप्सितां कार्यसिद्धि कुरु कुरु स्वाहा। यन्त्र—कमलाकार पंचविंश—२५ पाखड़ी मध्ये ऋद्धि मध्ये क्ल्र्यूं, ऊपरि मन्त्र दिन ६० जपै, प्रहर २ नित्यप्रति १००० जपै। पर्वत ऊपर, रक्त आसन, रक्त माला, पूर्व दिग्मुख, धूप, कर्पूर, चन्दन, मृगमद से लाल रस की लक्ष्मी लाभ, मंत्र श्रीपार्श्वनाथ चूडारत्न करै, ब्रह्मचर्य पालै और एकान्त शुचि रहै।

(आगे इसी मन्त्र का यन्त्र दिया है) ॥ १-२ ॥

× × × ×

मध्य भाग (पर पृष्ठ २१, पंक्ति १)—

स्वामिन् सुदूरमवनम्य समुत्पतन्तो मन्ये वदन्ति शुचयः सुरचामरौघाः ।
येऽस्मै नतिं विदधते मुनिपुंगवाय ते नूनमूर्ध्वगतयः खलु शुद्धभावाः ॥ २२ ॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं अर्हं णमो तरुवत्तपल्लाए । मंत्र—ॐ नमो पद्मावत्यै ह्म्ल्र्यूं नमः । यंत्र—चम्पक वृत्ताकार पत्र नव—९ मध्ये मंत्राक्षराणि तदुपरि ऋद्धि, दिन २१, नित्य १०००.जपै,

धाग में अच्छा श्रेष्ठ फलनि जपै, आसन दाभ (कुश), माला तुलसी, मुख नैर्ऋत्य कोण, धूप गुग्गुल, छरीला घृत को देय गयो पुष्प नीपजे (कदम्बपुष्प) ॥ २२ ॥

(आगे चम्पक-वृत्ताकार म सुन्दर यत्र बना हुआ है)।

× × × ×

अंतिम भाग —

जननयनकुमुदचन्द्रप्रभास्वरा स्वर्गसम्पदो भुक्त्वा ।
ते विगलितमलनिचया अचिरामोक्ष प्रपद्यन्ते ॥ ४४ ॥

ऋद्धि—ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं नम । मन्त्र—ॐ नमो धरणेन्द्रपद्मावतीसहिताय श्रीं क्लीं ऐं अर्हं नम । यन्त्र—गुलाब पुष्पवत् पंच कर्णिका मध्ये ॐ कर्णिकाया ऋद्धि । तदुपरि मंत्र । दिन ४०, नित्य १००० जपै, लक्ष्मी प्राप्ति, आसन रक्त, माला विद्रुम, पूर्व मुख, धूप चन्दन मुस्त, कपूर पत्रारस । प्रथम तो साधक जन ब्रह्मचर्य धारक हो, पञ्च अहिंसादि धर्म का धारी हो, लघु भुक्ति, दयावान हो, पवित्रात चर्माश्रित वस्तु घृत हींग आदि का त्यागी हो मन्त्र सिद्ध करे। मंत्र सिद्ध होने पर पद्मावती देवी का पूजन श्रावकाने भुक्त देय, चार प्रकार संघ दान दे। सर्व संकट टलै, सर्वसिद्धि श्रीपार्श्वनाथ रक्त चूड़ा देय ॥ ४४ ॥

'भक्तामर' के समान इस स्तोत्र म भी ऋद्धि, मन्त्र, यन्त्र एव साधनक्रम आदि प्रत्येक पद्य के अन्त में स्पष्ट दिये गये है। ग्रन्थ म कहीं मन्त्रादि विवरण कर्ता का उल्लेख नहीं मिलता है। श्रीकुमुदचन्द्रजी केवल इस स्तोत्र के प्रणेता है।

---

(२७) ग्रन्थ न० $\frac{२५०}{ख}$

सिद्धचक्र

कर्त्ता—ललितकीर्ति भट्टारक

विषय—पूजा

भाषा—संस्कृत

लम्बाई ९। इञ्च चौडाई ४। इञ्च पत्र संख्या ११६

प्रारम्भिक भाग—

प्रणम्य श्रीजिनाधीश लब्धिसामर्थ्यसयुतम् ।
श्रीसिद्धचक्रयन्त्रस्याचचासहस्रगुण स्तुवे ॥ १ ॥

यजमान-लक्षण— विनीतो बुद्धिमान् प्रीतो न्यायोपात्तधनो महान् ।
शीलादिगुणसम्पन्नो यष्टा सोऽत्र प्रशस्यते ॥ २ ॥

याजक-लक्षण— देशकालादिभावज्ञो निर्मलो बुद्धिमान् वरः ।
सद्वाग्याद्यादिगुणोपेतो याजकः सोऽत्र शस्यते ॥ ३ ॥

आचार्य-लक्षण— दर्शनज्ञानचारित्रैः संयुतो समतान्तगः ।
प्राज्ञः प्रश्नसहश्चात्र गुरुः स्याच्छान्तिनिष्ठितः ॥ ४ ॥

मण्डप-लक्षण— निर्मलं पृथुलं घंटातारकातोरणान्वितम् ।
प्रलम्बपुष्पमालाढ्यं चतुर्धा कुंभसंयुतम् ॥ ५ ॥
भेरीपटहकसालतालमार्दलनिःस्वनैः ।
आकुलं, स्त्रैणगीताढ्यं मण्डपं कारयेद्बुधः ॥ ६ ॥

सामग्री-लक्षण— स्वजात्योत्कर्षिणी पूता नेत्रमानसहारिणी ।
सामग्री शस्यते सद्भिर्निखिलानन्दकारिणी ॥ ७ ॥

× × ×

मध्य भाग (पूर्वपृष्ठ ६९, पंक्ति १)

जयमाल— देवाधीशैर्महीशैः फणिपतिभिरिह प्रत्यहं पूज्यपादा-
नर्हत्सिद्धानुगेहांस्त्रिविधमुनिवरान् सूर्युपाध्यायसाधून् ।
दोषातीतारिष्ठान् निजसुगुणगणाभूषणैर्भूषितांस्तान्
नत्वा दृगवोधवृत्तादिभिरपि सहितान्संस्तुवे तद्गुणाप्त्यै ॥ १ ॥
सदनन्तचतुष्टयगुणविलास हतघातिचतुष्टयकर्मपास ।
सकलातिशयादिसुगुणसमृद्ध त्वक(?)मर्हन् जिन जय जय सुबुद्ध ॥२॥
जय कर्माष्टककृतवैरदूर जय विश्वालोकनपरमशूर ।
जय जय सर्वोत्तमवसुसमृद्ध सिद्धाधिप जय जय शुद्ध बुद्ध ॥ ३ ॥
जय पञ्चाचाराधरणधीर जय शिष्यानुग्रहकरणवीर ।
स्थितकल्पदशादिसुगुणसमृद्ध जय सूरीश्वर सततं प्रबुद्ध ॥ ४ ॥
एकादशांगधृतकण्ठहार जय लब्धचतुर्दशपूर्ववार ।
एवं श्रुतजलनिधिगुणसमृद्ध त्वं पाठक जय सततं प्रबुद्ध ॥ ५ ॥
आरंभपरिग्रहनिखिलमुक्त जय दृष्टिवोधचारित्ररक्त ।
जय मूलोत्तरगुणनिधिसमृद्ध जय साधो जय सततं प्रबुद्ध ॥ ६ ॥
जय सम्यग्दर्शनचक्षुरत्न तपसा सह रत्नत्रयपवित्र ।
व्यवहारपरमगुणभेदपूर्ण संचितमुनिवरकृतकर्मचूर्ण ॥ ७ ॥

पञ्चैतान्परमेष्ठिन स्तुतपसा रत्नत्रयेणान्वितान्
संसाराम्बुधितारकान् मुनिजना ध्यायन्ति ये नित्यश।
ते देवेन्द्रपद नरेन्द्रपदवीप्राप्ता गुणैर्भद्रके
सार्द्ध जन्मजरादिदुःखरहित पश्चाल्लभन्ते चिरम् ॥ ८ ॥

× × ×

अंतिम भाग—

श्रीकाष्ठसंघे ललितादिकीर्त्तिना भट्टारकेणैव विनिर्मिता वरा।
नामावली पद्यनिबद्धरूपिका भूयात्सतां मुक्तिपदाप्तिकारणम् ॥

इस 'सिद्धचक्रपूजा' के रचयिता काष्ठासंघीय भट्टारक ललितकीर्तिजी हैं। इन्होंने आदिपुराण की एक संस्कृत टीका भी लिखी है। इनके अतिरिक्त त्रिलोकसार पूजा नामका एक और ग्रन्थ इनका मिलता है। प्रस्तुत ग्रन्थ सिद्धचक्रपूजा में रचयिता के नाम संघ और पद के सिवा और कोई विशेष परिचय नहीं मिलता। हाँ, आदिपुराण की टीका की निम्न लिखित प्रशस्ति में अपने गुरु का नाम दिया है।

वर्षे सागरनागभोगिकुमिते मार्गे च मासेऽसिते
पक्षे पक्षतिसत्तिथौ रविदिने टीका कृतेयं वरा।
काष्ठासंघवरे च माथुरवरे गच्छे गणे पुष्करे
देवश्रीजगदादिकीर्तिरभवत्ख्यातो नितात्मा महान् ॥
तच्छिष्येण च मन्दतान्वितधिया भट्टारकत्वं यता
शुभद्वै(?) ललितादिकीर्त्यभिधया ख्यातेन लोके ध्रुवम्।
राजच्छ्रीजिनसेनभाषितमहाकाव्यस्य भक्त्या मया
संशोध्यैवमुपप्रतां बुधजनै शान्तिं विधायादरात् ॥

'दिगम्बर जैन ग्रन्थकर्त्ता और उनके ग्रन्थ' में प० नाथूरामजी प्रेमी ने इनका समय वि०स० १८११ दिया है। किन्तु उल्लिखित प्रशस्ति में दिये गये समय में इसका विशेष अन्तर पड़ जाता है।

ललितकीर्त्तिजी का यह टीकाग्रन्थ ताडपत्राङ्कित फलटणजीनगरम भवन में मौजूद है। उन्होंने अपने पूज्य गुरु का नाम ऊपर श्रीजगत्कीर्त्ति देव लिखा है। प्राय यही जगत्कीर्ति 'एकीभावनोद्यापना' के रचयिता हों। प्रस्तुत कृति की भाषा ललित एवं विशुद्ध है।

(३८) ग्रन्थ नं० $\frac{२५१}{ख}$

लोकतत्त्व-विभाग

कर्त्ता—श्रीसिंहसूरि

विषय—भूगोल

भाषा—संस्कृत

लम्बाई १२ इञ्च चौडाई ८। इञ्च पत्रसंख्या ७०

प्रारम्भिक भाग—

लोकालोकविभागज्ञान् भक्त्या स्तुत्वा जिनेश्वरान् ।
व्याख्यास्यामि समासेन लोकतत्त्वमनेकधा ॥ १ ॥
क्षेत्रं कालस्तथा तीर्थं प्रमाणपुरुषैः सह ।
चरितञ्च महत्तेषां पुराणं पञ्चधा विदुः ॥ २ ॥
समन्ततोऽप्यनन्तस्य वियतो मध्यमाश्रितः ।
त्रिविभागस्थितो लोकस्तिर्यग्लोकोऽस्य मध्यगः ॥ ३ ॥
जम्बूद्वीपोऽस्य मध्यस्थो मन्दरस्तस्य मध्यगः ।
तस्माद्विभागो लोकस्य तिर्यगूर्ध्वोऽधरस्तथा ॥ ४ ॥
तिर्यग्लोकस्य वाहुल्यं मेर्वायामसमं स्मृतम् ।
तस्मादूर्ध्वो भवेदूर्ध्वो ह्यधस्तादधरोऽपि च ॥ ५ ॥

× × ×

मध्यभाग (पूर्वपृष्ठ ३७, पंक्ति १२)

शुक्रो जीवो बुधो भौमो राहुरिष्टशनैश्चराः ।
धूमाग्निकृष्णनीलाः स्यू रक्तः शीतश्च केतवः ॥
श्वेतकेतुर्जलाख्यश्च पुष्पकेतुरिति ग्रहाः ।
प्रतिचन्द्रं ग्रहा एते कृत्तिकादीनि भानि च ॥
षट्ताराः कृत्तिकाः प्रोक्ता आकृत्या व्यंजनोपमाः ।
शकटोऽग्निसमा ज्ञेया रोहिण्यः पंचतारकाः ॥

वैद्य-सार

प० सत्यन्धर जैन, आयुर्वेदाचार्य

१५६—श्वासे इन्द्रवारुणी-योग

इन्द्रवारुणिका—मूल देवदारुकटुत्रय।
शर्करासहित खादेदूर्ध्वश्वासहर परं ॥१॥

टीका—इन्द्रायण की जड़, देवदार चन्दन, सोंठ, काली मिर्च और पीपल इन सबको मिश्री की चासनी के साथ सेवन करने से उर्ध्वश्वास भी अच्छी हो जाती है।

१५७—पाण्डुरोगे मण्डूरत्रिफलावसु

मडूर चूर्णयेन् श्लक्ष्णं त्रिफलावसुगुणे पचेत्।
त्र्यूषण त्रिफला मुस्ता विडंग चव्यचित्रक ॥१॥
दार्वी ग्रन्थि देवदारु तुल्य तुल्य विचूर्णयेत्।
सर्वसाम्य च मण्डूर पाकान्ते मिश्रयेत्तत ॥२॥
भक्षयेत् कर्षमात्र तु जीर्णगे तक्रभोजन।
पाण्डुशोथ हलीम च उरुस्तभ च कामला ॥३॥
नाशयेन्नात्र संदेह पूज्यपादेन निर्मितम्।

टीका—मडूर को लेकर आठ गुणा त्रिफला म पकावे अर्थात् शुद्ध करे तथा फिर मडूर की भस्म कर लेवे और साेठ, मिर्च, पीपल, हर, बहेरा, आँवला, नागरमोथा, वायविडंग, चव्य चितावर, दारुहल्दी, पीपरामूल, देवदार, चन्दन ये सब बराबर-बराबर लेवे तथा सबके बराबर मडूरभस्म लेवे और फिर पाक कर के उसमे मिलाकर गोली बाध लेवे। इनको योग्य मात्रा से योग्य अनुपान से सेवन करावे और दवा (पच जाने) पर मही के साथ भोजन करावे। इससे पांडुरोग, शोथरोग, हलीमक रोग, उरुस्तभ, कामला रोग शांत होते हैं, इसमें संदेह नहीं है।

१५८—विबन्धे चिंतामणि-गुटिका

मरिच पिप्पली शुण्ठी पथ्याधात्री सम सम।
सोवर्चलं सम ग्राह्य टंकण च द्विभागक ॥१॥
शुद्धहिंगुल्षड्भाग जयपाल सर्वतुल्यक।
जम्बीरनिर्गुन्डीरेण मर्दयेद्दिवसद्वयम् ॥२॥

पिष्ट्वा गुंजामितां वटिकां गोघृतेन निषेवयेत् ।
विरेचनकरी शीघ्रं हृद्रुजं नाशयेत्परं ॥३॥
शूलं गुल्मं च शोथं च पांडुप्लीहां च नाशयेत् ।
चिंतामणिः गुटिश्चासौ पूज्यपादेन भाषिता ॥४॥

टीका—काली मिर्च, पीपल, सोंठ, बड़ी हर्र का बकला, आँवला, काला नमक ये सब बराबर लेवे तथा सुहागा दो भाग, शुद्ध शिगरफ छः भाग एवं सब के बराबर शुद्ध जमालगोटा ले सबको एकत्रित कर जंबीरी नींबू के रस से दो दिन तक मर्दन करे, जब खूब पिस जावे तब एक-एक रत्ती की गोली बांध लेवे। बलाबल के अनुसार गाय के घी के साथ सेवन करावे तो शीघ्र ही दस्त लाता है तथा हृदय-रोग को नाश करता है। और शूलरोग, गुलमरोग, शोथरोग, पांडुरोग, प्लीहा रोग को नाश करता है। यह चिंतामणि नाम की गोली पूज्यपाद स्वामी की कही हुई बहुत ही योग्य है।

१५६—वाजीकरणे रतिलीलारसः

रसो नागश्च लौहं च भागैकं चाभ्रकस्य च ।
त्रिभागं स्वर्णबीजानि विजया मधुयष्टिका ॥१॥
शाल्मली नागवल्ली च समभागान्विता तथा ।
मधुघृतान्विता सेव्या वल्लयुग्मस्य मात्रया ॥२॥
संतोषयेच्च बहुकांताः पुष्पधन्वबलान्वितः ।
रतिलीलारसश्चासौ पूज्यपादेन भाषितः ॥३॥

टीका—शुद्ध पारा, शीसे की भस्म, लोह भस्म तथा अभ्रक भस्म ये सब एक-एक भाग तथा धतूरे के शुद्ध बीज तीन भाग, भांग, मुलहठी, सेमल की जड़, नागरवेल (पान) ये भी समान भाग लेकर एकत्रित कर गोली बांध ले। योग्य ६ रत्ती की मात्रा से मधु तथा घी के साथ देवे तो पुरुष की इतनी ताकत बढ़े कि सैकड़ों स्त्रियों को संतोष कर सके तथा कामदेव के समान बहुत बलवान होवे। यह रतिलीला-रस पूज्यपाद स्वामी ने कहा है।

१६०—त्रिदोष पारदादियोग

पारं हिंगुल गंधं कृत्वा भागोत्तर क्रमात्।
नीलबीजञ्च भागैकं मर्दयेत्खल्वके बुधैः ॥१॥
विजयाकनकयोपि सप्तवारेण मर्दयेत्।
आर्द्रके मधुपिप्पल्या दीयते वल्लमात्रया ॥२॥
त्रिदोषं सन्निपातं च नाशयेद्विषमज्वरम्।
शीतोपचारं कर्तव्यं मधुराहारसेवनं ॥३॥
सर्वज्वरविघ्नोऽयं पूज्यपादेन भाषितं ।

टीका—शुद्ध पारा, शुद्ध सिंगरफ, शुद्ध गंधक क्रम से १, २, ३ भाग नील के बीज १ भाग लेकर खरल में भांग तथा धतूरा के पत्ते के स्वरस से तथा सोंठ, मिर्च, पीपल के काढ़े में अलग अलग सात सात बार मर्दन करे और अदरख, शहद तथा पीपल के साथ तीन-तीन रत्ती की मात्रा से दव तो त्रिदोष, सन्निपात, विषमज्वर को नाश करता है। यदि कुछ गर्मी मालूम हो तो ऊपरी शीतोपचार करना चाहिये और मधुर रस का आहार करना चाहिये। यह सब प्रकार के ज्वरों को नाश करनेवाला योग पूज्यपाद स्वामी ने कहा है।

१६१—सर्वरोगे मृत्युञ्जयरस

भागैकं मरिचं च लोहकरसौ गंधस्य भागद्वयं।
लौहे न्यस्य गवां घृतेन गुटिकामेतां पचेत्पावके ॥१॥
तालं वै समभागकं प्रविदधेन् म्लेच्छं शराशंविषं।
सवार्धं जयपालकं च कुदलीस्वाथेन दध्यनुना ॥२॥
भाव्यं सूर्यमितं तथार्द्रकरसैः त्रिसप्तवल्लं दृढै।
समर्चातपशोषितं शतदलैः पुष्पैः समभ्यर्चयेत् ॥३॥
योज्यं गुञ्जामिते ज्वरं च सहसा सामे निरामेऽथवा।
जीर्णे वा विषमे समीरणभवे पित्तोदिथते श्लेष्मजे ॥४॥
द्वन्द्वोत्थेषु च सन्निपातजनिते शोकज्वरे चोल्वणे।
मैत्ये स्वेदयुदग्निमांद्यजनिते रोगे च शोफैयुते ॥५॥

पांडौ चार्शगदार्दिते सुमनसा व्योपार्द्रकैः सिंधुना ।
जंबीराम्लद्रवैः परिस्त्रुतरसः पित्तोद्भवे चामये ॥६॥
मृत्युञ्जयरसो नाम सर्वरोगनिकृन्तनः ।
कथितोऽयं प्रयोगश्च पूज्यपादमहर्षिभिः ॥७॥

टीका—एक भाग काली मिर्च, लौहभस्म, शुद्ध पारा तथा, शुद्ध गंधक दो भाग इन सब को लोहे के खरल में डाल कर गाय के घी से मिला कर गोली सी बांध लेवे और अग्नि में पकावे। पकने पर जब ठंढी होने को आवे तब उसमें एक भाग हरिताल की भस्म, पाँच भाग तामे की भस्म और शुद्ध विषनाग तथा सब से आधा शुद्ध जमालगोटा सब को मिलाकर कुटकी के काढ़े से और दही के पानी से भावना दे धूप में सुखावे एवं कमल-पुष्पों से पूजा करे। फिर एक-एक रत्तीप्रमाण से कच्चे तथा पक्के ज्वर में जीर्णज्वर में, विषमज्वर में, वातजज्वर में पित्तज्वर में कफज्वर में, द्वन्द्वज ज्वर में, सन्निपात ज्वर में शोफ ज्वर में, शीतज्वर में, पसीना-सहित ज्वर में, अग्निमांद्य-जनित रोग में, सूजनसहित रोग में, पांडुरोग में, बवासीर में, सोंठ, मिर्च, पीपल, अदरख, सेंधानमक इनके अनुपान से यथायोग्य देवे तथा पित्तजन्यरोगों में जबीरी नींबू के रस से देवे। यह मृत्युञ्जय रस सब रोगों को नाश करनेवाला पूज्यपाद स्वामी का कहा हुआ प्रयोग है।

१६२—गुल्मरोगे वातगुल्मरसः

शुद्धगंधं रसाभ्रं च त्रिफला सैंधवं वचा ।
चित्रकं च द्वयक्षारं विडंगं समभागकम् ॥१॥
मातुलुंगरसैर्मर्द्यः वातगुल्महरश्च सः ।
अग्निसंदीपनश्चापि गुल्मशूलातिसारजित् ॥२॥

टीका—शुद्ध गंधक, शुद्ध पारा, अभ्रकभस्म, त्रिफला, सेंधा नमक, दूधिया वच, चित्रक सज्जीखार, जवाखार, वायविडंग ये सब समान भाग लेकर बिजौरा (मातुलुंग) नींबू के रस से घोंटे और घोंट कर तैयार कर ले। यह रस अग्नि को बढ़ानेवाला गुल्मरोग, शूलरोग को नाश करनेवाला है।

१६३—चिंतामणिगुटिका

मरिच पिप्पली शुंठी पथ्या धात्री विभीतकम्।
भागैक रुचक त्वरा टंकणाना द्विभागकम् ॥१॥
दरद चैकभाग च जेपालपड्भागकम्।
सर्व जंबीरनीरेण मर्द्य च दिनमद्वयम् ॥२॥
चणकप्रमाणवटिकां कारयेच्छुद्ध-बुद्धिभि ।
गोघृतेनावलेह्य स्यात् मद्य रेचप सुजायते ॥३॥
हृद्रोग शूलगुल्म च शोफ च ज्वरप्लीहकम्।
पाण्डु च नाशयेत् शीघ्रमसौ चिंतामणिर्गुटी ॥४॥
सर्वजननहितकरी पूज्यपादेन भाषिता।

टीका—काली मिर्च, पीपल, सोंठ, हर, आँवला, बहेरा और काला नमक ये सब एक एक भाग, सुहागा २ भाग, शुद्ध सिंगरफ १ भाग और शुद्ध जमालगोटा ६ भाग इन सबको एकत्रित कर के जंबीरी नींबू के स्वरस मे दो दिन तक घोटे और चना के बराबर गोली बांधै। इसको गाय के घी के साथ खाने से शीघ्र ही रेचन करती है तथा हृदय-रोग, शूलरोग, गुल्मरोग, शोथ रोग, ज्वर, प्लीहा, पाडु इन रोगो को यह चिंतामणि गुटिका शीघ्र ही नाश करनेवाली है एव यह सपूर्ण मनुष्यो को हित करनेवाली है।

१६४—पटागगुग्गुल

रास्नामृता देवदारु शुंठी च चव्यचित्रकम्।
गुग्गुलु सर्वतुल्याश कुट्टयेत् घृतवासितम् ॥१॥

टीका—रासना, गिलोय, देवदारु, सोंठ, चव्य, चित्रक ये सब बराबर ले तथा सब के बराबर शुद्ध गुग्गुल लेकर घी क साथ गोली बाध और १ तोला प्रति दिन सेवन करे तो लाभ होवे।

नोट—इसमे १ तोला की मात्रा लिखी है सो यह प्राचीन काल के मनुष्यों के बलानुसार है। इस समय मनुष्य बहुत कमजोर हैं इसलिये कम मात्रा अर्थात् तीन माशा की मात्रा से खाना चाहिये।

१६५—लूताविष-चिकित्सा

नरनीरेण सर्पाक्षीं पिष्ट्वा लेपं तु कारयेत्।
असाध्यां नाशयेल्लूतां त्रिदोषोत्थां मुनेर्वचः ॥१॥

टीका—मनुष्य के मूत्र से सर्पाक्षी को पीस कर लेप करने से असाध्य भी मकरी का विष शांत हो जाता है। चाहे त्रिदोष भी हो गया हो तो भी शांत हो जाता है।

नोट—मकरी जब शरीर पर फिर जाती है और वह अपना जहर शरीर पर छोड़ती है तब कोदों के बराबर फुंसी सी हो जाती है, ये पकती नहीं है और बड़ा कष्ट होता है। इस पर उक्त प्रयोग करने से शीघ्र ही शांत हो जाता है।

१६६—पित्तदाहे धान्यादियोगः

धान्यकं मधुकं चैलां समभागेन शर्करां।
नवनीतं पयः पीत्वा पैत्त-दाह-विनाशनम् ॥२॥

The inscription records the setting up of an image of Śrī Sāntinātha in a *vidhichaitya* at Jāngalakūpa on the sixth day of the darkhalf of Mārgasirsa V S 1176 The donor was Tilhaka—the son of Nādhaka—who caused the image to be set up for the spiritual welfare of himself as well as his sister Śuklā

The inscription is also of importance in as much as it shows the spread of the *vidhichaitya* movement so eagerly sponsored by many Jain acharyas of the period to such remote regions of Rājputāna as the south of Bikaner

I am extremely thankful to my friend Mr Bhanwarlal Nahta for having brought the inscription to my notice and also for having prepared its ink impression for my use

The letters of the inscription belong to the variety of Brahmi used at the time in Malwa and Ajmer The language used is correct Sanskrit.

Text

"संवत् ११७६ मागशिरवदी ६ श्रीमज्जांगलकूपदुर्गनगरे श्रीवीरचैत्ये विधौ। श्रीमच्छा तिजिनस्य बिंबमतुलं भक्त्या पर कारित। तत्रासीद्दूरकीर्तिभाजनमत (तम ?) श्रीनाढक श्रावकस्तत्सूनुर्गुणरत्नरोहणगिरि श्रीतिल्हको विश्रुते ॥१॥ ॐ तेन न्यायधनेन श्रेयोर्थं च मनोरमम्। शुक्लाख्याया निजस्व(स्व) सुरात्मनो मुनिमिच्छता ॥२॥

The Jaina Bibliography.

Prākrit, Ardhamāgadhi, Apabhramsa etc :—

1. *Ardhamāgadhi Grammar for Beginners*—by Prof. V M Shah, Ahmedabad, Cr. pp. 79. As. 12.

2, *Mahāpurāna*—of Puspadanta, critically edited by Dr. P. L. Vaidya, with Introduction, Notes and glossary of important Prakrit words in English (Rāyachandra Jain Granthamāla, Bombay) Royal : Cloth pp 42+672 Rs. 10.

3. *Parmātmā-Prakāśa* —Yogindradeva. Another Apabhramsa work dealing with Jain mysticism edited with Brahmadeva's Sanskrit Comm and Daulatram's Hindi trans, critical intro etc, by Prof A N. Upadhye. (Bombay) Rs 4·8

English :—

1 *The Discourse Divine* —English translation of Shrî Pūjyapāda's 'Istopadeśa' by C. R. Jain, Vidyā-Vāndhi 2nd ed (Agra).

Hindi, Gujarātî etc —

1 *Jain-Bauddha Tattva-Jñāna.* - (Hindi) by Brahmacarî Śitalprasadji pt. II, pp 264 (Kapadia Bhawan, Surat). Re. 1.

2 *Subhāsit-Padya-Ratnākara.* —pt III Collection of precepts from sanskrit literature with Gujarati translation by Muni Viśālvijaiji. Cr pp 819 to 1198, Rs. 1/4.

3 *Hemacandra-Vacnāmrata* — Collection of the sayings of Ācārya Hemacandra from his Sanskrit works by Muni Jayantavijai (Ujain) pp 205 Rs. -/8/.

REVIEW

LORD MAHAVIRA A Short Sketch of the Life of Bhagawan Mahavira by Harisatya Bhattacharya M A, B L, Howrah Published by the Hindi Vidya Mandira of Delhi with the financial aid of Lala Tanasukha Rai Jain Crown pp 4 38, Delhi 1938

Mr Bhattacharya is well known to students of Jainism by his numerous contributions published in the vols of Jain Gazette He has given in this small book a connected sketch of the life of Mahāvira mainly following the traditional account of the Digambaras Mr Jaini s Foreword sheds a brilliant light on the universal importance of Mahāvira s personality An exhaustive life of Mahāvira in English based on Digambara and Svetāmbara sources is a desideratum We would request Mr Bhattacharya to take up this work, as he has been already working in the field

A N UPADHYE

Select Contents of Oriental Journals.

1. *Epigraphia Indica* —Vol XXIII, pts I—II .—

   A. N. Upadhye—*Kolhapur Copper-plates of Gandrādityadeva: Śaka 1048.*

2. *Poona Orientalist*—Vol II, No. 2 (July 1937):—

   D. Sarma—Some Important Dates from the Kharatara Gaccha Paṭṭāvatī compiled by Jinapāla, etc.

   A. Venkatasubbiah — *The Yaśastilaka and the Pañchatanra.* Somadeva was acquainted with a recension of Vasubhāga's version of the *Pancatantra*.

3. *Ibid* —Vol II. No 4 (Jany. 1938):—

   D. B Diskalkar—*Some unpublished Inscrips: of the Chalukyas of Gujrat.*

4 *Indian Culture*—Vol IV No 3 (Jany. 1938):—

   O. Stein '*India between the Cultures*'

   S R Sharma—*Jehangir's Religious Policy.*

   Jehangir expelled the Jains from his empire. (?)

   K P. Jain - *Jainism.*

5. *Journal of the Mythic* Society, Vol. XXVIII, No. 3: —

   L. V. Ramaswami Ayar—*The Language of Tiruvalluvar's Kural.*

THE JAINA SIDDHĀNTA BHĀSKARA.

(Gist of our Hindi Portion Vol V Part I)

pp 1—16 Pt. Jugal Kishor Mukhtar has written about Acārya Pūjyapāda and has given a cursory review of his work entitled Samādhi Tantra which he is editing and publishing

pp 17—23 Translation of Prof Kālipāda Mitra s article entitled "Teachers and Disciples

pp 24—32 Kamta Prasad Jain has written about and on the antiquities of Bairāt in the Jaipur State which is the ancient Vairāta or Virātapura of the Jaina and Hindu literature

pp 33—38 Mr Bendre endeavours to show that Samantabhadra and Śrivijaya of the Kanarese literature were identical This is a problem which requires deep study

pp 39—45 B Agarchand Nāhtā has given a list of the Jaina journals and newspaper s so far published He points that first paper which the Jainas of Ahmedabad published was Jaina Divākara" It appeared in Saṃ 1932

pp 46—54 Miscellany (1) Was Udupi (Distt South Kanara) a Jaina site? (K Bhujabali Shastri) (2)A few Jain poet are named who wrote in Hindi (3) An account of Jain Bidri (Śravanabelagola) etc. is given from an old ms. dated Asvin Śukla 6 Saṃ 1800 and in possession of our editor (Kamta Prasad Jain)

pp 55—57 Reviews (1) Sahajānanda Sopāna (Surat) (2) Jain Bauddha Tattvagñāna pt. II (Surat) and (3) Marana-Bhoja (Surat) (K Bhujabali Shastri)

K P Jain

RULES.

1 The Jaina Antiquary and Jaina Siddhanta Bhaskara is an Anglo Hindi quarterly, which is issued annually in four parts, i e, in June September, December, and March

2 The inland subscription is Rs 4 (including postage and foreign subscription is 6 shillings (including postage) per annum, payable in advance Specimen copy will be sent on receipt of Rs 1-4 0

3 Only the literary and other decent advertisements will be accepted for publication The rates of charges may be ascertained on application to

THE MANAGER,
The 'Jaina Antiquary"
Jain Sidhanta Bhavan, Arrah (India)

to whom all remittances should be made

4 Any change of address should also be intimated to him promptly

5 In case of non receipt of the journal within a fortnight from the approximate date of publication, the office should be informed at once

6 The journal deals with topics relating to Jaina history, geography, art, archæology iconography epigraphy, numisma tics, religion, literature, philosophy, ethnology, folklore, etc , from the earliest times to the modern period

7 Contributors are requested to send articles, notes, reviews, etc , type written, and addressed to,

K P JAIN, Esq M R A S,
EDITOR, "JAINA ANTIQUARY"
Aliganj Dist Etah (India)

(*N B*—Journals in exchange should also be sent to this address)

8 The Editors reserve to themselves the right of accepting, or rejecting the whole or portions of the articles, notes, etc

9 The rejected contributions are not returned to senders, if postage is not paid

10 Two copies of every publication meant for review should be sent to the office of the journal at Arrah (India)

11 The following are the editors of the journal, who work honorarily simply with a view to foster and promote the cause of Jainology —

PROF HIRALAL JAIN, M A LL B
PROF A N UPADHYE, M A
B KAMTA PRASAD JAIN M R A S
PT K BHUJABALI SHASTRI

PRINTED BY D K JAIN, SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD, ARRAH.

श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग ५ किरण ३

THE JAINA ANTIQUARY

VOL. IV No III

Edited by

Prof Hiralal Jain, M. A, LL. B
Prof A N Upadhye M A
B Kamta Prasad Jain M R A.S
Pt K Bhujabali Shastri

PUBLISHED AT
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY.
(JAINA SIDDHANTA BHAVANA)
ARRAH BIHAR INDIA

DECEMBER 1938

श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम।

१ जैन-सिद्धान्त-भास्कर और जैनएन्टीकेरी, अङ्गरेजी-हिन्दी-मिश्रित त्रैमासिक पत्र है, जो वर्ष में जून, सितम्बर, दिसम्बर और मार्च मे चार भागों में प्रकाशित होता है।

२ इसका वार्षिक चन्दा देशके लिये ४) रुपये और विदेश के लिये डाक व्यय लेकर ४॥) है, जो पेशगी लिया जाता है। १।) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा होगी।

३ केवल साहित्यसंबन्धी तथा अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। मैनेजर; जैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते है, मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते मे हेर-फेर की सूचना भी तुरन्त उन्हीं को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि "भास्कर" नहीं प्राप्त हो, तो इसकी सूचना जल्द आफिस को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्तिविज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन, प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना—यह सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक, श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकमण्डल को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ "भास्कर" आफिस, आरा के पते से भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन है जो अवैतनिक रूप से जैन-तत्व के केवल उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते है :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल.बी

प्रोफेसर ए एन उपाध्ये, एम ए.

बाबू कामता प्रसाद, एम आर ए एस.

पण्डित के भुजबली, शास्त्री

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन पुरातत्त्व-सम्बन्धी त्रैमासिक पत्र

भाग ५ मार्गशीर्ष किरण ३

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल बी

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम ए

बाबू कामता प्रसाद एम आर ए एस

प० के० भुजबली, शास्त्री, विद्याभूषण

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ४) विदेश में ४॥) एक प्रति का १।)

विक्रम-सम्वत् १९९५

विषय-सूची

हिन्दी-विभाग—

पृष्ठ

१ जैन-कन्नड-वाङ्मय—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण ... ११७

२ मूलाराधना की कुछ और नवीन टीकायें—[पं० हीरालाल शास्त्री, उज्जैन ... १२९

३ मुसलमान-राज्यकाल में जैनधर्म—[श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन १३५

४ मुस्लिम-कालीन भारत—[श्रीयुत बाबू अयोध्या प्रसाद गोयलीय ... १४६

५ षट्खंडागम और भ्रम-निवारण—[श्रीयुत पं० पन्नालाल सोनी ... १५१

६ विविध-विषय (१) कतिपय ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ—[श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन १६५

(२) कतिपय अनूठी हिन्दी रचनायें-[श्रीयुत बाबू कामता प्रसाद जैन १६६

(३) काठियावाड़ की प्राचीनतम जैन मूर्तियाँ— „ „ ... १७०

(४) श्रीपद्मनन्दि विरचित 'जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति-संग्रह'— „ „ ... १७२

(५) "जैन-एन्टीक्वेरी" के लेख (भाग ५ कि० २) .. १७५

७ साहित्य-समालोचना - (१) द्रव्य-संग्रह—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ... १७६

(२) इष्टोपदेश— „ „ ... १७७

ग्रन्थमाला-विभाग—

१ तिलोयपण्णत्ती [श्रीयुत प्रो० ए० एन० उपाध्ये, एम० ए० ... ६५ से ७२ तक

२ प्रशस्ति-संग्रह [श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण ... ११३ से १२० तक

अंग्रेजी-विभाग—

1. JAIN LITERATURE IN TAMIL, By Prof. A Chakravarti M A, I C S ... 69

2 THE DATE OF THE KATHAKOSA, By Dr. B. A. Saletore ... 7~

3. THE DATE OF JAMBUDVIPA PRAJNAPTI SAMGRAHA, By S Srikantha Sastri, M.A 81

4 AN UNUSUAL FORM OF A JAIN GODDESS By H D Sankalia, M A, LL B., Ph. D (Lond) 85

5. THE JAINA CHRONOLOGY, By Kamta Prasad Jain, M R A S. ... 89

6 NOTE OF DEVANUPPIYA, By Kalipada Mitra, M A, B L ... 93

7. THE JAINA SIDDHANTA BHASKARA (Gist of our Hindi Portion Vol. IV, No II) By Kamta Prasad Jain 97

8. THE JAIN BIBLIOGRAPHY 98

9. SELECT CONTENTS OF ORIENTAL JOURNALS 99

॥ श्रीजिनाय नमः ॥

जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक त्रैमासिक पत्र

भाग ५ | दिसम्बर १९३८। मार्गशीर्ष, वीर नि० सं० २४६५ | किरण ३

जैन-कन्नड-वाङ्मय

[लेखक—श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण]

दक्षिण भारत में प्रचलित प्रख्यात पञ्चद्राविड भाषाओं में कन्नड भाषा अन्यतम है। तमिलु, तेलुगु, मलेयाल एवं तुलु ही इस भाषा वर्ग की अवशिष्ट चार संख्यायें हैं। द्राविड़ भाषायें संस्कृत तथा प्राकृत भाषाओं से भिन्न इसलिये मानी जाती हैं कि एक तो व्यवहार-पर्याप्त स्वतन्त्र शब्द इन भाषाओं में प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। दूसरी बात यह है कि इस भाषा-वर्ग का व्याकरण संस्कृत एवं प्राकृत व्याकरणों से बहुत कुछ भिन्न है। इसके लिये कुछ उदाहरण ये हैं—इन भाषाओं में लिंग अर्थपरक है, सन्धिक्रम भिन्न है, संज्ञाओं के एकवचन और बहुवचन में एक ही प्रकार की विभक्तियाँ लगती हैं, गुणवाचक शब्दों में तारतम्य भाव नहीं है, सम्बन्धवाचक सर्वनाम का अभाव है, कर्मणि प्रयोग कम हैं, क्रियाओं में निषेधरूप है, कृत्तद्धित प्रत्यय स्वतन्त्र हैं।

ऊपर लिखा गया है कि इस भाषा-वर्ग में व्यवहारपर्याप्त स्वतन्त्र शब्द अधिक संख्या में पाये जाते हैं। पर इसका अर्थ यह नहीं है कि कन्नड-भाषा मे संस्कृत और प्राकृत-भाषाओं के शब्द हैं ही नहीं। वलिक प्रसिद्ध कवियों ने भी अधिक संख्या में संस्कृत एवं प्राकृत-शब्द-भाण्डार से सहर्ष पर्याप्तरूप से उधार लिया है। यही कारण है कि कन्नडभाषा के पक्के हिमायती कतिपय कन्नड कवियों को यह बात खटकी और उन्होंने एकमात्र विशुद्ध कन्नड में काव्यरचकर भावी कवियों की आँख खोलने का सफल प्रयत्न किया। इसके लिये 'कब्बिगरकाव' आदि कृतियाँ ही ज्वलन्त उदाहरण हैं। पर इससे हुआ कुछ नहीं। आजतक कन्नड भाषा में वे संस्कृत, प्राकृत शब्द प्रवाहरूप से ज्यों के त्यों चले आ रहे हैं। इतना ही नहीं काल के प्रभाव से इसमे क्रमशः उर्दू, अंग्रेजी आदि विदेशी भाषा के शब्द भी आ गये हैं। यह केवल कन्नड-भाषा मे ही नही, प्रत्युत सभी भारतीय भाषाओं में विदेशी शब्दों की रफ्तार इसी प्रकार जारी रही। यह एक प्राकृतिक अटल नियम है; इसे कोई रोक नहीं सकता। एक दृष्टि से यह है भी ग्राह्य। अन्यथा किसी भी भाषा के शब्द-भाण्डार की वृद्धि नही हो सकती। इतना ही नहीं प्रत्येक भाषा की सीमित शब्दावली से काम चल भी नहो सकता है। वलिक भाषातत्त्व के धुरन्धर विद्वान् डाक्टर काल्डिवेल के सिद्धान्तानुसार स्वर्गीय आर० नरसिंहाचार्य एम० ए० ने अपने 'कर्णाटककविचरिते' भाग तीन की अवतरणिका में निम्नलिखित शब्द संस्कृत-कोषों मे द्राविड़-भाषाओं से ही लिये गये हैं यों सप्रमाण निर्देश किया है:—

अक्क, अत्त, कुटि, कोट, नीर, पल्लि, मीन, एड, मरुत्त, हेरम्ब, अट्ट, आम्, वल्लि, मुकुल, कुन्तल, पालि, मण्ड, काक, माचल, मेक, सीर, ताल, वरूक, उल्क, तटिन् या तडित, मलय, आलि, कलि, गण्ड, सुन्दि, खलीन, तल्प, कल्य, खर्जु, प्सा आदि। केवल द्राविड-भाषाओं से ही नही, लैटिन, ग्रीक भाषाओं से भी दीनार, द्रम्म, होरा इत्यादि शब्द संस्कृत-शब्द-समूह मे हिलमिल गये है। यह तो संस्कृत-कोष से सम्बन्ध रखनेवाली बातें हुईं। इसी प्रकार व्याकरण से सम्बद्ध उदाहरणभूत एक-दो बातों को भी ले लीजिये। कई पाश्चात्य भाषा-शास्त्रियो का मत है कि संस्कृत-व्याकरण मे प्रचलित ध्वनि-विषयक टवर्गाक्षर द्राविड भाषाओं से ही आये है। क्योंकि यह टवर्ग द्राविड-भाषा-वर्ग के शब्द-समुदाय का प्रधान अङ्ग है। यह वर्ण केवल संस्कृत मे ही मिलते है। इससे सम्बन्ध रखनेवाली इण्डो-यूरोपियन भाषाओ में नहीं। गौड भाषाओ मे स्वर के आगे के परुषाक्षर जो मृदु हो जाते हैं, वह द्राविड-भाषाओं की ही प्रणाली है। मराठी मे तालव्यवर्णों का द्विविध उच्चारणक्रम जो प्रचलित है वह भी तेलगु-भाषा की ही देन है। 'वत्' प्रत्यय संस्कृत का है अवश्य, फिर भी इस प्रचलित 'कृतवान्' यह रूप द्राविड के 'शेयूदवन्', 'गैयूदवम्' का ही अनुकरण है।

एक बात यह है कि कन्नडभाषा में संस्कृत एवं प्राकृत शब्द जो आ मिले हैं वे अधिकतर जैनग्रन्थकर्त्ताओं के द्वारा ही व्यवहृत माने जा सकते हैं। क्योंकि जैन ही कन्नडवाङ्मय के जन्मदाता हैं। साथ ही साथ उनके बहुभाग ग्रन्थ धार्मिक हैं और वे प्राय मूल प्राकृत एवं संस्कृत ग्रन्थों के आधार पर बने हैं। बल्कि कन्नड भाषा में जो तद्भव शब्द मिलते हैं उनका संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत से निकटतम सम्बन्ध है। यह है भी ठीक, क्योंकि जैनियों के मौलिक धर्मग्रन्थ प्राकृत भाषा में है। अन्तिम तीर्थङ्कर श्रीमहावीर स्वामी ने भी मागधी भाषा में ही उपदेश दिया था जो प्राकृत भाषा की अन्यतम शाखा मानी जाती है। आज भी प्राचीन कन्नड भाषा का सर्वप्रामाणिक एवं आदर्शभूत व्याकरण जो उपलब्ध है, वह संस्कृत सूत्रों के रूप में ही जैनाचार्य भट्टाकलङ्क के द्वारा रचा गया था। ये सब बातें विज्ञ पाठकों को आगे चलकर भलीभांति विदित हो जायेंगी।

कन्नडभाषा बहुत प्राचीन है। जिस समय हिन्दी, बंगला, मराठी एवं गुजराती आदि भाषाओं का जन्म भी नहीं हुआ था उस समय कन्नड साहित्य भाण्डार अनेक बहुमूल्य ग्रन्थरत्नों से भरा पड़ा था। ज्ञात हुआ है कि इजिप्ट में प्राप्त ई० सन् द्वितीय शताब्दी के एक ग्रीक नाटक में कुछ कन्नड शब्द मिलते हैं।[1] नृपतुंग ने अपने पूर्वकालीन गद्यग्रन्थकारों के नामों में जिस दुर्विनीत का नाम लिया है वह लगभग ई० सन् ५०० में होनेवाला गङ्गराज दुर्विनीत ही होना चाहिये। ५वीं शताब्दी से तो कनड-शिलालेख भी पाये जाते हैं। ई० सन् की नवमी शताब्दी में कन्नडभाषा का प्रचार उत्तर में गोदावरी से लेकर दक्षिण कावेरी नदी तक था। परन्तु इस समय वह बात नहीं रही। फिर भी मैसूर, कोडगु, बबई प्रांत के दक्षिण भाग, निजाम राज्य के पश्चिम भाग, मैसूर-कोडगु के उत्तर पश्चिम-दक्षिण दिशाओं के मद्रास प्रांत के जिले, मध्यप्रान्तान्तर्गत बरार के कुछ भाग, इन प्रदेशों में आज यह भाषा प्रचलित है। इस हिसाब से वर्तमान समय में कर्णाटक प्रांत मैसूर, हैदराबाद, मद्रास, बबई, बरार, कोडगु इस प्रकार छ भागों में विभक्त है।

जिस प्रकार अन्यान्य प्रांतों में विद्वानों के द्वारा अपने अपने साहित्य का काल निर्धारित है, उसी प्रकार कन्नड साहित्य का काल भी प्राचीन, माध्यमिक और वर्तमान यों अथवा क्षात्र, मत-प्रचारक एवं वैज्ञानिक काल के भेद से तीन श्रेणियों में विभक्त है। प्राचीन काल नवमी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक, माध्यमिक काल बारहवीं शताब्दी से सत्रहवीं शताब्दी तक, वर्तमान काल सत्रहवीं शताब्दी से लेकर आजतक माना गया है।

अब तक प्राप्त कन्नडवाङ्मय सम्बन्धी ग्रन्थों में 'कविराज-मार्ग' नामक ग्रन्थ ही सर्व प्राचीन है।

---

[1] देखें—'कर्णाटककविचरिते' भाग १म एवं २य की अवतरणिका।

कविराजमार्ग, अलंकार-ग्रन्थ है। ग्रन्थ के लेखक बहुमत से नृपतुंग माने जाते हैं। दूसरे पक्षवालों का मत है कि इसके रचयिता नृपतुंग न होकर इन्हीं के आश्रित कवि श्रीविजय हैं। ऐतिहासिक प्रमाणों से सिद्ध हो चुका है कि यह ग्रन्थ ई० सन् ८१४ से ८७७ के मध्यकाल में रचा गया होगा। क्योंकि नृपतुंग का राज्यकाल यही है।* नृपतुंग अमोघवर्ष और अतिशय धवल के नाम से भी प्रख्यात थे। आचार्य गुणभद्र के उत्तरपुराण से स्पष्ट प्रमाणित होता है कि नृपतुंग 'आदिपुराण' के प्रणेता भगवज्जिनसेनाचार्य के शिष्य थे।

कविराजमार्ग के रचयिता ने अपनी इस कृति में कतिपय अपने पूर्वकालीन प्राचीन कवियों एवं ग्रन्थों का भी उल्लेख किया है। परन्तु वे ग्रन्थ अभीतक उपलब्ध नहीं हुए हैं। अब तक प्राप्त संस्कृत एवं प्राकृत के अतिरिक्त भिन्न-भिन्न भारतीय भाषाओं के जो भी ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं, उनमें यह कविराजमार्ग ही प्राचीन माना जाता है। हिन्दी के 'पृथ्वीराज रासो' और मराठी के 'ज्ञानेश्वर' आदि ग्रन्थ निस्सन्देह इसकी परवर्तिनी कृतियाँ हैं। संस्कृत, प्राकृतादि के समान इसका भी व्याकरण सर्वाङ्गपूर्ण है। बल्कि प्राचीन कन्नड व्याकरण की प्राप्ति से इस भाषा के प्राचीन ग्रन्थों का अध्ययन सुलभता से हो जाता है। जिन्होंने व्याकरण-विहीन प्राचीन मराठी एवं हिन्दी ग्रन्थों को पढ़ने के लिये प्रयास किया है वे ही इस व्याकरण का महत्त्व अधिक अनुभव कर सकते हैं।

कन्नड-साहित्य की ओर सुदीर्घकाल से ही लक्ष्य देने का सफल प्रयत्न किया गया है। अन्तिम श्रुतकेवली श्रीभद्रबाहु जब उत्तर भारत में बारह वर्ष का दुर्भिक्ष पड़ने का हाल जान कर अपने बहुसंख्यक शिष्यों के साथ दक्षिण भारत में पधारे उस समय के उस महत्त्वपूर्ण इतिहास से जैनसमाज एवं ऐतिहासिक विद्वान् अपरिचित नहीं हैं। इन्हीं श्रीभद्रबाहु के बहुदर्शी शिष्यों ने दक्षिण भारत में जैनधर्म का प्रचार करने का व्रत लिया और उनमें बहुत से शिष्यों ने प्रान्तीय सुलभ साहित्य के द्वारा ही इस सदनुष्ठान का आरंभ किया। इन्होंने अपने इस सदनुष्ठान को पूरा करने के लिये अपनी सारी शक्ति लगाकर कन्नड-साहित्य को उन्नत, सुदृढ़ एवं सर्वाङ्गपूर्ण बनाया। प्राचीन कन्नड-साहित्य इन्हीं के भगीरथ-प्रयत्न का यह सुमधुर फल है। आज भी कन्नड-साहित्य को सर्वोच्च एवं प्रौढ़ बनाने का प्रथम श्रेय जैनाचार्यों एवं जैनकवियों को ही दिया जाता है। यह बात निर्विवाद सिद्ध है कि जैनियों के द्वारा ही कन्नड़ भाषा का उद्धार तथा प्रसार हुआ है और इन्हीं प्रातःस्मरणीयों ने इस भाषा-सम्बन्धी साहित्य को एक उच्च श्रेणी की भाषा के योग्य बनाया है। कन्नड-साहित्य को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने में अथक परिश्रम कर उक्त साहित्य में इन्होंने सदा के लिये

* Indian Antiquary Vol XII, P 216.

अपना नाम अमर कर दिया है। इसी से आज भी सम्पूर्ण कर्णाटक उनके सुयश का गीत गा गा कर अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त कर रहा है। तेरहवीं शताब्दी तक कन्नड भाषा के जितने उद्भट ग्रन्थकर्त्ता हुए हैं वे प्रायः सब के सब जैनी हैं। इससे यह आसानी से अनुमान किया जा सकता है कि उन दिनों कर्णाटक प्रांत में जैनधर्म का कितना प्राबल्य था। इन जैन कवियों को गंग, राष्ट्रकूट, चालुक्य और बल्लाल आदि शासक अनन्य पोषक एवं प्रोत्साहक रहे। इसी का यह परिणाम है कि जैनियों के द्वारा पोषित तथा वर्द्धित इस साहित्य में काव्य, नाटकादि ग्रन्थों के अतिरिक्त वैद्यक, ज्योतिष, मन्त्रवाद, कामशास्त्र, पाकशास्त्र, रत्न शास्त्र आदि भिन्न भिन्न विषयों के भी अनेक मौलिक ग्रन्थ आज दृष्टिगोचर हो रहे हैं। हाँ, आगे चलकर बल्लाल राजा बिट्टिदेव के वैष्णव मत स्वीकार करने, कलचूरी वंशज बिज्जल के लिङ्गायत मत को ग्रहण करने आदि से राजाश्रय से वञ्चित हुए जैनियों की शक्ति उत्तरोत्तर क्षीण होने से जैनकवियों का संख्या भी घटती गयी।

यह सब कुछ होते हुए भी एम० आर० श्रीनिवासमूर्त्ति का कहना है कि इस समय कर्णाटक जैन साहित्य की जितनी अभिवृद्धि हुई है उतनी वृद्धि अन्य समय में नहीं हुई थी। वे इन असामान्य फल की निष्पत्ति में निम्न हेतु उपस्थित करते हैं —

(१) "जैनियों के शक्ति स्थान प्रबल मठ ही रहे, वे वहां जैन मुनियों के निकट अध्ययन करते हुए उनकी आज्ञानुसार या स्वपाण्डित्य प्रदर्शनार्थ अथवा पुराण रचना द्वारा पुण्य प्राप्ति के लिये सदैव काव्य रचा करते थे। फिर भी राजाश्रय प्राप्त होने पर कविगण ने आस्थान कवित्व में भी काव्य-प्रणयन किया है। इन विषयों के हमें पर्याप्त उदाहरण उपलब्ध होते हैं। राजाश्रय अनिश्चित होने पर भी जैनियों को मठों का आश्रय सदैव मिलता रहा। (२) बिट्टिदेव के वैष्णव होने पर भी उनके बाद के बल्लाल शासक जैनमत के पक्षपाती ही रहे हैं। बल्लालवंश के अन्तःपुर में जैनमतावलम्बिनी महिलायें अवश्य रहा करती थीं। शिलालेखों से ज्ञात होता है कि बल्लाल चक्रवर्त्तियों ने साक्षात् जैनमहिलाओं से विवाह किया है और उन जिनभक्ता महिलाओं ने जैन मन्दिरों को पर्याप्त दान भी दिया है। इससे यह बात सिद्ध होती है कि बल्लाल वंश विट्टिवर्द्धन का बाद न कट्टर वीरवैष्णव पक्षपाती ही थे और न उन्होंने जैनमत-धर्म की कोई दीक्षा ही ली था।* (३) वीरशैव (लिङ्गायत) और ब्राह्मणमत प्रबल होने पर भी जैनविद्वान् शास्त्रार्थ में उन्हें जीत कर अपने मत की उत्कृष्टता को रक्षित रखते थे। वादिकुमुदचन्द्र, कुमुदेन्दु, नेमिचन्द्र आदि जैनमत के उज्जीवन और उद्योतन के लिये बराबर कटिबद्ध रहे। (४) चालुक्यों के चक्रवर्तित्व में कतिपय प्रबल मन्त्री, अनेक धनी व्यापारी और बहुत से शूरवीर सामन्त शासक जैनी ही थे। अतः

* मैं इस विषय पर एक स्वतन्त्र लेख लिखनेवाला हूँ।

जैनकवि उस समय भी सर्वथा निराश्रय नहीं कहे जा सकते। इनसे द्वेष करने तक का वैष्णवमताभिमान बल्लालों में नहीं था। विट्टिदेव के कट्टर वीरवैष्णव सिद्ध होने पर भी शेष बल्लाल राजाओं ने अपने पूर्ववंशगत जैनमताभिमान की यथाशक्ति रक्षा ही की है। यह बात भिन्न-भिन्न शासनों से स्पष्ट सिद्ध होती है। (५) सौन्दत्ति के रट्टों मे और पश्चिम तटवर्ती तुलुओं मे जैनमतावलम्वी ही शासन करते रहे। रट्टराज्य-प्रतिष्ठाचार्य मुनिचन्द्र जी जैनकवियों के विशेष प्रोत्साहक थे। तुलुदेश के शासक अपने आस्थान-कवियों से उत्तमोत्तम जैन-काव्यों की रचना कराया करते थे। कार्कल के गोम्मटेश्वर की मूर्त्ति की स्थापना से यह बात सिद्ध हो जाती है कि १५वी शताब्दी मे भी पश्चिम तीरस्थ प्रदेशों में जैनमत उन्नत दशा मे था। (६) अन्त मे एक और मुख्य कारण हमे जानना आवश्यक है और वह यह है कि सामान्यत कर्णाटक-शासक जाति और मतभेदों का कभी शिकार नही बने। वे ब्राह्मण तथा जैनियो के मन्दिरों के लिये समान भाव से भूदानादि दिया करते थे और वे अपनी राजसभा मे सभी मत के कवियो और मन्त्रियों को सहर्ष स्थान देकर उन्हें समानरूप से प्रोत्साहित करते रहे। कर्णाटक के बहुत से राजे भिन्न-भिन्न मतावलम्वियों के शास्त्रार्थ को बड़ी सुरुचि से सुनकर सम्मान-पूर्वक सभो की रक्षा करते रहे हैं। इस विषय मे हमे अनेक उदाहरण मिलते है। अत निस्सन्देह-रूप से हम कह सकते है कि कर्णाटक मे चाहे किसी भी मत के कवि हों प्रोत्साहन नही मिलने से वे नष्ट नहीं हुए।

इसके अतिरिक्त ई० सन् १२ वा और १३वीं शताब्दियो मे शैवो तथा वैष्णवो के साथ भिड़ कर जैनियो ने अपने स्थान की रक्षा के प्रयत्न मे अनेक ग्रन्थो की रचना की है। अपनी शिष्य-परम्परा को स्वमत-संवन्धी ग्रथ सरल हो इस ध्येय से अनेक कवियों ने उस समय अनेक व्याख्यानो एवं टीकाओ की रचना की तथा संस्कृत मूलग्रन्थों का कन्नड मे अनुवाद किया। जिस समय वीरशैव एवं ब्राह्मण अपने अपने मत-प्रचारार्थ सुयोग्य साधनों को एकत्रित कर स्वमत की उत्कृष्टता को घोषित करते हुए अन्यान्य मतो का अवहेलन करते थे उस समय जैनी भी अपने धर्मग्रन्थो एवं पुराणों का कन्नड से प्रचार करते हुए ब्राह्मण तथा शैवमत की अवहेलना करने वाले ग्रन्थों का जन्म देने लगे। वे जनसाधारण को सुगमता से समझ मे आ जानेवाली कथाओ को उत्तम शैली मे रचकर जैनमत की उत्तमता को पामरो तक पहुंचाते रहे। इस प्रकार कतिपय दूरदर्शी जैनकवियों ने ई० सन् १२वी तथा १३वी शताब्दियों मे काव्यवस्तु और उसकी शैली मे परिवर्तन कर अपने साहित्य मे नूतन क्रम को स्थान देना अत्यावश्यक समझा। उस समय उस नूतन क्रमावलम्वी जैन कवियो ने यथा-साध्य संस्कृतपद-प्रयोग को कम करके देशभाषा को ही विशेष स्थान दिया और अलङ्कारादि को गौण करके पाण्डित्य को घटाना आरंभ किया। अर्थात् जनसामान्य को मान्य होनेवाली

शैली म ही ग्रंथ रचने लगे। परन्तु यह परिवर्तन शीघ्र ही सर्वत्र उपयोग में नहीं आये, क्योंकि इस समय के भी बहुत से जैन काव्य प्रौढ शैली में ही रचे गये मिलते हैं। दीर्घ कालीन संस्कृत वाङ्मयानुकरणगत अभ्यास को संस्कृतज्ञ पण्डित कवि सहसा कैसे छोड़ सकते थे? साथ ही यह भी ज्ञात होता है कि उस समय क्षुद्र संस्कृताभिमानियों को देश भाषा का विशेष अभिमान नहीं था।

देश भाषा में पद सामग्री की कमी को देखकर संस्कृत प्रयोग की बहुलता का समर्थन करने वाले कवियों में दोषारोपण करना भी उचित नहीं है। अस्तु, यह उल्लिखित परिवर्तन शीघ्र ही व्यवहृत न हो कर एक-दो शताब्दियों तक होते होते १५ वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक लगभग सभी जैन कवियों ने नूतन मार्ग का अनुसरण किया। यह बात साहित्यालोचना से विशद होती है। इस समय उत्पन्न हुए जैन षट्पदि और सांगत्य ग्रन्थों की संख्या अन्य मत-सम्बन्धी ग्रन्थों की संख्या से न्यून नहीं है*।"

जिस प्रकार कन्नड भाषा के कवियों में जैन कवि ही आदि कवि हैं उसी प्रकार स्त्री कवियों में जैन स्त्री कवि कन्ति ही आदि रचयित्री हैं। यह स्त्री कविरत्न द्वार समुद्र के प्रख्यात बल्लाल राजदर्बार में आस्थान पण्डिता थी और इन्हें 'अभिनववाग्देवी' की उपाधि प्राप्त थी। विद्वानों का मत है कि यह स्त्री कवि लगभग ई० सन ११०५ में विद्यमान रही। इस कवीश्वरी के विषय में जैन हिन्दीपत्रों में मेरे दो तीन लेख निकल भी चुके हैं।

कर्णाटक साहित्य सेवा का भार तीन धर्मानुयायियों के ही हाथों में रहा। जिस समय जिस धर्म की प्रधानता थी उस समय मुख्यतया उस धर्मके अनुयायियों ने पूर्ण रीति से साहित्य सेवा की है। प्रायः ई० सन् ९०० से १२०० तक जैनियों का विशेष प्रभाव था। अत एव कर्णाटक भाषा का प्रारंभिक साहित्य उन्हीं की लेखनी द्वारा लिखा गया है। इस सम्बन्ध में कन्नड साहित्य के ममज्ञ विद्वान् शेष प्रो० पारिशवाड़ का अभिप्राय यों है। "लगभग ई० सन् ६ ठी शताब्दी से १४ वीं शताब्दी तक के सात आठ सौ वर्ष सम्बन्धी जैनियों के अभ्युदय प्राप्तिनिमित्त जो वाङ्मय है, उसका अवलोकन करना उचित है। तत्कालीन करीब २८० कवियों में ६० कवियों को स्मरणीय एवं सफल कवि मान लेने पर इनमें ५० जैन कवियों के नाम ही हमारे सामने आ उपस्थित होते हैं। इन ५० जैन कवियों में से ४० कवियों को निस्सन्देह हम प्रमुख मान सकते हैं। लौकिक चरित्र, तीर्थङ्करों के पारमार्थिक पुराण, दार्शनिक आदि अन्यान्य सभी ग्रन्थ जैनियों के द्वारा ही जन्म पाकर ये कन्नड साहित्य के ऊपर अपना प्रभाव शासन जमाये हुए हैं। ग्राम्याभिमुख एवं सुगम शैली पर रचे गये इधर के 'चेन्नबसवपुराण', 'कर्णाटक महाभारत' आदि ग्रन्थों को देख कर सहृदय पाठक

* देखें—'कर्णाटक साहित्य परिषत्पत्रिका, वर्ष ६, अंक ४।

निश्चयत मुग्ध हो सकते है। फिर भी जैनियों के सुविख्यात प्राचीन कन्नड की प्रौढ़ता पर लक्ष्य देना परमावश्यक है। मेरा बराबर कहना है कि जैनियों का तेज हमारी आधुनिक भाषा मे विशेष कान्ति प्रदान करनेवाला है। अत तत्कृत ग्रन्थों से परिचित होना सुशिक्षितों को परमावश्यक है †।" इस विषय मे दूसरे एक विद्वान् का मत भी नीचे दिया जाता है—

"यह बात निश्चित रूप से कही जा सकती है कि कन्नड-वाङ्-मय अपनी संपूर्ण संस्कृतियो से अखिल कला-सम्पन्न जैनियों के द्वारा दी गयी सुदृढ़ नींव पर ही आज भी स्थिर है। 'पंपभारत' सदृश सर्वाङ्गसुन्दर महाप्रबन्धों एवं 'शब्दमणि-दर्पण' तुल्य शास्त्रीय ग्रन्थो को देख कर किस साहित्याभिमानी के हृदय मे जैन कवियों के विषय में आदर-बुद्धि उत्पन्न नहीं होगी ? एक समय सम्पूर्ण कर्णाटक जैनधर्म का आवास था ‡।"

जैनियों के बाद अनुमानत ई० सन् १२०० से १७०० तक लिंगायतों का प्राधान्य रहा। अतः इन शताब्दियो मे मुख्यतया कर्णाटक-साहित्य इन्हीं के हस्तगत रहा। ई० सन् १७०० से आज तक ब्राह्मणों की प्रधानता मे दो तीन शताब्दियो से इस धर्म के कवि साहित्य-सेवा कर रहे है।

प्राचीन समय से धर्मोन्नति के साथ साथ साहित्योन्नति का सम्बन्ध कितना सुन्दर था। साथ ही साथ वह कितने विशदरूप से अपने ऐतिहासिक रहस्य को प्रकट कर रहा है। ये सब बातें साहित्य के क्रमबद्ध इतिहास का अभ्यास करनेवाले विद्वानो से छिपी नहीं है। अस्तु, यद्यपि कर्णाटक-भाषा का प्रारंभिक काल जैन-काल, माध्यमिक काल लिङ्गायत-काल, वर्तमान काल ब्राह्मण-काल कहलाता है अवश्य। फिर भी लिंगायत या वर्तमान काल मे जैनी अपनी परम्परागत पवित्र साहित्यसेवा को भूले नहीं थे। क्योंकि इन समयों मे भी कई उच्च जैनग्रन्थ रचे गये मिलते है। बल्कि इस बात को मैं पहले ही स्पष्ट कर चुका हूं।

अब मैं कर्णाटक-साहित्य के अङ्गोपांगभूत व्याकरण, छन्द, अलङ्कारादि ग्रन्थों के जन्म-दाता जैनकवियों के कुछ पोषक तथा प्रोत्साहक राजाओं का यहां पर उल्लेख कर देना भी आवश्यक समझता हूं। वह इस प्रकार है—

(१) गंग—इन राजाओं मे अनुमानतः ई० सन् ५०० मे वर्तमान गद्यग्रन्थकार राजा दुर्विनीत आचार्य श्रीपूज्यपाद का शिष्य था और ई० सन् ८८६—९१३ का एरेयप्प प्रख्यात कवि एवं हरिवंश आदि ग्रन्थोंके रचयिता गुणवर्म का पोषक रहा। आज तक के उपलब्ध कन्नड गद्य-ग्रन्थो मे प्राचीनतम (ई० सन् ९७८) 'चावुण्डराय-पुराण' के प्रणेता वीर मार्तण्ड चावुण्डराय राजा राचमल्ल का सुदक्ष मन्त्री था।

† देखें—'कर्णाटक-साहित्य-परिषत्पत्रिका' वर्ष ११, अंक १।

‡ देखें—'शासनपद्यमंजरी' १४४३।

(२) राष्ट्रकूट—इस वश के तृतीय कृष्णराज (ई० सन्० ९३९ ९*८) ने महाकवि पोन्न को 'कविचक्रवर्ती' की उपाधि से सम्मानित किया था।

(३ चालुक्य—इस वश का राजा अरिकेशरी महाकवि आदि पम्प का आश्रय दाता था और तैलप (ई० सन् ९७३ ९८७) ने महाकवि रन्न को 'कविचक्रवर्ती' की उपाधि दी थी। 'जातकतिलक' के रचयिता श्रीधराचार्य आहवमल्ल के आश्रित थे एव 'सुकुमार चरित्र' के लेखक शान्तिनाथ लक्ष्मण नृप के मन्त्री रहे। 'समय परीक्षा' एव 'त्रैलोक्य रक्षा मणिस्तोत्र' का रचयिता वत्सगोत्रीय जैनब्राह्मण ब्रह्मशिव आहवमल्ल के पुत्र तथा विक्रमादित्य के सहोदर कीर्तिवर्म का आश्रित था। कटकोपाध्याय जैनब्राह्मण नागवर्म द्वितीय जगदेकमल्ल (ई० सन् ११३८—११५०) के आश्रय म रहा।

(४) होयसल—अभिनवपप तथा कन्ति ये दोनों बल्लाल प्रथम (ई० सन् ११०० ११०*) के आस्थान विद्वान थे। व्यवहारगणित, व्यवहाररत्न, लीलावती, चित्रहसुगे, जैनगणित सूत्रटीकोदाहरण आदि गणितग्र थो के रचयिता राजादित्य विष्णुवर्द्धन (ई० सन् १ १ —११४१) के समय म था। यशोधरचरित्र आदि ग्रन्थो के प्रणेता कवि जन्न का पिता सुमनोबाण नरसिंह राजा का सेनापति था। कविता विशारद बूचिराज वीर बल्लाल का मन्त्री रहा। यह कविता मे महाकवि पो न का समकक्ष था। इसी राजा के अधिकारी पद्म नाम के आशयानुसार नमिचन्द्र ने 'अर्द्धनेमि' रचा है। इसी राजा के अन्यतम मन्त्री रेचरस की प्रेरणा से आचण्ण ने वर्द्धमानपुराण की रचना की है। उक्त राजा ने ही जन्न कवि को 'कविचक्रवर्ती' की उपाधि से विभूषित किया था। केशिराज के पिता मल्लिकार्जुन ने सोमेश्वर के विनोदार्थ 'सूक्तिसुधार्णव' का प्रणयन किया है।

(५) सौन्दत्तियरट्टरु—पार्श्वनाथपुराण के कर्ता पार्श्वपण्डित कात्तवीर्य चतुर्थ का आस्थान कवि था। द्वीतीय गुणवर्म इसी राजा के अधिकारी शान्तिवर्म का आश्रित था। मालूम होता है कि कवि बालचन्द्र भी इसी राजा का समकालीन है।

(६) कोंगाल्व—ज्ञात होता है कि चन्द्रनाथाष्टक का कर्त्ता मौलिक कवि वीर कोंगाल्व के शासन समय म हुआ था।

(७) चेंगाल्व—तृतीय मगरस इन्हीं राजाओं का कुल क्रमागत मन्त्रि पुत्र था। इसने जयनृपकाव्य, प्रभञ्जनचरित्र, श्रीपालचरित्र, सम्यक्त्व कौमुदी और सूपशास्त्र आदि अनेक ग्रथों की रचना की है।

(८) तुलुराज—कार्कल के भैरवरस के पुत्र पाण्ड्य राजा के लिये कल्याणकीर्ति ने 'ज्ञानचन्द्राभ्युदय' एव सगीतपुर के देवनृप के पुत्र सगम की आज्ञानुसार कोटीश्वर ने 'जीवधर षट्पदि' की रचना की है। 'भरतेश्वरचरित्र' के रचयिता रत्नाकर कार्कल के भैरवरस ओडेय

की सभा में आस्थान कवि था*। रसरत्नाकर, भारत, वैद्यसांगत्य आदि के प्रणेता कवि साल्व तौलव, हैव कोंकण देशाधिपति साल्व मल्ल का दर्बार-कवि रहा। कार्कल के भैरवेन्द्र की आज्ञानुसार बाहुबली ने 'नागकुमार-चरित्र' का प्रणयन किया है। इसी राजा के आदेशानुसार कवि चन्द्रम ने 'कार्कल-गोम्मटेश्वरचरिते' लिखा है।† गेरुसोप्पे के राजा भैरवराय के समय में आदियप्प ने 'धन्यकुमारचरित्र' की रचना की है। पायण्ण ने संगमराय के पुत्र के आश्रय मे रह कर 'अहिंसाचरित्र' का प्रणयन किया है। 'रामचन्द्रचरित्र' के पूर्वार्द्ध के प्रणेता कवि चन्द्रशेखर वंगवाडि लक्ष्मण वंगरस का आस्थान-कवि था। इसी चरित्र के उत्तरार्द्ध को लेखक पद्मनाभ कवि मूल्कि के चेन्नराय का आश्रित था। चौटरानी चेन्नमाम्बा के समय मे इन्हीं की आज्ञानुसार कवि सुराल ने 'पद्मावतीचरित्र' की रचना की है।

(९) विजयनगर—प्रथम हरिहर (ई० सन् १३३६—१३५३) के काल में मुगुलिपुर के स्वामी मंगरस प्रथम ने 'खगेन्द्रमणिदर्पण' की और द्वितीय हरिहर के आस्थान-कवि मधुर ने 'धर्मनाथपुराण' की रचना की है। चिलिगि तालुकके एक शासन से ज्ञात होता है कि 'शब्दानुशासन' के प्रणेता भट्टाकलंक वेंकटपतिराय के काल मे हुए थे।

(१०) मैसूर के राजा—चामराज के संदेशानुसार पद्मराज पण्डित ने 'हयसारसमुच्चय' की रचना को थी एवं पण्डित शान्तराज मुम्मडि कृष्णराज का आश्रित था।

यों संक्षेप मे जैन कवियो के आश्रयदाता और प्रोत्साहक राजाओं का परिचय कराया गया। इस विषय के विशेष जिज्ञासु पाठक 'कर्णाटककविचरिते' का अनुशीलन करने का कष्ट उठायेंगे। वल्कि महत्त्वपूर्ण इस चरिते के तीन भागों में से १म और २य भाग का हिन्दी अनुवाद श्रीयुत पं० नाथूरामजी प्रेमी के द्वारा हो कर क्रमश. 'जैन हितैषी' एवं अनेकान्त वर्ष १ म मे प्रकाशित हो भी चुके हैं। 'जैन हितैषी' मे प्रकाशित उक्त १म भाग का अनुवाद प्रेमीजी ने पुस्तकाकार मे भी छपवा कर हिन्दी-भाषाभाषियो के लिये सुलभ कर दिया है। ३ रे भाग का अनुवाद मेरे ही द्वारा होकर अनेकान्त वर्ष १म में ही प्रकट हो चुका है। इन तीनो को एकत्रित कर परिष्कृत रूप में सुन्दर पुस्तकाकार मे प्रकाशित हो जाना परमावश्यक है। इसकी आवश्यकता बतलाकर इस सत्कार्य का भार अपने ऊपर लेने की सूचना उसी समय मेरे अनुवाद के नीचे टिप्पणी के रूप मे मित्रवर पण्डित जुगलकिशोरजी ने दे भी दी है। पर खेद है कि अभी तक जैन समाज का ध्यान इस परमावश्यक कार्य की ओर नहीं गया। खैर, इस सिलसिले मे कर्णाटक जैन कवियो के सम्बन्ध में श्रीयुत पं० नाथूरामजी प्रेमी ने जो विचार प्रकट किया है उसका कुछ अंश मैं यहाँ उद्धृत कर देना समुचित समझता

* देखें—'आदर्शजैन चरितमाला' के साहित्याक में प्रकाशित मेरा लेख।

† देखे—भास्कर भाग ५, किरण २।

हैं। "जैनधर्म में मुख्य दो सम्प्रदाय हैं, एक दिगम्बर और दूसरा श्वेताम्बर। इनमें से दक्षिण और कर्णाटक में केवल दिगम्बर-सम्प्रदाय का ही अधिक प्राबल्य रहा है। ऐसा मालूम होता है कि यहां श्वेताम्बर सम्प्रदाय का प्रवेश ही नहीं हुआ। दक्षिण और कर्णाटक का जितना जैन साहित्य है वह सब ही दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के विद्वानों की रचना है। जहां तक हम को मालूम है श्वेताम्बर सम्प्रदाय का कोई भी प्रौढ विद्वान् उस ओर नहीं हुआ। इतिहास के पाठकों के लिए यह प्रश्न बहुत ही विचारणीय है।

(इस बात को सुन कर सब ही आश्चर्य करेंगे कि दिगम्बर सम्प्रदाय के जितने प्रधान आचार्य इस समय प्रसिद्ध हैं, वे प्राय सब ही कर्णाटक देश के निवासी थे और न केवल संस्कृत, प्राकृत, मागधी के ही ग्रन्थकर्त्ता थे, जैसा कि उत्तर भारत के जैनी समझते हैं, किन्तु कनड के भी प्रसिद्ध ग्रन्थकार थे। समन्तभद्र, पूज्यपाद वीरसेन, जिनसेन, गुणभद्र, अकलंकभट्ट, नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती, भूतबली, पुष्पदन्त, वादीभसिंह, पुष्पदन्त (यशोधरचरित्र के कर्त्ता) श्रीपाल आदि आचार्य जो दिगम्बर सम्प्रदाय के स्तम्भ समझे जाते हैं और जिनके संस्कृत प्राकृत ग्रन्थों का हमारे उत्तर भारत में बहुत प्रचार है, प्राय कर्णाटक के ही थे।")

वास्तव में कुछ शताब्दियों तक दक्षिण भारत दिगम्बर जैनसम्प्रदाय की लीलाभूमि बना रहा। वहां की संस्कृति पर इस सम्प्रदाय की अमिट छाप पड़ी है। इस बात को जैनी ही नहीं पक्षपातशून्य प्रकृत जैनेतर विद्वान् भी स्वीकार करते हैं। बल्कि एक जमाने में कारण विशेष से निराश्रित दिगम्बर जैन सम्प्रदाय को हस्तावलम्बन देकर इसकी रक्षा एवं अभिवृद्धि करने का सफल तथा पवित्र श्रेय दक्षिण भारत को ही है। यदि उल्लिखित ये दिग्गज दिगम्बराचार्य दक्षिण भारत में जन्म लेकर दिगम्बर साहित्य की श्री वृद्धि नहीं करते तो बहुत कुछ संभव था कि आज अन्यान्य लुप्त भारतीय सम्प्रदायों की तरह इसका भी केवल नाम ही दृष्टिगोचर होता। क्योंकि यह निर्विवाद सिद्ध बात है कि कोई भी साम्प्रदाय बिना अपने मौलिक साहित्य के दीर्घ काल तक जीवित नहीं रह सकता है। मैं समझता हूं कि इस पैत्रिक साहित्य सम्पत्ति जैसी अमूल्य एवं अलभ्य निधि की रक्षा करने के उपलक्ष में उत्तर भारत का दिगम्बर जैनसमाज दक्षिण भारत का सदा कृतज्ञ बना रहेगा।

अन्त में 'कर्णाटक-कविचरिते' के लेखक कन्नड साहित्य के अनन्य सेवक, रायबहादुर स्वर्गीय आर० नरसिंहाचार्य जी ने जैनकवियों के सम्बन्ध में जो शुभोद्गार प्रकट किये हैं, उन्हें भी विज्ञ पाठकों के समक्ष रख दिया जाता है।

("जैनी ही कन्नड भाषा के आदि कवि हैं। आज तक के उपलब्ध सभी प्राचीन एवं उत्तम कृतियां जैन कवियों की ही हैं। ग्रन्थरचना में जैनियों के प्राबल्य का काल ही कन्नड

साहित्य की उच्च स्थिति का काल मानना होगा। प्राचीन जैन कवि ही कन्नडभाषा के सौंदर्य एवं कान्ति के विशेषतया कारणभूत हैं। उन्होंने शुद्ध और गंभीर शैली में ग्रन्थ रच कर ग्रन्थ-रचना-कौशल को उन्नत प्रासाद पर पहुचाया है। पम्प, पोन्न, रन्न इनको कवियों में रत्नत्रय मानना उचित ही है। पोन्न ने राष्ट्रकूट राजा तृतीय कृष्ण से, रन्न ने चालुक्य राजा तैलप से और जन्न ने होय्सल राजा वल्लाल द्वितीय से 'कविचक्रवर्ती' की उपाधि पायी थी। नागवर्म द्वितीय चालुक्य राजा द्वितीय जगदेकमल्ल के यहां, जन्न का पिता तथा केशिराज के मातामह सुमनोवाण होय्सल राजा नरसिंह द्वितीय के यहां कटकोपाध्याय थे। अन्य कवियों ने १४वीं शताब्दी के अन्त तक सर्वश्लाघ्य चम्पूकाव्यों की रचना की है। इनमें मधुर ही अन्तिम कवि ज्ञात होता है। कन्नड भाषाध्ययन के सहायकभूत छन्द, अलङ्कार, व्याकरण, कोश आदि ग्रन्थ अधिकतया जैनियों के द्वारा ही रचित हैं। तमिलु-भाषा में भी प्रायः इसी प्रकार है। षट्पदि-लेखकों मे कुमुदेन्दु, भास्कर, मंगरस तृतीय इनके नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

अब मैं जैनसमाज के समक्ष एक परमावश्यक प्रस्ताव उपस्थित कर देना अपना कर्त्तव्य समझता हूं। वह यह है कि कन्नड जैन-साहित्य के मौलिक ग्रन्थों का अनुवाद या तात्पर्यांश हिन्दी-भाषाभाषी जनता के सामने आ जाना परमावश्यक है। खास कर जो कृतियां संस्कृत-प्राकृत आदि भाषाओं मे उपलब्ध नहीं होती हैं, उनका तो प्रकाश मे आ जाना अनिवार्य ही कहा जा सकता है। जो संस्कृत-प्राकृतादि भाषाओं मे प्राप्त होते हैं, बल्कि उसी के आदर्श पर कन्नड मे रचे गये हैं, उनका प्रकटीकरण भी अनुपादेय नहीं कहा जा सकता। क्योंकि इससे तुलनात्मक अध्ययन-द्वारा प्राचीन क्रमिक जैन संस्कृति का पता लगाने मे पर्याप्त सहायता मिलेगी। मैं केवल कन्नड जैनसाहित्य के उद्धार एवं प्रकाशन के लिये ही जैनसमाज से अपील नहीं करता हूं; किन्तु तमिलु और तेलगु जैनसाहित्य के लिये भी। हां, तेलुगु-साहित्य में जैन-कृतियां बहुत ही कम हैं। पर तमिलु जैन-साहित्य तो कन्नडसाहित्य के समान बहुत ही उन्नत एवं समृद्धिशाली है। इस विषय मे 'भास्कर' के अंग्रेजी-विभाग मे विद्वान् लेखक प्रोफेसर ए० चक्रवर्ती एम० ए० आइ० ई० एस० का गवेषणापूर्ण एक विस्तृत गम्भीर लेख धाराप्रवाह से प्रकट हो भी रहा है। हिन्दी जैनपत्र मे किसी विद्वान् को इसका हिन्दी अनुवाद प्रकाशित कर हिन्दी-भाषाभाषियों के लिये भी तद्विषयक ज्ञान को सुलभ कर देना चाहिये। फिर मुझे उसी बात को दुहरानी पड़ती है कि हमारे जैनसमाज मे कोई भी ऐसी सुदृढ़ एवं सम्पन्न संस्था नहीं है जहां पर दश-पांच अन्वेषक विद्वान् बैठ कर निराकुलता से इन सब महत्त्वपूर्ण साहित्यिक कार्यों को कर सके। जैन समाज मे जो भी मुष्टिमेय विद्वान् अन्वेषण का काम कर रहे हैं उनके पीछे पेट का सवाल सदा आगे आ जाता है। देखूं ऐसा सुवर्णावसर जैनसमाज को कब नसीब होता है।

मूलाराधना की कुछ और नवीन टीकायें

[लेखक—श्रीयुत प० हीरालाल शास्त्री, उज्जैन]

मुनिधर्म या श्रावक धर्म की अन्तिम सफलता शान्तिपूर्वक समाधिमरण में है और इस समाधिमरण के लिये—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तपरूप चार आराधनाओं के आराधन की अत्यन्त आवश्यकता है। बिना इन चार आराधनाओं के आराधन किये—न तो जीवन में ही शान्ति मिल सकती है और न जीवनान्त या मरण के समय ही। इसलिये जैनसम्प्रदाय में उक्त चारों आराधनाओं को सर्वोत्कृष्ट स्थान दिया गया है। समन्तभद्राचार्य जैसे प्रभावक पुरुषों ने भी 'अन्त क्रियाधिकरण तप फल सकलदर्शिन स्तुवते। तस्माद् यावद्विभव समाधिमरणे प्रयतितव्यम्।' कहकर समाधि मरण का महत्व प्रकट किया है और समाधि मरण की साधक होने से आराधनाओं को स्वत ही महत्त्व प्राप्त है।

मूलाराधना—जिसका कि 'भगवती आराधना' यह नाम अधिक प्रसिद्ध है—उक्त चारों आराधनाओं का वर्णन करनेवाला—एक महत्त्वपूर्ण विशद एव बहुत प्राचीन ग्रन्थ है।

बहुत पहले इसका प्रथम सस्करण प० सदासुखदासजी की भाषा टीका के साथ प्रकट हुआ था। उस समय तक इसकी अन्य किसी भी टीका का पता न था। बाद इसीका दूसरा सस्करण सन १९३३ में अनन्तकीर्ति ग्रन्थमाला से पुन प्रकाशित हुआ। इस सस्करण में श्री प० नाथूरामजी प्रेमी की विस्तृत एव गवेषणापूर्ण भूमिका देखने को मिला। जिसमें उक्त ग्रन्थ की पाच सस्कृत टीकाओं का उल्लेख किया गया है। वे टीकायें क्रमश इस प्रकार हैं—अपराजितसूरि—जिनका कि दूसरा नाम श्रीविजयाचार्य है—कृत विजयोदया या विजयोदया टीका। (२) अमितगतिसूरि-कृत पद्यात्मक सस्कृताराधना। (३) प० आशाधर कृत मूलाराधनादर्पण। (४) अज्ञात नाम आचार्य प्रणीत आराधनापजिका। (५) और प० शिवजीलालकृत भावार्थदीपिका। इन पाचों टीकाओं में अन्तिम टीका सबसे अर्वाचीन और पहली विजयोदया टीका सबसे प्राचीन है। इसी भूमिका में एक टिप्पणी यह भी देखने में आई कि—"विजयोदया टीका से पहले भी कोई टीका था जिसमें 'सिद्धे जयप्पसिद्धे' आदि प्रथम गाथा की टीका में साधक के 'निवृत्तविषयराग' आदि चार विशेषण दिये गये हैं,। परन्तु विजयोदयाकार उन्हें ठीक नहीं समझते हैं। यह टीका किसकी बनाई हुई है और

उसका क्या नाम है—यह तब तक नहीं ज्ञात हो सकता—जब तक कि विजयोदया का बारीकी से अध्ययन न किया जाय" आदि।

इसके बाद सन् ३५ में मूलाराधना का अनेक टीका-समन्वित नया संस्करण सोलापुर से प्रकाशित हुआ—जिसमें उक्त नं० १—२ और ३ की संस्कृत टीकायें मुद्रित हैं। मैंने श्री प्रेमीजी के सूचनानुसार उनका बारीकी के साथ अध्ययन प्रारंभ किया और अन्त में जिस निर्णय पर पहुंचा उसे पाठकों के सामने उपस्थित करता हू।

विजयोदया टीका का निर्माण करते समय श्रीअपराजित सूरि के सामने एक से अधिक टीकायें अवश्य थीं—ऐसा विजयोदया टीका के स्वाध्याय करने से पद-पद पर स्पष्ट प्रतिभास मिलता है; पर वे कहीं भी उस टीका का स्पष्ट उल्लेख या नाम-निर्देश नहीं करते हैं। 'अत्र परा व्याख्या' 'अत्रान्ये व्याचक्षते' इत्यादि कह कर ही उन्होंने अपना मतभेद प्रदर्शित किया है। इतना ही नहीं, किन्तु अनेक स्थलों पर तो वे उस पूर्ववर्त्तिनी टीका-संमत अर्थ का खण्डन तक भी करते हुए पाये जाते हैं। इस प्रकार विजयोदया टीका के आधार पर इससे अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है कि वह टीका संस्कृत में थी या प्राकृत में? किस आचार्य ने बनाई थी? आदि बातों का उससे कुछ भी पता नहीं चलता है।

किन्तु पं० आशाधरजी-प्रणीत मूलाराधना टीका के आलोकन करने पर कुछ और भी अधिक एवं महत्त्वपूर्ण बातों पर प्रकाश पड़ता है। उनकी टीका में अनेकों स्थानों पर बिना किसी खास नामोल्लेख के मतभेद तो मिलता ही है, पर कितने ही स्थलों पर वे अपराजितसूरि-कृत विजयोदया टीका के सिवाय एक और टीका का स्पष्ट उल्लेख करते हैं और उसे 'प्राकृत टीका' नाम से पुकारते हैं। जैसे—

गाथा नं० ४३० की व्याख्या करते हुए पंडितजी 'चौरासीलाख योनियों में—मनुष्यभव की अति दुर्लभता बताने के लिये—

चुल्लय पासं धरणं, रदणाणि सुमिणचक्कं वा।
कुम्मं जुगपरमाणुं, दस दिट्ठंता मणुयलंभे॥ १॥

गाथा का उल्लेख करते हैं और उसके नीचे लिखते हैं कि—

एतेच चुल्लीभोजनादि—कथा सम्प्रदाया दशापि प्राकृतटीकादिषु विस्तरेणोक्ताः प्रतिपत्तव्याः पृष्ठ ६४३

इस उक्त अवतरण में प्राकृत टीका का स्पष्ट उल्लेख तो मिलता ही है पर साथ ही यह भी स्पष्ट विदित हो जाता है कि वह टीका कितनी अधिक विशद एवं विस्तृत होगी।

गाथा नं० ५२५ की व्याख्या करते हुए पण्डितजी लिखते हैं कि ' षड्त्रिंशद् गुणा यथा—अष्टौ ज्ञानाचारा , अष्टौ दर्शनाचाराश्च, तपो द्वादशविध,, पच समितय तिस्रो गुप्तयश्चेति सस्कृतटीकाया । प्राकृतटीकाया तु—अष्टाविंशतिमूलगुणा आचारवत्त्वाद्यश्चाष्टौ, इति षट्त्रिंशत् ।

भावार्थ—उक्त गाथा में आचार्य के छत्तीस गुणों से युक्त होने का उल्लेख आया है। जिस पर सस्कृत टीकाकार तो आठ ज्ञानाचार, आठ दर्शनाचार, बारह तप, पाच समिति तीन गुप्ति, इस प्रकार (८+८+१२+५+३ = ३६) छत्तीस गुणों को बताते हैं। किंतु प्राकृत टीकाकार साधुओं के अट्ठाइस मूल गुणों के साथ आचारवत्त्व आदि आठ गुणों को मिलाकर (२८×८=३६) छत्तीस गुणनिर्देश करते हैं।

उक्त कथन से एक और भी नवीन बात का पता चलता है कि वर्तमान म जो आचार्यों के ३६ गुण प्रचलित हैं उनके सिवाय और भी अनेक मतभेद उनमें पाये जाते हैं और उसी को गाथा न० ५२६ म उल्लेख भी किया गया है, जिससे कि सस्कृत-टीकाकार प्रक्षिप्त समझ कर छोड़ देते हैं।

गाथा न० ५५० में पठित 'काउस्सग्ग' पद की व्याख्या करते हुए प० जी लिखत हैं कि—

'काउस्सग्ग—सामायिकदण्डकस्तव प्रयोगपूर्वक बृहत्सिद्धभक्ति कृत्वोपविश्य लघुसिद्धभक्ति करोतीति प्राकृतटीकाम्नाय ॥

परन्तु सस्कृत टीकाकार इस स्थान पर कुछ भी खुलासा नहीं करते हैं। इसी प्रकार गाथा न० ५६७, १३२५, १८१८ में भी स्पष्टरूप से प्राकृतटीका का उल्लेख किया गया है।

कुछ अन्य टीकाओं का उल्लेख

इसके सिवाय प० आशाधरजी ने अपनी टीका में 'अन्ये अपरे' इत्यादि बहुवचनों का प्रयोग देकर अन्य भी टीकाकारों का उल्लेख किया है जिनका स्पष्ट एव पुष्ट प्रमाण निम्न गाथाओं की व्याख्या से मिलता है। जैसे —

गाथा न १८१८ म 'एषा प्राकृतटीकाकारमतेन व्याख्या। अन्ये 'सयममेज्झाणीति पठित्वा अमेध्ययोग्यास्स्वयमशुचीनि सन्तीत्यर्थमाहु । अपरे पुन 'सलिलादाणित्यादि सूत्र सामान्येन व्याख्यायोत्तरसूत्रेण प्रकृत देहाशुचित्व अनुसदधते।

गाथा न० १९६७ में अन्ये तु 'वासे वासे' इति पठित्वा वर्षे वर्षे, इत्यर्थ व्याचक्रु । अपरे 'मासे मासे' इति पाठ मत्वा एव शब्द विकल्पार्थमीषु ।'

गाथा न० १९६८ में 'अन्ये 'एगता मालोगा' इति पठित्वा एकान्तपरे प्रायेणाद्दश्या

इत्यर्थं प्रतिपन्नाः।' × × × × 'अपरे तु 'दूरमोगाढ़ा' इत्यस्य निषद्यास्थानन्तमपेक्षया वहुधः प्रवेशेत्यर्थमाहुः।'

इस प्रकार एक ही गाथा में दो-दो प्रकार के अर्थ भेदों का उल्लेख भी रहस्य से रिक्त नहीं है। पता चलता है कि पं० आशाधरजी के सामने अवश्य ही अन्य कितनी ही टीकायें उपस्थित थीं। और वे टीकायें गद्यात्मक ही होनी चाहिये—ऐसा ऊपर दिये गये अवतरणों से स्पष्ट प्रकट है।

'एक टिप्पनक'

पं० जी ने अपनी टीका मे कई स्थलों पर 'टिप्पनक' का उल्लेख करते हुए अर्थभेद एवं पाठ-भेद को दिखाया है जैसे —

गाथा नं० ५६७ की व्याख्यामे—"टिप्पनके तु कृमिरागलयक्तरक्ताहाररंजिततन्तुनिष्पादित-कंवलस्येति" इत्यादि।

इसी प्रकार पं० जी अपनी व्याख्या मे अनेकों स्थलों पर गाथा-सम्बन्धी पाठभेदों का उल्लेख करते हैं, जिससे भी अन्य व्याख्याओं का पता चलता है।

गाथा नं० ५८९ की टीका मे तो पं० जी उक्त टिप्पनक का टिप्पणकार के नाम के साथ उल्लेख करते है यथा :—

'श्रीचन्द्रटिप्पनके त्वेवमुक्तं'।

संभव है पं० जी के सामने एकाधिक टिप्पण भी रहे हो।

'एक अन्य पद्यमयी टीका'

जिस प्रकार मूल गाथाओं का अनुसरण करते हुए श्रीअमितगति आचार्य ने श्लोकों द्वारा एक पद्यमयी टीका वनायी है, इसी प्रकार एक और भी पद्यमयी टीका का उल्लेख पं० आशाधरजी की टीका से मिलता है। उसे वे 'उक्तं च 'तथोक्तं' इत्यादि के रूप में ही उल्लेख करते है। इस प्रकार से उद्धृत किये गए श्लोकों की संख्या लगभग एक सौ से भी अधिक है और उन श्लोको को देखते हुए निःसंकोच यह कहने का साहस होता है कि वह मूलाराधना की ही संस्कृत छायोत्मक टोका है। इस पद्यमयी टीका मे अमितगति के श्लोकों से कुछ नवीनता एवं गाथार्थ के साथ अत्यधिक समीपता पायी जाती है। पाठकों की जानकारी के लिये कुछ पद्य उद्धृत करता हूं.—

[१]

मूल—छट्ठम-दसम-दुवालसेहिं भत्तेहि अदिविकट्ठेहिं।
मिदलहुगं आहारं, करेदि आयंबिलं वहुसो ॥ २५१ ॥

मूलाराधना।

पद्यटीका न० १—षष्ठाष्टमादिभिश्चित्रै-रुपवासैरतन्द्रित ।
गृह्णाति मितमाहार-माचाम्ल बहुश पुन ॥ २५१ ॥

अमितगति

पद्यटीका नं० २—षष्ठाष्टमादिभक्तैरतिशयवद्भिर्बली हि भुजान ।
मितलघुमाहारविधि विदधात्यम्लाशन बहुश ॥

कोई अज्ञातनामाचार्य

पद्यटीका नं०३—समोऽथ षष्ठाष्टमकैस्तपोधिकै
स्ततो विकृष्टैर्दशमै शमात्मक ।
तथा लघु द्वादशकैश्च सेवते,
मित मुदाचाम्लमनाविलो लघु ॥

कोई अज्ञातनामआचार्य

[२]

मूल—पडिचोदणा सहण वायपुभिस्पडिनयणाइधणाइहा ।
चडो हु कसायगी, सहसा सपज्जिलेज्जाहि ॥ २५४ ॥

मूलाराधना

पद्यटीका न०१—वाक्यासहिष्णुतावात्या प्रेरित कोपपावक ।
उदेति सहसा चडो भूरि प्रत्युत्तरोधन ॥ २८५ ॥

अमितगति

पद्यटीका न०२—प्रतिवचनेन्धनजनित प्रतिकूलाचरणपवनसचलित ।
चड कसायदहन सहसा सप्रज्वलेत् पाप ॥

अज्ञातनामाचार्य

[३]

मूल—रोगादकादीहिं य, सगणे परितावणादिपत्तेसु ।
गणिणो हवेज्ज दुक्ख, असमाधी वा सिणेहो वा ॥ ३९१ ॥

मूलाराधना

१—परीषहैर्घोरतमै स्वसघ निरीक्ष्यमाणस्य निपीड्यमान ।
गणे स्वकीये परमोऽसमाधि, प्रवर्तते सघपतेरयार्य ॥ ४०२ ॥

अमितगति

२—निजगणागतेषु रोगिषु, परिदेवनदुःखपरिगतेषु पुरः।
कारुण्यशोकमोहा, भवेयुरसमाधये सूरेः॥

कोई अज्ञात आचार्य

उक्त अवतरणों से पाठक महोदय भी मेरी बात से सहमत होंगे। इसी प्रकार गाथा नं०—
१०, २४, १७९, ४११, ५३१, ५६०, ५७०, ५८१, ७२०, ८८२, ९११, ९२३, ९३१, ९४०
९५९, ९७६, १०१९, १०८७, १०९६, १११५, ११२१, ११२३, ११८६, ११९२, १३२५, १३४६×,
१३६८, १४१२* १५६६, १६१५, १६६१, १७२८, १७८१, १८१२, १८१९, १८५९, १९९८
इत्यादि गाथाओं की टीका में भी पं० जी ने गाथार्थ-सूचक श्लोक दिये हैं, जो कि अमितगति के श्लोकों से भिन्न है जिनसे मेरी बात की पुष्टि बहुत अच्छी तरह से होती है।

उपसंहार

इस प्रकार यह बात निर्विवाद सिद्ध हो जाती है कि उक्त मुद्रित टीकाओं के अतिरिक्त और भी अनेक टीकाये है, जिनमे एक प्राकृतटीका, २ पद्यात्मटीका और ३ श्रीचन्द्र टिप्पणक इन तीन का उल्लेख पं० आशाधरजी की टीकामें हुआ है, हमारे स्वाध्याय-प्रेमी पाठकगण अपने यहां के सरस्वती-भाण्डारो मे इन टीकाओं की खोज करेंगे और मिलने पर पत्रो द्वारा जन-साधारण की जानकारी के लिये प्रकाशित करने की कृपा भी करेंगे। प्राकृत-टीका की अवश्य ही खोज होनी चाहिये, क्योंकि वह सब से प्राचीन प्रतीत होती है और उससे अनेक नवीन विषयों का परिचय प्राप्त होने की भी आशा है।

× इस गाथा की टीका करते हुए पहले तो पं० जी गाथा का—पाठभेद दिखाते है और पीछे से 'तथा च तद्ग्रन्थ' कह कर अज्ञात आचार्य का पद्य उद्धृत करते है, इससे स्पष्ट है कि एक पद्योत्मक स्वतन्त्र टीका और भी है।

*इस नवम्बरवाली गाथा की व्याख्या मे 'अन्ये पुनरेतद्गाथाद्वयं पृथक् संवध्नन्ति तत्पाठस्त्वयम् ×× तथा च तद्ग्रन्थः' आदि कह कर पद्य को उद्धृत करते है, इससे मेरी उक्त बात की पुष्टि होती है।

मुसलमान-राज्यकाल में जैनधर्म

(ले०—बाबू कामताप्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस०, 'साहित्यमनीषी')

भारत पर मुसलमानों के आक्रमण ईस्वी आठवीं शताब्दी से होने प्रारम्भ हुए थे[1], वैसे अरब के मुसलमानों का व्यापारिक सम्पर्क दक्षिण भारत के लोगों से बहुत पहले का था। महाराष्ट्र और कर्णाटक देश में जिस समय राठौर राजा राज्य कर रहे थे, उस समय मुसलमान व्यापारीगण मान्यखेट आदि प्रमुख नगरों में आकर बसे थे। सम्राट् अमोघवर्ष की उन्होंने बहुत प्रशंसा लिखी थी और उनकी गणना संसार के प्रमुख राजाओं में की थी[2]। सम्राट अमोघवर्ष जैन धर्मानुयायी थे और उनके सुखकर राज्य में इन विदेशी मुसलमानों को बहुत कुछ सुविधायें प्राप्त थीं, परन्तु इतने पर भी इन मुसलमानों की यह हिम्मत न होती थी कि हिन्दुओं के बीच में रह कर कोई ऐसी रीति-नीति का पालन करें जो उनको असह्य हो—वे लोग अपने मृतकों को अपने घरों में ही दफना देते थे[3]। किन्तु जमाना बदला—मुसलमान लोग हिन्दुस्तान को लूट कर यहां से मालामाल हो जाने की दुर्भावना को लेकर यहाँ आये। वे आये और लूट मार करके अपने देश को लौट गये—प्रारम्भ में उनको यह अवसर ही न मिला कि वह अपने पैर यहाँ जमाते। उनके इन आक्रमणों का आतङ्क हिन्दू जनता के दिलों पर बुरी तरह छा गया और वे मुसलमानों को अपना शत्रु समझने लगे। किन्तु बाद में जब मुसलमान शासकों ने भारत में अपना झंडा गाड़ दिया और उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि हम हिन्दुस्तान में रहेंगे और हिन्दुओं पर शासन करेंगे तो उनको अपनी नृशंसता को कम करनी पड़ी[4]। वह जान गये कि हिन्दुओं पर शासन करने के लिए हम हिन्दुओं का सहयोग प्राप्त करना चाहिए। यही कारण है कि हम उस बादशाह बाबर को जिसने लाखों हिन्दुओं को तोप से उड़वा दिया था और ग्वालियर आदि स्थानों में जाकर देवमूर्तियों और मन्दिरों को नष्ट भ्रष्ट किया था[4], अन्त में अपने पुत्र हुमायूँ को निम्नलिखित शब्दों में धार्मिक शिक्षा देते पाते हैं[5] —

"हे पुत्र, भारत का राज्य विविध धर्मों से भरा हुआ है। तेरे लिये यह आवश्यक है कि तू अपने हृदय से धार्मिक पक्षपात को मेट दे और प्रत्येक धर्म के अनुसार न्याय प्रदान कर।"

---

1 Oxford Student History of India p 97

2 Elliot History of India Vol I pp 2—13

3 Ibid., pp 16? 163

4 Ibid

5 Journal of the Mythic Society Vol XVIII p 116

बावर की यह सुनहरी शिक्षा मुसलमान बादशाहों के लिये मार्गदर्शक रही—उन्होंने हिन्दू शासकों से प्रेम-व्यवहार स्थापित किया—यहाँ तक कि उन्होंने राजपूत कन्याओं से व्याह भी किये ! बादशाहों की इस नीति से हिन्दुओं को किञ्चित् सान्त्वना मिली। वह अपने दैनिक जीवन के कार्यों को करने मे लग गये। जैनियों को भी संतोष हुआ—उन्हे यह अवसर मिला कि वे अपने धर्मप्रभावना-सम्बन्धी कार्यों को करते। सारांशतः मुसलमान शासकगण जैनियों के सर्वथा विरोधी नहीं रहे, बल्कि उन्होंने उनके साथ मैत्री का व्यवहार भी किया ![1]

पहले-पहले मुसलमानों ने सिन्धुदेश पर आक्रमण किया था और उस समय वहां पर उन्हे जो लोग प्रधान रूप मे मिले थे, उनको उन्होंने 'समन' (श्रमण) लिखा है[2]। सिन्धु देश का शासक भी उस समय 'समनियों' का उपासक था। वह अहिंसाव्रत का पालन कट्टरता से करता था और समनों के ज्योतिषवाद का कायल था।[3] निस्सन्देह 'समन' शब्द 'श्रमण' का प्राकृत-रूप है, जिसका प्रयोग जैन और बौद्ध साधुओं के लिये समान रूप से होता आया है। मुख्यतः वह जैन साधुओं के लिये रूढ़ था[4]। उस पर सिन्धु देश में जैनियो का अस्तित्व भगवान् महावीर के समय से लेकर ईस्वी बारहवी शताब्दी तक मिलता है[5]—मुसलमानों के आक्रमणो के कारण ही वे गुजरात और कच्छ की ओर चले आये। उस पर, जैनी अपनी अहिंसा और ज्योतिष-विद्या के लिये हमेशः प्रसिद्ध रहे हैं। मुसलमान लेखकों ने तत्कालीन सिन्धुनिवासियों के लिये लिखा है कि 'वे जीवों की हिंसा नहीं करते और न मांस, मछली व अण्डे खाते हैं।[6] उनका यह वक्तव्य जैनियों ही से लागू होता है, क्योंकि ब्राह्मण और बौद्ध लोग इन चीजों के परहेजगार नहीं मिलते।[7] अतः मुसलमानों को सिन्धुदेश मे जो भारतवासी मिले वह सम्भवतः जैन-धर्मानुयायी थे।

'गौड़ीच-पार्श्वनाथ' के विषय मे जो जनश्रुति प्रचलित है, उससे भी यह बात स्पष्ट होती है कि बारहवीं शताब्दी के पहले से सिन्धु देश मे जैनियों का अस्तित्व था; किन्तु अन्तिम समय में वह हतप्रभ हो रहे थे। वहां का एक वणिक् संभवतः गौड़ीच जाति का

---

१ प्रो० हेल्मुथ फॉन ग्लासेनाप्प का भी यही मत है। "Der Jainismus," p. 65.

2 Elliot, History of India, Vol. 1, pp. 147—158.

3 Ibid, pp. 158—161.

4 "But the Jainas used the term "Sramana" prior to the Buddhists." etc—Buddhist India p. 143

५ सिंधुसौवीर में उदायन राजा था। श्रीजिनविजयजी-द्वारा सम्पादित "विज्ञप्तित्रिवेणी" की भूमिका देखो (भावनगर-संस्करण)

6 Elliot, Loc. cit., p 97.

७ 'भगवान महावीर की अहिंसा' (हिन्दी) देखो।

गौड़ीदास नामक गुजरात में श्रीहेमचन्द्राचार्य जी के पास गया था और उनसे पार्श्वनाथ भगवान् की एक प्रतिमा प्रतिष्ठित करा कर लाया था। मार्ग में वह मारा गया परन्तु उसका मित्र एक सोड़ा राजपूत था, जिसने वह मूर्ति और उसका सब सामान उसके पुत्रों के पास बह्लीपट्टम् में पहुचा दिया। वहाँ से वह सोडा-राजपूत अपने घर परिनगर (Pannuggur) गया, जो पारकर जिले का एक प्रसिद्ध नगर था और जहा धनिक श्रावक रहते थे, जिनके वहाँ बड़े-बड़े मन्दिर थे। वहाँ सोडा राजपूत-वश का ही राजा राज्य करता था। इस घटना के कुछ समय पश्चात् बह्लीपट्टम् रेत से दब कर नष्ट हो गया और पार्श्वनाथ जी की वह प्रतिमा भी वहाँ दबी रह गई। उपरान्त तीस वर्ष बीतने पर परिनगर में दो श्रावक भाई नगरसेठ के रूप में मिलते हैं। उनके नाम कजुल और निजुन थे। उन्हें स्वप्न द्वारा गौड़ीच पार्श्वनाथ के जमीदोज होने के समाचार मिले—वह वहाँ गये, किन्तु उस स्थान पर एक मुसलमान घर बना कर रह रहा था। सेठ ने ४५ हजार रुपये देकर उसे सन्तुष्ट किया और प्रतिमा जी को निकलवा कर वह परिनगर लाये। राजा के सहयोग से उन्होंने वहा एक मन्दिर बनवाया और उस में वह प्रतिमा विराजमान की, जो गौड़ीपार्श्वनाथ के नाम से प्रसिद्ध हो गई। उसके सरक्षक वहा के सोडा राजपूत शासक रहे। पारकर के निम्नलिखित राजाओं ने इस मूर्ति को अपनी रक्षा में रक्खा था —

(१) राजा जसराय सोडा, (२) राजा देवधीर सोडा, (३) राजा गुनपाल सोडा (४) राजा धनपाल सोडा (५) राजा परभूत सोडा (६) राजा जीतसिर सोडा। जीतसिर के पुत्र मोरजी थे, जिनके पास से इस मूर्ति को उरावोव (Wurawow) के शासक पुजाजी का नाती मुल्लाजी चुरा ले गया था। सन १८०९ ई० में यह मूर्ति उसके अधिकार में थी। जब सिन्धु में ब्रिटिश राज्य स्थापित हो गया तो यह मूर्ति राधनपुर के पास ले आई गई। जैनयात्रियों का सघ हजारों रुपये राजपूतों में बाट कर उनको संतोषित करता था तब कहा इस प्रतिमा के उन्हें दर्शन हो पाते थे। सन् १८१० ई० में सूरत से दयाल भाई सेठ एक सघ लाये थे, जिस में करीब सत्तर हजार स्त्री पुरुष सम्मिलित थे। इसके पहले सघ पारकर (सिंध) को जाया करते थे। गौड़ीच पार्श्वनाथ के इस वर्णन से सिंधु देश में जैन धर्म का प्रचलित होना स्पष्ट है। सिन्धु में गौरीच नामक एक जाति का अस्तित्व मिलता है। सभव है कि गौरीच पार्श्वनाथ का सम्बन्ध इस जाति के लोगों से हो।[1]

सच तो यह है कि मुसलमानों का मात्र सम्पर्क ही पहले जैनों से नहीं हुआ, बल्कि सुलमान जैसे मुसलमानों को दिगम्बर साधु अधिक सख्या में मिले, जिन्होंने उनका ध्यान

1 Transactions of the Literary Society of Bombay XIII p 183 ff

अपनी ओर आकृष्ट किया।[1] इन दिगम्बर जैन साधुओं की तपस्या और ज्ञान की प्रशंसा मुसलमान शासकोने भी सुनी और वह उनकी ओर आकर्पित हुये। कहा जाता है कि सुलतान मुहम्मद गौरी ने अपनी बेगम के आग्रह करने पर एक दिगम्बर जैन साधु को अपने दरबार मे बुला कर सम्मानित किया था।[2]

उपरान्त खिलजी तुगलक और लोदी बादशाहों के ज़माने मे भी जैन-धर्मका प्रभाव उल्लेखनीय रूप मे था—यहाँ तक कि खिलजी बादशाह अलाउद्दीन मुहम्मद शाह का ध्यान उसकी ओर गया था। इस मे शक नहीं कि अलाउद्दीन एक क्रूर शासक था; परन्तु उस मे एक और गुण था और वह गुण यह था कि वह प्रजा का हित साधना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसे इस्लाम-मजहब की भी ज्यादा परवा नहीं थी। वह एक न्याय-शील और कठोर शासक था। शायद यही वजह थी कि उसकी प्रजा बहुत ज्यादा राज-भक्त थी। उसके राज्य-काल मे दैनिक जीवन के लिये आवश्यक वस्तुयें जैसे अन्न, वस्त्रादि बहुत सस्ती थी। बाज़ार मे व्यापारियों का व्यवहार ईमानदारी को लिये हुये था। लोगो को यात्रा करते हुये मार्ग में लुटेरों का ज्यादा भय नही रहा था। यद्यपि सुलतान की ओर से विशेष प्रोत्साहन नहीं मिला था, फिर भी विद्वानों आदि महापुरुषों की कमी नहीं रहती थी।[3] कहा जाता है कि राघो और चेतन नामक दो ब्राह्मणों का प्रभाव सुलतान अलाउद्दीन पर बहुत ज्यादा था।[4] उन्होने ही अलाउद्दीन को दिगम्बर जैनियों के विरुद्ध बरगलाया था। सुलतान ने जैनियो से कहा कि अपने गुरु को राजदरबार मे उपस्थित करें। उस समय उत्तर भारत मे कोई भी समर्थ दिगम्बर जैनाचार्य न था। हठात् दिगम्बर जैनी कर्णाटक देश की ओर गये और वहाँ श्रीमहासेन आचार्य से उन्होंने दिल्ली चल कर राज दरबार मे जैन धर्म का प्रभाव स्थापित करने की प्रार्थना की। वह आचार्य दक्षिण से आये और अलाउद्दीन के समक्ष उन्होने जैन पताका सिक्का स्थापित किया। सुलतान उनकी विद्वत्ता और तपस्या के कायल हो गये।[5] मालूम यह होता है कि अलाउद्दीन का समागम इन मुनिराज

---

1 Elliot, loc cit p. 6

2 Indian Antiquary, Vol. XXI p. 361

3 Elliot, loc cited, pt III (Tarikh-i-Firozshahi), pp. 205-206.

४—५ जैन सिद्धान्त भास्कर भा० १, कि० ३, पृ० १०६, श्वेताम्बरग्रंथ 'तीर्थकल्प' में अलाउद्दीन के एक मन्त्री का नाम माधव विप्र लिखा है, जिसकी प्रेरणा से उन्होंने गुजरात पर आक्रमण किया था। ('अल्लावदीन सुरताणस्स कणिट्ठो भाया उलूखान नामधिज्जो ढिल्लीपुराओ मंतिमाहव पेरिओ गुज्जरधरं पट्ठिओ") "विचारश्रेणी" में भी यह लिखा हैं। (१३६० यवना माधवनागर-विप्रेण आनीता) शायद माधो का ही उल्लेख राघो नाम से होता था।

से उनके मित्र सेठ पूर्णचन्द्र द्वारा हुआ था। दिल्ली के अग्रवाल जैनियों में उस समय पूर्णचन्द्र जी एक विशेष सम्माननीय और प्रतिष्ठित महानुभाव थे। सुल्तान उनका सम्मान करता था। वह उन पर इतना सदय हुआ था कि पूर्णचन्द्र जी दिल्ली से श्रीगिरिनार जी की यात्रा क लिये एक संघ ले जाने में समर्थ हुए थे। जिस समय यह संघ तीर्थों की यात्रा करता हुआ गिरिनार पहुंचा था, उस समय पेथडशाह के नेतृत्व में श्वेताम्बरों का भी एक संघ वहाँ आया था। दोनों संघों में गिरि की वन्दना आगे पीछे करने के प्रश्न पर बहस छिड़ गई थी, परन्तु वृद्ध लोगों ने समझौता कराके दोनों संघो के साथ साथ वन्दना करने का अवसर उपस्थित किया था[1]। अलाउद्दीन ने श्वेताम्बर जैनाचार्य रामचन्द्र सूरि का सम्मान किया था।[2] सन् १२०७—१२०८ ई० में अलाउद्दीन ने समग्र गुजरात देश को अपने अधीन कर लिया था। संभवतः यही मुहम्मदशाह थे, जिनका समागम अलकेश्वरपुर भड़ौच के दिगम्बर जैन साधु श्रुतवीर स्वामी से हुआ था[3]। अलाउद्दीन के इस आक्रमण में उनका भाई उलूगखान मुख्य था। दिल्ली लौटने पर अलाउद्दीन ने अलपखाँ को गुजरात का शासक बनाकर भेजा था। उस समय पाटन में ओसवाल जैनी समरसिंह एक उल्लेखनीय महानुभाव थे। अलपखाँ उनका बहुत आदर—सत्कार करता था। उन्होंने शत्रुंजय तीर्थ का जीर्णोद्धार कराया था और एक यात्रा-संघ भी उन्होंने निकाला था। यात्रा संघ की रक्षा के लिये समरसिंह की प्रार्थना करने पर अलपखाँ ने दश मीर (जमादार) साथ कर दिये थे। इस प्रकार खिलजी राज्यकाल में जैनधर्म का प्रभाव विस्तृत रहा था।

उपरान्त तुगलक बादशाहों के शासन काल में भी हमें जैनधर्म का उल्लेखनीय अस्तित्व मिलता है। निस्सन्देह अन्य मतावलम्बियों के समक्ष उस समय जैनियों की संख्या अल्प थी, परन्तु वे अपने धन, अपने सदाचार और अपने ज्ञान के लिये प्रसिद्ध थे। तुगलक बादशाहों का भी ध्यान उनकी ओर आकर्षित हुआ था। गयासुद्दीन तुगलक के मन्त्री होने का गौरव प्राग्वाट कुल के दो जैनी भाइयों—सूर और वीर को प्राप्त था।[4] साथ ही मैसूर राज्य के हुबुच नामक स्थान से उपलब्ध पद्मावतीबस्ती-शिलालेख में स्पष्ट है कि सुलतान महमूद अथवा मुहम्मद ने कर्णाटक-देशवासी दिगम्बर जैनाचार्य सिंहकीर्ति का सम्मान किया था। प्रो० मालेलोरे ने इस बादशाह को मुहम्मद तुगलक बतलाया है जो सन् १३२५ में राजसिंहासनारूढ होकर सन् १३५१ तक शासन करते रहे थे। मुसलमान

१ जैनहितैषी, भा० १५ पृष्ठ १३२
2 Der Jainismus p 66
३ जैन सिद्धान्त भास्कर भा० ३, कि० २ १, पृ० ३५
४ पुरातत्त्व (अहमदाबाद) पुस्तक ४, अङ्क १ ४, पृष्ठ २७७–२७१
५ सोमचरित्रगणिकृत 'गुरुगण रत्नाकर'—कर्णाटक हिस्टॉरीकल रिव्यू, भा० ४, पृ० ८१ फुटनोट

बादशाहों मे यह बादशाह बहुत ही विद्वान् और राजकुशल था। इस्लाम के अतिरिक्त अरस्तू के सिद्धान्तों का वह विशेष ज्ञाता था। उसे तत्त्ववेत्ताओ और वादिओं से तर्क-वितर्क करने में आनन्द आता था। सामान्यवादी तो उससे वाद करने-का नाम सुनते ही कन्नी काटते थे। हिन्दुओं की धार्मिक मान्यताओं का भी वह आदर करता था। बङ्गाल-प्रान्त भी उसके राज्यका अङ्ग था। इसी सुलतान ने आचार्य सिंहकीर्ति को अपने राजदरबार मे निमन्त्रित किया था और उनका तात्त्विक विवेचन सुनकर वह बहुत ही प्रभावित हुआ था।[1]

दूसरे तुग़लक बादशाह फीरोजशाह थे, जिन्होंने अपने पूर्वज मुहम्मद तुग़लक का अनुसरण किया था। फीरोजशाह भी अपने ज्ञान और दान के लिये प्रसिद्ध था। इतिहास से पता चलता है कि फीरोजशाह ने ३६ लाख टंक (Tankas) विद्वानों और धार्मिक-पुरुषों और लगभग १०० लाख गरीबों और दुःखिओं को बांटने के लिये नियुक्त कर रक्खे थे![2] इस उदारमना सुलतान ने भी अपने दरबार और महल मे एक दिगम्बर जैन आचार्य को आमंत्रित किया था। फीरोज़शाह की बेगम को दर्शन और उपदेश देकर जब दिगम्बराचार्य लौटे तो उन्होंने वस्त्र उतार कर एक ओर रख दिया और अपने असत्कर्म के लिये प्रायश्चित्त किया। परन्तु इतने पर भी वस्त्रधारी भट्टारकों का सद्‌भाव हो ही गया।[3] फीरोज़शाह ने इन आचार्य का खूब ही सम्मान किया था। इन्हीं सुलतान ने बहुत से ब्राह्मणों और सेवड़ा (जैनो) लोगों को अशोक की लाट वाला शिलालेख पढ़ने को बुलाया था।[4] कहते है कि श्वेताम्बराचार्य श्रीरत्नशेखर का भी सम्मान फीरोजशाह ने किया था।[5] सारांशतः तुग़लक-शासन-काल मे जैन धर्म का गौरवशाली अस्तित्व रहा था।

सन् १५२६ ई० से सन् १७६१ ई० के मध्यवर्ती काल में सूर और मुग़ल राजवंशों के बादशाहों ने भारत पर शासन किया था। सौभाग्य से इन बादशाहों मे से कई जैनियों पर सदय हुये थे। सूर खान्दान के बादशाहों मे सिकन्दर सुलतान उल्लेखनीय हैं। वह दिल्ली के राजसिंहासन पर सन् १५५४ ई० मे बैठे थे। उन्होंने भी दिगम्बर जैनाचार्य के दर्शन करने की अभिलाषा प्रकट की थी। परिणाम-स्वरूप कर्णाटक देश से

१ कर्णाटक-हिस्टा०-रिव्यू, भा० ४ पृ० ८५

2 Elliot, loc. cited, pt. III, p. 317.

३ भट्टारकमीमांसा (सूरत) पृ० २

4 Elliot, loc. cited, p. 352.

5 Glassenapp, Der Jainismus, p. 66.

दिगम्बर जैन गुरु विशालकीर्ति दिल्ली पधारे थे। उन्होंने राजदरबार में जाकर सुलतान को धर्मोपदेश दिया था और उनसे सम्मान प्राप्त किया था।[1]

मुसलमान बादशाहों की इस उदारता का ही शायद यह परिणाम था कि उस जमाने में भी दिगम्बर जैन साधुओं का अस्तित्व और विहार सारे भारत में होता था। मार्को पोलो ट्रावरनियर, बरनियर, मलिक जायसी इत्यादि पर्यटकों और लेखकों ने इन दिगम्बर मुनियों का उल्लेख अपनी अपनी रचनाओं में किया है।[2]

मुसलमान शासन-काल में मुगल बादशाहों का शासन अपनी व्यवस्था और उदारता के लिये प्रसिद्ध रहा है। उनके राजत्वकाल में जैनियों को भी धर्म साधन आदि क्रियाओं में विशेष स्वाधीनता प्राप्त थी। उस समय दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही जैनसम्प्रदायों का अस्तित्व था। दिगम्बर जैनों का भी उल्लेख अबुलफजल ने 'आईन-इ-अकबरी' में किया था।[3] जैन दर्शन का पूर्ण विवेचन अबुलफजल के इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ में उल्लेखनीय है।[4] इस ग्रन्थ में लङ्कादेश के राजाओं की वंशावली का निरूपण जैन विद्वानों के सहयोग से ही किया गया था।[5] सम्राट् अकबर के समय में उत्तर भारत में दिगम्बर जैनों के केन्द्र स्थान दिल्ली, मथुरा, आगरा, सहजादपुर, वैराट इत्यादि नगर थे। वैराट में उस समय दिगम्बर जैन संघ विद्यमान था। महाकवि राजमल उस समय वैराट में जैनधर्म के एक महान् स्तम्भ थे। भटानियाकोल (अलीगढ) निवासी साहु टोडर इन महाकवि के आश्रय-दाता थे और वह सम्राट् अकबर की शाही टकसाल में अध्यक्ष पद पर नियुक्त थे। कवि राजमल्ल ने सम्राट् अकबर की खूब प्रशंसा लिखी है। उन्होंने लिखा है कि सम्राट् ने 'जजिया' कर उठा दिया था और मादक वस्तुओं का बेंचना भी बन्द कर दिया था।[6] अन्य स्रोत से यह भी प्रकट है कि सम्राट् अकबर ने प्रत्येक धर्मावलम्बी को अपने धर्म का प्रचार करने एवं अपने अपने धर्मोत्सव मनाने की स्वाधीनता प्रदान की थी—यही नहीं, अन्य धर्मावलम्बी मुसलमानों को अपने मत में दीक्षित कर सकते थे, जैसे कि तब तक मुसलमान अन्यों को इस्लाम में दीक्षित करते आये थे।[7] इसके अतिरिक्त सम्राट् ने विवाह करने की भी

१ कर्णाटक दिग्म्बरीय रिव्यू, भा० ४, पृष्ठ ७८ ८१

२ दिगम्बरत्व और दिगम्बर मुनि, पृष्ठ २१६—२१०

३ आईन इ अकबरी (लखनऊ) भा० ३, पृ० ८७

४ कर्नल जैरेट कृत आइन इ अकबरी का अंग्रेजी अनुवाद भा० २, पृ० १८८ इत्यादि

५ एशियाटिक-रिसर्चेज, भा० ६, पृ० २०८

६ जम्बूस्वामी चरित्र (मा० ग्र०) पृष्ठ ६-10

7 Indian Culture Vol IV, No 3 p 304

उदारता आज्ञा दे रक्खी। केवल मुसलमान ही हिन्दू लड़कियों को व्याहें यह बात नही थी, बल्कि हिन्दू भी मुसलमान कन्याओं को ले सकते थे। परन्तु किसी मुसलमान का विवाह एक हिन्दू कन्या से तभी हो सकता था जब कि वह मुसलमान होना स्वीकार करे। बलात् धर्म-परिवर्तन का निषेध सम्राट् ने किया था। बदायूनी ने ऐसा ही एक उल्लेख किया है कि मूसानामक एक मुसलमान किसी हिन्दू कन्या से विवाह करना चाहता था। राजनियम के भय से वह उस लड़की को साथ लेकर अन्यत्र चला गया और उसका पता उसके माता-पिता को नही होने दिया, क्योंकि यदि उनको पता लग जाता तो वह अदालत की शरण लेकर उस कन्या को वापस ले सकते थे[1]। सम्राट् की इस उदार नीति का फायदा हिन्दुओ, जैनियो और ईसाइयों आदि ने उठाया था। प्रत्येक सम्प्रदाय अपना मंदिर-मस्जिद-गिरजा बनवा सकती थी। जैनियों ने भी अपने कई तीर्थों और मन्दिरों का जीर्णोद्धार इस समय कराया था। जिन साहु टोडर का उल्लेख हमने ऊपर किया है, स्वयं उन्होंने एक विशाल जैन-संघ निकाला था, जो मथुरातीर्थ की वंदना करने गया था। मथुरा मे उन्हों ने जो पांच सौ प्राचीन जैनस्तूप जीर्ण-शीर्ण पडे हुये थे, उनका उद्धार कराया था और खूब धर्मोत्सव मनाया था।[2]

अकबर के राजदरबार मे बीकानेर-निवासी ओसवाल जैनियों का आदर सत्कार होता था।[3] अकबर ने श्वेताम्बर जैनाचार्य श्रीहीरविजय सूरि और उनके शिष्यो का सम्मान किया था। वे साधुजन एकान्त मे सम्राट् को जैन धर्म की शिक्षा दिया करते थे, जिस का प्रभाव सम्राट् के दैनिक जीवन पर भी पड़ा था। यदि ईसाई पादरी (Jesuit Missionary) पिनहेरो (Pinheiro) के लेख को विश्वसनीय माना जाय तो कहा जा सकता है कि सम्राट् अकबर जैन नियमो पर अमल करने लगे थे। जैनियों और जैन गुरुओ के प्रति वह निस्सन्देह सदय हुये थे। श्रीहीरविजय सूरि, विजयसेन, जिनचन्द्र और भानुचन्द्र जैसे साधुपुरुष उनकी विनय के पात्र थे।[4] भानुचन्द्र जी ने सम्राट् अकबर के लिये 'सूर्यसहस्रनाम' की रचना की थी, इसीलिये वह "पातशाह अकबर जलालुद्दीन श्रीसूर्यसहस्रनामाध्यापक" कहलाते थे। अबुलफज़ल ने इन साधु पुरुषों की गणना अकबर के दरबार के उल्लेखनीय विद्वानों मे की है। भानुचन्द्र जी फारसी के भी उत्कट विद्वान् थे। वह अकबर को अच्छे अच्छे ग्रन्थ सुनाया करते थे। अकबर उनके अपूर्व बुद्धि-प्रभाव से प्रसन्न हुये थे और उन्हे 'खुशफहम' की उपाधि प्रदान की थी। जैनियों के अहिंसा-सिद्धान्त का प्रभाव अकबर के

1 Indian Historical Quarterly, Vol. XIII, pp 455-456.

२ जम्बूस्वामी-चरित्र (मा० चं० ग्रं०)

३-४ सूरीश्वर और सम्राट्नामक ग्रंथ देखो

हृदय पर विशेष था, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने जीवदया सम्बन्धी आज्ञायें निकाली थीं। जैन तीर्थों पर हिंसा न किये जाने के लिये भी उन्होंने खास तौर पर फरमान निकाले थे।[१] साराशतः अकबर के शासन-काल में अन्य मतो के साथ जैन मत का भी उत्कर्ष हुआ था।

सम्राट् जहाँगीर ने भी अपने पिता के समान ही शासन की रीति नीति रक्खी थी। तो भी धार्मिक उदारता जो सम्राट् अकबर के समय में थी, यद्यपि जहागीर के समय में भी उसका ध्यान रक्खा गया था, परन्तु उस में कुछ कमी अवश्य आ गई थी। जहाँगीर को इस्लाम का पक्ष अकबर से विशेष था। अकबर ने इस्लाम के पक्ष को आगे रख कर शासन नहीं किया था, जहाँगीर ने इस्लाम का पक्ष ग्रहण किया था। एक दफा जब रजौरीनामक स्थान के हिन्दुओं ने कितनी मुसलमान कन्याओं को हिन्दू बना कर व्याहा था, तो जहाँगीर ने मालूम होने पर यह आज्ञा निकाली थी कि भविष्य में कोई भी हिन्दू ऐसा नहीं कर सकेगा और यदि कोई व्यक्ति ऐसा साहस करेगा तो वह दण्डित किया जायगा। इसके विपरीत इस्लाम में दीक्षित हुये लोगों को जहाँगीर ने दैनिक वेतन देना नियत किया था। अन्य प्रान्तों पर आक्रमण करने के समय जहाँगीर ने हिन्दू मन्दिरों को भी नष्ट किया था, परन्तु वैसे उसने अपने राज्य में हिन्दुओं को अपने मंदिरादि बनाने और धर्मोत्सव मनाने की आज्ञा दे रक्खी थी। अकेले बनारस में ही सत्तर से ज्यादा हिन्दू मन्दिर उसके राज्य के अन्तिम समय में बने थे। हिन्दुओं को अपने तीर्थों की यात्रा करने की भी स्वाधीनता जहाँगीर ने अकबर के समान ही प्रदान की थी। हॉकिन्स-नामक एक यूरोपियन को उसने अपना सेवक यह शर्त पर स्वीकार करके बनाया था कि जहाँगीर उसका व्याह एक मुसलमान-रमणी से करने देगा और उसे ईसाई होने से नहीं रोकेगा। साराशतः जहाँगीर कट्टर मुसलमान शासक नहीं था—उसने अन्यमतावलम्बी प्रजा के साथ उदारता का बर्ताव किया था।[२] जैनियों के भी प्रति जहाँगीर का व्यवहार समुदार था। उल्लिखित जैन साधुओं का उसने सम्मान किया था। जिनचन्द्र जी के शिष्य जिनसिंह जी पर वह विशेष सदय हुये थे और उन्हें 'युग प्रधान' की पदवी से अलंकृत किया था।[३] हाँ, बीकानेर के यति मानसिंह से जहाँगीर रुष्ट हो गये थे। मानसिंह ने खुसरु का पक्ष लिया था, जब उसने खूनी बगावत की थी। मानसिंह जी के परामर्श से ही रायसिंह जहाँगीर का विरोधी हो गया था और दिल्ली छोड़कर बीकानेर चला गया था। यद्यपि जहाँगीर ने रायसिंह का अपराध क्षमा कर दिया था, परन्तु उसने मानसिंह की सम्प्रदाय के जैनियों को अपने राज्य से निका

१ पुरातत्त्व पुस्तक १, अंक ४, पृष्ठ २४२ २४३

२ इण्डियन कलचर, भा० ४, नं० ३, पृ० ३०६ ३०८

३ सूरीश्वर और सम्राट् पृ० ७५ ३६०

सित कर दिया था ।[1] गुजरात-प्रान्त में बहुत से धनवान् जैनी रहते थे। उस समय शाहजहाँ वहाँ का प्रान्तीय शासक था। जैनियों ने राजकोष में अपार सम्पत्ति देकर जीव-हिंसा के निषेधक कितने ही शाही फरमान निकलवाये थे ।[2] गर्ज़ यह कि जहाँगीर के शासन-काल में भी जैनधर्म का अस्तित्व महत्त्वशाली था। इन बादशाहों की समुदार राजनीति ने ही तत्कालीन कवियों की बुद्धि को भी परिष्कृत और पारस्परिक ऐक्य-वर्द्धक बना दी थी। उस समय के प्रसिद्ध जैन कवि बनारसीदास जी ने तत्कालीन वातावरण को लक्ष्य करके ही संभवतः निम्नाङ्कित पद्य मे यह उद्गार प्रकट किया था :—

" एक रूप हिन्दू तुरक, दूजी दशा न कोय।
मन की द्विविधा मान कर, भये एक सों दोय ॥ "

कहते है कि कवि बनारसीदास जी सम्राट् शाहजहाँ के कृपापात्रों में से थे। वह शतरंज अच्छी खेला करते थे। सम्राट् को भी शतरंज खेलने का शौक था। वह कवि जी को बुलालिया करते थे और उनके साथ शतरंज खेला करते थे ।[3] गुजरात के शासक-पद पर उस समय शाहजहाँ का पुत्र मुराद नियुक्त था। वह अहमदाबाद के प्रसिद्ध जैन जौहरी शान्तिदास पर विशेष सदय हुआ था ।[4]

बादशाह औरङ्गज़ेब यद्यपि अपनी साम्प्रदायिक कट्टरता के लिये प्रसिद्ध हैं; परन्तु उन्होने भी जैनियों के प्रति उदारता का परिचय दिया था। उल्लिखित अहमदाबाद के जैन जौहरी शांतिदास को उन्होंने अपना दरबारी नियत किया था। दिगम्बर जैनाचार्यों की तपस्या और ज्ञान की प्रसिद्धि उन्होंने सुनी थी—एक प्राचीन कन्नड भाषा की विरुदावली से प्रकट है कि उन्हो ने एक दिगम्बर जैनाचार्य का आदर-सत्कार किया था ।[5] कवि विनोदी लाल-जी उन्हीं के समय मे हुये थे—उन्होंने एक स्थल पर सम्राट् औरङ्गजेब के विषय में लिखा था :—

---

१ इण्डियन-कलचर, भा० ४, नं० ३, पृ० ३११-३१२, प्रो० श्रीरामशर्मा प्रकट करते हैं कि जहांगीर ने अपने राज्य से सारे जैनियों को निर्वासित किया था; किन्तु प्रो० बेनी प्रसाद उन्हीं जैनियों का निर्वासित होना बतलाते हैं जो मानसिंह के अनुयायी थे। यह कथन ठीक जंचता हैं; क्योंकि जहाँगीर के शासनकाल की मूर्तियां और पोथियां उत्तरभारत में मिलती हैं—यदि सब ही जैनी निर्वासित किये गये होते तो यह नहीं मिल सकती थीं।

2 Indian Culture, Vol IV, No III p 317.

३ जैन कवियों का इतिहास, पृ० ३९-४०

4 Der Jainismus, p 67

5 Studies in South Indian Jainism, pt. II, p. 132.

" औरङ्गशाह बली को राज, पायो कविजन परम समाज।
चक्रवति-सम जग में भयो, फेरत आँनि उदधि लौं गयो॥
जाके राज्य परम सुख पाय, करी कथा हम निज गुन गाय!"

इस उल्लेख से स्पष्ट है कि औरङ्गजेब के शासन काल में हिंदुओं को बहुत कुछ स्वतन्त्रता प्राप्त थी।

उधर दक्षिण भारत में भी मुसलमानी शासन-सत्ता के समय में जैनियों को अपने धर्म कर्म करने का सुअवसर प्राप्त था। हैदर अली जैसा नृशंस शासक भी उन पर सदय हुआ था। उसने जैन मंदिरों के लिये जैन गाँवों की भेंटों को अक्षुण्ण रक्खा था, यद्यपि श्रवणबेल्गोल आदि स्थानों पर धर्मोत्सव का मनाया जाना उसने बन्द कर दिया था।[1] बिजापुर के एक मुसलमान बादशाह के विषय में कहा जाता है कि उनकी मित्रता गेरुसोप्पे की जैनी रानी भैरव देवी से थी और उन्होंने उनकी सहायता की थी।[2]

यद्यपि मुस्लिम-राजत्व-काल में अनेकानेक जिनमन्दिर और जिनमूर्तियाँ नष्ट की गई थीं परन्तु इसी कालके अन्तर्गत अगणित रूप में उनका निर्माण और प्रतिष्ठा भी हुई थी। स० १५३३ से १५४८ विक्रम के मध्यवर्ती काल में मुडासा नगर के निवासी सेठ जीवराज जी पापडीवाल ने सहस्रावधि जिनबिम्ब प्रतिष्ठित कराकर भारतवर्ष के प्रत्येक जिन मंदिर में पहुँचा दी थी।[3]

इस प्रकार संक्षेप में मुसलमान बादशाहों के शासन-काल में जैनधर्म के गौरवशाली अस्तित्व का परिचय है। इस दिशा में यदि अधिक अन्वेषण किया जाय, तो इस विषय पर और भी प्रकाश पड़ने की संभावना है। इसलिए भारत के शास्त्र भाण्डारों का अन्वेषण विशेष उपयोगी सिद्ध होगा। क्या जैन विद्वान् इस ओर ध्यान देंगे?

1 Ibid

2 Buchanan Travels in the Distts of Kanara & Malabar

३ जैन प्रतिमा यन्त्र-लेख संग्रह देखो

मुस्लिम-कालीन भारत

[लेखक—श्रीयुत बाबू अयोध्या प्रसाद गोयलीय]

द्वितीय प्रकरण

खिलजी वंश

(ई० सन् १२९० से १२३० ई० तक)

खिलजी वंश के बादशाह खिलज के रहने वाले अफगान थे. परन्तु यह तुर्किस्तान से आये थे और भाषा भी तुर्की बोलते थे। इस वंश का संस्थापक शाइस्ताखाँ गुलामवंशीय कैकुबाद का वध कर के ७० वर्ष की अवस्था मे जलालुद्दीन के नाम से दिल्ली के राज्यासन पर बैठा। यह कुछ नम्र स्वभाव का था। शासकोचित कूट नीति से अनभिज्ञ था। अपने भतीजे और दामाद अलाउद्दीन का बड़ा विश्वास करता था। अन्त मे उसी ने इसे धोखे से मार डाला और इसके सिर को भाले पर टाँग कर सारी फौज मे घुमाया। फिर इसके दोनों बच्चों की आँखें निकाल कर कैद मे सड़ा कर और बेगम को भी निर्दयतापूर्वक समाप्त करके वह स्वयं बादशाह बना।

जलालुद्दीन फीरोज-शाह (१२९०-९५)

अलाउद्दीन ने १२९५ से १३१६ ई० तक राज्य किया। यह बड़ा निर्दय और कठोर था, किन्तु अबतक होनेवाले बादशाहों में यह सब से अधिक शक्तिशाली था। यह अपना एकच्छत्र शासन स्थापित करना चाहता था, उसकी इच्छा थी कि, साम्राज्य मे सम्राट् के अतिरिक्त कोई भी दूसरी सत्ता न रहे। अबतक के बादशाह शासन-विभाग राजनैतिक-क्षेत्र और दण्डविधान आदि प्रत्येक कार्य मुसलमानी धर्मग्रन्थो के अनुसार करते थे। किसी भी कार्य को करने से पूर्व उन्हे धर्मशास्त्रज्ञों (काजी मुल्लाओ) की राय लेनी अत्यावश्यक थी। उनकी आज्ञाओं के विपरीत आचरण करने की उन्हे कभी कल्पना भी नहीं होती थी। किन्तु अलाउद्दीन राजनैतिक कार्यों मे धार्मिक ग्रन्थों की परवाह नहीं करता था। उसने अपने मन के शासनोचित दण्डविधान और न्यायालय स्थापित किये और अपराध करने पर इसलामधर्म के विपरीत मुसलमानो को भी प्राणदण्ड दिया। यह धर्मान्ध शासक न होकर साम्राज्यलिप्सु था। अतः मुस्लिम-साम्राज्य के विस्तार और दृढ़ करने मे इसने जो कार्य उचित समझे वे सब काय बग़ैर किसी साम्प्रदायिक भेदभाव के किये।

अलाउद्दीन (१२९५-१३१६)

अलाउद्दीन को यह चिन्ता सदैव बनी रहती थी कि मौका पाकर स्वतन्त्राप्रिय हिन्दू, मुस्लिम साम्राज्य को उखाड़ न फेंकें, अत उसने हिन्दुओं के विद्रोह को दबाने के लिये, उन्हें निर्धन करने की युक्ति निकाली। ताकि पेट-पूर्ति से ही हिन्दुओं को अवकाश न मिले, क्योंकि पेट भरे हुए मनुष्य ही जिन्हें और कोई कार्य नहीं होता, विद्रोहात्मक षड्यन्त्र रचा करते हैं। अत उसने यह नीति कार्यरूप में परिणित की कि, "हिन्दुओं के पास इतना धन न रहने पावे जिससे वह घोड़ों पर चढ सकें, अच्छे अच्छे वस्त्र पहन सकें, हथियार रख सकें और सुखपूर्वक अपना जीवन बिता सकें। हिन्दुओं ने दोआब में विरोध किया तो, उन्हें सख्ती से दबा दिया गया। उपज का आधा भाग उनसे लगान के तौर पर लिया जाता था। ढोर चराने तथा मकान तक का कर वसूल किया जाता था। इससे हिन्दुओं की आर्थिक दशा अत्यन्त शोचनीय हो गयी थी। किन्तु अलाउद्दीन ने यह सब अत्याचार धार्मिकभाव से नहीं अपि तु राजनैतिक परिस्थिति के कारण किये थे। उसने हिन्दुओं को निबल और अशक्त बनाने का तो प्रयत्न किया, किन्तु उनके धार्मिक कार्यों में हस्तक्षेप बिलकुल नहीं किया। वह तो मुस्लिम साम्राज्य का दृढ सगठन और पूर्ण विस्तार चाहता था, जिन उपायों से इस कार्य में उसे सफलता प्राप्त करने की सम्भावना होती वही कार्य साम्प्रदायिक भेद-भाव-रहित होकर करता था। जब उसने हिन्दुओं को शक्ति-हीन किया तो मुसलमानों के पास भी उसने अधिक धन न रहने दिया। बरानी लिखता है—'मलिक, अमीर, सरकारी कर्मचारी, मुल्तानी तथा बनियों के अतिरिक्त किसी के भी पास आवश्यकता से अधिक एक थैली भी न रहने पायी। किसी न किसी रीति से उनका सारा धन सरकारी कोष में पहुँचा दिया गया। जिस किसी के जागीर थी, वह भी छीन ली गई। और कुछ हजार टकों के अतिरिक्त सारी पेंशनें, जागीरें आदि सब बन्द कर दी गई या जब्त कर ली गई। सब मनुष्य अपने पेट के प्रश्न को हल करने में लगे हुए थे, किसी को भी विद्रोह करने की नहीं सूझती थी*।"

अलाउद्दीन ने शराब की महफिलों का भी होना इसी उद्देश्य से बन्द कर दिया था, क्योंकि षड्यन्त्रकारी शराब पीने के बहाने एकत्रित हो जाया करते थे। अमीरों (दरबारियों) के लिये भी यह नियम बनाया कि, वे एक दूसरे के मकान पर न जाय, और न कभी परस्पर मिलें। ये बगैर बादशाह की आज्ञा प्राप्त किये अपने बच्चों के रिश्ते भी नहीं कर सकते थे और न किसी अज्ञात व्यक्ति को अपने मकान में ठहरा सकते थे। यहाँ तक कि देशाटन करते हुए भी सयोगवश यदि किसी सराय में दो अमीर ठहर गये तो भी, वह परस्पर बातें कर के अपना मनोरंजन नहीं कर सकते थे। क्योंकि इनके परस्पर मिलते रहने से अन्य

*—पूर्व-मध्यकालीन भारत पृष्ठ १५१।

उद्दीन को विद्रोह की आशंका थी। उस समय यदि एक अमीर को उसके अपराध पर दण्ड दिया जाता था, तो उसके अन्य सम्बन्धी अथवा मित्र वगैरह भी विद्रोही हो जाते थे। इसी भय से अलाउद्दीन ने अमीरों के इस संगठन को तोड़ने के लिये उक्त अमोघ अस्त्र काम मे लिया था। और इन सब बातों की जानकारी के लिये उसने एक जासूस-विभाग भी नियुक्त किया था।

अलाउद्दीन के उपर्युक्त नियम अत्यन्त कठोर थे, इससे मनुष्यों का सामाजिक औ आर्थिक जीवन बिलकुल नष्ट हो गया था। उसने अपनी सेना के ३० हज़ार नवमुस्लि मुगल सैनिकों को विद्रोही होने के संदेह मे मरवा डाला। उसने यह विचार नहीं किया f कुरआन मे मुसलमानों को मृत्यु-दण्ड देने का निषेध है।

इस प्रकार अलाउद्दीन ने मुस्लिम-साम्राज्य का दृढ़ संगठन करके उसने उसके विस्तार व लिये भी प्रयत्न करने प्रारम्भ किये। अपने भाई अलफखाँ को गुजरात पर आक्रमण कर के लिये भेजा। और वह गुजरात विजय करके वहाँ की रानी कमलादेवी को भी ले आया जिसने अलाउद्दीन से सहर्ष पुनर्विवाह कर लिया। इसी रानी ने अपनी पुत्री को भी उड़व मंगाया और वह अलाउद्दीन के पुत्र के साथ ब्याह दी। राजपूत जाति में यही एक ऐस दृष्टांत मिलता है, अन्यथा वीर राजपूतानियाँ जीते जी आग मे कूद कर लाखों और करोड़ की संख्या मे नष्ट हो गईं किन्तु विजेताओं को अपने शरीर का स्पर्श तक न करने दिया।

गुजरात के बाद अलाउद्दीन मेवाड़-रत्न पद्मिनी की सुंदरता की प्रशंसा सुनकर उर अपहरण करने के लिये चित्तौड़ पर आक्रमण करने स्वयं गया। यह लड़ाई बच्चे-बच्चे की जिह्वा पर अङ्कित है, अतः यहाँ उसके देने की आवश्यकता नहीं। चित्तौड़-निवास कट-कट कर मर गये और पद्मिनी १३ हज़ार स्त्रियों को लेकर सती † हो गयी। जब अलाउद्दीन चित्तौड़ मे गया तो वहाँ देखने तक को एक भी मनुष्य न मिला, अतः हताश होकर लौट आया।

अलाउद्दीन का सब से बड़ा सरदार मलिक काफूर था, यह पहिले हिन्दू था, पर पीछे

†—शील-रक्षा के निमित्त यहाँ की स्त्रियों का यह आचरण देख फारसी के महाकवि शेख़सादी ने प्रभावित होकर निम्न शेर कहा था —

चूं ज़ने हिन्दी कसे दरआशक़ी मर्दाना नेस्त।
सोख्त नवर शमामुर्दन कारे हर परवाना नेस्त॥

अर्थात्—प्रेम-पातिव्रत में हिन्दोस्तान की स्त्रियों से बढ कर कोई बहादुर नहीं। बुझी हुई शमा पर—मरे हुए पति की लाश पर—जल मरना हरएक परवाने पतंगे का काम नहीं।

मुसलमान हो गया था। सिंहासन पर कोई दूसरा अधिकार न कर ले, इसलिये लड़ाइयों में बादशाह स्वयं न जाकर इसी को भेजता था। अतः मलिक काफूर उत्तरोत्तर विजय प्राप्त करता हुआ अत्यन्त शक्तिशाली हो गया और अलाउद्दीन की तो नाक का बाल ही समझा जाने लगा। शक्तिसम्पन्न होते ही इसे स्वयं बादशाह बनने की सनक सवार हुई। अतः इसने षड्यन्त्र रचकर अलाउद्दीन और उसके बेटों में नाचाकी पैदा करा दी और बाप से ही बेटों को बन्दी करा दिया। अन्त में अलाउद्दीन को भी दवा के बहाने एक हलका सा विष दे दिया, जो शनैः शनैः अपना काम करके—बादशाह के प्राण लेकर—ही टला। अलाउद्दीन के राज्यकाल में छोटी बड़ी ८६ लड़ाइयाँ हुईं। इसने कई इमारतें बनवानी प्रारम्भ की थीं, वे निर्विघ्न निर्माण हों, इसलिये उसने उस समय के जाहिलाना रिवाज के मुताबिक हजारों ही मुगल जाति के मनुष्यों का वध करके उनका रक्त उन स्थानों पर छिड़कवाया था। यह निरक्षर होते हुए भी अत्यन्त चतुर, राजनीतिज्ञ, शक्तिशाली बादशाह था किन्तु इसका शासनकाल आदि से अन्त तक रक्त-रंजित ही रहा।

अलाउद्दीन की मृत्यु होते ही मलिक काफूर ने उसके दोनों बड़े बेटों की आँखें निकलवा कर ग्वालियर में कैद कर दिया और उसकी बेगम से जबरन निकाह करके, स्वयं बादशाह बनना चाहा किन्तु बादशाह के शुभचिन्तक सिपाहियों ने मलिक काफूर को भी अलाउद्दीन की मृत्यु के ठीक पचीसवें रोज जहन्नुम रसीद कर दिया।

मलिक काफूर की मृत्यु होते ही अलाउद्दीन का एक पुत्र मुबारिक शाह कैद से निकल कर और अपने एक छोटे भाई की आँखें निकाल कर राज्यासीन हुआ। नाम बड़े और दर्शन थोड़े—यह कहावत ठीक इस पर चरितार्थ होती है। ऐय्याशी, नाचो रंग, बनाव शृङ्गार और षड्यन्त्रों के दौरदौरों के सिवाय काम की बात एक भी नहीं थी। शुरू शुरू में तो जोर-शोर रहा, दक्षिण में हरपाल देवगिर के राजा की खाल खिंचवाई, परन्तु वहाँ से वापिस आकर बिलकुल अकर्मण्य हो गया। अब आरामतलबी ऐशोपसन्दी का यह आलम था कि सिर्फ नाम का बादशाह मुबारिक शाह था और काम का बादशाह खुशरो था—जो एक नीच क़ौम का हिन्दू गुलाम मगर बड़ा खूबसूरत और बहादुर था। इसे मलिक खुसरो का खिताब देकर मुबारिक ने अपना वजीर बनाया। एक प्रकार से बादशाह की नकेल इसी के हाथ में थी। कुछ सरदारों ने षड्यन्त्र करके मुबारिक के भतीजे खिजर खाँ के पुत्र को सिंहासन पर बिठाकर विद्रोह करना चाहा, किन्तु मालूम होते ही मुबारिक ने अपने इस भतीजे को—जो केवल १० वर्ष का था, पाँव पकड़ कर दे मारा और उसका सर पत्थरों से टकरा कर मार डाला। साथ ही ग्वालियर किले में क़ैद किये हुए अलाउद्दीन के अन्य पुत्रों शहाबुद्दीन, शादी खाँ, अबूबकर खाँ, खिजर खाँ को

कुतुबुद्दीन मुबारिक शाह (१३१६-२०)

भी मरवा कर एक गड्ढे मे फिकवा दिया और खिजर खां की चहेती स्त्री देवलरानी को जबरन अपने महलों मे डाल लिया।

मुबारिक शाह मलिक खुसरो का आवश्यकता से अधिक विश्वास करता था। एक रोज़ यह अपने साथियों को लेकर बादशाह के एकांतवास में पहुंच गया और उसका वध करके किले के नीचे फेंक दिया। बादशाह को वध करने के पश्चात् मलिक खुसरो खिलजी वंश के बचे हुए मनुष्यों, स्त्रियों और बालबच्चों को समाप्त करके स्वयं बादशाह बन बैठा। अलाउद्दीन के वंश का इस प्रकार निर्दयतापूर्वक अन्त होते हुए देख, उस समय एक मुसलमान विद्वान् ने कहा था—अलाउद्दीन ने जो व्यवहार अपने चचा और उसके बीबी-बच्चों के साथ किया, वही व्यवहार अलाउद्दीन और उसके कुटुम्ब के साथ हुआ! खिलजी वंश का आदि और अन्त दोनों अत्याचार पर ही अवलम्बित हैं। किसी पीड़ित हृदय ने क्या खूब कहा है—

यह हमने माना कि ज़ेरे खंजर, गला हमारा नहीं रहेगा।
कमर में क़ातिल के ओ सितमगर! हमेशा तू भी नहीं रहेगा॥

नासिरुद्दीन मलिक खुसरो (१३-२०)

मलिक खुसरो नासिरुद्दीन नाम से राज्यासीन हुआ, यह पूर्व मे हिन्दू था, अत पूर्व संस्कार के कारण यह हिन्दुओं के साथ रियायत करने लगा, उन्हे प्रतिष्टित पद देने लगा, गो-वध-निषेध कर दिया, अत. मुसलमान विद्रोही हो गये। और वे सब पंजाब के सूबेदार गयासुद्दीन तुगलक को भड़का कर दिल्ली पर चढ़ा लाये। अन्त मे मलिक खुसरो बन्दी हुआ और जो व्यवहार उसने शाही खान्दान के साथ किया था, वही व्यवहार उसके साथ करके "अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्" वाली उक्ति चरितार्थ का गई। इस प्रकार खिलजी वंश का अन्त हुआ।

षट्खंडागम और भ्रम-निवारण

(लेखक—श्रीयुत पं० पन्नालाल सोनी)

जैनसिद्धान्त भास्कर भाग ५, किरण २ के प्रारम्भ में 'भ्रामक सूचनाएं' इस नाम का एक लेख प्रकाशित हुआ है। उसके लेखक हैं वयोवृद्ध बाबू जुगल किशोर जी मुख्तार। आपके लेख से पहले भाग ४ किरण ४, में पं० हीरालाल जी न्यायतीर्थ का एक लेख प्रकाशित हो चुका है। पं० हीरालाल जी अपने लेख में कई भ्रम फैलाने वाली बातें लिख गये हैं उन्हीं की सूचनाएं उक्त बाबू जी ने अपने उस लेख में दी हैं। मेरे इस लेख का उद्देश किसी एक को भला बुरा कहने का नहीं है, परन्तु इतना अवश्य कहूँगा कि इन भ्रामक सूचनाओं से बाबू जी भी अछूत नहीं रह सके हैं।

आपकी भ्रामक सूचनाओं का उल्लेख मैं यथास्थान आगे करूंगा। उससे पहले षट्खंडागम' पर प्रकाश डाला जाता है। इसके बिना बाबू जी की सूचनाएं भ्रामक हैं—यह समझ में नहीं आ सकेगा।

आचार्य भूतबलि पहले कृति अनुयोग के प्रारम्भ में लिखते हैं—

"अग्गेयणीयस्स पुव्वस्स पंचमस्स वत्थुस्स चउत्थो पाहुडो कम्मपयडी णाम"

अर्थात् अग्रायणीय पूर्व का पांचवीं वस्तु का चौथा प्राभृत 'कर्म-प्रकृति' है।

अग्रायणीय पूर्व में चौदह वस्तुएं हैं उनके नाम श्रुतभक्ति में पूज्यपाद स्वामी ने इस प्रकार दिये हैं—

> पूर्वान्तं ह्यपरान्तं ध्रुवमध्रुवच्यवनलब्धिनामानि ।
> अध्रुवसम्प्रणिधिं चाप्यर्थं भौमावयाद्यं च ॥
> सर्वार्थकल्पनीयं ज्ञानमतीतं त्वनागतं कालं ।
> सिद्धिमुपाध्यं च तथा चतुर्दशवस्तूनि द्वितीयस्य ॥

एक एक वस्तु में बीस बीस प्राभृत होते हैं और एक एक प्राभृत में चौबीस-चौबीस अनुयोगद्वार होते हैं। इस हिसाब से पांचवीं वस्तु के चौथे प्राभृत में भी चौबीस अनुयोगद्वार हैं, उनके नाम ये हैं—

> पञ्चमवस्तुचतुर्थप्राभृतकस्यानुयोगनामानि ।
> कृतिवेदने तथैव स्पर्शनकर्म प्रकृतिमेव ॥
> बन्धन निबन्धन-प्रक्रमानुपक्रममथाभ्युदयमोक्षौ ।
> संक्रम लेश्ये च तथा लेश्यायाः कर्म-परिणामौ ॥
> सातमसातं दीर्घह्रस्वं भवधारणीयसंज्ञं च ।
> पुरुपुद्गलात्मनाम च निधत्तमनिधत्तमभिनौमि ॥

सनिकाचितमनिकाचितमथ कर्मस्थितिक-पश्चिमस्कन्धौ ।
अल्पबहुत्वं च यजे तद्द्वाराणां चतुर्विंशम् ॥
—श्रुतभक्तिः ।

उक्त नामों का प्रतिपादक मूल सूत्र भी है । यथा—

कदि, वेदणाए, फस्से, कम्मे, पयडीसु, बंधणे, णिबंधणे, पक्कमे, उवक्कमे, उदए, मोक्खे, पुण संकमे, लेस्सा, लेस्साकम्मे, लेस्सापरिणामे, तत्थे सादमसादे, दीहेरहस्से, भवधारणीए, तत्थ पोग्गलअत्ता, णिधत्तमणिधत्तं, णिकाचिदमणिकाचिदं, कम्मट्ठिदी, पच्छिमक्खंधे, अप्पाबहुगं च सव्वत्थ ।

चौथा कर्मप्रकृति प्राभृत है, उसमे उक्त चौवीस अनुयोगद्वार हैं । इस 'कम्मपयडिपाहुड' का दूसरा नाम 'वेयणकसीणपाहुड' भी है । यथा—

णामं-कम्माणं पयडिसरूवं वण्णेदि तेण कम्मपयडिपाहुडेत्ति गुणणामं, वेयणकसीणपाहुडेत्ति वि तस्स विदियं णाममत्थि, वेयणा [कम्माणमुदयो तं कसीणं णिरवसेसं वण्णेदि अदो वेयणकसीणपाहुडमिदि, पदमविगुणणाममेव ।

'षट्खंडागम' इसी कम्मपयडि पाहुड के उक्त अनुयोगद्वारो मे से निकला है । सभी अनुयोगद्वारों मे से नही किन्तु खास करके 'वेयणा' नाम के दूसरे अनुयोगद्वार मे से और 'वन्धन' नाम के छट्ठे अनुयोगद्वार मे से अथवा प्रारंभ के छह अनुयोगद्वारों मे मे निकला है ।

जीवट्ठाण (१) खुद्दाबन्ध (२) बन्धस्वामित्वविचय (३) वेयणा (४) वग्गणा (५) और महाबन्ध (६) इन छह खंडों की 'षट्खंडागम' संज्ञा है । इनमे से वेयणा नाम का चौथा खंड तो वेयणा-अनुयोगद्वार मे से निकला है और शेष पांच खंड छट्ठे बन्धन-अनुयोगद्वार मे से निकले है । इसी का स्पष्टीकरण क्रमशः यहां किया जाता है ।

(१) जीवट्ठाण—

इसमें आठ अनुयोग और नव चूलिकाओं का कथन है । उनका निर्गमक्रम इस प्रकार है—

चौवीस अनुयोगद्वारो मे जो छट्ठा 'वन्धन' अनुयोगद्वार है उसके चार भेद है—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान । उनमे से दूसरे 'बन्धक' के ग्यारह अनुयोगद्वार हैं । उनमें के पांचवें द्रव्यप्रमाण मे से 'द्रव्यप्रमाणानुगम' निकला है । यथा—

एत्थ बंधगेत्ति अणियोगद्दारस्स एक्कारसअणियोगद्दाराणि, तं जहा-एकजीवेण सामित्तं, एकजीवेणकालो, एगजीवेण अंतरं, णाणाजीवेहिं भंगविचओ, दव्वपमाणाणुगमो, खेत्ताणुगमो, पोसणाणुगमो, णाणाजीवेहि कालाणुगमो, णाणाजीवेहिं अंतराणुगमो, भागाभागाणुगमो, अप्पाबहुगाणुगमो चेदि ।

माणाणुगमो णिग्गदो ।

बंधविधान के प्रकृतिबंध आदि चार भेद हैं। उनमें प्रकृतिबंध के दो भेद-मूलप्रकृति बंध और उत्तरप्रकृतिबंध। उत्तरप्रकृतिबंध के दो भेद एकैकोत्तरप्रकृतिबंध और अव्वोगाढउत्तरप्रकृतिबंध। उनमें एकैकोत्तरप्रकृतिबंध के समुत्कीर्तना आदि को लेकर चौबीस अनुयोगद्वार हैं। उनमें के पहले समुत्कीर्तना नाम के अनुयोगद्वार में से प्रकृतिसमुत्कीर्तना, स्थानसमुत्कीर्तना, तीन महादंडक निकले हैं जो नव चूलिकाओं में की पाच चूलिकाएं हैं तथा तेईसवें भाव में से भावानुगम नाम का (सातवा) अनुयोगद्वार निकला है। यथा—

बंधविहाणं चउव्विहं, तंजहा—पयडिबंधो ट्ठिदिबंधो, अणुभागबंधो पदेसबंधो चेदि। तत्थ जो सो पयडिबंधो सो दुविहो मूलपयडिबंधो उत्तरपयडिबंधो चेदि। तत्थ जो सो मूलपयडिबंधो सो थप्पो। जो सो उत्तरपयडिबंधो सो दुविहो एगेगुत्तरपयडिबंधो अव्वोगाढउत्तरपयडिबंधो चेदि। जो सो एगेगुत्तरपयडिबंधो तस्स चउव्वीस अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि हवंति, तं जहा—समुक्कित्तणा, सव्वबंधो, णोसव्वबंधो, उक्कस्सबंधो, अणुक्कस्सबंधो, जहण्णबंधो, अजहण्णबंधो, सादियबंधो, अणादियबंधो, धुवबंधो, अद्धुवबंधो, बंधसामित्तविचओ, बंधकालो, बंधंतरं, बंधसण्णियासो, णाणा जीवेहिं भंगविचओ, भागाभागाणुगमो, परिमाणाणुगमो, खेत्ताणुगमो, पोसणाणुगमो, कालाणुगमो, अंतराणुगमो, भावाणुगमो, अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। एदेसु समुक्कित्तणादो पयडिसमुक्कित्तणा ठाणसमुक्कित्तणा तिण्णि महादंडया णिग्गया तेवीसमादो भावादो भावो णिग्गदो।

उपर्युक्त अव्वोगाढ उत्तरप्रकृति बंध के दो भेद हैं भुजाकार बंध और प्रकृतिस्थान बंध। प्रकृतिस्थान बंध में सत्प्ररूपणा आदि आठ अनुयोगद्वार हैं, उन आठों में से छह अनुयोगद्वार निकले हैं—सत्प्ररूपणा, क्षेत्रप्ररूपणा स्पर्शप्ररूपणा, कालप्ररूपणा अन्तरप्ररूपणा और अल्पबहुत्वप्ररूपणा। छह तो ये और उपर्युक्त द्रव्यप्रमाणानुगम और भावानुगम दो ये मिलकर आठ हुए सो ये आठ जीवट्ठाण के आठ अनुयोगद्वार हैं। यथा—

जो सो अव्वोगाढ उत्तरपयडिबंधो सो दुविहो भुजगारबंधो पयडिट्ठाणबंधो चेदि। जो सो भुजगारबंधो तस्स अट्ठअणियोगद्दाराणि णो थप्पो, जो सो पयडिट्ठाणबंधो तत्थ इमाणि अट्ठअणियोगद्दाराणि, जहा संत—तपरूवणा, दव्वपमाणाणुगमो, खेत्ताणुगमो पोसणाणुगमो, कालाणुगमो, अन्तराणुगमो, भावाणुगमो, अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। एदेसु अट्ठसु अणियोगद्दारेसु छअणियोगद्दाराणि णिग्गयाणि, तं जहा—संतपरूवणा खेत्तपरूवणा, पोसणपरूवणा, कालपरूवणा, अंतरपरूवणा, अप्पाबहुगपरूवणा चेदि। एदाणि छ—पुव्विल्लाणि दोण्णि एकाणि पक्खदो मेल्लिदे 'जीवट्ठाणम्मि' अट्ठ अणियोगद्दाराणि हवंति।

नव चूलिकाओं की उत्पत्ति भी इस प्रकार है—स्थितिबंध के दो भेद हैं—मूलप्रकृतिस्थिति

वन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिवन्ध। उत्तर प्रकृतिस्थितिवन्ध के अद्धाच्छेद आदि चौवीस अनुयोगद्वार हैं। उनमें अद्धाच्छेद दो प्रकार का है। जघन्यस्थिति अद्धाच्छेद और उत्कृष्ट-स्थिति अद्धाच्छेद। दोनों में से क्रम से जघन्यस्थिति और उत्कृष्टस्थिति निकली है। सूत्र से, जो दृष्टिवाद का एक भेद है—सम्यक्त्वोत्पत्ति निकली है, व्याख्याप्रज्ञप्ति नाम के पांचवें अंग में से गत्यागति निकली है। पूर्वोक्त प्रकृतिसमुत्कीर्तना, स्थानसमुत्कीर्तना तीन महादंड इन पांचों में जघन्यस्थिति अद्धाच्छेद, उत्कृष्टस्थिति अद्धाच्छेद, सम्यक्त्वोत्पत्ति, गत्यागति इन चारों को मिला देने पर चूलिका के नव अधिकार होते हैं। यथा—

तदो ट्ठिदिवंधो दुविहो मूलपयडिट्ठिदिवंधो उत्तरपयडिट्ठिदिवंधो चेदि। तत्थ जो सो मूलपयडिट्ठिदिवंधो सो थप्पो। जो सो उत्तरट्ठिदिवंधो तस्स चउव्वीस अणियोगद्दाराणि, तं जहा—अद्धाच्छेदो सव्ववंधो ·· ··· ····अप्पाबहुगाणुगमो चेदि। तत्थ अद्धाच्छेदो दुविहो जहण्णट्ठिदिअद्धाच्छेदो उक्कस्सट्ठिदिअद्धाच्छेदो चेदि। जहण्णट्ठिदिअद्धाच्छेदादो जहण्णट्ठिदी णिग्गदा, उक्कस्सट्ठिदि अद्धाच्छेदादोउक्कस्सट्ठिदी णिग्गदा। पुणो सुत्तादो सम्मत्तुप्पत्ती णिग्गया, वियाहपण्णत्तीदो गदिरागदी णिग्गदा। संपडि पुव्वं उत्तपयडि-समुक्कित्तणा ठाणसमुक्कित्तणा तिण्णि महादंडया एदाणं पंचण्हमुवरि संपहिवुत्त जहण्ण-ट्ठिदिअद्धाच्छेदं उक्कस्सट्ठिदिअद्धाच्छेदं सम्मत्तुप्पत्तिंगदिरागादिं च पक्खित्ते चूलियाए णव अहियारा भवंति।

(२) खुद्दावंध—

यह खंड छट्ठे 'वन्धननामक अनुयोगद्वार का 'वंधगा' नाम का दूसरा अधिकार है। यथा—

जे ते वंधगा णाम तेसिमिमो णिद्देसो,—सूत्र।

जे ते वंधगा णाम इदि वयणं वंधगाणं पुव्वसिद्धत्तं सूचेदि। पुव्वं कम्मि पसिद्धे वंधगे सूचेदि? महाकम्मपयडिपाहुडम्मि, तं जहा—महाकम्मपयडिपाहुडस्स कदिवेदणादिसु चउवीसअणियोगद्दारेसु छट्ठस्स वन्धणेत्ति अणियोगद्दारस्स वंधो वंधगा वंधणिज्जं वंधविहाणमिदि चत्तारि अधियोरा, तेसु वन्धगेत्ति विदियो अधियारो सो एदेण वयणेण सूच्चिदो जे ते महाकम्मपयडिपाहुडम्मि वंधगा णिद्दिट्ठा तेसिमिमो णिद्देसोत्ति वुत्तं होद।

वंधन-अनुयोग द्वार में जहां वंधको का अधिकार आया है वहां लिखा है कि वंधक अधि-कार आठ प्रकार के कर्मों के वंधको को सूचित करता है सो 'खुद्दावंध' में प्ररूपण किया गया है। यथा—

वंधगाहियारो अट्ठविहकम्मवंधगे परूवेदि सो च खुद्दावंधे परूविदो।

वंधक अधिकार का नाम ही खुद्दावंध है, यह इस से स्पष्ट हो जाता है।

(३) बन्धस्वामित्वविचय—

इस नाम का यह तीसरा खंड है, इसका निर्गम-स्थान भी छट्ठा बधन अनुयोगद्वार है। बधन अनुयोग द्वार का चौथा अधिकार बधविधान है, उसके चार भेद हैं प्रकृति-स्थिति-अनुभाग प्रदेशबध। उनमें प्रकृतिबध दो प्रकार का है, मूलप्रकृतिबध और उत्तरप्रकृतिबध। मूलप्रकृतिबध दो प्रकार का है एकैकमूलप्रकृति और अव्वोगाढमूलप्रकृतिबध। उत्तर प्रकृतिबधके समुत्कीतनादि चौबीस अनुयोगद्वार हैं। उनमें बधस्वामित्व नाम का जो अनुयोगद्वार है उसी की बधस्वामित्वविचय-यह सज्ञा है। यथा—

ज त बधविहाण त चउव्विहं पयडिट्ठिदिअणुभागपदेसबधो चेदि। तत्थ पयडिबधो दुविहो मूलपयडिबधो उत्तरपयडिबधो चेदि जो सो मूलपयडिबधो सो दुविहो एगेगमूल पयडिबधो अव्वोगाढमूलपयडिबधो चेदि, जो सो अव्वोगाढमूलपयडिबधो सो दुविहो भुजागारबधो पयडिट्ठाणबधो चेदि। तत्थ उत्तरपयडिबधस्स समुक्कित्तणादि चउवीस अणियोगद्दाराणि भवति तेसु चउव्वीसअणियोगद्दारेसु बधसामित्त णाम अणियोगद्दार तस्सेव बधसामित्तविचओ' त्ति सण्णा।

(४) वेदनाखड—

महाकर्मप्रकृति प्राभृत के कृतिवेदना आदि चौबीस अनुयोगद्वारों में दूसरा 'वेयणा' नामक अनुयोगद्वार है उसी की 'वेदनाखंड' सज्ञा है। इस खड के प्रारम्भ में ४४ मगलसूत्र हैं। अन्तिमसूत्र की व्याख्या में भगवद्वीरसेन लिखते हैं —

णिबद्धअणिबद्धभेएण दुविह मगल तत्थेद किं णिबद्धमाहो अणिबद्धमिदि? ण ताव णिबद्धमगलमिद महाकम्मपयडिपाहुडस्स कदियादिचउवीसअणियोगावयवस्स आदीए गोदमसामिणा परूविदस्स भूदबलिभडारएण वेयणाखडस्स आदिए मगलट्ठ तत्तो आणे दूण ठविदस्स णिबद्धत्तविरोहादो।

इस से स्पष्ट है कि यह वेदनाखड है। पर है वेदना अनुयोगद्वार का उपसहार। यह इस शका समाधान से सुनिश्चित है —

कथ वेयणाए महापरिमाणाए उवसहारस्स इमस्स वेयणाखडस्स वेयणाभावो? ण, अवयवेहिंतो पुधभूदअवयविस्स अणुवलंभादो।

(५) वर्गणाखंड—

यह पाँचवा खड है। ग्रथ के पर्यालोडन से मालूम होता है कि तीसरा 'फास' अनुयोग द्वार, चौथा 'कम्म' अनुयोगद्वार, पाचवा 'पयडि' अनुयोगद्वार और छट्ठे 'बधन' अनुयोगद्वार के बध और बधनीय ये दो अधिकार वर्गणाखड के नाम से प्रसिद्ध हैं।

एक तो ये सब अनुयोगद्वार 'वेदना' खंड के आगे के है, दूसरे इन अनुयोगद्वारों के जो सूत्र टीकाकार ने जहाँ कही उद्धरण रूप मे दिये है उनका वर्गणासूत्र के नाम से भी उल्लेख किया है। इससे हम जानते है कि यह वर्गणाखंड है। इन अनुयोगद्वारों मे ऐसी भा सूचना मिलती है कि इनका अन्तर्भाव वेदनाखंड मे नहीं है।

देखिये:—

वेदनाखंड के अन्त मे लिखा है 'एवं वेयण अप्पाबहुगा णियोगद्दारे सम्मत्ते वेयणा खंड (डं) सम्मत्ता (त्त)।' इसी के आगे 'णमा णाणाराहणाए' इत्यादि लिखते हुए 'वेदनाखेडं समाप्त' ऐसा लिख कर खंड समाप्त किया गया है। इसके बाद 'फासाणियोगद्दार, प्रारंभ होता है। इससे मालूम पड़ता है कि फासाणियोगद्दार से पहले तक ही वेदना खंड है। फासाणियोगद्दार के अंत मे भगवद्वीरसेन स्वामी लिखते हैं —

जदि कम्मफासे पयदं तो कम्मफासो सेसपणणारसअणियोगद्दारेहिं भूदवलिभयवदा सो एत्थ किणण परूविदो ? ण एस दोसो, कम्मक्खंधस्स फाससण्णिदस्स सेसाणियोगद्दारेहि परूवणाए कीरमाणाए 'वेयणाए' परूविदत्थादो विसेसो णत्थित्ति।

तथा प्रकृतिअनुयोगद्वार के अन्त मे भगवद्भूतवलि स्वयं भी लिखते हैं—"सेसं वेयणाए भंगो"

इन दो उद्धरणो से भी स्पष्ट होता है कि 'फासाणियोगद्दार' के पहले तक ही 'वेदनाखंड' है।

जयधवल मे लिखा है—

सिण्पोग्गहादीणं अत्थो जहा वग्गणाखंडे परूविदो तहा एत्थ परूवेदव्वो।

जयधवल मे न तो अवग्रह आदि का अर्थ लिखा है और न मतिज्ञान के ३३६ भेद ही स्पष्ट गिनाये है। प्रकृतिअनुयोगद्वार में इन सब का स्पष्ट और सविस्तर वर्णन टीका ही में नही बल्कि मूल मे है। इससे मालूम पड़ता है कि वेदनाखंड के आगे के उक्त अनुयोगद्वार वर्गणाखंड के अन्तर्गत है या उनका सामान्य नाम वर्गणाखंड है। यदि ऐसा न होता तो आचार्य प्रकृतिअनुयोगद्वार को वर्गणाखंड के नाम से न लिखते। और भी देखिये—

धवल सिद्धान्त पत्र ८३८ मे वेयणाखंड के प्रारंभ के उक्त मंगलसूत्रों की व्याख्या मे लिखा है—

कथमेदं णव्वदे ? "ओहिणाणावरणस्स असंखेज्जमेत्तीओ चेव पयडीओत्तिवग्गणसुत्तादो।"

यह सूत्र उसी प्रकृति अनुयोगद्वार मे इसरूप मे लिखा है—

ओहिणाणावरणीयस्स कम्मस्स असंखेज्जाओ पयडीओ ॥४७॥

आचार्य वीरसेन की यह शैली है कि वे कही-कहीं उद्धरणों मे स्पष्टार्थ कुछ सन्निवेश कर देते हैं और कही-कही पाठ भेद भी कर देते हैं—जैसे "प्रमाणनयैवस्त्वधिगम" इत्यादि।

उद्धरणगत सूत्र म पाठ भेद कर दिया है। बाकी है सूचना उसीकी। उक्त पत्र में ही उसी के आगे लिखा है—

फालो चउरणउड्डी कालो भनिदव्वो खेत्तवुड्डीए।
वुड्डीए दव्वपज्जय भनिदव्वा खेत्तकाला दु॥
पदम्हादो वग्गणसुत्तादो णव्वदे।

यह सूत्र भी प्रकृतिअनुयोगद्वार म पत्र १५२५ में मौजूद है। तथा पत्र ८३८ में लिखा है—

आहारवग्गणाए दव्वा थोवा, तेयारवग्गणाए दव्वा अणतगुणा, भासावग्गणाए दव्वा अणतगुणा, मणा० द्व्वा अणतगुणा, कम्मइय अणतगुणात्ति वग्गणसुत्तादो णव्वदे।

यह कथन भी बन्धनीय अधिकार में है। और भी इस तरह के कई उद्धरण हैं जो इन उक्त अनुयोगद्वारों में पाये जाते हैं। इसमे स्पष्ट होता है कि यही वर्गणाखण्ड है।—इससे जुदा और कोई वर्गणाखड नहीं है।

(६) महाबन्ध—

यह छट्ठा खण्ड है। यह भी छट्ठे बन्धनअनियोगद्वार के चौथे बन्ध विधान नाम के अधिकार म स निकला है। इस पर भगवद्वीरसेन प्रणीत धवला टीका नहीं है। यथा—

(सूत्र) ज त बधविहाण त चउव्विह—पयडिब धो, ट्ठिदिब धो, अणुभागब धो, पदेसब धो चेदि।

(व्याख्या एदेसि चदुण्ण ब धाण विहाण भूदबलिभडारएण महाब धे सप्पवंचेण लिहिदति अम्हेहि पत्थ ण लिहिद। तदो सयले महाब धे पत्थ परूविदे ब धविहाण सम प्पदि। पव ब धणअणियोगद्दार सम्मत्त।

यह हुई भूतबलिकृत 'पट्खण्डागम' की उत्पत्ति। खण्डों के हिसाब स उक्त छह खड और अनुयोगद्वार के हिसाब से कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति और बधन ये छह अनुयोगद्वार ही आचार्य भूतबलि रचित हैं।

पट्खडागम धवल—

धवला सिद्धान्त पट्खडागम के नाम से प्रसिद्ध है। उसकी यह प्रसिद्धि अलीक नहीं है। धवला के पाच खड तो जीवट्ठाण, खुद्दाबन्ध, बन्ध स्वामित्वविचय, वेदना और वर्गणा इन पांच खडों की टीका है। छट्ठा खड चौबीस अनुयोगद्वारों में से भूतबलिकृत आदि के छह अनु योगद्वारों को छोड़ कर शेष १८ अनुयोगद्वार हैं। इस खड का नाम श्रुतावतार के अनुसार सत्कर्म है।

भगवद्वीरसेन ने चित्रकूटपुर-वासी एलाचार्य के समीप सब सिद्धान्त का अध्ययन किया और बन्धन अनुयोग के ऊपर के निबन्धनादि १८ अधिकार लिखे। यथा—

काले गते कियत्यपि ततः पुनश्चित्रकूटपुरवासी ।
श्रीमानेलाचार्यो बभूव सिद्धान्ततत्वज्ञः ॥
तस्य समीपे सकलं सिद्धान्तमधीत्य वीरसेनगुरुः ।
उपरितननिबन्धनाद्यधिकारानष्ट च ? लिलेख ॥

ये अधिकार उनने चित्रकूट से आकर लिखे। किस ग्राम में लिखे, वहां कहां ठहर कर लिखे, किन ग्रन्थों को प्राप्त कर लिखे, उन अधिकारों की संख्या कितनी है, उनका कौनसा खंड और उसका कौनसा नाम रक्खा, कुल कितने खंड हैं, सारी टीका का प्रमाण कितना हुआ, किस भाषा मे टीका लिखी और उस का नाम क्या रक्खा, इन सब प्रश्नों का उत्तर श्रुतावतार से इस प्रकार मिलता है। यथा—

आगत्य चित्रकूटात्ततः स भगवान् गुरोरनुज्ञानात् ।
वाटग्रामे चात्रानतेन्द्रकृतजिनगृहे स्थित्वा ॥
व्याख्याप्रज्ञप्तिमवाप्य पूर्वषट्खंडतस्ततस्तस्मिन् ।
उपरितननिबन्धनाद्यधिकारैरष्टादशविकल्पैः ॥
सत्कर्मनामधेयं षष्ठं खंडं विधाय संक्षिप्य ।
इति षण्णां खंडानां ग्रन्थसहस्रैर्द्विसप्तत्या ॥
प्राकृतसंस्कृतभाषामिश्रां टीकां विलिख्य धवलाख्याम् ।

विबुद्ध श्रीधर भी पंचाधिकार नाम के शास्त्र के श्रुतावतारप्र-रूपणा नामक चौथे परिच्छेद मे लिखते है।

अत्रान्तरे एलाचार्यभट्टारकपार्श्वे सिद्धान्तद्वयं वीरसेननामा मुनिः पठित्वा अपराण्यपि अष्टादशाधिकाराणि प्राप्य पंचखडे षट्खंडं संकल्प्य संस्कृतप्राकृतभाषया सत्कर्मनामटीकां द्वासप्ततिसहस्रप्रमितां धवलनामांकितां लिखाप्य विंशतिसहस्रकर्मप्राभृतं विचार्य वीरसेनो मुनिः स्वर्गं यास्यति ।

अन्य अठारह अधिकारों को वीरसेन ने प्राप्त किये और पांच खंडों पर छह खंड संकल्पित किये; इससे भी धवल षट्खंड सिद्ध होता है। आचार्य इन्द्रनन्दी छट्ठे खंड का नाम सत्कर्म है—ऐसा उल्लेख करते है और विबुध श्रीधर संपूर्ण टीका का नाम 'सत्कर्म' बताते हैं, यह भेद अवश्य है, परन्तु १८ अनुयोगद्वारों को वीरसेन स्वामी ने लिखा और वह धवल का छट्ठा खंड है इस विषय मे दोनो एक मत हैं। सूक्ष्मतम गवेषणा से यह भी पता चल सकेगा कि संभवतः सारी धवला टीका का नाम "संतकम्मपयडिपाहुड" हो।

अब स्वयं वीरसेन स्वामी इस संबंध मे क्या लिखते हैं—इस पर भी दृष्टि डालिये। वे अठारह अनुयोगद्वारों का प्रारंभ करने के पहले सातवें निबन्धननाम के अनुयोगद्वार के शुरू

ही में लिखते हैं कि भूतबलि भट्टारक ने यह सूत्र 'देशामर्शकभाव' से लिखा है, इस लिए इस सूत्र-द्वारा सूचित किये गये अठारह अनुयोगद्वारों का थोड़ा सक्षेप से प्ररूपण करते हैं। यथा—

भूदवलिभडारएण जेणेद सुत्त देसामासियभावेण लिहिद तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेस अट्ठारसअणियोगद्दाराण किंचि सखेवेण परूवण कस्सामो।

अत स्पष्ट है कि शेष १८ अनुयोगद्वारों का निरूपण वीरसेनकृत है। यदि भगवद्भूत बलि ने निबधनादि १८ अनुयोगद्वारों पर कुछ लिखा होता तो यह देशामर्शक सूत्र भूतवलि भट्टारक ने लिखा है, उससे सूचित शेष १८ अनुयोगो का प्ररूपण हम करते हैं—ऐसा लिखने की आवश्यकता वीरसेन स्वामी को न होती। यह आवश्यकता तभी हुई है जब कि भूतबलि ने उन पर कुछ नहीं लिखा है। यदि लिखा होता तो सूत्र देशामशक नहीं हो सकता था। देशामर्शक सूत्र वह होता है जिसमे किसी विषय का एक देश कहा जाता है। और उसी के बल पर शेष देशों का कथन किया जाता है। अत स्पष्ट है कि शेष १८ अनुयोगद्वार आचार्य भूतबलि रचित नहीं हैं, उनकी रचना आचार्य वीरसेन ने की है, जो इन्द्रनन्दी और विबुध श्रीधर के कथनानुसार धवल सिद्धान्त का छट्ठा खण्ड है। तात्पर्य—धवल भी 'पट्खण्डागम' है।

भ्रमनिवारण—

अब पाठकों का ध्यान बाबू जुगलकिशोर जी की उन भ्रामक सूचनाओं की ओर आकर्षित करते हैं। आप लिखते हैं—

(१) इसके सिवाय भूतबलि पुष्पदत से पहले श्रीगुणधराचार्य के 'कसायपाहुड' की रचना हो चुकी थी।

(२) भूतबलि ने अपने वेदनाखण्ड मे 'कसायपाहुड' का उल्लेख किया है।

(३) इतना ही नहीं बल्कि कसायपाहुड की गाथाओं के सम्यक् को अवधारण करने वाले 'आर्यमक्षु' नागहस्ति' नाम के उत्तरवर्ती आचार्यों तक का उल्लेख किया है, जैसा कि वेदना खण्ड के क्रमश २२ वें और २४ वें अनुयोगद्वारों के निम्न सूत्र-वाक्यों से प्रकट है—

'कम्मट्ठिदि अणियोगद्दारेहि भण्णमाणे वे उवदेसा होंति जहण्णुक्कस्सट्ठिदीण पमाणपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणेत्ति णागहत्थिखमासमणा भणति, अज्जमखुखमासमणा पुण कम्मट्ठिदिसंचिद संतकम्मपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणेत्ति भणन्ति।'

"अप्पाबहुगअणियोगद्दारे णागहत्थिभडारओ सतकम्ममग्गण करेदि एसो च उवदेसो पवा इज्जदि।"

ये तीनों ही अश भ्रामक हैं। कहीं का ईंट और कहीं का रोड़ा वाली कहावत के अनुसार से बाबू जी ने यह नई ईजाद प्राप्त की है। प्रथम तृतीय अ शको लीजिये—२२ वें और २४ वें

अनुयोगद्वार जिनको बाबू जी वेदनाखण्ड के लिखते हैं—बिल्कुल गलत हैं। ये अनुयोगद्वार 'वेदनाखण्ड' के नहीं है बल्कि 'कम्मपयडिपाहुड' के हैं। 'कम्मपयडिपाहुड' अग्रायणीय नाम के दूसरे पूर्व की पांचवी च्यवनलब्धि वस्तु का चौथा पाहुड है, जिसके कि कदिवेदणा आदि २४ अनुयोगद्वार हैं और 'वेदनाखण्ड' 'कम्मपयडिपाहुड' का दूसरा वेदना नाम का अनुयोगद्वार है। इस वेदनानुयोगद्वार के कहिये या वेदनाखण्ड के कहिये १६ ही अनुयोगद्वार हैं। उनके नाम ये है—

"वेदणात्ति तत्थ इमाणि वेयणाए सोलस अणियोगद्दाराणि णायव्वाणि भवंति वेदणणिक्खेवे, वेदणणयविभासणदाए, वेदणणामविहाणे, वेदणदव्वविहाणे, वेदणखेत्तविहाणे, वेदणकालविहाणे, वेदणभावविहाणे, वेदणपच्चयविहाणे, वेदणसामित्तविहाणे, वेदणवेदणविहाणे, वेदणगइविहाणे, वेदणअंतरविहाणे, वेयणसण्णियासविहाणे, वेयणपरिमाणविहाणे, वेयणभागाभागविहाणे, वेयणअप्पाबहुगेत्ति।"

कम्मपयडिपाहुड के २४ अनुयोगद्वारों के नाम लेखके प्रारंभ मे दिये हैं, उनमें २२ वां अनुयोगद्वार कर्मस्थितिनाम का और २४ वां अनुयोगद्वार अल्पबहुत्व नाम का कम्मपयडिपाहुड का है, जिनको बाबूजी वेदनाखंड के लिखते हैं—आश्चर्य की बात है। जहां तक उक्त १६ अनुयोगद्वारो का कथन है वहीं तक वेदनाखंड हो सकता है; आगे के अनुयोगद्वारों को भी वेदनाखंड के नाम से कहना भारी भूल है।

यह ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है कि २४ अनुयोगद्वारों में से कदि, वेदना, फास, कम्म, पयडि और बन्धन इन छह अनुयोगद्वारों को ही भूतबलि ने संक्षेप से लिखा है। आगे के निबंधन, प्रक्रम, उपक्रम, मोक्ष, संक्रम, लेश्या, लेश्याकर्म, लेश्यापरिणाम, सातासात, दीर्घह्रस्व, भवधारणीय, पुद्गलात्मा निधत्तानिधत्त, निकाचितानिकाचित, कर्मस्थिति, पश्चिमस्कन्ध और अल्पबहुत्व इन अठारह अनुयोगद्वारो को 'कदि वेदणाए' इत्यादि सूत्र को देशामर्शक कह कर वीरसेन स्वामी ने लिखा है। ऐसी हालत मे २२ वें कर्मस्थिति और २४ वें अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के उद्धरण भूतबलिकृत सूत्रवाक्य के नाम से जो बाबू जी ने दिये हैं कहां तक सुसंगत हैं, मैं नहीं समझता। इसी लिए कहना पड़ा कि कही की ईंट और कही के रोड़े वाली कहावत के अनुसार बाबूजी ने यह नई ईजाद प्राप्त की है।

जब वे सूत्रवाक्य भूतबलि-कृत ही नहीं हैं और न शेष १८ अनुयोगद्वार ही भूतबलिकृत हैं तब 'भूतबलि ने आर्यमंक्षु और नागहस्ति का उल्लेख किया है; वेदनाखण्ड में उनने 'कसायपाहुड का उल्लेख किया है। भूतबलि-पुष्पदन्त से पहले कसायपाहुड की रचना हो चुकी थी' ये सब आकाशकुसुम-सौरभवत् उत्तरोत्तर असंभव हैं। आकाश के कुसुम संभव हो तो उनकी सौरभ भी संभव हो सकती है, जब आकाश के कुसुम ही असंभव हैं तब उनकी सौरभ तो और भी असंभव है। शेष १८ अनुयोगद्वार

भूतबलिकृत सिद्ध होने पर आयमंक्षु और नागहस्ति का उल्लेख भूतबलिकृत सिद्ध हो सकता है। जब ये अनुयोगद्वार भूतबलिकृत ही सिद्ध नहीं है तब उनमें आया हुआ आर्यमंक्षु और नागहस्ति का उल्लेख भूतबलिकृत है—कैसे सिद्ध हो सकता है?

अब द्वितीय अंश को लीजिये—वह भी असमर्थ ही है। शेष १८ अनुयोगद्वारों में आया हुआ 'कसायपाहुड' का उल्लेख भूतबलिकृत नहीं माना जा सकता जब कि उनको भूतबलि ने लिखा ही नहीं है। जितना वेदनाखंड है उतने में ही नहीं बल्कि और खंडों में भी भूतबलि ने कहीं भी 'कसायपाहुड' का उल्लेख नहीं किया है। टीकागत कसायपाहुड का उल्लेख भूतबलिकृत नहीं हो सकता।

"भूतबलि पुष्पदन्त से पहले श्रीगुणधराचार्य के कसायपाहुड की रचना हो चुकी थी"। इस प्रथमांश में कोई आपत्ति तो नहीं है, कोई भी पहले हो, 'कसायपाहुड' की रचना पहले हुई हो या 'पट्खण्डागम' की परन्तु यदि उन्हीं उद्धरणों पर से कसायपाहुड की रचना भूतबलि पुष्पदन्त से पहले कही जाती हो तो नियमतः आपत्ति है। और कोई प्रमाण दिया नहीं गया है। इसलिए बाबू जी का यह कहना भी आकाशकुसुम सौरभवत् ही है।

गोम्मटसार की टीकाओं में भूतबलि को प्रथम सिद्धान्त का कर्त्ता और यतिवृषभ को द्वितीय सिद्धान्त का व्याख्याता अनेक स्थलों में लिखा है। दोनों सिद्धान्तों का जिन जिन ने अपने अपने ग्रन्थों में परिचय दिया है। उनने भी प्रथम पट्खण्डागम का और पीछे कसायपाहुड का परिचय दिया है, जैसे इन्द्रनंदी ने श्रुतावतार में, विबुध श्रीधर ने पद्याधिकारान्तर्गत श्रुतावतार में और ब्रह्म हेमचन्द्र ने श्रुतस्कन्ध में। तथा पट्खण्डागम प्रथम सिद्धान्त है और कसायपाहुड द्वितीय, ऐसी प्रसिद्धि भी चली आ रही है। इन पर से तो यही ज्ञात होता है कि पट्खण्डागम की रचना पहले हुई है और कसायपाहुड की पीछे। फिर भी हमारा इस विषय में कोई अत्याग्रह नहीं है और न हर्ष विषाद ही है। परन्तु विषय को विपरीत समझ कर और उसके बल पर परंपरागत से विपरीत प्रतिपादन कर जो भ्रम फैला दिया जाता है—अवश्य विषादोत्पादक है।

जिनको बाबू जुगलकिशोर जी सूत्रवाक्य बताते हैं उनमें कोई सूत्रता भी तो नहीं। २२ वाँ अनुयोगद्वार जितना ऊपर बाबू जी ने लिखा है उतना ही है, सिर्फ उसके प्रारंभ में मंगलात्मक गाथा है और अन्त में "एवं दोहि उवक्कमेहि कम्मट्ठिदिपरूवणा कायव्वा। एवं कम्मट्ठिदीति समत्तमणियोगद्दार" इतनी भी पंक्ति और है। इस तरह यह अनुयोगद्वार पूर्ण हो जाता है। यदि ऊपर लिखा हुआ पंक्तिवाक्य सूत्रवाक्य है तो उस कुछ को वीरसेन स्वामी स्पष्ट करते? खैर, न किया न सही फिर भी यह पंक्तिवाक्य भूतबलिकृत सूत्रवाक्य नहीं है।

क्योंकि निबन्धादि अठारह अनुयोगद्वार व्याख्याप्रज्ञप्ति गुरूपदेश आदि के आधार पर वीरसेन स्वामी की स्वतंत्र रचना हैं।

चौवीसवां अनुयोगद्वार कुछ बड़ा है। ऊपर लिखे वाक्य के अलावो और ऐसे कई वाक्य उसमें हैं परन्तु वे सब सूत्र नहीं हैं। यथा—

"महावाचयाणमज्जमंखुसमणाणमुवदेसेण लोगे पुण्णे आउअसमं करेदि। महावाचयाण-मज्जणंदीणं समुवदेसेण अंतोमुहुत्तं ठवेदि।

महावाचयाणं खमासमणाणं उवदेसेण सव्वत्थोवाणि कसायउदयट्ठाणाणि, ट्ठिदिबंध-अज्भवसाण ट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि ...... ।

अप्पाबहुएत्ति जमणियोगद्दारं एत्थमहावाचयखमासमणा संतकम्मट्ठाणं करेंदि उत्तर-पयडि संतकम्मेण दंडओ तं जहा .. .. ।"

जैसे ये वाक्य हैं वैसे ही ऊपर बाबू जी द्वारा उल्लिखित अनुयोगद्वारों के प्रारम्भ के वाक्य हैं। इनमें किसी में भी सूत्रता की कोई सूचना नहीं है। यदि इन सब को सूत्रवाक्य माना जाय तो षट्खडागम की रचना महावाचक आर्यनन्दी से भी बाद की सिद्ध हो सकती है। ये सूत्र नहीं हैं और बाबू जी द्वारा उल्लिखित पंक्तिवाक्य सूत्रवाक्य हैं, इसमें कोई विशेष हेतु नहीं दिखता है। हां, भूतबलिकृत सूत्रवाक्य न होकर वीरसेनकृत पंक्तिवाक्य है—इस विषय में तो विशेष हेतु फिर भी दृष्टिगोचर होता है। वह है शेष १८ अनुयोगद्वारों की रचना, भूतबलिद्वारा न होना और वीरसेन-द्वारा होना।

आगे आप लिखते हैं—

"हां 'षट्खंडागम' की धवल नाम से प्रसिद्धि ज़रूर है और वह भी ग़लत प्रचार पर अवलंबित है।"

यहां भी बाबू जी भूलते हैं, भुतबलिकृत 'षट्खंडागम' की धवल नाम से प्रसिद्धि नहीं है। किन्तु धवल को षट्खण्डागम के नाम से प्रसिद्धि उसी के षट्खण्डों पर से है जो गलत प्रचार पर अवलंबित नहीं है। धवल भी षट्-खंडात्मक है फिर उसको षट्खण्डागमरूप प्रसिद्धि ग़लत प्रचार पर अवलंबित कैसे हो सकती है। जब 'महाबंध' पर धवला टीका है ही नहीं तब साधारण व्यक्ति भी जान सकता है कि धवल का छठा खण्ड और कोई होगा जिसके बल पर वह भी षट्खण्डागम कह-लाता है। वह है शेष १८ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा।

आप अपने उक्त कथन पर हेतु देते हैं:—

"क्योंकि धवला टीका वास्तव में समूचे षट्खंडागम की टीका नहीं है बल्कि उसके प्रथम चार खंडों की है।"

इतना ठीक हो सकता है कि धवला टीका भूतबलिकृत छहों खडों की टीका नहीं है। पर वह प्रथम के चार खडों की है यह गलत है। क्योंकि धवला टीका प्रथम के चार खडों की न होकर पाँच खडों की है। जिस का स्पष्टीकरण ऊपर किया जा चुका है।

और भी देखिये—वेदनाखड में स्वय आचाय वीरसेन लिखते हैं —

अवसेसं सुत्तट्ठं वग्गणाए परूवइस्सामो'

अर्थात् सूत्र का अवशिष्ट अर्थ 'वर्गणा' में प्ररूपण करेंगे। इससे स्पष्ट हो जाता है कि 'वर्गणा' का प्ररूपण भी वीरसेन स्वामी ने किया है। वर्गणा का वह प्ररूपण धवल से बहिर्भूत नहीं है किन्तु धवला ही के अन्तर्भूत है। आश्चर्य इस बात का है कि बाबू जुगल किशोर जी 'वेदनाखड' के आगे के 'कम्मपयडिपाहुड' के सभी अनुयोगद्वारों को 'वेदना खड' के समझे हुए हैं। परन्तु उन्हें समझना चाहिए कि वेदनाअनुयोगद्वार का जहा तक वर्णन है वहीं तक वेदनाखड है। उससे आगे फास, कम्म, पयडि, ये तीन अनुयोगद्वार और बधनअनुयोगद्वार के बध और बधनीय ये दो अधिकार खड के हिसाब से वर्गणा खड के हैं। इस वर्गणाखड पर भी वीरसेन स्वामी ने टीका लिखी है। अत धवला टीका प्रथम चार खडों की ही नहीं किन्तु आगे के पाचवें वर्गणाखड की भी है। और उसका छट्ठा खड स्वतन्त्र है अर्थात् मथान्तरों के आधार पर वीरसेन द्वारा रचित है।

फिर आप लिखते हैं —

'अन्त के दो खडों का मूल परिमाण तो इन्द्रनन्दिश्रुतावतार के कथनानुसार प्रथम चार खडों के परिमाण से पचगुने से भी अधिक है।"

यह कथन तो सर्वथा गलत है, क्योंकि इन्द्रनन्दिश्रुतावतार के कथनानुसार अन्त के दो खडों का मूल परिमाण प्रथम के चार खडों के परिमाण से पच गुने से अधिक नहीं है, किन्तु अन्त के एक खड का मूल-परिमाण प्रथम के पाच खडों के परिमाण से पचगुने से अधिक है। यथा—

तेन तत परिपठितां भूतबलि सत्प्ररूपणां श्रुत्वा।
षट्खडागमरचनाभिप्राय पुष्पदन्तगुरो ॥
विज्ञायाल्पायुष्यानल्पमतीन् मानवान् प्रतीत्य तत।
द्रव्यप्ररूपणाद्यधिकारै खंडपचकस्यान्वक् ॥
सूत्राणि षट्सहस्रग्रन्थान्यथ पूर्वसूत्रसहितानि।
प्रविरच्य महाबन्धाह्वय तत षष्ठक खडम् ॥
त्रिंशत्सहस्रसूत्रग्रन्थ व्यरचयदसौ महात्मा।
तेषां पचानामपि खडानां शृणुत नामानि ॥

यहां करकंकण को देखने के लिए आरसी की ज़रूरत नहीं है। ये श्लोक इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार के ही हैं। इन से यह अर्थ तो निकलता है कि भूतबलि आचार्य ने पांच खंडों के छः हजार ग्रन्थ-परिमाण सूत्र पहले रचे जिन में पुष्पदन्त की सत्प्ररूपणा के सूत्र भी सम्मिलित हैं, पीछे उनने महाबन्ध नाम के छट्ठे खंड के तीस हजार ग्रन्थ-परिमाण सूत्र रचे परन्तु यह अर्थ नहीं निकलता कि पहले चार खंडों के छः हजार सूत्र रचे गये और बाद अन्त दो खंडों के तीस हजार सूत्र लिखे। यदि ऐसा लिखा होता तो पहले चार खंड के परिमाण से अन्त के दो खंडों का परिमाण पंचगुना हो सकता था। अधिक तो फिर भी नहीं होता।

लेख बहुत बड़ा हो गया है अतः अब हम पाठकों का अधिक समय नहीं लेना चाहते। सिर्फ इतनी सी सूचना कर देना चाहते हैं कि इसके आगे बाबूजी के उस लेख की अन्तिम पंक्तियों के पढ़ने का यहां भी कष्ट उठावें। "आशा है सत्य के अनुरोध और भ्रामक सूचनाओं के प्रचार को रोकने की सद्भावना से लिखे हुए इस लेख से बहुतों का समाधान होगा और वे सब इस बात का प्रयत्न करेंगे कि भविष्य में इस प्रकार की गलत सूचनाओं का अवरोध होवे, वे फैलने न पाएं और हमारी लेखनी अधिकाधिक सावधान होकर उन्नत पुष्ट एवं निर्भ्रान्त साहित्य तय्यार करने में समर्थ हो सके।"

———

विविध विषय

कतिपय ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ

(१)

कई वर्ष हुए जब हमें श्रीबड़ा मंदिर जी मैनपुरी के शास्त्रभण्डार को देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ था। उस समय हमने उस भाण्डार के कतिपय ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ नोट कर ली थीं। उन्हीं प्रशस्तियों को आज हम यहां उपस्थित करते हैं —

उक्त भाण्डार में लाल गाढ़ा की जिल्द बंधा हुआ एक गुटका है, जिसका आकार १०×१९ अंगुलप्रमाण है। इस गुटके में 'भावत्रिभंगी' व श्रुतिमुनिकृत 'भावसंग्रह' आदि ग्रन्थ संगृहीत हैं। 'भावत्रिभंगी' की प्रशस्ति इस प्रकार है —

"अथ संवत्सरेऽस्मिन् श्रीनृपविक्रमादित्या गताब्द संवत् १६०५ वर्षे चइत्र सुदि द्वादसी १२ बुद्धवार॥ श्रीकाष्ठासंघे। माथुरान्वये। पुष्करगणे॥ भट्टारक श्रीगुणभद्रसूरि देवा॥ तत्सिष्य श्रीमंडलाचार्य श्रीविसालकीर्ति देवा॥ तत्सिष्यसर्वगुणविराजमान मंडलाचार्य मुनि श्रीक्षेमकीर्तिदेवा॥ तत्सिष्य श्रावकाद्दशप्रतिमाधारकान् जिनपदाम्बुज-सेवनीकद्विरफान्, अमोघजीवप्रतिबोधकान्। इत्यादि अनेकगुणविराजमान तान् कान् ब्रह्मचारी नामधेयान् तत्सिष्य पण्डित नरबद नामधेयान्। रामपुरवास्तव्य गोइल गोत्रे। आवहरिया साधु चूहड़। तस्य पुत्र द्वौ प्रथम पुत्र साधु नान्हू। द्वितीय पुत्र। प० चांदण। त्रिभंगीसार कर्मक्षयनिमित्त लिखित॥×॥ सीलतोयतरंगिना त्रिभंगीशास्त्रपठनवागेश्वरी जिनकुलसरोवरमण्डनपद्मिनीमतिं पितृपक्षाकाशमुद्योतनज्योत्स्नासदृशी सद्‌मताभूषणभूषितआही सुन्दरी-समानी पण्डितशिरोमणिअनेकशास्त्रअध्यात्मआगमजलधिपारगतान् श्रीपण्डितदिनकर तत्पुत्री साध्वी तद्दोनामधेयान् पठनार्थं॥ लि० प० चांदणु कर्मक्षयनिमित्त शुभं भवतु मांगल्य ददात् लेखकपाठकयो। ज्ञानवान् ज्ञानदानेन निर्भयोभयदानत। अन्नदानात्सुखी नित्य निर्व्याधिर्भेषज भवेत्। स्तब्धदृष्टिकटिग्रीवरुद्ध दृष्टिरधोमुख। कष्टेन लिखि(त) शास्त्र यत्नेन प्रतिपालयेत्॥"

इससे स्पष्ट है कि संवत् १६०५ में श्री तद्दोनामक महिला परम विदुषी श्राविका रत्न थीं। श्राविकाओं को ज्ञानदान देने का उस समय सर्वथा अभाव नहीं था। इसी गुटके में 'दसभेदसम्यक्त्व' के हिन्दागम में लिखे हुए हैं जिससे सतरहवीं शताब्दी के हिन्दी-गद्य का रूप भासता है। नमूना यूं है —

"वीतराग का आज्ञामात्र रुचि होइ नाय यथावन्नितो जिन। एव आज्ञा सम्यक्त्व ज्ञातव्य॥१॥ मार्गसम्यक्त्व कि। मोक्ष कउ मार्गु रत्नत्रय यतिधम्मु सुणिकरि रुचि उप

जइ। तहा मार्गसम्यक्त्व कहिज्जइ॥ २॥ उपदेस सम्यक्त्व किं । त्रेसठिसलाका पुरुषानि कउ चरित्र सुणिकरि रूचि उपजइ तहा उपदेस सम्यक्त्व कहिजाइ॥ ३॥"

उपरान्त इसमें 'उपासकाध्ययनांग' गाथायें लिखी हैं, जिनका आरम्भ इस गाथा से हुआ है :—

"कदकारिदाणुमणणां। जो गति पणत स हिंसणं णत्थि॥
जत्थवदे थूलथडे। पढमे पच्चक्ख दु ठूणं॥ १॥

"टीका—यत्र स्थूलव्रते प्रथमे अहिंसाणुव्रते मनोवाक्कायोतियोगत्रयेण कृतकारितानुमननं त्रसहिंसनं त्रस विराधनं नास्ति। किं कृत्वा पूर्व्व पच्चक्खदट्ठूणं प्रत्यक्ष त्रसकायान् लोचनाभ्यां दृष्ट्वा न हति॥"

एक अन्य दर्शनीय ग्रन्थ इस भाण्डार में श्वेताम्बराम्नाय का सचित्र 'कल्पसूत्र' है। इसके कुल पत्र ७८ हैं जिनका आकार ७×१५ अंगुलप्रमाण है। प्रत्येक पत्र पर करीब-करीब एक चित्र अंकित है। अंतिम प्रशस्ति निम्न प्रकार है :—

"सवत् १७६५ वर्षे द्वितीय आसूज वदि १३ शनौ श्रीसकल भट्टारिक श्री श्री श्री श्री तिलकसागर सूरीश्वराणाभ्यो इदं पुस्तकं। लिपतं पं० लिक्ष्मीरत्न श्रीरस्तु श्रेय्॥"

हमने इस ग्रन्थ को प्रसिद्ध कलाविद् श्री एन० सी० मेहता, आई० सी० एस० महोदय को दिखाया था, जिन्होंने इस प्रति के चित्रों को कला की दृष्टि से उस समय की अन्य प्रतियों की समकोटि में साधारण वताया था।

इन ग्रन्थों के अतिरिक्त खोज करने पर उक्त भाण्डार में और भी अश्रुतपूर्व ग्रन्थ प्राप्त हो सकते हैं।

—का० प्र०

कतिपय अनूठी हिन्दी रचनायें

(२)

हमारे संग्रह में दो प्राचीन गुटके है। एक गुटका ब्र० ज्ञानसागर जी का ब्र० मतिसागर जी के पठनार्थ लिखा हुआ है। सम्भवतः यह वही ज्ञानसागर जी है, जिनकी निषधिका नशियां जी इटावा में मौजूद है। इस गुटके में 'तत्त्वार्थसूत्र' आदि रचनायें दी हुई है, जिन में एक रचना 'चौवीसतीर्थंकराका गीत' नामक है, जो इस तरह प्रारम्भ होती है :—

"सयल जिणेसर। प्रणमेपाय सरस्वति सामण द्यो मति माय।
हीयडे समरु श्रीगुरुनाम जिम मनिस वंछित सीझइ काम॥ १॥"

इसमें श्रीमल्लिनाथ जी का परिचायक पद्य निम्न प्रकार है, जो सर्वथा दिगम्बर मान्यता के अनुसार है —

"मिथलानयरी महिमाधणी। राजा कुम्भ तात सेहतणो।
प्रभावति राणी नु पुत्र सुनाथ। कल्सलछण प्रणमु मल्लिनाथ॥ २१॥"

किन्तु निम्नलिखित अन्तिम पद्यों से यह रचना तपागच्छीय साधुओं की कृति प्रकट होती है —

"इन्दु वाणारस नयर प्रमाण। पह सवछर सण्या जाणि॥
तपगछ नायक-विभासण भाण। श्रीहेमविमलसूरि जुगप्रधान॥ २८॥
पुज्य सिरोमणी पडितराय। साध विनय गिरुयागुणगाय॥
कमल साधु जयवत मुणद्र। ता सीसय भणइ आणद ॥ २६॥"

अब इन तपागच्छीय साधुओं को श्वेताम्बरीय कहा जाय तो शंका होती है कि उन्होंने अपनी रचना में दिगम्बर मान्यता को क्यों प्रतिपादन किया? पाठकों को शायद स्मरण होगा कि 'भास्कर' की एक पिछली किरण में हम यह अनुमान प्रबल साक्षी के आधार से कर चुके हैं कि तपागच्छीय साधु दिगम्बराम्नाय के भी हुये हैं। क्या उक्त रचना इस अनुमान की पोषक हो सकती है? सुविज्ञ पाठक स्वयं विचार करें।

दूसरा गुटका सं० १८६४ का लिखा हुआ है, जिसमें पहले एक पद किन्हीं कवि धर्मपाल का रचा हुआ निम्न प्रकार है —

"दुख सौं काहे डरै, रे जय दुख सा काहे डरै रे॥
पूरब पाप करत नहि सकयो, अब कहा स्वास भरै र॥ ओ०॥
कर्म भोग भुगत ही बनि है, सिथिल भये न टरै रे।
धीरज धारि मारि मन ममता, यों सब काज सरै रे॥ अरे०॥
करत दीनता जन-जन पै, तेरो कौन सहाइ करै रे।
धरमपाल प्रभु सुमरि जगतपति, वे सब विपति हरै र॥ अरे०॥"

इसमें आगे उल्लेखनीय रचना 'नेमिनाथ जी के कवित्त' (व्याख्यान) नामक है, जिसका प्रारम्भ निम्न लिखित छन्दों से होता है —

"प्रथम नमौं अरहतकौं दूजे सरस्वति माय।
तीनें गुरु को प्रणमि क छुद रचौं हरपाय॥ १॥
जम्बूद्वीप सुहावनो जोजन लख विस्तार।
भरतक्षेत्र दक्षिण दिशा सोरठ देश मंझार॥ २॥ इत्यादि"

काव्य की दृष्टि से यह रचना महत्त्वपूर्ण है। जरा इसके नमूने देखकर उसके महत्त्व का

अनुमान कीजिये। श्रीनेमिनाथ जी के मनमें रागभाव जागृत करने के लिये उनकी भावजें क्या रंगरेलियाँ करती हैं, यह जरा पढ़िये :—

"नेमिनाथ को हाथ पकरि कैं खड़ी भई भावज सारीं।
ओढ़े चीर तीर सरवर कें तहां खड़ी हैं जदुनारी॥
बहुत विनय धरि हाथ जोरि करि मधुरस्वर गावैं गारी॥ प्रभु नाम सार०॥
केइक हांसि विलास करत हैं, केइक कटाक्ष करत प्यारी।
उड़त गुलाल परस्पर ऊपर भूपर बजति सुजनकारी।
केइक प्रभुकों मुख-चुम्बन करि हंसि हसि हंसि देती तारी॥ प्रभु०॥"

पाठक, नेमिनाथ जी से पशुओं ने फरियाद की, उस करुणरस का भी स्वाद लीजिये :—

"हम दीन सुदीनानाथ विना सु भए बहु दीन पुकारत हैं।
हमरे शिशु साल विकार करें सु तुम विनु कौन मिलावत हैं॥
ये प्राण परे जम हाथ अन्हें सो प्रभु विनु कौन छुडावत हैं।
ये वचन सुहीन सुने प्रभजी तव सारथि सौं वतलावत हैं॥ ८७॥"

सारथि से पशुओं की विपदा जान कर नेमि प्रभु ने उन्हें बंधनमुक्त किया और स्वयं जग-बन्धन से मुक्त होने के लिये गिरिनार पर जा विराजे। नववधू राजुल ने जब यह वियोग-समाचार सुने, तब उसकी क्या दशा हुई यह भी कवि के शब्दों में पढ़िये :—

"काहे को सार शृङ्गार करै, सुनि तेरो पिया गिरनार गयो री।
मूर्छित ह्वै धरनी पै गिरी, मनु वज्र-छटा का आनि पर्यो री॥
सुधि-बुधि विसरि गई सु भई मनु तनतै चेतन दूर भयो री।
सीतल पवन सचेत कियो 'सो पी कहाँ' यह नाम लियो री॥ ९७॥"

राजुल वियोग-व्यथा को सहन न कर सकी—वह घर से निकली—गिरिनार पर पहुँचा और नेमि से बोली :—

"नव-भव की तुम सों लगी, प्रीति महा रस भीन।
चूक कहा अवकें प्रभू दसवें भव तज दीन॥ १०२॥
हम दीन भईं विललाइ गईं तुम होऊ दयाल सुनाथ हमारे।
अव मौन तजो मुख वैन भजौ कर जोर के पाइ परों जु तुम्हारे॥
जग-जीवन जीव सु पालत हो मो जीवन की गति नांहि संभारे।
तुम मोह विना निरमोह भए, हम तौ जु पिया अव साथ तुम्हारे॥ १०३॥"

अब आइये पाठक अन्तिम पद्यों में कवि का आत्म-परिचय भी पढ़ लीजिये :—

"अघत जगा नगर में श्रावग वसे सुजान।
देव धरम गुरु गन्थ को है तिनके सरधान॥ ११४॥

करै सरधान सु जिन पहिचान, सु मनमें आनि यही मान ।
देव धरम-गुरु गृन्थ विना, अरु दूजा देव नहीं जानें ॥
समकित की परतीति धरैं, मन और कुक्रिया नहि ठान ।
साधरमी जिन शासनरतो, तिनसा प्रीति सदा उर आनैं ॥ ११५ ॥

तिनम श्रावग सिद्धमनि जिनमारग मे लीन ।
पुत्र चार तिनके भए जिन शासन परवीन ॥ ११६ ॥

प्रथम पुत्र को नाम रतनसम तातैं कहिये मानिकचन्द ।
हरि-उद्योत धरैं अति उज्ज्वल तैसे गुनधारी हरिचन्द ॥
छमा शब्द जगम प्रसिद्ध यह यातैं नाम कुशल है चद ।
सरम नाम सुख के है भाई भयौ परमसुख चौथो नद ॥ ११७ ॥
कुसलचद के नन्द को, नाम झुनक अवधार ।
अल्पमती बहु तुच्छ बुधी कीना यह विस्तार ॥ ११८ ॥
करम जोग इक कारन आए नगर सकूराबाद ।
तहा श्रावग पुनीत बहु तिनके निन सेवा मरजाद ॥
महोकारन सुभ सुफल सुकरि क भयौ नहीं जहा हरष विषाद ।
श्रावग मेघादास तनुजवर तिनसौं मिल पायो अहलाद ॥ ११९ ॥
भइ मित्रता मिलत ही मनमें हर्ष उपाय ।
रघुनन्दन को नाम अब जानो अतिसुखदास ॥ १२० ॥
तिन प्रेमो उपदश दियो जब, कोइ बनावो मगल माल ।
तिनको मन उपदेश लग्यो जब तिनके हेत रच्यौ यह ख्याल ॥
कृष्णापच्छ सत्तमि दिन जानों सोमवार मगसिर सुविसाल ।
तीन चार-वसु-चन्द्र अंक सम्वत्सर के ये जानों हाल ॥ १२१ ॥

अन्त में लिखा है कि "मिती माघसुदी १२ मगलवार सवत् १८६४ दसपत हरचद के ।' इससे स्पष्ट हैं कि अघोतजगो-निवासी कुसलचद के पुत्र झुनकलाल ने सम्वत १८४३ में सकूराबाद के मठ अतिसुखदास जी के कहने पर उक्त रचना रची थी। सकूराबाद वर्तमान जिला मैंनपुरी मे शिकोहाबाद नामक स्थान हैं—इसलिए कवि का निवासस्थान अघतजगा भी उसके निकट होना चाहिये। तहसील अलीगज जिला एटा में अघतिया—सराय नामक एक स्थान है, जहा अब भी जैनी रहते हैं। हमारे खयाल स कवि का निवासस्थान यह अघतिया ग्राम ही था। लिपिकर्त्ता हरचद कवि क चाचा प्रतीत होते हैं। उस समय आगरा प्रान्त में ख्याल बाजी का बहुत प्रचार था—कवि ने भी समयानुसार वैसी ही रचना रची है।

इसी गुटके के अन्त में किन्हीं प्रहलाद कवि-कृत 'श्रीनेमिनाथ जी के कवित्त' भी दिये है जिसका नमूना यूं है .—

"जाके जपतें वपु, तेज बढ़े गजसाज चढे रज रंगी के।
जाके सुमरे सुख सर्व लहे दुख दारिद्र दहे अरंगी के ॥
जाके जग में दिढ़ ध्यान धरै निहचे कल्यान करंगी के।
है मंगल करन हरन संकट पद नेम नवल शिवसंगी के ॥ १ ॥

× × × ×

"तरिहै नहिं दंभ अनेक किये वहु भेप धरें न कछू सरिहै ।
सरिहै जबही सबसौं समता अरु जीवदया मनमें धरिहै ॥
धरिहै उरु ध्यान जिनेश्वर कों भवसागर में न फिरै परि है।
परिहै मति ठीक कही पहलाद विना जिन-भक्ति नही तरिहै ॥"

—का॰ प्र॰

काठियावाड़ की प्राचीनतम जैन मूर्तियाँ।

(३)

जूनागढ़ से उत्तर-पश्चिम की ओर एक छोटी-सी रियासत ढंक नामक है। वरजेस सा॰ ने वहाँ जाकर कुछ मूर्तियो का पता चलाया था। उन्होंने उनको बौद्ध बताया था। परन्तु उनका वर्णन सन्तोषदायक न था। इसलिये हाल मे श्री एच० डी० संकलिया महाशय ढक गये थे और उन्होंने उन मूर्तियों की परीक्षा की थी और अपनी परीक्षा का परिणाम, एक सचित्र लेख के रूप मे, उन्होंने 'जर्नल ऑव दी रायल एशियाटिक सोसाइटी' के जुलाई (१९३८) वाले अङ्क मे प्रकट किया है। पाठकों के परिचय के लिये उसका भावार्थ हम यहाँ सधन्यवाद उपस्थित करते है :—

संकलिया महाशय ने ढंक पहुंचने पर उन मूर्तियो को जैनमत की पाया, जिनको वर्जेस सा॰ ने बौद्ध बताया था। खास बात यह है कि यह मूर्तियाँ काठियावाड़ में सर्व प्राचीन है। 'Moreover, they seem to be the earliest specimens of this or of any other school of sculpture found in Kathiāwār.) यह मूर्तियाँ ढंक की पहाड़ी के निचले छोर पर उकेरी हुई कोठरियों अथवा गुफाओं मे है। यहां की पहली गुफा मे घुसने के लिये चार फीट ऊंचा एक सुराख है, जो दरवाजे का काम देता है। भीतर से गुफा ७ फीट ९ इञ्च चौड़ी व ८ फीट ४ इञ्च लम्बी है, जिस मे तीन आले बने हुए है। एक आला

मुराल के सामने हैं और बाकी दो इधर उधर की दीवालों में एक-एक है। प्रत्येक आले में एक एक पद्मासन दिगम्बर (nude) प्रतिमा है। मूर्तियों का दाहिना हाथ बायें हाथ पर रक्खा हुआ है, जिनकी हथेली ऊपर की ओर है। शीश पर तीन छत्र लगे हुए उकेरे गये हैं। आसपास 'चामर' और उनके ऊपर छोटे छोटे 'विद्याधर' बने हुए हैं। बर्जेस सा० ने इन्हीं मूर्तियों को बौद्ध बताया था, परन्तु वास्तव में ये जैन तीर्थङ्करों की मूर्तियाँ हैं, क्योंकि पहले तो ये नग्न हैं, दूसरे उनकी मुद्रा, और हाथो का सकेत एक जैन तीर्थङ्कर की प्रतिमा के समान हैं। तीसरे ये मूर्तियाँ उनसे सटी हुई अन्य जैन मूर्तियों के अनुरूप हैं। ये मूर्तियाँ सम्भवत आदिनाथ (ऋषभदेव) की हैं।

इस पहाडी पर की चट्टान में भी ऊपर की ओर उकेरी हुई कई मूर्तिया हैं। उस चट्टान के अतिम छोर पर एक स्त्री की मूर्ति है जिसकी गोद में एक बच्चा दायें पाँव पर बैठा हुआ है। उसका दाहिना हाथ दाहिने घुटने पर टिका हुआ है, और ऊपर को सकेत कर रहा है। वह भारी भारी बालिया और बालों की माग में एक चन्दक पहने हुये हैं—बाल लहरीले गुच्छेदार हैं। यह मूर्ति अम्बा अथवा अम्बिका देवी की है। मथुरा के जैनस्तूप पर भी अम्बादेवी की ऐसी ही मूर्तियाँ अङ्कित थीं। मध्यकालीन जैन तक्षण और चित्रकला में अम्बा देवी की मूर्ति एक खास चिह्न है।

अम्बादेवी की मूर्ति से सटी हुई एक नग्न मूर्ति २७ इञ्च ऊची कायोत्सर्ग मुद्रा म अङ्कित है, जिस पर एक सर्प का फन बना हुआ है। यह मूर्ति २३ वें तीर्थङ्कर पार्श्वनाथ की होना चाहिये।

पार्श्वनाथ की इस मूर्ति के पास ही एक पद्मासन मूर्ति ७ इञ्च ऊची बनी हुई है, जिसके निकट एक अन्य नग्न प्रतिमा भी पद्मासन अङ्कित है। इस मूर्ति के सिंहासन में बीच में एक चक्र और एक हिरण उकेरा हुआ है, जिनके आसपास सिंह बने हुए हैं। शीश पर तीन छत्र बने हुए हैं और आसपास चामर बने हुए हैं। हिरण जैन तीर्थङ्कर शान्तिनाथ का लाञ्छन है। अङ्कै (Ankai) की गुफाओं म भी एक ऐसी ही मूर्ति है। इस मूर्ति के निकट कायोत्सर्ग मुद्रा में एक नग्न मूर्ति बनी हुई है, जिसके दोनों ओर दो चमरेन्द्र हैं। इस मूर्ति के कान ज्यादा लम्बे और कधों पर बालों की एक लट रक्खी हुई दरसाई गई है। उसके अतिरिक्त चार मूर्तियाँ और हैं, जो निस्सन्देह जैन तीर्थङ्करों की हैं। अतिम दो के शीश बडे हैं।

इन मूर्तियों पर जो चामरवाहकादि की मूर्तियाँ हैं वह सम्भवत यक्षों की हैं। परन्तु सिवाय शिरोवस्त्र के उनके शेष आयुध आदि नहीं अङ्कित हैं और न यक्षणी साथ में बनी हैं। इससे मालूम होता है कि पहले जैन तीर्थङ्करों की मूर्तियों के साथ केवल सादा यक्ष बनाये जाते थे—यक्षों के आयुधादि एव यक्षिया बाद में बनाई जाने लगी।

अतः ढंक की यह मूर्तियाँ जैनमत की हैं और वस्तुतः यह दिगम्बर साधुओं द्वारा निर्माण की गई थी, क्योंकि अधिकांश मूर्तियां नग्न हैं। निस्सन्देह यह एक आश्चर्यजनक बात है, क्योंकि दिगम्बर जैनधर्म का प्राबल्य काठियावाड़ या गुजरात में शायद ही कभी मिलता है। न तो वह आज वहाँ प्रबल है और न चालुक्य-राज्य-काल में था। इसलिये संभव यह है कि दिगम्बर जैनधर्म इस प्रांत में बहुत पहले क्षत्रप बादशाहों के जमाने में प्रबल प्रचलित था। (It is probable that Digambara Jainism was flourishing is these parts at a much earlier period probably under the Kṣatrapas) *circa* A. D 100-300)) क्योंकि जैन साधुओं और आर्यिकाओं का अस्तित्व शिलालेखों से सिद्ध है। इन मूर्तियों का सादृश्य कुशानकालीन मथुरा की मूर्तियों से है। अतः ढंक की इन मूर्तियों से काठियावाड़ की मूर्ति-कला के इतिहास का एक नया अध्याय प्रारम्भ होता है।

नोट—मान्य लेखक ने यक्ष-यक्षिणी के विषय में जो मत प्रकट किया है वह ठीक नहीं जंचता क्योंकि प्राचीन मूर्तिकला में यक्षियों की मूर्तियां भी अङ्कित हुई मिलती हैं। स्वयं ढंक (Dhank) की मूर्तियों में लेखक ने अम्बादेवी की मूर्ति देखी है, जो तीर्थङ्कर अरिष्टनेमी की यक्षी (शासनदेवी) है। सो उनका यह अनुमान ठीक है कि गुजरात में दिगम्बर जैनों की प्रधानता का काल बहुत प्राचीन है। दिगम्बर जैन साहित्य से भी इसका समर्थन होता है। जिस समय की यह मूर्तियाँ और अन्यो एवं जूनागढ़ के शिलालेख हैं, उस समय दिगम्बर जैन संघ के प्रमुख ऋषिगण जूनागढ़ की गुफाओं में वास करते थे। इस विषय पर हम एक स्वतन्त्र लेख लिखने का विचार रखते हैं। —का० प्र०

श्रीपद्मनन्दि विरचित

"जम्बूद्वीप-प्रज्ञप्ति-संग्रह"

(४)

भारतीय भूगोलवाद एक स्वतंत्र विषय है। संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के प्राचीन और अर्वाचीन अनेक जैन ग्रन्थों में इस विषय का प्रतिपादन खूब ही विशद और सूक्ष्मरीति से हुआ मिलता है। अर्द्धमागधी (श्वे०) आगमसाहित्य में 'सूरपण्णत्ति' (सं० सूर्यप्रज्ञप्ति) 'जम्बूदीव-पण्णत्ति' (सं० जम्बूद्वीप-प्रज्ञप्ति) और 'चंदपण्णत्ति' (सं० चन्द्रप्रज्ञप्ति) ग्रंथ इस विषय के उल्लेखनीय हैं। जैन भूगोलवाद (अथवा कहिए 'करणानुयोग') का श्रेष्ठ प्रतिपादन डॉ० करफेल के 'डै कोस्मोग्रैफी डेर इंडेर' नामक जर्मन भाषा के ग्रन्थ (पृष्ठ २०८-३४०) में अच्छा हुआ है। उन्होंने अपने ग्रन्थ-निर्माण में अनेक श्वेताम्बरी-ग्रन्थों का साहाय्य लिया है। दिगम्बरीय साहित्य में से उन्होंने श्रीइन्द्रवामदेव कृत 'त्रैलोक्यदीपिका'

और नेमिचन्द्राचार्यकृत 'त्रिलोकसार' ग्रन्थों पर अपना आधार अवलम्बित रक्खा है। वैसे दिगम्बर साहित्य में इस विषय के प्रमुख ग्रन्थ प्राकृत भाषा में रचे हुये श्रीयतिवृषभ-कृत 'तिलोयपण्णत्ति' (स० त्रिलोकप्रज्ञप्ति) और श्रीपद्मनन्दिकृत 'जम्बूदीवपण्णत्ति' (स० जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति) समझे जाते हैं। जहां तक ज्ञात हुआ है, इन ग्रन्थों की कोई भी टीकायें उपलब्ध नहीं हैं। उस पर यह विषय इतना विक्षिप्त और गहन है तथा मूल ग्रन्थ इतने अशुद्ध लिखे हुये मिलते हैं कि शोधक को पद पद पर कठिनाइयों का ही सामना करना पड़ता है। हाँ, भाषाज्ञान की दृष्टि से यह दोनों ग्रन्थ बड़े महत्त्व के हैं, क्योंकि शोधक को उनमें प्राकृत व्याकरण के लिये बहुत सा नया मसाला मिलता है। 'तिलोयपण्णत्ति' (मूल) का सम्पादन और प्रकाशन जैनएंटीक्वेरी' (आरा) में क्रमश हो रहा है। प्रस्तुत लेख में 'जम्बूदीवपण्णत्ति' के विषय में विचार किया गया है, जिसकी एक प्रति हाल ही में प्रो० उपाध्ये को प्राप्त हुई थी। उसी के आधार से उन्होंने एक लेख अंग्रेजी में प्रकट किया है, जिसका यह स्वतन्त्र अनुवाद पाठकोंको सधन्यवाद समर्पित है।

प्रो० उपाध्ये की इस प्रति का आकार १४×८½ इंच है और यह हाल ही में वैशाख सुदी १ स० १९७१ को लिपि हो करके 'ऐलक पन्नालाल दिग० जैन पाठशाला, शोलापुर' में आई है। इसमें कुल ८४ पन्ने हैं। यद्यपि यह प्रति बडे बडे देवनागरी लिपि के अक्षरों में बहुत शुद्धता पूर्वक लिखी गई है, फिर भी लेखक से इसमें जहाँ तहाँ अशुद्धियाँ हो गई हैं।

लिपिकर्त्ता ने इसका नाम 'जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति' लिखा है, किन्तु ग्रन्थ का यथार्थ नाम जैसे कि उसके उद्देश्यों की अंतिम पंक्तियों से प्रकट है, 'जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति संग्रह' है। 'संग्रह' शब्द से स्पष्ट है कि ग्रन्थकर्त्ता ने किसी प्राचीन ग्रन्थ के आधार से अपना ग्रन्थ रचा है—सम्भवत उनका आधारभूत ग्रन्थ 'दीवसागरपण्णत्ति' नाम का था। जैसे कि निम्नलिखित गाथाओं से भासता है –

दे वन्दिदूण सिरसा वोच्छामि जहा-क्कमेण जिण दिट्ठं।
आयरियपरम्परया पण्णत्तिं दीव जलधाणं॥
आयरिय परम्परया सायर-दीवाण तहा य पण्णत्ती।
संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए॥

ग्रंथ में कहा गया है कि इस विषय का प्रतिपादन महावीर स्वामी ने किया था और गण धरों ने उसको ग्रंथबद्ध-रूप दिया था जो आचार्य परम्परा से चला आया। (१ ८ व १३ १४१ इत्यादि)। पद्मनन्दि जी का कहना है कि जो कुछ उन्होंने लिखा है वह आचायपरम्परा द्वारा प्राप्त विषय का सारमात्र है —

'आयरिय परम्परेण य गंथत्थं चेव आगयं सम्मं।
उवसंहरित्थ लिहियं समासदो हि णायव्वं[1]॥'

---

१ यह पद अशुद्ध प्रतीत होता है।

इस ग्रन्थ मे कुल १३ उद्देश हैं और कुल गाथाय २४२६ हैं, जैसे कि निम्नोक्त मानचित्र से स्पष्ट है :—

उद्देशों के नाम	गाथाओं की संख्या
१—उवघाय-पत्थावो[1]	७४
२—भरहेरावय-वंस-वण्णणो	२१०
३—पव्वद्-नदी-भोगभूमी-वण्णणो	२४६
४—महाविदेहाहियारे चत्तदेशो[2]	२९१
५—महाविदेहाहियारे मन्दरगिरि-जिणभवण-वण्णणो	१२५
६—महाविदेहाहियारे देवकुरु-उत्तरकुरु-विण्णास-पत्थारो	१७७
७—महाविदेहाहियारे कच्छाविजय-वण्णणो	१५२
८—महाविदेहाहियारे पुव्वविदेह-वण्णणो	१९८
९—महाविदेहाहियारे अवर-विदेह-वण्णणो	१९७
१०—लवण-समुद्द-वावण्णणो	१०२
११—बाहिर-उहार-दोव-दीसायर नरयगदि-सिद्धखेत्त वण्णणो	३६५
१२—जोइसलोय-वण्णणो	११२
१३—पमाण-परिच्छेदो	१७६

उद्देशों के नामों से ही ग्रन्थ के विषयों का आभास होता है। समूचा ग्रंथ गाथा-छन्द में लिखा हुआ है और प्राकृतभाषा 'जैनसौरसेनी' है।

यद्यपि ग्रंथ-निर्माण-तिथि लिखी हुई नहीं है, परन्तु पद्मनन्दि जी ने अन्तिम गाथाओं में अपनी गुरुपरम्परा का परिचय अवश्य कराया है। उससे प्रकट है कि वारनन्दिनामक एक आचार्य थे, जो पंचमहाव्रतधारी-सम्यक्त्वविशुद्धज्ञानी-संयमी-तपस्वी-निर्मोही-साहसी-पंचाचारयुक्त-षट्कायजीवप्रतिपालक और सुख-दुःख की वेदना से रहित थे (१३।१५८-९)। उनके शिष्य बलनन्दि हुये, जो सूत्रों और सूत्रार्थों के विशेष ज्ञाता थे, महान् बुद्धिमान् थे, मोह-ममता-विहीन थे और रत्नत्रयधर्म के धारक थे (१३।१६०।१)। इन बलनन्दि के शिष्य पद्मनन्दि हुये, जो गुण-गणालंकृत, त्रिदंडदोषरहित, त्रिशल्यशूलविहीन त्रि-गारव-मुक्त, सिद्धान्त के पारगामी, तपादियुक्त, रत्नत्रयधर्म के आराधक, और पापों से मुक्त थे। (१३। १६२-३) पद्मनन्दि जी बतलाते हैं कि उन्होंने सिद्धान्त का ज्ञान श्रीविजय के निकट से प्राप्त किया था, जिनका उल्लेख ऋषि विजय के रूप में भी हुआ है। वह अध्यात्मगुणों से विभू-

१ अंतिम शब्द अशुद्ध प्रतीत होता है।

२ अंतिम शब्द 'यच्चारो' भी पढ़ा जाता है। —श्रीउपाध्ये जी

पित एक महान् साधु और परमागमके शिक्षक थे। (१३।१४४ ५ व १६४) उस समय माघ नन्दिनामक एक प्रसिद्ध और ज्ञानी साधु थे, जिनके एक बुद्धिमान् शिष्य सकलचन्द्रनामक थे। इन सकलचन्द्र के शिष्य श्रीनन्दि थे। इन श्रीनन्दि के लिए ही पद्मनन्दि जी ने इस ग्रन्थ की रचना की थी। यह ग्रन्थ उस समय रचा गया था जब पद्मनन्दि जी वारा नगर में विराजमान थे। यह नगर पारियत्रदेश में अवस्थित था और उस समय वहा का राजा शातिभूपालनामक था। (वारा नयरस्स पहू नरत्तमो शातिभूपालो, १६६) उनका सम्मान नरपति ने किया था और वह एक वीर धर्मगुणों से अलङ्कृत एव जैनधर्म के भक्त पुरुष थे। सक्षेपरूप में यू कहिये कि पद्मनन्दिनामक एक साधु थे, जिनके पूर्वज वीरनन्दि के शिष्य बलनन्दि थे। उन्होने श्री विजय से सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त किया और माघनन्दि के प्रशिष्य एव सकलचद के शिष्य श्री-नन्दि के लिये यह 'जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसग्रह नामक ग्रन्थ पारियत्रदेश के वारा नगर में रचा था, जहा पर उस समय शातिभूपाल राज्य कर रहे थे। इस ग्रन्थ की अन्य प्रतियां मिलने पर इसकी निर्माण तिथि आदि पर ऊहा पोहात्मक विचार किया जायगा।

(नोट—'इडियन हिस्टॉरीकल क्वाटरली, भा० १४, अक २ में प्रकाशित लेख का अनुवाद। —का० प्र०

"जैन एण्टीक्वेरी" के लेख

(भा० ५ कि० २)

(५)

१—प्रो० ए० चक्रवर्ती महोदय ने एक लेख माला 'तामिल भाषा में जैन साहित्य' विषय पर लिखी है, जो क्रमश प्रकट होना प्रारभ हुई है। लेखमाला के इस अश में प्रो० महाशय ने प्रकट किया है कि तामिल साहित्य प्राचीनतम काल से जैनधर्म और जैन सस्कृति से प्रभावित हुआ था। वैदिक-मतानुयायियों म भी प्राचीनकाल से एक ऐसा सम्प्रदाय था जो हिंसक यज्ञों के विरुद्ध था। 'ऋग्वेदसहिता' मे ऋषभ और अरिष्टनेमि तीर्थङ्करों का उल्लेख है। ब्राह्मण-ग्रन्थों से भी पूर्वी भारत में अहिंसा धर्म क माननेवाले आर्यो का पता चलता है। जैन शास्त्रों से प्रकट है कि सब ही तीर्थङ्कर क्षत्रिय और पूर्वीय भारत के अधिवासी थे। उप-निषदों से भी पूर्वीय आर्य क्षत्रियों का अहिंसाधर्म का अनुयायी होना प्रकट है। दक्षिण भारत में जैनों का आगमन भद्रबाहुजी श्रुतकेवली के समय में अनुमान किया जाता है, परन्तु वास्तव में जैनधर्म दक्षिण भारत में उनसे भी पहले विद्यमान था। वैदिक धर्म का प्रचार दक्षिण में इसके दीर्घकाल पश्चात् हुआ था।

२—प्रो० कालीपाद मित्रा ने कुरुवशी सम्राट श्रेयाँस के पूर्व भवों का वर्णन लिखा है।

३—कामता प्रसाद जैन ने 'जैनकालगणना' में तीर्थङ्कर कुथुनाथ से तीर्थकर नेमिनाथ तक की घटनाओं का उल्लेख किया है।

४—प्रो० दशरथ शर्मा ने वि० स० ११७६ के जाङ्गल (बीकानेर) से उपलब्ध एक शिलालेख का प्रतिपादन किया है, जिसमें श्रीशान्तिनाथ की मूर्ति के बनवाने का उल्लेख है।

—का० प्र०

साहित्य-समालोचना

द्रव्य-संग्रह

(१)

मूलरचयिता—श्रीनेमिचन्द्र मुनि; टीकाकार—पं० भुवनेन्द्र "विश्व"; प्रकाशक—सरल-जैन-ग्रन्थ-माला-जवाहरगंज, जब्बलपुर; मूलभाषा—प्राकृत; टीका-भाषा—हिन्दी, साइज—डबल क्राउन सोलहपेजी: पृष्ठसंख्या—८७, मूल्य—जिल्दवाली छः आने, बिना जिल्द—पाँच आने, मुद्रण-समय—१९३८ ई०; कागज मुद्रण आदि सुन्दर।

द्रव्यसंग्रह के अभी तक हिन्दी मे कई संस्करण निकल चुके हैं। पर उन सभी संस्करणों में यह संस्करण विशेष उल्लेखनीय है। इसका कारण यह है कि उन संस्करणों की अपेक्षा इसमे कई विशेषतायें हैं। जैसे—ग्रंथगत प्रत्येक अधिकार का सारांश, अर्थ-संग्रह—ग्रन्थगत कठिन सांकेतिक शब्दों का सरलार्थ, भेदसंग्रह—ग्रन्थगत पारिभाषिक शब्दों के भेदों का खुलासा, प्रश्नपत्रसंग्रह, ग्रन्थकर्त्ता का परिचय, छः द्रव्यों के चित्र, चार्ट एवं विवरण, आवश्यक फुटनोट, अकारादिक्रम से गाथा-सूची आदि।

एक बात और है कि यह संस्करण कई विद्वानों के परामर्श, सहयोग एवं संशोधन से अधिक परिष्कृत हो गया है। साथ ही साथ अब की बार राजाराम कौलेज कोल्हापुर के अर्द्धमागधी के सुयोग्य प्रोफेसर श्रीयुत ए० एन० उपाध्ये एम० ए० के द्वारा मूल गाथाओं का संशोधन भी कराया गया है। वास्तव मे द्रव्य-संग्रह में जैनधर्म का सिद्धान्त अधिक सरलता से थोड़े ही शब्दों में आकर्षक पद्धति से भर दिया गया है। इसी से यह ग्रन्थ प्रत्येक जैनपरीक्षालय की पाठ्यपुस्तकों मे भी संमिलित है। एस० सी० घोषाल के द्वारा अनुवादित होकर सन् १९१७ मे इसका एक सुन्दर अंग्रेजी-संस्करण भी निकल चुका है। मराठी, कन्नड आदि अन्यान्य भारतीय भाषाओं में भी इसके कई संस्करण निकल चुके हैं। पाठ्यपुस्तकों को अधिक से अधिक सुलभ शैली में तैयार कराकर प्रकाशित करने की शख्त ज़रूरत है। बड़े हर्ष की बात है कि सरलजैनग्रन्थमाला जब्बलपुर ने इस पुनीत कार्य को अपने हाथ मे लिया है। प्रस्तुत इस संस्करण को उपयोगी ढंग से तैयार कर प्रकाशित करने के उपलक्ष में उक्त ग्रन्थमाला के सुयोग्य स्वामी पं० भुवनेन्द्र जी विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

एक बात और रह गयी। वह यह है कि श्रीयुत पं० जुगल किशोर जी के विचार से इस द्रव्यसंग्रह के कर्त्ता त्रिलोकसारादि ग्रन्थों के रचयिता सुप्रसिद्ध आचार्य सिद्धान्तचक्रवर्त्ति नेमिचन्द्र न होकर नेमिचन्द्र मुनि नामक उनसे भिन्न रचयिता हैं। पर प्रस्तुत संस्करण के

प्रारम्भ में दिये गये ग्रन्थकर्त्ता के जीवनचरित्र में 'त्रिलोकसार' एवं 'द्रव्यसंग्रह' इन दोनों की अंतिम गाथाओं को उद्धृत कर इनका साम्य दिखलाते हुए दोनों के ग्रन्थों के रचयिता एक ही नेमिचन्द्र हैं यों प्रकट किया गया है। अब प० जुगलकिशोर जी इस पर विचार कर अपने पूर्व विचार को पुष्ट युक्तियों से सिद्ध कर दिखावें या परम्परागत इस बहुमत को ही मान लें। क्योंकि इस बात का निर्णय हो जाना आवश्यक है। इस संस्करण में जहां तहां जो मुद्रण-दोष रह गये हैं वे सुधारणीय हैं।

के० भु० शास्त्री

इष्टोपदेश

(२)

मूलरचयिता—आचार्य श्रीपूज्यपाद, टीकाकार—आस्थानविद्वान् न्यायतीर्थ श्रीयुत प० ए० शान्तिराज शास्त्री, प्रकाशिका—श्रीमती देजम्म पणपीन, मूलभाषा—संस्कृत, टीकाभाषा कन्नड, साइज—डबल क्राउन सोलहपेजी, पृष्ठसंख्या ४८, मूल्य—शास्त्रविनय, पठन और आत्मकल्याण, मुद्रणसमय १९३८ ई०, कागज और मुद्रण सन्तोषप्रद।

दक्षिणभारत के जैनियों में आश्विन शुक्ल अष्टमी 'जीवदयाष्टमी' के नाम से प्रख्यात है। वहाँ का जैन समाज इसे एक परमपुनीत पुण्य दिवस कहकर अपनाता आ रहा है। कब से और क्यों दक्षिणभारत में ही यह क्यों प्रचलित हुआ यह बात अभी अन्वेषणीय है। मेरा अनुमान है कि हिन्दुओं के नवरात्र में जोरों से प्रचलित हिंसामयी दुर्गाष्टमी की ओर लक्ष्य कर के उधर से सात्विक पूजा की ओर जनता को खींचने के लिये ही जैनियों में यह जीवदयाष्टमी प्रचलित हुई होगी। बल्कि दक्षिणभारत के समान ही उत्तरभारत में भी जहाँ-तहाँ उक्त इन नौ दिनों में ज्वालामालिनी पद्मावती आदि शासनदेवियों की सात्विक पूजा जैनियों में अवश्य होती है। जीवदयाष्टमी की कथा यशस्तिलकचम्पू, यशोधरचरित्र आदि संस्कृत एवं कन्नड आदि भारतीय भिन्न भिन्न भाषामयी रचनाओं में विस्तारपूर्वक अङ्कित है। दक्षिण के अन्यान्य स्थानों के समान उस रोज खासकर मूड़बिद्रे में आसपास के हजारों जैनी एकत्रित हो पुरातन बहुमूल्य जैन मन्दिरों का दर्शन, पूजन, व्याख्यान श्रवणादि के द्वारा पुण्य संचय किया करते हैं। उस दिन प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रकाशिका श्रीमती देजम्म एवं आपके श्रद्धेय पति श्रीधर्मश्रेष्ठी की ओर से उपस्थित सभा सज्जनों को बड़े प्रेम एवं विनय के साथ प्रतिवर्ष 'फलाहार' कराया जाता है और वहाँ के अमूल्य रत्नमूर्त्तियों के दर्शन के साथ-साथ भिन्न भिन्न विद्वानों के द्वारा तैयार कराकर एक नया ग्रन्थ सबों को सादर भेंट किया जाता है। यह इष्टोपदेश इसी वर्ष की जीवदयाष्टमी का उपहार

ग्रन्थ है। श्रीमतीजी इसी प्रकार कई साल से शास्त्रदान करती आ रही हैं। यह दम्पती एक प्रसिद्ध जैनराजवंश के होते हुए भी बड़े ही विनयी एवं निरभिमान धर्मात्मा हैं।

इस पुस्तक के मूलरचयिता प्रातः स्मरणीय आचार्य श्रीपूज्यपादजी हैं। इन के विषय में 'भास्कर' भाग ५, किरण १ में श्रीयुत पं० जुगल किशोर जी मोख्तार ने 'श्रीपूज्यपाद और उनका समाधितन्त्र" शीर्षक लेख में अच्छा प्रकाश डाला है। अतः यहां पर उसकी पुनरावृत्ति पिष्टपेषणमात्र समझ कर नहीं की गयी। वास्तव में यह एक बहुमूल्य मौलिक अध्यात्मक ग्रन्थ है। इस में पूज्यपादजी की सर्वतोमुखी प्रतिभा का सुन्दर निदर्शन मिलता है। अब रही इस की कन्नडटीका। टीकाकार शास्त्रीजी एक अनुभवी सिद्धहस्त लेखक हैं। टीका सुगम एवं सुन्दर है। हाँ, प्राक्कथन में ग्रन्थकर्त्ता का कुछ और विशेष परिचय दिया जाता तो और अच्छा होता। मैं बहुत दिनों से इसकी कन्नडटीका लिखना चाहता था। अवकाशाभाव से वह नहीं हो सका। पर अपनी चिरकालीन अभीष्ट-पूर्ति श्रद्धेय शास्त्री जी के द्वारा होती देखकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई। प्रकाशिका जी से मेरा साग्रह अनुरोध है कि आगामी वर्ष आप इन्हीं पूज्यपाद जी के समाधितन्त्र या शतक को शास्त्रदान के लिये चुनेंगी। इस प्रकार अनेक आर्ष ग्रन्थ धीरे-धीरे कन्नड-भाषा में भी प्रकाश में आ जायेंगे।

तिलोयपण्णत्ती

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये.

देसविरदादि उवरिमदसगुणठाणाणि हेदुभूदाओ।
जाउ उवसोधियाउ फइया विण ताउ जायति ॥२७६॥
पज्जत्तापज्जत्ता जीवसमासा य होति पदाण।
पज्जत्ती छ भेया तेत्तियमेत्ता अपज्जत्ती ॥२७७॥
पच वि इदियपाणा मणवचिकायाणि आउपाणा य।
अणाप्पाणप्पाणा दस पाणा होंति चउ सण्णा ॥२७८॥
णिरयगदीए सहिदा पचक्खा तह य होति तसकाया।
चउमणवचदुवेगुव्वियकम्मइयसरीरजोगजुदा ॥२७९॥
अच्छंति णपुसयवेदा णारयजीवा य दव्वभावेहिं।
सयलकसायासत्ता सजुत्ता णाणछक्केण ॥२८०॥
सव्वे णारइया खु णियमेहिं असजमेहिं परिपुण्णा।
चक्खुअचक्खूओहीदसणतिदएण जुत्ता य ॥२८१॥
भावेसु तियलेस्सा ताओ किण्हा य णील्काओदा।
वेणुकडकिण्हा भव्वाभव्वा य ते सव्वे ॥२८२॥
छस्सम्मत्ता ताइ उवसमखइयादवदगमिच्छो।
सासणमिस्सा य तहा सणी आहारिणो अणाहारा ॥२८३॥
सायारअणायारा उवयोगा दोण्णि होति तेसिं च।
तिव्वकसाएण जुदा तिव्वोदयअप्पसत्तपयडिजुदा ॥२८४॥

। गुणठाणादि सम्मत्ता।

पढमधरतमसण्णी पढमबिदियासु सरिसओ जादी।
पढमादीतदियत पक्खिभुयगादि यायए तुरिम ॥२८५॥
पचमखिदिपरियत सिंहो इत्थी वि छट्ठखिदिअत।
आसत्तमभूवलय मच्छो मणुवो य वच्चति ॥२८६॥
वट्टसगछक्कपणचउतियदुगवारो य सत्तपुढवीसु।
कमसो उप्पज्जते असणिपमुहाइ उकस्से ॥२८७॥

॥ उप्पज्जमाणजीवाण वण्णणा सम्मत्ता॥

चउवीस मुहुत्ताणि सत्त दिणा पक्खपक्ख मास च।
दोचउछम्मासाइ पढमादो जम्ममरणअंतरय ॥२८९॥

मु २४ दि ७ दि १५ मा १ । मा २
मा ४ मा ६ ॥

रयणादिणारयाणं णियसंखा द्वोयसंखभागमिदा।
पडिसमयं जायंते तेत्तियमेत्ता य मरंति पुढं ॥२९०॥

॥ जम्मणमरणाणंतरकालपमाणं सम्मत्तं ॥

२ । ३ । १२२ १०३ । ६२ । ३२ । ५२ ।
१ २

उप्पज्जं ।

णिक्कंता णिरयादो गब्भेसुं कम्मसंणिपज्जत्ते।
णरतिरिएसुं जम्मदि तिरियच्चिय चरमपुढवीए ॥२९१॥
वालीसुं दाढीसुं पक्खीसुं जलचरेसु जाऊणं।
संखेज्जाउगजुत्ता केई णिरएसु वच्चंति ॥२९२॥
केसवबलचक्कहरा होंति कयावि णिरयसंचारी।
जायंते तित्थयरा तदीयखोणीए परियंतं ॥२९३॥
आतुरिमखिदी चरमंगधारिणो संजदा य धूमंतं।
छट्ठंतं देसवदा सम्मत्तधरा केइ चरिमंतं ॥२९४॥

। आगमणवण्णणा सम्मत्ता ।

आउस्स बंधसमए सिलो व्व सिलो व्व वेणुमूले य।
किमिरायकसाया उदयम्मि बंधेदि णिरयाऊ ॥२९५॥
किण्हादितिलेस्सजुदा जे पुरिसा ताण लक्खणं एदं।
गोत्तं तह सकलत्त[1] एक्कं वंछेदि मारिदुं दुट्ठो ॥२९६॥
किण्हा य णीलकाऊणुदयादो बंधिऊण णिरयाऊ।
मरिऊण ताहिं जुत्ता पावइ णिरयं महाघोरं ॥२९७॥
धम्मदयापरिचित्तो[2] अमुक्कवेरो पयंडकलहयरो।
बहुकोहो किण्हाए जंमदि धूमादिचरिमंते ॥२९८॥
विसयासत्तो विमदी माणी विण्णाणवज्जिदो मंदो।
अलसो भीरू मायापवंचबहुलो य णिद्दालू ॥२९९॥
परवंचणप्पसत्तो लोहंधो धणसुहाकंखी।
बहुसण्णा णीलाए जम्मदि तं चेव धूमंतं ॥३००॥
अप्पाणं मण्णंता अण्णं णिंदेदि अलियदोसेहिं।
भीरू सोकविसण्णो परावमाणी यसूयाअ ॥३०१॥

1 A सकलं तं ; 2 परिचत्तो (?) ।

अमुणियकज्जाकज्जो धूयतो परमपहइ सव्वहइ (?)।
अप्प पिर मराणतो पर पि कस्स पि रा पत्तिअइ ॥३०२॥
थुव्वतो देइ धरा मरिदु वछेदि समरसंगट्टे।
काऊए मणुस्सो जमदि घम्मादिमेघत ॥३०३॥

॥ आउगबंधरणपरिणामा सम्मत्ता ॥

इन्द्रियसेढीबद्ध पइएणयाण हवंति उवरिंमि।
बाहिं बहुलस्सिजुवा अहोमहायधोमुहाकंठा ॥३०४॥
चेट्ठंदि जम्मभूमी सा[1] धम्मप्पहुदिखेत्तिदियमि (?)।
उत्तियकोत्थलिकुभीमोद्दलिमोग्गरमुइंगणालिणिहा ॥३०५॥
गोहत्थितुरयभत्थो अत पुढ अयरीसव्वोणीओ।
चउपंचमपुढवीसु आयारो नम्मभूमीणं ॥३०६॥
झल्लरिमल्लयपत्थीकेयूरमसूरसाणयरिलिणा।
धयदीविचक्कवायसिगालसरिसा महाभीमा ॥३०७॥
अजखरकरहमभिच्छा सदोलगरिक्खसगिहायारा।
छसत्तमपुढवीण दुरिक्खणिज्जा महाघोरा ॥३०८॥
करवत्तसरिच्छाओ अतट्ठा समवट्टाऊ य।
मज्जरमइयो णारयजम्मणभूमीउ भीमाए ॥३०९॥
अजगजमहिसतुरगमखरोट्ठमज्जारमेसपहुदीणं।
कुथिताणं गधादो णिरए गधा अणतगुणा ॥३१०॥
पणकोमसासजुत्ता होति जहराम्मि जम्मभूमीओ।
जेट्ठचउस्सयाणि दहपरणाम च मज्झिमए ॥३११॥

५।४००।१०।१५।

जमणखिदीण उदया णियणियरुदाणि पंचगुणिदाणि।
सत्ततिदुगेक्कोसा पण कोसा होंति पगाउ ॥३१२॥

२५।२०००।५०।७५।

पक्कदुतिपंचसत्त य जमणखेत्तेसु वारकोणाणि।
तेत्तियमेत्ता वारा सदावहे पइएणए पउ ॥३१३॥
तिद्वारतिकोणाउ इत्थयणियाणि जम्मभूमीउ।
णिच्चधयारबहुला कत्थुरिरहिता[2] अणतगुणो ॥३१४॥

---

1 S साधम्मपहुदि। 2 कत्थुरिहिता (?)।

। जम्मणभूमिगदा ।

पावेणं णिरयविले जादूणं ता मुहुत्तगंमेत्ते ।
छप्पज्जत्ती पाविय आकंसिय भयजुदो होदि ॥३१५॥
भीदीए कंपमाणो चलिदुं दुक्खेण पच्छिओ संतो ।
छत्तीसाउहमज्झे पडिदूणं तत्थ उप्पलइ ॥३१६॥
उच्छेहजोयणाणि सत्तधणूच्छसहस्सपंचसया ।
उप्पलइ पढमखेत्ते दुगुणं दुगुणं कमेण सेसेसु ॥३१७॥

जो ७ ध ६५०० ।

दट्ठूणमयसिलंबं जह वग्घो तह पुराणणेरइया ।
णवणारअं णिसंसा णिब्भच्छंता पधावंति ॥३१८॥
साणगणा एक्केक्के दुक्खं धावंति दारुणपयारं ।
तह अण्णोण्णं णिच्चं दुस्सहपीडादि कुव्वंति ॥३१९॥
चक्कसरसूलतोमरमोग्गरकरवत्तकोंतसूईणं ।
मुसलासिप्पहुदीणं वणणगदावाणलादीणं ॥३२०॥
वयवग्घतरच्छसिगालसाणमज्जालसीहपसूणं ।
अण्णोण्णं च सदा ते णियणियदेहं विगुव्वंति ॥३२१॥
गहिरविलधूममारुदअइतत्तकहल्लिजंतचूलीणं ।
कंडणिपीसणिदव्वीणरूवमण्णे विकुव्वंति ॥३२२॥
सूवरवणग्गिसोणिदकिमिसरिदहकूववाइपहुदीणं ।
पुहुपुहुरूवविहीणा णियणियदेहं पकुव्वंति ॥३२३॥
पुच्छिय पलायमाणं णारइयं वग्घकेसरिप्पहुदी ।
वज्जमयवियलतोंडा कत्थवि भक्खंति रोसेण ॥३२४॥
पीलिज्जंते केई जंतसहस्सेहि विरसविलवंता ।
अण्णे हम्मंति तहिं अवरे छेज्जति विविहभंगीहिं ॥३२५॥
अण्णोण्णं वज्झंते वज्जोवमसंखलेहि थंभेसु ।
पज्जलिदम्मि हुदासे केई छुभंति दुप्पिच्छे ॥३२६॥
फालिज्जंते केई दारुणकरवत्तकट्टअमुहेहिं ।
अण्णे भयंकरेहि विज्झंति विचित्तभल्लेहि ॥३२७॥
लोहकलाहावट्टिदतेल्ले तत्तंमि केवि छुभंति ।
पत्तूणं पव्वंते जलंत जालुक्कडे जलणे ॥३२८॥

इगालजालमुम्मुरअग्गीदज्झतमहसरीरा ते।
सीदलजलमणणता धाविण पविसंति वइतरिणि ॥३२६॥
कत्तरिसलिलायारा णारइया तत्थ ताण अंगाणि।
छिंदति दुस्सहाओ पाविता विविहपीडाओ ॥३३०॥
जलयरकच्छवमड्डूकमयरपहुदीण विविहरूवधरा।
अण्णोण्णं भक्खंत वइतरिणिजलचरंमि णारइया ॥३३१॥
विउलसिलाविच्चाले दट्ठूण बिलाणि जंति पविसंति।
तत्थ वि विसालजालो उट्ठदि सहसा महाअग्गी ॥३३२॥
दारुणहुदासजालामालाहिं दज्झमाणसव्वंगा।
सीदलछाय मणित्ताय असिपत्तवणंमि पविसंति ॥३३३॥
तत्थ वि विविहतरूणा पवणहदा तरुअपत्तफलपुंजा।
णिवडंति ताण उवरिं दुप्पिच्छा वज्जदंड व्व ॥३३४॥
चक्कसरकणयतोमरमोग्गरकरवालकोंतमुसलाणि।
अण्णाणि वि ताण सिरं असिपत्तवणादु णिवडंति ॥३३५॥
छिण्णसिरा भिण्णकरा छुडियच्छा[1] लंबमाणअंतचया।
रुहिरारुणघोरतणू णिस्सरणा तव्वणम्मि मुंचंति ॥३३६॥
गिद्धा गरुडा काया विहगा अवरे वि वज्जमयतोंडा।
कादूण खंडखंडं ताणंगं ताणि कवलंति ॥३३७॥
अंगोवंगट्ठीणं चुण्णं कादूण चडवादेहिं।
विउलवणाणं मज्झे छुहंति बहु[2]खारदव्वाणि ॥३३८॥
अइ विलवंति करुणं अंग तेजइ चलणजगलम्मि।[3]
तहविहु सयखंडिय छुहंति चुल्लीसु णारइया ॥३३९॥
लोहमयजुवइपडिमं परदाररदाण गाढमंगेसु।
लायंते अइतत्तं खिवंति जलणे जलंतम्मि ॥३४०॥
मंसाहाररदाणं णारइया ताण अंगमंसाणि।
छेत्तूण तम्मुहेसु छुहंति रुहिरोल्लरूवाणि ॥३४१॥
महुमज्जाहाराणं णारइया तम्मुहेसु अइतत्तं।
लोहदवं धल्लंते विलीयमाणंगपब्भारं ॥३४२॥
करवालपहरभिण्णं कूवजलं जह पुणो वि संघडदि।
तह णारयाण अंगं छिज्जंतं विविहसत्थेहिं ॥३४३॥

1 छुडियच्छा (?), 2 S बहुवा°, 3 S चलणजगलम्मि।

कत्थुरिकरकचसूजीए इरंगारादिविविहभंगीहिं[1]।
अण्णोण्ण जादणाओ [2]कुणंति णिरएसु णारइया ॥३४४॥
अइतित्तकडुवकत्थरिसिंतीदोवमत्थियं अणंतगुणं।
घम्माए णारइया थोवं ति चिरेण भुंजंति ॥३४५॥
अजगजमहिसतुरगमखरोट्टमज्जारतुरगपहुदीणं।
कुथिताणं गंधादो अणंतगंधो हुवेदि आहारो ॥३४६॥
अदिकुणिमसुहमण्णं रयणप्पहपहुदि जाव चरिमखिदि।
संखातीदगुणेणं दुगुच्छणिज्जो हु आहारो ॥३४७॥
घम्माए आहारो कोसस्सब्भंतरम्मि ठिदजीवे।
इहमातहिं गंधेणं सेसे कोसद्धवड्ढिया[1] संति ॥३४८॥

१ ३/२ २ ५/२ ३ ७/२ ४

पुव्वंबंधसुराऊ[2] अणंतअणुवधिअणणादरउदया।
णासियतिरयणभावा णरतिरिया केइ असुरसुरा ॥३४९॥
सिकदाणणासिपत्ता महवलकालायसामसवलं हि।
रुद्दं वरिसा विलसिदणामो महरुद्दखरणामा ॥३५०॥
कालग्गिरुद्दणामा कुंभी वेतरणिपहुदिअसुरसुरा।
गंतूण वालुकंतं णारइया[3]णप्पको पंति ॥३५१॥
इह खेत्ते जह मणुवा पेच्छंते समहिसजुद्धादिं।
तह णिरये असुरसुरा णारयकलहं पतुट्ठमणा ॥३५२॥
एक्कतीसगद ससत्तरस तह य वावीसं होंति तेत्तीसं।
जह अरडवुमा पावंते ताव महा य वहुदुक्खं ॥३५३॥
णिरएसु णत्थि सोक्खं अणुमिसमेत्तं पि णारयाण सदा।
दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥३५४॥
कदलीघादेण विणा णारयगत्ताणि आउअवसाणे।
मारुदपहदब्भाइ व णिस्सेसाणिं विलीयंते ॥३५५॥
एवं वहुविहदुक्खं जीवा पावंति पुव्वकदद्दोसा।
तद्दुक्खस्स सरूवं को सक्कइ वण्णिदुं सयलं ॥३५६॥
सम्मत्तरयणपव्वदसिहरादो मिच्छभावखिदिपडिदो।
णिरयादिसु अइदुक्ख पाविय पविसइ णिगोदम्मि[4] ॥३५७॥

1. S °वड्ढिया; 2. वद्ध (?); 3 णारईयाण; 4 Readings corrupt in AB।

सम्मत्त देसनमं लहिदूण विसयहेदुणा चलिदा ।
णिरयादिसु अइदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥३५८॥
सम्मत्त सयलनम लहिदूण विसयहेदुणा चलिदो ।
णिरयादिसु अइदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥३५९॥
सम्मत्तरहिदचित्तो जोइसमंतादिएहि वट्टंतो ।
णिरयादिसु बहुदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥३६०॥

। दुक्खसरूवं समत्ता ।

धम्मादी खिदितिदए णारइया मिच्छभावसंजुत्ता ।
जाइभरणेण केई केई दुव्वारवेदणाभिहदा ॥३६१॥
केई देवाहिंतो धम्मणिबद्धा कहाओ सोदूण ।
गिण्हंते सम्मत्तं अणंतभवचूरणणिमित्तं ॥३६२॥
पंकमहापहुदीणं णारइया तिदसबोहणेण विणा ।
सुमरिदजाइदुक्खप्पहदा गेण्हंति सम्मत्तं ॥३६३॥

। दंसणगहणकारणं गदं ।

मज्जं पिबंता पिसिदं लसंता जीवे हणंता मिगयाणुरत्ता ।
णिमेसमेत्तेण सुहेण पावं पावंति दुक्खं णिरए अणंतं ॥३६४॥
लोहकोहभयमोहबलेणं जे वदंति वयणं पि असच्चं ।
ते णिरंतरभये उरुदुक्खे दारुणम्मि णिरयम्मि पडंति ॥३६५॥
छेत्तूण भित्तिं वधिदूण पियं[1] पट्टादि घेत्तूण धणं हरंता ।
अण्णेहि अण्णा अलिएहि मूढा भुंजंति दुक्खं णिरयम्मि घोरे ॥३६६॥
लज्जाए चत्ता मयणेण मत्ता तारुण्णरत्ता परदारसत्ता ।
रत्तिंदिणं मेहुणमाचरंता पावंति दुक्खं णिरएसु घोरं ॥३६७॥
पुत्ते कलत्ते सजणम्मि मित्ते जे जीवणत्थं परवंचणेणं ।
वड्ढंति तिण्हा अयिणं हरंते ते तिव्वदुक्खे णिरयम्मि जंति ॥३६८॥
संसारणीरपारसहण तिहुवणभव्वाणपेम्मसुहजणणं ।
संदरिसियसयलट्ठं संभवदेवं णमामि तिविहेण ॥३६९॥

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए णारयलोयसरूवणिरूवण-
पण्णत्ती णाम बिदिओ महाधियारो समत्तो ॥२॥

1. A B पियं ।

भव्वजणमोक्खजणणं मुणिंददेविंदपणदपयकमलं ।
णमिय अभिणंदणेसं भावणलोयं परूवेमो ॥१॥
भावणणिवासखेत्तं भवणपुराणं वियप्पचिण्हाणि ।
भवणाणं परिसंखाइं दाण पमाणणामाइं ॥२॥
दक्खिणउत्तरइंदा पत्तेक्कं ताण भवणपरिमाणं ।
अप्पमहड्ढियमज्झिमभावणदेवाण भवणवासं च ॥३॥
भवणं वेदी कूडा जिणघरपासादइंदभूदीउ ।
भवणामराण संखा आउपमाणं जहाजोग्गं ॥४॥
उस्सेहोहिपमाणं गुणठाणादीणि एक्कसमयम्मि ।
उप्पज्जणमरणाण य परिमाणं तह य आगमणं ॥५॥
भावणलोयस्साउ वंधणपावोग्गभावभेदा य ।
सम्मत्तगहणहेऊ अहियारा इत्थ चउवीसं ॥६॥
रयणप्पहपुढवीए खरभाए पंकवहुलभागम्मि ।
भवणसुराणं भवणाइं होंति वररयणसोहाणि ॥७॥
सोलससहस्समेत्ता खरभागो पंकवहुलभागो वि ।
चउसीदि सहस्साणिं जोयणलक्खं दुवे मिलिदा ॥८॥

१६००० | ८४००

। भावणदेवाणं णिवासखेत्तं गदं ।

असुरा णागसुवण्णादीउवहिथणिदविज्जुदिसअग्गी ।
वाउकुमारा परया दसभेदा होंति भवणसुरा[1] ॥९॥

। वियप्पा सम्मत्ता ।

चूडामणि अहिगरुडा करिमयरा वड्ढमाणवज्जहरी ।
कलसो तुरवो मउडे कमसो चिण्हाणि एदाणि ॥१०॥

। चिण्हा सम्मत्ता ।

चउसट्ठी चउसीदी वावत्तरि होंति छस्सु ठाणेसु ।
छाहत्तरि छण्णाउदी एकाणि भवणवासिभवणाणि ॥११॥

६४०००००। ८४०००००। ७२०००००। ७६०००००।
७६०००००। ७६०००००। ७६०००००। ७६०००००।
७६०००००। ९६०००००।

1. S omits this.

मृगस्य शिरसा तुल्यास्तिस्र सौम्यस्य तारका ।
दीपिकावद्भवत्यार्द्रा एकतारा च सोदिता ॥
पुनर्वसोश्च पट्तारा व्याख्यातास्तोरणोपमा ।
अनुराधा षडेवोक्ता मुक्ताहारोपमाश्च ता ॥
वीणाश्टंगसमा ज्येष्ठा तिस्रस्तस्याश्च तारका ।
मूलो वृश्चिकवत्प्रोक्तो नव तस्यापि तारका ॥
आप्य दुष्कृतवापीवच्चतस्रस्तस्य तारका ।
वैश्वस्य सिंहकुम्भाभाश्चतस्रस्तारका ध्रुवम् ॥
अभिजिद्गजकुम्भाभस्तिस्रस्तस्य च तारका ।
मृदंगसदृशो दृष्ट श्रवणश्च त्रितारक ॥
पञ्चतारा धनिष्ठा च पतत्पक्षिसमाश्च ता ।
एकादशशत तारा वारुणमैन्यवच्च ता ॥
पूर्वप्रोष्ठपद तारे हस्तिपूर्वतनूपमे ।
उत्तरे चोदिते तारे हस्तिनाऽपरगात्रवत् ॥
रेवती नौसमा तस्या द्वात्रिंशत्खलु तारका ।
अश्विनी पञ्चतारा स्यान्मता सादरशिरस्समा ॥
भरण्योऽपि त्रिकास्ताराश्चुल्लीपाषाणसंस्थिता ।
सैकादशशत चैकसहस्र स्वस्वतारका ॥
प्रमाणेनाहत कृत्तिकादितारान्प्रमा भवेत् ।
रामभिनि मुखास्तारा स्वाति पूर्वोत्तरेति च ॥
द्वादशप्रथमे मार्गे चरन्तीन्दोर्मता इति ।
मघापुनर्वसू तारे तृतीये सप्तमे पथि ॥
रोहिणी च तथा चित्रा षष्ठे मार्गे च कृत्तिका ।
विशाखा चाष्टमे चानुराधा च नवमे पथि ॥
ज्येष्ठा चैकादशे मार्गे शेषा पञ्चदशेष्वका ।
हस्तमूलत्रिक चैव मृगशीर्षद्विक तथा ॥
पुष्यद्वितयमित्यष्टौ शेषतारा प्रकीर्तिता ।
कृत्तिकासु पतन्तीषु मध्य यन्त्यष्टमा मघा ॥
उदयन्त्यनुराधाश्च शशिष्वत्र तु योजयेत् ।
भरणी स्वातिरश्लेषा चार्द्रान्तभिस्तथा ॥

ज्येष्ठेति षड् जघन्याः स्युरुत्कृष्टाश्चोत्तरात्रयम ।
पुनर्वसु विशाखा च रोहिणी चेति षट् पुनः ॥
अश्विनी कृत्तिका चानुराधा चित्रा मघा तथा ।
मूलं पूर्वत्रिकं पुष्यं हस्त श्रवणोरेवती ॥
मृगशीर्ष धनिष्ठेति त्रिपञ्च च मध्यमा ।
रविर्जघन्यभे तिष्ठेत् सप्त द्वादशमांशकम् ॥
षड्दिनं मध्यमोत्कृष्टे भे तद्द्विविगुणां कमात ।
अभिजिन्नामभे नेन सपञ्चमचतुर्दिनम् ॥
सप्तषष्ठ्याप्तशून्यत्रिपणमुहूर्त्ते विधुश्चरेत् ।
चन्द्रो जघन्यनक्षत्रे त्रिनार्धे म[illegible]र्त्तके ॥
दिवस चोत्तमे भे च ति[illegible]त सार्धदिनं ध्रुवम ।
योजनानां भवेत्त्रिंशत् षष्टिश्च नवति क्रमात ॥
अघन्यमध्यमोत्कृष्टनक्षत्रपरिमण्डलम् ।
अभिजिन्मण्डलत्वेनमष्टादशक योजनम् ॥
घटिका अपि तासां स्युः समसंख्या हि मण्डलं ।

× × ×

अन्तिम भाग—

युक्त प्राणिदयागुणेन विमले सत्यादिभिश्च व्रते
मिथ्यादृष्टिकषायनिर्जयशुचिर्जित्वेन्द्रियाणां वशम् ।
दग्धा दीप्ततपोऽग्निना विरचितं कर्मादि सिद्धं मुनि·
सिद्धि याति विहाय जन्मगहनं शार्दूलविक्रीडितम् ॥
भव्येभ्य सुरमानुषोरुसदसि श्रीवर्धमानार्हता
यत्प्रोक्तं जगतो विधानमखिल ज्ञात सुधर्मादिभिः ।
आचार्यावलिकागतं विरचितं तत्सिंहसूरर्षिणा
भाषायाः परिवर्तनेन निपुणै· सम्मन्दतां साधुभिः ॥
वैश्वे स्थिते रविसुते वृषभे च जीवे
राजोत्तरेषु सितपक्षमुपेत्य चन्द्रे ।
ग्रामे च पाटलिकनामनि पाण(पाण्ड्य राष्ट्रे
शास्त्र पुरा लिखितवान् मुनिसर्वनन्दी ॥

संवत्सरे तु द्वाविंशे काञ्चीशसिंहवर्मणः ।
अशीत्यग्रे शकाब्दानां सिद्धमेतच्छतत्रये ॥
पञ्चादशशतान्याहुः षट्त्रिंशदधिकानि वै ।
शास्त्रस्य संग्रहस्त्वेवं छन्दसानुष्टुभेन च ॥

इति लोकविभागे मोक्षविभागो नामैकादश प्रकरणं समाप्तम् ।

इस ग्रन्थ की भाषा संस्कृत और छन्द अनुष्टुप् है। इसमें जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, मानुषक्षेत्र, द्वीपसमुद्र, काल, तिर्यग्लोक, भवनवासिलोक, गति, मध्यलोक, व्यन्तरलोक, स्वर्ग एवं मोक्षविभाग नाम के ग्यारह अधिकार या अध्याय हैं। संक्षेप में यह त्रैलोक्यसार के ढंग का ग्रन्थ है। इसके अन्तिम श्लोक ये हैं—

"वैश्वे स्थिते रविसुते वृषभे च जीवे,
राजोत्तरेषु सितपक्षमुपेत्य चन्द्रे।
ग्रामे च पाटलिक नामनि पाण(पाराड्य)राष्ट्रे,
शास्त्रं पुरा लिखितवान्मुनिसर्वनन्दी ॥१॥"

"संवत्सरे तु द्वाविंशे काञ्चीशसिंहवर्मणः ।
अशीत्यग्रे शकाब्दानां सिद्धमेतच्छतत्रये ॥२॥"

"पञ्चादशशतान्याहुः षट्त्रिंशदधिकानि व ।
शास्त्रस्य संग्रहस्त्वेवं छन्दसानुष्टुभेन च ॥३॥"

उल्लिखित प्रथम श्लोक का यह अर्थ होता है कि जिस समय उत्तराषाढ नक्षत्र में शनि, वृषराशि में गुरु तथा उत्तराफाल्गुनी में चन्द्रमा था, एवं शुक्लपक्ष था (अर्थात् फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा थी) उस समय पाण (पाराड्य) राष्ट्र के पाटलिग्राम में इस शास्त्र का प्रणयन पहले सर्वनन्दी नामक मुनि ने किया।

श्लोकगत पाटलिग्राम शब्द के फुटनोट में जैनहितैषी भाग १३, पृष्ठ ५२६ में पण्डित नाथूरामजी प्रेमी ने पाटलिग्राम को पाटलिपुत्र मान कर लिखा है कि 'पाटलिपुत्र पटने का पुराना नाम है'। परन्तु वास्तव में यह पाटलिग्राम प्राचीन पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) न होकर प्राचीन पाराड्यदेशान्तर्गत वर्तमान कडलोर (Cuddalore) है।† इसे 'पेरियपुराण' आदि ग्रन्थों में तिरुप्पदिरिपुलियूर (Trippadiripuliyur) भी कहा गया है।

† Some contributions of South India to Indian Culture. By Prof. Krishna Swami Iyangar

In my this humble attempt though it has been my endeavour throughout as to make it as comprehensive as possible and I have tried to tabulate each and every important event in the history of the Jaina Sangha yet I fear I have not been quite successful The learned reader might find important gaps in it of course but as single handed I am and even not well equipped with the all required materials in a Research work, I hope they will take pity on my shortcomings and oblige me by filling up the anticipated gaps However in assigning dates to every event I have adopted the dates as given in the Jaina tradition but at the same time I have spared no pains to mention other dates which has been arrived at through an independent enquiry Moreover I have not confined myself to the Jaina texts and limits only in tabulating the events in my Chronology, but have freely used the general literature on Indian research and antiquity I hope my this humble dissertation will prove useful to the future Jain historians who may care to compile an exhaustive history of the Jaina Church and the Jaina literature which is a great desiredatum and need of the community May that day dawn soon in the very near future?

I know of course that there are a certain problem in the history of the Jaina Church, viz the date of the Nirvāna of Mahāvira, Faith of Chānakva and that of Aśoka the chronological order and importance of the Pattāvalis etc., which require a thorough investigation and an scholarly discussion but I am afraid that is beyond the scope and shape of the present dissertation and so I have refrained myself to touch them However I shall try to handle these problems elsewhere

EVENTS OF THE HISTORICAL PERIOD

No	Period & Date	Event
1	Bhādrapada Śukla Dvādasī.	Krasna born at Mathurā and was taken away to Brandāvana, where he was reared up by Yaśodā, the wife of cowherd Sunanda. (Hari, XXXV, 19—28.)
2		Krasna and Balarāma came to Mathurā with other Yādvas and destroyed Kamsa, the ruling chief of that place and installed Ugrasena on the throne of Mathurā (Hari, XXXVI, 42—45)
3	......	Jarāsindhu, the monarch of Magadha, having heard about the death of his son-in-law Kamsa at the hands of Kṛasna sent his sons with a great army against him but they were all defeated *Ibid* & Uttarapurāṇa, Parva 71.
4	Śrāvana Śukla ṣaṣtī	After five lac years since Naminātha attained Nirvāna Arista-Nemi, the 22nd Tīrthamkara born at Śūripura, His parents being King Samudravijaya, the chief of the Daśārha—Yādava Kṣatriyas and queen Śivā (*Ibid*)

To be Continued

NOTE ON DEVANUPPIYA

BY

Kalipada Mitra M A B L

Devānuppiya is interpreted by Dr P L Vaidya in his editions (e g, *Uvāsagadasāo Antagaḍadasāo Nirayāvaliyāo*) as *devānām priya* or beloved of the gods (used as a term of courteous address) Pandit Hargovind Das Sheth in his *Pāiasaddamahaṇṇavo* gives its Sanskrit equivalent *devānupriya* with the meanings "भद्र, महाशय, महानुभाव, सरलप्रकृति"

Devānampriya is familiar to students of the edicts of Asoka, whose title it is It has got many variants—*devānampriyo* Piyadasi rājā (Girnar Edict VIII), *devanampriyo* (Sāhbāzgarhi VIII), *devana priye* (Mānsehrā VIII) *devānampiye* (Kalsi, Dhauli Jaugad' *devānam piyo devana priyo, devānā piye,* etc Vincent Smith suggested 'Sacred Majesty for it. The ground for such an assumption seems to be that whereas in Sāhbāzgarhi Mānsehrā and Kalsi edicts (VIII) we read *devana (m) priya*, or *devānam piya*, the corresponding expressions in Girnar, Dhauli and Jaugad edicts (VIII) are *rājāno, lajane* But this title was not confined to Asoka it seems to have been used by his predecessors and successors In the cave dedications of Asoka s grandson Dasaratha (see Woolner s *Asoka Text and Glossary* Pt. I p 52) we read "Vahiyak (ā) Kubhā Dasalathena *devānam piyenā* ānaṃ taliyam, (in B and C. the same expressions only the names of the cave are different, *viz*, Gopikā and Vaḍathikā Tissa, the contemporary king of Ceylon had also this title [1] It will therefore appear that *devānaṃ priya* was a title of kings and

1 Bhandarkar—*Asoka* p 7 also used of other Ceylon Kings *viz* Vaṅkanāsika Tissa Gajabāhuka-gāmini, and Mahallaka Nāga

V Smith- *Asoka* p 211

Dr R K Mokerji—*Asoka* q v

princes.[1] Then it, and its optional form *devapriyah* was used as a term of high honour. "Patañjali includes it in *bhavad-ādi* words used for auspicious address."[2]

"Bana uses this as a term of honour. Even in *Śukla Yajurveda* the term in changed order (*priyaṃ devānaṃ*) is used in a good sense. But in later classical Sanskrit works the meaning deteriorated and was taken as a synonym for "*mūrkha* 'a dunce, a fool'." [3]

Pānini made a *sūtra*, *Ṣaṣṭhyā ākrośe* (VI 3—21) meaning that the genitive case ending in a compound is not dropped, if the compounded form implies reproach, censure or insult. But he did not mention *devānāṃ priyah*, nor did he foresee that such a word would be used in good or bad sense. Kātyāyana made *vārtikas* to modify Pānini's *sūtras* in order to accommodate the growing Sanskrit language. So when in his time the expression was treated as an honorific term, Kātyāyana said that the form *Devānāṃ-priyah* was an exception to Pāṇini's *sūtra Sasthyā ākrośe* and no censure or insult was implied there. So Patañjali regards this term as honorific when he uses such sentences as *prāptyño Devānāṃ priyo na tvistyñah* and *tatrabhavān dīrghāyuh Devānāṃ priyah āyusmāniti*. So Vāmana-Jayāditya in *Kāśikāvṛtti* and Jain scholar Hemchandra in *Śabdānuśāsana* regard the term *Devānāṃ priya* as an epithet of honour Ramchandra (c. A D. 1350) in the *Prakriyā Kaumudī* and Bhattojidiksita (c. A. D. 1600) in his *Siddhānta Kaumudī* modified the exceptional vārttika '*Devānāṃpriya iti ca*' by adding *mūrkhe* to it.

In Jain literature the sense of 'a fool' which was a very late importation would evidently be absent in *devānuppiya*, but it is also evident that the intense honorific implication of earlier times has

1. Bhandarkar—*Asoka*, pp 7, 8, "Devānāṃpriya was thus an auspicious mode of address or chonorific characterisation, before the Christian era and was used probably to indicate the belief that the rulers were under the protection of the gods (*devas*)."

2 Woolner—*Asoka Text and Glossary* Pt II, p 95 See Patañjali's comment on Pāṇini sūtra II, 4, 56 and V. 3, 14.

3. *The Eighth All-India Oriental Conference*, Mysore, pp 740ff.

been considerably diluted in if it has not altogether evaporated from the word The sense of *tatrabhavān* seems to have been retained in some passages where *devānuppiya* as a third person is used as a courteous form for second person e g

(*a*) jahā nam devānuppiyānam antie bahave Uggā Bhogā jāva pavvaiyā (said of Mahāvira)

(*b*) A Savara Chief after enjoying pleasures at court asks leave of a king to return The king says As your honour likes (*Samarāicca—kahā* p 800)— annayā ca vinnatto anena rāyā deva, gacchāmi rāinā bhaniyam jam rocai devānuppiyassa

But otherwise it was no more than a common polite form of address such as 'Sir my good man without any special honorific significance It could be applied to everybody—male or female A god addressing another god would call him *devānuppiya*

A blind man and his friend address each other as *devānuppiya* Taye nam se jāiandhe purise tam mahayā janasaddam jāva sunettā tam purisam evam vayāsi kim nam devānuppiya ajja Miyaggāme nayare indamahe i vā jāva niggacchai ? [1]

Ikkāi the district officer addresses his servants as *devānuppiyā* and they address the crowd as *devānuppiyā*[1]

Tetaliputta (in *Nāyādhamma kahā*) addresses his wife Poṭṭila and Subbayā Ajjā (the Venerable Superioress) as *devānuppiya* King Śrenika similarly addresses Queen Dhārini and the soothsayer, and they reciprocate A *pubba sangatiya deva* is addressed as *devānuppiya*

In *Supāsanāhacariam* two *indasāmāniyā devā* (gods in the Saudharma heaven) perceiving the signs of *cyavana* and wishing to know their impending *bhava* go to a *kevali* who addresses them

Jahā bho *devānupiya* ! tubbhe caviūna devalogāo

Sangāmasurarannno devie Candalehāe

---

1 Dr P L Vaidya s Vivāgasuyam pp 5 10

Even when one is in anger and threatens somebody, he addresses him as *devānuppiya.* The manner of expression lends it a sarcastic and contemptuous flavour so as to signify, " Sirrah." (cf. Shakespeare), " Now Sir," " Mind you, Sir " and so forth. In the second lecture of *Uvāsagadasāo* a false god (*māyi micchādiṭṭhi*) assumes the shape of a hideous *piśāca* and attempts to make the householder Kāmadeva give up his good conduct, his *vrata* etc.

" āsuratte rutte kuvie caṇḍikkie Kāmadevaṃ samanovāsayam evam vayāsī, " ho bho Kāmadevā samanovāsayā, appatthiyapatthiyā, durantapantalakkhanā, hīnapunnacāuddasiyā ··no khalu kappai tava, *devānuppiyā,* jam sīlāim vayāim veramanāim . tam jai ṇam tumam ajja sīlāiṃ na chaddasi no bhañjesi, to te aham ajja asinā khandā-khanḍim karemi, jahā naṃ tumam, devānuppiyā, aṭṭaduhattavasatte akāle ceva jīviyāyo vavarovijjasi "

THE JAINA SIDDHĀNTA BHĀSKARA.

(Gist of our Hindi Portion Vol IV No II)

pp 59—64 Pt. Jugal Kishor Mukhtar has corrected some views of Pt Hiralal, which he expressed in his article entitled ' Bhagwān Puṣpadanta and Pūjyapāda Swāmi publıshed in the J S B (IV 4)

pp 65—66 A short biography of Dandanāyaka Bharat the patron of Mahā-Kavi Puspadanta has been given

pp 67—72 Br Sitalprasādji has compared the Jaina philosophy with that of the Greek Philosopher Aristotle and have shown that how near the latter philosophy comes to former one

pp 73—77 Hindi translation of the Jaina References in the Dhammapada', published in the Indian Historica Quarterly ' Vol III pt. 3

pp 78—83 B Ayodhyāprasad Goyaliya has written a cursory history of India under the Ghulām Kings since 1206 A D to 1290 A D

pp 84—91 B Kamta Prasad Jain have collected and given references about Kāmpilya from the Jaina and non Jaina literature and have described its present condition and situation It is identified with the modern village Kampil in the Fatehgarh district of United Provinces

pp 92—100 Pt. K Bhujabali Shastri have reviewed the Kannada Gommaṭeśvara—carite of Kavi Candrama.

pp 101—102. The Jaina paintings of Sittanavasala has been described by Mr Sureshchandra Jain B A.

K P Jain.

The Jaina Bibliography.

Prākṛta, Ardhamāgadhi, etc..—

1. *Mahā-Purāṇa* of Puspadanta , (*Apabhraṃsa*), edited by Prof. W. Schubring ; Hansische Universitat, Hamburg (Germany.)
2. *Praśasti-Saṅgraha* (Sanskrit)—A collection of colophons etc. of Jain works, ed. by Amrıtlal Maganlal Shāh, Ahmedabad.
3. *Nyāa-Kumuda-Candra* of Prabhācandra (Sanskrit) edited with notes etc., by Mahendra Kumāra Nyāyaśāstrī: Introduction by Kailash Chandra Śāstri (Manik Chandra Digambara Jain Granthamālā, Bombay).
4. *Rayaṇasāra*—of Kundakundācārya (Prākrta) Śrī Digambara Jain Pustakālya, Sūrat.
5. *Lāṭi-Saṃhitā* of Rāyamalla (Sanskrit) edited with Hindi translation by Pt. Lālāram Śāstri, Surat.

English:—

1. *Medieval Jainism* by Prof. B A. Saletore, M. A., Ph. D.—The Karanātaka Printing Works, Bombay.

Hindi, Gujarātī, Marāthī, etc.:—

1. *Śrīmad-Rājacandra*—(Hindi) by Pt. Jagdisha Chandra Śastrī, M.A , Śri Rāyachandra Jain Granthamālā, Bombay..
2. *Jina-Śāsana-Rahsya* (Hindi) by Pt. Mānikchandra Nyāyacarya ; Jain Mitra Mandala Delhi.
3. *Jaina-Grahasta* (*Urdu*)—by Digambardas Jain, Saharanpur.
4. *Bhārata-ka-Adi-Samrāta* (*Hindi*) by Swami Karmānanda, Sahāranpur.

Select Contents of Oriental Journals

---

1 *Indian Culture*—(IV, 4) April 1938 —

pp 512—516—*The Antiquity of Jainism in South India*—by K P Jain M R A S

2 *Journal of the Royal Asiatic Society London*—July 1938' —

pp 426—430—*The Earliest Jain Sculptures in Kathiāwār*—by H D Sankalia M A, Ph D

3 *Indian Historical Quarterly, (XIV 2) June 1938* —

pp 275—279—*Sanskrit works on the Game Chess* by Chintaharan Chakravarti M A

pp 327—330—*Mohenjo Dara and the Aryans*—by Dr E J Thomas, M A D Litt

pp 388—391—*Jambudvipa—prajñapti—Samgraha of Padma nandi*—by A N Upadhye M A

4 *Quarterly Journal of the Mythic Society*—Vol XXIX No 1 July 1938 —

pp 29—38—*The Chronology of the Eastern Chālukyas*—by K S Vidyanathun B A

pp 66—71—*A Review of the Ganga—Pallava Problem*—by S V Viswanatha B A

5 *Lāṭi-Samhita* of Rājamallara (Sanskrit) edited with Hindi translation by Pt. Lālaram Śāstri Surat

English —

1 *Mediaeval Jainism* by Prof B A Saletore, M A, Ph D—The Karanāṭaka Printing Works, Bombay

RULES.

1 The Jaina Antiquary and Jaina Siddhanta Bhaskara is an Anglo-Hindi quarterly, which is issued annually in four parts, *i e*, in June September, December, and March

2 The inland subscription is Rs 4 (including postage and foreign subscription is 6 shillings (including postage) per annum, payable in advance Specimen copy will be sent on receipt of Rs 1 4 0

3 Only the literary and other decent advertisements will be accepted for publication The rates of charges may be ascertained on application to

THE MANAGER,
The "Jaina Antiquary"
Jain Sidhanta Bhavan, Arrah (India)

to whom all remittances should be made

4 Any change of address should also be intimated to him promptly

5 In case of non receipt of the journal within a fortnight from the approximate date of publication, the office should be informed at once

6 The journal deals with topics relating to Jaina history, geography, art, archæology, iconography, epigraphy, numismatics, religion, literature, philosophy, ethnology, folklore, etc, from the earliest times to the modern period

7 Contributors are requested to send articles, notes, reviews, etc, type written, and addressed to,

K P JAIN, Esq M R A S,
EDITOR, "JAINA ANTIQUARY"
Aliganj Dist Etah (India)

(*N B*—Journals in exchange should also be sent to this address)

8 The Editors reserve to themselves the right of accepting, or rejecting the whole or portions of the articles, notes, etc

9 The rejected contributions are not returned to senders, if postage is not paid

10 Two copies of every publication meant for review should be sent to the office of the journal at Arrah (India)

11 The following are the editors of the journal, who work honorarily simply with a view to foster and promote the cause of Jainology —

जैन-सिद्धान्त-भवन, आरा की प्रकाशित पुस्तकें

(१) मुनिसुव्रतकाव्य (चरित्र) संस्कृत और भाषा-टीका-सहित ... २।)
(मू० कम कर दिया गया है)

(२) ज्ञानप्रदीपिका तथा सामुद्रिक-शास्त्र भाषा-टीका-सहित ... १)

(३) प्रतिमा-लेख-संग्रह ... . ॥)

(४) जैन-सिद्धान्त भास्कर, १म भाग की १म किरण ... १)

(५) " २य तथा ३य सम्मिलित किरणें ... १।)

(६) " २य भाग की चारों किरणें ... ४)

(७) " ३य " " ... ४)

(८) " ४र्थ " " ... ४)

(८) भवन के संगृहीत संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी ग्रन्थों की पुरानी सूची ... ॥)
(यह अर्ध मूल्य है)

(९) भवन की संगृहित अंग्रेजी पुस्तकों की नयी सूची ... ॥।)

प्राप्ति-स्थान—

जैन-सिद्धान्त-भवन, आरा (बिहार)

PRINTED BY D K JAIN, SHREE SARASWATI PRINTING WORKS, LTD, ARRAH

श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग ५ किरण ४

THE JAINA ANTIQUARY

VOL IV No IV

Edited by

Prof Hiralal Jain M A LL. B

Prof A N. Upadhye M A

B Kamta Prasad Jain, M R A S

Pt. K Bhujabali Shastri

PUBLISHED AT

THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY.

(JAINA SIDDHANTA BHAVANA)

ARRAH BIHAR INDIA

MARCH 1939

श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम।

१ जैन-सिद्धान्त-भास्कर और जैनएन्टीकेरी, अङ्गरेजी-हिन्दी-मिश्रित त्रैमासिक पत्र है, जो वर्ष में जून, सितम्बर, दिसम्बर और मार्च में चार भागों में प्रकाशित होता है।

२ इसका वार्षिक चन्दा देशके लिये ४) रुपये और विदेश के लिये डाक व्यय लेकर ४॥) है, जो पेशगी लिया जाता है। १।) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा होगी।

३ केवल साहित्यसंबन्धी तथा अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। मैनेजर, जैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं, मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में हेर-फेर की सूचना भी तुरन्त उन्हीं को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि "भास्कर" नहीं प्राप्त हो, तो इसकी सूचना जल्द आफिस को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्तिविज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन, प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना—यह सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक, श्रीजैन-सिद्धान्त-भास्कर, आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकमण्डल को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ "भास्कर" आफिस, आरा के पते से भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन हैं जो अवैतनिक रूप से जैन-तत्व के केवल उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल बी

प्रोफेसर ए एन. उपाध्ये, एम. ए.

बाबू कामता प्रसाद, एम आर ए एस.

पण्डित के भुजबली, शास्त्री

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व-सम्बन्धी त्रैमासिक पत्र

भाग ५ फाल्गुन किरण ४

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल, एम ए, एल एल बी
प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम ए
बाबू कामता प्रसाद, एम आर ए एस
पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ४) विदेश में ४॥) एक प्रति का १।)

विक्रम-सम्वत् १९९५

विषय-सूची

हिन्दी-विभाग—

पृष्ठ

१ हमारे तीर्थ क्षेत्र—[श्रीयुत पं० नाथूराम प्रेमी और प्रो० हीरालाल जैन एम० ए० एल एल० बी० ... ... १७९

२ गंग-राजवंश और जैनधर्म—[श्रीयुत बाबू कामताप्रसाद जैन साहित्यमनीषी ... १०९

३ दि० जैनग्रन्थों की एक बृहत् सूची—[श्रीयुत पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री, न्यायतीर्थ ... २११

४ वेणूरु—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण २३४

५ 'जैन-ऐण्टीक्वेरी' के लेख (भाग ४ खण्ड ३) २३५

६ साहित्य-समालोचना—(१) ज्योतिप्रसाद—[श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ... २३९

(२) गृहदेवियों के प्रति हमारा कर्त्तव्य " .. २४०

(३) पुनर्विवाह [श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री ... २४०

(४) माँ " " " ... २४१

ग्रन्थमाला-विभाग—

१ तिलोयपण्णत्ती [श्रीयुत प्रो० ए० एन० उपाध्ये, एम० ए० ... ७३ से ८० तक

२ प्रशस्ति-संग्रह [श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण ... १२१ से १३६ तक

अंग्रेजी-विभाग—

1. JAIN LITERATURE IN TAMIL, By Prof. A. Chakravarti M.A., I.E S ... 100

2. STUDIES IN THE VIVIDHA TIRTHA KALPA, By Dr. B. C. Law, Ph. D., M. A., B. T. 109

3. SRIVARDHADEVA AND TUMBALURACARYA By M. Govind Pai ... 125

4. REVIEWS OF BOOKS By K. P. JAIN 129

5. THE JAINA SIDDHANTA BHASKARA (Gist of our Hindi Portion Vol. V, No. III) By Kamta Prasad Jain 131

6. THE JAINA BIBLIOGRAPHY 132

7. SELECT CONTRIBUTIONS OF ORIENTAL JOURNALS . 133

॥ श्रीजिनाय नमः ॥

जैनपुरातत्त्व और इतिहास विषयक त्रैमासिक पत्र

भाग ५ | मार्च १९३९। फाल्गुन वीर नि० स० २४६५ | किरण ४

हमारे तीर्थक्षेत्र

(लेखक—श्रीयुत प० नाथूराम प्रेमी और
प्रो० हीरालाल जैन एम० ए०, एल० एल० बी०)

प्रत्येक धर्म और सम्प्रदाय के इतिहास मे उस के तीर्थ स्थानों का एक विशेष स्थान रहता है। जैन सम्प्रदाय के सैकड़ों तीर्थ स्थान हैं परन्तु जहाँ तक हम जानते हैं उनके विषय में इतिहास की दृष्टि से अभी तक विचार ही नहीं किया गया है और यदि किया गया है तो बहुत ही कम। परन्तु यह निश्चित है कि तीर्थों के सम्बन्ध में पूरी पूरी छानबीन किये बिना जैनधर्म का इतिहास अपूर्ण ही रहेगा।

जैनधर्म के मुख्य सम्प्रदाय दिगम्बर और श्वेताम्बर हैं। इन दोनों के ही तीर्थ-स्थान हैं। उनमें बहुत से ऐसे हैं जिन्हें दोनों ही एक ही स्थान में मानते पूजते हैं और बहुत से ऐसे भी हैं जिन्हें या तो दिगम्बरी ही मानते पूजते हैं या केवल श्वेताम्बरी अथवा एक सम्प्रदाय एक

स्थान मे मानता है और दूसरा दूसरे स्थान मे। यह अभिन्नता और भिन्नता एक इतिहासज्ञ के लिए दोनो सम्प्रदायों की अभिन्नता और भिन्नता के समयों का निर्णय करने में बहुत सहायक हो सकती है। किसी प्रान्त या प्रदेश मे एक सम्प्रदाय के तीर्थ अधिक हैं और किसी में दूसरे के। इससे उन प्रान्तों मे उन तीर्थों की स्थापना के समय की या उससे बाद की सम्प्रदाय-विशेष की बहुलता या प्रबलता का अनुमान भी किया जा सकता है। प्राचोन तीर्थ कौन-कौन थे और पीछे कौन-कौन कब-कब स्थापित हुए और किस भावना की प्रबलता के कारण हुए, यह जानना भी इतिहासज्ञ के लिए बहुत उपयोगी है।

बहुत से तीर्थ-स्थान एक समय बहुत प्रसिद्ध थे परन्तु इस समय उनका पता भी नहीं है, कि क्या हुए और जहाँ कुछ भी न था या एकाध मन्दिर ही था वहाँ बहुत से नये मन्दिर निर्माण हो गये हैं और पिछले सौ-दो-सौ वरसों में तो वे स्थान मन्दिरों और मूर्तियों से पाट दिये गये है। उनको प्राचीन तीर्थ के रूप मे प्रसिद्ध करने के भी प्रयत्न किये गये हैं। यह भी इतिहास की एक महत्त्व की सामग्री है।

चरण-चिह्नों की पूजा, स्तूप-पूजा, मूर्ति-पूजा और दोनों का क्रम-विकास तथा मूर्ति-शिल्प और स्थापत्य-कला के वृद्धि-ह्रास की जानकारी के लिए भी तीर्थ-क्षेत्र अत्यन्त सहायक हैं।

जैन-समाज की पिछली शताब्दियो की मनोवृत्ति और कला-प्रेम का उत्कर्षापकर्ष भी इन तीर्थों के इतिहास मे छुपा हुआ है।

इस समय दिगम्बर-सम्प्रदाय मे तीर्थक्षेत्रों के दो ही भेद किये जाते हैं। एक तो सिद्ध-क्षेत्र जहाँ से तीर्थङ्कर या दूसरे महात्मा सिद्धपद या निर्वाण को प्राप्त हुए हैं और दूसरे अतिशय क्षेत्र, जो किसी मूर्ति या तत्रस्थ देवता के किसी अतिशय के कारण बन गये हैं या जहाँ मन्दिरो की बहुलता के कारण दर्शनार्थी अधिक जाने लगे हैं।

प्राकृत निर्वाण-भक्ति के दो खंड है एक निर्वाणकांड और दूसरा अतिशयक्षेत्रकांड। इन्हीं दो खंडो के कारण ही शायद उक्त मान्यता का प्रचार हुआ है।

निर्वाण-भक्ति (संस्कृत) के टीकाकार तीर्थङ्करों की निर्वाणभूमि और अन्येषां (औरोंकी) निर्वाणभूमि कह कर सिद्धक्षेत्रो के भी एक प्रकार से दो भेद करते है।

तीर्थङ्करों की गर्भ-जन्म-तप-ज्ञान भूमियाँ भी तीर्थक्षेत्रों मे गिनी जाती हैं और गिनी जानी चाहिए, पर वे उक्त दो भेदों मे अन्तर्भुक्त नहीं हो सकती।

जहाँ तक हम जानते है— श्वेताम्बर-सम्प्रदाय मे सिद्धक्षेत्र और अतिशयक्षेत्र भेद नहीं माने जाते। विविध-तीर्थकल्प मे इस तरह का भेद-विधान नहीं मिलता।

प्राचीन तीर्थस्थान वास्तव मे कहाँ थे या कहाँ होने चाहिए और अब वे किन स्थानो मे माने जा रहे है, केवल इसी दृष्टि से हम यह लेख लिख रहे है। गत जून महीने मे इस

लेख के लेखकों ने अपना अवकाश का समय श्रीगजपन्थ-क्षेत्र पर व्यतीत किया था और वहा से माँगी तुङ्गी क्षेत्र की भी यात्रा की थी। उसी समय इस लेख को लिखने की प्रेरणा हुई और इसका कच्चा रूप वहीं तैयार किया गया।

यहाँ यह कह देना आवश्यक प्रतीत होता है कि केवल इतिहास दृष्टि से ही यह लेख लिखा गया है, श्रद्धालुओं की श्रद्धा भक्ति में किसी प्रकार का अन्तराय डालने के अभिप्राय से नहीं।

इसमें जो अनुमान किये गये हैं, या निर्णय दिये गये हैं वे अन्तिम नही हैं। उनमें भूल होने की भी संभावना है। उनके विरुद्ध पुष्ट प्रमाण मिलने पर लेखक अपने विचारों को बदलने के लिए हर-समय तैयार हैं। इस विषय में छानबीन करने की भी अभी काफी गु जाइश है। ऐसी बहुत सी सामग्री होगी जो अभी तक अप्रकाशित पड़ी है और जिसकी ओर हमारा ध्यान नहीं जा सका है।

दिगम्बरजैन सम्प्रदाय में इस समय केवल दो ही छोटी छोटी पुस्तकें उपलब्ध हैं जो तीर्थक्षेत्रों के सम्बन्ध म यत्किंचित् सो भी अस्पष्ट और अधूरी, सूचनायें देती हैं और उन्हीं को मुख्य मानकर यह लेख लिखा गया है। पहली है प्राकृत निर्वाणकाण्ड और दूसरी संस्कृत निर्वाणभक्ति। पहली में केवल १९ और दूसरी में ३२ पद्य हैं।

दूसरी पुस्तक श्रीप्रभाचन्द्राचार्य के क्रियाकलाप म संगृहीत है और उस पर उनकी साधारण सी टीका भी है। उनके कथनानुसार इसके कर्त्ता पूज्यपाद स्वामी हैं यद्यपि इसके लिए उन्होंने कोइ पुष्ट प्रमाण नही दिया है*। कुन्दकुन्द की जितनी रचनायें उपलब्ध हैं वे सब प्राकृत म हैं तथा पूज्यपाद की संस्कृत में और चूँकि दोनों बहुमान्य आचार्य हैं, शायद इसीलिए तमाम भक्तियों का दोनों म बँटवारा कर दिया गया है, परंतु यह कुछ जँचता सा नहीं है। इसे मानने के लिए कुछ और भी प्रमाण मिलने चाहिए।

प० आशाधर का भी एक क्रियाकलाप नाम का ग्रन्थ है और उसम उन्होंने भी पूर्वोक्त क्रियाकलाप की अधिकांश भक्तियाँ संगृहीत की हैं परंतु उन्होंने उनके कर्त्ताओं के संबंध में इस तरह की कोई बात नहीं लिखी है।

श्री प्रभाचंद्र ने अपने क्रियाकलाप में प्राकृत निर्वाणकाण्ड का संग्रह नहीं किया है परन्तु प० आशाधर ने उसके (निर्वाणकाण्ड के) प्रारंभ की पाँच गाथायें ही दी हैं। शेष गाथायें क्यों छोड़ दी गई यह समझ म नहीं आया। बम्बई के ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन'

---

*सिद्धभक्ति की टीका के अन्त में श्री प्रभाचंद्र ने इस प्रकार लिखा है—"संस्कृताः सर्वा भक्तयः पादपूज्यस्वामिकृताः प्राकृतास्तु कुन्दकुन्दाचार्यकृताः।" अर्थात् संस्कृत की सारी भक्तियाँ पूज्यपादस्वामिकृत हैं और प्राकृत की कुन्दकुन्दाचार्यकृत।

कीप्रति देखकर यह बात लिखी जा रही है जो बहुत अशुद्ध है। संभव है लेखक के प्रमाद से शेष गाथायें छूट गई हों।

निर्वाणभक्ति और निर्वाणकांड इन दोनों के ही ठीक समय-निर्णय की जरूरत है। अन्य ग्रंथों में यदि कहीं इनके उद्धरण मिल जायँ तो इस पर कुछ प्रकाश पड़ सकता है। फिर भी यह निश्चित है कि ये दोनों पुस्तकें पं० आशाधर जी के पहले की है और वे विक्रम की तेरहवीं शताब्दी के अंत मे हुए है। अर्थात् कम से कम छः सौ वर्ष पहले की तो ये हैं ही—पर इन दोनों मे कुछ अधिक समता नहीं है। दोनों ही जुदा-जुदा ढङ्ग से लिखी गई हैं। निर्वाणकाण्ड मे तो तीर्थों का उल्लेखमात्र करके और कहीं-कहीं उनका स्थान-निर्देश करके, वहाँ से मुक्ति प्राप्त करनेवालों को नमस्कार किया गया है और निर्वाणभक्ति मे पहले बीस पद्यों में केवल भगवान् महावीर के पाँचों कल्याणों का वर्णन किया गया है और फिर आगे के बारह पद्यों मे कैलास, चंपापुर, गिरनार, पावापुर, सम्मेदशिखर, शत्रुञ्जय आदि का उल्लेख करके कुछ दूसरे निर्वाण-स्थानों का नाममात्र दे दिया है। पहले के २० पद्यों को पढ़ कर तो मालूम होता है कि वे एक स्वतन्त्र स्तोत्र के पद्य हैं जिनके अन्त में यह पद्य है—

"इत्येवं भगवति वर्द्धमानचन्द्रे यः स्त्रोत्रं पठति सुसन्ध्ययोर्द्वयोर्हि।
सोऽनन्तपरमसुखं नृदेवलोके भुक्त्वान्ते शिवपदमक्षयं प्रयाति।"

इन दो पुस्तकों के सिवाय तीर्थक्षेत्रों की खोज मे सहायता देनेवाली और कोई स्वतन्त्र रचना हमारे देखने मे नहीं आई। हाँ, कथा-साहित्य से कुछ बातें संगृहीत की जा सकती है। श्वेताम्बर-साहित्य में अवश्य ही विविध तीर्थकल्प, तीर्थमाला, विविधप्रबन्ध आदि अनेक साधन हैं।

दोनों भक्तियों के अष्टापद (कैलास), चम्पा, ऊर्जयन्त (गिरनार) और शत्रुञ्जय, ऐसे तीर्थ हैं जिनके विषय मे कोई मतभेद नहीं है* और दिगम्बर-श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदाय इन्हे मानते हैं। अतएव इनके विषय मे यह कहा जा सकता है कि ये सबसे प्राचीन है और शायद तब से है जब जैनशासन अविभक्त था, उसमें भेद नहीं हुए थे।

पावापुर भी दोनों सम्प्रदायों को मान्य है और एक ही स्थान मे माना जाता है। फिर भी कुछ इतिहासज्ञ उक्त स्थान के विषय मे सन्देह करते है। बौद्धधर्म के सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० राहुल सांकृत्यायन के मतानुसार गोरखपुर जिले का पपउर (पापापुर) गाँव ही पावापुर है, जो पडरोना के पास है और कसया से १२ मील उत्तर-पूर्व को है। कसया गोरखपुर से

---

* श्रीयतिवृषभाचार्य की 'तिलोयपण्णत्ति' मे क्षेत्र-मंगल का उदाहरण देते हुए पावानगरी, उज्जयंत और चम्पा तीन नामों का उल्लेख करके आदि शब्द दे दिया है—"एदस्स उदाहरणं पावाणगरुज्जयंतचम्पादी।"

३७ मील पूव में है। मल्ल लोगों के गण तन्त्र का सस्थागार (सभा-भवन) इसी पावानगर में था। एक बार बुद्ध भगवान् पावाके आम्रवन में ठहरे थे। जब वे बीमार हो गये तब वहाँ से कसया या कुसीनारा को चल पड़े और इसलिए उस बारह मील के अन्तर को उन्होंने रास्ते में २५ जगह बैठ उठ कर मध्याह्न से सन्ध्याकाल तक पार किया।

कल्पसूत्र में लिखा है कि जिस रात्रि को महावीर भगवान् का निर्वाण हुआ उस रात को नव मल्ल और नव लिच्छवि इस तरह अट्ठारह गण राजाओं ने प्रोषधोपवास किया और उनके धर्मोपदेश के अभाव में दीपक जला कर प्रकाश किया। इससे भी अनुमान होता है कि मल्लों के गण-तन्त्र के समीप ही भगवान् का निर्वाण हुआ होगा। डा जैकोबी आदि पाश्चात्य विद्वानों को भी वर्तमान पावापुरी के ठीक होने में सन्देह है।

मालूम नहीं वर्तमान पावापुरी में उसकी प्राचीनता को प्रकट करनेवाले कोई चिह्न लेखादि हैं या नहीं और यदि हैं तो वे कितने प्राचीन हैं। यद्यपि इसकी सभावना बहुत कम है। क्योंकि प्राचीनता की रक्षा करने में जैन समाज उतना ही असावधान रहा है जितना नवीन निर्माण करने में कटिबद्ध। फिर भी इस सम्बन्ध में खोज की जानी चाहिए। पपउर के आसपास भी खोज की आवश्यकता है।

गजपन्थ, तुङ्गी, पावागिरि, द्रोणगिरि, मेढ़गिरि, कुंथुगिरि, सिद्धवरकूट, बड़वानी आदि तीर्थ ऐसे हैं जिन्हें केवल दिगम्बर सम्प्रदाय ही मानता पूजता है और इसी तरह फलवर्द्धि (फलोधी) अर्बुदाद्रि, शङ्खपुर पार्श्व, स्तम्भ आदि ऐसे तीर्थ हैं जिन्हें दिगम्बर-सम्प्रदाय नहीं मानता और न उसके साहित्य में इसका कोई उल्लेख मिलता है।

निर्वाणकाण्ड के तारउर, पावागढ़, पावागिरि कुन्थुगिरि, बड़वानी आदि तीर्थों का नामोल्लेख सस्कृत निर्वाणभक्ति में भी नहीं है और निर्वाणभक्ति के सह्याद्रि, विन्ध्याद्रि,* हिमवत्, द्वीपदीपक निर्वाणकाण्ड में दिखलाई नहीं देते।

इससे अनुमान होता है कि ये दोनों भक्तियाँ पृथक् कर्त्ताओं की रचनायें हैं और सभव है कि इनके कर्त्ताओं के लिए एक दूसरे की रचना अपरिचित रही हो।

अब हम प्रत्येक तीर्थ के विषय में खोज की दृष्टि से प्रकाश डालने की चेष्टा करेंगे—केवल कैलास, गिरनार आदि सर्वमान्य तीर्थों को ही छोड़ देंगे।

अतिशय क्षेत्रों के सम्बन्ध में भी विचार करना है, जो एक दूसरे लेख में किया जायगा।

---

* निर्वाणकाण्ड की कुछ प्रतियों में १९ वीं गाथा के बाद नीचे लिखी गाथा अधिक मिलती है जिसमें विंध्याचल का उल्लेख है—

विंध्याचलम्मि रम्मे मेढ़णादो इदजयसहियो।
मेघन(उ?)रणाम तिन्ये(?) णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

तारउर

वरदत्तो य वरंगो सायरदत्तो य तारवरणयरे।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥ ३ ॥

निर्वाणकाण्ड की इस तीसरी गाथा में* इस स्थान से वरांग, सागरदत्त, वरदत्तादि साढ़े तीन करोड़ मुनियों का निर्वाण लिखा है। मुद्रित पुस्तकों में 'तारवरणयरे' पाठ है परन्तु हमारी समझ मे 'तारउरणियडे' (तारापुरनिकटे) होना चाहिए। 'तारउर' तारापुर का अपभ्रंश है। सोमप्रभाचार्य के 'कुमारपालप्रतिबोध' नामक ग्रन्थ में 'आर्यखपुटाचार्य-कथा' दी है। उक्त कथा मे इसे ताराउर (तारापुर) ही लिखा है—

ताराद् बुद्धदेवीइ मंदिरं तेण कारियं पुव्वं।
आसन्नगिरम्मि तओ भन्नइ ताराउरं ति इमो ॥
तेणेव तत्थ पच्छा भवणं सिद्धाइयाइ कारवियं।
तं पुणकालवसेणं दिगवरेहि परिग्गहियं ॥
तत्थ ममाएसेणं अजियजिणिंदस्स मंदिरं तंगं।
दंडाहिव अभएणं जसदेवसुएण निम्मवियं ॥

अर्थात् वच्छराज ने पहले पहाड़ के निकट बौद्धों की तारादेवी का मंदिर बनवाया था, इसीलिए उसे तारापुर कहते हैं। इसके बाद उसी वच्छराज ने फिर मंदिर बनवाया जो कालवश दिगम्बरियों ने ले लिया। वही पर मेरे (कुमारपाल के) आदेश से अजित-नाथ का ऊँचा मंदिर यशोदेव के पुत्र दण्डाधिप अभयदेव ने निर्माण किया।

यह कहने की आवश्यकता नही कि तारंगा में जो विशाल श्वेताम्बर मंदिर कुमारपाल महाराज का बनवाया हुआ मौजूद है, यह उसीका उल्लेख है।

तारापुर का तारउर से तारंगा नाम कैसे बन गया, यह समझ मे नही आता। संभव है यह तारागाँव से अपभ्रष्ट हुआ हो। इस स्थान से वरांगादि का मोक्ष जाना लिखा है। परंतु वर्द्धमान भट्टारक के वरांग-चरित के अनुसार तो वरांग मुक्त नहीं हुए बल्कि सर्वार्थसिद्धि को गये है। इसके सिवाय उक्त चरित मे उनके देहत्याग के स्थान का नाम तारंगा या तारपुर नही लिखा है। उन्हों ने आनर्तपुर नगर बसाया था, वहाँ विशाल जिनालय बनवा कर प्रतिष्ठा कराई थी और फिर वही वरदत्त गणधर के समीप दीक्षा

* निर्वाणकाण्ड की गाथाओ के नम्बर सब प्रतियों में एक से नही हैं, कही-कहीं गड़-बड़ भी है, गायकवाड़ ओरियंटल सीरीज मे प्रकाशित 'कुमारपाल-प्रतिबोध' पृष्ठ ४४३।

ले कर तपस्या की थी। श्रीजटासिंहनन्दी के वराङ्गचरित्र के अनुसार भी वराङ्ग वहीं पर तपस्या कर के सर्वार्थसिद्धि को गये हैं। भागवत पुराण के अनुसार द्वारका आनर्त्त देश में ही थी और उसकी राजधानी आनर्तपुर का वर्तमान तारगा से कोई मेल नहीं खाता।

संस्कृत निर्वाणभक्ति में भी तारापुर या तारङ्गा का नाम नहीं है।

यहाँ दो दिगम्बर मंदिर हैं जिन में से एक संवत १६११ का है और दूसरा १९२३ का है।

पावागिरि

रामसुआ विण्णिजणा लाडनरिंदाण अट्ठकोडीओ।
पावाए गिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥५॥

अर्थात् पावा के गिरिशिखर से राम के दो पुत्र और लाट नरेन्द्र आदि पाँच करोड़ मुनियों को मोक्ष प्राप्त हुआ।

इस समय बड़ोदा से २८ मील की दूरी पर चाँपानेर के पास का पावागढ़ उक्त पावागिरि माना और पूजा जाता है।

यह पावागढ वास्तव में एक बहुत विशाल पहाड़ी किला है जिसका प्राचीन शिलालेखों में 'पावकगढ़' नाम से उल्लेख मिलता है। यह पहले तोमरवंशी राजाओं के अधिकार में था। चारण कवि चंद ने अपने पृथ्वीराजरासा में इस पावक गढ़ का अधिपति रामगोड़ तोमर को लिखा है। उसके पीछे यह सन १४८३ में मुसलमानों के अधिकार में आया। उनके समय में भी यह प्रसिद्ध किला गिना जाता था।

यहाँ पहाड़ के ऊपर आठ-दस मन्दिरों के खण्डहर पड़े हुए हैं जिनमें से तीन चार का कुछ समय पहले जीर्णोद्धार किया गया है। इन मन्दिरों में जो प्रतिमायें हैं उन में सबसे प्राचीन प्रतिमा माघ सुदी ७ सोमवार वि० सं० १६४२ की भट्टारक वादिभूषण के उपदेश से प्रतिष्ठित हुई है। १६४५, १६६१ और १६६९ की भी प्रतिमायें हैं† परंतु प्रतिमा लेखों से अथवा और किसी प्राचीन लेख से इस स्थान का सिद्धक्षेत्र होना प्रकट नहीं होता।

पावागढ़ के नीचे चांपानेर शहर के खण्डहर पड़े हुए हैं। किसी समय यह बड़ा भारी नगर था।

श्री रविषेणाचार्यकृत पद्मचरित के अनुसार रामचंद्र के पुत्र लव कुश ने अयोध्या में ही दीक्षा ली थी, परंतु इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि उनको निर्वाण पावागिरि से हुआ था। अन्य किसी कथा ग्रन्थ में भी इसका स्पष्ट निर्देश देखने में नहीं आया।

† दिगम्बर-जैन डिरेक्टरी के अनुसार पाँचवें फाटक के बंद छठे के बाहर भीत पर एक पद्मासन प्रतिमा डेढ़ फीट ऊँची उत्कीर्ण है, जिस पर संवत् ११३४ लिखा है।

पावागिरि (द्वितीय)

पावागिरिवरसिहरे सुवण्णभद्दाइ मुनिवरा चउरो।
चलणाणईतडग्गे णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥१३॥

इस गाथा मे एक दूसरे पावागिरि का निर्देश है जो चलना नदी के तट पर था और जहाँ से सुवर्णभद्रादि चार मुनियों को मोक्ष हुआ था। संस्कृत निर्वाणभक्ति में न तो उक्त चलना नदी का नाम है और न पावागिरि का, सिर्फ लिखा है—'नद्यास्तटे जितरिपुश्च सुवर्णभद्रः।' अर्थात् नदी के तट से कर्मशत्रु को जीतनेवाले सुवर्णभद्र का मोक्ष हुआ।

अभी तक इस दूसरे पावागिरि का कोई पता नहीं था; परन्तु अब कुछ धनिकों और पण्डितों ने मिल कर इन्दौर के पास 'ऊन' नामक स्थान को पावागिरि बना डाला है और वहाँ धर्मशाला मन्दिर आदि निर्माण कराके बाकायदा तीर्थ स्थापित कर दिया है। पिछले समय मे तीर्थ किस तरह निर्माण होते रहे हैं, मानो उसका यह एक ताजा उदाहरण है।

'महाराष्ट्रीय ज्ञान-कोष' के अनुसार ऊन मे एक जैन-मंदिर बारहवीं सदी का है। उसमे धार के परमार राजा का शिलालेख है। परन्तु जब तक किसी प्राचीन लेख में उक्त स्थान का नाम 'पावागिरि' लिखा हुआ नहीं मिलता, तब तक ऊन के विषय मे इतना ही कहा जा सकता है कि वह एक प्राचीन स्थान है और वहाँ किसी समय जैनों ने बड़े-बड़े मन्दिर बनवा-कर अपना वैभव और धर्म-प्रेम प्रकट किया था।

एक बात और है। निर्वाणकाण्ड की बहुत-सी प्रतियों मे यह गाथा ही नहीं है। पं० पन्नालालजी सोनी ने अपने सम्पादित किये हुए 'क्रियाकलाप' मे इस गाथा पर टिप्पण दिया है कि 'गाथेयं पुस्तकान्तरे नास्ति।' यहाँ के 'ऐलक पन्नालाल-सरस्वती-भवन' के गुटका नं० $\frac{२४५६}{१५६}$ज मे जो निर्वाणकाण्ड है, उसमे भी यह नहीं है। यह गुटका कम से कम दो सौ वर्ष का पुराना जरूर होगा। संभव है यह गाथा प्रक्षिप्त ही हो। किसी लेखक ने अन्यत्र का पाठ टिप्पण मे लिख लिया हो और पीछे वह मूल में शामिल हो गया हो।

इन दो पावाओं के विषय मे विचार करते समय हमारा ध्यान बुन्देलखण्ड के दो अतिशय क्षेत्रो की तरफ जाता है। जिन मे से एक तो टीकमगढ़ (ओरछा स्टेट) से तीन मील दूर है और जिसे 'पपौरा' कहते हैं। वहाँ बारहवी शताब्दी से लेकर उन्नीसवी शताब्दी तक के बने हुए ८२ विशाल मन्दिर है। विक्रम संवत् १२०२ की चंदेल राजा मदनवर्मदेव के समय की दो प्रतिमायें हैं। इस स्थान से दो मील पर 'उर' नाम की एक नदी है और रमन्ना (रमण्यारण्यक) नामका बहुत घना जङ्गल मन्दिरों के कोट से ही लगा हुआ है। यह पपौरा या पपौर पापापुर या पपउर से मेल खाता है। दूसरा अतिशयक्षेत्र 'पवाजी' कहलाता है,

जो सा बहेट (ललितपुर और झांसी के बीच) से ५ मील उत्तर की ओर है। वहाँ भी एक मौंहिरे में बारहवीं शताब्दी की प्रतिमायें हैं। यह मौंहिरा एक पहाड़ी के मूल में है और और आस पास अनेक पहाड़ियाँ हैं। क्षेत्र से आध मील के फासिले पर 'पवा' नामक गाँव भी है और एक विशाल सरोवर। बेतवा (वेत्रवती नदी भी ~ डेढ़ मील पर है। यह 'पवा' नाम भी पावाके बहुत निकट है।

पं० आशाधर जी ने अपने क्रियाकलाप में निर्वाणकाण्ड की जो गाथायें दी हैं उनमें 'पावाए गिरिसिहरे' पाठ है। उससे मालूम होता है कि 'पावा' गाँव का नाम होगा और उसी के पास का कोई गिरि-शिखर मोक्षस्थान होगा।

पर यह तो एक कल्पना है। ढूँढ़ खोज करनेवालाको दिशासूचन-भर के लिये लिख दी है। पवा की कल्पना टीकमगढ़ (झांसी) के पं० ठाकुरदासजी जैन बी० ए० से पूछताछ करते समय अचानक ही ध्यान में आ गई।

गजपन्थ

सत्तेव य बलभद्दा जदुवणरिंदाण अट्ठकोडीओ।
गजपंथे गिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥७॥*

इस गाथा में गजपथगिरि से सात बलभद्र और यादव राजादि आठ करोड़ मुनियों का मोक्षगमन बतलाया है। गाथा का एक और अधिक प्रचलित पाठ है 'सत जे बलभद्दा' जिससे सात की संख्या का बोध नहीं होता। दो बलभद्र, अर्थात् रामचन्द्र और बलदेव (कृष्ण के भ्राता) का तो यह निर्वाणस्थल है नहीं। क्योंकि जैसा कि आगे बतलाया है, उत्तरपुराण के अनुसार रामचंद्र का निर्वाण सम्मेदशिखर से हुआ है और बलदेव का मोक्ष हुआ ही नहीं है, वे महेन्द्र स्वर्ग को गये हैं। और अन्य सात बलभद्र कहाँ से मुक्त हुए हैं उत्तरपुराण से इसका कोई पता नहीं चलता। उसमें बलभद्रों के वैराग्य और दीक्षा के वर्णन तो दिये हैं, परन्तु मोक्षस्थानों के निर्देश का अभाव है। ग्रन्थान्तरों से भी इसका कुछ पता नहीं चलता। और यह निर्वाणकाण्ड में भी नहीं बतलाया कि गजपथ कहाँ था।

वर्तमान गजपथ नासिक के निकट मसरूल गाँव के पास की एक छोटी सी पहाड़ी पर माना और पूजा जाता है, परन्तु इस क्षेत्र का इतिहास विक्रम संवत् १९३९ से ही प्रारंभ होता है जब कि इस नागोर (मारवाड़) के भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति ने स्थापित किया था। उन्होंने मसरूल गाँव में आकर वहाँ के पाटील (मालगुजार) से कहा कि मैं इस पास की पहाड़ी पर जैनतीर्थ बनाऊँगा और तुम्हारे इस गाँव में धर्मशाला। इसके लिए मुझे जगह चाहिए। गाँव का पाटील

* पं० पन्नालालजी सोनीद्वारा सम्पादित क्रियाकलाप' में यह गाथा तीसरे नम्बर पर दी हुई है।

उस समय उपस्थित नहीं था, उसके लड़के थे। उनसे जगह का सौदा तय नहीं हुआ तब भट्टारक जी अपने परिकर के साथ दूसरे गाँव चले गये जो म्हसरूल से पास ही है और जिसके निकट एक दूसरी पहाड़ी है। उस पहाड़ी में भी कुछ गुफायें और मूर्तियाँ हैं, इसलिए उन्हें अगत्या वहीं तीर्थस्थापन करने का विचार करना पड़ा। इधर जब वृद्ध पाटील अपने घर आया और उसने सब वृत्तान्त सुना तब लड़कों से अप्रसन्न हुआ और बोला तुमने गलती की। जैनी लोग बड़े मालदार है, यहाँ धर्मशाला, मंदिर बनने से हमलोगो को और बस्ती वालों को बहुत लाभ होगा। आखिर वह तत्काल ही अपनी गाड़ी जोत कर उस गाँव को चल दिया और भट्टारक जी से मिला। उसने मनामुनू कर सौदा पक्का कर दिया और उन्हें वापस लौटा लाया।

इसके बाद भट्टारक जी ने धर्मशाला बनवाई और संवत् १९४२ मे शोलापुर सेठ नानचंद फतेहचंद जी ने उनकी प्रेरणा से मंदिर-निर्माण कराया जिसकी प्रतिष्ठा १९४३ मे की गई।

इस लेख के लेखकों मे से एक (नाथूराम प्रेमी) लगभग २५ वर्ष पहले म्हसरूल में लगभग दो महीने लगातार रहा था और उक्त वृद्ध पाटील से प्रायः हररोज ही मिलता था। पाटील ने स्वयं अपने मुँह से यह इतिहास कहा था।

गजपंथ की पहाड़ी पर जो गुफायें और प्रतिमायें थीं उनका तो अब धनी भक्तों द्वारा इतना रूपान्तर हो गया है कि प्राचीनता का कोई चिह्न भी वहाँ बाकी नहीं रहा है। परंतु उस समय भी यहाँ कोई ऐसा लेख या चिह्न नही था जिससे यह विश्वास किया जा सके कि १९३९ के पहले कभी इसका नाम गजपंथ रहा होगा।

दिगम्बर-जैनडिरेक्टरी मे जो सन् १९१३ में प्रकाशित हुई थी, इस क्षेत्र का कुछ वर्णन दिया है। उसमें यहाँ की प्राचीनता का कोई उल्लेख नही है, अन्त मे सिर्फ इतना लिखा है कि "यहाँ एक खंडित शिलालेख मिला है। जिसका सारांश यह है—'संवत् १४४१ मे हंसराज-माता गोदी बाई ने माणिक स्वामी के दर्शन कर के अपना जन्म सफल किया।'

यह शिलालेख कहाँ है और इसका मूलरूप क्या है, यह जानने का अब कोई उपाय नहीं है। परंतु यह एक बड़ा अद्‌भुत उल्लेख है। क्योंकि निजामस्टेट मे (अलेर स्टेशन से ४ मील) जो कुल्पाक नाम का तीर्थ है, वहाँ के मूल नायक की प्रतिमा माणिक्य स्वामी के नाम से प्रख्यात है। श्रीजिनप्रभसूरि के (वि० सं० १३६४—८९) विविध तीर्थकल्प मे 'कोल्लपाक-माणिक्यदेवतीर्थ-कल्प' नाम का जो कल्प है, उसमे इस तीर्थ का और माणिक्य-स्वामी की आश्चर्यजनक मूर्ति का विस्तृत वर्णन दिया है।

इसी तरह ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन बम्बई के एक गुटके में (न० ^२१४६ ख) एक विना शीर्षक की रचना है। जिसमे १७ पद्य हैं, जो भट्टारक धर्मभूषण के विविध शिष्यों के बनाये हुए हैं और जिनके अन्त में प्राय बनाने वाले शिष्य का नाम दिया हुआ है। उसमें भी कुल्पाक क्षेत्र के माणिक स्वामी का वर्णन है।

देस तिलगममार, सार कुलुपाक सुजानो।
मानिकस्वामी देव, आदि जिनवर वखानो॥
चक्रपती भरतेस, तासकर मुद्रिक प्रतिमा।
पूजी रावणराय, काल(ल?) दुखम युग महिमा॥
जलनिधि मारग्राति (?) तदा, संकरराय सपनज लहा।
निज भुवने जिन आनि ने, तीनिकाल पूजे तहा॥

इन प्रमाणों से स्पष्ट है कि माणिकस्वामी की मूर्ति उक्त कुल्पाक तीर्थ की ही मूर्ति है। इसलिए उक्त लेख के सबध में यह तो कहा ही नहीं जा सकता कि गजपथ म ही माणिक्य स्वामी के दर्शन कर के गोदी बाई ने उ म सफल किया था, तब यही कल्पना की जा सकती है कि उक्त शिलालेख किसी तरह किसी के द्वारा कुल्पाक से यहाँ लाया गया होगा जिसका अब पता नहीं है। माणिक्यस्वामी का तीर्थ अब भी है और वहां के अनेक पुराने शिलालेखों में उसका उल्लेख भी है।

म्हसरूल के मदिर मे 'गजपथाचल मण्डलपूजा' नाम की एक हस्तलिखित पुस्तक है। उस पढ़कर तो यह करीब करीब निश्चय हो जाता है कि भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति ही इस तीर्थ के स्रष्टा और विधाता हैं। उक्त पुस्तक के अन्त की नीचे लिखी हुई प्रशस्ति पढ़िए—

हेमकीर्तिमुने पट्टे क्षेमेन्द्रादियशा प्रभु।
तस्याज्ञया विरचितं गजपथसुपूजन ॥२१
विदुषा शिवजिदक्तनामधेयेन मोहन—
प्रेम्णा यात्राप्रसद्ध्यर्थ चैकाह्विरचितं चिर ॥२२॥
जीयादिदं पूजन च निदनभूषणवद्भुव।
तस्यानुसारतो ह्य य न च शुद्धिकृन्तिवद ॥२३ इत्याशीर्वाद

इति नागोरपट्टविराजमानश्रीभट्टारकक्षेमेन्द्रकीर्तिविरचितं गजपथमण्डलपूजनविधानं समाप्तं।
संवत् १९३२ माघशुक्लपंचमी सोमवासरे कोपरग्रामप्रतिष्ठाया समाप्तमिद।"

अर्थात् हेमकीर्ति के पट्ट के उत्तराधिकारी भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति की आज्ञा से यह गजपंथ-पूजन रचा गया। इस प० शिवजाराम ने, मोहन के प्रेम से, यात्रा की प्रसिद्धि के लिए—अर्थात् लोग इस तीर्थ को जान जायँ और यात्रा को आने लगें—केवल एक दिन में बनाया।

यह पूजन विश्व-भूषण के समान चिरंजीवी हो। यह उन्हीं की आज्ञा के अनुसार है, इसमें अपनी बुद्धि का कुछ नहीं है।

इस तरह इसके कर्त्ता पं० शिवजीलाल हैं; परंतु चूँकि वे तो आज्ञाकारी मात्र थे, इसलिए अन्त में यह भी लिख गये कि यह भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति-विरचित है! भट्टारक जी को भी इससे संतोष हो गया होगा!

कोपरगाँव (जिला अहमदनगर) की प्रतिष्ठा के अवसर पर सं० १९३९ में भट्टारक जी ने पण्डित जी को बुलवाया होगा और उसी समय उनसे यह काम करा लिया होगा। पं० शिवजी लाल जयपुर के भट्टारकानुयायी पण्डित थे। उनका स्वर्गवास हुए बहुत अधिक वर्ष नहीं हुए हैं। उन्होंने संस्कृत और भाषा में अनेक ग्रन्थों की रचना की थी। चर्चासंग्रह, तेरहपंथ-खण्डन, रत्नकरंड की वचनिका आदि उनके मुख्य ग्रन्थ हैं, जिनमें तेरहपंथ की खूब खबर ली गई है। भगवती-आराधना की एक संस्कृत टीका भी उनकी उपलब्ध है।*

उक्त प्रशस्ति का 'विश्वभूषणवत्' पद श्लिष्ट मालूम होता है। शायद इसमें सोनागिरि की गद्दी के भट्टारक विश्वभूषण का संकेत हो जो जगद्भूषण के शिष्य थे और संवत् १७२२ के लगभग मौजूद थे। ग्रन्थ-सूचियों में उनके 'मांगीतुङ्गी-पूजन-विधान' का नाम मिलता है। शायद यह मण्डल-विधान उसी के ढङ्ग पर उसी के अनुसार बनाया गया हो। पूरा निश्चय तो माँगीतुङ्गी-पूजन के मिलने पर ही हो सकता है।

उक्त 'गजपंथ-मंडल-विधान' में मंडल में दस कटना बनाने की विधि है जिसके अनुसार आठ करोड़ मुनि दस हिस्सों में लाखों-हजारों की संख्या में बाँट दिये गये हैं और इस तरह उक्त प्रत्येक विभक्त संख्या के पहले एक-एक मुनि का नाम देकर सब को अर्घ्य दिया गया है। जैसे—

ॐ ह्रीं बारहलक्ष तेतीस हजार मुनिसहित कनककीर्तिमुनि मोक्षपदं प्राप्तायार्घ्यं।

ओं ह्रीं द्वादशलक्ष गुणतीसहजार मुनिसहित धर्मकीर्तिमुनि मोक्षपदप्राप्तायार्घ्यम् ॥

परंतु प्रत्येक अर्घ्य के साथ दिये हुए इन महासेन, हेमसेन, देवसेन, धर्मकीर्ति कनककीर्ति, मेरुकीर्ति आदि नामों से साफ मालूम होता है कि वे सब कल्पित या मनगढ़ंत हैं।

---

* अनन्तकीर्ति-ग्रन्थमाला में प्रकाशित 'भगवती-आराधना' की विस्तृत भूमिका में इस टीका की प्रशस्ति दी गई है।

† जैनसिद्धान्तभास्कर वर्ष २, किरण १ के प्रतिमालेख-संग्रह में एक 'सम्यग्दर्शनयंत्र' का उल्लेख है जो संवत् १७२० का विश्वभूषण की आम्नाय के एक गृहस्थ का दिया हुआ है और मैनपुरी के मन्दिर की अजितनाथ की प्रतिमा सं० १६८८ में जगद्भूषण भट्टारक-द्वारा प्रतिष्ठित है।

इस तरह के सेन कीत्यन्त नाम पिछली भट्टारक परम्परा में ही अधिक रहे हैं, ये प्राचीन नाम नहीं हैं। इसके सिवाय इस मडल विधान के अतिरिक्त और किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में गजपथ से मुक्ति पानेवाले उक्त मुनियों के नाम प्राप्त नहीं होते हैं।

भट्टारक क्षेमेन्द्रकीर्ति के पहले की किसी भी पुस्तक मे वर्तमान गजपथ का उल्लेख अभी तक देखने में नही आया। इसके पहले का गजपथ का कोई पूजन पाठ भी उपलब्ध नहीं है।

वि० स० १७४६ मे श्रीशिवविजय के शिष्य शीलविजय नाम के श्वेताम्बर साधु ने दक्षिण देश की तीर्थयात्रा की थी जिसका वर्णन उन्होने अपनी 'तीर्थमाला' में किया है।* दक्षिण देश के प्राय सभी श्वेताम्बर दिगम्बर तीर्थों की यात्रा को वे गये थे और उनका स्वय आखों देखा वर्णन उक्त पुस्तक में है। श्रवण बेल्गोल, मूडबिद्री आदि से लौटते हुए वे कचनेर, दौलताबाद, देवगिरि, एलोरा, अ मदनगर और फिर नासिक, त्र्यम्बक और तुङ्गीगिरि का वर्णन करते हैं और जो तीर्थ दिगम्बर हैं उन्हें दिगम्बर ही लिखते हैं। वे नासिक और तुगीगिरि का वर्णन कर के भी गजपथ की चर्चा कोइ नही करते, तब यही अनुमान करना पड़ता है कि कम से कम स० १७४६ तक तो इस तीर्थ का निर्माण नहीं हुआ था।

तुंगीगिरि

रामो सुग्गीव हणुउ गवयगवक्खो य णीलमहाणीलो।
णवणवदीकोडीओ तु गीगिरिणिव्वुदे वदे॥ १॥

अर्थात राम, हनुमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील आदि निन्यानवे कोटि मुनि तुङ्गीगिरि से मोक्ष गये। सस्कृत निर्वाणभक्ति में लिखा है 'तुग्या तु सगरहितो बलभद्रनामा' इसमे तुङ्गीगिरि से केवल बलभद्र के मुक्त होने का उल्लेख किया है।

वर्तमान क्षेत्र मागीतुङ्गी गजपथ (नासिक) स लगभग अस्सी मील पर है। वहाँ पास ही पास दो पर्वत शिखर हैं। उनमें स एक का नाम माँगी और दूसरे का तुङ्गी सभवत इस कारण पड़ा है कि तुङ्गी अधिक ऊँचा (तुङ्ग) है और दूसरा माँगी उसके पीछे मराठी में 'मागे' का अर्थ पीछे होता है।

माँगी शिखर की गुफाओं में कोई साढ़े तीन सौ प्रतिमायें तथा चरण हैं और तुङ्गी में लगभग तीस। यहाँ एक विशेषता यह देखी गई कि अनेक प्रतिमाये साधुओं की हैं जिनके साथ पीछी और कमडलु भी हैं और पास ही शिलाओं पर उन साधुओं के नाम भी लिखे हुए हैं। माँगी के एक शिलालेख म वि० स० १४४३ स्पष्ट पढ़ा जाता है। अन्य सब लेख इसके पीछे के हैं। पर माँगी या तुङ्गी नाम किसी भी पुराने लेख में नहीं पढ़ा गया।

---

* देखो श्री विजयधर्मसूरि सम्पादित 'प्राचीन तीर्थमालासग्रह" प्रथम भाग पृष्ठ ११३ १२१।

माँगीगिरि अपेक्षाकृत अधिक विस्तीर्ण है और उसमें मूर्तियाँ और शिलालेख भी बहुत हैं; परंतु उसका नाम निर्वाणकाण्ड या अतिशयक्षेत्रकाण्ड आदि में कहीं नहीं देखा गया। राम-हनुमान की तपस्या का सूचक कोई चिह्न या लेखादि भी उस पर नहीं पाया जाता। पर दोनों पर्वतों के मध्य में एक स्थान बतलाया जाता है कि वहाँ बलभद्र ने कृष्ण का दाह-संस्कार किया था। पर यह कथन निर्वाणकाण्ड से विरुद्ध जाता है। उसके अनुसार तो यहाँ राम (बलभद्र) का मोक्ष-स्थान सिद्ध होता है जब कि यादव बलभद्र तो गजपंथ से निर्वाण-प्राप्त हुए हैं।

यद्यपि यह स्थान पाँच सौ वर्ष से भी अधिक पुराना है परन्तु 'तुङ्गी गिरि' नाम से और फिर 'माँगीतुङ्गी' के नाम से इसकी प्रसिद्धि कबसे हुई, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है शीलविजयजी के समय में संवत् १७४६ में यह तुङ्गीगिरि नामसे प्रसिद्ध था। भट्टारक विश्वभूषण की पूजा का नाम यदि मांगीतुंगी-पूजन हो, तो कहना होगा कि संवत १७२२ के लगभग इसे माँगीतुङ्गी भी कहने लगे थे।

एक अद्भुत बात यह है कि पं० आशाधर अपने त्रिषष्टिस्मृति-शास्त्र में राम, हनुमान आदि का मोक्ष-स्थान सम्मेदशिखर मानते हैं—

साकेतमेतत्सिद्धार्थवने श्रित्वा बलस्तपः।
शिवगुप्तजिनात्सिद्धः सम्मेदेऽणुमदादियुक् ॥ ८० ॥

अर्थात् बल (रामचन्द्र) अयोध्या गये और शिवगुप्त जिनसे दीक्षा लेकर तप करके हनुमानादि के सहित सम्मेदशिखर से सिद्ध हुए।

इसी तरह रविषेणाचार्य अपने पद्मचरित में भी हनुमान का मोक्ष या निर्वाणगिरि सम्मेदशिखर से मानते हैं।

निर्दग्धमोहनिचयो जैनेन्द्रं प्राप्य पुष्कलं ज्ञाननिधिम्।
निर्वाणगिरावसिधच्छ्रीशैलः श्रमणसत्तमः पुरुपरविः ॥

—पर्व १३, ४५

उत्तरपुराण के अनुसार भी सुग्रीव, हनुमान आदि पाँच सौ राजाओं के साथ रामचन्द्र ने सम्मेदसिखर से मोक्ष प्राप्त किया है।

बम्बई के 'ऐलक पन्नालाल सरस्वती-भवन' में एक गुटका है उसमें द्विज विश्वनाथ की एक रचना है जिसमें १३ छप्पय छन्द हैं, पर उसका नाम कुछ नहीं लिखा। उसमें गिरनार शत्रुञ्जय, मगसी-मंडन पार्श्वनाथ, अन्तरीक्ष, चम्पापुरी पावापुरी, हस्तिनापुर, पैठन-मुनिसुव्रत, कुण्डलगिरि, पाली-शांतिजिन, गोपाचल (ग्वालियर) का वर्णन करके अन्तिम

तेरहवें छप्पय में इस प्रकार लिखा है—

तुङ्गीगिरिके माहि सकल असुरासुर जाणे,
शास्त्र सकल सिद्धांत नाम बलभद्र बखाने।
सिद्धा वहु मुणिराज नाइ सिवरमिता पाम्या,
रोग सोग संताप कष्ट आपद सहु वाम्या ॥
बलभद्रदेवन पूजता, सकल संघ वंदो बली।
द्विज विश्वनाथ इयम उच्चरे, भजो भाव मन वच करी ॥ १३ ॥

इस में भी माँगी तुंगी नहीं कहकर तुङ्गीगिरि नाम है। द्विज विश्वनाथका ठीक समय मालूम नहीं हो सका पर ये बहुत पुराने नहीं है। किसी भट्टारक के शिष्य थे।

श्रमणगिरि या ऋष्यद्रि

अगानंगकुमारा विक्खायपंचद्धकोडिरिसिसहिया।
सवणगिरिमथत्यत्थे* णिव्वाणगया णमो तेसिं ॥९॥

अर्थात् श्रमणगिरि के मस्तक से अंग अनंगकुमार आदि साढे पाँच करोड़ विख्यात मुनियों को निर्वाण हुआ।

श्रमणगिरि के अपभ्रंश क्रमशः श्रवन, सवन, सोन, सोनागिरि हो जाते हैं, इसलिए साधारण समझ यह हो गई है कि दतिया स्टेट का वर्तमान सोनागिरि ही सिद्धक्षेत्र श्रमणगिरि है। परन्तु इस विषय में सन्देह करने की काफी गुंजाइश है।

निर्वाणभक्ति का नवाँ पद्य इस प्रकार है—

द्रोणीमति प्रवरकुण्डलमेढके च
वैभारपर्वततले वरसिद्धकूटे।
ऋष्यद्रिके † च विपुलाद्रिबलाहके च
विन्ध्ये च पोदनपुरे वृषदीपके च ॥

इसके 'ऋष्यद्रिके' का अर्थ टीकाकार श्रीप्रभाचन्द्र ने 'श्रमणगिरौ'‡ किया है। अर्थात् इसके अनुसार भी श्रमणगिरि सिद्ध क्षेत्र है। परन्तु वैभार, बलाहक, विपुलाचल के साथ उल्लेख होने से यह खयाल आता है कि कहीं यह श्रमणगिरि भी वैभार आदि पाँच पर्वतों में

---

* 'सवणगिरिवरसिहरे' भी पाठ मिलता है।

† ऐ० प० स० भवन के एक गुटके में 'ऋष्यद्रिके' के स्थान पर 'रूप्याद्रिके' पाठ दिया है जो निस्सन्देह अद्भुत है। श्रमण सोना बनते बनते चाँदी बन गया।

‡ देखो पं० पन्नालालजी सोनी द्वारा सम्पादित 'क्रियाकलाप' पृष्ठ २२६।

से एक न हो। पाठक जानते है कि राजगृह के पास पाँच पर्वत हैं जिनके नाम क्रमशः वैभार, विपुल, उदय, रत्न और श्रमणगिरि हैं।

दिगम्बर जैनडिरेक्टरी मे यही पाँच नाम दिये हुए हैं परन्तु कहीं-कहीं श्रमणगिरि को सुवर्णगिरि या सोनागिरि भी लिख दिया है और इसका कारण श्रमण के अपभ्रंश-रूप की और सुवर्ण के अपभ्रंश की प्रायः समानता है।

श्रीविजयसागर साधु की संवत् १६६४ मे लिखी हुई तीर्थमाला में सुवर्णगिरि और संवत् १५६५ की पं० हंससोम-रचित 'पूर्वदेशीय चैत्यपरिपाटी' मे सोवनगिरि लिखा हुआ है।*

श्रीयतिवृषभ की 'तिलोयपण्णत्ति' मे विपुल, वैभार आदि के साथ ऋषिशैल का उल्लेख है—

'सुरखेयरमणहरणे गुणणामे पंचसेलणयरम्मि (णियडम्मि ?)
विउलम्मि पव्वदवरे वीरजिणो अट्ठकत्तारो ॥६४॥
चउरस्सो पुव्वाए रिसिसेलो† दाहिणाए वैभारो।
णइरिदिदिसाए विउओ दोण्णि तिकोणट्ठिदायारा" ॥६५॥

पट्खंडागम की वीरसेनस्वामिकृत धवलाटीका मे भी पंच-पहाड़ियों का उल्लेख निम्न प्रकार किया गया है—

'पंचसेलपुरे रम्मे विउले पव्वदुत्तमे
णाणादुमसमाइण्णे देव-दाणव-वंदिदे।
महावीरेण अत्थो कहियो भवियलोयस्स ॥"

उक्त उल्लेख के पश्चात् उक्त ग्रन्थ मे 'अत्रोपयोगिनौ श्लोकौ' कह कर निम्न लिखित दो और भी प्राचीन श्लोक उद्धृत किये हैं जो इन पहाड़ियों के नामों (ऋषिगिरि, वैभार, विपुल, चन्द्र और पाण्डु) के सिवाय उनकी दिशाओं और आकार के सम्बन्ध मे भी कुछ प्रकाश डालते हैं। ये ही श्लोक जयधवला मे भी आये हैं—

ऋषिगिरिरैन्द्राशायां चतुरस्रो याम्यदिशि च वैभारः।
विपुलगिरिर्नैऋत्यामुभौ त्रिकोणौ स्थितौ तत्र ॥
धनुराकारश्चंद्रो वारुण-वायव्य-सामदिक्षु ततः ॥
वृत्ताकृतिरैशान्यां पाण्डुः सर्वे कुशाग्रवृत्ताः ॥

श्रीजिनसेनकृत हरिवंशपुराण के तृतीय सर्ग मे इन पहाड़ियों का उल्लेख इस प्रकार हुआ है—

ऋषिपूर्वो गिरिस्तत्र चतुरस्रः सनिर्झरः।
दिग्गजेंद्र इवेन्द्रस्य ककुभं भूषयत्यलम् ॥ ५३ ॥

---

* देखो श्रीविजयधर्मसूरि-सम्पादित 'प्राचीनतीर्थमाला-संग्रह' (प्रथम भाग) पृष्ठ ९ और १७।

† जैनसिद्धान्तभास्कर मे प्रकाशित 'तिलोयपण्णत्ति' मे 'सिरिसेलो' पाठ छप गया है, जो भ्रम है।

वैभारो दक्षिणामाशा त्रिकोणाकृतिराश्रित ।
दक्षिणापरदिग्मध्य निपुनश्च तदाकृति ॥ ५४ ॥
सज्यचापाकृतिस्तिस्त्रो दिशो व्याप्य बलाहक ।
शोभते पाण्डुको वृत्त पूर्वोत्तरदिगन्तरे ॥ ५५ ॥

इस उल्लेख में चन्द्र के स्थान में बलाहक लिखा है ।

महाभारत में भी इन पाँच पर्वतोंका उल्लेख है । परन्तु नामा में कुछ अन्तर पड़ गया है—वैहार (वैभार) वराह, वृषभ, ऋषिगिरि और चैत्यक ।

इनमें का वराह और निर्वाणभक्ति तथा हरिवंश का बलाहक (वराहक) एक ही है और ऋषिगिरि तो श्रमणगिरि है ही ।

बौद्धों के 'चूलदुक्खक्खन्धसुत्त'* म राजगृह के समीप की ऋषिगिरि की कालशिला का वर्णन आया है जहाँ बहुत से निग्गठ साधु तपस्या को तीव्र वेदना सह रहे थे । अतएव बौद्धों के अनुसार भी राजगृह के समीप ऋषिगिरि था जहा निर्ग्रन्थ मुनि तपस्या करते थे और उसी का अपर नाम श्रमणगिरि है ।

इन सब उल्लेखों को देखते हुए ऐसा मालूम होता है कि राजगृह के समीप के पाँच पर्वतों म से ही एक श्रमणगिरि होना चाहिए, वर्तमान सोनागिरि नहा ।

वर्तमान सोनागिरि तीर्थ बहुत प्राचीन नहा जान पडता । सिद्धक्षेत्र के रूप म तो इसकी प्रसिद्धि बहुत आधुनिक काल की मालूम होती है । इस समय वहाँ ७०—८० मन्दिरों का समूह है जिनस सारा पर्वत ढँक गया है । परन्तु दो चार को छोडकर शेष सब सौ सवा सौ वर्ष के भीतर के ही बने हुए हैं । वहाँ प्राचीन मूर्तियों का प्राय अभाव है और शिल्प कला की दृष्टि से तो शायद एक भी मूर्ति ऐसी नहा है जो कुछ महत्त्व रखती हो ।

वहाँ का मुख्य मन्दिर श्रीचन्द्रप्रभ भगवान् का है (अनगकुमार का नहीं) । उसका जीर्णोद्धार वि० स० १८८३ में मथुरा के सेठ लखमीचन्द जी द्वारा हुआ था । इसमें एक शिलालेख भी लगा दिया गया है जो किसी जीर्ण मन्दिर के शिलालेख का साराश बतलाया गया है । उसकी नकल हम यहाँ देते हैं—

मन्दिरसह राजत भये, चन्द्रनाथ जिन ईस ।
पोससुदी पूनम दिना, तीन-सतक पैंतीस ॥
मूलसघ अर गण करो (हो), बलात्कार समुदाय ।
श्रवणसेन अरु दूसरे, कनकसेन दुइ भाय ॥
बीजक अक्षर बाँच के, कियो सु निश्चय राय ।
और लिख्यो तो बहुत सो नहिं परयो लखाय ॥

* देखो त्रिपटकाचार्य श्रीराहुल साकृत्यायन द्वारा अनुवादित 'बुद्धचर्या' पृष्ठ २३० ।

द्वादश-सतक वत्तरा, पुन्यी जीवनसार।
पारसनाथ-चरण तरैं, तासौ विदी (धी) विचार॥

इसमें बतलाया गया है कि संवत् ३३५ पौष सुदी १५ का उक्त जीर्ण शिलालेख था और उसमें मूलसंघ बलात्कारगण के श्रवणसेन-कनकसेन, दो भाइयों का उल्लेख था। परन्तु जब तक उक्त मूललेख की प्राप्ति न हो तब तक उसके विषय में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता और यह बात तो बिल्कुल ही समझ में नहीं आती कि जीर्णोद्धार कराने वालों ने उस इतनी महत्त्वपूर्ण वस्तु को सुरक्षित क्यों नहीं रक्खा और आखिर वह शिलालेख गया कहाँ? नये लेख के साथ वह भी तो सुरक्षित रह सकता था।

मूल लेख में जो मूलसंघ और बलात्कारगण का उल्लेख बतलाया जाता है उससे उसके संवत् ३३५ के होने का पूरा सन्देह है। क्योंकि विक्रम की चौथी शताब्दी में बलात्कारगण का अस्तित्व ही नहीं था। इसके सिवाय चौथी शताब्दी की लिपि इतनी दुष्पाठ्य है कि जीर्णोद्धार करने वालों के द्वारा वह पढ़ी ही नहीं जा सकती थी।

हमारा अनुमान है कि मूललेख में संवत् सं० १३३५ होगा जो अस्पष्टता के कारण या टूटा होने के कारण सं० ३३५ पढ़ लिया गया है। और लेख पूरा नहीं पढ़ा गया, इसे तो उक्त सारांश लिखने वाले ने भी स्वीकार किया है।

तेरहवीं-चौदहवीं की मूर्तियाँ और मन्दिर सोनागिरि के आसपास के प्रान्त में और भी अनेक मिले हैं। उक्त सारांश में ही पार्श्वनाथ के पदतल के एक लेख का समय सं० १२१२ दिया है। श्रमणसेन और कनकसेन नाम प्रतिष्ठाकारक मुनियों के मालूम होते हैं।

यह जानने का कोई साधन नहीं है कि तेरहवीं शताब्दी में इस स्थान को श्रमणगिरि कहते थे या नहीं और जब तक ऐसा कोई उल्लेख नहीं मिल जाता तब तक इस क्षेत्र का श्रमणगिरि होना और निर्वाण-क्षेत्र होना संशयास्पद ही है।

यह बात भी नोट करने लायक है कि सोनागिरि के आस-पास देवगढ़, खजराहा, आदि स्थान बहुत प्राचीन हैं और देवगढ़ में तो गुप्तकाल तक के लेख मौजूद हैं, शिल्पकला भी वहाँ की अपूर्व है जब कि सोनागिरि में यह कुछ भी नहीं है। प्राचीनता का एक भी निदर्शन वहाँ प्राप्य नहीं।

सोनागिरि गोपाचल (ग्वालियर) के भट्टारक का एक शाखा-पीठ है जो गोपाचल-पीठ की स्थापना के बाद का है। अतः इस शाखा-पीठ की स्थापना के लगभग ही इस तीर्थ की नींव डाली गई होगी।

रेवा-तट के तीर्थ

दहमुहरायस्स सुआ कोडी पचद्धमुणिवरे सहिया।
रेवाउहयम्मि[1] तीरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥
रेवाणइए तीरे[2] पच्छिमभायम्मि[3] सिद्धवरकूटे
दो चक्की दह कप्पे आहुट्ठयकोडिणिव्वुदे वन्दे॥
रेवा[4]तडम्मि तीरे समवनाथस्स केवलुप्पत्ती।
आहुट्ठयकोडीओ निव्वाण गया णमो तेसिं॥

रेवा या नर्मदा नदी अमरकटक से लेकर खंभात की खाड़ी तक १७०० मील लम्बी है। जब तक स्थानों का ठीक ठीक निर्देश न मिले तब तक उसके तट के तीर्थ कहाँ कहाँ थे इसका निश्चय नहीं किया जा सकता। पहली गाथा में रेवा के दोनों किनारों से साढ़े पाँच कोटि मुनियों का निर्वाण होना लिखा है जिसमें दशमुख राजा (रावण) के पुत्र प्रधान थे और दूसरी गाथा में रेवा के पच्छिम (या दक्षिण) भाग के सिद्धवरकूट से दो चक्रवर्ती और दश कन्दर्प या कामदेवों का सिद्ध होना बतलाया है। इसमें भी स्थान का निर्देश नहीं है कि वह कहाँ था, सिर्फ स्थान का नाम भर दिया है।

किसी किसी प्रति में (सब में नहीं) रेवा तट पर समवनाथ तीर्थङ्कर को केवल ज्ञान की उत्पत्ति बतलाई है और उनके साथ भी साढ़े-तीन कोटि मुनियों का निर्वाण बतलाया है।

संस्कृत निर्वाणभक्ति में इन निर्वाण स्थलों का जिक्र नहीं है परन्तु चूँकि विन्ध्याचल रेवा के किनारे किनारे बहुत दूरतक चला गया है और उसमें 'विन्ध्ये' पद दिया है इसलिए इनका अन्तर्भाव अवश्य हो सकता है।

प्रारम्भिक गाथा में दशमुख राजा के पुत्रों के नाम नहीं हैं कि वे कौन कौन थे। इन्द्रजीत और कुम्भकर्ण का निर्वाण तो आगे की एक गाथा में 'चूलगिरि' से बतलाया गया है।

दूसरी गाथा में निर्दिष्ट किया हुआ 'सिद्धवरकूट' इस समय बड़वाह (इन्दौर) से ६ मील की दूरी पर माना पूजा जा रहा है और गजपन्थ के समान इसकी स्थापना का इतिहास भी बहुत पुराना नहीं है। इसके स्रष्टा और विधाता भी एक भट्टारक थे, जिनका नाम महेन्द्रकीर्ति

---

१ किसी किसी प्रति में 'रेवाउदयउडम्मे' पाठ है।

२ 'रेवातडम्मि तीरे' भी पाठ मिलता है।

३ श्रीपन्नालाल सरस्वती भवन के गुटके में 'दक्खिणभायम्मि' पाठ है।

४ यह गाथा उक्त सरस्वतीभवन के गुटके में है। क्रियाकलापके सम्पादक ने भी इसको टिप्पण में दिया है।

था और जो इन्दौर की गद्दी के अधिकारी थे। उन्होंने ओंकारेश्वर के भील राजा को प्रसन्न करके उससे जमीन प्राप्त की और संवत् १९५० के लगभग इस क्षेत्र की नींव डाली। इस लेख के एक लेखक को (नाथूराम प्रेमी को) स्मरण है कि उस समय अजमेर से निकलनेवाले जैन-प्रभाकर पत्र मे—जिसके सम्पादक शायद छोगालालजी बिलाला थे—यह प्रकाशित हुआ था कि नर्मदा की धारा के हट जाने से ओंकारेश्वर के पास पुराने मंदिरों के कुछ अवशेष निकल आये है और यह अनुमान किया गया है कि यही निर्वाणकाण्ड का सिद्धवरकूट था। सबसे पहले इन्दौर के सेठ भूरजी सूरजमल मोदी ने माघ सुदी १५ स० १९५१ मे एक मन्दिर का जीर्णोद्धार कराके उसकी प्रतिष्ठा कराई। उस के बाद अन्य दो मंदिरों का भी जीर्णोद्धार हुआ और धर्मशालायें आदि बनाई गईं।

मंदिर अवश्य जीर्ण-शीर्ण थे परन्तु जिस स्थान पर थे वह सिद्धवरकूट ही है, इसका और कोई पुष्ट प्रमाण नही है।

संवत् १७४६ मे तीर्थयात्रा को निकलनेवाले श्रीशीलविजयजी ने अपनी 'तीर्थमाला' में नर्मदा के पास के तमाम जैन-अजैन तीर्थों का वर्णन लिखा है। पहले शैवों के मान्धाता का वर्णन कर के—जो वर्तमान सिद्धवरकूट से बहुत ही पास है—वे खंडवा और बुरहानपुर की तरफ चले जाते है, खंडवा के दिगम्बर जैनो का वर्णन करते है परन्तु इस क्षेत्र का जिक्र तक नही करते। इससे मालूम होता है कि उस समय इस तीर्थ का अस्तित्व न था।

संस्कृत निर्वाणभक्ति मे भी इस तीर्थ का नाम नहीं है।

चूलगिरि

बडवाणीवरणयरे दक्खिणभायम्मि चूलगिरिसिहरे।
इंदजियकुंभयण्णो णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

अर्थात् बड़वानी नगर से दक्षिण की ओर चूलगिरि-शिखर से इन्द्रजीत-कुंभकर्णादि मुनि मोक्ष गये।

वर्तमान मे बड़वानी नगर मऊ स्टेशन से लगभग ९० मील है और एक छोटी सी रियासत की राजधानी है। दि० जैन डिरैक्टरी के अनुसार चूलगिरि में २२ मन्दिर है। मन्दिरों के जीर्णोद्धार का समय वि० सं० १२२३—१३८० और १५८० है। प्रतिष्ठाचार्यों के नाम नन्दकीर्ति और रामचन्द्र है। एक अत्यन्त विशाल प्रतिमा के कारण इस तीर्थ को 'बावन-गजा' कहने लगे है।

दि० जैन डिरैक्टरी मे लिखा है कि 'बड़वानी' नाम पुराना नहीं है। लगभग ४०० वर्ष पहले इसका नाम सिद्धनगर था; पीछे किसी समय बड़वानी हुआ होगा। वहाँ की

रगाराकी बावडी के एक लेख से ऐसा मालूम होता है। परन्तु हमारी समझ में बड़वानी नाम चार सौ वर्ष से तो अधिक पुराना है। क्योंकि निर्वाणकाण्ड की रचना का ठीक समय निश्चित न होने पर भी यह छह सात सौ वर्ष से कम पुराना तो हो ही नहीं सकता है। हाँ, सम्भव है कि सिद्धनगर बड़वानी के ही आसपास कहीं हो और वहीं सिद्धवर कूट भी रहा हो।

श्रीरविषेणाचार्य के पद्मचरित्र के ७८वें पर्व में यह तो लिखा है कि इन्द्रजीत मेघनाद आदि ने लंका में ही दीक्षा ली थी परन्तु उसमें निर्वाण स्थान का उल्लेख नहीं है। उत्तरपुराण में भी इन्द्रजीत आदि का मोक्ष स्थान नहीं बतलाया है परन्तु सुग्रीव, हनुमान, विभीषण आदि के साथ रामचन्द्र का निर्वाणस्थल सम्मेदशिखर लिखा है। यदि 'आदि' शब्द से इन्द्रजीत आदि का भी ग्रहण किया जाय तो फिर उनका मुक्ति स्थान सम्मेदशिखर होना चाहिए।

द्रोणगिरि

फलहोडीवरगामे पच्छिममायम्मि दोणगिरिसिहरे।
गुरुदत्ताइमुणिंदा णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥*

अर्थात् फलहोडी ग्राम के पश्चिम भाग में जो द्रोणगिरि शिखर है उसपर से गुरुदत्तादि मुनि मोक्ष को गये।

इस समय बुन्देलखण्ड की बिजावर रियासत के सेंदपा गाँव के समीप का पर्वत द्रोणगिरि सिद्धक्षेत्र माना जाता है। सेंदपा ग्राम में एक मन्दिर और द्रोणगिरि पर २४ मन्दिर हैं। मूलनायक आदिनाथ की प्रतिमा संवत् १५४९ की प्रतिष्ठा की हुई है। शेष मन्दिर और प्रतिमायें आधुनिक हैं। पास में कोई फलहोडी नाम का ग्राम नहीं है और न कोई ऐसा प्राचीन लेख ही है जिसमें द्रोणगिरि का उल्लेख हो।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय का एक प्रसिद्ध तीर्थ जोधपुर रियासत में मेड़ता के पास फलहोडी या फलोधी नाम का है जिसका वर्णन श्रीजिनप्रभ सूरि के विविध तीर्थकल्प में (वि० १३६४-८९) इस प्रकार किया गया है—'अत्थि सवालक्खदेसे मेडतयनगरसमीवट्ठिओ वीरभवणाइ नाणाविहदेवालयाहिरामो फलवद्धीनामगामे तत्थ फलवद्धिनामाधिज्जाए देवीए भवणमुत्तुंगसिहरं चिट्ठइ।' सन्देह होता है कि कहीं उक्त फलोधी ही किसी समय दिगम्बरतीर्थ न रहा हो।

* श्रीपन्नालाल सरस्वती भवन के गुटके में यह गाथा नहीं है।

मेढगिरि

अचलपुरवरणयरे ईसाणे भाए मेढगिरिसिहरे ।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाण गया णमो तेसिं ॥

अर्थात् अचलपुर नगर के ईशान भाग मे मेढगिरि-शिखर से साढ़े-तीन करोड़ मुनियों का मोक्ष हुआ। मेढगिरि मेध्यगिरि का अपभ्रंश मालूम होता है। मेध्य शब्द का अर्थ पवित्र है। बौद्धधर्म के 'उपालिसुत्त' (बुद्धचर्या पृष्ठ ४४९) में दण्डकारण्य, कलिंगारण्य, मेध्यारण्य और मातंगारण्य का उल्लेख आया है। आश्चर्य नहीं जो मेध्यारण्य और मेढगिरि एक ही हों।

संस्कृत निर्वाण-भक्ति में 'प्रवरकुण्डलमेढ्रके च' पाठ है और उसकी टीका में श्रीप्रभाचन्द्राचार्य ने खुलासा किया है 'प्रवरकुण्डले प्रवरमेढ्रके च ।'

इस समय वराड़ के एलचपुर से १२ मील पर जो 'मुक्तागिरि' है, वही सिद्धक्षेत्र मेढगिरि बतलाया जाता है। परन्तु यह समझ मे नहीं आता कि मेढगिरि का मुक्तागिरि नाम कैसे हो गया। न तो इन दोनों नामों मे कोई उच्चारण-साम्य है और न अर्थ-साम्य।

रा० ब० डाक्टर हीरालाल के 'लिस्ट आफ इंस्क्रिप्शन्स इन सी० पी० एण्ड बरार' मे मुक्तागिरि के लेखों का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वहां ४८ मन्दिर हैं जिनमे कोई ८५ मूर्तियाँ हैं। उनमें से अनेकों पर संवत् हैं जिनसे वे सन १४८८ (सं० १५४५) से लगाकर १८९३ (सं० १९५०) तक की सिद्ध होती हैं।

अमरावती से खरपी नामक गाँव तक पक्की सड़क गई है और वहाँ से लगभग तीन मील मुक्तागिरि है। इस खरपी गाँव मे कारंजा के भट्टारक पद्मनन्दी की समाधि है जिनका समय वि० सं० १८७६ है। दि० जैन डिरैक्टरी के अनुसार कारंजा की गद्दी पर—जो मान्यखेट की गद्दी की शाखा थी—३६ भट्टारक हो चुके हैं। संवत् १५०० के लगभग यह गद्दी स्थापित हुई थी। मुक्तागिरि के प्राप्त लेखों में कोई भी वि० सं० १५४० के पहले का नहीं है। संभव है, कारंजा में पट्ट स्थापित न होने के बाद ही इस क्षेत्र की प्रसिद्धि की गई हो और अचलपुर (एलचपुर) के ईशानकोण में इस स्थान की स्थिति होने से ही निर्वाणकांड के अनुसार इसे मेढ्रगिरि समझ लिया गया हो।

अचलापुर या अचलपुर एलचपुर ही है, इसका सबसे पुष्ट प्रमाण यह है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण मे इस वर्णव्यत्यय के लिए एक सूत्र की ही रचना की है—'अचलपुरे चलो.' अचलपुरे चकार-लकारयोर्व्यत्ययो भवति अलचपुरं ॥२, ११८। हेमचन्द्र के समय में जो अलचपुर कहा जाता था, वही अब एलचपुर कहा जाने लगा है।

डा० हीरालाल के कथनानुसार तीवरखेड में एक ताम्रपट मिला है जो अचलपुर मे लिखा गया था। उस में राष्ट्रकूट राजाओं का उल्लेख है और वह शक सवत् ५५३ (वि० स० ६८८) का है। इससे मालूम होता है कि बहुत प्राचीनकाल स एलचपुर अचलपुर नाम से विख्यात है।

कुन्थु गिरि

वसत्थलम्मि णयरे पच्छिममायम्मि कुथुगिरिसिहरे।
कुलदेशभूपणमुणी णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

अर्थात् वशस्थलपुर के पास पश्चिम की ओर के कुथुगिरि के शिखर से कुलभूपण और देशभूपण मुनिका निर्वाण हुआ।

निर्वाणभक्ति में इसका नाम नहीं आया है। 'वसत्थलम्मि णयरे' और 'वसत्थलवर णियरे' दो पाठ मिलते हैं परन्तु हमारी समझ में 'वसत्थलउरणियडे (वशस्थलपुर निकटे) पाठ होना चाहिए। श्रीरविपेणाचार्य के पद्मचरित (पर्व ४०) में वहाँ के राजा को वशस्थल-पुरेश कहा है—

वशस्थलपुरेशश्च महाचित्त सुरप्रभ ।
सलक्ष्मण सपत्नीक पद्मनाभमपूजयत् ॥७॥

इसी तरह पर्व ३९ में कहा है—

नानाजनोपभोग्येषु देशेषु ।नहितेक्षणौ ।
धारौ क्रमेण सम्प्राप्तौ पुर वशस्थलद्युतिं ॥९॥

उक्त वशस्थलपुर के पास ही बाँसों का जङ्गल था जिसका नाम वशधर था। देखिए पर्व ३९—

अपश्यतां च तस्यान्ते वशजालातिसकटं।
नग वशधरामित्य मित्त्वेव भुवमुद्गत ॥ ११ ॥
छायया तुङ्गशृङ्गाणा य सन्ध्यामिव सतत ।
दधाति निर्झराणा च हसतीव च शीकरै ॥ १२ ॥

इसी वशधर या वशगिरि पर्वत पर रामचन्द्र ने जिनेन्द्र के सहस्रों चैत्य बनवाये—

तत्र वशगिरौ राजं (?) रामेण जगदिन्दुना
निर्मापितानि चैत्यानि जिनेशाना सहस्रश ॥ २७ ॥

इस से मालूम होता है कि वशस्थलपुर के समीप वशगिरि पर चैत्य और चैत्यालय बने थे और यहीं पर कुलभूपण-देशभूपण का मोक्ष बतलाया है। ऐसी दशा में वशगिरि ही कुन्थुगिरि होगा। यद्यपि पद्मपुराण म उसे कुन्थुगिरि कहीं नहा कहा है।

पद्मचरित में आगे चल कर चालिसवें पर्व में लिखा है कि राम के द्वारा चैत्य बनने से इस तुङ्ग पर्वत का नाम रामगिरि प्रसिद्ध हुआ है—

रामेण यस्मात्परमाणि तस्मिन् जैनानि वेश्मानि विधापितानि।
निर्नष्टवंशाद्रिवचः स तस्माद्रविप्रभो रामगिरिः प्रसिद्धः ॥ ४५ ॥

वंशस्थलपुर में रहते रहते ऊब जाने से रामचन्द्र लक्ष्मण से आगे कहीं चल कर स्थान बना कर रहने को कहते हैं। इस प्रसंग में कहा है—

नद्याः कर्णरवायास्तु परतो रोमहर्षणं।
श्रूयते दण्डकारण्यं दुर्गमं क्षितिचारिभिः ॥ ४० ॥

अर्थात् कर्णरवा नदी के आगे सुनते हैं कि रोमांचित करनेवाला दण्डकारण्य है जो भूमिगोचरियों के लिए दुर्गम है।

रामगिरि से चल कर दक्षिणांभोधि देखा और जानकी के कारण कोस-कोस चल कर दोनो भाई कर्णरवा नदी पर पहुँचे।

इस सब वर्णन से कुन्थुगिरि इस समय जहाँ माना जाता है वहाँ नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान कुन्थुगिरि के आगे दण्डकारण्य नहीं हो सकता।

पद्मपुराण के उक्त रामगिरि का वर्णन हरिवंशपुराण के भी ४६ वें सर्ग में है—

विश्रम्य तत्र ते सौम्या दिनानि कतिचित्सुखं।
याताः क्रमेण पुन्नागाविषयं कौशलाभिधं ॥ १७ ॥
स्थित्वा तत्रापि सौख्येन मासान्कतिपयानपि।
प्राप्ता रामगिरिं प्राग् यो रामलक्ष्मणसेवितः ॥ १८ ॥
चैत्यालया जिनेन्द्राणां यत्र चन्द्रार्कभासुरा।
कारिता रामदेवेन संभाति शतशो गिरौ ॥ १९ ॥

अर्थात् वहाँ कुछ दिन आराम से रह कर वे पुरुषश्रेष्ठ (पांडव) कौशल देश मे पहुँचे और वहाँ भी कुछ महीने रह कर रामगिरि गये जो पूर्वकाल में रामलक्ष्मण-द्वारा सेवित था और जहाँ पर्वत पर रामचन्द्र ने सैकड़ो चैत्यालय बनवाये थे।

यह कौशल दक्षिण कौशल या महाकौशल होगा जो गोदावरी और महानदी के बीच पूर्व की ओर है। आधुनिक छत्तीसगढ़ महाकौशल मे ही है। रामचन्द्र भी चित्रकूट से चल कर इसी महाकौशल मे आये होंगे। इसके आगे ही दंडकारण्य शुरू होता है।

चीनी यात्री हुएनत्सांग कलिंग की राजधानी से तीन सौ मील चल कर कौशल राज में पहुँचा था। उसने इस राज्य का घेरा एक हजार मील बताया है। इसके उत्तर में उज्जैन,

पश्चिम में महाराष्ट्र, दक्षिण में आन्ध्र और कलिंग और पूर्व में उड़ीसा था। अर्थात् तापी नदी तट के बुरहानपुर, गोदावरी के नादेड, छत्तीसगढ़ के रतनपुर और महानदी के उद्गम स्थान नवगढ़ तक इस देश की सीमा रही होगी।

हमारे अनुमान से कालिदास के मेघदूत का रामगिरि ही यह रामगिरि होगा। इसके आगे दण्डकारण्य का होना ठीक जान पड़ता है। कर्णरवा नदी शायद महानदी हो।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा स्टेट का रामगढ़ ही कालिदास का रामगिरि माना जाता है। यह लक्ष्मणपुर गाँव से १२ मील है। इस टेकरी पर कई गुफायें हैं और बड़े बड़े पत्थरों से बनाये हुए मन्दिरों के अवशेष हैं। एक गुफा में दोहजार वर्ष पहले के प्राचीन चित्र भी हैं।

इन सब बातों के प्रकाश में हम इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि कुलभूषण देशभूषण मुनिका मोक्षस्थान या तो यही रामगढ़ है या इसके आस पास ही कहा महाकौशल में ही होगा।

इस समय कुन्थलगिरि निजाम स्टेट में है और बार्सी टाउन रेलवे स्टेशन से लगभग २१ मील दूर है। यहाँ पर मुनियों के चरणमन्दिर के सहित दस मन्दिर हैं। दिगम्बर जैन डिरेक्टरी के अनुसार ये दसों मंदिर वि० स० १९३१ के बाद के बने हुए हैं। देशभूषण कुलभूषण के मंदिर के विषय में लिखा है कि इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार ईडर के भट्टारक कनककीर्ति ने स० १९३२ में कराया था। प्राचीन मंदिर के या मूलनायक की प्रतिमा के लेखादिका कोई उल्लेख नहीं है।

कोटिशिला

जसहररायस्स सुआ पचसया कलिंगदेसम्मि।
कोडिसिलाए कोडिमुणी णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

अर्थात् यशोधर राजा के पाँच सौ पुत्र और दूसरे एक करोड़ मुनि कोटिशिला पर से मुक्त हुए। यह कोटिशिला तीर्थ कलिंग देश में है।

परन्तु जिनप्रभसूरि ने अपने विविधतीर्थकल्प में उसे मगध देश में बतलाया है—

इह भरतखित्तमज्झे तित्थ मगहासु अत्थि कोडिसिला।
अज्ज वि ज पूइज्जइ चारण-सुर असुर जक्खेहिं॥ २॥

—कोटिशिलाकल्प

जिनप्रभ सूरि ने पूर्वाचार्यों की कुछ गाथायें भी इस तीर्थ के सम्बन्ध में उद्धृत की हैं जिनमें से एक यह है—

जोअणपिहुलायामा दसन्नपव्वयसमीवि कोटिसिला।
जिणछक्कतित्थसिद्धा तत्थ अणेगाउ मुणिकोडी॥ १५॥

अर्थात् एक योजन विस्तारवाली कोटिशिला है और वह दशार्ण पर्वत के समीप है। वहाँ छह तीर्थंकरों के तीर्थों मे अनेक करोड़ मुनिसिद्ध हुए हैं। एक और उद्धृत गाथा यह भी है—

छत्ते सिरम्मि गीवावच्छे उअरे कडीइ ऊरूसु।
जाणू कहमवि जाणू नीया स वासुदेवेण ॥ १८ ॥

अर्थात् उक्त शिला को वासुदेव (कृष्ण) ने किसी तरह जानु तक उठाई। इसके पहले के नारायणों ने उसे छत्र के समान बिल्कुल ऊपर तक, सिर तक, गर्दन तक, छाती तक, हृदय तक, कटि तक, ऊरु तक और जानु तक उठाई था।

हरिवंशपुराण के ५३ वें सर्ग में भी कोटिशिला के उठाने का वर्णन है और उसका विस्तार एक योजन लम्बा और एक योजन चौड़ा बतलाया है। पहले त्रिपृष्ठ नारायण ने बाँहों से उठा कर ऊपर फेंक दी थी, द्विपृष्ठ ने मूर्द्धातक, स्वयंभुवने कंठतक, पुरुषोत्तम ने छातीतक, पुरुषसिंह ने हृदयतक, पुण्डरीक ने कटितक, दत्तक ने जंघातक, लक्ष्मण ने घुटनोंतक और अब अन्तिम नारायण कृष्ण ने चार अंगुल उठाई।

पद्मपुराण के अड़तालिसवें पर्व मे भी कोटिशिला का और उसका लक्ष्मण-द्वारा उठाये जाने का वर्णन है।

परन्तु इन दोनों ही ग्रन्थों मे वह कहाँ थी इसका कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है।

तीर्थकल्प के कर्त्ता उसे मगध मे बतलाते हैं परन्तु पूर्वाचार्यों की जिन गाथाओं को वे उद्धृत करते हैं उनमे दशार्ण पर्वत के समीप बतलाया है। दशार्ण मालवे का ही एक भाग था जिसमे से दशार्ण या धसान नदी बहती है और जिसकी राजधानी विदिशा या भेलसा थी। कालिदास ने मेघदूत में मेघ को उत्तर की ओर जाने का मार्ग बतलाते हुए कहा है कि नर्मदा और विन्ध्य के उस ओर दशार्ण देश मिलेगा जिसकी राजधानी वेत्रवती (बेतवा) के किनारे विदिशा है। अभी तक दशार्ण देश और दशार्ण नदी के उल्लेख तो बहुत मिले हैं परन्तु दशार्ण पर्वत का नही मिला। संभव है, दशार्ण नदी जिस पर्वत से निकलती है उसी का नाम दशार्ण पर्वत होगा।

निर्वाणकाण्ड मे कोटिशिला कलिंग देश मे बतलाई है। कलिंग और मगध का सामंजस्य तो इस तरह से हो सकता है कि उस समय (अशोक के बाद) कलिंग मगध के अधिकार में होने के कारण मगध मे ही गिन लिया जा सकता है।

महानदी, गोदावरी और पूर्वीघाट तथा समुद्र के बीच के प्रदेश का नाम कलिंग था यह उड़ीसा के दक्षिण मे था।

बौद्धों के 'चूल दुक्खक्खन्ध सुत्त' * में राजगृह के समीप ऋषिगिरि की कालशिला का वर्णन आता है जहाँ बहुत से निग्रन्थ साधु तपस्या की तीव्र कटु-वेदना सहन कर रहे थे। संभव है, तीव्र वेदना के कारण बौद्धों ने कोटिशिला को ही कालशिला कह दिया हो और यदि यह ठीक हो तो जिनप्रभ सूरि का मगध में कोटिशिला तीर्थ का बतलाना भी ठीक हो सकता है। ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद जी गजाम जिले के मालती पर्वत को कोटिशिला बतलाते हैं,† परन्तु इसके लिए कोई विशेष आधार उनके पास नहीं है। गजाम (मद्रास) कलिंग में नहीं हो सकता।

यह आश्चर्य है कि दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों द्वारा इस समय किसी भी स्थान में यह सिद्ध क्षेत्र स्थापित नहीं है।

रेसिन्दी गिरि

पाससस समवसरणे सहिया वरदत्त मुणिवरा पंच।
रिसिंदे गिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं॥

अर्थात् पार्श्वनाथ के समवसरण में वरदत्तादि पांच मुनियों का मोक्ष हुआ। परन्तु रेसिन्दगिरि कहाँ था, इसका कोई निर्देश नहीं है।

उत्तरपुराण, पार्श्वनाथ चरित आदि दिगम्बर कथा-ग्रन्थों में तो पार्श्वनाथ के समवसरण का रेसिन्दी गिरि में होने का कोई उल्लेख नहीं है और न वरदत्तादि मुनियों के मोक्ष जाने का प० पन्नालालजी सोनी द्वारा सम्पादित क्रियाकलाप में इस गाथा की पहली पंक्ति इस प्रकार दी है—

'पाससस समवसरणे गुरुदत्तवरदत्तपंचरिसिपमुहा'

परन्तु यह पाठ संशयास्पद है। क्योंकि इसके पहले गुरुदत्तादि का मोक्षस्थान द्रोणगिरि बतलाया जा चुका है। परन्तु साथ ही यह प्रश्न भी तो उठता है कि यों तो वरदत्त का मोक्ष स्थान भी 'तारउर' में कह दिया गया है। सम्भव है एक ही नाम के दो मुनिराज रहे हों।

उक्त गाथा की दूसरी पंक्ति क्रियाकलाप के पाठ में इस तरह है—

गिरिसिंदे गिरिसिहरे णिव्वाण गया णमो तेसिं।

अर्थात् गिरीशेन्द्र के शिखर से। बम्बई के गुटके में भी यही पाठ दिया है। यद्यपि अन्यत्र प्रचलित पाठ 'रिसिंद' ही है। फिर भी यदि यह ठीक हो तो यह हिमालय का पर्यायवाची हो सकता है। संस्कृत निर्वाणभक्ति में 'सह्याचले च हिमवत्यपि सुप्रतिष्ठे' कह कर हिमवन् पर्वत को मोक्षस्थान माना है।

---

* देखो 'बुद्धचर्या' पृ० २३०।
† 'मद्रास व मैसूर प्रान्त के प्राचीन जैन-स्मारक' पृष्ठ १०—१३।

अव 'रिस्सिन्दे' पाठ पर विचार करना चाहिए। संभवतः शुद्ध पाठ 'रिस्सद्दि' होगा जो 'ऋष्यद्रि' का प्राकृत-रूप है। परन्तु इसे श्रमणगिरि का पर्यायवाची कहना कठिन है।

इस समय नैनागिर क्षेत्र को रेसिन्दीगिरि वतलाया जाता है। यह स्थान सागर जिले की ईशान-सीमा के पास पन्ना रियासत मे है।

नैनागिर रेसिन्दोगिरि कैसे वन गया, यह समझ मे नहीं आता।

दिगम्वर जैन डिरैक्टरी के अनुसार पर्वत पर २५ और तलटी में ६ मन्दिर हैं। पर्वत पर मुख्य मन्दिर श्रेयान्सनाथ का है, जो संवत् १७०८ का वना वतलाया गया है और उसका जीर्णोद्धार सवत् १९२१ में हुआ है। शेष सव मन्दिर १८४२ के वाद के वने हुए है। इन मन्दिरो मे या वाहर कोई ऐसा पुराना लेख नही है जिससे इस के रेसिन्दोगिरि होने की पुष्टि होती हो—वहाँ की सभी रचना—सभी सृष्टि पिछले सौ डेढ़-सौ वर्षों की है।

भैया भगवती दास जी ने निर्वाणकाण्ड का संवत् १७४१ मे भाषानुवाद किया था। उसमें उन्नीसवीं गाथा का अनुवाद इस प्रकार है—

समवसरन श्रीपास जिनंद, रेसंदोगिरि नैनानंद।

कहीं इस रेसिदीगिरि के विशेषण 'नैनानन्द' के कारण ही तो नैनागिर रेसन्दीगिरि नहीं वना दिया गया है ?

पहले कहीं लिखा जा चुका है कि निर्वाणभक्ति की टोका मे 'ऋष्यद्रि' का अर्थ 'श्रमणगिरि' किया है और श्रमणगिरि पंच-पर्वतों मे से एक है, तव फिर यह ऋष्यद्रि और कौन-सा है?

इस का उत्तर तो इस समय हम नही दे सकते, परन्तु नैनागिर तो वह नहीं है, यह प्रायः निश्चित है।

इस लेख मे पाठको ने देखा होगा कि निर्वाणकांड मे जिन स्थानो से जिन मुनियों का मोक्ष जाना लिखा है, दूसरे ग्रन्थों मे कही-कहीं वह नहीं लिखा या विरुद्ध लिखा है। इस विषय मे यह सूचित कर देना भी आवश्यक प्रतीत होता है कि वहुत पहले से ही ग्रन्थकर्त्ता आचार्यों मे कथा-सम्वन्धी मत-भेद रहा है। उदाहरण के तौर पर पद्मपुराण का रामचरित और उत्तर-पुराण का रामचरित उपस्थित किया जा सकता है। हरिवंश के नेमिचरित और उत्तरपुराण के नेमिचरित मे भी अन्तर है। ऐसी दशा मे निर्वाणकाण्ड के विषय मे यही कहा जा सकता है कि उसके कर्त्ता उक्त दो परम्पराओं मे से किसी एक के माननेवाले होगे और यह भी संभव है कि उक्त दो के सिवाय और भी कोई परम्परा रही हो जिस का अनुसरण उन्होंने किया हो।

निर्वाणकांड के साथ किसी-किसी प्रति मे अतिशयक्षेत्र-कांड भी मिलता है। उसके विषय मे भी कुछ विचार करने की इच्छा थी परन्तु लेख वहुत वढ़ गया है, इसलिए अव तो उसे आगे के लिए ही छोड़ना उचीत प्रतीत होता है।

परिशिष्ट

इस लेख को समाप्त कर चुकने के बाद बम्बई के ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन में हमें 'तीर्थार्चन चन्द्रिका' नाम का ग्रन्थ प्राप्त हुआ। यह 'श्रीवादिमत्तमातंगमदन जिनवाणी विलासिनी भुजगम नायक कविकुल तिलक गुणभद्राचार्य' का बनाया हुआ है और संस्कृतवृत्तों में है। इसमें तीन उच्छ्वास और १७३ पद्य हैं। पहले उच्छ्वास में विपुलाचल पर उपस्थित होकर राजा श्रेणिक का तीर्थों के सम्बन्ध में प्रश्न करने का वर्णन है, दूसरे में तीर्थों का और तीसरे में तीर्थार्चा के माहात्म्य का। दूसरे उच्छ्वास में तीर्थङ्करों के गर्भ-जन्म, दीक्षा, तप और निर्वाण कल्याण के स्थानों के नाम निर्देश-भर हैं और कोई बात ऐसी नहीं है जिससे वे स्थान कहाँ थे, इस का कोई पता लग सके।

दूसरे उच्छ्वास में शायद निर्वाणभक्ति का अनुसरण करते हुए निर्वाण क्षेत्र इस प्रकार बतलाये हैं—

> सम्मेदशिखरं शत्रुंजयो गजपथस्तथा।
> तुंगीगिरिर्द्रोणगिरिर्हिमवत्सह्यपर्वतौ ॥५२॥
> ऋष्यद्रिको विन्ध्यगिरिपाना (?) पोदनपत्तने।
> विपुलाद्रिश्चूलगिरि गिरिसिद्धाद्रिकूटकम् ॥५३॥
> पृथुसारो मेढ्रकाख्यो गिरि रत्नगिरिस्तथा।
> ऊर्जयन्तस्तारवर कैलासो वृषदीपकम् ॥५४॥
> वैभारपर्वतश्चम्पापुरी दण्डात्मकस्तथा।
> मोक्षतीर्थान्यमून्यत्र जिनानामात्मयोगिनाम ॥५५॥

ग्रन्थकर्ता ने न तो कोई रचना समय दिया है और न अपनी गुरुपरम्परादि का ही उल्लेख किया है। ग्रन्थ की प्रतिलिपि प० शंकरलाल चौबे ने वि० सं० १९८५ में की है परन्तु जिस प्रति से की है वह कब की लिखी हुई है इसका कोई निर्देश नहीं किया है। इसलिए ग्रन्थकर्ता का समय अज्ञात ही रह जाता है। इस में एक बड़े मज़े की बात देखी। दूसरे उच्छ्वास में भगवान् राजा श्रेणिक को लक्ष्य कर उनके तीर्थसम्बन्धी प्रश्न का उत्तर देते-देते एक जगह यह बैठते हैं—

> इत्यादीनि च कैवल्य-ज्ञानकल्याणसंश्रया।
> अथोत्तरपुराणेऽन्य मधुरे पदय विस्तर ॥५०॥

अतः परं नराधीश विद्धि निर्वाण-संश्रयान्
यानधिष्ठाय जिनपाः मुक्तिलक्ष्मीस्वयंवृताः ॥५१॥

अर्थात् हे राजन, ज्ञानकल्याण के इत्यादि (ऊपर कहे हुए) तीर्थ हैं। इनके सिवाय अन्य जो हैं उन्हें मेरे कहे हुए उत्तरपुराण में विस्तार से देख लो! भगवान् शायद यह भूल जाते हैं कि उत्तरपुराण मुझ से लगभग डेढ़ हजार वर्ष बाद रचा जानेवाला है। ग्रंथकर्त्ता भी शायद इस धुन में रचना-प्रसंग भूल बैठे हैं कि उन्हें श्रद्धालु पाठकों पर यह प्रभाव डालना है कि मैं वही गुणभद्र हूँ जो उत्तरपुराण के कर्त्ता हैं। परन्तु ग्रन्थ की बिल्कुल तीसरे दर्जे की रचना स्पष्ट बतला रही है कि भगवज्जिनसेन के शिष्य गुणभद्राचार्य की रचना के गुणों की उस में गन्ध भी नहीं है। और यह 'अष्टादशभाषावारविलासिनी-भुजंग' के अनुकरण पर अपने आप पसन्द कर लिया गया और अपने नाम के साथ जोड़ा हुआ टाइटल 'जिनवाणीविलासिनी-भुजंगम' तो बहुत ही भद्दा और अश्लील है। जिनवाणी को विलासिनी बतला कर उसका जार बनना बड़ी भारी हिमाकत है।

गंग-राजवंश और जैनधर्म

(लेखक—श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन साहित्यमनीषी)

दक्षिण भारत के प्राचीन और प्रमुख राजवशों में गग-राजवश का नाम उल्लेखनीय है। आन्ध्रवश के शक्तिहीन होने पर गगवश के राजाओं ने दक्षिण भारत की राजनीति में प्रमुख रूप से भाग लिया था। वे आधुनिक मैसूर देश पर शासन करते थे और उन्हें इक्ष्वाकुवशी काण्वायन गोत्री क्षत्रिय कहा गया है।

गग-वश की उत्पत्ति।

यद्यपि गगवश की उत्पत्ति के विषय में कई किम्वदंतियां प्रचलित हैं, किन्तु उन सब से यह स्पष्ट है कि मूल में इस वश के आदिपुरुष उत्तरीय भारत के निवासी थे। शिवमोग्गा तालुक के एक शिलालेख से विदित है कि अयोध्या में आदि तीर्थङ्कर श्रीऋषभदेव के इक्ष्वाकुवश में महाराज हरिश्चन्द्र हुए थे, जिनके पुत्र भरत थे। भरत की रानी का नाम विजयमहादेवी था। जब वह गर्भवती थीं तब उन्हें गंगा में स्नान करने की इच्छा हुई। तदनुसार उन्होंने स्नान किया और बाद में उनके एक पुत्र हुआ, जिसका नाम गगदत्त रक्खा गया। इन्हीं गगदत्त की सन्तान 'गंग वश' के नाम से प्रसिद्ध हुई। जिस समय तीर्थङ्कर अरिष्टनेमि इस धरातल को अपने अस्तित्व से पवित्र कर रहे थे, उस समय गगवश में राजा विष्णुगुप्त अहिच्छत्रपुर में राज्य कर रहे थे। उन्होंने तीर्थङ्कर नेमि के निर्वाण कल्याणक के सुअवसर पर 'इन्द्रध्वज पूजोत्सव' रचाया था। उनकी रानी पृथ्वीमती थीं जिनसे उनके दो पुत्र भगदत्त और श्रीदत्त नामक हुये। विष्णुगुप्त ने अपना राज्य इन दोनों भाइयों में बाँट दिया। भगदत्त को कलिङ्गदेश का राज्य मिला, जहां वह शासनाधिकारी हुआ। उसकी संतान 'कलिङ्ग गंग' अथवा 'पूर्वीय गंग' नाम से प्रसिद्ध हुई। श्रीदत्त को अहिच्छत्रपुर का प्राचीन राज्य और इन्द्र द्वारा भेंट किया गया ऐरावत हाथी मिला। जब तीर्थङ्कर श्रीपार्श्वनाथ को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ तो इस राजा ने खूब आनन्दोत्सव मनाया और श्रावकव्रत धारण किये। श्रीदत्त की धर्मनिष्ठा को देख कर इन्द्र ने प्रसन्नतापूर्वक उसे पांच दिव्य आभूषण भेंट किये। उपरांत कालांतर में इस वश में राजा कम्प हुये, जिनके पुत्र का नाम पद्मनाभ था। पद्मनाभ के दो पुत्र ददिग और माधव नाम के थे। जिस समय पद्मनाभ अहिच्छत्र में शासन कर रहे थे उस समय उज्जैन के राजा महीपाल ने उन पर आक्रमण कर दिया। पद्मनाभ ने उस राजा की सेना से मोर्चा लेना अपनी शक्ति से बाहर समझा, इसलिये

उन्होंने अपने दोनों पुत्रों को राजचिह्नों सहित विदेश भेज दिया। वे दोनों भाई घूमते हुये दक्षिण भारत के पेरूर नामक स्थान पर पहुंचे। वहां उन्होंने जिनचैत्यालय में जाकर जिनेंद्रपूजा की और श्रीसिंहनन्द्याचार्य जी के दर्शन कर के उन्हें नमस्कार किया। आचार्य महाराज ने दोनों भाइयों को अपना शिष्य बनाया। इन दोनों भाइयों ने इन जैनाचार्य की सहायता से गंगराज्य की स्थापना की।*

यूनानी लेखकों का वर्णन।

गंगवंश के पूर्वज दक्षिण के निवासी नहीं थे, इस बात का समर्थन यूनानी लेखकों के वर्णन से भी होता है। ईस्वी पूर्व चौथी शताब्दी से ईस्वी दूसरी शताब्दी तक के यूनानी लेखकों ने उनके विषय में लिखा है कि वह एक गांगेय जाति के (Gangaridai) लोग थे, जो नन्द, मौर्यादि के राज्यकाल में गंगा के डेल्टा और बंगाल-बिहार देश के एक भाग में बसते थे। उनकी राजधानी 'गंगे' (Gange) कहलाती थी, जो गंगा के किनारे व्यापार का एक केन्द्र था। उन्हीं के निकट गंगा के पूर्वीय तट पर 'प्राची' (Prasii) जाति के लोग रहते थे।† यूनानियों का यह वर्णन कलिंग के गंगों से लागू होता है, परन्तु इससे यह भी ध्वनित होता है कि वह कलिंग की ओर गंगा के मध्यवर्ती प्रदेश से आये थे। गंगों की प्राचीन राजधानी अहिच्छत्रपुर संयुक्त प्रान्तगत बरेली जिले का अहिच्छत्र प्रतीत नहीं होता। वह महाकौशल देश में कहीं पर होना चाहिये, जहाँ अयोध्या के राजा प्राचीन काल में आ बसे थे।

गंगवंश-संस्थापक और उनके गुरु।

अब यह स्पष्ट है कि दक्षिण भारतीय गंग-राजाओं के पूर्वज गंगानदप्रदेशवासी इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय थे, जिनकी सन्तति में हुये दो नर-शार्दूल दक्षिण भारत में राजसंस्थापक हुये। उनके नाम ददिग और माधव थे। पहले हम लिख चुके हैं कि पेरूर नामक स्थान पर पहुंच कर इन दोनों भाइयों ने श्रीसिंहनन्द्याचार्य का शिष्यत्व स्वीकार किया था। पेरूर जैनधर्म का केन्द्र स्थान था, जहां पर एक जैन मंदिर और जैन संघ विद्यमान था। श्रीसिंहनंद्याचार्य उस संघ-समुद्र के लिये पूर्ण चन्द्रमा के तुल्य थे (जिनसमय-सुधाम्भोधि-संपूर्णचंद्रम) उपर्युक्त शिलालेख में उनके विषय में लिखा है कि वह समस्तविद्यापारावार-पारग उत्तमक्षमा-

---

* इपीग्रेफिया कर्नाटिका, भा० ७, पृष्ठ ४—९ गंगों के अन्य प्राचीन शिलालेखों में तीर्थङ्करों की पूजा करने आदिविषयक वर्णन नहीं मिलता; यद्यपि उनसे भी उनका इक्ष्वाकुवंशी होना स्पष्ट है।

† Proceedings & Trans: of the 8th. All India Oriental Conference, Mysore, pp. 574-575.

दिग्दशाकुशलधर्मरत, चारित्रमद्रघन, विनेयजनानद, चतुस्समुद्रमुद्रितयश प्रकाश, सकलसावद्यदूर, कारुर्गणाम्बरसहस्रकिरण, द्वादशविधतपोनुष्ठाननिष्ठित और गंगराज्यसवर्द्धक थे।* अनन्य साक्षी से प्रकट है कि वह श्रीमूलसघ, कोण्डकुन्दान्वय, कारुगेण और मेषपाषाण गच्छ से सम्बद्ध और दक्षिणदेशवासी, गगराज वश वद्धक एव श्रीमूलसघ के नाथ थे। (दक्षिण देशवासिगगमहीमाडलिक्कुल-समुद्धरण श्रीमूलसघनाथो) एक शिलालेख मे उन्हें देशीगण और कोण्डकुन्दान्वय का रत्न लिखा है। उनके विषय म 'गोम्मटसार' की एक प्राचीन टीका में लिखा है कि श्रीसिंहनदी की आशिष को प्राप्त कर के गगराजवश खूब फला फूला था।† गर्ज यह कि सिंहनद्याचार्य अपने समय के एक महान् और लोकमान्य महापुरुष थे, जिनकी सहायता से माधव गगराज्य की स्थापना कर सके थे।

सिंहनद्याचार्य ने ददिग और माधव को सब विद्याओ में पारङ्गत कर दिया था और पद्मावती देवी से उनके लिए एक वरदान प्राप्त किया था। उन्होंने उन राजकुमारों को एक तलवार भी भेंट की थी। माधव ने जयकार के साथ वह तलवार हाथ में ली और अपना पौरुष प्रकट करने के लिए उसके एक वार से उस शिलास्तभ के दो टुकड़े कर डाले, जो उनके धम और राज्य की वृद्धि म बाधक हो रहा था। प्रो० सालेतोर का मत है कि यह शिलास्तम कोई सामान्य पाषाण नहीं था बल्कि वह सम्राट् अशोक का शिलालेख होना चाहिये, क्योंकि उसी का अस्तित्व उन राजकुमारों के उत्कर्ष म बाधक हो सकता था।‡ उस शिलालेख का दो टुकड़ों में तोड़ा जाना देख कर सिंहनदी स्वामी ने विचारा कि यह शुभ शकुन है। उन्होंने 'कर्णिकार कलिकाओं' का मुकुट बना कर उनके शीश पर रख दिया तथा अपनी मोरपिच्छिका ध्वजरूप में उन्हें भेंट की। साथ ही आचाय महाराज ने उन भाइयों को प्रतिज्ञा करा के यह आदेश दिया "यदि तुम अपनी प्रतिज्ञा भङ्ग करोगे, यदि तुम जैनशासन के प्रतिकूल जाओगे, यदि तुम पर स्त्री-लम्पट होवोगे, यदि तुम मद्य मास भक्षण करोगे, यदि तुम दान नहीं करोगे और यदि तुम रणाङ्गण से पीठ दिखाकर भागोगे तो निश्चय तुम्हारा कुल नाश को प्राप्त होगा।" इस आदेश को दोनों भाइयों ने शिरोधाय किया। उस समय मैसूर में जैनियों की सख्या अधिक थी और उनक गुरु भी श्रीसिंहनन्दी आचार्य थे। इसलिये अनुमान होता है कि गुरु आज्ञा मान कर के जनता ने ददिग और माधव को अपना राजा स्वीकार किया। उस समय से कुवलाल में राजधानी स्थापित कर के गङ्गवाड़ी ९६००० प्रदेश पर वह शासन करने लगे। उन्होंने निर्दोष जिनेन्द्र भगवान् को

* मद्रास और मैसूर प्रात के प्राचीन जैनस्मारक, पृष्ठ २९७—२९८

† Mediaoval Jainism pp 13 14

‡ मेडियवल जैनिज्म, पृष्ठ १५ १६

अपना आप्त—देव और जिनमत को अपना धर्म मानकर के निर्भीकतापूर्वक राजदंड को ग्रहण किया। तब उनके राज्य की सीमायें इस प्रकार थीं—उत्तर में उसका विस्तार मरंडले तक था, पूर्व दिशा में वह तोंडैमंडलम् तक फैला हुआ था, पश्चिम मे चेर राज्य का निकटवर्ती समुद्र था और दक्षिण मे वह कोङ्गु देश तक विस्तृत था। गर्ज़ यह कि आधुनिक मैसूर का अधिकांश भाग गंगवाड़ी राज्य में अन्तर्भुक्त था। गङ्गराजाओं का राजचिह्न 'मदगजेन्द्र-लाञ्छन' (मत्त हाथी) और उनकी ध्वजा 'पिच्छध्वज' थी; जिसमे नाना प्रकार के फूल अङ्कित थे। दक्षिण के राजवंशों मे गङ्गवंश के राजा प्रधान रीति से जैनधर्म के भक्त थे। प्राचीन जैनाचार्यों का हमेशः यह ध्यान रहा था कि वे प्रजा के साथ-साथ राजा को भी जैनधर्म्म में दीक्षित कर लेते थे—इस प्रकार उस समय जैनधर्म को राष्ट्रधर्म्म होने का गौरव प्राप्त था और वह न केवल धार्मिक क्षेत्र में वल्कि देश की राजनीति में विशेषरूप से शक्तिशाली हो रहा था। जैनधर्माभ्युदय की कुंजी जैनाचार्यों की यह राजकीय प्रवृत्ति थी!

गंगवंश के राजा और जैनधर्म्म।

गङ्गवंश की उत्पत्ति और राजविस्तार को कथा को लिखकर हम अपने प्रकृत विषय पर आते हैं, अर्थात् गङ्ग-राजाओं का जैनधर्म के प्रति कैसा व्यवहार था? उपर्युक्त परिचय से यह स्पष्ट है कि गङ्गवंश मूलतः जैनधर्म्मभुक्त था। उसके प्रायः सबही राजा जैनधर्मानुयायी थे। बीच के विष्णुगोप आदि जिन गङ्गराजाओं ने वैष्णवधर्म्म को आदर दिया था, वे भी जैनधर्म के प्रति उदार भाव रखते थे। निम्नलिखित पंक्तियों में हमे गङ्ग-राजाओं के उन कार्यों का दिग्दर्शन कराना इष्ट है, जो उन्होंने जैनधर्माभ्युदय के लिये किये थे।

अच्छा तो, पहले ही गङ्गराज्य-संस्थापक ददिग ने जैनधर्म की उन्नति के लिये जो काम किया, वह ज़रा देखिये। उस समय जैनाचार्य मंदिरों की स्थापना करा के उन्हें जैनधर्म-प्रचार का केन्द्र बना देते थे। मंदिर केवल भक्तजनों की पूजा के स्थान ही नहीं थे, वल्कि उनके भीतर से जैनधर्म का विस्तार होता था। प्रत्येक मंदिर के साथ उसका एक आचार्य होता था, जो सदैव धर्मोत्कर्ष का ध्यान रखता था। इसलिये ही देश के प्रायः प्रत्येक प्रमुख स्थान पर जैनमंदिर निर्माण कराये गये थे। निस्सन्देह वे मंदिर धर्म, साहित्य, संस्कृति और सात्विक शक्ति के प्रचारक पवित्र स्थान थे। ददिग ने, जो कोङ्गुणिवर्म्म नाम से भी प्रसिद्ध थे, मंडलि नामक प्रमुख स्थान पर एक ऐसा ही भव्य जिनालय निर्माण कराया था। वह लकड़ी से बनाया गया था और इसलिये शिल्पकला का एक नमूना अनुमान किया जाता था।

ददिग के पश्चात् उनका पुत्र किरिय (लघु) माधव राजा हुआ, जिसका उत्तराधिकारी

उसका पुत्र हरिवर्मा हुआ। यह राजा जैनधर्म के भक्त थे। हरिवर्मा का उत्तराधिकारी विष्णुगोप हुआ, जिसने जैनमत को तिलांजलि देकर वैष्णवमत धारण किया था। विष्णुगोप के पश्चात् उनका नाती तदंगल माधव राजा हुआ। यद्यपि वह त्र्यम्बकदेव का उपासक था, परन्तु जैनधर्म के प्रति उसके भाव उदार थे।[१] उसने पेरब्बोल नामक ग्राम में अवस्थित जैनमंदिर के लिये आचार्य वीरदेव के उपदेश से कुमारपुर नाम का गांव प्रदान किया था। तदंगल माधव का पुत्र और उत्तराधिकारी अविनीत एक महान् शासक था। वह स्वयं जैनधर्मानुयायी था और उसके पश्चात् गंगवंश के सब ही राजा जैनधर्म युक्त रहे थे। जैनाचार्य विजयकीर्ति राजा अविनीत के गुरु थे। उनके उपदेश को पाकर अविनीत ने राजसिंहासन पर बैठते ही उरनूर और पेरूर के जिन मंदिरों के लिये दान दिया था।[२] एक शिलालेख में उनकी अटूट जिनभक्ति को प्रदर्शित करते हुये लिखा है कि उनके हृदय में महान् जिनेन्द्र के चरण अचलमेरु के समान स्थिर थे।[३] अपने राज्यकाल के आरम्भ और अन्त में उन्होंने जैनियों को दान दिये थे—पुनाड की जैनबस्तियों पर वह विशेष सदय हुये थे।

अविनीत का पुत्र दुर्विनीत उनके बाद राजा हुआ, जो दक्षिण भारत के राजाओं में एक महान् शासक था। वह जैनधर्म का परम भक्त था और उसने कोगली नामक स्थान पर 'चेन्न-पार्श्व-बस्ति' नामक जिनालय निर्माण कराया था।[४] राइस सा० के मतानुसार दुर्विनीत के गुरु प्रसिद्ध जैनाचार्य पूज्यपाद थे। दुर्विनीत ने उनके पदचिह्नों पर चलने का प्रयत्न किया था। इसीलिये वह 'कन्नड़ कवि' भी कहे गये हैं।[५]

मुष्कर (मोक्कर) दुर्विनीत के पुत्र थे, जो उनके बाद राजसिंहासन पर विराजमान हुए। बेल्लारी के निकट उन्होंने 'मोक्कर बसदि' नामक जिनालय निर्माण कराया था।[६]

श्रीविक्रम यद्यपि मुष्कर के पश्चात् राजा हुए, परन्तु उनके विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं होता। उनके दो पुत्र भूविक्रम और शिवमार नामक थे, जो क्रमश उनके पश्चात् राजा हुए।[७] शिवमार ने श्रीचन्द्रसेनाचार्य को जिनमन्दिर के लिए एक गांव प्रदान किया था।[८]

शिवमार का उत्तराधिकारी उनका पोता श्रीपुरुष मुत्तरस हुआ। वह जैनधर्म का परम भक्त था। उसने निर्गुण्ड देश में अवस्थित पोण्णलि नामक ग्राम 'लोकतिलक' जिनालय

---

१ संक्षिप्त जैन इतिहास, भा० ३, खंड २, पृष्ठ ४०—४३

२ मेडियवल जैनिज्म, पृष्ठ १७—१८।

३ पूर्व० पृष्ठ ९३। ४ पूर्व० पृष्ठ ५३। ५ स० जै० इ० पृष्ठ ४६।

६ संक्षिप्त जैन इतिहास, भा० ३ खंड २ पृष्ठ ४७। ७ पूर्व०, ४८—४९।

८ मेडियवल जैनिज्म पृष्ठ २४।

को भेंट किया था। इस जिनालय को कंडाच्चि नामक राजमहिला ने निर्माण कराया था, जो पल्लवाधिराज की पुत्री और निर्गुण्ड देश के राजा परमगूल की रानी थी। श्रीपुरुष की धर्मनिष्ठा की छाप उनके शिवमार, सहगोत और दुग्गमारनामक पुत्रों पर भी पड़ी थी। उनके पश्चात् शिवमार द्वि० राज्याधिकारी हुए थे। वह अपने पिता की भांति ही जैनधर्म के सरक्षक थे। श्रवणबेलगोल के छोटे पर्वत पर उन्होंने एक सुन्दर जिनालय बनवाया था। उनका छोटा भाई दुग्गमार भी जैनधर्म का भक्त था, जिसने एक जैनमन्दिर के लिये दान दिया था।[१] शिवमार के गुरु श्रीतोरणाचार्य और उनके शिष्य पुष्पसेन थे।

शिवमार के राजत्व में गंगवंश पर राष्ट्रकूटवंशी राजाओं के कारण अनेक आपत्तियां आई थीं। गंगराजाओं को उनका स्वामित्व स्वीकार करना पड़ा था। गंगवंश दो भागों में विभक्त हो गया था। दूसरी शाखा में दिन्दिग नामका राजा, जिसका अपर नाम पृथ्वीपति था, जैनधर्म का महान् संरक्षक था। उसने श्रवण-बेलगोल में कटवप्रपर्वत पर जैनाचार्य अरिष्टनेमि का निर्वाण (समाधिमरण) अपनी रानी कम्पिलासहित देखा था।[२] उपरान्त भुजबल गंगपेरम्माडि वर्म्म देव ने जैनाचार्य मुनिचंद्र का शिष्यत्व स्वीकार किया था। उन्हों ने जैनधर्म के लिये अनेक कार्य किये थे। मंडलि १००० प्रदेश के ऐडेतोरे नामक स्थान के जैनमंदिर का उन्होंने जीर्णोद्धार कराकर उसका नाम 'पट्टद-बस्ति' रक्खा था और उसके लिए कई गांव भेंट किये थे। यह वही मंदिर था जिसे गंगराज्य के संस्थापक ददिग और माधव ने बनवाया था। भुजबल के पुत्र नन्निय गंग श्रीप्रभाचंद्र सिद्धांतदेव के शिष्य थे। उन्होंने मंडलि के उपर्युक्त मंदिर को पाषाण का बनवा कर उसके लिये भूमि दान दिया। उन्होंने धर्मोत्कर्ष के लिये पच्चीस जिनचैत्यालय निर्माण कराये थे।[३]

गंगवंश की मूल शाखा में उपरांत राजमल्ल के पुत्र नीतिमार्ग ऐरेयगङ्ग उल्लेखनीय राजा हुए। वह जैनधर्मानुयायी राठौर राजा अमोघवर्ष और श्रीजिनसेनाचार्य के समसामयिक थे। कूडलूर के शिलालेख में नीतिमार्ग को श्रीपरमपूज्य अर्हद्भट्टारक के चरण-कमलों का भ्रमर लिखा है। निस्सन्देह जैनधर्म के वह परम भक्त थे और सल्लेखना-व्रत-द्वारा उन्होंने सद्गति को प्राप्त किया था। उनके द्वितीय पुत्र भूतुगेन्द्र गुणदुत्तरंग को उसी शिलालेख में एक 'परम जैन' लिखा है।

राजमल्ल सत्यवाक्य (द्वितीय) नीतिमार्ग के पश्चात् राजा हुए। उन्होंने जैनों को दान दिये थे। उनके पश्चात् उनका भतीजा एरेयप्प नीतिमार्ग द्वितीय राजा हुआ था;

१ पूर्व० पृष्ठ २४—२५।

२ सं० जैन इतिहास, भा० ३, खंड २, पृष्ठ ५८।

३ मेडियवल जैनिज्म पृ० ९१—९२।

जिसने मुडहल्लि और थोरेमवु के जैनमन्दिरों के लिये दान दिया था। एरेयप्प के पुत्र नरसिंह देवने भी कुछ समय तक गङ्गराज्य का शासनभार संभाला था, जिनके बाद उनका छोटा भाई राजमल्ल तृतीय गंगराजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। राठौर राजा कन्नर ने असमय में ही राजमल्ल की जीवनलीला समाप्त करके उसके भाई बुटुग को राजा घोषित किया था। बुटुग ने अपने को एक प्रभावशाली शासनकर्ता प्रमाणित किया था। जैनधर्म के वह परमभक्त थे—जैनमन्दिरों के लिये उन्होंने दान दिये थे। जैनसिद्धान्त के वह महापण्डित थे। परवादियों से शास्त्रार्थ करने में उन्हें रस आता था। कुडलुर के दानपत्र से प्रकट है कि एक बौद्धवादी से वाद करके उन्होंने उसके एकान्त मत की धज्जियाँ उड़ा दी थीं। वह बड़े धर्मात्मा थे। जब उनकी विदुषी बहन पम्बब्बे का समाधिमरण सन् ९७१ ई० में तीस वर्ष तक दीर्घ तपस्या करने के बाद हुआ तब उनके दिल को इस वियोग से गहरी ठेस पहुँची, परन्तु वह विचक्षण-बुद्धि थे—वस्तुस्थिति को जान कर वह अपने कर्तव्य का पालन करते थे। उनका पुत्र मरुल था, जो अपने पिता की भाँति ही जिनेन्द्र भक्त था। लेखों में उन्हें 'जिनपद भ्रमर' लिखा है। उनके पश्चात् मरुल के सौतेले भाई मारसिंह राज्याधिकारी हुये।[1] गंगवंश के यह एक महान् शासक थे। इन्होंने मारसिंह गुत्तियगंग, नोलम्बकुलान्तक के नाम से सन् ९६१ से ९७४ ई० तक राज्य किया था। जैनधर्म के यह एक महान् स्तंभ थे। श्रवणबेलगोलस्थ कूगेब्रह्मदेवस्तम्भ के लेख में मारसिंह के पुण्यकार्यों का विशद वर्णन अङ्कित है। उसमें मारसिंह की विजयों का बखान करके लिखा है कि उन्होंने जैनधर्म का उद्योत किया था—कई स्थानों पर उन्होंने दर्शनीय जिनमंदिर और मानस्तंभ निर्माण कराये थे।[2] कुडलूर के दानपत्र से प्रकट है कि 'मारसिंह को पराया-हित साधने में आनंद आता था, वह परधन और पर स्त्री त्यागी थे, सज्जनों की अपकीर्ति सुनने के लिये वह बहरे थे, साधुओं और ब्राह्मणों को दान देने के लिये वह सदा तत्पर रहते थे, एवं शरणागतों को वह अभय करते थे।' दयाधर्म और साहित्य से उन्हें गहरा अनुराग था। वह स्वयं एक उच्चकोटि के विद्वान् थे। नागवर्म और केशिराज सदृश कवियों ने उनकी प्रतिभा को मुक्तकण्ठ से स्वीकार किया था। जिनेन्द्र भगवान् के चरण कमलों में मारसिंह एक भौंरे के समान लीन थे, जिनेन्द्र भगवान् के नित्य होते हुए अभिषेक जल से उन्होंने अपने पाप मल को धो डाला था और गुरुओं की वह निरन्तर विनय किया करते थे। शास्त्रवस्ति लक्ष्मेश्वर के लेख में मारसिंह की उपमा एक रत्नकलश से दी है, जिससे निरन्तर जिनेन्द्र भगवान् का अभिषेक किया जाता हो।[3] शास्त्रवस्ति जिनालय

१ संक्षिप्त जैन इतिहास, भाग ३, खंड २ पृष्ठ ५९—७३।
२ मेडियवल जैनिज्म पृष्ठ २६। ३ सं० जैन इ०, भा० ३, खंड २, पृष्ठ ७२—७६

के लिये उन्होंने आचार्य एकदेव के शिष्य आचार्य जयदेव को पुलिगेरे ग्राम में भूमिदान दिया था। वादीघंघल भट्ट नामक जैन विद्वान् को उन्होंने वगियूर नामक ग्राम भेंट किया था। वह ब्राह्मण श्रीधरभट्ट के पुत्र थे। नृप मारसिंह के वह श्रुत-गुरु थे। एक प्रकाण्ड वैयाकरण के रूप मे वह प्रख्यात थे और उन्होंने स्वयं एक निर्दोष व्याकरण रचा था।[1] मारसिंह के धर्मगुरु श्रीअजिनसेनाचार्य थे, जिनके पादमूल मे अपना अन्त समय निकट आया जानकर उन्होंने सल्लेखना-व्रत ग्रहण करके अपनी गौरवशाली ऐहिक-लीला समाप्त की थी।[2]

मारसिंह का उत्तराधिकारी उनका पुत्र राजमल्ल चतुर्थ हुआ जो गंगवाड़ी के जैन मुनियों मे वहुत प्रसिद्ध थे। उनके धर्मगुरु मूलसंघी द्रविलान्वयी श्रीवज्रपाणि पण्डित थे। जिनधर्मरूपी समुद्र के लिये वह पूर्णचन्द्र थे।[3] उनके सेनापति वीरवर चामुण्डराय थे, जिन्होंने श्रवणवेलगोल मे जगद्विख्यात गोम्मटदेव की विशालकाय मूर्ति निर्माण कराई थी। चामुण्डराय के इस धर्मकार्य से प्रसन्न होकर राचमल्ल ने उन्हें 'राय' की पदवी और मूर्ति की पूजा के लिये भूमि भेंट की थी।

राजमल्ल के वाद उनका भाई रक्कस-गंग राजा हुआ। रक्कसगंग के उद्योग से इस जैनधर्म का प्रकाश दिगन्तव्यापी हुआ था। उन्होंने अपनी राजधानी तलकाड मे एक जिनमंदिर निर्माण कराया था, वेलूर मे एक विशाल सरोवर पक्का कराया था और कई स्थानों के मंदिरों को दान दिया था।[4] वह जैनाचार्य अनन्तवीर्य सिद्धांतदेव के शिष्य थे। उनके छोटे भाई कलि-गंग भी जैनधर्म के संरक्षक थे।[5]

इस प्रकार हम देखते हैं कि गङ्गवंश के प्राय. सव ही राजाओं ने जैनधर्मोत्कर्ष के लिये सतत उद्योग किया था; जिसके परिणामस्वरूप जैनधर्म गङ्गवाड़ी मे खूव ही चमका था।

राजमहिलाओं के पवित्र कार्य।

यही नहीं कि गङ्गवंश के राजा ही जैनधर्म के संरक्षक और भक्त रहे हों, वल्कि उस वंश की राजमहिलायें भी धर्मोत्कर्ष मे उनसे पीछे नहीं रही थीं। गङ्ग-राजनीति मे यह वात खास थी कि रानी राजा के सार्वजनिक कार्यों मे भाग लेती थीं—वह मंदिरों की व्यवस्था करतीं, नये मंदिर और तालाव वनवातीं एवं धर्मकार्यों के लिये दान की व्यवस्था करती थीं।[6] यही वजह है कि गङ्गरानियों के धर्मकार्यों का पृथक् उल्लेख नहीं मिलता—वह अपने

१ मेडियवल जैनिज्म, पृष्ठ २७-२८।

२ सं० जैन इ०, भा० ३, खड २, पृष्ठ ७५। ३ मेडि० जैनि, पृष्ठ २९, व ९३।

४ सं० जैन इ०, भा० ३, खंड २, पृष्ठ ८६—८७। ५ मेडि० जैनि०, पृष्ठ ९३।

६ सं० जैन इ०, ३।२ पृष्ठ ९१।

पतियों के प्रत्येक धमकार्य को सम्पन्न करने में सममाग लेती थीं। गङ्गवश की राजकुमारियों में गङ्गराजा बुटुग की वहन पम्बन्बे का उल्लेख हम पहले कर चुके हैं। वह दशीगण की आर्यिका नाणव्वे कन्ति की शिष्या थीं और उन्होंने स्वय पंचमहाव्रतों का पालन किया था।* दूसरी उल्लेखनीय राजकुमारी रक्कसगग की पौत्री चत्तलदेवी थीं। उन्होंने पोम्बुचपुर में 'पचकूट जिनालय' निर्माण कराया था।* उपरात गङ्गवाडी के शासक गगवशी राजा भुजवल गग हेम्माडि मान्धातभूप (सन १११२) हुये। उनकी पट्टरानी गग महादेवी अपनी दान शीलता के लिये प्रसिद्ध थीं। जैनधम की वह आश्रयदाता कही गई हैं। उनकी सहपत्नी (सौत) बाचदेवी भी जैनधम की भक्त थीं—उन्होंने बन्निकेरे नामक स्थान पर एक सुन्दर जिनालय निर्माण कराया था। उनके गुरु देशीगण के आचार्य श्रीशुभचद्रदेव थे। उनके पति, गगमहादेवी और प्रमुख राजकर्मचारियों ने उक्त जिनालय के लिये बूदनगरे नामक ग्राम भेंट किया था।†

सामन्तगण जैनधर्मभक्त।

गगराजाओं के सामतगण भी जैनधम भक्त थे। उपर्युक्त भुजबलगङ्ग स्वय जैनधर्मानुयायी थे, जिन्होंने कुन्तलपुर में एक भव्य जिनालय बनवाया था। उनके गुरु मूलसघ, काणूर्गण, मेषपाषाण गच्छ के आचार्य प्रभाचन्द्र सिद्धांतदेव थे। सन् १११२ ई० में उनके पुत्र सत्यगग ने कुरुली तीथ में 'गगजिनालय' निर्माण कराया था, जिसके लिये उन्होंने अपने गुरु माधवचद्रदेव को दान भी दिया था।†

गगराजा श्रीपुरुष के अनुकूलवर्ती स्वय उन्हीं के वशागत सामत नागवर्मा थे, जिनका कुल 'पसिण्डि-गग-वश' के नाम से प्रसिद्ध था। नागवर्मा जैनधर्म के प्रमुख आश्रयदाता थे। उन्होंने तोल्ल नामक ग्राम में अवस्थित जिनचैत्यालय को मलवल्लि ग्राम भेंट किया था।*

गगराजाओं की तरह उनके सामन्तों के परामर्शदाता और राजनीति-शिक्षक जैन गुरु ही थे। उदाहरणत मूलसघ, एरेगित्तूरगण और पुलिकल गच्छ के कीर्तिनद्याचार्य के शिष्य विमलचद्राचार्य निर्गुण्ड युवराज दुग्गु के राजगुरु थे।‡

साराशत गगराजाओं के समय में प्राय सब ही शासक, राजकुमार, सामन्त और राजमहिलायें जैनधर्म प्रभावना के लिये कटिबद्ध थे। प्रत्येक प्रमुख स्थान पर जिनमदिर निर्माण कराकर वह जैनाचार्यों को इतना काफी दान देते थे कि ये आचार्यगण उन मदिरों

* मेडि० जैनि, पृष्ठ १५७ व १५९।

† मेडियवल जैनिज्म, पृष्ठ १६०—१६१।

‡ उपर्युक्त पुस्तक, पृष्ठ ८७—८८।

से स्थायीरूप में धर्मप्रवाह की धारा बहने देते थे। साहित्य और संस्कृति की उन्नति तथा लोक का कल्याण भी उन मंदिरों से खूब होता था—उनकी सत्रशालाओं और दानशालाओं से निरंतर अभय-ज्ञान-भैषज्य-आहार दान बंटता रहता था! गंगवाड़ी के अधिवासी इसीलिये 'भव्य' कहलाते थे! ज़रा विचारिये तो पाठक, आज भी कोई ऐसा जैनमंदिर है? जैनमंदिर बनाने की लालसा तो आधुनिक जैन सेठों को आवश्यकता न होते हुए भी बेढब है; परंतु उनकी समुचित व्यवस्था करने का ध्यान ज़रा भी नहीं है! उन्हें उपर्युक्त विवरण से शिक्षा लेनी चाहिये। धन्य थे वे गंग राजा और सामन्त, गंग-रानी और राजकुमारी जिन्होंने धर्मोद्योत और लोककल्याण के लिये सतत उद्योग किया! कौन नहीं उनका स्मरण गर्व के साथ करेगा? उन्होंने अपना और पराया आत्म कल्याण करने में कुछ उठा न रक्खा था!

दि० जैनग्रन्थों की एक बृहत् सूची

[लेखक—श्रीयुत प० कैलाशचन्द्र शास्त्री न्यायतीर्थ]

श्रीमान् ब्र० शीतलप्रसाद जी ने इस वर्ष अपना चतुर्मास मुल्तान नगर में किया था। वहां से आप डेरा गाजीखां भी गये थे। वहां के मन्दिर में आप को दि० जैनग्रन्थों की छोटी बड़ी कई सूचियां मिलीं और आप उन्हें अपने साथ लेते आये। प्रवास में जब आप बनारस आये तो वे सूचियां स्याद्वादविद्यालय के न्यायाध्यापक प० महेन्द्रकुमार जी ने आप से ले लीं और अब वे विद्यालय के सरस्वती भवन में सुरक्षित हैं। उन सूचियों को देखने से पता चलता है कि दि० जैन साहित्य कितना विपुल था और जैनाचार्यों और उनके उत्तराधिकारी शास्त्रकारों ने उसे समृद्ध बनाने के लिये कितना त्याग और तपस्या की थी। किन्तु अपनी लापरवाही और अज्ञानता से हमने उनके परिश्रम को धूल में मिला दिया और जिनवाणी के प्रति उसकी असंख्यातवां भाग भी कार्यशीलता प्रकट नहीं की, जितनी जिनबिम्बों के प्रति करते आते हैं। उसी उदासीनता का यह कुफल है कि बहुत सा साहित्य नष्ट हो चुका और बहुत सा नष्ट होने के अभिमुख है, किन्तु अभी तक भी किसी उदार व्यक्ति या संस्था का ध्यान उस ओर नहीं गया है। यद्यपि समाज में कई शास्त्रभवन और सरस्वती भवन हैं किन्तु वे सब उपलब्धसाहित्य की ही रक्षा करते आये हैं, उनमें से किसी ने भी अनुपलब्ध ग्रन्थों का उद्धार करने की दिशा में कोई सत्प्रयत्न नहीं किया, जिसकी आज अत्यन्त आवश्यकता है। अस्तु,

उपलब्ध सूचियों की संख्या ४ है। उन में एक मुद्रित है। सभी का आकार व्यापारियों की बही के जैसा है। उनमें एक सूची बहुत बड़ी है और वही प्रधान भी है। शेष सूचियां छोटी छोटी हैं और उनमें अधिकांश ग्रन्थों के नाम परस्पर में पुनरुक्त हैं। बृहत् सूची के प्रारम्भ में, जो हस्त-लिखित है, कुछ दोहे लिखे हुए हैं, जो निम्न प्रकार हैं—

"पुणया सहर समीप है फलटन नगर सुवास।
दुलीचन्द श्रावकनू वासी तहां का खास ॥ १ ॥
त्याग लियो है जनम तैं जैनधरम के काज।
घरघर भोजन करनतैं जानत सकल समाज ॥ २ ॥
देश देश तैं सोधि कै जिन शासन के नाम।
तथा ग्रन्थकरतान के संमित नाम अरु गाम ॥ ३ ॥

जमा किये एकत्र सब यादि पत्र के माहि।
च्यारू ही अनुयोग के ग्रन्थ इकट्ठे पांहि ॥ ४ ॥
शासन संस्कृत प्राकृति टीका-संजुत शुद्ध।
देशमयी भाषा बनी जुदी जुदी अवरुद्ध ॥ ५ ॥
सो सब ही सारे मिलै जयपुर-मध्य नवीन।
शारद के भण्डार में सो हमरे आधीन ॥ ६ ॥
जिस श्रावककूं चाहिये धरमातम लिख भेजु।
चिट्ठी-द्वारा डाँक मैं.. नाम ग्रन्थ घर जेजु ॥ ७ ॥
गुन्नीसे छब्बीस मंझार माघ शुक्ल पाँचै निरधार।
सकल शास्त्र जिनमत के सार याद दास्त कीनी तैयार ॥ ८ ॥"

इनमें बताया है कि "पूना शहर के समीप फलटन नाम का नगर है। वहां दुलीचन्द नाम के एक श्रावक रहते थे। उन्होंने जन्म से ही त्याग धारण कर लिया था। उन्होंने जगह जगह घूम कर जैन शास्त्र और उनके कर्ताओं की एक सूची नाम और ग्राम-सहित तैयार की थी। और चारों ही अनुयोगों के संस्कृत-प्राकृत और भाषा के शास्त्र इकट्ठे किये थे, जो जयपुर में मिलते हैं और हमारे अधीन हैं। जिस धर्मात्मा भाई को जरूरत हो पत्र लिख कर मंगाले।" यह यादी सम्वत् १९२६ माघ शुक्ला पंचमी को तैयार हुई। मुद्रित सूची के, जिसमें वचनिका शास्त्रोंके नाम दिये हैं, प्रारम्भ में भी ये ही दोहे मुद्रित हैं। चौपाई से पहले केवल एक दोहा उसमें अधिक है, जो इस प्रकार है—

"समारीक जे ग्रन्थ हैं जैन धरम के मूल।
तिनकी संख्या जानिये जिनवाणी अनुकूल ॥ ८ ॥"

जयपुर में आज भी बाबा दुलीचन्द्र जी का शास्त्रभाण्डार बहुत प्रसिद्ध है और उसमें अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ मौजूद हैं। इन दोहों से पता चलता है कि ये सूचियां तैयार करके सब जगह के भाइयों को भेजी गई थीं और सर्व-साधारण के लिये यह घोषणा की गई थी कि जिस भाई को किसी शास्त्र की जरूरत हो वह एक पत्र लिख कर डाल दे, उसे घर बैठे शास्त्र मिल जायेगा। इस उदार घोषणा को पढ़ कर हृदय हर्ष से गद्गद हो जाता है। और जब यह स्मरण आता है कि यह घोषणा उस समय की है जब शास्त्र आज की तरह छप-छप कर नहीं बिकते थे और इसलिये शास्त्रदान बड़ा व्यय-साध्य था, तब तो उन उदार दानियों के प्रति हमारा मस्तक श्रद्धा से नत हो जाता है। सच है, ऐसे-ऐसे उदार पुरुष यदि शास्त्र-भाण्डारों के अध्यक्ष न होते तो क्या उस समय जिनवाणी का इतना प्रचार रह सकता था। आज के शास्त्र-भाण्डारों के लोभी अध्यक्षों को इस उदार घोषणा से

शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये। वृहत् सूची में विषयवार ग्रन्थकर्ता का नाम देकर उनके रचित ग्रन्थों के नाम दिये गये हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है—

सिद्धान्त-ग्रन्थ

वीरसेन स्वामि-कृत—'जयधवल', धवल[1] (७२०००), पंचसंग्रह, सिद्धान्त सार प्राकृत।

पद्मनन्दी स्वामी कुण्डलपुर[2] का रचित—चूलिका सिद्धान्त, जिसका नाम व्याख्यावृत्ति है, प्रमाण १२०० है।

देवसेन विरचित—महाधवल सिद्धान्त (४००००)?

उच्चारणाचार्यकृत—सूत्रकवृत्ति १२००० जिसका दूसरा नाम उच्चारणसूत्र है।

वृषभमुनि-कृत[3]—चूरणीसिद्धांत, मूल गाथा १८० गुणधरजी कृत, जिसकी वृत्ति ६००० है संस्कृत।

भूतबलिस्वामि कृत—षट्खंड पाहुड सिद्धांत सूत्र है, इनकी टीका[4] पुष्पदन्तजी कृत ३०००० है।

कुन्दकुन्द[5] स्वामि कृत—समयसार, प्रवचनसार, पञ्चास्तिकाय, अष्टपाहुड।

---

१ लिखा है कि—'जयधवल सिद्धान्त बीस हजार वीरसेन स्वामी रच्या, फेर अधूरा रह्या, तदि याका चेला जयसेन जी (जिनसेन जी होना चाहिये) चालीस हजार रच्या तदि साठ हजार पूरण भया'।

२ यह कुन्दकुन्द स्वामी ही जान पड़ते हैं, क्योंकि ये कौण्डकुन्दपुर के वासी थे और उनका एक नाम पद्मनन्दी भी था। तथा इन्द्रनन्दी के श्रुतावतार के अनुसार उन्होंने षट्खण्डागम के प्रथम तीन खण्डों पर बारह हजार श्लोक परिमाण एक टीका लिखी थी।

३ ये यतिवृषभाचार्य जान पड़ते हैं। उन्होंने गुणधराचार्य के सूत्रों पर चूर्णिसूत्र रचे थे और उनसे उच्चारणाचार्य ने अध्ययन कर के चूर्णिसूत्रों पर वृत्तिसूत्र लिखे थे।

४ यह लिखना गलत है।

५ कुन्दकुन्द के समयसार पर अमृतचन्द्र, प० रायमल भट्टारक पुण्यकीर्ति या प्रभ कीर्ति, मल्लिषेणाचार्य और प्रभाचन्द्र की टीका बताई है। प्रवचनसार पर अमृतचन्द्र, रायमल, सुमतिकीर्ति, मल्लिषेणाचार्य और प्रभाचन्द्र की टीका लिखी है। पंचास्तिकाय पर उक्त टीका कारों के साथ साथ भट्टारक ज्ञानभूषण ने भी एक टीका बताई है। अष्टपाहुड पर भट्टारक छोटे प्रभाचन्द्र की भी एक टीका है। यह भट्टारक प्रभाचन्द्र संभवत ये ही हैं, जिन्हें मानविभक्ती की प्रशस्ति में सारत्रय अर्थात् समयसार, पंचास्तिकाय और प्रवचनसार के ज्ञाता लिखा है। (देखो भावसंग्रहादि, माणिक० म० ग्रन्थ० की प्रस्तावना)।

योगेन्द्रदेव—परमात्मप्रकाश, योगसार, अध्यात्मसंदोह।

देवसेन स्वामि-कृत—ज्ञानसार, भावसंग्रह, दर्शनसार (सब प्राकृत में हैं)।

पद्मनन्दी[1] स्वामी—चरणसार प्राकृत।

विजयकुञ्जर स्वामी—अर्थानुशासन।

अजितसागर[2]—षट्खंडभूपद्धति—सिद्धान्तशिरोमणि।

नेमिचन्द्र स्वामी—गोमट्टसार, त्रिलोकसार, द्रव्यसंग्रह,[3] लब्धिसार, क्षपणसार।

गुणभद्र स्वामी—भावसंग्रह।

त्रैविद्य[4] मुनि—सिद्धान्तशिरोमणि।

अभयचन्द्र[5]—कर्मप्रकृति-रहस्य।

अनन्तनन्दी—दर्शनसार।

समन्तभद्र—विजय धवल टीका (मूडबिद्री में है) ?

जिनमुनि[6]—प्राकृत त्रिभंगी।

सागरसेन सिद्धान्त[7]—त्रिलोकसार छोटा, टीका सहस्रकीर्ति।

---

१ संभवतः यह श्रीकुन्दकुन्द स्वामी का ही नामान्तर है और उन्हीं के चारित्रप्राभृत का चरणसार के नाम से उल्लेख कर दिया प्रतीत होता है।

२ अजित ब्रह्मचारी नाम के एक विद्वान् की कल्याणालोयणा नामक प्राकृत रचना मा० ग्र० बम्बई से प्रकाशित सिद्धान्तसारादि-संग्रह में प्रकाशित हुई है। शायद ये दोनों एक ही व्यक्ति हों।

३ द्रव्यसंग्रह पर पं० रायमल्ल, योगेन्द्रदेव, ब्रह्मदेव, भ० प्रभाचन्द्र और मल्लिषेणाचार्य की टीका बतलाई है।

४ श्रवणबेलगोल के शिलालेख नं० ४७ में मेघचन्द्र नाम के एक मुनि को 'त्रैविद्य-रत्नाकर' 'त्रैविद्यचूडामणि', आदि विशेषणों से अभिहित किया है, और लिखा है कि 'त्रैविद्यदेव' के नाम से विद्वानों में उनकी ख्याति थी, तथा वे 'सैद्धान्तिकेश्वर-शिखामणि' थे। अतः संभव है कि ये मेघचन्द्र ही त्रैविद्य मुनि हों।

५ गोम्मटसार की वृत्ति के रचयिता का नाम भी अभयचन्द्र है। संभवतः वे ही कर्मप्रकृति-रहस्य के भी कर्ता हों।

६ इस नाम के कई ग्रन्थकार हुए हैं, एक जिनचन्द्र आचार्य सिद्धान्तसार (मा० ग्र० बम्बई) के कर्ता हैं। आश्चर्य नहीं, जो वे ही प्राकृतत्रिभंगी के भी कर्ता हों।

७ पुष्पदंतकृत उत्तरपुराण के प्रभाचन्द्रकृत टिप्पण के अन्त में लिखा है कि प्रभाचंद्र ने सागरसेन सैद्धांतिक से परिज्ञात कर के इस टिप्पण को रचा, शायद यही सागरसेन सैद्धांतिक छोटे त्रिलोकसार के रचयिता हों।

वामदेव पण्डित—भावसंग्रह संस्कृत, तत्त्वार्थसार त्रैलोक्यदीपक।
वासवसेन गृहस्थकृत वासवठाणा प्राकृत,
पण्डित[1] अमितगति काष्ठासंघी—जम्बूप्रज्ञप्ति,सार्द्धद्वयप्रज्ञप्ति।
भट्टारक सकलकीर्ति—सिद्धान्तसार (सं०), तत्त्वार्थसार दीपक।
ब्रह्मदेव[2]—तत्त्वदीपक, ज्ञानदीपक।
पं० मेधावी—तत्त्वसार, त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति ?

देवेन्द्रसेन को बृहद् आराधनासार सं०। नागसेन[3] का लघु आराधनासार सं०। भ० छोटा शुभचन्द्र[4] का तत्त्वार्थसार सं०। देवसेन का आराधनासार गाथा, व्याख्याप्रज्ञप्ति प्राकृत ज्ञातृताङ्ग (?) सप्तभंगी, व्याख्याप्रज्ञप्ति। जिनसेनाचार्यकृत चौदह गुणस्थान, चौदह मार्गणास्थान। उमास्वामिकृत कर्मप्रकृति मूल ?, अष्टकर्मदहन।

न्याय के कुछ ग्रन्थ

तत्त्वार्थसूत्र की टीकाएँ—गन्धहस्ती महाभाष्य समन्तभद्रकृत, श्लोक वार्तिक, राजवार्तिक, सर्वार्थसिद्धि, सिद्धिभूपद्धति पिहितास्रवस्वामि कृत, तत्त्वप्रकाशिका (योगेन्द्रदेव) सिद्धिभूपद्धति (वीरसेन स्वामी), तात्पर्यवृत्ति (अभयनन्दि), टीका लक्ष्मीदेवगृहस्थ कृत, टीका श्रुतसागर-कृत, टीका भ० पहला प्रभाचन्द्र कृत, टीका विबुधसेन कृत, टीका तत्त्वप्रकाशिका (दूसरा प्रभाचन्द्र), टीका सुखबोधिनी (दूसरा श्रुतसागर), टीका दवीदास-कृत, टीका[5] भास्करनन्दि मुनि, टीका कर्नाटकी (भट्टा० दिवाकर), टीका सुखबोधिनी रविनन्दिकृत,

प्रभाचन्द्र[6]—वादिकौशिकमार्तण्ड, प्रमाणदीपक, राजमार्तण्ड, अर्थप्रकाश।

---

१ यह सामायिक पाठ (सं०) के रचयिता प्रसिद्ध आचार्य अमितगति जान पड़ते हैं।

२ सम्भवतः यह द्रव्यसंग्रह की टीका के कर्ता ब्रह्मदेव ही हैं।

३ आश्चर्य नहीं तत्त्वानुशासन (मा० ग्र० बंबई) के रचयिता नागसेन और यह नागसेन एक ही व्यक्ति हों।

४ भट्टारक सकलकीर्ति की परंपरा में शुभचन्द्र नाम के एक विद्वान् भट्टारक हो गये हैं जो स्वामीकार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका के रचयिता हैं। उनका बनाया पाण्डवपुराण भी है। उसकी प्रशस्ति में उन्होंने स्वरचित ग्रन्थों की तालिका दी है। किन्तु इसमें तत्त्वार्थसार नाम का कोई ग्रन्थ नहीं है। सम्भवतः उनसे पृथक्करण करने के लिये ही इन शुभचन्द्र के साथ छोटा विशेषण लगाया गया है।

५ इसकी एक प्रति मद्रास की ओरियन्टल लायब्रेरी में है, ऐसा 'सिद्धांतसारादि' की प्रस्तावना में लिखा है।

६ प्रमेयकमलमार्तण्ड के रचयिता।

विद्यानन्द—विद्यानन्दमहोदय, प्रमाणमीमांसा, प्रमाणनिर्णय, तर्कपरीक्षा।

प्रभादेव—प्रमितिवाद, युक्तिवाद, अख्यातिवाद, तर्कवाद, नयवाद।

वीरसेनस्वामि कृत प्रमाणनौका, कुमुदचन्द्र[1] का षट्दर्शनसमुच्चय बड़ा, वादिसिंह-कृत[2] प्रमाण-नौका और तर्कदीपिका, वादिराजकृत वादमञ्जरी, भट्टारक कुमारनन्दिकृत[3] न्याय-विषय, माणिक्यनन्दी के परीक्षामुखसूत्र की टीकाएं—प्रमेयचन्द्रिका (अनन्तवीर्य), न्यायमणिदीपिका (अजितसेनाचार्य) प्रमाण ८०००, रत्नमालादीपिका (पण्डिताचार्य), प्रमेयकण्ठिका (शान्तिषेण[4]), प्रमेयरत्नालङ्कार।

कुछ उपदेशी शास्त्र

तत्त्वानुशासन (समन्तभद्र) प्रमाण १०००, ज्ञानविलास (आशाधर), शिक्षानुशासन (पं० लक्ष्मण), पं० श्रीचन्द्र-कृत प्राकृत रत्नकरण्ड, उत्सवपद्धति (ब्र० अजित), धर्मपरीक्षा सं० और प्रा० (हरिषेण[5])।

यति-आचार

क्रियासार प्राकृत (भद्रबाहु), क्रियासंग्रह (विजयकुञ्जर स्वामी), यत्याचार प्राकृत (भ० वसुनन्दी)।

श्रावकाचार

इसमें ३१ श्रावकाचारों के नाम दिये हैं। जिनमें कुछ के कर्ताओं के नाम इस प्रकार है—

वादिसिंह, योगेन्द्रदेव, अभयदेव, वामदेव, विश्वबोध इत्यादि।

काव्यग्रन्थों में धर्मशर्माभ्युदय पर यशःकीर्त्ति[6] की, चन्द्रप्रभकाव्य और नेमिनिर्वाणकाव्य

---

१ यह कुमुदचन्द्र शायद वे ही हों जिनके साथ श्वेताम्बर देवसूरि के शास्त्रार्थ करने की चर्चा श्वेताम्बर-साहित्य में पाई जाती है।

२ यह वादी-सिंह वही जान पड़ते हैं, जिनका स्मरण वादिराज ने अपने पार्श्वनाथ-चरित में किया है।

३ यह कुमारनन्दी संभवतः वही प्रसिद्ध तार्किक हैं जिनके वचनों को विद्यानंद स्वामी ने अपनी प्रमाणपरीक्षा मे 'तदुक्तं कुमारनन्दिभट्टारकैः' कर के उद्धृत किया है।

४ आश्चर्य नहीं जो यह शांतिषेण वहीं हों जिनके लिये अनन्तवीर्य ने प्रमेयरत्नमाला की रचना की थी।

५ यह हरिषेण कथाकोशकार ही जान पड़ते हैं।

६ कर्नाटक-कवि-चरिते मे यशःकीर्ति को धर्मशर्माभ्युदय की 'सन्देहध्वान्तदीपिका' नामक टीका का रचयिता लिखा है। देखो अनेकान्त, वर्ष १, पृ० ८३।

पर प्रभाचन्द्र भट्टारक प्रथम की टीका लिखी है, तथा प० जगन्नाथ कविकृत जो सम्भवतः रसगङ्गाधर के रचयिता ब्राह्मण विद्वान् थे, चतुर्विंशतिसंधान का भी नाम लिखा है। सुभाषित शास्त्रों में योगेन्द्रदेव का सुभाषितरत्न, भट्टारक शुभचन्द्र छोटा का सुभाषितार्णव और सुभाषितरत्नावली का नाम लिखा है।

साहित्यशास्त्र में तीन ग्रन्थों के नाम दिये हैं—साहित्य दीपक, साहित्य रत्नाकर और साहित्य-रत्नमाला।

संग्रह शास्त्रों में जिनसेनकृत सारसंग्रह संस्कृत और गुणभद्रकृत टिप्पण-ग्रन्थ का नाम है।

निमित्तशास्त्र में भी कुमारनन्दिकृत कुमार-संहिता, निमित्तदीपक आदि अनेक नाम हैं।

व्याकरणशास्त्र में अनेक टीकाग्रन्थों का संकलन किया है, जिनमें जैनेन्द्रसूत्र और शाकटायन की प्रचलित टीकाओं के सिवाय सोमदेवकृत मध्यजैनेन्द्रव्याकरण, विजयप्रभकृत प्रक्रियाबद्ध जैनेन्द्र आदि अनेक नाम हैं। समन्तभद्र द्वितीय-कृत चिन्तामणि व्याकरण टिप्पण का भी नाम है।

कोशग्रन्थों में नागदेवकृत शारदी नाम-माला, हैमी नाम माला (जो सम्भवतः हेमचंद्राचार्य की है), अभिधानचिन्तामणि आदि अनेक नाम हैं।

छन्दःशास्त्र में आशाधरकृत वृत्तप्रकाश ग्रन्थ का नाम लिखा है।

अलङ्कारशास्त्र में जिनसेन स्वामिकृत बुद्धिप्रकाश ग्रन्थ का नाम लिखा है।

शकुनशास्त्र में शकुनदीपक, स्वप्नशास्त्र में स्वप्नदीपक, शिल्पशास्त्र में वीरनन्दिकृत शिल्पसंहिता का नाम दिया है।

वैद्यकशास्त्र में पूज्यपाद, पात्रसेन आदि अनेक ग्रन्थकारों के निघण्टु और कुन्दकुन्दकृत प्राकृत वैद्यशास्त्र (प्रमाण ४०००) का नाम लिखा है। उग्राचार्य के भी कई ग्रन्थ बतलाये हैं।

ज्योतिषशास्त्र में ज्योतिषपाल केवलज्ञानहोरा (प्रमाण १००००), चन्द्रोन्मील (प्रश्न करने का) आदि कई ग्रन्थों के नाम दिये हैं।

पुराणग्रन्थों में महासेनकृत महापुराण, अरुणमणि पण्डितकृत अजितपुराण, तेजपालकृत प्राकृत संभवपुराण, प० दामोदर, शुभचन्द्र भट्टारक और अज्ञात कविकृत चन्द्रप्रभ पुराण, नागदेवकृत शीतलपुराण, भ० सुरेन्द्रकीर्तिकृत श्रेयांसनाथ पुराण, ब्र० कृष्णदासकृत विमलपुराण, वासवसेनकृत अनन्तपुराण, आदि प्रायः चौबीसों पुराणों का उल्लेख किया है। चरित ग्रन्थों में अनेक चरितों के नाम दिये हैं और एक एक चरित को कई-कई कवियों ने रचा है। जैसे श्रीपालचरित की रचना ६ कवियों ने भिन्न भिन्न की है। कई

कवियों ने पाण्डवपुराण रचे हैं। यशोधरचरित और करकण्डुचरित भी अनेक हैं। कथाकोशों में एक कथाकोश सिंहनन्दिकृत भी है तथा एक हरिषेणकृत प्राकृत कथाकोश भी बतलाया है।

इसके बाद स्तोत्र-पूजा-पाठ आदि का नम्बर आता है। स्तोत्रों में पं० हस्तमल्ल (हस्तिमल्ल) कृत एक सजीवनस्तोत्र का भी नाम है। एक नेमिस्तवन का भी नाम है जो दो अक्षरों में ही बनाया गया है। संहिताविभाग में अनेक संहिताग्रन्थों के नाम दिये हैं। कथाओं में व्रत वगैरह की अनेक कथाएं संकलित हैं तथा अनेक व्रतकथाकोशों के नाम दिये हैं। इसके बाद, पूजा-पाठों और उद्यापन-पाठों की एक लम्बी तालिका है। व्रतोद्यापनों के सम्बन्ध का इतना साहित्य अन्यत्र कहीं सङ्कलित नहीं देखा गया। अन्त में मंत्र-शास्त्र और शान्ति-विधान-शास्त्रों के साथ यह विस्तृत सूची समाप्त हो जाती है।

इस सूची को तैयार करने में जनश्रुति से भी यथेष्ट सहायता ली गई जान पड़ती है। फिर भी ग्रन्थों की खोज करने पर बहुत से नये ग्रन्थ प्रकाश में, आ सकते हैं ऐसा इससे पता चलता है। इस सूची से अन्य भी कई बातों पर प्रकाश पड़ता है, वे ये हैं कि रायमल्ल भी एक टीकाकार के रूप में भी हमारे सामने आते हैं। उन्होंने कितने ही ग्रन्थों पर टीकाएं रची हैं। यह रायमल्ल लाटीसंहिता के रचयिता ही प्रतीत होते हैं। तथा कई ग्रन्थों पर अनेक टीकाएं होने का पता चलता है। भगवती-आराधना पर विजयोदया नाम की जो टीका प्रकाश में आई है, इसमें उसे श्वेताम्बर बतलाया है। सिद्धांतग्रन्थों में व्याख्याप्रज्ञप्ति वगैरह एक-दो अङ्ग-ग्रन्थों के भी नाम दे दिये है। यह तो हुआ बृहत् सूची का परिचय। इसके साथ की सूचियों में एक छोटी सूची बड़े महत्त्व की है, उसमें जयपुर वगैरह में होनेवाले प्रायः सभी भाषाकारों का नाम उनके थोड़े से परिचय के साथ दिया है और उनके द्वारा रचे गये शास्त्रों की तालिका भी दी है। संक्षेप में उनका परिचय निम्न प्रकार है।

भाषाकार विद्वानों की सूची

इस सूची के प्रारम्भ में ही लिखा है—"याददास्त शास्त्र जिन-जिन पुरुषों ने बनाये, ताके नाम के खाते लिखाते। सं० १९३५ भादवा वदि १० शुक्रवारनै सहारनपुर में लिखा।" लिखकर इसे काट दिया गया है। परन्तु वह पढ़ा जाता है।

१ टोडरमल जी खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—इनके रचे ग्रन्थों की संख्या ७ है। उसमें परुषार्थसिद्ध्युपाय वचनिका भी है। उसके आगे लिखा है—'सं० १८२७

मगसिर सुदी २ शनिवार को पूरी दौलतराम कासलीवाल ने करी।' इससे पता चलता है कि यह भी अधूरी ही रह गई थी।

२ जयचन्द जी छाबडा खण्डेलवाल श्रावक जयपुर का—इनके रचे ग्रन्थों की संख्या ग्यारह है। अन्तिम ग्रंथ स० १८७० कार्तिक वदी १२ को रचागया है, और आदि ग्रन्थ स० १८६१ में।

३ दौलतराम कासलीवाल, आनन्दराम का बेटा, खण्डेलवाल श्रावक, प्रथम बसावा का, फिर जयपुर आये—इनके ग्रन्थों की संख्या ९ है, जिनमें पुरुषार्थसिद्ध्युपाय की वचनिका भी है, उसके आगे लिखा है—'अधूरी थी सो इनने पूरी करी।' इन्होंने स० १७७७ से १८२६ तक अपनी रचनाएं की हैं।

४ रायमल्ल जी त्यागी श्रावक जयपुर का—दो ग्रंथ बनाये जिनमें एक ज्ञानानन्द निजरसनिर्भर श्रावकाचार भी है।

५ नन्दलाल जी छाबडा तथा ऋषभदास जी निगोत्या श्रावक जयपुर के—मूलाचार वचनिका स० १८८८

६ मनालाल जी सागा का पाटणी खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—चारित्रसार वचनिका स० १८७१

७ बधीचद जी बज खंडेलवाल श्रावक जयपुर का – तत्त्वार्थबोध भाषा बुधजनसतसई, आदि ४ ग्रन्थ बनाये। स० १८६२ में बुधजनविलास बनाया और १८७९ में तत्त्वार्थबोध भाषा।

८ सरूप जी बिलाला खंडेवाल श्रावक जयपुर का—इनकी रचनाओं की संख्या १३ है जिनमें पूजा पाठ ही अधिक हैं। इन्होंने चौपाई छन्द में त्रिलोकसार की रचना भी की है। इनकी रचनाएं स० १८९२ से १९१९ तक की हैं।

९ सदासुखजी कासलीवाल खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—इनके ग्रन्थों की संख्या ८ है, जिनमें अर्थप्रकाशिका और सूत्रजीकी लघु वचनिका भी है। इन्होंने भगवती आराधना वचनिका स० १९०८ में और नित्यनेमपूजा वचनिका से १९२१ में बनाई थी।

१० नाथूलाल दोशी खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—इनके ग्रन्थों की संख्या १० है, जिनमें से परमात्मप्रकाश वचनिका की रचना स० १९११ में और रत्नत्रय-जयमाला वचनिका की रचना स० १९२४ में हुई थी।

११ उदयचद जी लुहाड्या खंडेलवाल जयपुर का—रत्नकरंड श्रावकाचार वचनिका।

१२ जौहरीलाल मनालाल रिंदूका खंडेलवाल श्रावक जयपुर के—पद्मनन्दि पचीसी वचनिका स० १९१५।

१३ पारसदास निगोत्या खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—इनके ग्रन्थों की संख्या तीन है, जिनमें एक पारस-विलास भी है। ज्ञानसूर्योदय नाटक वचनिका की सं० १९१७ में और सारचौवीसी वचनिका की १९१८ में रचना की।

१४ सेवाराम साह खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—इन्होंने सं० १८५४ में चौबीस महाराज-पूजा भाषा बनाई।

१५ सरवसुख राय जयपुर का—इन्होंने सं० १८९६ में समवशरण-पूजा भाषा बनाई।

१६ ताराचन्द जयपुर का—तीस चौवीसी-पूजा भाषा लघु।

१७ वखतराम चमराज का बेटा प्रथम चाटसू था वहुरि जयपुर में आय ग्रन्थ वनाया—सं० १८२१ में मिथ्यात्व मं(खं)डन भाषा वचनिका।

१८ नेमिचंद पाटणी खडेलवाल श्रावक जयपुर का—भाषा पूजाएं तीन, सं० १८८० से १९२१ तक में।

१९ सपतराम—सं० १८५४ में ज्ञानसूर्योदय नाटक भाषा वनाया।

२० पण्डित केशरी सिंह जयपुर का—सं० १८७३ में वर्द्धमानपुराण वचनिका वनाई।

२१ पण्डित श्योजी लाल जयपुर का—इन्होंने सं० १९२३ में दर्शनसार की वचनिका की तथा उमास्वामि-कृत श्रावकाचार की वचनिका भी वनाई। सूची में उमास्वामी के आगे 'दूसरा भेषी' लिखा है। जो इस वात को सूचित करता है कि यह श्रावकाचार उन्हीं उमास्वामी का नहीं है जिन्होंने तत्वार्थसूत्र वनाया है। इससे सूची वनानेवाले की सावधानता का पता चलता है।

२२ चैनजी लुहाड्या श्रावक जयपुर का—अकृत्रिम चैत्यालय-पूजा भाषा।

२३ पन्नालाल दूनीवाला श्रावक खण्डेलवाल जयपुर का—इनके ग्रन्थों की संख्या ६ है।

२४ पं० फतहलाल जयपुरवाला—इन्होंने राजवार्तिक वचनिका, दशावतार नाटक की वचनिका आदि ५ ग्रन्थ वनाये है।

२५ पन्नालाल चौधरी पांड्या गोत्र खंडेलवाल श्रावक जयपुर का—सूची में इनके ग्रन्थों की संख्या ४६ दी है किन्तु मध्य में नं० २२ से ३० तक के नौ अङ्क खाली हैं। शायद सूची के निर्माता को किसी स्थान से इनके ग्रंथों की संख्या का क्रमवार पता लगा होगा और वीच के अङ्क पढ़े न गये हों या और कुछ कारण हो। इन की रचनाएं सं० १९३० से प्रारम्भ होती हैं। उनमें स्तोत्रों, चरित्रों की वचनिका की वहुतायत है। इन्होंने दशभक्ति, सुभाषितार्णव और सद्भाषितावली की भी वचनिका की है।

इस प्रकार जयपुर के भाषाकार विद्वानों की संख्या सूची में २५ दी है। अव अन्य स्थानों के भाषाकार विद्वानों की तालिका दी जाती है—

१ डालूराम अगरवाला माधोराजपुरा जिला जयपुर—इनके ग्रंथों की संख्या १३ है जिनमें भाषा पूजाएँ ही अधिक हैं। रचनाकाल सं० १८६० से १८८२ तक है।

२ खुशालचंद श्रावक खंडेलवाल गोत काला, बेटा सुंदरलाल कामा, प्रथम सांगानेर के वासी फिर जिहानाबाद में जयसिंहपुरा में ग्रन्थ बनाये —ग्रन्थ संख्या ६ है। रचनाकाल सं० १७८० से १७९९ तक है। रचनाओं में पुराणों की वचनिका इत्यादि हैं।

३ जोधराज गोदी का खंडेलवाल, अमरसिंह का बेटा, सांगानेर वासी—इन्होंने प्रीतिंकरचरित्र भाषा, सम्यक्त्वकौमुदी प्राकृत की भाषा आदि ६ ग्रन्थ लिखे हैं। रचनाकाल सं० १७२१ से।

४ ब्रह्मरायमल्ल—इन्होंने सं० १६१६ में हनुमानचरित्र भाषा और १६६३ में भविष्यदत्तचरित्र भाषा बनाया।

५ किसनसिंह, बेटा देवीचन्द का, पाटणी खंडेलवाल श्रावक, प्रथमवार चाडहारी के पास रामपुरा गाम है तहां रहे, फिर सांगानेर आय के शास्त्र बनाये—सं० १७७३ में रात्रिभोजन कथा और सं० १७८५ में भद्रबाहु चरित्र भाषा बनाया।

६ मनोहरदास सांगानेरवाला—धर्मपरीक्षा भाषा।

७ पण्डित हीरानंद जहानाबाद के वासी—पञ्चास्तिकाय भाषा, सं० १७१८।

८ बखतराम गोधा खंडेलवाल श्रावक चपावती गाम का, जिला जयपुर—धर्मबुद्धि की कथा।

९ दीपचंद—इनके अनुभव प्रकाश, ज्ञानदर्पण और चिद्विलास वचनिका ये तीन ग्रन्थ हैं जो आमेर तथा सांगानेर में बनाये गये हैं।

१० बनारसीदास श्रावक श्रीमाल प्रथम जौनपुर के वासी, फिर आगरे में आय के ग्रन्थ बनाये। इन्होंने सं० १६९३ में समयसारनाटक भाषा, १६९८ में बनारसी पद्धति और सं० १७०१ में बनारसीविलास भाषा बनाया।

११ द्यानतराय अगरवाले श्रावक आगरा के—इन्होंने सं० १७८० में द्यानत विलास बनाया—सूची में लिखा है कि इनकी सूम की कथा छन्दोबद्ध भरतपुर में है।

१२ जगतराय अगरवाले श्रावक आगरा के—इन्होंने १७२२ में पद्मनंदि-पचीसी भाषा बनाई।

१३ भगौतीदास ओसवाल श्रावक, बेटा लालजी का गोत कटारिया आगरा के—सं० १७३२ में चेतनचरित्र और सं० १७५५ में ब्रह्मविलास बनाया।

१४ विनोदीलाल बेटा दरिगहमल का, गर्ग गोत, अगरवाल वासी हनादपुर (दिल्ली) के—नौरंगशाह के राजकाल में दिल्ली में सं० १७४७ में भक्तामर की कथा और सं० १७४९ में सम्यक्त्वकौमुदी भाषा बनाई।

१५ भूधरदास अगरवाला श्रावक आगरा का—सं० १८०१ में पुरुषार्थसिद्ध्युपाय वचनिका, सं० १८०६ में चरचासमाधान, सं० १८०९ में पार्श्वनाथपुराण भाषा आदि ६ ग्रन्थ बनाये है।

१६ परमल्ल गोवरगड के वासी ग्रन्थ आगरा में बनाये—श्रीपालचरित और श्रेणिकचरित।

१७ हेमराज—सं० १७०९ में प्रवचनसार वचनिका और सं० १७२४ में नयचक्र वचनिका बनाई।

१८ नथमल बिलाला, वेग सौभागचंद का खंडेलवाल भरतपुर का—सं० १८२२ में जिनगुणविलास, सं० १८२३ में सिद्धांतसार भाषा, सं० १८३४ में नागकुमारचरित आदि ५ ग्रन्थ बनाये।

१९ फकीरचन्द तथा नथमल भरतपुर—सं० १८२१ में समवशरण-मंगल भाषा बनाया

२० ताराचंद, तिलोकचंद, लखमीचंद फतहपुर (आगरा)—सं० १७२८ में ज्ञानार्णव भाषा बनाया।

२१ जिनदास परिडत—मथुरा में सं० १६४२ में जम्बूचरित भाषा बनाया।

२२ सुखलाल काशलीवाल कामा का—सुखविलास।

२३ देवीदास गोधा खडेलवाल बसवा का—भेलसा में सं० १८४४ में सिद्धांतसार वचनिका लिखी।

२४ नवलराम खंडेवाल बसवा का—सं० १८२५ में वर्द्धमानपुराण भाषा बनाया।

२५ परिडत लालचंद, प्रथम सांगानेर के वासी, फिर बयाना में ग्रन्थ बनाये सूची में इनके १२ ग्रन्थ लिखे है। इन्होंने सं० १८७० में काशी में भेलुपुरा में अकृत्रिम चैत्यालय-पूजा और सं० १८२७ में हीरापुर में वरांगचरित भाषा बनाया।

२६ मनालाल वैनाडा खंडेलवाल दिल्ली का—सं० १९१६ में प्रद्युम्नचरित वचनिका लिखी।

२७ बखतावरलाल रतनलाल अगरवाला दिल्लीवाला—इनकी बनाई ६ पुस्तकें है, जिनमें चन्द्रप्रभपुराण भाषा और नेमिनाथपुराण भाषा भी है। रचनाकाल सं० १८९२ से सं० १९०९ तक है।

२८ सिहलाल रेवाड़ी का—सं० १८४२ में शिखरविलास बनाया।

२९ हरगुलाल अगरवाल श्रावक खतौली का—सं० १९०६ में सज्जनचित्तवल्लभ वचनिका लिखी।

३० काशीदास जगतराय तथा टेकचंद अगरवाले श्रावक पानीपत के—सं० १७२२ में सम्यक्त्वकौमुदी भाषा बनाई।

३१ ऊमरीलाल अमरावतीवाला— सम्मेदशिखर पूजा भाषा।

३२ हरकिसन ईसागढवाला—स० १८८० में पचकल्याणक पूजा भाषा बनाइ।

३३ धवली चदेरीवाला—समाधिशतक भाषा।

३४ वृदावन जी, धर्मचद का बेटा अगरवाले, प्रथम बारागाव-गगा के किनारे रहे, फिर बनारस में आये ग्रन्थ बनाये—इनके ग्रन्थों की सख्या ६ है, जिनमे छन्दशास्त्र भाषा भी है। इन्होंने स० १८६३ म प्रवचनसार भाषा छन्दोबद्ध बनाया था।

३५ जीवराज खण्डेलवाल श्रावक बडनगर का—स० १७६२ मे परमात्मप्रकाश वचनिका बनाइ।

३६ भट्टारक विजयकीर्ति अनमेरवाला—स० १८२७ म श्रेणिक-चरित्र भाषा बनाया।

३७ शिरोमणी दास, प० गगादास के शिष्य शिरोहणी नगर के वासी—स० १७३२ में धर्मसार बनाया।

३८ सेवाराम रजपूत देवलिया प्रतापगढ (मालवा) का—स० १८३४ म शांतिनाथ पुराण बनाया।

३९ सुन्दरलाल लमेचू श्रावक भदावरगांव अटेर का—इन्दौर म सिंदूरप्रकरण वचनिका बनाइ।

४० भारामल्ल खरौआ भिंडवाला—दानकथा आदि चार कथाए बनाई।

४१ विलासराय इटावा का—पद्मनदिपचीसी वचनिका और स० १८६७ म नयचक्र वचनिका बनाइ।

४२ गुलाबराय मोतीराम—स० १८४१ मे शिखरविलास भाषा बनाया।

४३ छत्रपतजी पद्मावती पोरवार कोल के वासी—इन्होंने स० १९०७ से १९२२ तक मनमोहन पचासिका भाषा, उद्यमप्रकाश आदि ४ ग्रन्थ रचे।

४४ टेकचद जी भद्रपुर—इनके ११ ग्रन्थ हैं, जिनम बहुत भाग पूजाओं का है। इन्होंने स० १८३७ म सूत्र जी की वचनिका और स० १८३८ में सुदृष्टितरङ्गिणी बनाइ।

४५ भागचद जी ओसवाल ईसागढ के, फिर लसकर- आकर ग्रन्थ बनाये— इनके ग्रन्थों की सख्या आठ है। इन्होंने स० १९०० म ज्ञानसूर्योदय नाटक की वचनिका और स० १९१३ मे प्रमाणपरीक्षा की वचनिका की।

४६ खड्गसेन खण्डेलवाल गोत पापडीवाल, वागडदेश म नारनौल नगर में रहे फिर आगरे आय ग्रन्थ बनाये—स० १७१३ मे त्रिलोकदर्पण और ज्ञानदर्पण बनाये।

४७ छोटालाल जैसवाल, बनारस म—सूत्र जी भाषा छन्दोबद्ध आदि तीन ग्रन्थ बनाये।

४८ किसनचन्द बेटा कल्याणसिंह सगही का, खडेलवाल पाटणी गोत्र, रामपुर के वासी—स० १७८४ म क्रियाकोश भाषा बनाया।

४९ देवीसिंह छावड़ा नरवरगांव का—सं० १७९६ में उपदेश-सिद्धांत-रत्नमाला बनाई।

५० गारवदास गांव फफोहूँ का—सं० १५८१ में यशोधरचरित भाषा बनाया।

५१ जिनहरख, गांव पाटण का वसवा—सं० १७२४ में श्रेणिकचरित्र भाषा बनाया।

५२ बुलाकीदास—सं० १७३७ में प्रश्नोत्तर-श्रावकाचार भाषा और सं० १७५४ में पाण्डव-पुराण भाषा बनाया।

५३ चम्पाराम हूमड़ श्रावक झालरापाटन का—इनके ४ ग्रन्थ हैं, इन्होंने सं० १९१६ में गोतमपरीक्षा बनाई। चरचासागर की वचनिका भी इन्हींने बनाई है।

५४ रामचन्द्र खण्डेलवाल दिल्ली का—दो पूजाग्रन्थ बनाये।

५५ हीरालाल अगरवाल बड़ौद का (बड़ौत [मेरठ])—चन्द्रप्रभ-पुराण भाषा।

५६ मनरंग, पल्लीवाल श्रावक, गोत्र काश्यप, गच्छ गिरा ? बलात्कारगण मूलसंघ, गांव कन्नौज—सं० १८७० में चौवीस महाराज-पूजा और सं० १८८० में नेमचन्द्रिका भाषा बनाई।

५७ अमरचंद लुहाड्या खण्डेलवाल—सं० १८९१ में चौवीसपूजा और सं० १९२५ में बीस तीर्थंकर-पूजा बनाई।

५८ भैरुलाल अगरवाल बनारस का—सं० १९१० में पंचकल्याणक-पूजा बनाई।

५९ नन्दलाल—तीस चौवीस-पूजा भाषा लघु समुच्चय।

६० गोकुल श्रावक गोलापुरा—सुकुमाल-चरित्र वचनिका।

६१ रायमल्ल दूसरा—समयसार वचनिका।

६२ खेतसि—जम्बूचरित्र भाषा।

६३ रामचंद खुसालचंद—सं० १७९४ में सद्भाषितावली बनाई।

६४ मकरंद—सूत्र जी की वचनिका।

६५ परवत—द्रव्यसंग्रह और समाधितंत्र की वचनिका।

६६ अखय श्रीमाल—चरचा का ग्रन्थ।

६७ पण्डित जयवंत—सूत्र जी की वचनिका।

६८ राजाराम—धन्यकुमारचरित्र भाषा।

६९ मानसिंह भगौतीदास—सं० १८३१ में द्रव्यसंग्रह भाषा बनाई।

७० हरिराय—हरिवंशपुराण।

७१ देवीदास गोलालारे, टीकमगढ़ से ५ कोस पर डिगौड़ा गाँव के वासी—इन्होंने परमानन्दविलास, प्रवचनसार भाषा छन्दोबद्ध और सं० १८२१ में चौवीस-पूजा बनाई।

७२ रायमल्ल तीसरा—भविष्यदत्त-चरित्र और सीता-चरित्र।

७३ नवराम—सं० १९०४ में योगसार वचनिका बनाइ।

७४ अनुरराम—समवशरण-पूजा।

७५ कमलनयन—समवशरणपूजा।

७६ थानसिंह—सं० १८४७ में सुबुद्धि प्रकाश बनाया।

७७ पं० धर्मदास—सं० १५७८ में श्रावकाचार बनाया।

७८ रामचन्द्र—सं० १७७३ में सीताचरित्र बनाया।

७९ विश्वभूषण—सं० १७३८ में जिनदत्तचरित्र भाषा बनाया।

८० मनरासनलाल डेउडिया परवार सागडरौगे वरनगर दूसरा नाम जामसा—सं० १८८४ में सुधारससार भाषा बनाया।

८१ जिनेन्द्रभूषण भट्टारक इटावा—सं० १८४१ में चन्द्रप्रभपुराण छन्दोबद्ध बनाया।

८२ गोपीलाल परवार मउरानीपुर (सागर) के—नागकुमारचरित्र इत्यादि तीन ग्रन्थ।

८३ प्यारे लाल—सद्भावितावली छन्दोबद्ध।

इस प्रकार इस सूची में जयपुर के वासी पचीस और अन्य स्थानों के वासी ८३ भाषाकार विद्वानों की तालिका दी गई है। इस तालिका से पता चलता है कि जिस खण्डेलवाल जाति में आज इने गिने विद्वान् हैं, उसमें ही किसी समय विद्वानों का अच्छा जमाव था। जाति के हिसाब से सबसे अधिक भाषाकार खण्डेलवाल जाति में हुए हैं, उससे दूसरा नम्बर अग्रवाल जाति का है। इसी तरह क्षेत्र के हिसाब से प्रथम नम्बर जयपुर का है और दूसरा आगरा का। उक्त भाषाग्रन्थों में से अभीतक अनेकों ग्रन्थ प्रकाश में नहीं आये हैं। प्रवचनसार भाषा छन्दोबद्ध, सूत्र जी भाषा छन्दोबद्ध, आदि ग्रन्थों को खोज कर प्रकाशित करना चाहिये। कविवर बनारसीदास जी की बनारसी पद्धति भी प्रकाश में आनी चाहिये। संस्कृत और भाषा के ग्रन्थकारों ने जैनधर्म का महान् उपकार किया है। उनके परिश्रम के बल पर ही आज संसार में जैनधर्म जीवित है और तब तक जीवित रहेगा, जबतक उनकी रचना संसार में वर्तमान रहेगी। किन्तु जैनधर्म के अनुयायी अपने उन महान् उपकारी ग्रन्थकारों के प्रति ज़रा सी भी सच्ची श्रद्धा प्रकट नहीं करते। सचमुच जिनवाणी माता के प्रति उनके पुत्रों ने वही बर्ताव कर रखा है जो विमाता के साथ किया जाता है। यदि ऐसा न होता तो क्या जिनमन्दिरों की प्रतिष्ठा में पानी की तरह पैसा बहानेवाले जैन अपनी माता की दुर्दशा देखकर भी अनदेखी कर सकते थे? अब भी समय है, और आवश्यकता है, ऐसे नररत्नों की जो जिन के साथ जिनवाणी के भी उद्धार का बीड़ा उठा कर कार्यक्षेत्र में जुटें।

पार्श्व में स्थित संस्कृत शिलालेख* से ज्ञात होता है कि चामुण्डवंशज† तिम्मराज ने श्रवण-वेळ्गोळ के तत्कालीन मठाधीश गुरु चारुकीर्ति के आज्ञानुसार शक १५२५ (सन् १६०४) में इसे स्थापित किया था। तौळव देश या वर्तमान दक्षिण कन्नड जिला में उस समय भी आजकल के समान मूडबिद्री एवं कार्कळ दोनों स्थानों में मठाधीश मौजूद होते हुए इस शुभ कार्य के लिये सुदूरवर्ती श्रवणबेळ्गोळ से चारुकीर्ति जी के बुलाने का रहस्य कुछ अवश्य होना चाहिये।

गोम्मटेश्वर मूर्ति के सामने के दरवाजे के दोनों पार्श्व में छोटे छोटे दो मन्दिर और हैं। ये दोनों उक्त तिम्मरण अजिल की दो रानियों के द्वारा बनवाये गये हैं। क्रमश इनमें पूर्व दिशास्थित मन्दिर में चन्द्रनाथ स्वामी की एवं पश्चिम दिशास्थित मंदिर में शान्तिनाथ स्वामी की मूर्ति विराजमान हैं। इन मन्दिरों की बगल में वर्तमान दो शिलालेखों में संस्थापिकाओं के नाम, प्रतिष्ठा-समय, प्रदत्त दान आदि का स्पष्ट उल्लेख है। अब केवल एक मन्दिर रह गया। यह गोम्मटेश्वर मूर्ति के पीछे सड़क के सामने उपस्थित श्रीपार्श्वनाथ मन्दिर। अभी हाल ही में मूड़बिद्री के वर्तमान मठाधीश श्रीचारुकीर्ति जी ने हजारों रुपये खर्च कर इस मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया है।

वास्तव में मठ का द्रव्य ऐसे ऐसे धर्मायतनों की रक्षा आदि सामयिक एवं आवश्यक धार्मिक कामों में लगना ही सदुपयोग कहा जा सकता है। इसके उपलक्ष में श्रद्धेय भट्टारक जी अवश्य धन्यवाद के पात्र हैं।

अस्तु, यह केवल वेणूर के परिचय की एक रूपरेखा है। इस पर विशेष प्रकाश डालने से एक बड़ी पोथी ही तैयार हो सकती है। किसी सावकाश अन्वेषणप्रेमी विद्वान् को इस पर अवश्य ध्यान देना चाहिये।

---

* श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम्।
जीयात्त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥१॥
शकवर्षेष्वतीतेषु विषयाब्धिशरेन्दुषु।
वर्तमाने शोभकृति वत्सरे फाल्गुनाख्यके ॥२॥
मासेऽथ शुक्लपक्षेद्वदशम्यां गुरुपुष्यके।
सुलग्ने मिथुने देशिगणोम्बरदिनेशतुः ॥३॥
वेल्गुलाख्यपुरीपट्टक्षीराम्बुधिनिशापतेः।
चारुकीर्त्तिमुनेर्दिव्यवाक्यादेनूरपत्तने ॥४॥
श्रीरायकुवरस्याथ जामाता तत्सहोदरी।
पाण्ड्यकाख्यमहादेव्यास्सुपुत्रः पाण्ड्यभूपतेः ॥५॥
अनुजस्तिम्मराजाख्यश्चामुण्डान्वयभूपकः।
अस्थापयत् प्रतिष्ठाप्य भुजवल्याख्यकं जिनम् ॥६॥

† यह चामुण्डवंश श्रवणबेलोल में श्रीगोम्मटेश्वर की लोकविख्यात विशालकाय मूर्ति के संस्थापक, वीरमार्त्तण्डादि अनेकोपाधिविशिष्ट चामुण्डराय का नहीं है। देखें—'Jaina Antiquary' Vol II, No. 2—3.

'जैन ऐण्टीक्वेरी' के लेख।

(भाग ४ खंड ३)

पृष्ठ ६९—७६ प्रो० चक्रवर्ती ने तामिल साहित्य के विषय में लिखा है कि प्राचीनतम तामिल साहित्य में जैनियों का प्रभाव स्पष्ट है। उसमें जैनों की प्राकृत भाषा का तथा उनके सल्लेखना व्रत का 'वड़क्किरुत्तल' नाम से उल्लेख है। तामिल भाषा में जैनियों की रचनायें भी अपूर्व हैं। तामिल भाषा का प्रख्यात व्याकरण ग्रंथ 'तोल्काप्पियम्' एक जैनी की ही रचना अनुमान की जाती है। कवि पनम्पारनार ने लिखा है कि ऐंद्र व्याकरण के नियमों से ओतप्रोत तोलकाप्पियम् पाण्ड्य-संगम् में पढ़ा गया था और अदङ्कोट्टाशान् ने उसे मान्य ठहराया था। इस व्याकरण के रचयिता तोल्कप्पियर को उन्होंने एक महान् और प्रसिद्ध 'पडिमयोन्' अर्थात् तपस्वी लिखा है। जैनयोगियों के लिये 'प्रतिमा-योग' एक खास चीज है और कतिपय जैनयोगी 'प्रधान योगधारी' कहे गये हैं। अत वैयपुरी पिल्लै जैसे विद्वान् उन्हें जैनधर्मानुयायी प्रकट करते हैं। तोल्काप्पियम् में जैनसिद्धान्तानुसार ही जावों के एकेंद्रिय द्वीन्द्रियादि भेद निरूपित हैं। इस उल्लेख से स्पष्ट है कि तोलकप्पियर जैनसिद्धांत के ज्ञाता थे। साहित्य की व्याख्या करते हुये उसके मूल भाग को उन्होंने कर्मों से मुक्त हुए 'ज्ञान के स्वामी' द्वारा प्रकाशित किया गया लिखा है। जैनपरम्परा की यही मान्यता है। जो लोग तोल्कप्पियर के जैनत्व मे संशय करते हैं उन्होंने कोई पुष्ट कारण अपने मत के समर्थन में उपस्थित नहीं किया है। वह संस्कृत भाषा के विज्ञाता थे*। तामिल का यह व्याकरण तीन भागों—स्वर व्यञ्जन, शब्द और अर्थ में विभक्त है, जबकि संस्कृत व्याकरण में पहले के दो भाग ही होते हैं। तीसरे भाग में व्याकरण के अतिरिक्त रति और संग्राम विषयक विवरण भी है, जिससे प्राचीन द्राविड इतिहास पर प्रकाश पडता है। इस व्याकरण की पांच टीकायें उपलब्ध हैं। इसमें शक नहीं कि यह व्याकरण तामिल भाषा का एक अति प्राचीन ग्रंथ है, परन्तु इसकी रचना के समय से पहले का तामिल साहित्य भी होना चाहिये, जो अब अनुपलब्ध है। उपलब्ध प्राचीन तामिल साहित्य ईस्वी पूर्व दूसरी शताब्दी से ईस्वी सातवीं शताब्दी तक का है।

तामिल काव्य-साहित्य से नैतिक चारित्र विषयक साहित्य प्राचीन है और उस में जैनाचार्यों का प्रभाव स्पष्टत दृष्टिगोचर होता है। कुरल और नालडियार नामक दो महान् नीति

---

* कहा जाता है कि संस्कृत भाषा के ऐंद्र व्याकरण से जैनियों का सम्पर्क था। यदि यह है ठीक तो तोल्कप्पियर का आधार ग्रंथ भी जैन प्रतीत होता है।

—का० प्र०

ग्रन्थ जैनाचार्यों की रचनायें हैं। कुरल का स्थान तामिल साहित्य में महान् है और उसकी प्रसिद्धि भी खूब है। इसमें अहिंसाधर्म को खासा प्रतिपादित किया गया है। तामिल देशवासी इसे अपना 'वेद' कह कर पुकारते हैं और हर-कोई इसे अपनी सम्प्रदाय की रचना बताता है। जैनी इसे एलाचार्य जिनका दूसरा नाम कुन्दकुन्दाचार्य था, उनकी रचना बताते हैं। कुरल की आन्तरिक रचना एवं बाह्य साक्षी इस मत की पोषक है। परन्तु पाण्ड्य राजा के जैनधर्मविमुख होने पर जैनेतर लोगों में उनके प्रति ऐसी द्वेषपूर्ण धारणायें घर कर गईं कि आज तक मदुरा के शैवमंदिर की दीवालों पर जैनियों को कोल्हू में पेलने के चित्र बने हुए हैं और इस घटना को लक्ष्य कर उत्सव भी मनाये जाते हैं। ऐसी हालत में भला यह कैसे स्वीकार किया जाता है कि कुरल एक जैनाचार्य की रचना है? इसकी रचना से तिरुवल्लुवर का सम्बन्ध एक आधुनिक लेख की सूझ का परिणाम है, जो विश्वसनीय नहीं है। परन्तु मजा यह है कि तिरुवल्लुवर के भक्तजनों ने उन्हें देवता मान कर उनके मंदिर भी बनवा डाले हैं। ऐसे लोगों के निकट से ऐतिहासिक तत्त्व को पा लेना असंभव है।

पृष्ठ ७७—८०, प्रो० सालेत्तोर ने 'कथाकोष' ग्रन्थ में (जो लन्दन से सन् १८९५ में छपा था) कक्क, अरिकेसरी और मम्मण नामक राजाओं का उल्लेख पाकर उन्हें क्रमशः राठौर राजा कक्क द्वितीय (सन् ९७३), शिलाहारवंशी राजा अरिकेसरी (सन् १०१७) और उसी वंश का राजा मम्मण सन् (१०५९) अनुमान किया है। साथ ही कथाकोष का रचनाकाल ११ वीं शताब्दी का अन्तिम पाद बतलाया है।

पृष्ठ ८१—८४, प्रो० श्रीकण्ठ शास्त्री ने जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति-संग्रह' का रचना-काल विविध प्रमाणों के आधार से सन् १०५० ई० निश्चित किया है।

पृष्ठ ८५-८८, प्रो० हँसमुख संकलिया ने उस धातुमयी जैनमूर्ति का सचित्र वर्णन उपस्थित किया है जो सेंटजेवियर कालिज बम्बई के सग्रहालय में है और किसी देवी की है।

पृष्ठ ८९—९२, कामताप्रसाद ने 'जैनकाल-गणना' में ऐतिहासिक-काल की गणना प्रारम्भ करते हुए प्राक्कथन में भगवान् नेमिनाथजी की ऐतिहासिकता को प्रकट किया है।

पृष्ठ ९३—९६, प्रो० कालीपद मित्रा ने शब्द 'देवणुप्पिय' (देवानां प्रियः) के विविध प्रयोग पर प्रकाश डाला है। पहले इसका प्रयोग सम्माननीय समझा जाता था। उपरान्त काल में मूर्ख के लिए इसका प्रयोग होने लगा।

—कामताप्रसाद जैन

साहित्य-समालोचना

ज्योतिप्रसाद

(१)

लेखक—माईदयाल जैन, बी० ए०, बी० टी०, प्रकाशक—लाला जौहरी मल जैन, सराफ, दरीबाकला, देहली, भाषा—हिन्दी, पृष्ठ सख्या—१६८, मूल्य—आठ आने, मुद्रण समय—वीरसं० २४६४।

इसमें विद्वान् लेखक ने स्वर्गीय कवि ज्योतिप्रसाद जैन का जीवन चरित्र, लेखाश एव कवितायें सग्रह किया है। कवि ज्योतिप्रसाद जी जैन समाज में एक अच्छे लेखक, कवि, पत्रसम्पादक एव समाज-सेवक समझे गये हैं। इनके चरित्र में एकपत्नीव्रतादि कुछ विशिष्ट गुण वास्तवमें अनुकरणीय है। इसमें कोई सदेह नहीं है कि सहनशीलता आपका प्रधान अस्त्र था जिसके बल से सातवर्ष की अल्प आयुमें ही पितृहीन होने पर भी आशावादी निर्धन ज्योति बाबू ने अपने को ऐसा समाज प्रख्यात बनाया। कई सस्थाओं से आपका घनिष्ठ सम्बन्ध रहा। आप प्राय प्रत्येक आन्दोलन में किसी न किसी रूपमें अवश्य भाग लेते थे। आपका कौटुम्बिक जीवन प्राय: आजीवन चिन्तामग्न ही रहा। फिरभी आपने सदा धैर्य को नहीं छोड़ा। यों तो आपकी कई रचनायें हैं पर वे सबके सब स्थायी साहित्य में स्थान नहीं पा सकते हैं। हाँ कुछ अवश्य उल्लेखनीय हैं। आप एक मिलनसार भावुक व्यक्ति थे। देवबन्द के बाबू अमरनाथ वकील के कथनानुसार लोगों के दु:ख दर्द में शरीक होना आपकी स्वाभाविक बात थी। यह बात बिल्कुल ठीक है, क्योंकि एकबार देहली में मैं भी साँप काटने के शाक में उनसे प्रगाढ़ सहानुभूति एव सहायता का भुक्तभोगी हो चुका हू।

लेखक ने इसको तयार करने में काफी परिश्रम किया है। इस चरित्र की खास बात यह है कि इसमें चरित्र नायक के गुण और दोष दोनों का खाका खींचा गया है। पर पुस्तक में कुछ ऐसी अशुद्धियाँ रह गयी हैं, जो बहुत खटकती हैं। जैसे—परचार (प्रचार) निसन्देह (निस्सन्देह), निस्वार्थ (नि स्वार्थ), समर्ण (स्मरण), दुरा अवस्था (दुरवस्था) प्राय (प्राय) प्रकट्ट (प्रकट), कलम (कलम), अह्लाद (आह्लाद), वैशनव (वैष्णव) आदि। सभव है कि 'हिन्दुस्तानी' के प्रचलित आन्दोलन की छाप इन शब्दों पर पड़ी हो। पुस्तक पठनीय है।

सन्मति-पुस्तक-माला कलकत्ते की तीन पुस्तिकायें

गृहदेवियों के प्रति हमारा कर्त्तव्य

[२]

लेखक—श्रीयुत राजेन्द्रप्रसाद जैन, बी० ए; मूल्य—प्रचार; पृष्ठसंख्या—१७।

इस छोटी सी रचना मे विद्वान् लेखक ने विधवा-विवाह का अच्छा खण्डन किया है। लेखनशैली चित्ताकर्षक एवं सयुक्तिक है। इस विषय पर लिखने को बहुत कुछ गंजायश है, फिर भी लेखक का यह शुभ प्रयत्न प्रशंसनोय ही नहीं, प्रत्युत अनुकरणीय है। हाँ, एक बात है कि मान्य लेखक के द्वारा किये गये खण्डनात्मक आक्षेपों से कहीं अधिक आक्षेप विपक्षियों के द्वारो किये जाते हैं। अतः इस विषय की एक प्रामाणिक बृहदाकार पुस्तक की नितान्त आवश्यकता है। जो कुछ हो समाज के समक्ष ऐसो ऐसी पुस्तकों का आना सर्वथा समुचित है। रचना सुन्दर एवं उपादेय है। इसके उपलक्ष में प्रकाशक तथा लेखक दोनों धन्यवाद के पात्र हैं।

पुनर्विवाह

[३]

लेखक—श्रीयुत राजेन्द्र प्रसाद जैन, बी० ए०; मूल्य—पठन-पाठन; पृष्ठ संख्या १२।

'गृह देवियों के प्रति हमारा कर्त्तव्य' के लेखक श्रीयुत राजेन्द्र प्रसाद जी ही इसके भी लेखक है। यों तो पुस्तक के नाम से पुनर्विवाह का इसमें मण्डन है या खण्डन विना पढ़े पाठको को ज्ञात नहीं हो सकता। पुस्तकगत विषय नाममात्र से ही अवगत हो जाय ऐसा ही नाम प्रणेताको पुस्तक का रखना चाहिये। पूर्व कृति के समान इसमे भी प्रश्नोत्तर के रूप में पुनर्विवाह का निरसन किया गयो है। इसमे अपनी पहली रचना में नहीं आये हुए कुछ आक्षेपों पर लेखक ने प्रकाश डाला है। दोनो का विषय एक है। विषय की गंभीरता एवं रचना-शैली आदि पर अपना मत मै ऊपर प्रकट कर ही चुका हूं। अत उनका यहाँ फिर से दुहराना पिष्टपेषण-मात्र है। इन पुस्तकों को मँगा एवं मनन कर सब किसी को अवश्य लाभ उठाना चाहिये।

मा
[४]

लेखक—श्रीयुत धन्यकुमार जैन, मूल्य दो आने, पृष्ठ सख्या—३९।

यह कवि-सम्राट रवीन्द्रनाथ के 'विसर्जन' के आधार पर लिखी हुई एक छोटी सी नाटिका है। इसमें पशुबलि की दयनीयता का बड़ा ही आकर्षक चित्र अकित किया है। बलिदान के पक्षपातियों को इसके पढ़ने से खासी नसीहत मिल सकती है। इस बीसवी शताब्दी में ऐसा अन्ध विश्वास अब कहाँ टिक सकता है? इसी अन्ध विश्वास की निर्मूलता का यह परिणामस्वरूप कालिका के एकान्त भक्त बगीय महाकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर का हृदयोद्गार है। नाटिका के पात्रादि की यहाँ चर्चा करना अनावश्यक है। क्योंकि इसके मूल लेखक रवि बाबू एक ख्यातिप्राप्त असाधारण अन्तर्राष्ट्रीय कवि हैं। मातृभाषा बगला की बात तो दरकिनार रहे—विदेशी अंग्रेजी भाषा की इनकी कविता भी सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। बड़े-बड़े पाश्चात्य साहित्यक विद्वान् भी मुक्तकण्ठ से इनकी कविता की प्रशसा कर इनका साहित्यिक लोहा मानते हैं।

अब रहा इसका हिन्दीरूप। इसके लेखक धन्यकुमार जैन भी प्रसिद्ध हिन्दी लेखकों में हैं। हिन्दी संसार में इनका अच्छा आदर है। साथही साथ यह रवि बाबू के दर्जनों ग्रन्थों के सफल अनुवादक भी हैं। साराशतया यह पुस्तक सर्वोपादेय है। इसकी अधिक सख्यामें प्रचार कर जैनियों को अपने प्रमुख अहिंसा सिद्धान्त का निदर्शन संसार के समक्ष उपस्थित करना चाहिये।

—के० भुजबली शास्त्री

तिलोयपरण्णत्ती

प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये.

पढ़ाण भवणाण पक्कस्सि मेलिद्दाण परिमाण।
बाहत्तरि लक्खाणि कोडीउ सत्तमेत्ताउ ॥१२॥

७७२००००० ।

। भवणसखा गदा ।

दससु कलेस पुहपुहेगोद्दो इन्द हवति णियमेण।
ते पक्कस्सि मेलिद्दा बीस विराजति भूदोहिं ॥१३॥

। इदपमाण सम्मत्त ।

पढमो हु चमरणामो इदो वइरोयणो त्ति विदिओ य।
भूदाणदो धरणाणन्दो वेणू य वेणुदारीया ॥१४॥
पुण्णवसिट्ठजलप्पहजलकता तह य घोसमहघोसा।
हरिसेणो हरिकतो अमिदगदी अमिदवाहणग्गिसिही ॥१५॥
अग्गीवाहणणामो वेलबपभजणाभिधाणा य।
एदे असुरप्पहुदिसुकुलेसु दोद्दो कमेण दहिंदा ॥१६॥

। इदाण णाम सम्मत्ता ।

दक्खिणइदा चमरो भूदाणदो य वेणुपुण्णा य।
जलपहघोसाहरिसेणामिदगदीअग्गिसिहिवलबा ॥१७॥
वइरो अणो य धरणाणदो तह वेणुदारअवसिट्ठा।
जलकतमहाघोसा हरिकता अमिदअग्गिवाहणया ॥१८॥
तह य पहजणणामो उत्तरइदा हवति दह एदे।
अणिमादिगुणेजुत्ता मणिकुडलमडियकपोला ॥१९॥

। दक्खिणउत्तरइदा गदा ।

चउतीस चउदाल अट्ठतीस हवति लक्खाणि।
चालीस छहाण तत्तो पण्णास लक्खाणि ॥२०॥
तीस चाल चउतीस छसु वि ठाण छत्तीस।
छत्ताल चरिमम्मि य इदाण भवणलक्खाणि ॥२१॥

३४०००००। ४४०००००। ३८०००००। ४००००००।
४००००००। ४००००००। ४००००००। ४००००००।
४००००००। ५००००००। ३००००००। ४००००००।
३४०००००। ३६०००००। ३६०००००। ३६०००००।
३६०००००। ३६०००००। ३६०००००। ४६०००००।

भवणा भवणपुराणि आवासा असुराण होदि तिविहाणा ।
रयणप्पहाए भवणा दीवसमुद्दाण उवरि भवणपुरा ॥२२॥
दहसेलदुमादीणं रम्माणं उवरि होंति आवासा ।
णागादीणं केसिं तियणिलया भवणमेक्कमसुराणं ॥२३॥

। भवणवण्णणा सम्मत्ता ।

अप्पमहड्डियमज्झिमभावणदेवाण होंति भवणाणि ।
दुगवादालसहस्सा लक्खमदो खिदीयगंताउ ॥२४॥

२००० । ४२००० । १००००० ।

अप्पमहड्डियमज्झिमभावणदेवाण णिवासखेत्तवित्थारो ।
समचउरस्सा भवणा वज्जमयंदारछज्जिया[1] सव्वे ॥२५॥
वहलंते तिसयाणि संखासंखेज्जजोयणोवासे ।
संखेज्जरुंदभवणेसु भवणदेवा वसंति संखेज्जा ॥२६॥
संखातीदासेयं छत्तीस सुरा य होदि संखेज्जा ।
भवणसरूवाए दो वित्थारा होइ[2] जाणिज्जो ॥२७॥

। भवणवण्णणं सम्मत्ता[3] ।

तेसिं चउसु दिसासु जिणदिट्ठपमाणजोयणे गंता ।
मज्झिम्मि दिव्ववेदी पुहपुहवेढेदि एक्केका ॥२८॥
दो कोसा उच्छेहो वेदीणमकट्टिमाणं सव्वाणं ।
चसयाणिं दंडावासो वररयणछण्णाणं ॥२९॥
गोउरदारजुदाउ उवरिम्मि जिणिंदगेहसहिदाउ ।
भवणासुररक्खिदाउ वेदीणं[4] तेसु सोहंति ॥३०॥
तंबाहिरे असोयंसत्तच्छदचंपचूदवणा पुण्णा ।
णियणाणातरुजुत्ता चेट्ठंति चेत्ततरुसहिदा ॥३१॥
चेत्तदुमं तलरुंदं दोण्णि सया जोयणाणि पण्णासा ।
चत्तारो मज्झम्मि य अंते कोसद्धमुच्छेहो ॥३२॥
छट्ठो भूमुहरुंदो चउजोयणउच्छिदाणि पीढाणि ।
पीढोवरि वहुमज्झे रम्मा चेट्ठंति चेत्तदुमा ॥३३॥

६ । २ । ४ ।

1 SB वज्जियाँ; 2 AB होय; 3 सम्मत्तं (?); 4 AB वेदाए ।

पत्तेक्क रुक्खाणं अवगाढकोसमेक्कमुद्दिट्ठं ।
जोयणउदउच्छेहो साहादीहत्तणं च चत्तारी ॥३४॥
को १ | जो ४ |

विविहवररयणसाहा विचित्तकुसुमोवसोभिदा सव्वे ।
वरमरगयवरपत्ता दिव्वतरू ते विरायंति ॥३५॥
विविहंकुरचेंचइया विविहफला विविहरयणपरिणामा ।
छत्तादिछत्तजुदा घंटाजालादिरमणिज्जा ॥३६॥
आदिणिहणेण हीणा पुढविमया सव्वभवणचेत्तदुमा ।
जीउप्पत्तिलयाणं होंति णिमित्ताणि ते णिअमा ॥३७॥
चेत्ततरूणं मूले पत्तेक्कं चउदिसासु पचेव ।
चेट्ठंति जिणप्पडिमा पलियंकठिया सुरेहिं महणिज्जा ॥३८॥
चउतोरणाभिरामा अट्ठमहामंगलेहिं सोहिल्ला ।
वररयणणिम्मिदेहिं माणत्थंभेहिं अइरम्मा ॥३९॥
। वेदीवण्णणा गदा ।

वेदीणं बहुमज्झे जोयणसयमुच्छिदा महाकूडा ।
वेत्तासणसंठाणा रयणमया होंति सव्वट्ठा ॥४०॥
ताण मूले उवरिं समंतदो होंति दिव्ववेदीउ ।
पुव्विल्लवेदियाणं सारिच्छं वण्णणं सव्वं ॥४१॥
वेदीणं भंतरए वणसंडा वरविचित्ततरुणियरा ।
पुक्खरिणीहिं समग्गा तप्परदो दिव्ववेदीउ ॥४२॥
। कूडा गदा ।

कूडोवरि पत्तेक्कं जिणवरभवणं हुवेदि एक्केक्कं ।
वररयणकंचणमयं विचित्तविण्णासरमणिज्जं ॥४३॥
चउगोउरा तिसाला वीहिं परिमाणथंभणवथूहा ।
वणधयचेत्तक्खिदीउ सव्वेसुं जिणणिकेदेसु ॥४४॥

णंदादितिमेहलपीढं पुव्वाणि धम्मविभवाणि¹।
चउवणमज्झेसु ठिदा चेत्ततरू तेसु सोहंति ॥४५॥

हरिकरिवसहखगावइसिहीससिरविहंसपउमचक्कधरा।
पक्केक्कमट्ठजुदसयमेक्केक्कमट्ठसयखुल्ला ॥४६॥

वंदणाभिसेयणच्चणसंगीआलोयमंडवेहिं जुदा।
कीडणगुणणगिहेहिं विसालवरपट्टसालेहिं ॥४७॥

सिरिदेवी सुददेवी सव्वाण सणक्कुमारजक्खाणं।
रूवाणि अट्ठमंगलदेवच्छाणि जिणणिकेदेसुं ॥४८॥

भिंगारकलसदप्पणधयचामरछत्तवीयणसुपइट्ठा।
इय अट्ठमंगलाणिं पत्तेक्कं अडअहियसयं ॥४९॥

दिप्पंतरयणदीवा जिणभवणा पंचवण्णरयणमया।
गोसीरमलयचंदणकालागरुधूवगंधड्ढा ॥५०॥

भंभामुइंगमद्दलजयघंटाकंसतालतिवलीणं।
दुंदुहिपडहादीणं सद्देहिं णिच्चहलवोला ॥५१॥

सिंहासणादिसहिदा चामरकरणागजक्खमिहुणजुदा।
णाणाविहरयणमया जिणपडिमा तेसु भवणेसु ॥५२॥

वाहत्तरि लक्खाणिं कोडीउ सत्त जिणणिकेदाणिं।
आदिणिहणुज्झिदाणिं भवणसमाइं विराजंति ॥५३॥

७७२००००० ।

सम्मत्तरयणजुत्ता णिब्भरभत्तीय णिच्चमच्चंति।
कम्मक्खवणणिमित्तं देवा जिणणाहपडिमाउ ॥५४॥

कुलदेवा इदि मणिणाय अण्णेहिं वोहिया वहुपयारं।
मिच्छाइट्ठी णिच्चं पूजंति जिणिंदपडिमाउ ॥५५॥

। जिणभवणा गदा ।

कूडाण समंतादो¹ पासादा होंति भवणदेवाणं।
णाणाविविहविणासं वरकंचणणियरमया ॥५६॥

सत्तट्ठणवदसादियविचित्तभूमिहिं भूसिदा सव्वे।
लवंतरयणमाला दिप्पंतमणिप्पदीयकंतिल्ला ॥५७॥

जम्माभिसेयभूसणमेहुणउलगमंतसालाइं।
विदिलाहिं रमणिज्जा मणितोरणसुंदरदुवारा ॥५८॥

1 AB समत्तादो।

सामेण गब्भकदलीचित्तासणणाल्यादिगिहजुत्ता ।
कचणपायारजुदा विसालरम्होविराजमाणा य ॥५९॥
धुव्वतधयवडाया पोक्खरणीवाविकूडसंडाइं ।
सत्वे कीडणजुत्ता णाणावरमत्तवारणोपेता ॥६०॥
मणहरजालकवाडा णाणाविहसालभंजिका बहुला ।
आदिणिहणेण हीणा किं बहुणा ते णिरुवमाणेणा ॥६१॥
चउपासाणि तेसु विचित्तरूवाणि आसणाणि च ।
वररयणविरचिदाणि सयणाणि हवंति दव्वाणि ॥६२॥

। पासादगदा ।

पत्तेक्कासिं इंदे परिवारसुरा हवंति दस पदं ।
पडिइंदा तेत्तीस तिदसा सामाणीयदिसाइंदा ॥६३॥
तणुरक्खा तिप्परिसा सत्ताणीया पइण्णगभियोगा ।
किब्बिसया इदि कमसो पत्तयिणदा इंदपरिवारा ॥६४॥
इंदा रायसरिच्छा जुवरायसमा हुवंति पडिइंदा ।
पुत्तणिहा तेत्तीसा तिदसा सामाणिया कलत्तसमा ॥६५॥
चत्तारि लोयपाला सावंता होंति तंतवालाण ।
तणुरक्खाण समाणसरीर वा सुरा सव्वे ॥६६॥
बाहिरमज्झब्भतरतंडयसरिसा हवंति तिप्परिसा ।
सेणोवमाणीया पइण्णया पुरिजणसरिच्छा ॥६७॥
परिवारसमाणा ते अभियोगसुरा हवंति किब्बिसया ।
पाणोवमाणधीरी[1] देवाणणिदस्स णाम्म ॥६८॥
इंदसमा पडिइंदा तेत्तीस सुरा हवंति तेत्तीस ।
चमरादीइंदाणं पुहपुहसामाणिया इमे दे दा ॥६९॥
चउसट्ठि सहस्साणि छट्ठी छप्पण्ण चमरतिदयम्मि ।
पण्णास सहस्साणि पत्तेक्क होंति सेसेसु ॥७०॥

६४००० । ६०००० । ५६००० । ५०००० ॥ १७ ॥

पत्तेक्कइंदयाण सोमो यमवरुणधणदणामा य[2] ।
पुव्वादिलोयपाला हवंति चत्तारि चत्तारी ॥७१॥

---

1 B धारी, 2 B णायाम ।

छप्पण्णसहस्साधियवेलक्खा होंति चमरतणुरक्खा ।
चालसहस्सब्भहिया वे लक्खा विदियइंदम्मि ॥७२॥
चउवीससहस्साधियलक्खदुगं तदियतणुरक्खा ।
सेसेसुं पत्तेक्कं णादव्वा दोण्णि लक्खाणि ॥७३॥

२५६००० | २४०००० | २२४००० |
सेसे | १७ | २००००० |

अडवीसं छव्वीसं छच्च सहस्साणि चमरतिदयंमि ।
आदिमपरिसाए सुरा सेसे पत्तेक्कचउसहस्साणि ॥७४॥

२८००० | २६००० | ६००० |
सेसे | १७ | ४००० |

तीसं अट्ठावीसं अट्ठ सहस्साणि चमरतिदयंमि ।
मज्झिमपरिसाए सुरा सेसेसुं छस्सहस्साणि ॥७५॥

३०००० | २८००० | ८००० | १७ | ६००० |

वत्तीसं तीसं दस होंति सहस्साणि चमरतिदयंमि ।
बाहिरपरिसाए सुरा अट्ठ सहस्साणि सेसेसु ॥७६॥

३२००० | ३०००० | १०००० |
सेसे | १७ | ८००० |

सत्ताणीयं होंति हु पत्तेक्कं सत्त सत्त लक्खजुदा ।
पढमं ससमाणसमा तद्दुगुणा चरमकक्खंतं ॥७७॥
असुरंमि महिसतुरगा रहकरणो तह पदातिगंधव्वो ।
णच्चणया[1] पदाणं महत्तपत्थं

॥ ७ ॥

महत्तरी एक्का ॥७८॥
णावा गरुडगइंदा मयरुट्ठा खग्गिसीहसिविकस्सा ।
णागादीणं पढमाणीया विदियाए[2] असुरं वा ॥७९॥
गच्छसमे गुणयारे परप्परं गुणिय रूवपरिहीणो ।
एक्कोणगुणविहत्ते गुणिदे वयणेण गुणगणिदं ॥८०॥

1 A णच्चरया ; 2 विदियाए (?) ।

एक्कासीदी लक्खा अडवीससहस्ससंजुदा चमरे।
होंति हु महसाणीया पुहपुहतुरयादिया वि तमेत्ता ॥८१॥
८१२८०००।
तिट्ठाणे सुण्णाणि छण्णवअडछक्कपचअक्ककमे।
चमरिंदस्स य मिलिदा सत्ताणीया हवंति इमे ॥८२॥
५६९८६०००।
छाहत्तरि लक्खाणि वीससहस्साणि होंति महिसाणं[1]।
वइरोयणम्मि इंदे पुहपुहतुरगादिणो वि तम्मेत्ता ॥८३॥
७६२००००।
चउठाणेसु सुण्णा चउत्तितिपचक्रपचमोलाए।
वइरोयणस्स मिलिदा सत्ताणीया इमे होंति ॥८४॥
५३३४००००।
एक्कत्तरि लक्खाणि णावाउ होंति बारससहस्सा।
भूदाणंदे पुहपुहउरगप्पहुदीणि तमेत्ता ॥८५॥
७११२०००।
तिट्ठाणे सुण्णाणि चउकअट्ठसत्तणवचउक्ककमे।
सत्ताणीया मिलिदे भूदाणंदस्स णायव्वा ॥८६॥
४९७८४०००।
तेसट्ठी लक्खाइं पण्णास सहस्सयाणि पत्तेक्कं।
मेसेसु इंदेसु पढमाणीयाण परिमाणा ॥८७॥
६३५००००।
चउट्ठाणेसु सुण्णा पच य तिट्ठाणए चउक्काणि।
अककमे सेसाण सत्ताणीयाणि परिमाणं ॥८८॥
४४४५००००।
होंति पइण्णय[2]पहुदी जेत्तियमेत्ता य सयलइंदेसु।
तप्परिमाणपरूणाउवएसो णत्थि कालवसा ॥८९॥
किण्हा रयणा सुमेघा देवीणामा सुकदअभिधाणा।
णिरुवमरूवधराउ चमरे पचग्गमहिसीउ ॥९०॥
अग्गमहिसीण ससम अट्ठसहस्साणि होंति पत्तेक्क।
परिवारा देवीउ चालमहस्साणि समिलिदा ॥९१॥
८०००४००००।

---

1 S महिसाणिं। 2 AB पयण्णय।

चमरग्गिममहिसीणं अट्ठसहस्सा विकुव्वणा संति।
पत्तेक्कं अप्पसमं णिरुवमलावण्णरूवेहिं ॥९२॥
सोलससहस्समेत्ता वल्लहियाउ हवंति चमरस्स।
छप्पण्णसहस्साणिं संमिलिदे सव्वदेवीउ ॥९३॥

१६००० । ५६००० ।

पउमापउमसिरीउ कणयसालमहपउमा।
अग्गमहीसीउ बिदिए विक्किरियापहुदि पुव्वं व ॥९४॥
पण अग्गमहिसियाउ पत्तेक्कं वल्लभा दससहस्सा।
णागिंदाणं विक्किरियापहुदि होदि पुव्वं व ॥९५॥

५ । १०००० । ४०००० । ५०००० ।

चत्तारि सहस्सा णं वल्लहियाउ हवंति पत्तेक्कं।
गरुणिंदाणं[1] सेसं पुव्वं पिव पत्थ वत्तव्वं ॥९६॥

५ । ४००० । ४०००० । ४४००० ।

सेसाणं इंदाणं पत्तेक्कं पंच अग्गमहिसीउ।
पदेसु छस्सहस्सा ससमं परिवारदेवीउ ॥९७॥

५ । ६००० । ३०००० ।

देविंदप्पहुदीणं देवीणं वारविव्वणा[2] संति।
छस्सहस्सं च समं पत्तेक्कं विविहरूवेहिं ॥९८॥
पुहपुहसेसिंदाणं वल्लभिया होंति दो सहस्साणि।
वत्तीस सहस्साणिं संमिलिदे सव्वदेवीउ ॥९९॥

२००० । ३२००० ।

पडिइंदादिचउण्हं वल्लहियाणं तहेव देवीणं।
सव्वं विउव्वणादिं णियणियइंदाण सारिच्छं ॥१००॥
सव्वेसुं इंदेसुं तणुरक्खसुराण होंति देवीउ।
पत्तेक्कं सयमेत्ताणि रूवमलावण्णवालाउ ॥१०१॥
अड्ढाइज्जसयाणिं देवीउ दुवे सया दिवड्ढसयं।
आदिममज्झिमबाहिरपरिसासु होंति चमरस्स ॥१०२॥

२५० । २०० । १५० ।

१ गरुलिदाणं (?), २ विउव्वणा (?)।

प्रशस्ति-संग्रह

प० के० भुजबली शास्त्री

मध्य भाग (पूर्व पृष्ठ ८७ पंक्ति ६)—

यत्र सद्दशधर्मलक्षणयुत ख्यात जगमङ्गलम्
विद्वल्लोकसमर्चित सुशरण ससारविध्वसकम् ।
जीव मुक्तिसुखप्रद निरुपम क्षान्त्यादिशब्दोज्ज्वलम्
भक्त्याहूय सुपीठिकोपरि तले सस्थाप्य ह्याराधये ॥ १ ॥
जलगधसदककुसुमैश्चरुप्रदीपै सुधूपफलनिकरै ।
सपूजयामि यत्र क्षान्त्यादिपदांकित भक्त्या ॥ २ ॥
गगाद्युद्भवनीरेण कजोत्पलसुगन्धिना ।
क्षान्त्यादिपदसयुक्त यत्र प्रक्षालयाम्यहम् ॥ ३ ॥
नारिकेलोदकै स्वच्छै सर्वहृत्तापहारिभि ।
क्षान्त्यादिपदसशोभि यत्र सस्नापये मुदा ॥ ४ ॥
कदलीस्तपीयूषैर्धवलेक्षुरसे शुभै ।
क्षान्त्यादिपदसशोभि यत्र सस्नापये मुदा ॥ ५ ॥
सन्तप्तकनकद्रावसकाशै पुष्कलैर्घृतै ।
क्षान्त्यादिपदसशोभि यत्र सस्नापये मुदा ॥ ६ ॥
पयोभि पूर्णिमाचन्द्रचन्द्रिकाविशदैरलम्
क्षान्त्यादिपदसशोभि यत्र सस्नापये मुदा ॥ ७ ॥
सतानिकांचितै स्निग्धैर्दधिभि सारगन्धिभि
क्षान्त्यादिपदसशोभि यत्र सस्नापये मुदा ॥ ८ ॥
कुम्भैश्चातुष्टयै शुद्धै स्रग्मालारजितानने ।
स्नापये यत्रममल क्षान्त्यादिपदभूषितम् ॥ ९ ॥
वासनाप्रकृतिग यत्र धुरैवारिभिमलगणोपनोदिभि ।
क्षान्तिमुख्यपदराजिरजित स्नापये प्रविपुल गुरुयत्रम् ॥ १० ॥
मध्येकर्णिकमम्बुजस्य गुरव पचापि पत्रयकिते
यस्य श्रीदलके क्षमादिपदयुक्धर्मा सुशर्मप्रदा
तिष्ठन्ते मुनिराजवृन्दमहितं चूर्णैरिचतं पञ्चभि
तद्यन्त्रं परिपूर्णलक्षणयुत भक्त्या समाराधये ॥ ११ ॥

× × ×

अन्तिम भाग :—

बलात्कारगणाम्भोजभास्करस्य महाद्युतेः ।
श्रीमद्देवेन्द्रकीर्त्याख्यभट्टारकशिरोमणेः ॥ १ ॥
शिष्येण ज्ञातशास्त्रार्थस्वरूपेण सुधीमता ।
जिनेन्द्रचरणद्वंद्वस्मरणाधीनचेतसा ॥ २ ॥
वर्धमानमुनीन्द्रेण विद्यानन्दार्यबन्धुना ।
कथितं दशभक्त्यादिशासनं भव्यसौख्यदम् ॥ ३ ॥
शाके वेदखराग्धिचन्द्रकलिते संवत्सरे श्रीप्लवे
सिंहश्रावणिके प्रभाकरशिवे कृष्णाष्टमीवासरे ।
रोहिण्यां दशभक्तिपूर्वकमहाशास्त्रं पदार्थोज्ज्वलम्
विद्यानन्दमुनिस्तुतं व्यरचयत् सद्वर्धमानो मुनिः ॥ ४ ॥
विद्वत्कवीन्द्रमुनिभूपतिसज्जनानां यावत्समस्ति रसना पुरुषोत्तमानाम् ।
श्रीवर्द्धमानमुनिराजकृतिः कृतार्था तिष्ठत्वरं जगति तावदनंगशक्तिः ॥५॥
शलाकापुरुषान्वन्दे सर्वकर्ममहीभवान् ।
विद्यानन्दपदाधीशान् कृष्णादेवेन्द्रवन्दितान् ॥ ६ ॥
जैना श्रीवसुधेश्वरा नयविदोऽमात्याः सदा सज्जनाः
विद्वांसः कवयो जयन्तु गमकाः सद्वादिनः श्रावकाः ।
